UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186722

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 310
Se 49 S

Accession No. H 3451

Author सेठी, विनोदकरण

Title सांख्यिकी के सिद्धान्त और उपयोग 1961.

This book should be returned on or before the date last marked below.

सांख्यिकी के सिद्धान्त और उपयोग

हिन्दी-समिति-ग्रन्थमाला—४५

सांख्यिकी के सिद्धान्त और उपयोग

लेखक

श्री विनोदकरण सेठी

प्रकाशन शाखा, सूचना विभाग

उत्तर प्रदेश

प्रथम संस्करण

१९६१

मूल्य

९ रुपये

मुद्रक

पं० पृथ्वीनाथ भार्गव,

भार्गव भूषण प्रेस, गायघाट, वाराणसी

प्रकाशकीय

सांख्यिकी अपेक्षाकृत एक आधुनिक शास्त्र है जिसका महत्त्व ज्ञान-विज्ञान की उन्नति एवं आर्थिक और औद्योगिक समस्याओं की जटिलताओं के साथ बढ़ता जा रहा है। उसके उपयोग का क्षेत्र आज इतना व्यापक हो गया है कि विज्ञान की शायद ही ऐसी कोई शाखा हो जिसमें सांख्यिकी के नियमों और उसके आधार पर प्राप्त तथ्यों का प्रयोग न किया जाता हो। इस समय देश में खाद्योत्पादन तथा अन्य वस्तुओं के निर्माण सम्बन्धी जो योजनाएँ बनायी जा रही हैं, उनकी बुनियाद हमारी वर्तमान और भावी आवश्यकताओं तथा वस्तुओं की उपलब्धि सम्बन्धी उन आँकड़ों पर ही रखी जा सकती है जो सांख्यिकी के सिद्धान्तों का सावधानी से प्रयोग करने पर प्राप्त होते हैं। इसी तरह औद्योगिक, आर्थिक तथा चिकित्साविज्ञान सम्बन्धी गवेषणाओं में भी सांख्यिकी द्वारा प्राप्त निष्कर्षों से बड़ी सहायता मिलती है। इसकी इस उपयोगिता और बढ़ते हुए महत्त्व को दृष्टि में रखकर ही यह पुस्तक हिन्दी में प्रकाशित की जा रही है।

हिन्दी-समिति-ग्रन्थमाला की यह ४५वीं पुस्तक है। इसके लेखक श्री विनोद-करण सेठी एम० एस-सी० आगरा विश्वविद्यालय के इंस्टीटचूट ऑफ सोशल साइंसेज में सांख्यिकी के सहायक प्राध्यापक हैं। आपने उदाहरण दे-देकर विषय को समझाने की चेष्टा की है जिससे उसकी दुरूहता बहुत घट गयी है।

अपराजिता प्रसाद सिंह
सचिव, हिन्दी समिति

विषय-सूची

भाग एक

परिचय और परिभाषाएँ

पृष्ठ संख्या

अध्याय १—सांख्यिकी क्या है १

१.१ वैज्ञानिक विधि और सांख्यिकी १; १.२ सांख्यिकी के उपयोग ४।

अध्याय २—समष्टि और उसका विवरण १३

२.१ समष्टि १३; २.२ चर १३; २.३ आँकड़ों को संक्षिप्त रूप में रखने की विधि १४; २.४ आँकड़ों का रेखा-चित्रों द्वारा निरूपण १६; २.५ चर के परास का विभाजन १९; २.६ केन्द्रीय प्रवृत्ति के कुछ माप २५; २.७ प्रसार के कुछ माप ३१; २.८ घूर्ण ३७; २.९ वैषम्य और ककुदता ३८।

अध्याय ३—प्रायिकता ४३

३.१ वे स्थितियाँ जिनमें प्रायिकता का प्रयोग किया जाता है ४३; ३.२ आपेक्षिक बारम्बारता का सीमान्त मान ४४; ३.३ एक अन्य परिभाषा ४६; ३.४ प्रतिबंधी प्रायिकता ४९; ३.५ स्वतन्त्र घटनाएँ ५०; ३.६ घटनाओं का संगम और प्रतिच्छेद ५०; ३.७ परस्पर अपवर्जी घटनाएँ ५१; ३.८ घटनाओं का वियोग ५१; ३.९ घटनाओं का गर्भित होना ५२; ३.१० आपेक्षिक बारम्बारता के कुछ गुण ५२; ३.११ प्रायिकता के गुण ५४; ३.१२ बेज़ का प्रमेय ६०।

अध्याय ४—प्रायिकता वंटन और यादृच्छिक चर ... ६५

४.१ यादृच्छिक चर ६५; ४.२ असतत वंटन ६६; ४.२.१ यादृच्छिक चर के फलन का वंटन ६६; ४.२.२ द्वि-विमितीय यादृच्छिक चर ६८; ४.२.३ द्वि-विमितीय चर के फलन का वंटन ७०; ४.२.४ एक

पृष्ठ संख्या

पार्श्वीय वंटन ७१; ४.३ सतत वंटन ७२; ४.३.१ आयताकार वंटन ७६; ४.३.२ प्रसामान्य वंटन ७६; ४.४ संचयी प्रायिकता फलन ७७; ४.४.१ संचयी प्रायिकता फलन के गुण ७७; ४.५ स्वतन्त्र चर ७९; ४.६ प्रायिकता वंटन के प्रति समाकलन ८१; ४.७ यादृच्छिक चर का प्रत्याशित मान अथवा माध्य ८३; ४.८ यादृच्छिक चर के घूर्ण ८४; ४.९स्वतन्त्र चरों के गुणन फल का प्रत्याशित मान ८४; ४.१० चरों के योग का प्रत्याशित मान ८५।

भाग दो

परिकल्पना की जाँच और कुछ महत्त्वपूर्ण प्रायिकता वंटन ८७

अध्याय ५—मनोवैज्ञानिक पृष्ठ-भूमि ८९

अध्याय ६—द्विपद वंटन १०२

६.१ द्विपद वंटन १०२; ६.२ द्विपद वंटन के उपयोग के कुछ उदाहरण १०३; ६.३ द्विपद वंटन के कुछ गुण १०७; ६.४ द्विपद वंटन के लिए सारणी १०९; ६.५ एक मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त की जाँच मे द्विपद वंटन का उपयोग ११२।

अध्याय ७—प्वासों वंटन ११५

७.१ कुछ परिस्थितियाँ जिनमें प्वासों वंटन का उपयोग होता है ११५; ७.२ द्विपद वंटन का सीमान्त रूप ११६; ७.३ वास्तविक वंटन का प्वासों वंटन द्वारा सन्निकटन ११९; ७.४ प्वासों वंटन के कुछ गुण १२१; ७.५ उदाहरण १२५; ७.६ प्वासों वंटन की सारणी १२६।

अध्याय ८—प्रसामान्य वंटन १२८

८.१ गणितीय वंटनों का महत्व १२८; ८.२ प्रसामान्य वंटन की परिभाषा १३०; ८.३ प्रसामान्य वंटन के कुछ महत्त्वपूर्ण गुण १३१; ८.४ प्रसामान्य वंटन द्विपद वंटन का एक सीमान्त रूप १३४; ८.५ त्रुटियों का वंटन १३७; ८.६ गाउस के त्रुटि–वंटन की व्युत्पत्ति १३९; ८.७ परिकल्पनाओं की जाँच में प्रसामान्य वंटन का उपयोग १४४।

पृष्ठ संख्या

अध्याय ९—χ^2 वंटन १५०

९.१ यादृच्छिक चर के फलन का वंटन १५०; ९.२ χ^2 का वंटन १५०; ९.३ χ^2_n-चर की परिभाषा १५१; ९.४ χ^2 वंटन के कुछ गुण १५२; ९.५ समष्टि को पूर्णरूप से विनिर्दिष्ट करनेवाली परिकल्पनाओं के लिए χ^2-परीक्षण १५४; ९.६ χ^2-वंटनों की सारणी १५६; ९.७ उदाहरण १५७; ९.८ आसंजन सौष्ठव का χ^2-परीक्षण १६०; ९.९ समष्टि को अपूर्ण रूप से विनिर्दिष्ट करनेवाली परिकल्पनाओं के लिए χ^2-परीक्षण १६०; ९.१० गुण साहचर्य के लिए दो स्वतन्त्र प्रतिदर्शों का χ^2-परीक्षण १६२; ९.११ प्रसामान्य-वंटन के प्रसरण संबंधी परिकल्पना–परीक्षण मे χ^2-वंटन का उपयोग १६९।

अध्याय १०—t-वंटन १७२

१०.१ उपयोग १७२; १०.२ t-वंटन का प्रसामान्य-वंटन और χ^2-वंटन से संबंध १७२; १०.३ परिकल्पना परीक्षण १७३; १०.४ उदाहरण १७४; १०.५ एक तरफा और दो तरफा परीक्षण १७६; १०.६ द्वि-प्रतिदर्श परीक्षण १७८; १०.७ उदाहरण १८०; १०.८ t-परीक्षण पर प्रतिबंध १८२;

अध्याय ११—F-वंटन १८४

११.१ F-वंटन और χ^2-वंटन का संबंध १८४; ११.२ परिकल्पना परीक्षण १८५; ११.३ उदाहरण १८५।

अध्याय १२—परिकल्पना की जाँच के साधारण सिद्धान्त ... १८७

१२.१ जाँच की परिचित विधि की आलोचना १८७; १२.२ अस्वीकृति क्षेत्र १८७; १२.३ एक तरफा परीक्षण १८८; १२.४ विभिन्न निकषों से अलग-अलग निष्कर्ष निकालने की संभावना १८८; १२.५ नीमन-पीयरसन सिद्धान्त १९०; १२.५.१ पहली प्रकार की त्रुटि १९१; १२.५.२ दूसरी प्रकार की त्रुटि १९१; १२.५.३ सिद्धान्त १९१; १२.६ परीक्षण-सामर्थ्य और उसका महत्त्व १९१; १२.६.१ परिभाषा १९१; १२.६.२ उदाहरण १९१; १२.६.३ अभिनत और अनभिनत-

पृष्ठ संख्या

परीक्षणों की परिभाषा १९२; १२.७ प्राचल का अवकाश १९२; १२.८ निराकरणीय परिकल्पना १९३; १२.९ प्रतिदर्श और प्रतिदर्श-परिमाण १९३; १२.१० स्वीकृति और अस्वीकृति क्षेत्र १९४; १२.११ प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता और सामर्थ्य १९४; १२.१२ तुल्य तथा उत्तम परीक्षण १९४; १२.१३ प्रमेय १९५; १२.१४ ग्राह्य परीक्षण १९६; १२.१५ अस्वीकृति प्रदेश के चुनाव के अन्य निकष १९७; १२.१६ उदाहरण १९७; १२.१७ कुछ परिभाषाएँ १९८; १२.१८ उदाहरण २००; १२.१९ नीमन-पीयरसन के सिद्धान्तों की आलोचना २०१; १२.२० फिशर की विचारधारा २०२।

भाग तीन

साहचर्य समाश्रयण और सहसंबंध २०९

अध्याय १३—साहचर्य २११

१३.१ परिचय २११; १३.२ साहचर्य की परिभाषा २१२; १३.३ साहचर्य के माप २१३; १३.४ क्रमिक साहचर्य का सूचकांक २१७; १३.५ क्रमिक साहचर्य के सूचकांक का कलन २१७।

अध्याय १४—सह-संबंध २२१

१४.१ परिचय २२१; १४.२ सह-संबंध सारणी २२१; १४.३ धनात्मक व ऋणात्मक सह-संबंध २२२; १४.४ प्रकीर्ण चित्र २२३; १४.५ समाश्रयण वक्र २२३; १४.६ सह-संबंध गुणांक २२४; १४.७ समाश्रयण गुणांकों और सह-संबंध गुणांक में संबंध २२६; १४.८ सह-संबंध गुणांक का परिकलन २२७; १४.९ बहुत बड़े प्रतिदर्श के लिए सह-संबंध गुणांक का परिकलन २२८; १४.९.१ परिकलन की जाँच २२८; १४.१० मूल बिंदु व मात्रक का परिवर्तन २२९।

अध्याय १५—वक्र-आसंजन २३२

१५.१ अनुमान में त्रुटि २३२; १५.२ अनुमान के लिए प्रतिरूप का उपयोग २३४; १५.३ अवकल कलन के कुछ सूत्र २३४; १५.४ एक-

पृष्ठ संख्या

घात प्रतिरूप का आसंजन २३५; १५.५ अधिक सरल प्रतिरूप २३८; १५.६ प्राक्कलकों के प्रसरण २३९; १५.७ परिकल्पना परीक्षण २४१; १५.८ द्विघाती परवलय का आसंजन २४२।

अध्याय १६—प्रतिबंधी वंटन, सहसंबंधानुपात और माध्य वर्ग आसंग ... २४५

१६.१ असतत चर २४५; १६.२ सतत चर २४६; १६.३ समाश्रयण २४८; १६.४ सहसंबंधानुपात २४९; १६.५ माध्य वर्ग आसंग २५०।

भाग चार

प्राक्कलन २५३

अध्याय १७—प्राक्कलन के आरंभिक सिद्धान्त २५५

१७.१ प्राक्कलक और उसके कुछ इच्छित गुण २५५; १७.२ दो अनभिनत प्राक्कलकों का संचयन २५९; १७.३ प्राक्कलक प्राप्त करने की कुछ विधियाँ २६०; १७.४ विश्वास्य अंतराल २६५।

भाग पाँच

प्रयोग अभिकल्पना २६९

अध्याय १८—संपरीक्षण में सांख्यिकी का स्थान २७१

१८.१ भौतिकी और रसायन के प्रयोगों में सांख्यिकी का साधारण-सा महत्त्व २७१; १८.२ विज्ञान की अन्य शाखाओं में सांख्यिकी का असाधारण महत्त्व २७१; १८.३ परिकल्पना की जाँच और प्राचलों के प्राक्कलन में प्रयोग अभिकल्पना का महत्त्व २७२; १८.४ उदाहरण २७३; १८.५ यादृच्छिकीकरण २७४; १८.६ नियंत्रित यादृच्छिकीकरण २७६; १८.७ ब्लॉक २७७; १८.८ प्रयोग आरम्भ करने से पूर्व योजना की आवश्यकता २७७; १८.९ प्रयोग की योजना बनाते समय तीन बातों का ध्यान रखना होता है २७८; १८.१० प्रयोग का उद्देश्य २७८; १८.११ प्रायोगिक उपचार २७९; १८.१२ बहु-उपादानीय प्रयोग २७९; १८.१३ नियंत्रण इकाइयाँ २८०; १८.१४ प्रयोग अभिकल्पना का एक सरल उदाहरण २८१; १८.१५ निराकरणीय परिकल्पना को सिद्ध नहीं किया जा सकता २८३; १८.१६ भौतिक

पृष्ठ संख्या

स्थितियों पर नियंत्रण की आवश्यकता २८३; १८.१७ प्रयोग को अधिक सुग्राही बनाने के कुछ तरीके २८३।

अध्याय १९—प्रसरण-विश्लेषण २८६

१९.१ एक प्रयोग २८६; १९.२ प्रसरणों का संयोज्यता गुण २८६; १९.३ औसत लम्बाई का प्राक्कलन २८७; १९.४ औसत लम्बाई के प्राक्कलक का प्रसरण २८८; १९.५ प्रसरण का प्राक्कलन २८९; १९.५.१ σ_0^2 का प्राक्कलन २८९ १९.५.२ σ_1^2 का प्राक्कलन २९०; १९.६ प्रसरण विश्लेषण २९१; १९.७ प्रसरण विश्लेषण का परिकल्पना की जाँच मे उपयोग २९२; १९.८ प्रसरण विश्लेषण सारणी २९३; १९.९ कुछ कल्पनाएँ जिनके आधार पर निराकरणीय परिकल्पना की जाँच की जा सकती है २९४; १९.१० F-परीक्षण २९५।

अध्याय २०—यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना ... २९७

२०.१ ब्लॉक बनाने का उद्देश्य २९७; २०.२ यादृच्छिकीकरण और पुनः प्रयोग २९८; २०.३ यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना और पूर्णतः यादृच्छिकीकृत अभिकल्पना में अन्तर २९८; २०.४ वे उपादान जिन पर पैदावार निर्भर करती है ३००; २०.५ यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना के लिए एक गणितीय प्रतिरूप ३००; २०.६ विभिन्न परिकल्पनाओं के अन्तर्गत σ^2 का प्राक्कलन ३०१; २०.७ बिना परिकल्पना के σ^2 का प्राक्कलन ३०३; २०.८ प्रसरण विश्लेषण सारणी ३०३; २०.९ परिकल्पनाओं की जाँच ३०५; २०.१० उदाहरण ३०५; २०.११ ब्लॉक ३०९।

अध्याय २१—लैटिन वर्ग अभिकल्पना ३१०

२१.१ प्रयोग को सुग्राही बनाने का प्रयत्न ३१०; २१.२ उदाहरण ३१०; २१.३ आँकड़े ३१२; २१.४ लैटिन वर्ग ३१२; २१.५ विश्लेषण ३१३; २१.६ साधारण ३१६।

अध्याय २२—बहु-उपादानीय प्रयोग ३१७

२२.१ परिचय ३१७; २२.२ बहु-उपादानीय प्रयोग के लाभ ३१८; २२.३ मुख्य प्रभाव और परस्पर क्रिया ३१९; २२.४ उदाहरण ३२२; २२.५ विश्लेषण ३२३।

पृष्ठ संख्या

अध्याय २३—समाकुलन ३२८

२३.१ असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना की आवश्यकता ३२८; २३.२ परस्पर क्रिया का समाकुलन ३२९; २३.३ विश्लेषण ३३०; २३.४ आंशिक समाकुलन ३३५; २३.५ सांख्यिकीय विश्लेषण ३३६।

अध्याय २४—संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना ... ३३८

२४.१ परिभाषा ३३८; २४.२ उदाहरण ३३८; २४.३ संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के प्राचलों के कुछ संबंध ३४०; २४.४ यादृच्छिकीकरण ३४१; २४.५ खेती से संबंधित एक संतुलित-असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना ३४१; २४.५.१ विश्लेषण के लिए प्रति-रूप, प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन ३४१; २४.५.२ परिकल्पना परीक्षण ३४३; २४.५.३ आँकड़े ३४४; २४.५.४ विश्लेषण ३४५।

अध्याय २५—सहकारी चर का उपयोग और सह-प्रसरण विश्लेषण ... ३४७

२५.१ प्रयोग को अधिक दक्ष बनाने का प्रयत्न ३४७; २५.२ समाश्रयण प्रतिरूप ३४७; २५.३ उपचारों के प्रभाव समान होने की परिकल्पना के अन्तर्गत समाश्रयण प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन ३४८; २५.४ बिना परिकल्पना के समाश्रयण प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन ३४९; २५.५ उपचार वर्ग-योग ३५१; २५.६ परिकल्पनाओं के परीक्षण ३५४; २५.७ उदाहरण ३५४; २५.७.१ प्रेक्षण ३५५।

भाग छः

प्रतिदर्श सर्वेक्षण

अध्याय २६—प्रतिदर्श सर्वेक्षण के साधारण सिद्धान्त ... ३६१

२६.१ योजना के लिए सर्वेक्षण की आवश्यकता ३६१; २६.२ सर्वेक्षण में त्रुटियाँ ३६२; २६.३ अन्य उपादान ३६३; २६.४ सरल यादृच्छिक प्रतिचयन ३६४; २६.५ प्राक्कलन ३६५; २६.६ प्राक्कलक का प्रसरण ३६६; २६.७ प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन ३६७; २६.८ अनुपात का प्राक्कलन ३६८; २६.९ विचरण-गुणांक और प्रतिदर्श परिमाण ३६९।

पृष्ठ संख्या

अध्याय २७—स्तरित प्रतिचयन ३७१

२७.१ परिचय ३७१; २७.२ प्राक्कलन ३७१; २७.३ प्राक्कलन का प्रसरण ३७२; २७.४ प्रसरण का प्राक्कलन ३७२; २७.५ विभिन्न स्तरों में प्रतिदर्श परिमाण का वितरण ३७३; २७.५.१ समानुपाती वितरण ३७३; २७.५.२ अनुकूलतम वितरण ३७४; २७.६ स्तरण-विधि ३७५; २७.७ सन्निकटन ३७६ ।

अध्याय २८—द्वि-चरणी प्रतिचयन ३७७

२८.१ प्रतिचयन विधि और व्यय ३७७; २८.२ द्वि-चरणी प्रतिचयन विधि ३७७; २८.३ संकेत ३७८; २८.४ प्रतिचयन ३७८; २८.५ प्राक्कलन ३७८; २८.६ प्राक्कलक प्रसरण ३७९; २८.७ प्रसरण का प्राक्कलन ३८०; २८.८ अनुकूलतम वितरण ३८१; २८.९ उदाहरण ३८३ ।

अध्याय २९—सामूहिक प्रतिचयन ३८५

२९.१ सामूहिक प्रतिचयन ३८५; २९.२ अनुपाती प्राक्कलन ३८५; २९.३ व्यवस्थित प्रतिचयन ३८६; २९.४ प्रारोहक समूह ३८७; २९.५ सामूहिक प्रतिचयन में प्रसरण ३८८; २९.६ प्रसरण का प्राक्कलक ३८८; २९.७ सामूहिक और सरल यादृच्छिक प्रतिचयन की तुलना ३८८ ।

अध्याय ३०—अनुपाती प्राक्कलन ३९०

३०.१ अनुपात का प्राक्कलन ३९०; ३०.२ अनुपाती प्राक्कलक अभिनति ३९०; ३०.३ अभिनति का प्राक्कलन ३९२ ; ३०.४ अनुपाती प्राक्कलन की माध्य-वर्ग-त्रुटि ३९२; ३०.५ समष्टि-योग का अनुपाती प्राक्कलन ३९२; ३०.६ अनुपाती प्राक्कलन और साधारण अनभिनत प्राक्कलन की तुलना ३९३; ३०.७ उदाहरण ३९४; ३०.८ प्रतिदर्श परिमाण ३९४ ।

अध्याय ३१—विभिन्न-प्रायिकता प्रचयन ३९६

३१.१ चयन विधि ३९६; ३१.२ विकल्प विधि ३९८; ३१.३ प्राक्कलन ३९९; ३१.४ प्राक्कलक का प्रसरण ३९९; ३१.५ मापानुपाती प्रायिकता ४००; ३१.६ प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन ४००; ३१.७ उदाहरण ४०१; ।

पारिभाषिक शब्दावली ४०५

चित्र-सूची

चित्र संख्या		पृष्ठ संख्या
१	संचयी बारंबारता	१७
२	आवृत्ति बहुभुज	१७
३	आयत चित्र	१८
४	उत्तर प्रदेश के पुरुषों की आयु-आवृत्ति का आयत चित्र ...	२०
५	उत्तर प्रदेश में प्रतिशत साक्षरता	२२
६	उत्तर प्रदेश में साक्षरता का आयत चित्र	२२
७	फरीदाबाद के परिवारों का मासिक व्यय के अनुसार वितरण-आयत चित्र	२३
८	फरीदाबाद के परिवारों का मासिक व्यय के अनुसार संचयी आवृत्ति चित्र	२४
९	भारतीय ग्राम-परिवारों का अधिकृत क्षेत्रफल के अनुसार वितरण —संचयी आवृत्ति चित्र का एक भाग	२५
१०	असममित तथा सममित वितरण	४८
११	ऊर्ध्व रेखा पर निशाना बाँधकर चलायी हुई गोलियों का वितरण ...	४५
१२	चौकी पर वर्षा-बिन्दुओं की प्रायिकता	४८
१३	पाँसा फेंकने पर ऊपर की बिंदुओं की संख्या का प्रायिकता-वंटन ...	६१
१४	एक पाँसे के छः मुख	६८
१५	चित्र १४ में दिये हुए पाँसे को फेंकने से प्राप्त द्वि-विमितीय चर का वंटन	६९
१६	चित्र १४ में दिये हुए पाँसे को फेंकने से प्राप्त ऊपर के मुख की संख्याओं के योग $(x+y)$ का प्रायिकता-वंटन	७०
१७	चित्र १५ मे दिये हुए प्रायिकता-वंटन का निर्देशाक्षों पर विक्षेप X और Y का एक-पार्श्वीय वंटन	७१
१८	एक सतत वंटन का आवृत्तिफलन—$y=f(x)=\frac{1}{\sqrt{2\pi}}e^{-\frac{1}{2}x^2}$	७३
१९	आयताकार वंटन में $P\,[a' < x \leqslant b']$	७३

चित्र संख्या				पृष्ठ संख्या
२०—आयताकार वंटन का संचित प्रायिकता फलन	...	...		७८
२१—दो स्वतन्त्र यादृच्छिक चरों के संयुक्त और एक-पार्श्वीय वंटन			...	८०
२२—एक पाँसे के छः मुख	...	...	...	८१
२३—चित्र २२ में दिये पाँसे को फेंकने से प्राप्त ऊपर की संख्याओं का संयुक्त वंटन	...	...	...	८१
२४—	...	...	...	८२
२५—N (μ—σ) का घनत्व-फल	...	...	...	१३३
२६—द्विपद (१, $\frac{1}{2}$) का दंड-चित्र	...	...	...	१३४
२७—द्विपद (२, $\frac{1}{2}$) का दंड-चित्र	...	...	...	१३५
२८—द्विपद (४, $\frac{1}{2}$) का दंड-चित्र	...	...	...	१३६
२९—द्विपद (८, $\frac{1}{2}$) का दंड-चित्र	...	...	...	१३६
३०—द्विपद (१६, $\frac{1}{2}$) का दंड-चित्र	...	...	...	
३१—	...	...	...	१९६
३२—θ=० के एक परीक्षण का सामर्थ्य वक्र		...	...	१९८
३३—३५ में से २० बार सफलता के लिए p का संभाविता फलन			...	२०७
३४—सारणी संख्या 14.1 के लिए प्रकीर्ण-चित्र		...	...	२२२
३५—सारणी 14.2 के लिए प्रकीर्ण-चित्र और सरल समाश्रयण-रेखा			...	२३७

कुछ ग्रीक अक्षरों के उच्चारण

α	एल्फा	B, β	बीटा
Γ, γ	गामा	δ	डेल्टा
ϵ	एप्साइलन	ϕ	फाई
χ	काई	λ	लैमडा
μ	म्यू	ν	न्यू
π	पाई	ρ	रौ
η	टॉ	ψ	साई
η	ईटा	ξ	जाई
θ	थीटा	Ω ω	ओमेगा
Σ, σ	सिगमा		

कुछ गणितीय संकेत

(1) e एक संख्या है जिसका मान निम्नलिखित अनंत श्रेणी से प्राप्त होता है।

$$e=1+\frac{1}{1!}+\frac{1}{2!}+\frac{1}{3!}+\cdots \quad +\frac{1}{r!}+\cdots$$

$$=1+\sum_{r=1}^{\infty}\frac{1}{r!}$$

(2) π (पाई) एक वृत्त की परिधि और व्यास का अनुपात। इसका मान लगभग 3.14159 होता है।

(3) $$\Gamma(n) = \int_0^{\infty} x^{n-1} e^{-x} dx$$

गामा फलनों का निम्नलिखित महत्त्व-पूर्ण गुण होता है

$$\Gamma(n+1)=n\,\Gamma(n)$$

(4) $a \doteq b$ a लगभग b के बराबर है।

(5) 'क' > 'ख' 'ख' से 'क' बड़ा है।

(6) 'क' < 'ख' 'ख' से 'क' छोटा है।

(7) n! n वस्तुओं के कुल क्रमचयों की संख्या।

(8) $\binom{n}{r}$ n वस्तुओं में r वस्तुओं के विभिन्न संचयों की

संख्या $= \dfrac{N!}{r!\ (N-r)!}$

(9) AUB 'A संगम B' A या B में से कम से कम एक घटना का घटित होना

(10) $\bigcup_{i=1}^{n} Ai = A_1 U A_2 U A_3 \cdots\cdots U A_n$ $i=1$ से लेकर $i=n$ तक Ai घटनाओं का संगम अर्थात् इन n घटनाओं में से कम से कम एक का घटित होना।

(११) $A-B$ 'A वियोग B' A घटित हो, परन्तु B नहीं।

(१२) $A \cap B$ 'A प्रतिच्छेद B' A और B दोनों का एक साथ घटना।

(१३) $C \subset A$ 'घटना C घटना A में गर्भित है' अर्थात् यदि C घटित होगी तो A भी घटित होगी।

(१४) $C \not\subset A$ 'घटना C घटना A में गर्भित नहीं है' यानी यदि C घटित हो तो यह आवश्यक नहीं है कि A भी घटित हो।

(१५) $\nu(A)$ न्यू ए 'घटना A की बारंबारता'।

(१६) $P(A)$ 'घटना A की प्रायिकता'।

(१७) $P(X=a)$ X के a के बराबर होने की प्रायिकता।

(१८) $P(a<X\leqslant b)$ X का मान a से अधिक और b के बराबर अथवा b से कम होने की प्रायिकता।

(१९) $g^{-1}(a,b)$ X के उन मानों का कुलक जिनके लिए $a<g(X)\leqslant b$

(२०) $\theta \in \omega$ 'थीटा स्थित है ओमेगा में' अर्थात् कुलक ω के मानों में से θ एक है।

(२१) $P(A/B)$ 'प्रायिकता A दत्त B' यह दिया होने पर कि B घटित हो चुकी है A की प्रतिबंधी प्रायिकता।

(२२) $f(x)$ 'चर X का x पर प्रायिकता घनत्व'

$$= \lim_{\substack{\delta \to 0 \\ \delta' \to 0}} \frac{P[x-\delta<X\leqslant x+\delta']}{\delta+\delta'}$$

(२३) $F(x)$ 'चर X का x पर संचयी प्रायिकता फलन.

$$= P[X\leqslant x]$$

(२४) (a,b) उन संख्याओं का कुलक जो a से बड़ी और b से छोटी है।

(२५) (a,b) उन संख्याओं का कुलक जो a के बराबर या a से बड़ी हैं और b से छोटी हैं।

(२६) (a,b) उन संख्याओं का कुलक जो a से बड़ी हैं और b के बराबर अथवा b से छोटी हैं।

(२७) (a,b) उन संख्याओं का कुलक जो न तो a से छोटी हैं और न हीं b से बड़ी।

भाग १

परिचय और परिभाषाएँ

अध्याय १

सांख्यिकी क्या है ?

§ १·१ वैज्ञानिक विधि और सांख्यिकी

"अमुक ब्रांड का घी बहुत शुद्ध व उत्तम होता है।"

"अमुक देश के लोग बहुत असभ्य और निर्दयी होते हैं।"

"विश्व की ९० प्रतिशत जनसंख्या युद्ध के विरुद्ध है।"

"स्ट्रैप्टोमाइसीन से क्षयरोग में कुछ भी लाभ नहीं होता।"

इस प्रकार के अनेकों वक्तव्य आपने अपने जीवन में सुने होंगे। यदि आप इनका विश्लेषण करें तो आपको कई आश्चर्यजनक बातों का पता लगेगा। जिन सज्जनों ने उक्त ब्रांड के घी की बहुत प्रशंसा की थी उन्होंने संभवतः उस ब्रांड के केवल एक ही टिन का उपयोग किया है, जो बहुत उत्तम था।

उक्त विशिष्ट देश के लोगों से जिनको शिकायत है वे उस देश के दो चार व्यक्तियों को छोड़कर अधिक लोगों के सम्पर्क में नहीं आये हैं। जिनको विश्व की जनता का मत जानने का दावा है वे केवल पत्रकार हैं। दो माह के शीघ्रता में किये गये परिभ्रमण के पश्चात् उन्होंने विश्व की जनता की मानसिक स्थिति की विवेचना करते हुए एक पुस्तक लिखी है। उनसे प्रश्न करने पर आपको ज्ञात होगा कि इस भ्रमण में सौ-डेढ़ सौ से अधिक व्यक्तियों से वार्तालाप करने और उनका मत जानने का उन्हें अवसर नहीं मिला। स्ट्रैप्टोमाइसीन पर जिस महिला को विश्वास नहीं है उसका बेटा इसका इंजेक्शन लगने पर भी क्षयरोग से छुटकारा नहीं पा सका था। ये वक्तव्य इन व्यक्तियों ने अपने अनुभव के आधार पर ही दिये थे। परन्तु इन अनुभवों के विश्लेषण से आप इस निष्कर्ष पर पहुँचेंगे कि इस प्रकार कुछ थोड़े से विशिष्ट अनुभवों के आधार पर इतने व्यापक वक्तव्य देना उचित नहीं है। पर यदि आप स्वयं अपने द्वारा दिये गये किसी व्यापक वक्तव्य का विश्लेषण करें तो आपको आश्चर्य होगा कि उसका आधार भी कुछ गिने-चुने अनुभव ही हैं। परन्तु क्यों कि वे स्वयं आपके अनुभव हैं, इसलिए उन वक्तव्यों में आपको पूर्ण विश्वास

है। क्या यह सम्भव नहीं है कि ऊपर जिन वक्तव्यों की विवेचना की गयी है वे सब सही हों—या उनमें से कुछ सही हों ? मान लीजिए कि जिस महिला ने स्ट्रैप्टोमाइसीन की आलोचना की थी उन्होंने उन हजारों क्षयरोगियों का अध्ययन किया होता जिनको स्ट्रैप्टोमाइसीन दी गयी और उनमें से कोई भी रोग से छुटकारा नहीं पा सका। तो क्या फिर भी आप उनके कथन को अनुचित मानते ? लेकिन यह अनुभव भी तो विशिष्ट ही हैं। उन्होंने उन सब रोगियों का तो अध्ययन नहीं किया जिनको यह औषधि दी गयी है। फिर भी उनके कथन में आपका विश्वास अवश्य ही अधिक दृढ़ होता।

यह शायद मनुष्य का स्वभाव है कि अपने अनुभवों के आधार पर वह उन बहुत-सी वस्तुओं और घटनाओं के बारे में भी एक धारणा बना लेता है जिनका उसे कुछ भी अनुभव नहीं होता। वास्तव में विज्ञान का विकास इसी प्रकार होता है। जब कोई वैज्ञानिक किसी सिद्धान्त अथवा नियम का प्रतिपादन करता है तो उसका आधार भी उसके या अन्य वैज्ञानिकों के अनुभव ही होते हैं। "लोहे के टुकड़े को पानी में रखने से उसमें जंग लग जाता है और सोडियम के टुकड़े को पानी में डालने से उसमें आग लग जाती है।" "प्रत्येक द्रव्य-कण हर दूसरे द्रव्य-कण को आकर्षित करता है।" "मलेरिया बुखार एनाफिलीस नामक मच्छर के काटने से ही होता है।" ये सब इस प्रकार के कथन हैं जिन्हें वैज्ञानिक सत्य की संज्ञा दी जाती है। क्या इनके प्रतिपादन का अर्थ यह है कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक लोहे या सोडियम के टुकड़े को पानी में डालकर देखा है या उन्होंने मलेरिया के प्रत्येक रोगी को मच्छर द्वारा काटे जाते हुए देखा है ? इस प्रकार किसी भी वैज्ञानिक नियम की विवेचना यदि आप करें तो आपको पता चलेगा कि उनका आधार कुछ सीमित अनुभव ही है।

इस प्रकार विशिष्ट से व्यापक नियमों के प्रतिपादन में दोनों ही सम्भावनाएँ हैं। वे सत्य भी हो सकते हैं और असत्य भी। वैज्ञानिक इस वास्तविकता को समझता है। वह यह दावा नहीं करता कि ये नियम निरपेक्ष सत्य ही हैं। वह यह जानता है कि ये केवल परिकल्पना (hypothesis) मात्र हैं जो वैज्ञानिक जगत् के अभी तक के अनुभवों को समझने में सहायक होते हैं। यदि इन परिकल्पनाओं के विरुद्ध कुछ भी प्रमाण मिलते हैं तो वह इन नियमों में संशोधन करने के लिए अथवा उन्हें त्याग कर दूसरे नियम प्रतिपादित करने के लिए प्रस्तुत रहता है।

व्यापक ज्ञान प्राप्त करने की एक विधि है जिसे वैज्ञानिक विधि कहा जाता है। इसमें निम्न चरण होते हैं—

(१) प्रथम, वस्तुओं, कार्यों और घटनाओं का प्रेक्षण तथा अध्ययन किया जाता है।

(२) द्वितीय, इन प्रेक्षणों में पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करने और उन्हें समझने के लिए कुछ सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जाता है।

(३) तृतीय, इन नियमों में से कुछ निगमन निकाले जाते हैं जो प्रेक्षणगम्य वस्तुओं तथा घटनाओं से सम्बन्धित होते हैं।

(४) चतुर्थ, इन घटनाओं या वस्तुओं के निरीक्षण के लिए कुछ प्रयोगों का आयोजन किया जाता है।

(५) पंचम, यदि इन प्रयोगों के निष्कर्ष प्रतिपादित नियमों के विरुद्ध होते हैं तो इन नियमों को त्याग कर अथवा उनमें सुधार कर नवीन नियम प्रतिपादित किये जाते हैं।

इस प्रकार निरीक्षण और प्रयोग विज्ञान के अभिन्नतम अंग हैं।

किसी साधारण मनुष्य और वैज्ञानिक में यही अन्तर है कि पहला अपने कथनों की पुष्टि के लिए और अधिक निरीक्षण की आवश्यकता नहीं समझता, जब कि दूसरा परीक्षण को अत्यन्त आवश्यक ही नहीं समझता बल्कि परीक्षण और निरीक्षण के बाद भी कथन के असत्य होने की संभावना से परचित है। दार्शनिक तत्त्व-विद्या (meta-physics) का तर्क विज्ञान में प्रयोग होनेवाले तर्क से एकदम विपरीत होता है। उसमें यदि अनुभव किसी नियम का खण्डन करते पाये जाते हैं तो इसे अनुभवों का दोष समझा जाता है, न कि नियमों का।

इस प्रकार वैज्ञानिक विधि से जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है वही विज्ञान है। इसमें दो प्रकार के नियम होते हैं। एक तो वे जो यथार्थ हैं जिनके उदाहरण पहले दिये जा चुके हैं। "सोडियम के टुकड़े को पानी में डालने से उसमें आग लग जाती है" यह नियम सोडियम के प्रत्येक टुकड़े पर हर समय लागू होता है। इसी प्रकार जब यह कहा जाता है कि "एनाफिलीस मच्छर के काटने से ही मलेरिया होता है" तो इस कथन का तात्पर्य यह होता है कि किसी भी मनुष्य को बिना इस मच्छर के काटे हुए मलेरिया नहीं हो सकता। इस प्रकार के सब नियम, जिनमें कोई अपवाद नहीं होता, यथार्थ नियम (exact laws) कहलाते हैं। भौतिकी और रसायन-विज्ञान में बहुधा ऐसे ही नियम पाये जाते हैं। कभी-कभी प्रायोगिक फलों और इन नियमों में कुछ अन्तर पाया जाता है, परन्तु यह अन्तर अधिकतर सूक्ष्म होता है—इतना सूक्ष्म कि इसको प्रयोग सम्बन्धी त्रुटि (experimental error) माना जा सकता है।

इसके विपरीत कई परिस्थितियों में एक ही प्रकार की स्थिति और एक से कारणों के रहते हुए भी अलग अलग अनेकों फल सम्भव हो सकते हैं। हो सकता है कि ऐसे कुछ अज्ञात कारण हों जो इन फलों को निश्चित करते हैं। लेकिन इन कारणों के ज्ञान के अभाव में किसी यथार्थ नियम को प्रतिपादित करना असम्भव है। जैसे यह कहना असम्भव है कि किसी स्त्री की आगामी सन्तान लड़की होगी या लड़का; अथवा स्ट्रैप्टोमाइसीन से कोई विशेष मरीज़ नीरोग हो जायगा या नहीं; या किसी निर्दिष्ट ताप, नमी व हवा के रुख और वेग के होने पर वर्षा होगी या नहीं। ऐसी अवस्था में किसी निर्दिष्ट वस्तु अथवा घटना के बारे में भविष्य वाणी करने में दोनों ही सम्भावनाएँ हैं। ये भविष्य कथन सत्य भी हो सकते हैं और असत्य भी। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी वैज्ञानिक बिलकुल विवश नहीं हो जाता। वह यथार्थ से भिन्न एक दूसरे प्रकार के नियम का प्रतिपादन कर सकता है। ये नियम अकेली वस्तुओं अथवा घटनाओं के बारे में नहीं होते बल्कि अनेक एक-सी वस्तुओं अथवा घटनाओं के समुदायों के बारे में होते हैं। ये नियम यह बताते हैं कि इस समुदाय में प्रयोग के फलस्वरूप जो भिन्न-भिन्न फल प्राप्त होंगे उनकी बारम्बारता (frequency) कितनी होगी। उदाहरण के लिए "१०० बच्चों में से ५१ लड़कियाँ होती हैं और ४९ लड़के" अथवा "८० प्रतिशत क्षयरोगियों को स्ट्रैप्टोमाइसीन से लाभ होता है।"

ऐसे नियमों को सांख्यिकीय नियम (statistical laws) कहा जाता है। इस प्रकार सांख्यिकी में निम्नलिखित बातें सम्मिलित हैं।

१—घटनाओं या वस्तुओं के गुणों का सामुदायिक रूप में प्रेक्षण करना।

२—इन प्रेक्षणों का विश्लेषण करके संक्षिप्त रूप में उनका वर्णन करना।

३—इस वर्णन के आधार पर बारम्बारता अथवा प्रायिकता (probability) के रूप में नियमों का प्रतपिादन करना।

४—कुछ दूसरी प्रेक्षणगम्य (observable) घटनाओं की प्रायिकता सम्बन्धी निष्कर्ष निकालना।

५—इन निष्कर्षों की जाँच करने के लिए कुछ प्रयोगों का आयोजन करना।

६—इन प्रयोगों के फलों का विश्लेषण करना।

§ १·२ सांख्यिकी के उपयोग

वे परिस्थितियाँ जिनमें सांख्यिकीय रीति का उपयोग होता है इतनी व्यापक हैं कि विज्ञान की ऐसी शाखा कदाचित् ही कोई हो जिसमें इस रीति का उपयोग कभी

न किया जाता हो। भौतिक तथा रासायनिक विज्ञानों में भी, जिन्हें बहुत समय तक पूर्णतः यथार्थ समझा जाता था, कई नियम प्रायिकताओं के रूप में हैं। विशेषतः इलैक्ट्रान, प्रोटान और न्यूट्रान आदि सूक्ष्म कणिकाओं के अध्ययन में तो सांख्यिकीय नियमों का ही प्रयोग किया जाता है। जो नियम बड़े पिण्डों के सम्बन्ध में होते हैं वे यथार्थता के इतने निकट होते हैं कि नियम और फलों के अन्तर को प्रायोगिक भूल समझ कर उनकी उपेक्षा की जा सकती है। अब कई वैज्ञानिक यह बात मानने लगे हैं कि वैज्ञानिक नियम कभी भी पूर्ण रूप से यथार्थ नहीं होते बल्कि यथार्थ के सन्निकटन-मात्र होते हैं। ये मानते हैं कि सभी नियमों की प्रकृति अंतिम विश्लेषण में सांख्यिकीय ही होती है।

आरम्भ में विज्ञानों में सांख्यिकी का उपयोग अधिकतर प्रयोगों के समुदाय को इस प्रकार व्यक्त करने में होता था कि उससे प्रवृत्तियाँ (tendencies) प्रत्यक्ष हो जायें। फिर कुछ विज्ञानों में व्यक्तियों और इकाइयों को छोड़कर इनके समूह के आचरण के अध्ययन पर जोर दिया जाने लगा। इसके लिए सांख्यिकीय रीतियाँ बहुत उपयुक्त तथा आवश्यक थीं।

कृषि व प्राणि-विज्ञान के अध्ययन में वैज्ञानिकों को आरम्भ में बहुत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा था। किन्हीं दो पौधों पर एक ही प्रकार की खाद व पानी का एक-सा असर नहीं पड़ता। यही बात पशुओं में भी पायी गयी। ऐसी दशा में एक ही उपाय था। वह यह कि व्यक्ति-विशेष को छोड़कर उनके समुदायों के विषय में नियमों की खोज की जाय। इस दृष्टिकोण से विश्लेषण की अधिक उन्नत विधियों की आवश्यकता पूरी करने में सांख्यिकीय तरीकों का प्रयोग हुआ। नयी नयी परिस्थितियों का सामना करने के लिए नये-नये सिद्धान्त बनाये गये। इस प्रकार सांख्यिकी के विकास में कृषि एवं प्राणि-विज्ञान का बहुत बड़ा भाग है।

इन विज्ञानों में केवल यही आवश्यकता नहीं थी कि प्रयोगों के फलों की ठीक से विवेचना की जाय। इस व्याख्या को सरल और प्रयोगों को अधिक सफल बनाने के लिए प्रयोगों के आयोजन में भी उन्नति की आवश्यकता थी। किसान यह चाहता है कि अनाज के उत्पादन का स्तर ऊँचा बना रहे। उसकी सहायता के लिए कृषि-विज्ञान वेत्ताओं को प्रयोग करने होते हैं जिनसे यह मालूम हो जाय कि अनाज की भिन्न-भिन्न किस्मों के प्रयोगों से उपज में क्या अन्तर पड़ जाता है, विभिन्न खादों के क्या प्रभाव हैं और खेती करने की सबसे उत्तम विधि क्या है। यह आशा की जाती है कि इन प्रयोगों के आधार पर वह किसानों को लाभदायक सुझाव दे सकेगा।

विभिन्न खादों की तुलना के लिए पहले-पहल जो प्रयोग किये गये थे उनमें यह काफी समझा गया था कि खादों का भिन्न-भिन्न भू-क्षेत्रों में प्रयोग किया जाय और उनके उत्पादन की तुलना करके उनके आपेक्षिक मूल्य का तर्कसम्मत अनुमान लगा लिया जाये। परन्तु शीघ्र ही अनुसंधान-कर्त्ताओं को पता लग गया कि इस तरीके से समुचित मूल्यांकन होना असंभव है। एक ही किस्म के पौधों की उपज में, जिन्हें भिन्न-भिन्न भूक्षेत्रों में बोकर एक ही प्रकार की मिट्टी, खाद व पानी का उपयोग किया गया हो, बहुत अन्तर हो सकता है। इसलिए जब खादों की तुलना की जाय तो इस बात का पता चलाना आवश्यक हो जाता है कि जो अंतर उत्पादन में पाया जाता है उसका संबंध खादों से ही है अथवा उन अनेक कारणों से जिनसे या तो वैज्ञानिक अनभिज्ञ हैं या जिन पर उनका कुछ वश नहीं है। इसके लिए सांख्यिकीय तर्क का प्रयोग किया गया है और वैज्ञानिक अन्वेषण में उसका महत्त्व प्रमाणित हो चुका है।

कृषि-विज्ञान से ही संबंधित वनस्पति-प्रजनन (plant breeding) विज्ञान है। वनस्पति-संवर्धक किसी भी गवेषणा का अंतिम ध्येय होता है वनस्पति की अधिक उन्नत किस्मों का विकास। किसी भी किस्म की उन्नति कई विभिन्न दृष्टि-कोणों से हो सकती है। उदाहरणार्थ वनस्पतियों को जो खाद दी जाती है वे उसका उपयोग करने के योग्य बनें, बीमारी के कीटाणुओं से वे अधिक सुरक्षित हों या तापमान के उतार-चढ़ाव को सहन करने की उनकी शक्ति में वृद्धि हो। वनस्पति पर उत्पत्ति-संबंधी और वातावरण-संबंधी उपादानों (factors) का प्रभाव पड़ता है। जिस प्रकार किसान अनुकूल वातावरण द्वारा अधिक उत्पादन प्राप्त करने की चेष्टा करता है, उसी प्रकार वनस्पति-प्रजनन का अध्ययन करनेवाला उत्पत्ति के सिद्धान्तों के उपयोग द्वारा वनस्पतियों के वंशानुगत गुणों में उन्नति करने का प्रयत्न करता है। परन्तु इस गवेषणा में उसे नये नये प्रश्नों को हल करना पड़ता है जिसके लिए वे सिद्धान्त यथेष्ट नहीं होते जिनका उसे पहले से ज्ञान है। नये सिद्धान्तों की खोज के लिए उसे उत्पत्ति सम्बन्धी प्रयोग करने पड़ते हैं। इस गवेषणा में जितना धन उपलब्ध है और जितना समय है उसको देखते हुए किस प्रकार पौधों का चुनाव करना चाहिए, प्रयोग के लिए उनकी संख्या किस प्रकार निर्धारित करनी चाहिए, भिन्न-भिन्न श्रेणियों को भिन्न-भिन्न भू-क्षेत्रों में किस नियम के अनुसार लगाना चाहिए आदि समस्याओं का हल सांख्यिकी के सिद्धान्तों के उपयोग से ही होता है।

पिछले दस पन्द्रह वर्षों में विटामिनों के संबंध में बहुत अनुसंधान हुआ है। भिन्न-भिन्न विटामिनों के महत्त्व को समझने के लिए अनेक प्रयोग किये गये हैं। यह

प्रयोग बहुधा पशुओं पर किये जाते हैं, क्योंकि उम्र, वजन, लिंग, बल और पहले से बनी हुई भोजन की आदतें आदि कई बातें हैं जो भोजन के प्रभाव को किसी सीमा तक निर्धारित करती हैं, इसलिए इन प्रयोगों के लिए पशुओं के ऐसे समूहों को चुना जाता है जो ऊपर लिखी बातों में एक-से अथवा लगभग एक-से हों। एक समूह को एक निर्दिष्ट मात्रा में सामान्य खुराक दी जाती है। शेष समूहों को विटामिनों की भिन्न-भिन्न मात्राओं से युक्त खुराक दी जाती है। इनमें से एक को उपर्युक्त सामान्य खुराक से कहीं अधिक विटामिन मिलता है और दूसरे को बहुत कम, लगभग नहीं के बराबर। बाकी समूहों को इन सीमाओं के बीच में भिन्न-भिन्न मात्राओं का विटामिन मिलता है। किस पशु को किस समूह में रखा जाये यह अनियमितता से निश्चित किया जाता है। पशुओं को इन निश्चित खुराकों पर निश्चित समय के लिए रखा जाता है। अन्वेषक प्रतिदिन वजन के उतार-चढ़ाव व बीमारियों के चिह्नों के प्रकट होने का विवरण लिखता रहता है। यदि यह प्रयोग सांख्यिकीय सिद्धान्तों के अनुसार सावधानी से किया गया हो तो इससे कई मूल्यवान् निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

सामाजिक विज्ञानों में भी सांख्यिकीय विधियों का बहुत उपयोग होता है। जनता का मत जानने में राजनीतिक दलों की रुचि होना स्वाभाविक ही है और इस कारण वे सांख्यिकी से अधिक परिचित होते जा रहे हैं। अर्थशास्त्र की गवेषणाओं में तो सांख्यिकीय विधियाँ अपरिहार्य हो जाती हैं। अर्थशास्त्र के नियमों का संबंध सामुदायिक प्रवृत्तियों से होता है और ऐसे नियमों का निर्धारण बहुधा सांख्यिकीय प्रणाली के विवेकपूर्ण उपयोग पर निर्भर करता है।

पोषण-सम्बन्धी गवेषणा (nutritional research) में एक लक्ष्य यह हो सकता है कि भोजन में उन तत्त्वों का अधिक से अधिक उपयोग हो जिनकी, भोजन संबंधी अध्ययन के अनुसार, औसत आहार में कमी पायी गयी है। इस क्षेत्र में सांख्यिकी का प्रारम्भिक कार्य केवल प्रति मनुष्य औसत आहार का पता लगाना और उसकी किसी लक्ष्य से तुलना करना है। प्रति व्यक्ति आहार का वितरण किस प्रकार है यह जानना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना औसत का ज्ञान। परन्तु एक बड़े देश में प्रत्येक मनुष्य से उसके आहार का विवरण प्राप्त करना असंभव सा है। यदि यह संभव भी हो तो इन आँकड़ों को जोड़कर उनसे औसत का परिकलन करने में त्रुटि होने की इतनी अधिक संभावना है कि इतना अधिक व्यय करके इन आँकड़ों को प्राप्त करना उचित प्रतीत नहीं होता। जिस प्रकार एक मुट्ठी चावल का नमूना देखने से

एक बोरे चावल की किस्म का अनुमान लगाया जाता है उसी प्रकार कुछ थोड़े से मनुष्यों को चुनकर और उनके आहार संबंधी आँकड़ों को एकत्र करके क्या देश के औसत का पता नहीं लगाया जा सकता ? सांख्यिकीय सिद्धान्तों के प्रयोग से यह निर्णय किया जा सकता है कि इस कार्य के लिए कितने मनुष्यों का चुनाव यथेष्ट होगा या उनका चुनाव किस प्रकार किया जाये कि औसत का अनुमान अधिक विश्वसनीय हो।

देश के बारे में साधारण ज्ञान सरकार के लिए बहुत ही आवश्यक होता है। देश में कितना अनाज उत्पन्न हुआ है और कितने अनाज की आवश्यकता है, इसका यदि सरकार को अनुमान न हो तो अनाज के आयात-निर्यात के बारे में किसी निर्णय के लिए उसके पास कोई विश्वसनीय आधार नहीं होता। यदि उसे यह पता न हो कि देश में उपज आवश्यकता से एक करोड़ टन कम हुई है तो हो सकता है कि उसे अकाल का सामना करना पड़े। यदि अनाज आवश्यकता से अधिक उत्पन्न हो गया और सरकार इस ज्ञान के अभाव में अनाज के निर्यात पर रोक लगा देती है तो अनाज के दाम गिरकर देश में मंदी की स्थिति पैदा हो सकती है। विशेष रूप से आजकल सरकार आगामी पाँच या दस वर्षों की योजनाएँ बनाने में लगी हुई है इसलिए उसके लिए इस प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता बहुत बढ़ गयी है। यदि सरकार ने यह निर्णय कर लिया है कि पाँच साल में प्रति व्यक्ति की आय में १० प्रतिशत वृद्धि हो जायेगी तो उसे इस बात का भी अनुमान होना चाहिए कि इस बढ़ी हुई आय का मनुष्य क्या करेगा। किस वस्तु की माँग कितनी बढ़ेगी और किस वस्तु की गिरेगी। या यदि उसने इरादा किया है कि राष्ट्रीय आय में १५ प्रतिशत की वृद्धि होगी तो उसे यह भी मालूम होना चाहिए कि जनसंख्या किस तेज़ी के साथ बढ़ रही है। हो सकता है कि योजना-काल के अन्त में राष्ट्रीय आय में वृद्धि होते हुए भी प्रति-व्यक्ति औसत आय में कमी हो जाये। इस प्रकार का साधारण ज्ञान प्राप्त करने के लिए सर्वेक्षण (survey) की आवश्यकता पड़ती है। परन्तु यदि इसके लिए प्रत्येक मनुष्य से पूछताछ की जाये तो हो सकता है सरकार की सारी आय सर्वेक्षण कराने में ही व्यय हो जाये और उसका सारा उद्देश्य ही समाप्त हो जाये। यदि यह ज्ञान बिलकुल यथार्थ न भी हो, तब भी, सरकार का काम चल सकता है। यदि सर्वेक्षण का खर्च नियत हो चुका हो तो किस प्रकार कम से कम भ्रांतिपूर्ण अनुमान लगाया जा सकता है यह निश्चय करने में सांख्यिकी के सिद्धान्त हमें मदद पहुँचाते हैं।

उद्योग-धंधों में तो नमूनों के बिना काम ही नहीं चलता। थोक व्यापारी को हजारों की संख्या में माल लेना पड़ता है। कोई कितना ही अच्छा कारखाना क्यों न

हो उसमें बने हुए माल में थोड़ा बहुत अवश्य ही खराब होता है। यदि एक-एक चीज का निरीक्षण करके उनमें से खराब चीजों को अलग करना हो तो इसके लिए उन्हें एक अलग विभाग कर्मचारियों का रखना पड़ेगा। इससे उत्पादन का दाम बढ़ जायेगा। यद्यपि थोक व्यापारी को सब माल अच्छा मिलेगा परन्तु इस बढ़े हुए मूल्य के कारण उसे लाभ के बदले हानि ही होगी। किन्तु यदि उसे इस बात का संतोष दिला दिया जाये कि उत्पादन में से १ प्रतिशत से अधिक माल दोषपूर्ण होने की संभावना बहुत कम है और यदि इस आश्वासन के लिए इतने अधिक निरीक्षण की आवश्यकता न पड़े कि वास्तव में लागत इतनी बढ़ जाये तो संभवतः थोक व्यापारी को संतोष हो जायगा। इस निरीक्षण का किस प्रकार प्रबंध किया जाय कि थोक व्यापारी को भी संतोष हो जाये और खर्च में भी अधिक वृद्धि न हो ? सांख्यिकी के सिद्धान्त इसमें हमें सहायता पहुँचाते हैं।

अभी तो हमने उस दशा में सांख्यिकी के उपयोग का वर्णन किया है जब कि माल बिकने के लिए जाता है। किन्तु उसके पहले भी बहुत-सी समस्याएँ कारखाने वालों के सामने होती हैं। यदि माल खराब तैयार होता है तो उसका कारण खराब कच्चा माल, कल पुर्जों की खराबी या परिचालक की गलती कुछ भी हो सकता है। क्योंकि खराब माल रद्द हो जाता है इसलिए कारखाने को यह पता लगाना बहुत आवश्यक होता है कि खराब माल बनने का क्या कारण है। किस प्रकार के प्रयोग करके इन कारणों का पता लगाया जाये, यह सांख्यिकी का ही काम है। कारण पता चलने पर यदि खराबी कच्चे माल में है तो उसको बदल कर अच्छी सामग्री लेकर खराबी दूर की जा सकती है। यदि कल-पुर्जों में है तो कहाँ खराबी है यह मालूम होने पर इंजीनियर उसे ठीक कर सकते हैं। परिचालक की गलती होने पर उसे उपयुक्त ट्रेनिंग दी जा सकती है या उसे बदला जा सकता है। इन प्रयोगों में जो व्यय होता है वह साधारणतया उस बचत के सामने शून्यप्राय ही होता है जो नष्ट हुए पदार्थ के कम होने से होती है। कच्चा माल, मशीन और परिचालक के ठीक होते हुए भी कभी-कभी उत्पादन में गड़बड़ी हो जाती है। ऐसी दशा में यदि ज़रा-ज़रा-सी खराबी होने पर मशीन की व्यवस्था की जाये तो काम में रुकावट पड़ जाने के कारण व्यय बहुत बढ़ जायेगा। यह भी हो सकता है कि जिस मशीन की व्यवस्था ठीक हो वह भी बिगड़ जाये। इसलिए यह मालूम होना जरूरी है कि क्या वास्तव में ही मशीन में कुछ खराबी है। इसके विपरीत यदि मशीन वास्तव में खराब हो और वह जल्दी ही ठीक न की जाये तो पता नहीं कितना उत्पादन नष्ट हो जाये।

इस दुविधामयी स्थिति में सांख्यिकी हमारी मदद करती है और नियंत्रण-चार्ट (control chart) की मदद से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मशीन में व्यवस्था करने की आवश्यकता है या नहीं।

संसार में तरह-तरह की बीमारियाँ फैली हुई हैं। इसके साथ ही इन बीमारियों के बारे में सैकड़ों प्रकार की भ्रांतियाँ भी फैली हुई हैं। जितने लोग हैं उतने ही इलाज। बहुत से लोग माने हुए इलाजों की बुराई करते हैं और कहते हैं कि इनको इलाज समझना गलती है। यह एक विचित्र परिस्थिति है जिसमें यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि किसका कहना ठीक है और किसका गलत। ऐसी बीमारी कम ही होती हैं जिनका कोई मरीज ठीक ही न हो। बिना इलाज के भी लोग ठीक हो जाते हैं। इस कारण यदि कोई मनुष्य एक विशेष औषधि के लेने के बाद ठीक हो जाता है तो यह कहना उचित नहीं है कि वह बिना औषधि के मर ही जाता। परन्तु कुछ लोग इसको ही औषधि के प्रभावपूर्ण होने का प्रमाण मान लेते हैं। यह पता किस प्रकार लगाया जाय कि कोई औषधि असर कर रही है या नहीं। आप सोचेंगे कि यह एक अजीब समस्या है जिसका हल होना शायद संभव न हो, परन्तु सांख्यिकी के पास इसका भी हल है। यदि कुल रोगियों में से ९० प्रतिशत मर जाते है, परन्तु एक विशेष औषधि का सेवन करनेवालों में से केवल १० प्रतिशत मरते हैं तो आप औषधि के प्रभाव को स्वीकार करेंगे अथवा नहीं? आप कह सकते है कि यह तो संयोग की बात थी कि इस औषधि का इलाज पाये हुए लोगों में से केवल १० प्रतिशत लोग मरे। सांख्यिकी हमें यह परिकलन करने में सहायता देती है कि केवल संयोगवश इतना अन्तर होना कहाँ तक संभव है।

आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान (medical science) ने दो दिशाओं में उन्नति की है। एक तो रोग होने के बाद उसके इलाज में और दूसरे बीमारी को फैलाने से रोकने में। इस दूसरी दिशा में प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि बीमारी के कारण का पता चलाया जाय। कारण के ज्ञात होने पर उसको दूर करने के उपाय भी मालूम किये जा सकते हैं। जिस प्रकार रोगों के इलाज के बारे में भिन्न-भिन्न धारणाएँ हैं, उसी प्रकार रोगों के कारणों के बारे में भी लोगों में मतभेद है। कोई कहता है कि अमुक रोग मच्छर के काटने से होता है, तो दूसरा बतायेगा कि अमुक वस्तु के खा लेने से यह बीमारी हो जाती है। तीसरा यह कहेगा कि भोजन में अमुक वस्तु की कमी ही इसका कारण है, जब कि चौथा इसे पापों का फल अथवा देवी-देवताओं का प्रकोप समझता है। किसी भी मनुष्य के बीमार होने से पहले यह संभव है कि उसे मच्छर

ने काटा हो, उसने कोई विशेष वस्तु खायी भी हो और उसके भोजन में किसी आवश्यक वस्तु की कमी रही हो। इसी गवाही पर कि उसे मच्छर ने काटा था, यह निश्चय कर लेना कि बीमारी का विशेष कारण यही है, उचित नहीं मालूम होता। इसी प्रकार भोजन के किसी विशेष अंग की कमी की वजह से बीमारी होना अवश्य संभव है, परन्तु किसी विशेष रोगी का अध्ययन करके इसका पता चलाना असंभव है। इसके लिए रोगियों के बहुत बड़े समुदाय की जाँच करना जरूरी है जिससे यह ज्ञान हो कि उनमें क्या लक्षण समान थे जो उन लोगों में नहीं थे जो रोग से बचे रहे। क्योंकि यहाँ व्यक्ति-विशेष की जाँच का नहीं वरन् व्यक्तियों के समुदाय के अध्ययन का प्रश्न है, इसलिए यह सांख्यिकी के क्षेत्र में सम्मिलित है। इस प्रकार कारण का पता लगाकर रोगों को फैलने से रोकने में सांख्यिकी ने चिकित्सा-विज्ञान की बहुत सहायता की है।

परीक्षा में विद्यार्थियों को बहुधा आपने यह कहते सुना होगा कि भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। जो कुछ उन्होंने नहीं पढ़ा था उसमें से ही प्रश्न रख दिये गये। या अमुक विद्यार्थी बहुत भाग्यशाली है, उसने साल भर कुछ नहीं पढ़ा, परन्तु परीक्षा के पहले दो महीने में उसने जो पढ़ा उसमें से ही सारे प्रश्न आ गये, इसी कारण वह प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गया। आप शायद यह मानेंगे कि ये दावे बिलकुल बे-बुनियाद नहीं हैं। फिर भी आप यह कहेंगे कि यद्यपि कुछ विद्यार्थियों को, जो योग्यता नहीं रखते, भाग्य से अधिक नंबर मिल सकते हैं तथापि उस विद्यार्थी को—जिसने वास्तव में मेहनत की है और जो योग्य है—कम नंबर नहीं मिल सकते।

लेकिन क्या यह सच है ? उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा को ही लीजिए। इसमें दो लाख से अधिक विद्यार्थी बैठते हैं। यह असम्भव है कि एक ही परीक्षक इन सबकी कापियाँ जाँचे। ये कापियाँ २०० से अधिक परीक्षकों में बाँट दी जाती हैं। क्या दो विद्यार्थी जिन्होंने एक से उत्तर लिखे हैं बराबर नंबर पायेंगे ? यदि एक ही उत्तर की दो परीक्षकों द्वारा जाँच करवायी जाय तो नंबरों में बहुधा यथेष्ट अंतर पाया जायगा।

इस प्रकार परीक्षाओं में बहुत-सी कमियाँ हैं। इन्हें दूर करने के लिए, विशेष रूप से अमेरिका में, एक नवीन रीति अपनायी गयी है। विद्यार्थी से पाँच या छः लम्बे-लम्बे प्रश्न पूछने के स्थान पर सौ या डेढ़ सौ छोटे-छोटे प्रश्न पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों से विषय का कोई अंग नहीं बचता। इस प्रकार परीक्षा से भाग्य के प्रभाव को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। परीक्षकों के अंतर को दूर करने के लिए भी वहाँ

एक बड़ा सुन्दर तरीका अपनाया जाता है। हर एक प्रश्न के चार या पाँच उत्तर दिये हुए रहते हैं जिनमें केवल एक सही होता है और अन्य सब गलत। परीक्षार्थी को केवल यह बताना होता है कि ठीक उत्तर कौन-सा है। यह पहले से तय हो जाता है कि ठीक होने पर विद्यार्थी को कितने नम्बर मिलेंगे और गलत होने पर कितने नंबर कटेंगे। इस दशा में परीक्षकों के अंतर के कारण नंबरों में कोई अंतर नहीं पड़ सकता। वास्तव में इस हालत में परीक्षक की कोई आवश्यकता ही नहीं रहती और नंबर मशीन द्वारा भी दिये जा सकते हैं।

शायद आपका ध्यान इस ओर गया हो कि परीक्षकों के अंतर को दूर करने के लिए जो तरीका अपनाया गया है उसमें फिर भाग्य और संयोग प्रवेश कर गया है। यदि कोई विद्यार्थी केवल अनुमान द्वारा उत्तर को इंगित करे तो भी संयोगवश उसके द्वारा इंगित उत्तर सही हो सकता है। सांख्यिकी इस स्थान पर काम आती है। प्रश्नों की संख्या और उनमें नंबर देने का तरीका इस प्रकार का बनाया जाता है कि केवल अनुमान के आधार पर अच्छे नम्बर पाना असंभव हो जाता है। इसके अतिरिक्त सांख्यिकी का प्रयोग इन सौ-डेढ़ सौ प्रश्नों के अलग-अलग विश्लेषण में यह जनाने के लिए होता है कि कौन-से प्रश्न ऐसे हैं जो अच्छे और बुरे विद्यार्थियों को पहचानने में वास्तव में सहायक है। इस प्रकार मानसिक-माप को अधिक विश्वसनीय बनाने में सांख्यिकी का काफी भाग है।

पिछले पृष्ठों में आपने उन अनेक क्षेत्रों में से कुछ का परिचय प्राप्त किया है जिनमें सांख्यिकी का एक विशिष्ट स्थान है। आप यह जानने के लिए उत्सुक होंगे कि आखिर सांख्यिकी के ये सिद्धान्त क्या है जिनका उपयोगी क्षेत्र इतना विस्तृत है। यह हम पहले ही बता चुके है कि सांख्यिकी में जो कार्य सम्मिलित हैं उनमें से एक है प्रेक्षणों का विश्लेषण करके उन्हें संक्षिप्त रूप में रखना। अगले अध्याय में हम देखेंगे कि आँकड़ों को किस रूप में रखना चाहिए जिससे हमें उन समुदायों को समझने में सरलता हो जिनसे वे संबंधित हैं।

अध्याय २

समष्टि और उसका विवरण

§ २·१ समष्टि (population)

इस अध्याय में यह बताया जायगा कि किसी समष्टि के वर्णन के लिए क्या विधि अपनायी जाती है और उसके सांख्यिकीय विवरण में किस प्रकार की विशेषताओं की ओर ध्यान केन्द्रित रहता है। व्यवहार में समष्टि का न्यादर्श (sample) द्वारा प्रतिनिधित्व किया जा सकता है। परन्तु इस स्थान पर हम प्रतिदर्श और समष्टि में भेद नही करेंगे। समष्टि से हमारा तात्पर्य कुछ विशिष्ट इकाइयों के एक समह से है। हर एक इकाई का कोई गुण (character or attribute) मापा अथवा परखा जा सकता है। ये इकाइयाँ दो प्रकार की हो सकती हैं। प्रथम तो वे जिन्हें साधारण रूप से एक ही समझा जाता है और जिनका अधिक विश्लेषण करने पर उनके भागों के गुणों में पूरी इकाई के गुणों से कोई सादृश्य नहीं रहता। इस प्रकार की इकाइयों के उदाहरण हैं मनुष्य, घड़ी और पंखा। यदि इनके विभिन्न भागों की तुलना की जाय तो आप देखेंगे कि वे एक-दूसरे से इतने भिन्न हैं कि उन्हें सरलता से पृथक्-पृथक् पहचाना जा सकता है। इसके विपरीत कुछ इकाइयाँ इस प्रकार की होती हैं जिनको अपेक्षाकृत छोटी इकाइयों का समूह समझा जा सकता है। इस प्रकार की इकाइयों के उदाहरण हैं सिपाहियों की टुकड़ियाँ, दियासलाइयों का डिब्बा, पुस्तकालय इत्यादि।

§ २·२ चर (variate)

किसी विशेषता के माप को चर (*variate or variable*) कहते हैं क्योंकि यह विभिन्न इकाइयों के लिए विभिन्न मान (values) धारण कर सकता है। कुछ चर ऐसे होते हैं जिनके लिए दो मानों के बीच का प्रत्येक मान धारण करना संभव है। उदाहरण के लिए मनुष्यों की ऊँचाई इस प्रकार का एक चर है। पाँच

और छः फुट के बीच की सभी ऊँचाइयों के मनुष्य संभव हैं। इस प्रकार के चर को सतत चर (*continuous variable*) कहते हैं। इसके विपरीत परिवार में मनुष्यों की संख्या, पुस्तक में पृष्ठों की संख्या या पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या आदि कुछ ऐसे चर हैं जो कुछ परिमित (finite) संख्यक विभिन्न मानों को ही धारण कर सकते हैं। इस प्रकार के चर को असतत चर (*discrete variable*) कहते हैं।

§ २·३ आँकड़ों को संक्षिप्त रूप में रखने की विधि

समष्टि में अनेकों इकाइयाँ होती हैं। यदि उन सबके गुणों के मापों के समूह को आपके सम्मुख रख दिया जाय तो आपको उन्हें समझना और उनमें से तथ्य प्राप्त करना कठिन हो जायगा। किसी भी वैज्ञानिक सिद्धान्त के प्रतिपादन के लिए यह नितान्त आवश्यक हो जाता है कि उस ज्ञान को, जो मापों के समूह से प्राप्त होता है, संक्षिप्त रूप में रखा जाय, आवश्यक ज्ञान को अलग किया जाय और अनावश्यक तथा असंगत ज्ञान की उपेक्षा की जाय।

संक्षिप्त करने की सांख्यिकीय विधि में दो विशेष भाग होते हैं—

(१) आँकड़ों को सारणी अथवा रेखाचित्रों द्वारा सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना ;

(२) कुछ ऐसे सांख्यिकीय मापों का कलन करना जो इन आँकड़ों की विशेषताओं का वर्णन करते हैं।

कुछ उदाहरणों द्वारा इन क्रियाओं को समझने में आसानी होगी। मान लीजिए कि आपके आफिस में २० मनुष्य काम करते हैं। आप इन बीस मनुष्यों के समुदाय का अध्ययन करना चाहते हैं। इस विशेष अध्ययन में आपको जिस चर का विशेष ध्यान है वह है इन मनुष्यों की उम्र। इसके लिए आप प्रत्येक मनुष्य से उसकी उम्र पूछ कर नोट कर लेते हैं। यह उम्र सारणी २·१ में दी हुई है।

प्रथम बात जो आपके ध्यान में आयी होगी यह है कि किसी समूह की उम्र संबंधी विशेषताओं के वर्णन में उस समूह के मनुष्यों के नामों का कोई स्थान नहीं है। इस प्रकार के असंगत ज्ञान की उपेक्षा की जा सकती है। इसके अतिरिक्त इन उम्रों को विशेष क्रम में रखने पर उसके समझने में सहायता मिल सकती है। ऊपर की सारणी के संगत भाग को हम निम्नलिखित संक्षिप्त रूप में रख सकते हैं।

सारणी संख्या 2·1

आफिस के मनुष्यों के नाम और उनकी उम्र

क्रम संख्या	नाम	उम्र निकटतम वर्षों में	क्रम संख्या	नाम	उम्र निकटतम वर्षों में
1	2	3	1	2	3
1.	अयोध्या सिंह	25	11.	विमल चन्द्र	25
2.	अवध बिहारी	23	12.	नवीन	25
3.	कमल कृष्ण	28	13.	बलवंत राम	28
4.	नरसिंह	28	14.	बाल कृष्ण	25
5.	सत्य प्रकाश	26	15.	निर्मल	27
6.	ओम प्रकाश	27	16.	हरी प्रसाद	27
7.	हुकुम चन्द्र	25	17.	कासिम	28
8.	याकूब	27	18.	जय प्रकाश	25
9.	रमेश चन्द्र	26	19.	केवल राम	25
10.	रमेश प्रसाद	28	20.	अनोखे लाल	25

सारणी संख्या 2·2

आपके आफिस के मनुष्यों की उम्रों का वितरण

क्रम संख्या i	उम्र निकटतम वर्षों में xi	वारंवारता fi
(1)	(2)	(3)
1.	23	1
2.	24	0
3.	25	8
4.	26	2
5.	27	4
6.	28	5
	कुल	20

इससे हमें यह पता चलता है कि भिन्न-भिन्न अवस्था के कितने मनुष्य इस समुदाय में हैं। वारंवारता (frequency) के अर्थ हैं उन इकाइयों की संख्या जिनमें माप समान है। उदाहरणार्थ 25 वर्ष की उम्र के मनुष्यों की बारंबारता इस समुदाय में 8 है। इस प्रकार की सारणी को बारंबारता सारणी (frequency table) कहते हैं। इसके द्वारा संगत माप के बारंबारता-बंटन अथवा वितरण (frequency distribution) का पता चल जाता है।

यदि हम यह जानना चाहें कि 27 वर्ष अथवा उससे कम अवस्था के कितने मनुष्य आपके आफिस में हैं तो हमें उन सब बारंबारताओं का योग करना होगा जो 27 वर्ष और उससे कम उम्र के मनुष्यों की है। इस आफिस में यह संचयी बारंबारता (cumulative frequency) $1+0+8+2+4=15$ है। इस प्रकार ऊपर दी हुई बारंबारता सारणी की सहायता से एक संचयी वारंवारता सारणी बनायी जा सकती है।

सारणी संख्या 2·3

आप के आफिस के मनुष्यों की उम्र की संचयी बारंबारता सारणी

क्रम-संख्या i	उम्र निकटतम वर्षों में xi	सचयी बारंबारता Fi
(1)	(2)	(3)
1.	23	1
2.	24	1
3.	25	9
4.	26	11
5.	27	15
6.	28	20

§ २·४ आँकड़ों का रेखाचित्रों द्वारा निरूपण

ये संचयी बारंबारताएँ एक ग्राफ पर बिन्दुओं द्वारा निरूपित की जा सकती है। इन बिंदुओं को मिलाती हुई जो रेखा खींची जाती है उसे संचयी बारंबारता का रेखा-चित्र (cumulative frequency diagram) अथवा तोरण (ogive) कहते हैं।

इसी प्रकार बारंबारताओं को ग्राफ पर बिन्दुओं द्वारा निरूपित करने और क्रमगत बिन्दुओं को रेखाओं द्वारा मिला देने पर बारंबारता का रेखा-चित्र बन जाता



चित्र १—संचयी बारंबारता

है। उस टेढ़ी-मेढ़ी रेखा को जो इन बिंदुओं को मिलाती है, बारंबारता-बहुभुज (frequency polygon) कहते हैं।



चित्र २—आवृत्ति बहुभुज

यदि चर कुछ परिमित (finite) मानों को ही धारण कर सकता है तो

ग्राफ में इन मानों के लिए बारंबारता को बिंदुओं द्वारा सूचित किया जा सकता है यदि इन बिंदुओं से भुजाक्ष (axis of abscissa) पर ऊर्ध्व रेखाएँ खींची जायें तो उनकी लंबाई से इन बारंबारताओं का अधिक स्पष्ट आभास हो जाता है। इस प्रकार निरूपण को दण्ड-चित्र (bar diagram) कहते हैं।

इसके विपरीत यदि चर सतत हो तो चर के परास (range) को कुछ भागों में विभाजित कर दिया जाता है। सारणी में प्रत्येक भाग के लिए चर की बारंबारता दी जाती है। ग्राफ में इन भागों को भुजाक्ष पर अंतरालों से सूचित किया जाता है। प्रत्येक अंतराल पर ऐसा समकोण चतुर्भुज बनाया जा सकता है जिसका क्षेत्रफल उस अंतराल में चर की बारंबारता को सूचित करता हो। बारंबारता के इस प्रकार के निरूपण को आयत-चित्र (histogram) कहते हैं।



चित्र ३—आयत चित्र

आयत चित्र अथवा बारंबारता बहुभुज दोनों से हमें बारंबारता सारणी में दी हुई सब सूचना प्राप्त हो जाती है। बहुधा चित्र द्वारा वे विशेषताएँ स्पष्ट हो जाती हैं जिनको अंकों के रूप में समझना अपेक्षाकृत कठिन है। इसी प्रकार संचयी बारंबारता चित्र द्वारा संचयी बारंबारता की विशेषताएँ अधिक स्पष्ट हो जाती हैं।

§ २.५ चर के परास का विभाजन

एक बात पर शायद आपका ध्यान गया होगा। उम्र एक सतत चर है। जिन मनुष्यों की उम्र २५ वर्ष लिखी हुई है वास्तव में उन सबकी उम्र एकदम समान नहीं है। उनमें महीने अथवा दिनों का अंतर हो सकता है। ऐसी दशा में माप के हर सूक्ष्मतम भाग के लिए बारंबारता-चित्र बनाना नितान्त असंभव है। इसलिए इसके स्थान पर उम्र के परास (range) को कुछ भागों में विभाजित कर लिया जाता है और केवल उन्हीं भागों के लिए बारंबारता-सारणी बनायी जाती है। उदाहरण के लिए ऊपर की सारणी में २३ वर्ष का अर्थ है २२.५ से लेकर २३.५ वर्ष तक का अंतराल। आयत चित्र इसको ही ध्यान में रखकर बनाया जाता है।

यदि चर परिमित हो तो भी परास को इस प्रकार विभाजित करने की आवश्यकता पड़ सकती है। यह तब होता है जब छोटी इकाइयों की तुलना में परास बहुत अधिक हो। उदाहरणार्थ यदि एक नगर के मनुष्यों की आय के अनुसार बारंबारता-सारणी बनायी जाय तो आयों का परास शून्य से लेकर दस हजार रुपये मासिक तक हो सकता है। यदि एक एक रुपये की आय के अंतर से बारंबारता मालूम की जाय तो न केवल बहुत अधिक मेहनत पड़ेगी वरन् इस बृहद् सारणी को समझना और उससे किसी तत्त्व को प्राप्त करना असंभव हो जायगा। इसलिए परास को अपेक्षाकृत कम भागों में विभाजित करना आवश्यक हो जाता है। साधारणतया बीस या पच्चीस से अधिक भागों में विभाजित करने से सारणी को समझने में कठिनाई पड़ती है।

यदि हो सके तो इन भागों का—जिनमें परास को विभाजित किया जाता है—बराबर होना अच्छा रहता है। परंतु कई बार भागों के बराबर होने से कठिनाई हो जाती है। उदाहरण के लिए आयों के परास को यदि बीस भागों में बाँटा जाय तो प्रत्येक भाग पाँच सौ रुपयों का प्रतिनिधित्व करेगा। इनमें से केवल दो भाग १,००० से कम आय का प्रतिनिधित्व करेंगे। और अठारह भाग एक हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की आय का। नगर की एक लाख से अधिक जनसंख्या में शायद आठ दस मनुष्य ही ऐसे होंगे जिनकी मासिक आय एक हजार रुपये से अधिक हो। यह स्पष्ट है कि आयों के ऊपर लिखित बराबर विभाजन द्वारा हम बहुत सा ज्ञान खो देंगे। इस प्रकार की स्थिति में पहिले छोटे और फिर क्रमश बड़े भागों में परास को विभाजित करना आवश्यक हो जाता है।

नीचे बारंबारता-सारणी और उसके लेखाचित्रीय-निरूपण (graphic representation) के कुछ उदाहरण दिये हुए हैं।

सारणी संख्या 2·4

उत्तर प्रदेश के पुरुषों की उम्र-बारंबारता-सारणी

क्रम संख्या	उम्र का अन्तराल (वर्षों में)	पुरुष-संख्या (सैकड़ों में)	क्रम संख्या	उम्र का अंतराल (वर्षों में)	पुरुष-संख्या (सैकड़ों में)
I.	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	[0—5)	42,694	9.	[40—45)	18,516
2.	[5—10)	41,965	10.	[45—50	15,934
3.	[10—15)	37,671	11.	[50—55)	12,967
4.	[15—20)	33,008	12	[55—60)	9,870
5.	[20—25)	29,112	13.	[60—55)	6,876
6.	[25—30)	26,296	14.	[65—70)	4,349
7.	[30-35)	23,793	15	[70—	6,736
8.	[35-40)	21,202		कुल	330,989



चित्र ४—उत्तर प्रदेश के पुरुषों की आयु-आवृत्ति का आयत चित्र

सारणी संख्या 2·5

उत्तर प्रदेश में उम्र और साक्षरता—(संख्याएँ दस की इकाइयों में)

		आयु-अंतराल	[0–5)	[10–15)	[15–25)	[25–35)	[35–45)	[45–55)	[45–55)	[55–65)	[65–75)	[75–
		(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
पु	(1)	साक्षर	0	29,574	99,254	143,441	116,853	80,350	55,550	28,738	11,260	4,357
रु	(2)	कुल	426,063	419,039	418,368	552,691	507,412	406,482	307,213	174,655	70,197	28,582
ष	(3)	प्रतिशत-साक्षर	0 00	7 06	23.72	25.95	23 03	19 77	18 08	16 45	16.04	15.24
स्त्रि	(4)	साक्षर	0	9,777	22,107	33,546	18,700	10,626	6,408	3,672	1,284	481
	(5)	कुल	415,794	383,741	351,682	510,778	449,748	343,205	254,988	151,069	69,858	33,029
याँ	(6)	प्रतिशत-साक्षर	0.00	2.55	6.29	6.57	4.16	3.10	2.51	2.43	1.84	1.46



चित्र ५—उत्तर प्रदेश में प्रतिशत साक्षरता



चित्र ६—उ० प्र० में साक्षरता का आयत चित्र

नोट—अंतराल [a, b) से उन सब संख्याओं के समुदाय को सूचित किया जाता है जो b से छोटी और a के बराबर अथवा a से बड़ी हैं। इसी प्रकार (a, b] से उन संख्याओं के समुदाय को सूचित किया जाता है जो a से बड़ी और b के बराबर अथवा b से छोटी हैं।

सारणी संख्या 2·6

फरीदाबाद के एक हजार परिवारों का प्रतिमास-व्यय के अनुसार वितरण

क्रम	प्रतिमास व्यय (रुपयों में)	परिवारों की संख्या	संचयी बारंबारता
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	[0—25.5)	34	34
2.	[25.5—50.5)	122	156
3.	[50.5—75.5)	234	390
4.	[75.5—100.5)	202	592
5.	[100.5—125.5)	146	738
6.	[125.5—150.5)	94	832
7.	[150.5—200.5)	100	932
8.	[200.5—	68	1,000



चित्र ७—फरीदाबाद के परिवारों का मासिक व्यय के अनुसार वितरण-आयत चित्र



चित्र ८—फरीदाबाद के परिवारों का मासिक व्यय के अनुसार संचयी आवृत्ति चित्र

सारणी संख्या 2·7

अधिकृत जमीन के क्षेत्रफल के अनुसार भारतीय ग्राम परिवारों का प्रतिशतता वितरण

अधिकृत क्षेत्रफल (एकड़ों में)	परिवारों की प्रतिशतता	अधिकृत क्षेत्रफल (एकड़ों में)	परिवारों की प्रतिशतता
(1)	(2)	(1)	(2)
[0—0.005)	22.00	[7.495—9.995)	04.71
[0.005—0.045)	09.78	[9.995—14.995)	05.12
[0.045—0.095)	02.74	[14.995—19.995)	02.66
[0.095—0.495)	06.12	[19.995—24.995)	01.43
[0.495—0.995)	06.25	[24.995—29.995)	01.07
[0.995—1.495)	05.29	[29.995—39.995)	01.07
[1.495—2.495)	08.58	[39.995—49.995)	00.50
[2.495—4.995)	13.66	[49.995—74.995)	00.55
[4.995—7.495)	08.16	[74.995—	00.31

ऊपर के बारंबारता-चित्रों और आयत चित्रों को देखकर एक बात आपके ध्यान में आयी होगी। प्रायः सभी आँकड़ों में एक केंद्रीय प्रवृत्ति (central tendency) है। किसी विशेष भाग में बारंबारता अधिकतम है और उसके दोनों ओर बारंबारता क्रमशः कम होती चली जाती है। बहुत छोटी अथवा बहुत

बड़ी राशियों की बारंबारताएँ कम हैं। यदि इस केन्द्रीय प्रवृत्ति का और इसके दोनों ओर की बारंबारताओं के प्रसार (dispersion) का भी हमें कोई माप



चित्र ९—भारतीय ग्राम परिवारों का अधिकृत क्षेत्रफल के अनुसार वितरण—संचयी आवृत्ति चित्र का एक भाग

(measure) मिल जाय तो मोटे रूप में हमें समष्टि के स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। नीचे केन्द्रीय प्रवृत्ति के कुछ मापों की व्याख्या दी हुई है।

§ २·६ केन्द्रीय प्रवृत्ति के कुछ माप

(क) **समान्तर माध्य** (arithmetic mean) **या केवल माध्य** (mean) : यदि समष्टि की सब इकाइयों के चरों के मानों को जोड़कर उसमें इकाइयोंकी कुल संख्या का भाग लगाया जाय तो फल को समानान्तर माध्य अथवा केवल माध्य

कहते हैं। यदि x_1' x_2' x_3'.....x_n चरों के मान हैं तो माध्य—जिसे साधारणतया $\bar{x}$ से सूचित किया जाता है—को निम्न लिखित सूत्र द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

$$\bar{x} = \frac{x_1+x_2+x_3+.....+x_n}{n} \qquad ...(2.1)$$

मानों के योग को सूत्र रूप में लिखने की एक और उत्तम विधि है। $x_1+x_1+x_3...+x_n$ लिखने के स्थान में हम इस योग को संक्षिप्त रूप में $\sum_{i=1}^{n} x_i$ लिख सकते हैं। उदाहरण के लिए $\sum_{i=1}^{4} x_i$ का अर्थ है $x_1+x_2+x_3+x_4$।

यदि आँकड़े बारंबारता सारणी के रूप में दे रखे हों तो माध्य प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जा सकता है

$$\bar{x} = \frac{\sum_{i=1}^{k} x_i f_i}{\sum_{i=1}^{k} f_i} \qquad .....(2.2)$$

जहाँ कुल k अंतरालों में परास को विभाजित किया गया हो और i वें अंतराल का मध्य विन्दु x_i तथा इस अंतराल में बारंबारता f_i हो। यद्यपि एक अंतराल में भी सब मान उसके मध्य बिंदु के बराबर नहीं होते फिर भी यदि अंतराल बहुत बड़ा न हो तो इन सब मानों के माध्य को अंतराल का मध्य बिंदु मान लेने से कोई विशेष हानि नहीं होती।

आइए हम इस माप से परिचय प्राप्त करने के लिए पूर्व-परिचित बारंबारता सारणियों की सहायता लें।

(१) सारणी संख्या 2.2—आफिस में काम करने वाले मनुष्यों की औसत उम्र क्या ? यदि इस औसत को $\bar{x}$ से सूचित किया जाय तो—

$$\bar{x} = \frac{\sum_{i=1}^{20} x_i f_i}{\sum_{i=1}^{20} f_i}$$

$$= \frac{(23\times 1)+(24\times 0)+(25\times 8)+(26\times 2)+(27\times 4)+(28\times 5)}{1+0+8+2+4+5} \text{ वर्ष}$$

$$= \frac{23+0+200+52+108+140}{20} \text{ वर्ष}$$

$$= \frac{523}{20} \text{ वर्ष}$$

$$= 26{\cdot}15 \text{ वर्ष}$$

यदि सारणी में अंतराल बराबर हों, जैसा कि ऊपर के उदाहरण में है, तो माध्य का परिकलन बहुत सरल हो जाता है। इस अंतराल को इकाई मानकर और किसी भी स्वेच्छ (arbitrary) मूलबिंदु (origin) को लेकर अंतरालों के मध्य बिंदुओं को नवीन संख्याओं के द्वारा निरूपित किया जा सकता है। इस प्रकार नीचे दी हुई सारणी प्राप्त होगी।

सारणी संख्या 2·2·2

क्रम संख्या i	मध्य विंदु (वर्षों की इकाई में) x_i	25 वर्ष को मूलविंदु और 1 वर्ष को इकाई मानकर मध्यविंदु का निरूपण $(i-3)=m_i$	बारंबारता f_i
(1)	(2)	(3)	(4)
1	23	−2	1
2	24	−1	0
3	25	0	8
4	26	1	2
5	27	2	4
6	28	3	5

ऊपर दिये हुए विन्यास (arrangement) से यह स्पष्ट है कि किसी भी अंतराल के मध्यविन्दु का पूर्व-निरूपित मान $x_i=25+m_i\times 1$ वर्ष

$$\therefore \quad \bar{x}=\frac{\sum_{i=1}^{6} x_i f_i}{\sum_{i=1}^{6} f_i}$$

$$=\frac{\sum_{i=1}^{6}\{25+m_i\} f_i}{\sum_{i=1}^{6} f_i} \text{ वर्ष}$$

$$= 25 + \frac{\sum_{i=1}^{6} m_i f_i}{\sum_{i=1}^{6} f_i} \text{ वर्ष}$$

$$= 25 + \bar{m}$$

जहाँ $\bar{m}$ मध्यविंदुओं के नवीन मानों का माध्य है।

$$= 25 + \frac{(-2\times 1)+(1\times 2)+(2\times 4)+(3\times 5)}{20}$$

$$= 25 + \frac{23}{20} \text{ वर्ष}$$

$$= 26.15 \text{ वर्ष}$$

इस उदाहरण में नवीन और आरंभिक मध्यविंदुओं के अंतराल समान थे। इसलिए अब हम एक दूसरा उदाहरण लेंगे जिसमें ये अंतराल बराबर न हों। सारणी संख्या 2·4 इसके लिए उपयुक्त होगी। यहाँ हम केवल प्रथम 14 अंतरालों पर विचार करेंगे। मान लीजिए आरंभ में अंतराल h हो और नवीन मध्यविन्दुओं के लिए x_k को मूलविंदु माना गया हो तो—

$$x_i = x_k + (i-k)\,h$$

$$= x_k + m_i\,h$$

$$\therefore \bar{x} = \frac{\sum_i \{x_k + m_i\,h\}\,f_i}{\sum_i f_i}$$

$$= x_k + \bar{m}\,h \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (2.3)$$

सारणी संख्या 2·4·2

क्रम संख्या i	आरंभिक मध्यविंदु x_i	नवीन मध्यविंदु m_i	बारंबारता f_i	क्रम संख्या i	आरंभिक मध्यविंदु x_i	नवीन मध्यविंदु m_i	बारंबारता f_i
(1)	(2)	(3)	(4)	(1)	(2)	(3)	(4)
1.	2.5	—6	42,694	8	37.5	1	21,202
2.	7.5	—5	41,965	9	42.5	2	18,516
3.	12.5	—4	37,671	10	47.5	3	15,934
4.	17.5	—3	33,008	11	52.5	4	12,967
5.	22.5	—2	29,112	12	57.5	5	9,870
6.	27.5	—1	26,296	13	62.5	6	6,876
7.	32.5	0	23,793	14	67.5	7	4,349

उत्तर प्रदेश के पुरुषों की माध्य आयु $\bar{x}=(32.5+\bar{m}\times 5)$ वर्ष

$$\bar{m}=[1\times(21,202-26,296)+2\times(18,516-29,112)$$
$$+3\times(15,934-33,008)+4\times(12,967-37,671)$$
$$+5\times(9,870-41,965)+6\times(6,876-426,94)$$
$$+7\times 4,349]\times\frac{1}{331,989}$$

$$=\frac{-1}{331,989}[5,094+2\times 10,596+3\times 17,074$$
$$+4\times 24,704+5\times 32,095+6\times 35,818-7\times 4,349]$$

$$=-\frac{521,344}{331,989}$$

$$=-1.57$$

$$\therefore \quad \bar{x}=(32.50-1.57\times 5) \text{ वर्ष}$$
$$=(32.50-7.85) \text{ वर्ष}$$
$$=24.65 \text{ वर्ष}$$

(ख) केंद्रीय प्रवृत्ति का एक अन्य माप माध्यिका (median) है। जब सब प्रेक्षणों का उनके मानों के बढ़ते हुए परिमाणों के अनुसार विन्यास किया जाता है तो मध्य के प्रेक्षण को माध्यिका कहते हैं। यदि इस विन्यास के अनुसार प्रथम प्रेक्षण का मान x_1, द्वितीय का x_2,....., अन्तिम का x_{2m+1} हो तो माध्यिका x_{m+1} है। यदि कुल प्रेक्षणों की संख्या विषम (odd) न होकर सम (even)—$2m$ हो तो माध्यिका मध्य के दो मानो x_m और x_{m+1} का माध्य $\frac{1}{2}(x_m+x_{m+1})$ होती है।

यदि आँकड़े बारंबारता सारणी के रूप में दिये गये हों तो कुछ अधिक परिकलन की आवश्यकता पड़ती है। संचयी बारंबारता के आधार पर हम यह आसानी से मालूम कर सकते हैं कि माध्यिका कौन से अंतराल में स्थित है। इस अंतराल को माध्यिका अन्तराल (*median interval*) कहते हैं। मान लीजिए कुल प्रेक्षणों की संख्या n है। संचयी बारंबारताएँ क्रमशः $F_1, F_2,.....F_k,.....,F_s$ हैं जहाँ कुल अंतरालों की संख्या s है। यदि $F_k<\frac{n}{2}\leqslant F_{k+1}$ तो माध्यिका अंतराल $(k+1)$ वाँ है। मान लीजिए अन्तरालों के सीमान्त विंदु क्रमशः $x_1,x_2,...$

...x_s हैं। इस परिकलन के लिए यदि यह मान लिया जाय कि अन्तराल में किसी भाग में बारंबारता उस भाग की लंबाई की समानुपाती (proportional) है तो

$$\text{माध्यिका}=x_k+(x_{k+1}-x_k)\times\frac{\left(\frac{n}{2}-F_k\right)}{(F_{k+1}-F_k)} \qquad \ldots.(2.4)$$

उदाहरण :

(१) सारणी संख्या 2.3 में $n=20$, तीसरे अंतराल तक संचित आवृत्ति 9, तथा चौथे तक 11 है। इसलिए माध्यिका अंतराल चौथा है। इस अंतराल का प्रथम विंदु 25.5 वर्ष है तथा अंतिम-विंदु 26.5 वर्ष है।

$$\therefore \quad x_k=25.5 \text{ वर्ष}$$
$$x_{k+1}=26.5 \text{ वर्ष}$$
$$\frac{n}{2}=10$$
$$F_k=9$$
$$F_{k+1}=11$$
$$\therefore \text{ माध्यिका}=25.5+1\times\tfrac{1}{2} \text{ वर्ष}$$
$$=26 \text{ वर्ष}$$

(२) सारणी संख्या 2.6 में

$$x_k=75.50 \text{ रुपये}$$
$$x_{k+}=100.50 \text{ रुपये}$$
$$\frac{n}{2}=500$$
$$F_k=390$$
$$F_{k+1}=592$$

$$\therefore \text{ माध्यिका}=75.50+25\times\frac{110}{202} \text{ रुपये}$$
$$=75.50+13.61 \text{ रुपये}$$
$$=89.11 \text{ रुपये}$$

(ग) बहुलक (mode) केन्द्रीय प्रवृत्ति का तीसरा माप है। यह चर का वह मान है जिसकी बारंबारता सबसे अधिक होती है। यदि आँकड़े बारंबारता

सारणी के रूप में दिये हुए हों तो उस अंतराल को जिसमें बारंबारता सबसे अधिक होती है बहुलक-अंतराल (*modal interval*) कहते हैं। बहुलक के विशेष मान के लिए उस अंतराल का मध्य विंदु लिया जाता है जिसमें बारंबारता सबसे अधिक हो।

उदाहरण —

(१) सारणी संख्या 2.2 में सबसे अधिक बारंबारता 8 उस अंतराल में है जिसका मध्यविंदु 25 वर्ष है। इसलिए आफिस में आयु का बहुलक 25 वर्ष है।

(२) सारणी संख्या 2.4 में सबसे अधिक बारंबारता प्रथम अंतराल में है जिसका मध्यविंदु 2.5 वर्ष है। इसलिए उत्तर प्रदेश के पुरुषों की आयु का बहुलक 2.5 वर्ष है।

(३) सारणी संख्या 2.5 के दो भाग हैं एक में पुरुषों के लिए और दूसरे में स्त्रियों के लिए साक्षरों की बारंबारताएँ उम्र के अनुसार दी गयी हैं। इसमें बहुलक का परिकलन करने के लिए हमें दूसरी विधि अपनानी पड़ेगी क्योंकि सब अंतराल समान नहीं हैं। यह स्पष्ट है कि यदि किसी अंतराल को दूसरों की अपेक्षा बहुत बड़ा बना दिया जाय तो उसमें बारंबारता अपेक्षाकृत अधिक होगी। हम चाहेंगे कि हमारा माप जहाँ तक हो सके उस विधि से स्वतन्त्र हो जिसके अनुसार कुल परास को अंतरालों में विभाजित किया जाता है। इसके लिए युक्तिसंगत यह है कि अंतराल की प्रति इकाई के लिए बारंबारता जिस अंतराल में अधिक हो उसे बहुलक-अंतराल समझा जाय और बहुलक को उसका मध्य विंदु माना जाय। उदाहरण के लिए सारणी संख्या 2.5 में साक्षर पुरुषों की प्रति इकाई बारंबारता अंतराल [10 – 15) में $\frac{99,254}{5} = 19,850.8$ है जो अन्य अंतरालों की प्रति इकाई बारंबारता से अधिक है। अंतराल (15 – 25) में यह प्रति-इकाई बारंबारता केवल $\frac{143,441}{10} = 14,344.1$ है। इस प्रकार वास्तविक बहुलक और सारणी से प्राप्त बहुलक में अंतर कम हो जाता है। सारणी संख्या 2.5 में, इस दृष्टिकोण से, स्त्री व पुरुषों दोनों के लिए बहुलक 12.5 वर्ष है। यानी साक्षर लोगों में सबसे अधिक संख्या 12 से 13 वर्ष तक के व्यक्तियों की है।

§ २·७ प्रसार के कुछ माप

केन्द्रीय प्रवृत्ति के इन तीन मापों के आधार पर हमें समष्टि का कुछ ज्ञान प्राप्त होता है। परंतु यह यथेष्ट नहीं है। आपने यह कहावत सुन ही रखी होगी कि

"लेखा जोखा ज्यों का त्यों, सारा कुनबा डूबा क्यों ?" एक मनुष्य परिवार सहित किसी नदी को पार कर रहा था। जब उसे मालूम हुआ कि नदी में पानी की औसत गहराई केवल एक फुट है तो नाव चलाना असंभव समझकर और उसका खर्च बचाने के लिए उसने पैदल ही नदी पार करने का फैसला किया। परंतु बीच में नदी की गहराई बीस फुट तक थी और सारा कुनबा पैदल नदी पार करने के प्रयत्न में डूब गया। यह स्पष्ट है कि इन केन्द्रीय प्रवृत्ति के मापों के दोनों ओर बारंबारताओं के प्रसार (dispersion) को समझने के लिए कुछ अन्य मापों की भी आवश्यकता है। इनमें से कुछ मुख्य माप नीचे दिये हुए हैं।

(क) परास (*range*) चर के महत्तम और न्यूनतम मानों के अंतर को कहते हैं। उदाहरण के लिए सारणी संख्या 2.2 में न्यूनतम आयु 22.5 वर्ष और महत्तम 28.5 वर्ष है। इसलिए आफिस में काम करने वालों की आयु का परास 6 वर्ष है।

(ख) मानक विचलन (*standard deviation*) चर के किसी विशेष मान x_i. का माध्य $\bar{x}$ से विचलन (deviation) $(x_i - \bar{x})$ है। कुल विचलनों का योग शून्य है।

$$\sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x}) = \sum_{i=1}^{n}x - n\bar{x}$$

$$= 0$$

क्योंकि $$\bar{x} = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} x_i$$

परंतु इन विचलनों का वर्ग-माध्य $\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i - x)^2$ शून्य नहीं है क्योंकि इस योग में प्रत्येक पद धनात्मक है। इस वर्ग माध्य का वर्गमूल (square root) प्रसार का एक अन्य उपयुक्त माप है। इसको विचलन-वर्ग-माध्य-मूल (*root mean square deviation*) या साधारणतः मानक विचलन कहते हैं। लघुरूप में हम इसको मा० वि० से सूचित करेंगे।

$$\therefore \text{(मा० वि०)}^2 = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x})^2 \qquad \ldots\ldots (2.5)$$

यदि आँकड़े बारंबारता सारणी के रूप में दिये हुए हों तो—

$$(\text{मा० वि०})^2 = \frac{\sum_{i=1}^{k} f_i \left(x_i - \bar{x} \right)^2}{\sum_{i=1}^{k} f_i} \quad \ldots \quad \ldots \quad (2.6)$$

जहाँ सारणी में कुल k अंतराल है और i वें अंतराल में बारंबारता f_i है। यह तो हमें सूत्र (2.2) द्वारा पता ही है कि—

$$\bar{x} = \frac{\sum_{i=1}^{k} x_i \, f_i}{\sum_{i=1}^{k} f_i}$$

संख्यात्मक अभिगणना (arithmetical computations) के लिए सूत्र (2.5) और सूत्र (2.6) में वर्ग-योग को अधिक सुविधाजनक रूप में रखा जा सकता है।

$$\sum_{i=1}^{n} \left(x_i - \bar{x} \right)^2 = \sum_{i=1}^{n} \left(x_i^2 - 2 x_i \, x + \bar{x}^2 \right)$$

$$= \sum_{i=1}^{n} x_i^2 - 2 \, \bar{x} \sum_{i=1}^{n} x_i + n \, \bar{x}^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} x_i^2 - n \, \bar{x}^2 \quad \ldots \quad \ldots \quad (2.7)$$

$$\sum_{i=1}^{k} f_i \left(x_i - \bar{x} \right)^2 = \sum_{i=1}^{k} f_i \left(x_i^2 - 2 x_i \, \bar{x} + \bar{x}^2 \right)$$

$$= \sum_{i=1}^{k} f_i \, x_i^2 - 2\bar{x} \sum_{i=1}^{k} f_i \, x_i + \bar{x}^2 \sum_{i=1}^{k} f_i$$

$$= \sum_{i=1}^{k} f_i \, x_i^2 - \left(\sum_{i=1}^{k} f_i \right) \bar{x}^2 \quad \ldots\ldots (2.8)$$

$$\therefore \text{(मा० वि०)}^2 = \frac{\sum_{i=1}^{k} f_i x_i^2}{\sum_{i=1}^{k} f_i} - \bar{x}^2 \qquad \ldots \quad \ldots \quad (2{\cdot}6{\cdot}2)$$

उदाहरण—

(१) सारणी संख्या (2·2) : $\bar{x} = 26{\cdot}15$ वर्ष

$$\text{(मा० वि०)}^2 = \Big[\frac{\{(23)^2 \times 1\} + \{(25)^2 \times 8\} + \{(26)^2 \times 2\} + \{(27)^2 \times 4\}}{20}$$

$$+ \{(28)^2 \times 5\} - (26.15)^2\Big] \text{ (वर्ष)}^2$$

$$= \Big[\frac{13,717}{20} - (26.15)^2\Big] \text{ (वर्ष)}^2$$

$$= [685{\cdot}8500 - 683.8225] \text{ (वर्ष)}^2$$

$$= 2{\cdot}0275 \text{ (वर्ष)}^2$$

ऊपर हमें 23 से लेकर 28 तक के अंकों के वर्गों का परिकलन करना पड़ा। यदि मान और बड़े बड़े होते तो यह परिकलन काफी कठिन हो जाता। हम देख चुके हैं कि माध्य का परिकलन स्वेच्छ मूल विंदु को लेने से बहुत सरल हो जाता है। मानक विचलन का वर्ग भी तो एक माध्य है। इसलिए इसके परिकलन को भी स्वेच्छ मूल विंदु लेकर सरल बनाया जा सकता है।

यदि मान a को स्वेच्छ मूल विंदु माना जाये और

$$x_i = a + x_i'$$

तो $$\bar{x} = a + \bar{x}'$$

जहाँ $$\bar{x} = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i$$

और $$\bar{x}' = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i'$$

$$\therefore \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^2 = \sum_{i=1}^{n} \{(a + x'_i) - (a + \bar{x}')\}^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} (x_i' - \bar{x}')^2$$

$$= \sum_{i=1} x_i'^2 - n \bar{x}'^2 \quad \ldots\ldots \quad (2.9)$$

यदि आँकड़े ऐसी बारंबारता सारणी के रूप में दिये हुए हों जिसमें अंतराल बराबर हो, तो संख्यात्मक परिकलन को निम्नलिखित विधि से सरल बनाया जा सकता है।

$$x_i = x_r + (i - r) h$$
$$= x_r + m_i h$$

जहाँ r वें अंतराल के मध्य विंदु x_r को स्वेच्छ मूल-विंदु मान लिया गया हो और अंतराल का मान h हो।

$$\therefore \quad x_i - \bar{x} = (m_i - \bar{m}) h$$

$$\text{जहाँ} \quad m = \frac{\sum_{i=1}^{k} m_i f_i}{\sum_{i=1}^{k} f_i}$$

$$\therefore \quad \sum_{i=1}^{k} f_i (x_i - \bar{x})^2 = h^2 \sum_{i=1}^{k} f_i (m_i - \bar{m})^2$$

$$= h^2 \left(\sum_{i=1}^{k} f_i\right) \times (m_i \text{ का मा० वि०})^2$$

.....(2·10)

आइए, हम ऊपर के उदाहरण में मा० वि० का परिकलन इस सुगम रीति से करें। पहिले की भाँति 25 वर्ष को स्वेच्छ मूल-विंदु मान लीजिए अर्थात् $r=3$ तथा $h=1$ है। अतः $x_i=25+(i-3)$।

$$20 \times (\text{मा० वि०})^2 = \{(-2)^2 \times 1 + (1^2 \times 2) + (2^2 \times 4) + (3^2 \times 5)\} - 20 \times (1.15)^2] \ (\text{वर्ष})^2$$

$$= [67 - 26.45] \ (\text{वर्ष})^2$$

$$\therefore \ (\text{मा०वि०})^2 = \left[\frac{40.55}{20}\right] \ (\text{वर्ष})^2$$

$$= 2.0275 \ (\text{वर्ष})^2$$

मानक विचलन के परिकलन के पूर्व उसके वर्ग का परिकलन करना पड़ता है। इस वर्ग को **प्रसरण** (*variance*) कहते हैं।

(ग) **माध्य-विचलन** (*mean deviation*)—प्रसार के माप के लिए भिन्न-भिन्न विचलनों $(x_i - \bar{x})$ के योग से काम नहीं चल सकता क्योंकि इसका मान प्रत्येक समष्टि के लिए शून्य होता है। परंतु यदि विचलनों के निरपेक्ष मानों (absolute values) अर्थात् धन अथवा ऋण चिह्न विहीन संख्यात्मक मानों के माध्य का परिकलन किया जाय तो हमें एक ऐसी राशि प्राप्त होती है जिसका प्रयोग प्रसार के माप के लिए किया जा सकता है। इस माप को **माध्य-विचलन** (*mean deviation*)) कहते हैं।

$$\text{माध्य-विचलन} = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} | x_i - \bar{x} | \qquad \ldots\ldots(2.11)$$

यहाँ $| x_i - \bar{x} |$ के अर्थ हैं $(x_i - \bar{x})$ और $(\bar{x} - x_i)$
में से वह राशि जिसका मान धनात्मक (positive) हो।
अथवा यदि बारंबारता सारणी से परिकलन करना हो तो—

$$\text{माध्य-विचलन} = \frac{\sum_{i=1}^{k} f_i | x_i - \bar{x} |}{\sum_{i=1}^{k} f_i} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(2.12)$$

उदाहरण :

सारणी संख्या 2.2 में $\bar{x} = 26.15$ वर्ष होने के कारण माध्य-विचलन

$$= \frac{1}{20}[(3.15\times 1)+(1.15\times 8)+(0.15\times 2) + (0.85\times 4)+(1.85\times 5)] \text{ वर्ष}$$

$$= \frac{1}{20}[3.15+9.20+0.30+3.40+9.25] \text{ वर्ष}$$

$\therefore$ माध्य-विचलन $= 1.265$ वर्ष

(घ) जब सब प्रेक्षणों का उनके परिमाणों के अनुसार विन्यास किया जाता है तो मध्य के प्रेक्षण को माध्यिका कहते हैं। इसी प्रकार वह प्रेक्षण जिससे 25 प्रतिशत प्रेक्षण छोटे और 75 प्रतिशत प्रेक्षण बड़े होते हैं—**प्रथम-चतुर्थक** (*first quartile*)

कहलाता है । जिस प्रेक्षण से 75 प्रतिशत अवलोकन छोटे और 25 प्रतिशत प्रेक्षण बड़े होते हैं वह तृतीय चतुर्थक कहलाता है । द्वितीय चतुर्थक स्वयं माध्यिका होता है ।

तृतीय चतुर्थक और प्रथम चतुर्थक के अंतर को **अंतश्चतुर्थक-परास** (*inter-quartile range*) कहते हैं । यह भी प्रसार का एक माप है ।

परिमाणों के अनुसार विन्यास में जैसे 25-25 प्रतिशत प्रेक्षणों के अंतर पर चतुर्थक होते हैं उसी प्रकार दस दस प्रतिशत के अंतर पर दशमक (*decile*) तथा एक एक प्रतिशत के अंतर पर शततमक (*percentile*) होते हैं । दशमकों तथा शततमकों द्वारा प्रायः संपूर्ण वितरण का भास हो जाता है । परंतु जब तक बारंबारता चित्र न बनाया जाय तब तक इन सौ मापों से तत्त्व को पाना इतना ही कठिन हो जाता है जितना कि कुल प्रेक्षणों से । इसलिए केंद्रीय प्रवृत्ति तथा प्रसार के मापों के अतिरिक्त दो और माप ककुदता (*Kurtosis*) और वैषम्य होते हैं जिनसे हमें वितरण को समझने में सहायता मिलती है ।

§ २·८ घूर्ण (*Moments*)

इसके पूर्व कि हम इन दो मापों का वर्णन करें, आइए आपको एक समुदाय से परिचित कराया जाय जिसके दो सदस्यों से आप पहिले ही परिचय प्राप्त कर चुके हैं । इस समुदाय के सदस्यों को **घूर्ण** (*moment*) कहते हैं । यदि हम किसी वितरण के समस्त घूर्ण को जान लें तो उसके विषय में और अधिक जानने योग्य बहुत कम रह जाता है । वितरण के r वें घूर्ण को μ_r से सूचित करते हैं और इसकी परिभाषा निम्नलिखित सूत्र द्वारा होती है ।

$$\mu_r = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x})^r \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(2.13)$$

जहाँ कुल प्रेक्षणों की संख्या n है, x_i i वाँ प्रेक्षण है और x प्रेक्षणों का माध्य है । इस प्रकार के घूर्ण को जो माध्य के अन्तरों से संबंधित है **माध्यांतरिक घूर्ण** (*moment about the mean*) कहते हैं । इसी प्रकार किसी और मान a के अंतरों से संबंधित घूर्ण को a–आंतरिक घूर्ण कहते हैं और इसे $\mu'^{(a)}_r$ से सूचित करते हैं ।

$$\mu'^{(a)}_r = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i - a)^r \qquad \ldots\ldots\ldots(2.14)$$

माध्यांतरिक घूर्णों को a-आंतरिक घूर्णों के रूप में रखा जा सकता है ।

$$n\mu_r = \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^r$$

$$= \sum_{i=1}^{n} \left[(x_i - a) - (\bar{x} - a) \right]^r$$

$$= \sum_{i=1}^{n} (x_i - a)^r - \binom{r}{1} (\bar{x} - a) \sum_{i=1}^{n} (x_i - a)^{r-1}$$

$$+ \binom{r}{2} (\bar{x} - a)^2 \sum_{i=1}^{n} (x_i - a)^{r-2} + \ldots + (-1)^r n (\bar{x} - a)^r$$

अथवा $$\mu_r = \mu'^{(a)}_r - \binom{r}{1} (\bar{x} - a) \mu'^{(a)}_{r-1} + \binom{r}{2} (\bar{x} - a)^2 \mu'^{(a)}_{r-2} + \ldots$$

$$+ (-1)^r (\bar{x} - a)^r \qquad \ldots\ldots (2.15)^*$$

यह आप समझ ही गये होंगे कि शून्यान्तरिक प्रथम घूर्ण

$$\mu'_1 = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i = \bar{x}$$

तथा $$\mu_2 = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^2$$

इस माध्यान्तरित द्वितीय घूर्ण को प्रसरण (variance) कहते हैं ।

आप इन दो घूर्णों से पहिले से ही परिचित हैं ।

§ २·९ वैषम्य और ककुदता

दो मुख्य लक्षण जो वितरण के रूप की व्याख्या करते है (१) वैषम्य (*skewness*) या असममिति (*asymmetry*) तथा (२) ककुदता (*kurtosis*) या शिखरता (*peakedness*) हैं । इन दो लक्षणों के माप क्रमशः β_1 और β_2 हैं । इनकी परिभाषा निम्नलिखित सूत्रों से होती है ।

---

* फुटनोट :—$\binom{r}{1}$, $\binom{r}{2}$ इत्यादि की परिभाषा के लिए देखिए समीकरण (3.15)

$$\beta_1 = \frac{\mu^2_3}{\mu^3_2} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (2.16)$$

$$\beta_2 = \frac{\mu_4}{\mu^2_2} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (2.17)$$

उदाहरण :—सारणी संख्या 2.2.2

$$\mu_3'^{(25)} = \frac{1}{20}\Big[\{(-2)^3\times 1\}+\{(1)^3\times 2\}+\{(2)^3\times 4\}+\{(3)^3\times 5\}\Big](\text{वर्ष})^3$$

$$= \frac{1}{20}\Big[-8+2+32+135\Big]\ (\text{वर्ष})^3$$

$$= \frac{161}{20}\ (\text{वर्ष})^3$$

$$= 8.05\ (\text{वर्ष})^3$$

$$\mu'_4{}^{(25)} = \frac{1}{20}\Big[\{(-2)^4\times 1\}+\{(1)^4\times 2\}+\{(2)^4\times 4\}+\{(3)^4\times 5\}\Big](\text{वर्ष})^4$$

$$= \frac{1}{20}\Big[16+2+64+405\Big](\text{वर्ष})^4$$

$$= \frac{487}{20}\ (\text{वर्ष})^4$$

$$= 24.35\ (\text{वर्ष})^4$$

यह हम पहिले ही कलन कर चुके हैं कि

$$\mu'_2{}^{(25)} = 3.35\ (\text{वर्ष})^2$$

और $\bar{x}-25$ वर्ष $= 1.15$ वर्ष

$$\therefore\ \mu_2 = \mu'_2 - (\bar{x}-25)^2$$
$$= [3.35-(1.15)^2]\ (\text{वर्ष})^2$$
$$= 2.0275\ (\text{वर्ष})^2$$
$$\mu_3 = [\mu'_3 - 3\mu'_2(\bar{x}-25)+2(\bar{x}-25)^3](\text{वर्ष})^3$$
$$= [\{8.05\}-\{3\times 3.35\times 1.15\}+\{2\times(1.15)^3\}]\ \text{वर्ष})^3$$
$$= [8.050000-11.557500+2.841730]\ (\text{वर्ष})^3$$
$$= -0.665770\ (\text{वर्ष})^3$$
$$\mu_4 = [\mu'_4 - 4\mu'_3(\bar{x}-25)+6\mu'_2(\bar{x}-25)^2-3(\bar{x}-25)^4]\ (\text{वर्ष})^4$$
$$= [\{24.35\}-\{4\times 8.05\times 1.15\}+\{6\times 3.35\times(1.15)^2\}$$

$$-\{3\times(1.15)^4\}] \text{ (वर्ष)}^4$$

$$=[24.35-37.03+26.58225-4.90198425] \text{ (वर्ष)}^4$$

$$=9.00026575 \text{ (वर्ष)}^4$$

$$\therefore \beta_1 = \frac{\mu^2_3}{\mu^3_2} = \frac{(0.66577)^2}{(2.0275)^3}$$

$$= 0.0531821$$

$$\beta_2 = \frac{\mu_4}{\mu^2_2} = \frac{9.00026575}{(2.0275)^2}$$

$$= 2.189442$$

यह आसानी से देखा जा सकता है कि यदि वितरण **सममित** (*symmetrical*) हो यानी किसी भी परिमाण a के लिए प्रेक्षणों के मान $(\bar{x}-a)$तथा $(a-\bar{x})$ ग्रहण करने की बारंबारता बराबर हो—तो सभी विषम घूर्णों (odd moments) का मान शून्य होगा। इस कारण असममिति को मापने के लिए μ_3 उपयुक्त प्रतीत होता है। परंतु इसको माप के मात्रक (unit) से स्वतन्त्र करने के लिए हम इसके वर्ग को μ^3_2 से विभाजित कर देते हैं। इस प्रकार असममिति का माप β_1 एक संख्या है जिसका कोई मात्रक नहीं है। जितना अधिक β_1 का मान होगा वितरण उतना ही अधिक असममिति होगा। यह असममिति किस प्रकार की है यह जानने के लिए बजाए β_1 के इसके वर्ग मूल को लेना अधिक उत्तम है जिसका चिह्न μ_3 का चिह्न लिया जाय। इस वर्ग मूल को γ_1 से सूचित किया जाता है।

$$\gamma_1 = \sqrt{\beta_1}$$

$$= \frac{\mu_3}{\mu_2^{3/2}}$$



चित्र १०—असममित तथा सममित वितरण

ऊपर के उदाहरण में आपने यह देखा ही होगा कि μ_3 का मान उन प्रेक्षणों पर अधिक निर्भर करता है जो माध्य से अधिक अंतर पर हों। यदि इस प्रकार के प्रेक्षणों में माध्य से बड़े प्रेक्षणों की बारंबारता अधिक हो तो वितरण का रूप उस प्रकार का होगा जैसा चित्र संख्या १० (2.8.1) में दिखाया गया है और इस दशा में μ_3 का और इसी कारण γ_1 का मान घनात्मक होता है। इसके विपरीत यदि माध्य से अधिक अंतर के प्रेक्षणों में माध्य से छोटे प्रेक्षणों का बाहुल्य हो तो वितरण का रूप चित्र १० (2.8.3) में दिये हुए बारंबारता चित्र की तरह होगा। इस दशा में γ_1 का मान ऋणात्मक होगा। इस प्रकार γ_1 के मान से बारंबारता चित्र के रूप पर काफी प्रकाश पड़ता है।

ककुदता का माप $\beta_2 = \dfrac{\mu_4}{\mu_2^2}$

परंतु $\mu_4 = \dfrac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^4$

$$= \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\left[\{(x_i-\bar{x})^2-\mu_2\}+\mu_2\right]^2$$

$$= \frac{1}{n}\left[\sum_{i=1}^{n}\{(x_i-\bar{x})^2-\mu_2\}^2+2\mu_2\sum_{i=1}^{n}\{(x_i-\bar{x})^2-\mu_2\}+n\mu_2^2\right]$$

$$= \mu^2{}_2+\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\{(x_i-\bar{x})^2-\mu_2\}^2$$

$$\because \sum_{i=1}^{n}\{(x_i-\bar{x})^2-\mu_2\}=0$$

$$\therefore \beta_2 = 1+\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\left[\left(\frac{x_i-\bar{x}}{\sigma}\right)^2-1\right]^2$$

$$= 1+V\left(\frac{x_i-\bar{x}}{\sigma}\right)^2$$

जहाँ $V\left(\dfrac{x_i-\bar{x}}{\sigma}\right)^2$ से हमारा तात्पर्य $\left(\dfrac{x_i-\bar{x}}{\sigma}\right)^2$ के प्रसरण (variance) से है

और $\sigma^2=\mu_2$ । यह प्रसरण जितना कम या अधिक होगा उतना ही कम या अधिक β_2 का मान होगा । यह देखा गया है कि जिन वंटनों के लिए β_2 अधिक होता है उनमें बारंबारता चित्र माध्य के पास अधिक चपटा सा होता है और जिनमें इसका मान कम होता है उसमें यह माध्य के पास शिखर का सा रूप लिए होता है। **प्रसामान्य वंटन** (*normal distribution*) में—जिसका वर्णन आगे के अध्यायों में किया जायगा—इसका मान 3 होता है। इसके बारंबारता चित्र से तुलना करके यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि एक विशिष्ट ककुदता वाले वंटन का रूप माध्य के पास क्या होगा। β_2 की इस प्रकार की व्याख्या वास्तव में युक्ति-पूर्ण नहीं है, फिर भी सांख्यिकी के साहित्य में इसका एक विशिष्ट स्थान है।

अध्याय ३

प्रायिकता

§ ३·१ वे स्थितियाँ जिनमें प्रायिकता का प्रयोग किया जाता है

पहिले अध्याय में कुछ ऐसी स्थितियों का वर्णन किया गया था जिनमें निश्चय पूर्वक किसी घटना की भविष्यवाणी करना संभव नही है। यह कहा गया था कि ऐसी स्थितियों में सांख्यिकीय नियमों का उपयोग किया जाता है। ये अधिकतर प्रायिकता के रूप में होते हैं। इस अध्याय में हम प्रायिकता से परिचय प्राप्त करेंगे।

उन सब स्थितियों में जहाँ प्रायिकता का प्रयोग किया जाता है एक विशेषता पायी जाती है। आवश्यक है कि हम इस विशेषता को ध्यान में रखें, उदाहरणार्थ जुए के खेलों में, इंश्योरेंस की समस्याओं में तथा पानी के बरसने में। हम देखते हैं कि ये सब घटनाएँ बार-बार घटने वाली हैं। पाँसे का फेंकना एक ऐसी घटना है जो कम से कम कल्पना में तो अनगिनत बार दुहरायी जा सकती है, यदि हम इस समय इस संभावना की उपेक्षा करें कि पाँसा घिस अथवा टूट जायगा। यदि हम इंश्योरेंस की किसी एक लाक्षणिक समस्या को सुलझाने में लगे है तो हम कल्पना कर सकते है कि लाखों मनुष्य एक ही प्रकार का इंश्योरेंस करवायेंगे और इन मनुष्यों से संबधित समान घटनाओं को इंश्योरेंस कम्पनी के रजिस्टरों में नोट कर लिया जायगा। पानी बरसने के संबंध में हम अनगिनत दिनों की कल्पना कर सकते है जो गुजर चुके है अथवा भविष्य में आनेवाले है। किन्तु हर एक दिन किसी विशेष स्थान पर कितनी वर्षा हुई होगी, यही वह घटना है जिसमें हमें रुचि है। सामूहिक घटनाओं का—जो प्रायिकता के प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं—एक अच्छा उदाहरण है कुछ गुणों की वंशानुक्रमिता। किसी विशेष जाति के पौधों को ही लीजिए जो प्रारंभ में एक ही बीज से उत्पन्न हुए हों और उनके फूलों का रंग निरीक्षण करिए। यहाँ हम आसानी से समझ सकते हैं कि बारंबार घटित होने वाली घटनाएँ क्या हैं। विशेष रूप से एक पौधे का लगाना और उसके फूलों के रंगों का निरीक्षण करना केवल यही एक घटना है।

इसके पश्चात् हम इस प्रकार की हजारों घटनाओं का केवल फूलों के रंग के दृष्टिकोण से विश्लेषण करते हैं।

पाँसे फेंकने में प्रारम्भिक घटना पाँसे को एक बार फेंकना और जितने बिंदु ऊपर के पार्श्व पर आयें उन्हें नोट कर लेना है। हैड और टेल के खेल में रुपये की प्रत्येक टॉस या उछाल एक घटना है और जो मुख ऊपर की ओर आये वही इस घटना का गुण (*attribute*) है। जीवन के बीमे में किसी एक व्यक्ति का जीवन एक घटना है और जिस गुण का निरीक्षण किया जाता है वह है उस व्यक्ति की मृत्यु के समय की उम्र अथवा वह उम्र जिस पर बीमा कंपनी को उस मनुष्य अथवा उसके घर वालों को रुपया देना पड़ता है। जब हम एक मनुष्य की एक विशेष समय-अतराल के अंदर मरने की प्रायिकता के बारे में बात करते हैं तो इसका एक विशेष अर्थ होता है। हमें किसी व्यक्ति विशेष नहीं वरन् व्यक्तियों के एक पूरे समुदाय के बारे में विचार करना होता है। उदाहरण के लिए यह समुदाय उन सब व्यक्तियों का हो सकता है जिनकी उम्र पचास वर्ष की हो और जिन्होंने जीवन का बीमा करा रखा हो। प्रायिकता की जो परिभाषा हम देंगे वह एक समूह में एक गुण के पाये जाने की बारंबारता से ही संबंधित है। यदि आप यह कहते हैं कि बरकतउल्लाह के एक वर्ष के अन्दर ही मर जाने की प्रायिकता पचास प्रतिशत है तो इसका अर्थ केवल यह है कि बरकतउल्लाह एक ऐसे समुदाय का सदस्य है जिसमें से पचास प्रतिशत व्यक्ति एक वर्ष के अंदर ही मर जायेंगे। यह ध्यान में रखने की बात है कि यह वक्तव्य बरकतउल्लाह से कम और उस समुदाय से अधिक संबंधित है जिसका बरकतउल्लाह एक सदस्य है।

§ ३·२ आपेक्षिक बारंबारता का सीमान्त मान

मान लीजिए, एक सिपाही बन्दूक से निशाना लगाने का अभ्यास कर रहा है। उसने दो सौ गज़ के अंतर पर एक तख्ता लगा रखा है जिसके बीच में एक ऊर्ध्व (vertical) रेखा खिंची हुई है। वह उस रेखा पर निशाना बाँधकर गोली चलाता है। कुछ गोलियाँ इस रेखा के बायीं ओर पड़ती हैं और कुछ दाहिनी ओर। इस क्रम में कोई नियम नहीं है। यह नहीं है कि बारी-बारी से गोलियाँ दाहिनी और बायीं ओर पड़ें या हर एक गोली के बाद जो बायें भाग पर पड़ती है दो गोलियाँ दाहिनी ओर पड़ेंगी। वास्तव में इसमें किसी प्रकार का नियम दृष्टिगोचर नहीं होता। इस अभ्यास में प्रथम पन्द्रह गोलियाँ किस-किस जगह पड़ीं, यह चित्र ११ में दिखाया गया है। क्या इस ज्ञान से हमें यह भविष्यवाणी करने में कुछ भी सहायता मिलती है

कि अगली गोली दाहिने भाग में पड़ेगी अथवा बायें भाग में ? प्रत्यक्ष है कि इस प्रकार की कोई भविष्य वाणी करना संभव नहीं है। इस अनियमितता के होते हुए भी इस प्रयोग के फलों में कुछ नियम है। यदि सिपाही अच्छा निशानेबाज हो तो हम देखेंगे कि हजारों गोलियाँ चलाने के बाद करीब आधे निशान बायीं ओर और आधे निशान दाहिनी ओर होंगे। यदि वह अच्छा निशानेबाज न भी हो और यदि हम हर गोली के पड़ने के बाद दाहिनी ओर पड़नेवाली गोलियों की बारंबारता का और कुल गोलियों की संख्या का अनुपात निकालें तो हम देखेंगे कि जैसे-जैसे कुल संख्या बढ़ती जाती है वैसे वैसे यह **आपेक्षिक बारंबारता** (*relative frequency*) एक विशेष संख्या की ओर अग्रसर होती जाती है। इस प्रकार विशेष संख्या की ओर अग्रसर होने के क्या अर्थ हैं, यह भली भाँति समझना आवश्यक है।



चित्र ११—ऊर्ध्व रेखा पर निशाना बाँधकर चलायी हुई गोलियों का वितरण

मान लीजिए कि आप इस आपेक्षिक बारंबारता का परिकलन एक विशेष दशमलव स्थान तक करते हैं। यदि यह परिकलन पहिले दशमलव स्थान तक करना हो तो उदाहरण के लिए तीस में से दस गोलियाँ दाहिनी ओर पड़ने पर यह आपेक्षिक बारं-

बारता $\frac{10}{30}=0.3$ होगी। आप देखेंगे कि लगभग 500 गोलियाँ चलानेके बाद इस पहिले दशमलव स्थान तक परिकलित आपेक्षिक बारंबारता का मान स्थिर हो जाता है और फिर चाहे कितनी ही अधिक गोलियाँ क्यों न चलायी जायँ यह मान 0·5 ही बना रहता है। यदि आप दो दशमलव स्थानों तक इस आपेक्षिक बारंबारता का परिकलन करें तो कदाचित् दस हजार निशानों के बाद यह 0.50 पर स्थिर हो जायगी। यदि तीन दशमलव स्थानों तक यह परिकलन किया जाय तो कई लाख प्रयोगों के पश्चात् यह स्थिर हो जायगी। किसी भी दशमलव स्थान तक परिकलन किया जाय प्रयत्नों की एक विशेष संख्या के पश्चात् यह स्थिरता आ ही जाती है। इन निरीक्षणों से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आपेक्षिक बारंबारता एक विशेष संख्या की ओर प्रवृत्त होती है और जैसे जैसे प्रयत्नों की संख्या बढ़ती जाती है आपेक्षिक बारंबारता इस विशेष संख्या के अधिकाधिक पास आती जाती है।

हम लोग प्रायिकता के सिद्धान्तों में केवल उन बार-बार घटनेवाली घटनाओं के समुदायों का अध्ययन करेंगे जिनमें यह विश्वास करने के काफी कारण हों कि आपेक्षिक बारंबारता एक विशेष संख्या की ओर प्रवृत्त होती है। इस संख्या को आपेक्षिक बारंबारता की सीमा (limit) कहते हैं। यह सीमा ही समुदाय में उस गुण के पाये जाने की प्रायिकता (probability) कहलाती है जिसकी आपेक्षिक बारबारता का परिकलन हम कर रहे थे।

§ ३·३ एक अन्य परिभाषा

इस प्रायिकता शब्द की एक और परिभाषा है जो नीचे लिखे उदाहरणों द्वारा स्पष्ट हो जायेगी।

(१) **डिब्बा और गोलियाँ**—एक डिब्बे में n गोलियाँ हैं जिनमें n_1 सफेद हैं और बाकी अन्य दूसरे रंगों की। हम एक गोली को बिना देखे ही डिब्बे में से निकालते हैं, उसके रंग को नोट करते हैं और फिर उसे डिब्बे में वापस रख देते हैं। यह प्रयोग हम बार-बार करते हैं और अनगिनत बार कर सकते हैं। इन प्रयोगों में सफेद गोलियों की आपेक्षिक वारंवारता जिस सीमा की ओर प्रवृत्त हो रही है उसे (ऊपर दी हुई परिभाषा के अनुसार) हम सफेद गोली के चुने जाने की प्रायिकता कहेंगे। परंतु यदि रंग के अलावा गोलियाँ बनावट और वजन में समान हों और गोलियों को हर प्रयोग के बाद भली भाँति मिला दिया जावे तो यह स्वाभाविक जान पड़ेगा कि किसी भी गोली के चुने जाने की प्रायिकता उतनी ही है जितनी किसी अन्य गोली की। क्योंकि कुल n

गोलियाँ हैं जिनमें से n_1 गोलियाँ सफेद हैं, इसलिए सफेद गोली के चुने जाने की प्रायिकता $\frac{n_1}{n}$ है। अतः प्रायिकता की परिभाषा यह भी मानी जा सकती है कि

$$\text{प्रायिकता} = \frac{\text{विभिन्न एक-सी घटनाओं की संख्या}}{\text{समस्त विभिन्न घटनाओं की संख्या}} \quad \ldots \quad \ldots \quad (3.1)$$

यहाँ पर ऐसी घटनाओं पर विचार किया जा रहा है जिनकी प्रायिकताएँ सहज ज्ञान द्वारा (intuitively) समान मानी जा सकती हैं। यह आपने देखा होगा कि इस परिभाषा में प्रायिकता का कुछ ज्ञान पहिले से निहित है। इस कारण परिभाषा के रूप में यह उचित प्रतीत नहीं होती। वास्तव में यदि समस्त **प्राथमिक घटनाओं** (*elementary events*) की प्रायिकता बराबर हो तो यह सूत्र केवल किसी संयुक्त घटना की प्रायिकता का कलन करने का एक नियम बताता है। ऊपर के प्रयोग में किसी एक गोली का निकालना एक प्राथमिक घटना है और सब प्राथमिक घटनाओं की प्रायिकताओं का बराबर मान लेना विचार-संगत मालूम होता है। किन्तु सफेद गोली का चुनाव एक **संयुक्त घटना** (*joint event*) है जो उन प्राथमिक घटनाओं के संयोग से बनी है जिनमें विभिन्न सफेद गोलियों का चुनाव होता है।

यह भी स्पष्ट ही है कि प्रेक्षण द्वारा प्रायिकता का पता लगाना असंभव है, क्योंकि इसके लिए असंख्य प्रयोग करने पड़ेंगे। अगले अध्याय में हम देखेंगे कि प्रायिकता किस सिद्धान्त के आधार पर निश्चित की जाती है। प्रेक्षण द्वारा हमें यह मालूम हो सकता है कि यह निश्चित प्रायिकता संभव है या नहीं। ऐसी परिस्थितियों में जहाँ प्राथमिक घटनाओं की प्रायिकता बराबर जान पड़ती है हजारों प्रयोग करना अनावश्यक प्रतीत होता है।

(२) **वर्षा**—मान लीजिए, आप एक छोटे-से आँगन में खड़े हैं। उसमें एक चौकी पड़ी है। थोड़ी देर में हलकी हलकी फुहारें पड़ने लगती हैं। इतनी हलकी कि आप हर बूँद को—जो आँगन में गिरती है—गिन सकते हैं और यह भी देख सकते हैं कि वह चौकी पर गिरी या नहीं। लाखों बूँदों के गिरने के बाद आप उस प्रायिकता का किसी हद तक अनुमान लगा सकेंगे जो कि किसी बूँद के चौकी पर गिरने की है। यह अनुमान आप चौकी पर गिरी हुई बूँदों की आपेक्षिक बारंबारता के आधार पर लगायेंगे। यदि वर्षा जोरों से पड़ रही है तो बूँदों का गिनना असंभव है।

यदि आप आँगन को उसकी भुजाओं से समानांतर रेखाओं द्वारा छोटे-छोटे किन्तु बराबर क्षेत्रफलवाले वर्गों (squares) में विभाजित कर दें तो ऊपर के उदा-



चित्र १२—चौकी पर वर्षा-बिन्दुओं की प्रायिकता

हरण की भाँति यहाँ भी यह विचार संगत मालूम होता है कि प्रत्येक वर्ग में बूंद के पड़ने की प्रायिकता बराबर है।

$\therefore$ बूंद के चौकी पर पड़ने की प्रायिकता

$$= \frac{\text{उन वर्गों की संख्या जो चौकी में हैं}}{\text{कुल वर्गों की सख्या जो पूरे आँगन में हैं}}$$

परंतु कुछ वर्ग ऐसे भी है जो अंशतः चौकी पर और अंशतः उसके बाहर हैं। यदि इन वर्गों की संख्या उन वर्गों की अपेक्षा बहुत कम है जो चौकी में है तो प्रायिकता के कलन में ऊपर के सूत्र के प्रयोग से कोई विशेष अंतर नही पड़ेगा। मान लीजिए पूरे आँगन में पाँच करोड़ वर्ग हैं जिनमें से एक करोड़ चौकी पर पूर्णतया और एक सहस्र अंशतः पड़ते हैं। इस दशा में हम कह सकते है कि यदि बूंद के चौकी पर पड़ने की प्रायिकता वास्तव में p है तो

$$p < \frac{10,000,000+1,000}{50,000,000} = +\frac{1}{5} + \frac{1}{5\,0,0\,0\,0}$$

और $p > \frac{10,000,000}{50,000,000} = \frac{1}{5}$

('क'>'ख' के अर्थ होते है कि 'ख' से 'क' बड़ा है। इसी प्रकार 'क'<'ख' के अर्थ होते हैं कि 'ख' से 'क' छोटा है।)

इस प्रकार हमने बूंदों के चौकी पर पड़ने की प्रायिकता की दो सीमाएँ निश्चित कर लीं और हम यह कह सकते हैं कि प्रायिकता इन दोनों सीमाओं के बीच की कोई

संख्या है। यदि हम अधिकाधिक छोटे वर्ग लेते चले जायँ तो ये सीमाएँ भी पास आती जायँगी। सीमान्त में दोनों बराबर हो जायँगी। सीमान्त में चौकी पर स्थित वर्गों की संख्या का कुल वर्गों की संख्या से अनुपात चौकी और आँगन के क्षेत्रफल के अनुपात के बराबर होता है। इस प्रकार—

$$\text{बूंद के चौकी पर गिरने की प्रायिकता} = \frac{\text{चौकी का क्षेत्रफल}}{\text{आँगन का क्षेत्रफल}}$$

किसी भी मौसम-विज्ञान विभाग (meteorological station) में वर्षा को नापने के लिए जो वृष्टि-मापक (rain-gauge) लगाया जाता है उसमें इस ऊपर लिखे सिद्धान्त का प्रयोग किया जाता है। उस वृष्टि-मापक में जितना पानी पड़ता है उसे शहर में पड़े हुए पानी का प्रतिनिधि मानने में यही तर्क है।

§ ३·४ प्रतिबंधी प्रायिकता

किसी घटना अथवा गुण की प्रायिकता के लिए यह भी आवश्यक है कि हम यह जानें कि वह किस प्रयोग से संबंधित है। उदाहरणार्थ, ऊपर हम चौकी पर बूंद गिरने की प्रायिकता का परिकलन कर रहे थे। इसमें प्रयोग था उन बूंदों का निरीक्षण जो आँगन में गिर रही हैं। यदि आँगन के बीच में एक रेखा खींची हुई हो और हम केवल उन बूंदों का निरीक्षण करें जो रेखा के उस ओर वाले भाग में गिर रही हैं जिसमें चौकी है तो बूंद के चौकी पर गिरने की प्रायिकता बदल जायेगी। वास्तव में हमें यह कहना चाहिए कि उन बूंदों के लिए जो पूरे आँगन मे गिर रही हैं चौकी पर गिरने की प्रायिकता चौकी और आँगन के क्षेत्रफलों के अनुपात के बराबर है।

इसी प्रकार यदि हम रुपया उछालते हैं और देखते हैं कि वह चित गिरता है या पट तो एक अच्छे सिक्के के लिए चित गिरने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है। इस प्रयोग में समस्त उत्क्षेपणों (tosses) के परिणामों का निरीक्षण किया जाता है। प्रयोग को बदल कर यह प्रतिबंध लगाया जा सकता है कि हम केवल उन उत्क्षेपणों पर विचार करेंगे जिनके पूर्वगामी उत्क्षेपण का परिणाम पट हो। मान लीजिए कि प्रथम सोलह उत्क्षेपणों के परिणाम निम्नलिखित हैं—

1	2	3	4	5	6	7	8
चि	चि	प	चि	प	प	प	चि
			=	=	=	=	=

9	10	11	12	13	14	15	16
प	चि	प	प	चि	प	चि	प
	=		=	=		=	

इसमें हम केवल चौथे, छठे, सातवें, आठवें, दसवें, बारहवें, तेरहवें, तथा पंद्रहवें उत्क्षेपणों पर आपेक्षिक बारंबारता के परिकलन के लिए विचार करेंगे, क्योंकि ये ही उत्क्षेपण पट पड़ने के पश्चात् के हैं। इस प्रकार की आपेक्षिक बारंबारता को **प्रतिबंधी आपेक्षिक बारंबारता** (*conditional relative frequency*) कहते हैं। इस विशेष उदाहरण में हम यह कहेंगे कि यह दिये हुए होने पर कि पिछले उत्क्षेपण का परिणाम पट था चित पड़ने की प्रतिबंधी आपेक्षिक बारंबारता $\frac{2}{3}$ है।

इस प्रकार की प्रतिबंधी आपेक्षिक बारंबारता की सीमा को **प्रतिबंधी प्रायिकता** कहते हैं।

§ ३·५ स्वतंत्र घटनाएँ

मान लीजिए कि A और B दो घटनाएं है। यदि A की प्रायिकता बिना किसी प्रतिबंध के उतनी ही हो जितनी इस प्रतिबंध के साथ कि B उससे पहिले घटित हो चुकी है, तो हम कहते हैं कि घटना A घटना B से स्वतंत्र है।

आगे से हम किसी घटना A की प्रतिबंधहीन प्रायिकता को P (A) द्वारा सूचित करेंगे। इसी प्रकार A की प्रतिबंधी प्रायिकता को––यह दिया होने पर कि B घटित हो चुकी है –P(A/B) द्वारा सूचित किया जायगा और इसे प्रायिकता A दत्त B' पढ़ा जाता है।

इस संकेत (notation) के अनुसार A घटना B से स्वतंत्र कहलायेगी यदि

$$P(A/B)=P(A)$$

§ ३·६ घटनाओं का संगम और प्रतिच्छेद (Intersection)

किसी एक ही प्रयोग के परिणाम स्वरूप कई भिन्न-भिन्न घटनाएँ हो सकती है। इन्हें हम प्राथमिक घटनाएँ (elementary events) कह सकते हैं। कुछ और घटनाएँ ऐसी होती है जो इनमें से कुछ विशेष प्राथमिक घटनाओं का कुलक (set) होती हैं। उदाहरण के लिए एक पाँसे को फेंकने से 1, 2, 3, 4, 5 अथवा 6. बिंदु ऊपर आ सकते हैं। इस प्रकार यह छः तो प्राथमिक घटनाएँ हैं। किन्तु केवल 1, 3 या 5 में से किसी भी एक संख्या का ऊपर आना इस प्रकार की घटनाओं का एक कुलक है। प्रायिकता की भाषा में इस प्रकार की घटनाओं को प्राथमिक घटनाओं का संगम

(union) कहते हैं। यदि A और B दो घटनाएँ हों तो हम इनके संगम का सांकेतिक निरूपण AUB के द्वारा करते हैं और इसे 'A संगम B' पढ़ते हैं। इसका शाब्दिक अर्थ है A या B में से कम से कम एक घटना का घटित होना।

एक और प्रकार की घटना A और B से संबंधित हो सकती है। यह है A और B दोनों का एक साथ घटित होना। मान लीजिए कि एक रुपये को दो बार उछाला जाता है। घटना A पहिले उत्क्षेपण में रुपये का चित पड़ना है और घटना B है दूसरे उत्क्षेपण में चित पड़ना। यदि दोनों उत्क्षेपणों में रुपया चित आये तो A भी घटित होगी और B भी। इस प्रकार दो घटनाओं A और B के एक साथ घटित होने को हम A और B का प्रतिच्छेद कहते हैं। इसको $A \cap B$ द्वारा सूचित करते हैं, और इसे 'A प्रतिच्छेद B' पढ़ते हैं।

§ ३·७ परस्पर अपवर्जी घटनाएँ (Mutually Exclusive Events)

कुछ घटनाएँ ऐसी होती हैं जो साथ-साथ हो ही नहीं सकतीं। जैसे पाँसा फेंकने पर १ और २ दोनों साथ साथ ऊपर नहीं आ सकते। इस प्रकार की घटनाओं को परस्पर अपवर्जी घटनाएँ कहते हैं। यदि A और B दो परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हैं तो $A \cap B$ एक ऐसी घटना है जो हो ही नहीं सकती। ऐसी असंभव घटनाओं को हम O द्वारा सूचित कर सकते हैं।

इस प्रकार यदि हम लिखें कि—

$$A \cap B = o$$

तो इसका अर्थ यह होगा कि A और B परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हैं।

§ ३·८ घटनाओं का वियोग

मान लीजिए प्रयोग पांसे को फेंकने का है और A तथा B निम्नलिखित घटनाएँ हैं।

A: 1, 2 या 3 बिंदुओं में से किसी एक का ऊपर आना

B: 2, 4 या 6 बिंदुओं में से किसी एक का ऊपर आना

इस दशा में A और B का संगम निम्नलिखित है।

A U B: 1, 2, 3, 4 या 6 बिंदुओं का ऊपर आना। इसी प्रकार A और B का गुणनफल निम्नलिखित है

$A \cap B$: 2 बिन्दुओं का ऊपर आना।

यदि 1 अथवा 3 बिंदु ऊपर आयें तो A घटित होगी परंतु B नहीं। इस प्रकार की घटना को हम A–B से सूचित करते हैं और इसे "A वियोग B" पढ़ते हैं,। इसी प्रकार यदि B घटित हो और A नहीं तो इसको B–A से सूचित करते हैं। ऊपर की घटनाओं के लिए

A–B: 1 अथवा 3 बिंदुओं का ऊपर आना

B–A: 4 अथवा 6 बिंदुओं का ऊपर आना

§ ३·९ घटनाओं का गर्भित होना

मान लीजिए ऊपर के प्रयोग में एक घटना C है।

C: 1 अथवा 3 बिंदुओं में से किसी एक का ऊपर आना।

यह स्पष्ट है कि यदि C घटित होगी तो A भी घटित होगी। इसको हम संकेत द्वारा निम्नलिखित तरीके से सूचित करते हैं

$$C \subset A$$

शब्दों द्वारा हम यह कह सकते हैं कि 'घटना C घटना A में गर्भित है'।

आप यह आसानी से देख सकते हैं कि—

$$\begin{aligned} (A \cap B) &\subset A \\ (A \cap B) &\subset B \\ (A - B) &\subset A \\ (B - A) &\subset B \end{aligned} \qquad \ldots\ldots\ldots (3.2)$$

यदि कोई घटना C घटना A में गर्भित नहीं हो तो इस गुण को संकेत द्वारा हम निम्नलिखित रीति से सूचित कर सकते हैं :

$$C \not\subset A$$

§ ३·१० आपेक्षिक बारंबारता के कुछ गुण

एक बात शायद आपके ध्यान में आयी होगी। वह यह कि जहाँ भी हम घटनाओं के अनंत अनुक्रम (infinite sequence) अथवा बारंबारता के सीमान्त मानों का वर्णन करते हैं वहाँ हम केवल विचारों की दुनिया में विचरण कर रहे हैं। वास्तव में किसी भी मनुष्य को घटनाओं के अनंत अनुक्रम का निरीक्षण नहीं करना होता और बारंबारताओं के सीमांत मानों का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है। आप कदाचित् सोचते होंगे कि इस प्रकार की धारणा का व्यावहारिक जीवन में क्या उपयोग हो सकता

है। परंतु प्रयोजित गणित (applied mathematics) इस प्रकार की धारणाओं से भरा हुआ है। उदाहरण के लिए गति-विज्ञान (dynamics) में किसी एक विंदु पर वेग (velocity) अथवा किसी एक विंदु पर त्वरण (acceleration) इस प्रकार की धारणाएँ हैं जिनका भौतिक अस्तित्व नहीं है और न उनका प्रेक्षण किया जा सकता है। वास्तव में ये किसी अल्प समय-अंतराल में वर्तमान वेग अथवा त्वरण के सीमान्त मान ही हैं। परंतु हम जानते हैं कि इन्ही धारणाओं को आधार स्वरूप लेकर जो गतिविज्ञान निर्मित हुआ है उसका उपयोग इंजीनियर लोग करते हैं। यद्यपि इनका अपना अस्तित्व नहीं है, परंतु ये कुछ ऐसे गुणों का आदर्शीकरण (idealisation) हैं जो वास्तविक हैं। इसी प्रकार यद्यपि प्रायिकता भी एक सीमान्त मान है परतु वह उस आपेक्षिक बारंबारता से संबंधित है जिसके भौतिक अस्तित्व को हम पहिचानते हैं।

आइए, अब हम आपेक्षिक बारंबारताओं के कुछ गुणों से परिचय प्राप्त करें, क्योंकि जिस प्रायिकता का हमें अध्ययन करना है उसमे भी ये गुण अवश्य ही विद्यमान रहेंगे।

(१) यदि n प्रयोगों में किसी घटना की बारंबारता ν हो तो $\frac{\nu}{n}$—इस घटना की आपेक्षिक बारंबारता हुई। यह स्पष्ट है कि ν न तो शून्य से कम कोई ऋणात्मक संख्या हो सकती है और न यह n से अधिक ही हो सकता है। इस कारण आपेक्षिक बारंबारता न तो ऋणात्मक संख्या हो सकती है और न १ से अधिक कोई धनात्मक संख्या। आपेक्षिक बारंबारताओं के इस गुण को सूत्र में हम लिख सकते हैं

$$0 \leqslant \frac{\nu}{n} \leqslant 1. \qquad \ldots\ldots\ldots(3.3)$$

(२) यदि कोई घटना असंभव हो तो बारंबारता ν शून्य होगी। इस कारण असंभव घटनाओं की आपेक्षिक बारंबारता भी शून्य होगी।

(३) यदि किसी घटना का प्रयोग के साथ होना अनिवार्य हो तो $\nu=n$ होगा तथा इस दशा में घटना की आपेक्षिक बारंबारता १ होगी।

आगे से हम किसी विशेष घटना A की बारंबारता को ν (A) द्वारा सूचित करेंगे।

(४) यदि A और B परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हों जिनकी आपेक्षिक बारंबारताएँ क्रमशः ν (A) और ν (B) हों तो इन दोनों घटनाओं के संगम AUB की आपेक्षिक बारंबारता ν (A)+ν (B) होगी। इस गुण को हम निम्नलिखित सूत्र द्वारा सूचित कर सकते हैं :

यदि $A \cap B = 0$ हो तो,

$$\nu(AUB)=\nu(A)+\nu(B) \qquad \ldots\ldots\ldots(3.4)$$

(५) यदि ν (A|B) B के घट चुकने पर A की प्रतिबंधी-आपेक्षिक बारंबारता को सूचित करता है तो

$$\nu(A\ B)=\frac{\nu(A\cap B)}{\nu(B)} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(3.5)$$

क्योंकि मान लीजिए कि B की बारबारता ν_2, AUB की बारंबारता ν, और कुल बारबारता n है।

$$\text{तो} \qquad \nu(B)=\frac{\nu_2}{n}$$

$$\nu(A\cap B)=\frac{\nu'}{n}$$

$$\text{तथा} \quad \nu\ (A\ B)=\frac{\nu'}{\nu}$$

$$=\frac{\nu'}{n}\Big/\frac{\nu_2}{n}$$

$$=\frac{\nu(A\cap B)}{\nu(B)}$$

§ ३·११ प्रायिकता के गुण

क्योंकि प्रायिकता आपेक्षिक बारंबारता का सीमान्त मान है, इसलिए उसके गुणों और आपेक्षिक बारंबारता के ऊपर लिखे गुणों में समानता होनी आवश्यक है। यही नहीं प्रायिकता की एक परिभाषा जो आजकल सबसे अधिक मान्य है निम्न-लिखित है :

प्रायिकता यादृच्छिक-प्रयोगों (random experiments) के परिणामों से संबंधित एक माप है जिसके निम्नलिखित गुण है—

(१) यदि A एक असंभव घटना है तो $P(A)=0$

(२) यदि A एक अनिवार्य घटना है तो $P(A)=1$

(१, २) P एक माप है जिसका निम्नतम मान शून्य और महत्तम मान १ है अथवा

$$0\leqslant P(A)\leqslant 1 \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(3.6)$$

(३) यदि A और B दो परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हों तो

$$P(AUB)=P(A)+P(B) \qquad \ldots\ldots\ldots(3.7)$$

(3′) इसी प्रकार यदि $A_1, A_2, A_3, \ldots\ldots A_n$ कुल n परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हों तो

$$P\left(\bigcup_{i=1}^{n} A_i\right) = P(A_1 \cup A_2 \cup A_3 \cup \ldots\ldots \cup A_n) = \sum_{i=1}^{n} P(A_i) \qquad \ldots(3.8)$$

(3″) यदि $A_1, A_2, \ldots$ इत्यादि अनगिनत अपवर्जी घटनाएँ हों तो इनके संगम को $\bigcup_{i=1}^{\infty} A_i$ से सूचित किया जा सकता है और

$$P\left(\bigcup_{i=1}^{\infty} A_i\right) = \sum_{i=1}^{\infty} P(A_i) \qquad \ldots\ldots(3.9)$$

(4) यदि $P(B)$ शून्य न हो तो B के दिये होने पर A की प्रतिबधी प्रायिकता का नीचे लिखे सूत्र द्वारा परिकलन किया जा सकता है

$$P(A|B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} \qquad \ldots\ldots(3.10)$$

(4′) **गुणन का नियम**: यदि $A_1\ A_2, \ldots\ldots A_n$ कुल n घटनाए हों तो

$$P(A_1 \cap A_2 \cap A_3 \cap \ldots \cap A_n) = P(A_1|A_2 \cap A_3 \cap \ldots \cap A_n)\ P(A_2 \cap A_3 \ldots \cap A_n)$$
$$P(A_2 \cap A_3 \cap \ldots A_n) = P(A_2|A_3 \cap A_4 \cap \ldots \cap A_n) P(A_3 \cap A_4 \cap \ldots \cap A_n)$$
$$P(A_3 \cap A_4 \cap \ldots \cap A_n) = P(A_3|A_4 \cap A_5 \cap \ldots \cap A_n)\ P\ (A_4 \cap A_5 \cap \ldots \cap A_n)$$
$$\ldots \quad \ldots \quad \ldots \quad \ldots \quad \ldots$$
$$P(A_{n-1} \cap A_n) = P(A_{n-1}|A_n) P(A_n)$$
$$\therefore P(A_1 \cap A_2 \cap \ldots \cap A_n) = P(A_n) P(A_{n-1}|A_n) P(A_{n-2}|A_{n-1} \cap A_n)$$
$$\ldots\ldots\ldots\ldots P(A_1|A_2 \cap A_3 \cap \ldots\ldots \cap A_n) \qquad \ldots\ldots(3.11)$$

(5) यदि A और B दो स्वतंत्र घटनाएँ हों तो परिभाषा के अनुसार

$$P(A/B) = P(A)$$

परंतु चौथे गुण के अनुसार

$$P(A|B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)}$$

इसलिए $P(A \cap B) = P(A) P(B) \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(3.12)$

(5′) इसी प्रकार यदि $A_1, A_2, \ldots\ldots A_n$ परस्पर स्वतंत्र घटनाएँ हों तो

$$P(A_1 \cap A_2 \cap \ldots\ldots \cap A_n) = P(A_1)P(A_2)\ldots\ldots P(A_n) \quad \ldots\ldots\ldots\ldots (3.13)$$

आइए, अब हम ऊपर दी हुई धारणाओं से अधिक परिचित होने के लिए प्रायिकता की कुछ प्रहेलिकाओं को हल करें।

प्रहेलिकाएँ

(१) घुड़दौड़ में दाँव लगाने की आम प्रथा है। एक प्रकार की घुड़दौड़ में सात घोड़े दौड़ते हैं और यदि आप उनके क्रम की ठीक-ठीक भविष्यवाणी कर दें तो आपको एक सहस्र रुपये का लाभ होता है। यदि आप घोड़ों के बारे में कुछ नहीं जानते और केवल अनुमान के आधार पर भविष्यवाणी करते हैं तो क्या प्रायिकता है कि आपको यह सहस्र रुपयों की प्राप्ति हो जायेगी ?

यदि हम सात भिन्न-भिन्न वस्तुओं के कुल क्रमचयों ((*pemutations*)) की संख्या को 7 ! से सूचित करें तो प्रायिकता का कलन निम्नलिखित विधि से हो सकता है

(3.1) के अनुसार

$$\text{प्रायिकता} = \frac{\text{विभिन्न अनुकूल घटनाओं की संख्या}}{\text{समस्त विभिन्न घटनाओं की संख्या}}$$

$$= \frac{\text{उन क्रमचयों की संख्या जिनके चुनाव पर आपको लाभ होगा}}{\text{कुल क्रमचयों की संख्या}}$$

$$= \frac{1}{7!}$$

यदि A, B, C और D चार विभिन्न वस्तुएँ हैं तो उनको निम्नलिखित क्रमों में सजाया जा सकता है।

(1)	ABCD	(7)	BACD	(13)	CABD	(19)	DABC
(2)	ABDC	(8)	BADC	(14)	CADB	(20)	DACB
(3)	ACBD	(9)	BCDA	(15)	CBAD	(21)	DBAC
(4)	ACDB	(10)	BCAD	(16)	CBDA	(22)	DBCA
(5)	ADBC	(11)	BDAC	(17)	CDAB	(23)	DCAB
(6)	ADCB	(12)	BDCA	(18)	CDBA	(24)	DCBA

जिस प्रकार ऊपर के उदाहरण में सात वस्तुओं के कुल क्रमचयों की संख्या को 7! से सूचित किया था, उसी प्रकार हम चार वस्तुओं के कुल क्रमचयों की संख्या को 4! से सूचित करते हैं। यहाँ हम देख ही चुके हैं कि

$$4! = 24$$
$$= 4 \times 3 \times 2 \times 1$$

इसी प्रकार यदि n विभिन्न वस्तुओं के क्रमचयों की संख्या को $n!$ से सूचित किया जाय तो यह सिद्ध किया जा सकता है कि

$$n! = n \times (n-1) \times (n-2) \times \ldots\ldots \times 3 \times 2 \times 1 \ldots\ldots \quad (3.14)$$

इस प्रकार ऊपर के उदाहरण में

$$\text{प्रायिकता} = \frac{1}{7 \times 6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}$$
$$= \frac{1}{5{,}040}$$

इसके अर्थ यह हुए कि यदि इस प्रकार की घुड़दौड़ों में आप बारबार क्रम के संबंध में भविष्यवाणी करें तो औसतन 5,040 भविष्यवाणियों में से एक ठीक होगी। यह बात आपने नोट की होगी कि इस भविष्यवाणी के प्रयोग में प्रत्येक क्रमचय एक संभव प्राथमिक घटना है। ये सब प्राथमिक घटनाएँ परस्पर अपवर्जी है और हमने यह मान लिया है कि इन सब क्रमचयों की चुने जाने की प्रायिकता समान है। यह कल्पना इस स्थान पर उचित ही प्रतीत होती है।

(२) एक कारखाने में बिजली के बल्ब बनते है जिनमें औसतन सौ में से पाँच खराब निकल जाते है। यदि दिन भर के उत्पादन में जो लाखों बल्ब है उनमें से हम यादृच्छिक विधि से 4 बल्ब चुन लेते हैं तो इन चुने हुए बल्बों में से 3 के खराब होने की क्या प्रायिकता है?

हम किसी ऐसे क्रमचय के चुनने की प्रायिकता का विचार करें जिसमें 3 बल्ब खराब हों। यदि हम अच्छे बल्बों को A से और बुरे बल्बों को B से सूचित करें तो एक क्रमचय निम्नलिखित हो सकता है।

ऐसे क्रमचय को चुनने की प्रायिकता

B B B A

= P [पहिले बल्ब का बुरा होना $\cap$ दूसरे बल्ब का बुरा होना $\cap$ तीसरे बल्ब का बुरा होना $\cap$ चौथे बल्ब का अच्छा होना]

= (पहिले बल्ब के बुरे होने की प्रायिकता) ×
(दूसरे बल्ब के बुरे होने की प्रायिकता) ×
(तीसरे बल्ब के बुरे होने की प्रायिकता) ×

(चौथे बल्ब के अच्छे होने की प्रायिकता)

$$= \frac{5}{100} \times \frac{5}{100} \times \frac{5}{100} \times \frac{95}{100}$$

$$= \frac{19}{160{,}000}$$

यह परिकलन इस कल्पना के आधार पर किया गया है कि यह संयुक्त घटना जिन चार घटनाओं का गुणनफल है वे स्वतंत्र हैं। यहाँ समीकरण (3.13) का उपयोग किया गया है।

इस प्रकार हम देखेंगे कि तीन बुरे और एक अच्छे बल्ब के जितने भी क्रमचय हैं उनकी प्रायिकता $\frac{19}{160{,}000}$ है। ऐसे कुल क्रमचय चार हैं।

(1) BBBA (2) BBAB (3) BABB (4) ABBB

यह चारों परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हैं। इसलिए इसकी प्रायिकता कि इनमें से कोई भी एक घटित हो जाय समीकरण (3.8) के अनुसार

$$P[(BBBA) \cup (BBAB) \cup (BABB) \cup (ABBB)]$$

$$= P(BBBA) + P(BBAB) + P(BABB) + P(ABBB)$$

$$= \frac{19}{160{,}000} + \frac{19}{160{,}000} + \frac{19}{160{,}000} + \frac{19}{160{,}000}$$

$$= \frac{76}{160{,}000} = \frac{19}{40{,}000}$$

यदि कुल N वस्तुएँ हों जिनमें से r एक प्रकार की और $(N-r)$ दूसरे प्रकार की हों तो समस्त क्रमचयों की संख्या को—जो एक दूसरे से भिन्न हों— $\binom{N}{r}$ से सूचित किया जाता है। इस संकेत का प्रयोग हम पिछले अध्याय में कर चुके हैं। ऊपर के उदाहरण में $N=4$ और $r=1$

$$\therefore \text{कुल विभिन्न क्रमचयों की संख्या} = \binom{4}{1}$$

$$= 4$$

यह सिद्ध किया जा सकता है कि

$$\binom{N}{r} = \frac{N!}{r!\,(N-r)!} \qquad \ldots\ldots\ldots(3.15)$$

उदाहरण के लिए यदि चार बल्बों में से दो बुरे और दो अच्छे हों तो कुल क्रमचयों की संख्या

$$\binom{4}{2} = \frac{4!}{2!\,2!}$$
$$= \frac{4\times 3\times 2\times 1}{2\times 1\times 2\times 1}$$
$$= 6$$

ये गिन कर भी देखे जा सकते हैं

(1) AABB (4) BBAA
(2) ABAB (5) BABA
(3) ABBA (6) BAAB

ऐसे क्रमचयों को जिनमें एक ही प्रकार की विभिन्न वस्तुओं में भेद नहीं किया जाता, संचय (*Combination*) कहते हैं।

(३) ऊपर के ही उदाहरण में इस घटना की क्या प्रायिकता है कि चुने हुए चार बल्बों में से कम से कम एक बल्ब अच्छा हो ?

यहाँ दो परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हैं

(क) कम से कम एक बल्ब अच्छा हो।

(ख) चारों बल्ब खराब हों।

इसके अतिरिक्त और कोई घटना संभव नहीं है।

अर्थात् इन दोनों में से एक घटना का होना निश्चित है।

प्रायिकता के दूसरे गुण के कारण

$$\therefore P[\text{(कमसे कम एक बल्ब अच्छा हो) } U \text{ (चारों बल्ब खराब हों)}]$$
$$= 1$$

परंतु इस समीकरण में बायीं ओर का भाग

$$= P[\text{कम से कम एक बल्ब अच्छा हो}]$$
$$+ P[\text{चारों बल्ब खराब हों}]$$
$$\therefore P[\text{कम से कम एक बल्ब अच्छा हो}]$$
$$= 1 - P[\text{चारों बल्ब खराब हों}]$$

परंतु P [चारों बल्ब खराब हों] $= P(B\,B\,B\,B)$

$$= \frac{5}{100}\times\frac{5}{100}\times\frac{5}{100}\times\frac{5}{100}$$

$$= \frac{1}{160,000}$$

$$\therefore P[\text{कम से कम एक बल्ब अच्छा हो}] = \frac{159,999}{160,000}$$

(४) ताश के पत्तों में से दो पत्ते C_1 और C_2 खींचे गये। हम A से इस घटना को सूचित करेंगे कि C_1 पान का पत्ता है और B से इस घटना को कि C_2 पान का पत्ता है।

स्पष्टतया समीकरण (3.1) के अनुसार $P(A) = \frac{13}{52}$

यदि हमें पता हो कि A घटित हो चुकी है तो C_2 बाकी के 51 पत्तों में से यादृच्छिक विधि द्वारा खींचा गया एक पत्ता है। इन पत्तों में केवल 12 पत्ते पान के हैं। इसलिए समीकरण (3.1) के अनुसार $P(B|A) = \frac{12}{51}$

इस बात की प्रायिकता कि दोनों पत्ते पान के हैं प्रायिकता के गुणन के नियम समीकरण (3.11) के अनुसार $P(A \cap B) = P(A)P(B/A)$

$$= \frac{13}{52} \times \frac{12}{51}$$

$$= \frac{1}{17}$$

§ ३.१२ बेज़ का प्रमेय (Bayes' Theorem)

गुणन नियम के अनुसार

$$P(A \cap B) = P(A)P(B/A)$$
$$= P(B)P(A/B)$$
$$\therefore P(A/B) = \frac{P(A)P(B|A)}{P(B)} \qquad \ldots\ldots\ldots(3.16)$$

मान लीजिए कि $A_1, A_2, A_3 \ldots\ldots, A_n$ कुल n परस्पर अपवर्जी घटनाएँ हैं जिनका B के साथ हो सकना संभव है।

$$B = (A_1 \cap B) \cup \cdots \cup (A_2 \cap B) \cup \cup (A_n \cap B)$$

$$\therefore P(B) = P\left[\bigcup_{\nu=1}^{n} (A\nu \cap B)\right]$$

$$=\sum_{\nu=1}^{n} P(A_\nu \cap B)$$

यदि $P(A_\nu)=\pi_\nu$ तथा $P(B|A_\nu)=P_\nu$

$\nu=1,2,3,\ldots\ldots,n$

तो

$$P(A_\nu/B)=\frac{P(A_\nu)P(B/A_\nu)}{P\left[\bigcup_{\nu=1}^{n}(A_\nu \cap B)\right]}$$

$$=\frac{P(A_\nu)P(B/A_\nu)}{\sum_{\nu=1}^{n} P(A_\nu \cap B)} = \frac{P(A_\nu)P(B/A_\nu)}{\sum_{\nu=1}^{n} P(A_\nu)P(B/A_\nu)}$$

$$=\frac{P_\nu \pi_\nu}{\sum_{\iota=1}^{n} P_\nu \pi_\nu} \qquad \ldots\ldots\ldots(3.17)$$

यह सूत्र बेज़ का प्रमेय कहलाता है।

इस प्रमेय का प्रयोग बहुधा निम्नलिखित अवस्था में होता है। किसी एक यादृच्छिक प्रयोग में हम घटना B के होने अथवा न होने का निरीक्षण करते हैं। हमें यह पता है कि $A_1, A_2, \ldots\ldots, A_n$ कुल n परस्पर अपवर्जी कारण हैं जिनके फलस्वरूप घटना B हो सकती है। मान लीजिए कि प्रयोग के पहिले ही हमें यह मालूम हो जाता है कि कारण A_ν के प्रभावकारी होने की प्रायिकता क्या है। इसको A_ν की पूर्वतः गृहीत प्रायिकता (a-priori probability) कहते हैं। मान लीजिए कि यह पूर्वतः गृहीत प्रायिकता $P(A_\nu)=\pi_\nu$ है। परंतु A_ν के प्रभावकारी होने पर भी यह आवश्यक नहीं है कि घटना B घटे ही। मान लीजिए कि B की प्रतिबंधी प्रायिकता $P(B/A_\nu)=P_\nu$ है, जब प्रतिबंध यह हो कि A_ν कार्य कर रहा है।

बेज़ के प्रमेय के आधार पर हम A_ν की प्रायिकता $P(A_\nu/B)$ का परिकलन कर सकते हैं। यानी B के प्रेक्षण के पश्चात् हम A_ν के प्रभावकारी होने की प्रायिकता मालूम कर सकते हैं। इसे A_ν की परतःलब्ध प्रायिकता (a-posteriori probability) कहते हैं।

सांख्यिकी में इस प्रमेय के उपयोग में सबसे बड़ी बाधा यह है कि अधिकतर पूर्वतः गृहीत प्रायिकता अज्ञात होती है। नीचे हम एक छोटा सा उदाहरण देते हैं जहाँ इस प्रमेय का युक्तियुक्त प्रयोग हो सकता है।

उदाहरण—पाँच बर्तन हैं जिनमें से हर एक में चार-चार गोलियाँ हैं। इन बर्तनों को पृथक् पृथक् पहिचानने के लिए हम इनका नामकरण संस्कार करके इन्हें A_1, A_2, A_3, A_4 तथा A_5 कहेंगे। इनमें दो रंग की गोलियाँ हैं—नीली और लाल। किस बर्तन में कितनी गोलियाँ लाल और कितनी नीली हैं यह नीचे दिया हुआ है।

A_1— चारों नीली गोलियाँ
A_2— तीन गोलियाँ नीली और एक लाल।
A_3— दो गोलियाँ नीली और दो लाल।
A_4— एक गोली नीली और तीन लाल।
A_5— चारों लाल गोलियाँ।

प्रयोग के पहिले भाग में एक बर्तन यादृच्छिक विधि से चुना जाता है। फिर चुने हुए बर्तन में से दो गोलियाँ यादृच्छिक विधि से चुनी जाती हैं। हर एक गोली को चुनने के बाद उसको वापस बर्तन में रख दिया जाता है। यदि दोनों चुनी हुई गोलियाँ लाल हों तो तीसरे चुनाव में भी पाँचों बर्तनों में से लाल गोली के चुने जाने की क्या प्रायिकता होगी ?

यदि हम दोनों गोलियों के लाल होने की घटना को B से सूचित करें तो

$$P(B) = \frac{\left(\frac{0}{4}\right)^2+\left(\frac{1}{4}\right)^2+\left(\frac{2}{4}\right)^2+\left(\frac{3}{4}\right)^2+\left(\frac{4}{4}\right)}{5}$$

$$= \frac{30}{16\times 5}$$

$$= \frac{3}{8}$$

$B\cap C$ द्वारा हम उस घटना को सूचित करते हैं जिसमें तीनों चुनी हुई गोलियों का रंग लाल हो।

$$P(B\cap C) = \frac{\left(\frac{0}{4}\right)^3+\left(\frac{1}{4}\right)^3+\left(\frac{2}{4}\right)^3+\left(\frac{3}{4}\right)^3+\left(\frac{4}{4}\right)^3}{5}$$

$$= \frac{100}{64\times 5}$$

$$= \frac{5}{16}$$

$$\therefore P(C/B) = \frac{P(B \cap C)}{P(B)}$$

$$= \frac{5/16}{3/8}$$

$$= 5/6$$

ऊपर के उदाहरण में यदि कुल $n+1$ बर्तन हों जिनमें से प्रत्येक में गोलियों की संख्या n और लाल गोलियों की संख्या क्रमशः 0, 1, 2, 3,·····,n हों और यदि प्रथम n चुनावों में लाल गोलियाँ चुनी गयी हों तो ($n+1$) वें चुनाव पर भी लाल गोली के चुने जाने की प्रायिकता

$$P = \frac{\sum_{r=1}^{n} \left(\frac{r}{n}\right)^{n+1}}{\sum_{r=1}^{n} \left(\frac{r}{n}\right)^{n}}$$

$$\doteqdot \frac{n+1}{n+2} \qquad \cdots\cdots\cdots\cdots (3{\cdot}18)$$

जहाँ $\doteqdot$ के संकेत के अर्थ है लगभग बराबर होना।

इस सूत्र के प्रयोग के समय हमें यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमें यह ज्ञात है कि हर एक बर्तन के चुने जाने की प्रायिकता बराबर है। कुछ लोग इस सूत्र का प्रयोग उस अवस्था में भी करते हैं जब उन्हें इन प्रायिकताओं के बारे में कोई ज्ञान नही होता। ऐसी अज्ञान की अवस्था में वे विभिन्न संचयों की प्रायिकता को समान मान लेते हैं। परंतु यह उपयोग उचित नहीं है।

लाप्लास ने इसका प्रयोग सूर्य के उदय होने की प्रायिकता के परिकलन के लिए किया था। यदि प्राचीन रिकार्डो के आधार पर हम यह जानते है कि सूर्य पिछले पाँच सहस्र वर्षों में रोज उदय होता रहा है तो

$$n = 1{,}826{,}213 \text{ दिन}$$

$$\therefore \text{सूर्य के कल उदय होने की प्रायिकता} = \frac{1{,}826{,}214}{1{,}826{,}215}$$

अब यह तय करना आप ही के ऊपर छोड़ा जाता है कि इस प्रकार प्रायिकता का परिकलन किस हद तक उचित है। सूत्र (3·18) को जिन अभिधारणाओं के आधार पर निकाला गया था क्या वे इस उदाहरण के लिए सत्य हैं? कुल 1, 826, 214 दिनों में से जिन दिनों में सूर्योदय हुआ हो उनकी संख्या के लिए मान 0, 1, 2, ... 1, 826, 214 धारण करने की क्या कोई पूर्वतः गृहीत प्रायिकताएँ हैं? यदि नहीं तो इच्छानुसार इन प्रायिकताओं को समान समझ लेना कहाँ तक ठीक है?

अध्याय ४

प्रायिकता वंटन और यादृच्छिक चर

(Probability Distribution and Random Variable)

§ ४·१ यादृच्छिक चर

यादृच्छिक प्रयोग क्या होते हैं, यह आप जानते ही है। अधिकतर इन प्रयोगों के फलों को संख्या के रूप में रखा जा सकता है। जहाँ भी प्रयोग किसी चर के गिनने अथवा नापने से संबंधित हैं यह फल स्पष्टतया संख्या के रूप में रखे जा सकते हैं। कई और अवस्थाओं में भी हम संख्याओं से फलों को सूचित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए एक नवजात शिशु के लिए हम एक संकेत बना सकते हैं जिसमें लड़के को 1 और लड़की को 0 से सूचित किया जाता हो। इसी प्रकार के नियम और अधिक जटिल परिस्थितियों में भी अपनाये जा सकते हैं।

इस अध्याय में और उसके पश्चात् भी हम अधिकतर उन्हीं प्रयोगों के संबंध में चर्चा करेंगे जिनमें फल को संख्या का रूप दिया जा सकता हो। वह चर जो प्रयोग के फल को सूचित करता है यादृच्छिक चर (random variable) कहलाता है। यदि इस चरको X द्वारा सूचित किया जाय तो प्रयोग के भिन्न-भिन्न फलों के अनुसार X भिन्न-भिन्न मान धारण करता है। क्योंकि एक यादृच्छिक प्रयोग में विभिन्न फलों की निश्चित प्रायिकता होती है, इस यादृच्छिक चर X की विभिन्न मानों को धारण करने की प्रायिकता भी निश्चित हो जाती हैं।

$P(X=a)$ से हम उस घटना की प्रायिकता को सूचित करेंगे जब X का मान a हो। इसी प्रकार $P(a< X \leqslant b)$ द्वारा हम उस घटना की प्रायिकता को सूचित करेंगे जब कि X का मान a से अधिक और b से कम अथवा उसके बराबर हो। यदि हमें हर एक मान-युग्म a और b के लिए $P(a< X \leqslant b)$ ज्ञात हो तो हम कहते हैं कि हमे X का प्रायिकता वंटन (probability distribution) मालूम है।

उदाहरण के लिए पाँसे को फेंकने के यादृच्छिक प्रयोग को ही लीजिए। इसमें हम पाँसे के ऊपर के मुख पर बिंदुओं की संख्या को X से सूचित करेंगे। यह X एक

यादृच्छिक चर है जिसका मान 1, 2, 3, 4, 5 और 6 हो सकता है। इन सब मानों की प्रायिकता बराबर हैं।

$$P(X=1)=P(X=2)=P(X=3)=P(X=4)=P(X=5)=P(X=6)=\frac{1}{6}$$

अब कोई भी दो संख्याएँ a और b को लेकर हम $P[a<X\leqslant b]$ का परिकलन सरलता से कर सकते हैं।

उदाहरणार्थ मान लीजिए $a=2,\ b=4{\cdot}5$।

$$\begin{aligned}P[a<X\leqslant b] &= P[2<X\leqslant 4{\cdot}5]\\ &= P[(X=3)\cup(X=4)]\\ &= P(X=3)+P(X=4)\\ &= \frac{1}{6}+\frac{1}{6}\\ &= \frac{1}{3}\end{aligned}$$

§ ४·२ असतत वंटन (Discrete distribution)

ऐसे वंटन को जिसमें यादृच्छिक चर मानों की केवल एक परिमित (finite) संख्या धारण कर सकता है असतत वंटन कहते हैं।

इस प्रकार का चर एक असतत चर कहलाता है। ऊपर के उदाहरण में यादृच्छिक चर X का वंटन असतत है।

§ ४·२·१ यादृच्छिक चर के फलन का वंटन

यदि X एक यादृच्छिक चर हो तो X का ऐसा फलन $g(X)$ भी जो X के किसी एक मान के लिए एक ही निश्चित मान धारण करता हो, एक यादृच्छिक चर है। ऊपर के उदाहरण के लिए X^2 एक यादृच्छिक चर है जिसका प्रायिकता वंटन निम्नलिखित होगा

$$P[X^2=1]=P[X=1]=\frac{1}{6}$$

$$P[X^2=1]=P[X^2=4]=P[X^2=9]=P[X^2=16]=P[X^2=25]=P[X^2=36]=\frac{1}{6}$$

क्योंकि X^2 एक चर है जिसके साथ एक प्रायिकता वंटन संबंधित है, इस कारण यह भी एक यादृच्छिक चर है। $\xi=(X^2-3X)$ भी एक यादृच्छिक चर है जिसका प्रायिकता वितरण निम्नलिखित विधि से मालूम किया जा सकता है।

यदि $[X=1]$ तो $\xi=1^2-3\times 1=-2$
यदि $[X=2]$ तो $\xi=2^2-3\times 2=-2$
यदि $[X=3]$ तो $\xi=3^2-3\times 3=\ 0$
यदि $[X=4]$ तो $\xi=4^2-3\times 4=\ 4$
यदि $[X=5]$ तो $\xi=5^2-3\times 5=\ 10$
यदि $[X=6]$ तो $\xi=6^2-3\times 6=\ 18$
$\therefore P[\xi=-2]=P[(X=1)\cup(X=2)]=\frac{2}{6}$
और $P[\xi=0]=P[\xi=4]=P[\xi=10]=P[\xi=18]=\frac{1}{6}$

इस प्रकार X के किसी भी फलन का प्रायिकता-वंटन मालूम किया जा सकता है। यदि $g^{-1}(a, b)$ द्वारा हम X के उन सब मानों के कुलक (set) को सूचित करें जिनके लिए $a<g(X)\leqslant b$

तो $P[a<g(X)\leqslant b]=P[X\in g^{-1}(a,b)]$ ...(4.1)

जहाँ $X\in g^{-1}(a, b)$ का अर्थ है X का $g^{-1}(a, b)$ में से कोई एक मान धारण करना। यदि हमें X का प्रायिकता-वंटन ज्ञात है तो हम ऊपर के समीकरण में दाहिनी ओर के भाग का परिकलन कर सकते हैं। ऊपर के उदाहरण में



चित्र १३—पाँसा फेंकने पर ऊपर की बिन्दुओं की संख्या का प्रायिकता-वंटन

$$P[0<X^2\leqslant 5]=P[0<X\leqslant+\sqrt{5}]+P[-\sqrt{5}\leqslant x<0]$$
$$=P[(X=1)\cup(X=2)]$$
$$=P(X=1)+P(X=2)$$
$$=\tfrac{1}{5}$$

जिस प्रकार बारंबारता वंटन को चित्र द्वारा समझा जा सकता है उसी प्रकार प्रायिकता-वंटन का भी चित्रण हो सकता है।

§ ४.२.२ द्वि-विमितीय यादृच्छिक चर (*Two-dimensional random variable*)

मान लीजिए कि एक पांसा ऐसा बनाया गया है जिसके हर एक मुख पर दो संख्याएँ लिखी हुई हैं। प्रयोग है पांसे को फेंककर ऊपर के मुख की संख्याओं को नोट करना।]



चित्र १४—एक पांसे के छः मुख

यह संख्याओं का युग्म एक यादृच्छिक चर है क्योंकि इसके भिन्न-भिन्न मानों के साथ प्रायिकता संबंधित है। इस प्रकार के चर को—जिसमें दो संख्याएँ किसी विशेष क्रम में दी हुई हों—द्वि-विमितीय चर कहते हैं। जिस प्रकार अब तक हम यादृच्छिक चर को X से सूचित करते आये हैं उसी प्रकार एक द्विविमितीय चर को (X, Y) से सूचित किया जा सकता है। (X, Y) के प्रायिकता वंटन की हम प्रायिकता द्रव्य-मान (Probability mass) की तरह कल्पना कर सकते हैं जो एक द्वि-विमितीय धरातल पर वितरित है। इसलिए इस प्रकार के वंटन को चित्र द्वारा सूचित किया जा सकता

है। ऊपर के उदाहरण में जो (X, Y) का वंटन है उसे चित्र में नीचे दी हुई विधि से रखा जा सकता है।



चित्र १५—चित्र १४ में दिये हुए पांसे को फेंकने से प्राप्त द्विविमितीय चर का वंटन

इस यादृच्छिक चर-युग्म के लिए

$$P\ [(X, Y)=(-3, 2)]=\tfrac{1}{8}$$
$$P\ [(X, Y)=(1, -3)]=\tfrac{1}{8}$$
$$P\ [(X, Y)=(4, 10)]=\tfrac{1}{6}$$
$$P\ [(X, Y)=(11, -6)]=\tfrac{1}{6}$$

§ ४·२·३ द्वि-विमितीय चर के फलन का वंटन

हम देख चुके हैं कि यदि हमें X का प्रायिकता वंटन ज्ञात हो तो हम उसके किसी भी फलन $g(X)$ का प्रायिकता वंटन मालूम कर सकते हैं। इसी प्रकार यदि हमें (X, Y) का वंटन ज्ञात हो तो इनके एक-मितीय तथा द्वि-मितीय फलनों के प्रायिकता वंटन भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

उदाहरण—यदि (X, Y) का वंटन ऊपर लिखित है तो $P[(X+Y)\leqslant 10]$ क्या होगी ?

यदि $(X, Y)=(-3, 2)$ तो $(X+Y)=-1$

यदि $(X, Y)=(1, -3)$ तो $(X+Y)=-2$

यदि $(X, Y)=(4, 10)$ तो $(X+Y)=14$

यदि $(X, Y)=(11, -6)$ तो $(X+Y)=5$

$$\therefore P[(X+Y)\leqslant 10]=P[\{(X+Y)=-1\}\cup\{(X+Y)=-2\}\cup\{(X+Y)=5\}]$$

$$=P[(X+Y)=-1]+P[(X+Y)=-2]+P[(X+Y)=5]$$

$$=\tfrac{1}{3}+\tfrac{1}{3}+\tfrac{1}{6}$$

$$=\tfrac{5}{6}$$

इसी प्रकार किन्हीं भी दो मानों a और b के बीच में $(X+Y)$ के पाये जाने की प्रायिकता का परिकलन भी किया जा सकता है। $(X+Y)$ एक विमितीय चर है जिसके प्रायिकता-वंटन को निम्नलिखित रीति से चित्रित किया जा सकता है।



चित्र १६—चित्र १४ में दिये हुए पाँसे को फेंकने से प्राप्त ऊपर के मुख की संख्याओं के योग $(X+Y)$ का प्रायिकता-वंटन

§ ४·२·४ एक-पार्श्वीय वंटन (*Marginal Distribution*)

(X, Y) का वंटन ज्ञात होने पर हम X और Y के वंटनों को अलग-अलग भी मालूम कर सकते हैं। इन वंटनों को एक-पार्श्वीय वंटन कहते हैं। ऊपर के चित्र, संख्या 15 में (X, Y) का वंटन दिखाया गया है। उसमें प्रायिकता द्रव्य-मान बिंदुओं का क्रमशः X और Y निर्देशाक्षों पर प्रक्षेप (projection) करने पर ये एक-पार्श्वीय वंटन प्राप्त हो सकते हैं।



चित्र १७—चित्र १५ में दिये हुए प्रायिकता-वंटन का निर्देशाक्षों पर विक्षेप—X और Y का एक पार्श्वीय वंटन।

यदि (X, Y) का वंटन ज्ञात हो तो हम X और Y के वंटन मालूम कर सकते हैं, परंतु यदि X और Y के वंटन मालूम हों तो (X, Y) का वंटन मालूम कर लेना संभव नहीं है। इसका कारण यह है कि (X, Y) के अनगिनत वंटन ऐसे मालूम किये जा सकते हैं जिनके एक-पार्श्वीय वंटन समान हों। उदाहरण के लिए (X, Y) के निम्नलिखित वंटनों का विचार कीजिए

(1)
$$P[(X, Y)=(1, 1)]=\tfrac{1}{4}$$
$$P[(X, Y)=(2, 1)]=\tfrac{1}{4}$$
$$P[(X, Y)=(1, 2)]=\tfrac{1}{4}$$
$$P[(X, Y)=(2, 2)]=\tfrac{1}{4}$$

(2)
$$P[(X, Y)=(1, 1)]=\tfrac{1}{8}$$
$$P[(X, Y)=(2, 1)]=\tfrac{3}{8}$$
$$P[(X, Y)=(1, 2)]=\tfrac{3}{8}$$
$$P[(X, Y)=(2, 2)]=\tfrac{1}{8}$$

इन दोनों द्वि-विमितीय वंटनों के एक-पार्श्वीय वंटन समान ही है जो निम्न-लिखित हैं—

X के लिए : $P(X=1)=\frac{1}{2}$; $P(X=2)=\frac{1}{2}$

Y के लिए : $P(Y=1)=\frac{1}{2}$; $P(Y=2)=\frac{1}{2}$

इससे यह सिद्ध हो गया कि X और Y दोनों के वंटन ज्ञात होने पर भी संयुक्त वंटन (joint distribution) मालूम करना हमेशा संभव नहीं है। इसी प्रकार X और Y के एक-पार्श्वीय वंटन मालूम होने से (X+Y) का वंटन मालूम कर लेना हमेशा संभव नहीं होता।

§ ४·३ सतत वंटन (*Continuous distribution*)

हम यह पहले ही कह चुके हैं कि किसी यादृच्छिक चर के प्रायिकता-वंटन के ज्ञात होने का अर्थ है प्रत्येक मान-युग्म a और b के बीच में इस चर के पाये जाने की प्रायिकता का ज्ञात होना। मान लीजिए कि हमें किसी यादृच्छिक चर X का वंटन मालूम है। यदि x, δ और δ' कोई तीन संख्याएँ हैं तो हमें $P[x-\delta< X \leqslant x+\delta']$ अर्थात् X के अंतराल $[x-\delta, x+\delta']$ में पाये जाने की प्रायिकता ज्ञात होनी चाहिए।

इस अंतराल की लंबाई ($\delta+\delta'$) है और इस अंतराल में प्रायिकता $P[x-\delta < X \leqslant x+\delta']$ वितरित है। इसलिए औसतन अंतराल की एक इकाई लबाई में प्रायिकता $\frac{P[x-\delta< X\leqslant x+\delta']}{\delta+\delta'}$ होगी। जिस दृष्टिकोण से प्रायिकता की द्रव्य-मान के रूप में कल्पना की जा सकती, उसी दृष्टिकोण से ऊपर दी हुई यह औसत प्रायिकता प्रति इकाई अन्तराल में प्रायिकता-घनत्व (probability density) समझा जा सकता है। δ और δ' के विभिन्न मानों के लिए हमें विभिन्न अंतराल प्राप्त होंगे और इनमें से प्रत्येक अंतराल के लिए प्रायिकता-घनत्व मालूम किया जा सकता है।

यदि δ और δ' के मानों को क्रमशः छोटे करते चले जायँ, जिससे कि वे दोनों शून्य की ओर प्रवृत्त होते जायँ, तो यह संभव है कि तत्संबंधी अंतरालों में प्रायिकता-घनत्व किसी विशेष संख्या की ओर प्रवृत्त होता जाय। यदि ऐसा हो तो इस विशेष संख्या को हम यादृच्छिक चर X का बिंदु x पर प्रायिकता-घनत्व (probability density of the random variable X at point x) कहते हैं। इसी प्रकार दूसरे बिंदुओं पर केंद्रित अंतरालों में प्रायिकता-घनत्व की सीमाएँ भी प्राप्त की जा सकती हैं।

आपका ध्यान कदाचित् अपने पूर्व-परिचित चरों की ओर जायगा और आप यह जानना चाहेंगे कि इनके लिए विभिन्न बिंदुओं पर प्रायिकता-घनत्व कितना है। वास्तव में अभी तक हमने जिन चरों से परिचय प्राप्त किया है वे गिनती में केवल थोड़े से ही मानों को धारण कर सकते हैं। अर्थात् दूसरे मानों के धारण करने की प्रायिकता इन चरों के लिए शून्य होती है।

मान लीजिए, हम एक ऐसा चर लेते हैं जिसके लिए

$P(X=1)=P(X=2)=P(X=3)=P(X=4)=\frac{1}{4}$

मान लीजिए x को 1.3, δ को 0.2 तथा δ' को 0.3 लें। तो इस अंतराल में प्रायिकता-घनत्व $= \dfrac{P[(1.3-0.2)<X\leqslant(1.3+0.3)]}{0.2+0.3}$

$= \dfrac{P[1.1<X\leqslant 1.6]}{0.5}$ होगा।

परन्तु $P[1.1<X<1.6]=0$ क्योंकि 1.1 और 1.6 के बीच का कोई मान X ग्रहण नहीं कर सकता, इसलिए यह घनत्व शून्य हुआ। अब यदि x को 1.3 ही रखा जाय तथा δ और δ' को क्रमशः घटाते जायँ तो आप देखेंगे कि इस प्रकार से प्राप्त प्रत्येक अंतराल में प्रायिकता-घनत्व शून्य होगा। इसलिए बिंदु $x=1.3$ पर X का प्रायिकता-घनत्व शून्य है। इसी प्रकार 1, 2, 3 और 4 को छोड़कर किसी भी बिंदु पर प्रायिकता-घनत्व शून्य होगा, यह सिद्ध किया जा सकता है।

आइए, अब हम यह देखें कि इन चार बिंदुओं पर प्रायिकता-घनत्व क्या है। मान लीजिए कि—

$x=1.0,\ \delta=0.5,\ \delta'=0.5$ । $(x-\delta,\ x+\delta')$ में

प्रायिकता-घनत्व $= \dfrac{P[0.5<X\leqslant 1.5]}{1.0}$

$= \dfrac{P(X=1)}{1.0}$

$=1/4$

यदि $x = 1.0,\ \delta=0.2,\ \delta'=0.2$ तो $(x-\delta,\ x+\delta')$ में

प्रायिकताघनत्व $= \dfrac{P[0.8<X\leqslant 1.2]}{0.4}$

$$= \frac{P[X=1]}{0.4}$$

$$= \frac{1}{1.6}$$

यदि $x = 1.0$, $\delta = 0.01$, $\delta' = 0.01$ तो

यह प्रायिकता-घनत्व $= \frac{P[X=1]}{0.02} = \frac{1}{0.08}$

इस प्रकार हम देखते हैं कि ज्यों-ज्यों δ और δ' घटते जाते हैं त्यों-त्यों इस अनुपात में अंश (numerator) तो वही रहता है, परंतु हर (denominator) घटता चला जाता है। इस प्रकार δ और δ' को काफी छोटे मान देकर इस अनुपात को हम किसी भी दिये हुए मान से अधिक बड़ा कर सकते हैं। इस प्रकार इस विंदु पर प्रायिकता घनत्व अनत है। इसी प्रकार विंदु $x=2$, $x=3$ और $x=4$ पर भी प्रायिकता घनत्व अनंत सिद्ध किया जा सकता है। यह तो हमने एक उदाहरण लिया था, परंतु इसी प्रकार किसी भी असतत चर के लिए यह सिद्ध किया जा सकता है कि वह जिन मानों को किसी भी घनात्मक प्रायिकता से धारण कर सकता है उस पर उसका प्रायिकता-घनत्व अनंत और अन्य सब विंदुओं पर उसका प्रायिकता-घनत्व शून्य होता है। इस प्रकार इन यादृच्छिक चरों के लिए विभिन्न विंदुओं पर प्रायिकता-घनत्व जानने से हमें केवल यह मालूम हो सकता है कि किन विंदुओं पर प्रायिकता शून्य नहीं है।

परतु हम दूसरे अध्याय में सतत चरों से परिचय प्राप्त कर ही चुके हैं। यदि किसी यादृच्छिक प्रयोग द्वारा हमें इस प्रकार का चर प्राप्त हो तो यह एक सतत यादृच्छिक चर होगा। इस प्रकार के चर अपने परास में स्थित किसी भी दो मानों के बीच के सभी मानों को धारण कर सकते हैं। इस प्रकार के चर के लिए यदि हम इसके परास में कोई अंतराल लें तो स्पष्ट है कि इस पूरे अंतराल में चर के होने की प्रायिकता उस अंतराल के किसी भी छोटे भाग में होने की प्रायिकता से अधिक होगी। इस प्रकार किसी विंदु पर केंद्रित अंतराल में प्रायिकता का परिकलन करते समय न केवल अंतराल की लबाई शून्य की ओर प्रवृत्त होती है वरन् इस अनुपात का अंश (numerator) अर्थात् अंतराल में स्थित प्रायिकता भी शून्य की ओर प्रवृत्त होती है। इस प्रकार यह संभव है कि प्रायिकता-घनत्व शून्य और अनन्त के बीच का कोई परिमित मान हो। इस प्रकार का वंटन जिसमें प्रत्येक विंदु पर प्रायिकता-घनत्व अनंत से भिन्न कोई परिमित संख्या होती है एक सतत-वंटन कहलाता है।

यदि यादृच्छिक चर X का वंटन सतत हो तो विंदु x पर इसके प्रायिकता-घनत्व को $f(x)$ से सूचित करते है।

$$f(x) = \lim_{\substack{\delta \to 0 \\ \delta' \to 0}} \frac{P[x-\delta < X \leqslant x+\delta']}{\delta+\delta'} \qquad \ldots\ldots \qquad (4.2)$$

सतत वंटन को हम वारंवारता फलन $y=f(x)$ के ग्राफ या लेखा-चित्र से चित्रित कर सकते हैं।



चित्र १८—एक सतत वंटन का आवृत्ति फलन—

$$y = f(x) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}x^2}$$

इस वक्र और x— निर्देशाक्ष के बीच का क्षेत्रफल १ होता है। यदि घनत्व-फलन $f(x)$ है तो यादृच्छिक चर X के अंतराल $[a, b]$ में पाये जाने की प्रायिकता को $\int_a^b f(x)\,dx$ से सूचित किया जाता है। ऊपर के दिये हुए चित्र में X के किसी मान x के लिए वक्र पर y का मान $f(x)$ है। यदि दो बिंदुओं (a,o) और (b,o) से दो ऊर्ध्व रेखाएँ खींची जावें तो x-निर्देशाक्ष, बारंबारता-वक्र और इन दो रेखाओं के बीच का क्षेत्रफल—जिसको चित्र में टेढ़ी रेखाओं से ढाँका हुआ है—$\int_a^b f(x)\,dx$ ही होगा। इस प्रकार हमें इस चित्र द्वारा वंटन का बहुत कुछ आभास हो जाता है। इसका स्वरूप वही है जो समष्टि के लिए बारंबारता-चित्र का होता है।

नीचे सतत-वंटनों के कुछ उदाहरण दिये हुए हैं।

§ ४·३·१ आयताकार वंटन (*Rectangular distribution*)

$$f(x) = 0 \qquad \text{यदि} \quad x < a$$
$$f(x) = \frac{1}{b-a} \qquad \text{यदि} \quad a \leqslant x \leqslant b$$
$$f(x) = 0 \qquad \text{यदि} \quad x > b$$

इस वितरण को आयताकार-वंटन (rectangular distribution) कहते हैं। इसका कारण यह है कि किन्हीं भी दो मानों के बीच में X के पाये जाने की प्रायिकता को एक आयत द्वारा चित्रित किया जा सकता है।



चित्र १९—आयताकार वंटन में $P[a' < X \leqslant b']$

§ ४·३·२ प्रसामान्य वंटन (*Normal distribution*)

$$f(x) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}x^2} \qquad -\infty < X < +\infty$$

जहाँ π एक वृत्त की परिधि (circumference) और व्यास (diameter) का अनुपात है तथा e एक संख्या है जिसका मान निम्नलिखित अनंत श्रेणी (infinite series) से प्राप्त होता है।

$$e = 1 + \frac{1}{1!} + \frac{1}{2!} + \frac{1}{3!} + \ldots\ldots + \frac{1}{r!} + \ldots\ldots$$

$$= 1 + \sum_{r=1}^{\infty} \frac{1}{r!} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (4.3)$$

इस वंटन का प्रायिकता-घनत्व पहिले ही चित्र संख्या १८ में चित्रित किया जा चुका है।

यह स्पष्ट है कि किसी सतत वंटन में चर के किसी भी मान a के लिए $P[X=a] = 0$। यह इस कारण कि यह प्रायिकता ऊपर दिये हुए नियम के अनुसार दो ऊर्ध्व रेखाओं के बीच का क्षेत्रफल होना चाहिए, परंतु जब इन दो रेखाओं के बीच का अंतर शून्य हो गया तो स्पष्ट है कि यह क्षेत्रफल भी शून्य होगा।

अन्य शब्दों में $\int_a^a f(x)\,dx = 0$ ..... (4.4)

§ ४·४ संचयी-प्रायिकता-फलन (*Cumulative distribution or distribution function*) :—

दूसरे अध्याय में संचयी बारंबारता का वर्णन किया जा चुका है। यदि संचयी बारंबारता को कुल बारंबारता से विभाजित किया जाय तो हमें सचयी आपेक्षिक बारंबारता प्राप्त होगी। जिस प्रकार प्रायिकता आपेक्षिक बारंबारता का एक आदर्श स्वरूप है उसी प्रकार संचयी आपेक्षिक बारंबारता का आदर्श रूप संचयी-प्रायिकता फलन (distribution function) है। इसको $F(x)$ द्वारा सूचित किया जाता है।

$$F(x) = P[X \leqslant x] \qquad \text{.....(4.5)}$$

परंतु यदि सतत चर हो तो

$$P[X \leqslant x] = \int_{-\infty}^{x} f(x)\,dx$$

$$\therefore F(x) = \int_{-\infty}^{x} f(x)\,dx \qquad \text{.....(4.6)}$$

§ ४·४·१ संचयी प्रायिकता फलन के गुण

क्योंकि प्रायिकता वक्र और x-निर्देशाक्ष के बीच का कुल क्षेत्रफल १ होता है, इस कारण $F(x)$ जो इस क्षेत्रफल का वह भाग है जो ऊर्ध्व रेखा $X=x$ के बांयीं ओर पड़ता है १ से अधिक नहीं हो सकता। वैसे भी क्यों कि यह X के मान x से कम अथवा उसके बराबर होने तक की प्रायिकता है, इसलिए प्रायिकता की भाँति इसका मान ० और १ के बीच की कोई संख्या ही हो सकता है।

आइए, अब हम देखें कि यदि X का वंटन a और b के बीच आयताकार हो तो उसका संचयी प्रायिकता फलन क्या होगा।

$$F(x)=0 \qquad \text{यदि} \quad x \leqslant a$$

$$F(x)=\frac{x-a}{b-a} \qquad \text{यदि} \quad a \leqslant x \leqslant b$$

$$F(x)=1 \qquad \text{यदि} \quad x \geqslant b$$

जैसे दूसरे अध्याय में हमने समष्टि के लिए संचयी बारंबारता चित्र बनाये थे, उसी प्रकार संचयी प्रायिकता फलन को भी चित्र द्वारा निरूपित किया जा सकता है। ऊपर के आयताकार वंटन के लिए जो चित्र प्राप्त होगा वह नीचे दिया जा रहा है।



चित्र २०—आयताकार वंटन का संचित प्रायिकताफलन

आपका ध्यान इस ओर गया होगा कि इस चित्र में x के बढ़ने के साथ $F(x)$ का मान या तो बढ़ता है या स्थिर रहता है, परंतु कहीं भी x के बढ़ने पर $F(x)$ का मान घटता नहीं। संचयी बारंबारता प्राप्त करने की विधि से ही यह स्पष्ट हो जायगा कि यह बात केवल इस विशेष वंटन के लिए ही नहीं बल्कि सभी वंटनों के लिए सत्य है।

मान लीजिए कि x_1 और x_2 दो मान हैं जिनमें x_1 छोटा है, यानी $x_1 < x_2$, तो किसी भी वंटन के लिए

$$\begin{aligned} F(X_2) &= P(X \leqslant x_2) \\ &= P[(X \leqslant x_1) \cup (x_1 < X \leqslant x_2)] \end{aligned}$$

$$= P(X \leqslant x_1) + P[x_1 < X \leqslant x_2]$$
$$= F(x_1) + P[x_1 < X \leqslant x_2]$$

परंतु क्योंकि $P[x_1 < X \leqslant x_2]$ का छोटे-से-छोटा मान शून्य ही हो सकता है, इसलिए यदि $x_2 > x_1$ हो तो

$$F(x_2) \geqslant F(x_1) \qquad \ldots\ldots\ldots(4.7)$$

§ ४·५ स्वतंत्र चर (Independent variables):—

तीसरे अध्याय में हम स्वतंत्र घटनाओं की परिभाषा दे चुके हैं। यदि A और B दो स्वतंत्र घटनाएँ हों तो यह सिद्ध किया जा चुका है कि

$$P(A \cap B) = P(B) \cap P(B)$$

यदि (X, Y) एक द्वि-विमितीय यादृच्छिक चर हो और हर एक मानयुग्म (a_1, a_2) तथा (b_1, b_2) के लिए

$$P[(a_1 \leqslant X \leqslant a_2) \cap (b_1 \leqslant Y \leqslant b_2)]$$
$$= P[a_1 \leqslant X \leqslant a_2]\, P[b_1 \leqslant Y \leqslant b_2]$$

हो तो यादृच्छिक चर X और Y एक दूसरे से स्वतंत्र कहलाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि यदि Y का मान दिया हुआ हो अथवा यह दिया हुआ हो कि Y एक विशेष अंतराल में स्थित है और यदि वह X से स्वतंत्र हो तो इस ज्ञान का X के प्रतिबंधी प्रायिकता-वंटन पर कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता। इसी प्रकार X के संबंध में किसी प्रतिबंध का उससे स्वतंत्र किसी चर Y पर प्रभाव नहीं पड़ता।

यदि X और Y असतत चर हों जो क्रमशः $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_m$ तथा $y_1, y_2, \ldots\ldots y_n$, मान धारण कर सकते हों तो

$$P[X = x_i, Y = y_j] = P[X = x_i]\, P[Y = y_j] \ldots\ldots \quad (4.8)$$
$$i = 1, 2, \ldots\ldots m\ ;\ j = 1, 2, \ldots\ldots n$$

इस प्रकार यदि हमें X और Y के वंटन ज्ञात हों और यदि यह भी मालूम हो कि ये दोनों चर स्वतंत्र हैं तो हम इन दोनों का संयुक्त-वंटन (joint distribution) इनके अलग-अलग वंटनों के गुणन से प्राप्त कर सकते हैं।

इसी प्रकार यदि सतत चर X और Y स्वतंत्र हों, उनके घनत्व फलन क्रमशः $f_1(x)$ तथा $f_2(y)$ हों, और उनके संयुक्त वंटन का घनत्व-फलन $f(x,y)$ हो तो

$$f(x,y) = f_1(x) f_2(y) \qquad \ldots\ldots\ldots(4.9)$$

संयुक्त-वंटन के घनत्व-फलन की परिभाषा भी उसी प्रकार दी जा सकती है जिस प्रकार किसी एक-विमितीय यादृच्छिक चर के घनत्व फलन की

$$f(x,y) = \lim_{\substack{\delta_1,\delta_1'\to 0 \\ \delta_2,\delta_2'\to 0}} \frac{P[(x-\delta_1<X<x+\delta'_1)\cap(y-\delta_2<Y<y+\delta'_2)]}{(\delta_1+\delta_1')(\delta_2+\delta'_2)}$$

उदाहरण (१)—एक पाँसा और एक रुपया साथ-साथ उछाले जाते हैं। X एक यादृच्छिक चर है जिसका मान पाँसे के ऊपर के मुख पर प्राप्त विंदुओं के बराबर है। Y भी एक यादृच्छिक चर है। यदि रुपया चित पड़े तो इसका मान 1 होता है, यदि वह पट पड़े तो इसका मान 2 होता है। ये दोनों यादृच्छिक चर स्पष्ट तथा स्वतंत्र हैं, इसलिए इनका संयुक्त वंटन नीचे दिये हुए चित्र के अनुसार होगा।



चित्र २१—दो स्वतंत्र यादृच्छिक चरों के संयुक्त और एक-पार्श्वीय वंटन

(२) अब मान लीजिए कि एक पाँसे के प्रत्येक मुख पर विन्दुओं के स्थान पर दो-दो संख्याएँ लिखी हुई हैं जो नीचे दिये हुए चित्र के अनुसार हैं।

पाँसे को फेंकने से जो मुख ऊपर की ओर आता है उस पर लिखी हुई पहिली संख्या को ξ और दूसरी संख्या को μ से सूचित किया जाय तो ξ और η का संयुक्त-वंटन चित्र संख्या २२ के अनुसार होगा।



चित्र २२—एक पाँसे के छः मुख



चित्र २३—चित्र २२ में दर्शित पाँसे को फेंकने से प्राप्त ऊपर की संख्याओं का संयुक्त वंटन

इस उदाहरण से हमें यह मालूम पड़ता है कि दो यादृच्छिक चरों में भौतिक संबंध होते हुए भी वे एक दूसरे से स्वतंत्र हो सकते हैं।

§ ४·६ प्रायिकता वंटन के प्रति समाकलन (Integration with respect to a probability distribution)

मान लीजिए कि X एक असतत यादृच्छिक चर है जो $a_1, a_2, \ldots\ldots a_n$ आदि n मान धारण करता है।

मान लीजिए $g(X)$ यादृच्छिक चर X का एक फलन है और $P(x) = P(X=x)$] तब

$$\Sigma g(x) P(x) = g(a_1) P(a_1) + g(a_2) P(a_2) + \ldots + g(a_n) P(a_n)$$

को हम X के प्रायिकता वटन के प्रति समाकलन कहते हैं और इस समाकलन को $\int g(x)\, dF(x)$ से सूचित करते हैं।

$$\begin{aligned} dF(x) &= F(x) - F(x-dx) \\ &= P[x-dx < X \leqslant x] \\ &= P(x) \end{aligned}$$

यदि dx इतना छोटा हो कि $x-dx$ और x के बीच में X का कोई भी संभव मान a_1, a_2 आदि न हों। यदि $P(x)$ के स्थान पर हम समष्टि की आपेक्षिक बारंबारता को रखें तो हम देख सकते हैं कि हमें इस प्रकार $g(X)$ का औसत मान प्राप्त हो जायगा। इसी प्रकार आपेक्षिक बारंबारता के स्थान पर उसके आदर्श रूप प्रायिकता के होने पर यह समाकलन $g(X)$ का प्रत्याशित मान अथवा माध्य देता है।



चित्र २४

यदि यादृच्छिक चर सतत है और उसका घनत्व-फलन $f(x)$ हो तो इस चर के परास को छोटे-छोटे भागों में विभाजित किया जा सकता है। मान लीजिए, इस प्रकार के विभाजनों की क्रम संख्या दी हुई है और r वें भाग में X का एक मान θ_r है। तब हम एक योग का कलन कर सकते हैं जो निम्नलिखित है—

$$\Sigma g(\theta_r) f(\theta_r) (x_{r+1} - x_r)$$

जहाँ x_r और x_{r+1} उस अंतराल के सीमान्त विंदु हैं जिसमें θ_r स्थित है। यदि हम इन विभाजनों को छोटा करते चले जायें और इस प्रकार उनकी संख्या बढ़ाते चले जायें तो यह योग एक निश्चित मान की ओर अग्रसर होता है। जिस मान की ओर यह योग अग्रसर होता है उसे हम X के प्रायिकता वटन के प्रति $g(x)$ का समाकलन कहते

हैं। इस समाकलन को हम $\int_{-\infty}^{\infty} g(x) f(x)\, dx$ द्वारा सूचित करते हैं। क्योंकि x पर प्रायिकता घनत्व$=f(x)$, इसलिए $x-dx$ और x के बीच का प्रायिकता द्रव्यमान $= f(x)\, dx$

$= F(x) - F(x-dx)$

$= dF(x)$

$\int g(x)\, dF(x)$ एक ऐसा संकेत है जो हम दोनों प्रकार के चरों—सतत और असतत के लिए प्रयोग कर सकते हैं। इस प्रकार

$$\int g(x)\, dF(x) = \Sigma g(a_i)\ P(a_i) \quad \text{यदि } X \text{ असतत हो}$$

तथा $$\int g(x)\, dF(x) = \int_{-\infty}^{\infty} g(x) f(x)\, dx \quad \text{यदि } X \text{ सतत हो।}$$

§ ४·७ यादृच्छिक चर का प्रत्याशित मान अथवा माध्य (*Expected value or mean value of a random variable*)—

मान लीजिए कि $g(X)=X$ तब $\int x\, dF(x)$ को हम यादृच्छिक चर X का माध्य अथवा प्रत्याशित मान कहते हैं। और इसे $E(X)$ से सूचित करते हैं। यह आपको याद होगा कि यदि आँकड़े आवृत्ति सारणी में दे रखे हों तो माध्य के लिए निम्नलिखित सूत्र का उपयोग होता है।

$$\bar{x} = \sum_{i=1}^{n} x_i \frac{f_i}{\sum_{i=1}^{n} f_i}$$

यदि X एक असतत चर है तो

$$E(X) = \sum_{i=1}^{n} x_i\, P(x_i)$$

इसी प्रकार X के किसी फलन $g(X)$ का प्रत्याशित मान

$$E[g(X)] = \int g(x)\, dF(x)$$

इन दोनों सूत्रों में बहुत अधिक समानता है। यदि आपेक्षिक बारंबारता $\frac{f_i}{\sum_{i=1}^{n} f_i}$

की जगह हम प्रायिकता $P(x_i)$ को रखें जो वास्तव में इस आपेक्षिक बारंबारता का आदर्श रूप है तो हमें यादृच्छिक चर का माध्य प्राप्त हो जाता है। इन दोनों में विशेष अंतर यही है कि पहले सूत्र का प्रयोग समष्टि पर किया जाता है जिसके बारे में हमें पूर्ण ज्ञान है, परंतु दूसरे सूत्र का प्रयोग यादृच्छिक चर के लिए किया जाता है। यादृच्छिक चर किसी विशेष प्रयोग में क्या मान धारण करेगा यह अनिश्चित रहता है। अतः हमें प्रायिकता के शब्दों में ही बात करनी पड़ती है।

§ ४·८ यादृच्छिक चर के घूर्ण (*Moments of a random variable*)

जिस प्रकार समष्टि में मध्यांतरित r वाँ घूर्ण

$$\mu_r = \sum_{i=1}^{n} (x_i - m)^r \frac{f_i}{\sum_{i=1}^{n} f_i}$$

होता है, उसी प्रकार यादृच्छिक चर का r वाँ घूर्ण $\mu_2 = \int [x - E(X)]^r dF(x)$ होता है। इसके दूसरे मध्यान्तरित घूर्ण $\mu_2 = \int [x - E(x)]^2 dF(x)$ को चर का प्रसरण (variance) कहते हैं। अधिकतर $E(x)$ को μ तथा $E(X-\mu)^2$ को $V(X)$ से सूचित किया जाता है। समष्टि के चर की भाँति ही यादृच्छिक चर के a–आंतरिक घूर्णों की परिभाषा भी दी जा सकती है। a–आंतरिक और मध्यांतरित घूर्णों का एक दूसरे से संबंधी भी उसी प्रकार का होता है।

§ ४·९ स्वतंत्र चरों के गुणनफल का प्रत्याशित मान

यदि वंटन असतत हों तो

$$E(XY) = \sum_{i=1}^{m} \sum_{j=1}^{n} x_i y_j P[X = x_i, Y = y_j]$$

[देखिए समीकरण (4.8)]

$$= \sum_{i=1}^{m} \sum_{j=1}^{n} x_i y_j P[X = x_i] P[Y = y_j]$$

$$= \sum_{i=1}^{m} x_i P[X = x_i] \sum_{j=1}^{n} y_j P[Y = y_j]$$

$$= E(X)E(Y) \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (4.10)$$

यह सूत्र सतत वंटनों के लिए भी आसानी से सिद्ध किया जा सकता है

§ ४·१० चरों के योग का प्रत्याशित मान

$$E(X+Y) = \sum_{i=1}^{m}\sum_{j=1}^{n}(x_i+y_j)\,P(X=x_i,\ Y=y_j)$$

$$= \sum_{i=1}^{m}\sum_{j=1}^{n} x_i\,P(X=x_i\,Y=y_j) + \sum_{i=1}^{m}\sum_{j=1}^{n} y_j(X=x_i, Y=y_j)$$

$$E(X)\times E(Y) \qquad \ldots\ldots (4.11)$$

यह सूत्र सतत वंटनों के लिए भी सरलता से सिद्ध हो सकता है ।

भाग २

परिकल्पना की जाँच (Testing of Hypothesis)

और

कुछ महत्त्वपूर्ण प्रायिकता वंटन (Probability Distributions)

अध्याय ५

मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि

§ ५.१ क्या बचपन में आपको परियों की कहानी पढ़ने का शौक रहा है ? यदि हाँ तो आपने उस विचित्र बर्तन के बारे में अवश्य सुना होगा जिसमें शहद भरा रहता था और चाहे जितना शहद उसमें से निकाल लें वह खाली नहीं होता था। यदि मैं आपको शहद से भरा हुआ एक बर्तन देकर कहूँ कि लीजिए यही वह प्रसिद्ध बर्तन है जिसके बारे में आपने बचपन में बहुत कुछ पढ़ा-सुना होगा तो आप मेरे इस कथन की जाँच कैसे करेंगे ?

आप कहेंगे कि इस कथन की सचाई की जाँच करने में क्या रखा है। अपने मित्रों को एक पार्टी दीजिए और उसमें सबको काफी मात्रा में शहद बाँट दीजिए। यदि बर्तन खाली हो जाता है तो कथन गलत है। लेकिन कल्पना कीजिए कि बर्तन वास्तव में भरा का भरा ही रहता है तब आपको आश्चर्य होगा और कदाचित् मेरे कथन की सचाई में विश्वास ही हो जाय। लेकिन यदि आपका दृष्टिकोण आलोचनात्मक है तो आप निश्चय ही मेरे कथन को सत्य मानना पसन्द नहीं करेंगे। आप कह सकते है कि यद्यपि इस प्रथम जाँच में यह बर्तन खाली नहीं हुआ, परन्तु इससे यह तो सिद्ध नहीं होता कि यह वही बर्तन है जिसका कहानियों में वर्णन है। वह तो कभी खाली होता ही नहीं था। यदि यह बर्तन प्रथम प्रयास में खाली नहीं हुआ तो यह नहीं कहा जा सकता कि यह कभी खाली होगा ही नहीं। फिर भी यदि बर्तन बार-बार जाँच में उत्तीर्ण हो तो आपका विश्वास मेरे कथन पर दृढ़तर होता जायगा।

§ ५.२ इस प्रकार हम देखते है कि यदि किसी कथन से ऐसा निष्कर्ष निकलता है जो अनुभव के विपरीत है तो हम उस कथन को झूठ समझते हैं। परन्तु यदि अनुभव उस निष्कर्ष के अनुकूल है तब भी हम यह नहीं समझ बैठते कि कथन सिद्ध हो गया। बल्कि केवल उस कथन में हमारा विश्वास दृढ़तर होता जाता है। यदि आपको परियों की कहानियों में न तो दिलचस्पी हो और न विश्वास तो उस दशा में आप उपयुक्त कथन के प्रयोग करने का भी कष्ट न करेंगे और प्रारम्भ से ही मुझे झूठा समझेंगे।

यद्यपि बिना प्रयोग के ही अपना मत स्थिर कर लेना किसी वैज्ञानिक के लिए उचित नहीं है, फिर भी आपके इस मत से मुझे कुछ विरोध नहीं है। इसके लिए एक विश्वसनीय उदाहरण देता हूँ।

§ ५.३ श्रीयुत 'क' पर आरोप लगाया जाता है कि उन्होंने 'ख' का खून किया है। यह कहा जा सकता है कि २५ सितम्बर की रात को श्री 'ख' कलकत्ते से दिल्ली जानेवाली गाड़ी में बहुत-सा धन लेकर यात्रा कर रहे थे। श्री 'क' उनके डिब्बे में घुस गये और श्री 'ख' के सो जाने पर उन्होंने धन चुराने का प्रयास किया। परन्तु श्री 'ख' की अचानक नींद टूट जाने पर उन्होंने शोर-गुल मचाना चाहा। यह देखकर श्री 'क' घबरा गये उन्होंने पिस्तौल निकालकर उसी दम श्री 'ख' का काम तमाम कर दिया।

यह पुलिस का कहना है। पुलिस ने श्री 'क' को तीन दिन पश्चात् दिल्ली में गिरफ्तार किया जब उनके पास उन नोटों में से कुछ पाये गये जो श्री 'ख' के पास दिल्ली जाते समय थे। आइये, जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन हमने परियों की कहानी में किया था उसका प्रयोग पुलिस के इस कथन पर करके देखें।

कथन है "श्री 'क' ने श्री' ख' को २५ सितम्बर की रात में कलकत्ते से जानेवाली रेलगाड़ी में मार डाला।"

यदि यह कथन सच है तो यह निष्कर्ष निकलता है कि २५ सितम्बर की रात को 'क' और 'ख' एक ही रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे थे। यदि यह निष्कर्ष गलत सिद्ध हो जाय तो उपयुक्त कथन भी स्वभावतः गलत सिद्ध हो जायगा। मान लीजिए कि कई गवाह शपथपूर्वक यह कहने को तैयार हैं कि 'क' २५ सितम्बर की रात को दिल्ली में थे और यही नहीं २४ तारीख से ही वे दिल्ली में रह रहे हैं। इस गवाही के बाद और यह जानते हुए कि एक ही व्यक्ति एक ही समय पर दो विभिन्न स्थानों में नहीं रह सकता, मूल कथन झूठा सिद्ध हो जाता है।

इसके विपरीत मान लीजिए कि कुछ गवाह इस निष्कर्ष की पुष्टि करते हैं कि श्री 'क' और श्री 'ख' एक ही रेलगाड़ी से यात्रा कर रहे थे। इस गवाहो से यह सिद्ध नहीं होता कि 'क' ने 'ख' का खून किया था। परन्तु पुलिस का कथन इस कारण अधिक विश्वसनीय हो जाता है।

यदि पुलिस के कथन से अनेकों निष्कर्ष निकाले जायँ जिनकी पुष्टि गवाहों द्वारा हो तो न्यायाधीश का विश्वास उनकी कहानी की सचाई में क्रमशः दृढ़तर होकर प्रायः असंदिग्धता में परिणत हो सकता है। फिर भी निष्कर्ष के प्रतिकूल एक

भी गवाही मिलने पर उन सब गवाहियों का प्रभाव नष्ट हो जाता है जो कथन के निष्कर्षों के अनुकूल थीं।

मान लीजिए कि निम्नलिखित बातें सिद्ध हो जाती हैं—

(१) 'क' 'ख' से परिचित था।

(२) 'ख' के खून के कुछ ही दिन पूर्व 'क' और 'ख' में किसी ज़मीन के टुकड़े के स्वामित्व को लेकर बहुत झगड़ा हुआ था।

(३) 'क' और 'ख' एक ही गाड़ी से यात्रा कर रहे थे।

(४) जब 'क' दिल्ली से रवाना हुआ तब उसके पास प्रायः कुछ भी नहीं था। परन्तु जब वह पकड़ा गया तो उसके पास नगद १,००० रुपया निकला।

जब वादी उक्त घटनाओं की पुष्टि गवाही द्वारा कर चुका हो तो एक और घटना प्रकाश में आती है—

(५) जब 'ख' ने दिल्ली के लिए टिकट खरीदा तो 'क' ने उसका पीछा किया और उसी डिब्बे में एक सीट रिज़र्व करा ली।

यदि घटना नम्बर (३) पहिले ही ज्ञात नहीं होती तो इस नयी घटना से वादी के कथन की सचाई में विश्वास बहुत बढ़ जाता। परन्तु घटना नम्बर (३) के सिद्ध होने के पश्चात् इसका महत्त्व पहिले की अपेक्षा बहुत कम हो जाता है। फिर भी यदि हम घटना नम्बर (४) पर विचार करें तो घटना नम्बर (३) के सिद्ध होने के पश्चात् भी इससे वादी के कथन को काफी बल मिलता है।

§ ५.४ यदि नवीन साक्ष्य विश्वसनीय पूर्वज्ञात घटनाओं से बहुत अधिक संबंधित हो तो साक्ष्य में हमें अधिक विश्वास होगा। परन्तु इस साक्ष्य से हमारे विश्वासों में अन्तर नहीं पड़ता। और यदि पड़ता भी है तो अधिक नहीं। इसके विपरीत यदि यह नवीन साक्ष्य पूर्व ज्ञात घटनाओं से एकदम असंबंधित हो तो यह हमारे पूर्व निश्चित विचारों को बल देने में अथवा उनको खंडित करने में बहुत महत्त्व रखता है।

मनुष्य का मस्तिष्क प्रायः इसी प्रकार कार्य करता है। यह ऐसा क्यों करता है? यह ऐसा प्रश्न है जिसकी इस पुस्तक में चर्चा करना उचित प्रतीत नहीं होता। इस कार्य के लिए कदाचित् कोई मनोवैज्ञानिक ही सबसे अधिक उपयुक्त है। बल्कि हमें विश्वास है कि उसे भी इसका उत्तर देने में बहुत कठिनाई पड़ेगी। संभवतः उसका मस्तिष्क भी इसी प्रकार कार्य करता है और वह हमें इस समस्या के अपने हल के बारे में विश्वास दिलाने के लिए जो युक्तियाँ देगा उसमें भी वह इस सिद्धान्त का प्रयोग करेगा। इसके अलावा हम इस बात की भी चर्चा नहीं करेंगे कि इन सिद्धान्तों का प्रयोग

कहाँ तक युक्तियुक्त है। यह असंभव है कि इस प्रकार का कोई भी तर्क गूढ़ और जटिल न हो जाये। विभिन्न व्यक्तियों की भिन्न-भिन्न राय हो सकती है। सबसे कठिन समस्या तो यह निश्चय करने की है कि युक्तियुक्त आचरण क्या है। सांख्यिकी की एक पुस्तक का लेखक, जो अपने परिहासशील स्वभाव के लिए जरा भी प्रसिद्ध नहीं है तथा जो एक गम्भीर वैज्ञानिक माना जाता है, युक्तियुक्त आचरण की परिभाषा देते हुए लिखता है कि यह वह आचरण है जिसे वह लेखक युक्तियुक्त समझता है। यद्यपि इस प्रकार की कोई भी परिभाषा बिलकुल भी युक्तिसंगत ज्ञात नहीं होती तथापि यह हो सकता है कि पाठकों का बहुमत इस लेखक के साथ हो। इस परिभाषा के बारे में ही नहीं किन्तु इस बारे में भी कि निर्णय किस प्रकार किया जाये और निष्कर्ष कैसे निकाला जाये।

§ ५५ हमने ऊपर यह दिखलाया है कि मानव मस्तिष्क किसी कथन के अनुमोदन में अथवा उसके विपरीत साक्ष्य को किस प्रकार तौलता है। प्रायः ऐसी ही बात उस समय भी दृष्टिगोचर होती है जब कथन का निष्कर्ष झूठ या गलत तो नहीं सिद्ध होता, परन्तु निष्कर्ष असंभाव्य (improbable) मालूम होता है। कई लोगों का, जो सिनेमा को बहुत आलोचनात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं, यह मत है कि भारतीय चित्रों में कथा, घटना-चक्र, काल और वातावरण बनावटी तथा वास्तविकता से बहुत दूर होता है। मनुष्यों का जो आचरण और व्यवहार उसमें दिखाया जाता है वह प्रायः अस्वाभाविक होता है। उदाहरण के लिए अभिनेता का कोड़ों द्वारा पीटे जाने और भयंकर पीड़ा दिये जाने पर गाना अथवा अभिनेत्री का अपनी माँ की मृत्यु पर आँसू बहाने के साथ साथ गीत गाना। स्त्रियों को ऐसे वस्त्र पहने हुए दिखाया जाता है कि जो पहले कभी नहीं देखे गये यद्यपि चित्र के पश्चात् उनका काफी चलन हो सकता है। एक पढ़े लिखे संभ्रान्त व्यक्ति को सड़कों पर नाचता और गाता हुआ दिखाया जाता है। इन सभी दशाओं में आलोचनात्मक दृष्टिकोणवाले व्यक्तियों का यह विचार होता है कि यह सब बनावटी और अस्वाभाविक है। जब कोई यह कहता है कि कोई आचरण या घटना अस्वाभाविक है तब इसके अर्थ यही होते हैं कि साधारणतया कोई मनुष्य इस तरह की घटनाओं की अथवा आचरण की आशा नहीं करता। यदि चित्र में ये दिखाये जाते हैं तो आपके मन में बराबर यही विचार आयेगा कि वास्तविक जीवन में ऐसा कभी नहीं हो सकता। यहाँ तक कि यदि निर्माता चित्र के आरम्भ में यह घोषणा भी कर दे कि चित्र के पात्र और घटनाएँ वास्तविक जीवन से ही ली गयी हैं तब भी आपको विश्वास नहीं होगा।

आखिर ऐसा क्यों ? क्या यह असंभव है कि कोई लड़की अपनी माँ के मरने पर एक दुःख भरा गीत गाये ? मुझे तो यह असंभव नहीं मालूम पड़ता यद्यपि किसी भी लड़की से इस प्रकार के आचरण की कोई भी आशा नहीं रखता। दूसरे इस प्रकार के आचरण की संभावना भी बहुत कम है। यदि आप इसे प्रायिकता की भाषा में व्यक्त करना चाहें तो कह सकते हैं कि इस घटना की प्रायिकता बहुत कम है। यद्यपि इस प्रायिकता का ठीक-ठीक मान अथवा अनुमान किसी को भी नहीं मालूम होता। लेकिन यदि हम यह कहें कि प्रायिकता दस सहस्र में एक से कम है तो कदाचित् भूल नहीं होगी। जब हमें कोई कभी ऐसी घटना का वर्णन सुनाता है जिसकी प्रायिकता बहुत कम हो तो उस पर हमें सहज ही विश्वास नहीं हो जाता।

मान लीजिए कि कोई व्यक्ति एक ऊँचे मकान की छत से सड़क पर कूद पड़ता है। साधारणतया हम यह अपेक्षा करते हैं कि यदि वह व्यक्ति मरने से बच भी गया तो बुरी तरह आहत तो अवश्य ही होगा। यदि किसी चित्र में यह दिखाया जाय कि एक लड़का इस प्रकार कूदता है और आहिस्ता से सड़क पर जाकर भीड़ में मिल जाता है जहाँ कोई इस बात पर ध्यान भी नहीं देता तो कदाचित दर्शकों का इस दृश्य से मनोविनोद तो अवश्य होगा, परन्तु कोई भी गंभीरतापूर्वक ऐसी घटना के वास्तविक जीवन में घटने की कल्पना नहीं कर सकेगा।

अब यही घटना यदि सिनेमा में नहीं दिखाई जाती बल्कि एक ऐसे व्यक्ति द्वारा आपको सुनाई जाती जिसकी ईमानदारी में आपको पूरा भरोसा है और यदि वह यह कहता कि उसने यह घटना स्वयं देखी है तो आप पर इसका क्या प्रभाव पड़ता ? शायद शुरू में आप सोचते कि उस व्यक्ति को कुछ धोखा हुआ हो, परन्तु यदि वह बहुत बलपूर्वक अपने कथन का समर्थन करे और उसके मस्तिष्क के संतुलन और वैज्ञानिक प्रेक्षण की आदत से आप परिचित हों तो आपको उसकी बात का विश्वास करना होगा। आपको आश्चर्य तो अवश्य होगा परन्तु आप यही सोचेंगे कि एक बहुत ही विचित्र घटना घटी।

क्या कारण है कि एक ही घटना के बिलकुल एक ही प्रकार के शब्दों के दो भिन्न व्यक्तियों द्वारा दिये गये वर्णनों की इतनी विभिन्न प्रतिक्रिया होती है ? पहले व्यक्ति के बारे में आप जानते हैं कि उसे विचित्र बातें गढ़ कर सुनाने का शौक है या झूठ बोलने में उसे कोई हिचकिचाहट नहीं होती। इस दशा में यदि वह किसी अनहोनी घटना का वर्णन करता है तब आप यही समझते हैं कि यह गप्प लगा रहा है। दूसरे व्यक्ति के बारे में आप यह जानते हैं कि वह अपने जीवन में आज तक झूठ बोला ही नहीं। ऐसी

दशा में आपको यह संभव न मालूम होगा कि आज वह बिना कारण आपसे झूठ बोल रहा है। अब दो घटनाएँ हैं और दोनों ही की प्रायिकताएँ बहुत कम हैं। एक तो यह घटना है कि एक लड़का घर की तीसरी मंजिल से भरी हुई सड़क पर बिना किसी दुर्घटना के और बिना किसी का ध्यान आकर्षित किये कूद जाता है और दूसरी घटना यह है कि एक मनुष्य जिसने आज तक झूठ नहीं बोला आज बिना कारण झूठ बोल रहा है। यदि इन दो घटनाओं की प्रायिकता की तुलना करने पर—यद्यपि हमारे पास इन प्रायिकताओं का सही मान प्राप्त करने का कोई तरीका नहीं है परन्तु केवल अवचेतन मन में ही यह तुलना संभव है—आप यह तय करते हैं कि उस मनुष्य को झूठ बोलने की संभावना इस अनहोनी घटना से भी कम है तब आपको उस मनुष्य का विश्वास हो जायेगा, और आप यही सोचेंगे कि कैसी विचित्र घटनाएँ घट सकती हैं!

इस सारे विवाद का तात्पर्य यह है कि ऐसी घटनाओं में किसी को सहज ही विश्वास नहीं होता जिनकी प्रायिकता बहुत कम होती है। यदि किसी कथन से कुछ ऐसा निष्कर्ष निकलता हो जिसके होने की संभावना बहुत कम हो तो पहिले तो हम यह तय करते हैं कि निष्कर्ष सत्य नहीं हो सकता, क्योंकि इसकी प्रायिकता बहुत कम है। इस निष्कर्ष को असत्य मानने का स्वाभाविक परिणाम होता है कि हम उस कथन को भी असत्य मान लेते हैं जिससे इस विचित्र और अविश्वसनीय निष्कर्ष का जन्म हुआ था।

§ ५·६ यही वह मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि है जिस पर परिकल्पना की जाँच का सांख्यिकीय सिद्धान्त (Statistical theory of testing of hypothesis) आधारित है। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक आचरण को जो एक साधारण मनुष्य के लिए स्वाभाविक है और जिसके लिए वह किसी प्रकार के सोचने-विचारने की आवश्यकता नहीं समझता, सांख्यिकी के विद्वानों ने तर्क द्वारा युक्ति-संगत ठहराया है। मान लीजिए कि उन सब घटनाओं को जिनकी प्रायिकता एक प्रतिशत या उससे कम हो हम असंभव समझ लें और ऐसी घटनाओं से संबंधित कथन को झूठा या गलत समझें तो हमारे इस निष्कर्ष के गलत होने की प्रायिकता भी एक प्रतिशत से कम ही होगी। यदि कथन वास्तव में झूठा है तो हमारा निष्कर्ष सत्य ही है। और यदि कथन सत्य है तो हम उस निष्कर्ष को उस समय ही झूठा मानेंगे जब वह असंभव मालूम होनेवाली घटना सचमुच घटित हो जाय। क्योंकि हम जानते हैं कि उस घटना की प्रायिकता एक प्रतिशत से कम है, इसलिए इस प्रकार उपर्युक्त सिद्धान्त के अनुसार कथनों को झूठा मानने की प्रायिकता भी एक प्रतिशत से कम ही होगी। विद्वानों के इस दृष्टिकोण का विकास हम अगले अध्यायों में करेंगे जिसमें कुछ विस्तार से इस प्रकार की युक्ति

और दर्शन पर विचार होगा। यहाँ तो हम केवल सांख्यिकीय पद्धति से जाँच के कुछ उदाहरण देंगे और ऐसे प्रायिकता-वंटनों का परिचय करायेंगे जो बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी हैं।

§ ५.७ मान लीजिए कि एक रोग है जिससे पीड़ित अधिकतर रोगी मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। वैज्ञानिक अवश्य ही ऐसे रोग के इलाज के लिए औषध की खोज में संलग्न होंगे। उनको यह पता है कि—

(१) इस रोग से पीड़ित सभी व्यक्ति नहीं मर जाते। कुछ ठीक भी हो जाते हैं।

(२) किसी भी औषध से सब रोगी ठीक नहीं हो जाते।

(३) यद्यपि किसी विशेष औषध से वह विशेष रोग ठीक हो जाये जिसके लिए वह औषध दी गयी थी तथापि यह संभव है कि रोगी को अन्य कोई रोग भी हो और औषध का ठीक प्रभाव होते हुए भी वह मर जाये।

इस दशा में यदि उस औषध के उपयोग से मृतकों के अनुपात में कमी हो सके और वह पुराने उच्च स्तर से नीचे उतर आये तो यह सचमुच ही प्रगति का सूचक है। नवीन औषध का उपयोग वास्तव में ठीक दिशा में प्रभाव डाल रहा है अथवा नहीं यह निर्णय करने के लिए यह जानने की आवश्यकता है कि जिस समय कोई औषध नहीं दी जाती थी उस समय रोगियों में मरनेवालों का अनुपात क्या था तथा इस औषध के देने से इस अनुपात में क्या अन्तर पड़ा।

कल्पना कीजिए कि सैकड़ों डाक्टरों के अनुभव के आधार पर, जिन्होंने इस रोग से पीड़ित हजारों व्यक्तियों को देखा है, हमें यह ज्ञात है कि इस प्रकार के रोगियों में मृतक-अनुपात २०% है। अब जिस नयी औषध से इस रोग के इलाज में प्रगति की आशा की जाती है उसका प्रयोग हम अनियमित अथवा यादृच्छिक रूप से चुने हुए सौ रोगियों पर करते हैं। यदि हमारा प्रतिदर्श (sample) कुल रोगियों का सच्चा प्रतिनिधि है—उदाहरण के लिए रोगियों की उम्र और उनके रोग की दशा कुल रोगियों के समूह में और इस प्रतिदर्श में समान अनुपात में है—और यदि इस नयी औषध से कुछ लाभ नहीं होता तो इन सौ रोगियों में से २० की मृत्यु की आशंका है। या तो २० की ही मृत्यु होगी या संयोग से कुछ कम या अधिक व्यक्ति भी मर सकते हैं। यदि यह मान लिया जाये कि औषध का प्रभाव रोग पर कुछ भी नहीं होता तो रोगियों में से केवल दस मरने की प्रायिकता कितनी है?

यदि यह प्रायिकता इतनी काफी है कि संयोग से ऐसी घटना होने पर हमें कुछ भी आश्चर्य नहीं होगा तो हम यही कह सकते हैं कि कदाचित् इस औषध का कुछ गुण-

कारी प्रभाव इस रोग पर पड़ता हो, परन्तु इस प्रयोग से जो एक सौ रोगियों पर किया गया यह दावा सिद्ध नहीं होता। इसके बारे में अधिक निश्चित होने के लिए हमें प्रतिदर्श को और भी बड़ा करने की आवश्यकता है। इस प्रकार की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया की हम आशा रखते हैं क्योंकि यह कथन कि इस औषध से कुछ लाभ नहीं होता उसी समय झूठा माना जायगा जब कि प्रेक्षित मृत्यु-संख्या की प्रायिकता ऊपर लिखी हुई परिकल्पना के आधार पर बहुत ही कम निकले। यदि यह प्रायिकता काफी बड़ी हो तो कोई कारण नहीं है कि इस परिकल्पना को झूठा माना जाये। फिर भी यदि प्रेक्षित मृत्यु-संख्या उस संख्या से कम है जिसकी आशंका थी तो हो सकता है कि वास्तव में औषध गुणकारी हो। परन्तु निश्चयपूर्वक जानने के लिए और अधिक प्रेक्षणों की आवश्यकता है।

इसके पूर्व कि हम यह कह सकें कि क्या संख्या प्रायः संभव है और क्या नहीं, हमें यह ज्ञात होना चाहिए कि प्रायिकता की गणना कैसे की जाये। भिन्न-भिन्न मृत्यु-संख्याओं की प्रायिकता हमें मालूम होनी चाहिए। यदि चिकित्सा से कुछ लाभ नहीं होता तो रोगियों में मृत्यु को प्राप्त होनेवालों का अनुपात २०% होना चाहिए। भिन्न-भिन्न संख्या के प्रतिदर्शों में इस अनुपात में कहाँ तक अंतर पड़ सकता है ?

यदि हम केवल एक रोगी पर प्रयोग करके देखते हैं तो दो घटनाओं की संभावना है, या तो वह ठीक हो जायेगा या उसकी मृत्यु हो जायेगी। पहली दशा में प्रतिदर्श में मृतकों का अनुपात शून्य प्रतिशत है जब कि दूसरी दशा में यह अनुपात शत प्रतिशत होगा। पहली दशा में यह अनुभव से प्राप्त औसत अनुपात से (जो २०% है) बहुत कम होगा। परन्तु यह इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि औषध वास्तव में गुणकारी है। बिना इस औषध के भी ८०% लोग ठीक हो ही जाते थे और यदि यह विशेष रोगी ठीक हो जाता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। इसी प्रकार रोगी के मरने पर यह कहना भी ठीक नहीं कि इस औषध से कुछ भी लाभ नहीं होता या इससे हानि ही होती है। इस प्रकार यह मालूम होता है कि केवल एक रोगी पर प्रयोग करके हम किसी निश्चित मत पर नहीं पहुँच सकते। इसके लिए हमें अधिक रोगियों पर परीक्षण करना आवश्यक है।

अब यदि दो रोगियों पर प्रयोग किया जाये तो निम्न तीन घटनाओं की संभावना है—

(१) दोनों रोगी मर जायें।

(२) एक रोगी मर जाये और एक ठीक हो जाये।

(३) दोनों रोगी ठीक हो जायें।

यदि औषध का कुछ प्रभाव न हो तो एक रोगी के मरने की प्रायिकता $P(A)=\frac{20}{100}=\frac{1}{5}$ है और उसके ठीक हो जाने की प्रायिकता $P(B)=\frac{80}{100}=\frac{4}{5}$ है। इसी प्रकार दूसरे रोगी के मरने की प्रायिकता भी $\frac{1}{5}$ है। यह युक्तिसंगत माना जा सकता है कि एक रोगी की मृत्यु का दूसरे रोगी के ठीक होने से या उसकी मृत्यु होने से कुछ भी संबंध नही है। अर्थात् ये दोनों घटनाएँ स्वतंत्र हैं। इस कारण दोनों रोगियों के मरने की प्रायिकता

$$P(A\cap B)=P(A)P(B)$$
$$=\frac{1}{5}\times\frac{1}{5}$$
$$=\frac{1}{25}$$

यदि रोगियों को 'क' और 'ख' से सूचित किया जाये तो इस घटना की प्रायिकता कि 'क' मर जाये और 'ख' ठीक हो जाये $\frac{1}{5}\times\frac{4}{5}=\frac{4}{25}$ है। इसी प्रकार 'क' के ठीक हो जाने और 'ख' के मरने की प्रायिकता $\frac{4}{5}\times\frac{1}{5}=\frac{4}{25}$ है। इस दूसरी घटना—कि एक रोगी मर जाये और एक ठीक हो जाये—की प्रायिकता ऊपर लिखी दोनों अपवर्जी घटनाओं (exclusive events) की प्रायिकताओं के योग से प्राप्त होगी। अर्थात् इस घटना की प्रायिकता $\frac{8}{25}$ है।

दोनों रोगियों के ठीक हो जाने की प्रायिकता $\frac{4}{5}\times\frac{4}{5}=\frac{16}{25}$ है। हम इन प्रायिकताओं को एक सारिणी के रूप में निम्न तरीके से रख सकते हैं।

सारणी संख्या 5·1

घटना	घटना की प्रायिकता	मृतक अनुपात%
1	2	3
दोनों रोगियों की मृत्यु	$\frac{1}{25}$	100
एक की मृत्यु और एक का आरोग्य लाभ	$\frac{8}{25}$	50
दोनों का आरोग्य-लाभ	$\frac{16}{25}$	0

इन तीनों घटनाओं में से केवल एक ही ऐसी है जिसमें प्रायिकता इतनी कम है कि हमें इस परिकल्पना में संदेह हो जाता है कि औषध का कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता। यह वह घटना है जब दोनों रोगियों की मृत्यु हो जाती है। परन्तु यदि ऐसी दुर्घटना हो जाये तो यह विश्वास हो सकता है कि औषध हानि-कारक है। दोनों रोगियों का

ठीक हो जाना ही एक ऐसी घटना है जिसमें प्रतिदर्श में मृतक अनुपात अपेक्षित अनुपात से २०% कम है तथा जो इस बात का द्योतक हो सकती है कि औषध लाभदायक है। परन्तु यदि औषध का कुछ भी प्रभाव न पड़े तब भी इस घटना की प्रायिकता $\frac{1}{2}\frac{6}{5}=64\%$ इतनी अधिक है कि इससे कुछ भी निष्कर्ष निकालना असंभव है।

यह स्पष्ट है कि प्रतिदर्श में रोगियों की संख्या चाहे जितनी हो यदि सभी रोगी आरोग्य लाभ कर लें तो मृतक-अनुपात प्रतिदर्श में शून्य प्रतिशत होगा। "औषध का कुछ भी प्रभाव नहीं होता" इस परिकल्पना के आधार पर परिकलित इस घटना की प्रायिकता यदि इतनी अधिक है कि औषध के गुणकारी प्रभाव का विश्वास दिलाने में यह असमर्थ है तो कोई भी अन्य घटना जिसमें कुछ व्यक्ति मर जाते हैं और कुछ व्यक्तियों को लाभ हो जाता है यह विश्वास दिला ही नहीं सकती कि औषध से इस रोग में लाभ होता है। इसलिए इतने छोटे प्रतिदर्श का प्रयोग करना बेकार है।

आइए, पहले हम यह मालूम करें कि प्रतिदर्श में रोगियों की संख्या कम से कम कितनी होनी चाहिए कि उससे औषध के गुणकारी प्रभाव का विश्वास दिलाने की संभावना तो रहे। इसमें हमें ऐसी संख्या का पता लगाना है कि सब रोगियों के आरोग्य लाभ की प्रायिकता बहुत कम हो। इतनी कम कि लोगों को विश्वास न हो कि बिना औषध-प्रभाव के ऐसी घटना घट सकती है। नीचे सारणी में कुछ प्रतिदर्श संख्याएँ और तत्संबंधी सभी रोगियों के आरोग्य लाभ की प्रायिकताएँ दी गयी हैं।

सारणी संख्या 5·2

प्रतिदर्श-संख्या	सभी रोगियों के आरोग्य लाभ की प्रायिकता
(1)	(2)
3	$\left(\frac{4}{5}\right)^3=\frac{64}{125}=0\cdot512$
4	$\left(\frac{4}{5}\right)^4=\frac{256}{625}=0\cdot4096$
5	$\left(\frac{4}{5}\right)^5=\frac{1028}{3125}=0\cdot32768$
10	$\left(\frac{4}{5}\right)^{10}=\ldots\ldots=0.1074$
100	$\left(\frac{4}{5}\right)^{100}=\ldots\ldots=0.000,000,000,200$

प्रतिदर्श-संख्या दस तक सभी रोगियों के आरोग्य-लाभ की प्रायिकता बिना औषध के प्रभाव के भी इतनी है कि यह औषध के लाभकारी होने में विश्वास दिलाने के लिए यथेष्ट नहीं है। शायद हमें उस समय तक विश्वास नहीं हो सकेगा जब तक इस घटना की प्रायिकता ५% से कम न हो। प्रतिदर्श संख्या सौ में इस घटना की प्रायिकता इतनी कम है--अर्थात् एक अरब में दो--कि यदि वास्तव में यह घटना घटित हो जाय तो हमें पूरा भरोसा हो जायगा कि यह औषध रोग की चिकित्सा में चमत्कारी है।

आपको याद होगा कि हमने उदाहरण सौ रोगियों के प्रतिदर्श से आरंभ किया था जिसमें दस रोगियों की मृत्यु हुई थी। प्रश्न यह है कि यदि औषध का कुछ भी प्रभाव नहीं होता तो ऐसी घटना कहाँ तक संभव थी। हम दस अथवा दस से कम मृत्यु की प्रायिकता का परिकलन औषध के प्रभावहीन होने की परिकल्पना पर करना चाहेंगे। इसका कलन भी उतना ही सरल है जितना कि छोटे प्रतिदर्शों में हमने पाया था। इनके फलों को सारणी के रूप में नीचे दिया है। यदि प्रयोग के इस फल से हम यह तय करते हैं कि परिकल्पना झूठी है तो यह तय है कि यदि मृत्युसंख्या इससे भी कम होती तो भी हम--शायद और भी विश्वास के साथ--परिकल्पना को झूठा समझते। हम यह जानना चाहेंगे कि यदि परिकल्पना सत्य होती तो इस प्रकार की त्रुटि की--उसको झूठ मानने की--क्या प्रायिकता है। इसके लिए हमें सारणी संख्या 5.3 में दी हुई प्रायिकताओं का योग करना होगा। यह योग 0·0057 है। इसके साथ ही हम

सारणी संख्या 5.3

घटना	घटना की प्रायिकता	मृतक-अनुपात प्रतिशत
1	2	3
100 रोगियों को आरोग्य-लाभ	$\left(\frac{4}{5}\right)^{100}$	0
99 को आरोग्य-लाभ व १ की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{99}\left(\frac{1}{5}\right)\times 100$	1
98 को आरोग्य-लाभ व २ की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{98}\left(\frac{1}{5}\right)^{2}\times\binom{100}{2}$	2
97 को आरोग्य-लाभ व ३ की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{97}\left(\frac{1}{5}\right)^{3}\times\binom{100}{3}$	3
96 को आरोग्य-लाभ व ४ की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{96}\left(\frac{1}{5}\right)^{4}\times\binom{100}{4}$	4

घटना	घटना की प्रायिकता	मृतक-अनुपात प्रतिशत
1	2	3
95 को आरोग्य-लाभ व 5 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{95}\left(\frac{1}{5}\right)^{5}\binom{100}{5}$	5
94 को आरोग्य-लाभ व 6 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{94}\left(\frac{1}{5}\right)^{6}\binom{100}{6}$	6
93 को आरोग्य-लाभ व 7 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{93}\left(\frac{1}{5}\right)^{7}\binom{100}{7}$	7
92 को आरोग्य-लाभ व 8 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{92}\left(\frac{1}{5}\right)^{8}\binom{100}{8}$	8
91 को आरोग्य-लाभ व 9 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{91}\left(\frac{1}{5}\right)^{9}\binom{100}{9}$	9
90 को आरोग्य-लाभ व 10 की मृत्यु	$\left(\frac{4}{5}\right)^{90}\left(\frac{1}{5}\right)^{10}\binom{100}{10}$	10

यह कह सकते हैं कि यदि हम सौ-सौ रोगियों के दस सहस्र प्रतिदर्शों का अवलोकन करें तो केवल 57 में ही दस अथवा उससे कम मृत्यु संख्या होगी। इस प्रकार के प्रयोग-फल से यह धारणा बनती है कि यह औषध लाभदायक है।

सारणी 5.3 में दी हुई ग्यारह घटनाओं की प्रायिकताओं की गणना हमने किस प्रकार की? पहली घटना में तो यह गणना बहुत ही सरल है। सौ घटनाएँ हैं जिनमें से हर एक की प्रायिकता $(\frac{4}{5})$ है और वे एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। इसलिए इन सब घटनाओं के होने की प्रायिकता उनकी भिन्न-भिन्न प्रायिकताओं का गुणन अर्थात् $(\frac{4}{5})^{100}$ है।

दूसरी घटना के लिए मान लीजिए कि एक विशेष रोगी A_1 तो मर जाता है और अन्य सब रोगी आरोग्य-लाभ करते हैं। इस घटना की प्रायिकता $(\frac{4}{5})^{99}\times(\frac{1}{5})$ है। अब हम यदि इसी प्रकार की एक अन्य घटना की प्रायिकता का कलन करें जिसमें एक अन्य रोगी A_2 तो मर जाता है और अन्य रोगियों को आरोग्य-लाभ होता है तो वह भी $(\frac{4}{5})^{99}\times(\frac{1}{5})$ होगी। कौन-सा विशेष रोगी मरता है इस पर निर्भर कुल एक सौ घटनाएँ हैं जिनकी प्रायिकताएँ $(\frac{4}{5})^{99}\times(\frac{1}{5})$ हैं। इसलिए इनमें से किसी घटना के होने की—सौ में से किसी एक रोगी के मरने की—प्रायिकता $(\frac{4}{5})^{99}\times(\frac{1}{5})\times 100$ है।

इसी प्रकार मान लीजिए कि दो विशेष रोगी A_1 और A_2 तो मर जाते हैं तथा अन्य सब ठीक हो जाते हैं। इस घटना की प्रायिकता $(\frac{4}{5})^{98} \times (\frac{1}{5})^2$ है। हम यह भी जानते हैं कि सौ रोगियों में से दो रोगियों के $\binom{100}{2}$ कुलक (*sets*) बनाये जा सकते हैं। इनमें से यदि किसी विशेष कुलक के रोगी मर जायें तथा अन्य सबको आरोग्य-लाभ हो तो इसकी प्रायिकता, जैसे हम ऊपर देख चुके है, $(\frac{4}{5})^{98} \times (\frac{1}{5})^2$ है। इसलिए कुल प्रायिकता कि कोई भी दो रोगी मर जायें और अन्य आरोग्य-लाभ करें $(\frac{4}{5})^{98} \times (\frac{1}{5})^2 \times \binom{100}{2}$ है। इसी प्रकार के तर्क से अन्य सब प्रायिकताओं का कलन किया जा सकता है।

अध्याय ६

द्विपद वंटन (Binomial Distribution)

§ ६·१ द्विपद वंटन

पिछले अध्याय के अन्त में दी हुई प्रायिकताओं के गणन का एक व्यापक सूत्र है जिसको चतुर पाठक कदाचित् अब तक मालूम भी कर चुका होगा। मान लीजिए कि एक यादृच्छिक प्रयोग (random experiment) के दो ही फल हो सकते हैं A और A' जिनमें A की प्रायिकता p है और A' की प्रायिकता $1-p=q$ है। यदि इस यादृच्छिक प्रयोग को N बार दोहराया जाये तो इस घटना की प्रायिकता कि n बार A औ $N-n$ बार A' घटित हो $\binom{N}{n} p^n q^{(N-n)}$ है। प्रयोग को N बार दुहराने से जितनी बार A घटित हो वह संख्या एक यादृच्छिक चर है। इस चर का मान n होने की प्रायिकता $\binom{N}{n} p^n q^{(N-n)}$ है। यही हमारे यादृच्छिक चर का वंटन है।

यह वंटन द्विपद वंटन के नाम से विख्यात है। इसका कारण यह है कि A के घटने की भिन्न-भिन्न संख्याओं की प्रायिकताएँ $(p+q)^N$ के द्विपद विस्तार से प्राप्त होती है। $(p+q)^N$ का द्विपद विस्तार निम्नलिखित है--

$$(p+q)^N = q^N + \binom{N}{1} q^{N-1} p + \binom{N}{2} q^{N-2} p^2 + \cdots\cdots + \binom{N}{n} q^{N-n} p^n + \cdots\cdots + \binom{N}{N-2} q^2 p^{N-2} + \binom{N}{N-1} q^1 p^{N-1} + \binom{N}{N} p^N$$

इस बहुत ही महत्त्वपूर्ण और साधारण द्विपद वंटन के कुछ और उदाहरणों पर अब हम विचार करेंगे।

§ ६·२ द्विपद वंटन के उपयोग के कुछ उदाहरण

(१) प्रायः सभी पाठक इस कहावत से परिचित होंगे कि "भूल करना मनुष्य का स्वभाव है।" कुशल से कुशल व्यक्ति भी कहीं न कहीं त्रुटि कर ही बैठते है। वे इसी अर्थ में कुशल माने जाते हैं कि नौसिखियों की अपेक्षा उनकी त्रुटियों की बारंबारता बहुत कम होती है। एक टाइपिस्ट का विचार कीजिए—चाहे उसे टंकन (type) करते हुए दस वर्ष बीत गये हों, पर यह असंभव है कि टंकन करने में उसकी कभी त्रुटि नही होती। विशेष रूप से विचार करने के लिए मान लीजिए कि किसी एक पृष्ठ पर कम से कम त्रुटि होने की प्रायिकता पच्चीस प्रतिशत है—अर्थात् यदि हम टंकन किये हुए अनेक पृष्ठों की परीक्षा करें तो उनमें लगभग एक चौथाई में एक या अधिक त्रुटियाँ होंगी। अब यदि यह दशा एक अनुभव-शील टाइपिस्ट की है तो नये व्यक्ति से इससे कम त्रुटियाँ करने की आशा करना व्यर्थ है। यदि यह अनुभवशील टाइपिस्ट नौकरी छोड़ कर जा रहा हो और मैनेजर को नये आदमी की नियुक्ति करनी हो तो वह यह जानना चाहेगा कि प्रार्थी की योग्यता लगभग उस व्यक्ति के बराबर है या नहीं जो नौकरी छोड़ रहा है। यदि वह अधिक योग्य हो या लगभग बराबर योग्यता रखता हो तो नौकरी देने में कुछ आपत्ति नहीं होनी चाहिए। परन्तु यदि उसकी योग्यता बहुत कम है तो अधिक त्रुटियाँ होने के कारण काम का समय अधिक नष्ट होगा। यह जानने के लिए कि प्रार्थी की योग्यता कितनी है—एक ही तरीका है—वह यह कि उससे टंकन करवा कर परीक्षा ली जाये। मान लीजिए कि परीक्षा के लिए टाइपिस्ट को चालीस पृष्ठ टंकन के लिए दिये जाते हैं। परि-कल्पना यह है कि प्रार्थी औसतन उस व्यक्ति से अधिक त्रुटि नहीं करता जो नौकरी छोड़कर जा रहा है। इस आधार पर हमें प्रयोग में प्रेक्षित त्रुटियों की संख्या के बराबर और उनसे अधिक त्रुटियों की प्रायिकता की गणना करना है।

यदि इस प्रयोग में दस से कम पृष्ठों में ही त्रुटि पायी जाती हैं तो स्पष्टतः टंकन उस औसत मान से अपेक्षाकृत अधिक अच्छा है जिसकी हम आशा करते थे। तब तो हमें प्रायिकता का कलन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह आवश्यकता उसी समय पड़ेगी जब परिणाम औसत से खराब हो। आइये, हम देखें कि एक ऐसे प्रार्थी के बारे में मैनेजर का क्या निर्णय होना चाहिए जो इस प्रयोग में 13 पृष्ठों को त्रुटियों के कारण बिगाड़ देता है।

यदि आप मैनेजर हैं तो आप यह तो देखेंगे ही कि परिणाम आशा से खराब है, परन्तु आप यह भी जानते हैं कि ऐसा केवल संयोग से होना भी संभव है; यदि २५%

पर त्रुटियों की परिकल्पना पर आधारित प्रायिकता तेरह पृष्ठों पर भूलों के लिए काफी है तो न्यायशील होने के नाते आप प्रार्थी को असफल घोषित करना ठीक नहीं समझेंगे। शायद आप उसकी परीक्षा को और बढ़ा दें तथा उसे कुछ अधिक पृष्ठ टाइप करने को दें जिससे आप अधिक निःसंकोच होकर निर्णय कर सकें।

आइये, अब चालीस पृष्ठों में से तेरह अथवा तेरह से अधिक पर त्रुटियाँ होने की प्रायिकता की गणना की जाये। इसमें हमें अट्ठाइस भिन्न-भिन्न प्रायिकताओं की गणना करके उनका योग करना होगा। परन्तु हम इसी को एक दूसरे ढंग से भी हल कर सकते हैं जिसमें मेहनत कम हो।

P (चालीस में से तेरह अथवा उससे भी अधिक पृष्ठों पर त्रुटियाँ होना)
=1—P (चालीस में से बारह अथवा उससे भी कम पृष्ठों पर त्रुटियाँ होना)

अब बारह अथवा उससे भी कम पृष्ठों पर त्रुटियाँ होने की प्रायिकता का कलन करने के लिए केवल तेरह आरंभिक घटनाओं की प्रायिकताओं का कलन करने और उनका योग करने की आवश्यकता है। यह गणना अगले पृष्ठ की सारणी में दी हुई है।

इसलिए बारह अथवा इससे कम त्रुटियों के होने की कुल प्रायिकता

$$= \frac{3^{28}}{4^{40}} \left\{ \binom{40}{12} + 3\binom{40}{11} + 3^2\binom{40}{10} + \ \ldots\ + 3^{12} \right\}$$

$$= 0.8208658$$

∴ तेरह अथवा तेरह से अधिक त्रुटियों की प्रायिकता

$$= 1 - 0.8208658$$

$$= 0.1791342$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि "किसी पृष्ठ पर त्रुटि होने की प्रायिकता पच्चीस प्रतिशत अर्थात् 0.25 है" ऐसी परिकल्पना के आधार पर प्रयोग के फल की प्रायिकता इतनी कम नहीं है कि हम परिकल्पना को त्यागने के लिए बाध्य हो जायें और हमारा यह विश्वास हो जाये कि प्रार्थी के लिए किसी पृष्ठ पर त्रुटि होने की प्रायिकता अवश्य पच्चीस प्रतिशत से अधिक होगी। इस दशा में मैनेजर उसे नियुक्त करना अनुचित नहीं समझेगा।

(२) द्विपद वंटन का उपयोग केवल औषधियों के गुण की परीक्षा अथवा नौकरी के लिए उपयुक्त व्यक्तियों के चुनाव तक ही सीमित नहीं है। शायद इसका सबसे अधिक उपयोग व्यापार में माल के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने में होता है। पुस्तक के आरम्भ में ही हम यह देख चुके हैं कि साधारणतया मनुष्य प्रतिदर्श के आधार पर ही

सारणी संख्या 6·1

घटना	प्रायिकता
(1)	(2)
किसी पृष्ठ पर त्रुटि नहीं है	$\left(\frac{3}{4}\right)^{40}$
केवल एक पृष्ठ पर त्रुटि है	$\binom{40}{1}\left(\frac{3}{4}\right)^{39}\left(\frac{1}{4}\right)$
केवल दो पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{2}\left(\frac{3}{4}\right)^{38}\left(\frac{1}{4}\right)^{2}$
केवल तीन पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{3}\left(\frac{3}{4}\right)^{37}\left(\frac{1}{4}\right)^{3}$
केवल चार पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{4}\left(\frac{3}{4}\right)^{36}\left(\frac{1}{4}\right)^{4}$
केवल पाँच पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{5}\left(\frac{3}{4}\right)^{35}\left(\frac{1}{4}\right)^{5}$
केवल छः पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{6}\left(\frac{3}{4}\right)^{34}\left(\frac{1}{4}\right)^{6}$
केवल सात पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{7}\left(\frac{3}{4}\right)^{33}\left(\frac{1}{4}\right)^{7}$
केवल आठ पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{8}\left(\frac{3}{4}\right)^{32}\left(\frac{1}{4}\right)^{8}$
केवल नौ पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{9}\left(\frac{3}{4}\right)^{31}\left(\frac{1}{4}\right)^{9}$
केवल दस पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{10}\left(\frac{3}{4}\right)^{30}\left(\frac{1}{4}\right)^{10}$
केवल ग्यारह पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{11}\left(\frac{3}{4}\right)^{29}\left(\frac{1}{4}\right)^{11}$
केवल बारह पृष्ठों पर त्रुटि है	$\binom{40}{12}\left(\frac{3}{4}\right)^{28}\left(\frac{1}{4}\right)^{12}$

क्रय-विक्रय करते हैं। लेकिन यह बहुत कुछ अनुमान पर आधारित होता है। एक बड़ा व्यापारी जो कारखानों से बड़े पैमाने पर माल खरीदता है इस अनुमान को वैज्ञानिक रीति से लगाना चाहेगा कि जिससे उसे अधिक से अधिक लाभ हो। एक बार में उसे जो माल मिलता है उसे ढेरी (lot) कहते हैं। यद्यपि कारखानों में ये वस्तुएँ

मशीनों से बनती हैं, तथापि एक ही ढेरी की भिन्न-भिन्न वस्तुओं में भी अंतर पाया जाता है। कारखाने की भिन्न-भिन्न मशीनों में अंतर, मशीनों के समंजन (adjustment) से पड़ने वाला अन्तर, कच्चे माल में अन्तर आदि कुछ ऐसे कारण हैं जिनसे अंत में कारखाने से निकली वस्तुओं में अन्तर पड़ जाता है। कलों के उपयोग करनेवाले मजदूरों की चतुरता पर भी यह बहुत कुछ निर्भर करता है।

यदि यह अंतर साधारण-सा हो तो व्यापारी इसकी उपेक्षा कर देगा क्योंकि ग्राहक या तो इस अन्तर को पहचान ही नहीं पायेंगे या उसको कोई विशेष महत्त्व नहीं देंगे। परन्तु यह संभव है कि यह अन्तर इतना स्पष्ट हो उठे कि ग्राहक वस्तु खरीदना अस्वीकार कर दे। ऐसी वस्तुओं को दोषपूर्ण मानना होगा। कारखाने के लिए दो रास्ते हैं—एक तो यह कि वह ढेरी में से प्रत्येक वस्तु का निरीक्षण करके उनमें से दोषयुक्त वस्तुओं को निकाल दे। इस प्रकार वे माल के शत प्रतिशत अच्छे होने की प्रतिश्रुति (guarantee) दे सकते हैं। लेकिन इस तरीके में दो कठिनाइयाँ हैं। पहली तो यह कि हर एक वस्तु के निरीक्षण से भी बिलकुल निश्चयपूर्वक नहीं कह सकते कि हर वस्तु ठीक ही है। इस कथन पर पहले तो आपको आश्चर्य होगा। परन्तु निरीक्षण तो मनुष्य द्वारा ही होता है और मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक ही है। यदि एक मनुष्य सैकड़ों वस्तुओं का निरीक्षण कर चुका है और वह सब दोषरहित हैं तो यह स्वाभाविक है कि शेष वस्तुओं का निरीक्षण उतनी बारीकी से नहीं होगा। यह भी संभव है कि वह कई वस्तुओं को बिना यथेष्ट परीक्षण के ही स्वीकार कर ले। दूसरी कठिनाई यह है कि इस निरीक्षण से व्यय बढ़ जाता है।

मान लीजिए कि एक ढेरी में दस हजार वस्तुएँ हैं जिनकी कुल कीमत एक लाख रुपया है और इनमें से एक प्रतिशत दोषयुक्त है। इसका यह अर्थ हुआ कि व्यापारी एक हजार रुपये की वस्तुएँ नहीं बेच पायेगा। और यदि उसने बेच भी दीं तो संभवतः उसे उनको वापिस लेकर दोषरहित वस्तुओं से बदलना पड़े। यदि इस हानि से बचने के लिए कारखाना या व्यापारी पूर्ण निरीक्षण का प्रयोग करे जिसमें उसको एक हजार रुपये से अधिक का खर्च पड़ जाये तो इस निरीक्षण का कोई विशेष लाभ नहीं है। कुल व्यय का हिसाब लगाकर व्यापारी ढेरी में कुछ प्रतिशत दोषयुक्त वस्तुओं को सहन करना स्वीकार कर लेगा।

दूसरा रास्ता उसके लिए प्रतिदर्श पर निर्भर करता है। प्रतिदर्श कितना बड़ा होना चाहिए, यह इस पर निर्भर करता है कि व्यापारी को कितनी प्रतिशत दोषयुक्त वस्तुएँ स्वीकार करना सहन है। यदि हम त्रुटि की इस चरम प्रतिशतता को P से

सूचित करें तो हमारी सांख्यिकीय समस्या केवल इस परिकल्पना की जाँच करना है कि ढेरी में P प्रतिशत वस्तुएँ या P प्रतिशत से कम वस्तुएँ दोषयुक्त हैं। यदि प्रतिशत में दोषयुक्त वस्तुओं का अनुपात P से अधिक P' हो और उपर्युक्त परिकल्पना के आधार पर परिकलित इस घटना की प्रायिकता बहुत कम हो कि प्रतिदर्श में P' प्रतिशत अथवा उससे अधिक वस्तुएँ दोषयुक्त हैं·तो हम यह समझेंगे कि उस परिकल्पना को इस प्रयोग के आधार पर अस्वीकृत कर देना चाहिए और यह मानना चाहिए कि वास्तव में ढेरी में दोषयुक्त वस्तुओं का अनुपात P से अधिक है। इस दशा में ढेरी को अस्वीकार करना ही युक्तिसंगत है। क्योंकि P प्रतिशत ही वह पराकाष्ठा है जहाँ तक वह ढेरी का दूषित होना वहन कर सकता है।

स्पष्टतया इस उदाहरण में तथा पिछले उदाहरण में, जिसमें प्रार्थियों के चुनाव की समस्या थी, बहुत अधिक समानता है। वास्तव में वैज्ञानिक अनुसंधानों और प्रतिदिन के जीवन में, क्रय-विक्रय में, योग्य व्यक्तियों के निर्वाचन में, तथा नये-नये साधनों की कार्य-साधकता की परीक्षा में सैकड़ों ऐसे उदाहरण हमारे सामने आते हैं जिनमें हम यह जानना चाहते हैं कि कोई विशेष प्रयोगलब्ध अनुपात किसी दी हुई संख्या से बड़ा है अथवा नहीं। इन सब स्थितियों में प्रायिकताओं की गणना द्विपद वंटन की सहायता से की जाती है।

§ ६·३ द्विपद वंटन के कुछ गुण

पाठकों को इस महत्त्वपूर्ण वंटन के बारे में अधिक जानकारी करने की उत्सुकता अवश्य होगी। इसके कुछ गुणों का वर्णन नीचे दिया गया है —

(१) यह वंटन असतत है। यदि प्रतिदर्श-संख्या N है तो द्विपद-चर केवल $(N+1)$ भिन्न-भिन्न मान धारण कर सकता है जो 0, 1, 2, 3, 4,…, n,……N हैं।

(२) इस चर का मान n होने की प्रायिकता $\binom{N}{n} p^n (1-p)^{N-n}$ है। p शून्य व एक के बीच की कोई संख्या है। इस प्रकार N और p दो ऐसे मान हैं जिनसे विशेष द्विपद वंटन निर्दिष्ट हो जाता है।

(३) इसका वंटन-फलन (distribution function) याने n अथवा n से कम मान धारण करने की प्रायिकता $F(n) = \sum_{x=0}^{n} \binom{N}{x} p^x (1-P)^{N-x}$ है।

(४) परिभाषा के अनुसार इस वंटन का **माध्य** अथवा **प्रत्याशित मान**

$$\mu(n) = E(n) = \sum_{n=0}^{N} n_x \binom{N}{n} p^n q^{N-n}$$

$$= \sum_{n=0}^{N} n_x \frac{N!}{n!(N-n)!} p^n q^{N-n}$$

$$= Np \sum_{n-1=0}^{N-1} \frac{(N-1)!}{(n-1))!\,(N-n)!} p^{n-1} q^{N-n}$$

$$= Np\,(p+q)^{N-1}$$

$$= Np \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (6.1)$$

क्योंकि $p+q=1$

(5) इसी प्रकार इस वटन का प्रसरण

$$\sigma^2(n) = E[n-E(n)]^2$$

$$= E[n^2 - 2n\,E(n) + E^2(n)]$$

$$= E(n^2) - E^2(n)$$

$$E(n^2) = \sum_{n=0}^{N} n^2 \binom{N}{n} p^n q^{N-n}$$

$$= \sum_{n=0}^{N} \{n(n-1)+n\} \frac{N!}{n!\,(N-n)!} p^n q^{N-n}$$

$$= N(N-1)\,p^2 \sum_{n-2=0}^{N-2} \binom{N-2}{n-2} p^{n-2} q^{N-n}$$

$$+ Np \sum_{n-1=0}^{N-1} \binom{N-1}{n-1} p^{n-1} q^{N-n}$$

$$= N(N-1)\,p^2\,(p+q)^{N-2} + Np\,(p+q)^{N-1}$$

$$= N(N-1)\,p^2 + Np$$

$E^2(n) = N^2p^2$

इसलिए $\sigma^2(n) = N(N-1)p^2 + Np - N^2p^2$

$$= Np - Np^2$$

$$= Np(1-p)$$

$$= Npq \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (6.2)$$

हम इस वंटन के सभी घूर्णों का उपर्युक्त रीति से परिकलन कर सकते हैं। यह रीति अब तक पाठकों को स्पष्ट हो गयी होगी। इसलिए और अधिक घूर्णों की गणना करना यहाँ आवश्यक नहीं है। प्रथम दो घूर्ण माध्य व विसरण जिनका परिकलन ऊपर किया गया है अधिक महत्त्व रखते है, जैसा कि आगे हमें विदित होगा। इसके अतिरिक्त इस वंटन के अन्य गुण जैसे **माध्यिका** (median), **चतुर्थक** (quartiles) **दशमक** (deciles) या शततमक (percentiles) भी वंटन की सभी घटनाओं के ज्ञात होने के कारण परिकलित किये जा सकते हैं, किन्तु क्योंकि यह एक असतत वंटन है इसलिए परिभाषा के अनुसार यह बहुत संभव है कि कई गुण वंटन में विद्यमान न हों। मान लीजिए $N=2$ और $p=\frac{1}{3}$। इस स्थिति में n केवल तीन मान धारण करता है 0, 1 और 2। इनको धारण करने की प्रायिकताएँ क्रमशः $\frac{4}{9}$, $\frac{4}{9}$ और $\frac{1}{9}$ है। इस वंटन में कोई भी ऐसी संख्या नहीं है जिसके बराबर या उससे कम मान धारण करने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ हो। इस प्रकार परिभाषा के अनुसार इस वंटन में कोई माध्यिका नहीं है। हम चाहें तो इसको 0 और 1 के बीच की कोई संख्या मान सकते हैं क्योंकि 0 मान धारण करने की प्रायिकता $\frac{4}{9}<\frac{1}{2}$ और 0 या 1 धारण करने की प्रायिकता $\frac{8}{9}>\frac{1}{2}$ है।

परन्तु इसी तर्क से यह माध्यिका 1 और 2 के बीच की कोई संख्या भी हो सकती है। इस प्रकार किसी यथेच्छ नियम द्वारा यद्यपि माध्यिका की परिभाषा दी जा सकती है, परन्तु उसका कोई विशेष महत्त्व नहीं होगा। जिस प्रकार इस द्विपद वंटन में माध्यिका का अस्तित्व नहीं है उसी प्रकार इसमें और अन्य कई द्विपद वंटनों में दशमक, शततमक आदि का अस्तित्व नहीं होता। इसी कारण ये गुण इतने अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं समझे गये है तथा इनके परिकलन के लिए व्यर्थ चेष्टा यहाँ नहीं की गयी है।

§ ६·४ द्विपद-वंटन के लिए सारणी

इस वंटन का बहुत ही व्यापक प्रयोग होने के कारण संभव है कि एक ही N और p के मानवाले वटनों का अनेक वैज्ञानिक भिन्न-भिन्न स्थितियों में तथा भिन्न-भिन्न देशों में उपयोग करते होंगे। इन सबको बार-बार एक ही प्रकार का परिकलन यदि केवल यह जानने के लिए करना पड़े कि प्रयोग के फल को देखते हुए परिकल्पना को स्वीकार करना चाहिए अथवा नहीं, तब यह मानसिक शक्तियों का अपव्यय होगा। क्या यह नहीं हो सकता कि जिस किसीने एक बार एक विशेष वंटन के लिए परिकलन किया हो वह उसको अपनी और दूसरों की वृथा मेहनत बचाने के लिए अभिलेख-बद्ध

कर ले और प्रकाशित करा दे ? इसी विचार से सांख्यिकों ने इस वंटन की सारणी तैयार की है जिसमें

$$F(n) = \sum_{x=0}^{n} \binom{N}{x} p^x q^{n-x} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(6.3)$$

के मान N के एक से लेकर पचास तक के, n के शून्य से लेकर N तक के और P के 0.0, 0.0201, 0.03,.....,0.98, 0.99,1.00 मानों के लिए दे रखे हैं। दो उदाहरण नीचे दिये हुए है।

सारणी संख्या 6.2

दो द्विपद-वंटनों के संचित प्रायिकता फलन

$N=25$ $p=0.50$

r	$F(r)$
(1)	(2)
1	0.0000008
2	0.0000097
3	0.0000783
4	0.0004553
5	0.0020387
6	0.0073166
7	0.0216426
8	0.0538761
7	0.1147615
10	0.2121781
11	0.3450190
12	0.5000000

r	$F(r)$
(1)	(2)
13	0.6549810
14	0.7878219
15	0.8852385
16	0.9461239
17	0.9783574
18	0.9926834
19	0.9979613
20	0.9995447
21	0.9999217
22	0.9999903
23	0.9999992
24	1.0000000

$N=40$ $p=0.25$

r	$F(r)$
(1)	(2)
14	0.0000001
15	0.0000006
16	0.0000028
17	0.0000123
18	0.0000486
19	0.0001749
20	0.0005724
21	0.0017084
22	0.0046515
23	0.0115614
24	0.0262449
25	0.0544372
26	0.1032317
27	0.1791342
28	0.2848556
29	0.4160959
30	0.5604603
31	0.7001677
32	0.8180458
33	0.9037754
34	0.9567260
35	0.9839578
36	0.9953043
37	0.9989843

विस्तृत सारणी के लिए देखिए—"Tables of the Incomplete Beta-Function" by Karl Pearson.

§ ६·५ एक मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त की जाँच में द्विपद वंटन का उपयोग

हम इस अध्याय को एक मनोवैज्ञानिक प्रयोग के विवरण से समाप्त करेंगे जिसमें इस वंटन का प्रयोग होता है ।

एक ही काम करने के कई ढंग हो सकते हैं । संभव है कि एक ही मनुष्य को यह सब ढंग ज्ञात हों । यदि उसके पास सोचने का काफी समय है और मस्तिष्क भी स्वस्थ है तो वह अवश्य ही इनमें से सबसे सरल पद्धति को अपनायेगा । यह एक मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त है कि यदि मनुष्य थका हुआ हो अथवा उसके पास सोचने का अधिक अवकाश न हो तो वह कार्य करने की उस पद्धति को अपनायेगा जिसको उसने सबसे प्रथम सीखा था । यह केवल एक सांख्यिकीय कथन है । इसका यह दावा नहीं है कि प्रत्येक मनुष्य प्रत्येक बार जब ऐसी स्थिति होगी तो इस ही प्रकार आचरण करेगा । यह केवल यह बताता है कि अधिकतम मनुष्य उसी तरीके को अपनायेगे जिसे उन्होंने पहिले सीखा हो ।

समस्या है इस प्रयोग द्वारा सिद्धान्त की परीक्षा करने की । कालेज के अठारह विद्यार्थियों को गुणा करने के दो तरीके सिखाये गये । इनमें से नौ को पहला तरीका प्रथम और शेष नौ को दूसरा तरीका प्रथम सिखाया गया । एक दिन छः घटे के कठिन मानसिक परिश्रम के पश्चात् उनको गुणा करने के लिए कुछ प्रश्न दिये गये । सिद्धांत के अनुसार यह आशा की जाती थी कि थकान के कारण ये विद्यार्थी उस तरीके का उपयोग करेंगे जिसको उन्होंने पहले सीखा था। प्रत्येक विद्यार्थी को दो श्रेणियों में से एक में रख दिया गया। एक श्रेणी तो उन विद्यार्थियों की थी जिन्होंने प्रथम सीखे हुए तरीके का उपयोग किया, दूसरे वे जिन्होंने बाद में सीखे हुए तरीके का उपयोग किया।

वह परिकल्पना जिसकी हम परीक्षा करेंगे यह है कि पहले और बाद में सीखे हुए तरीकों को इस स्थिति में अपनाने की प्रायिकताएँ बराबर है अर्थात् दोनों प्रायिकताएँ $\frac{1}{2}$ हैं । यदि प्रतिदर्श में इन दो श्रेणियों के अनुपात की संख्या बराबर न भी हो तो उनमें अन्तर इतना ही होना चाहिए कि यह समझा जा सके कि यह केवल संयोग का फल है । प्रेक्षित अंतर अथवा उससे भी अधिक अंतर की प्रायिकता इतनी कम नही होनी चाहिए कि हमें अपनी परिकल्पना सें संदेह होने लगे । यदि यह अंतर अधिक है और हम परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं तो हम यह भी कह सकते है कि इस सिद्धान्त की पुष्टि होती है कि थकान की दशा में प्रथम सीखे हुए तरीके के अपनाये जाने की अधिक प्रायिकता है ।

प्रयोग में देखा गया कि केवल दो विद्यार्थियों को छोड़कर बाकी सबने पहले सीखे हुए तरीके का उपयोग किया। ये आँकड़े नीचे सारणी में दिये हुए हैं।

सारणी संख्या 6·3

	पद्धति जो अपनायी गयी		कुल
	पहिले सीखी हुई	बाद में सीखी हुई	
(1)	(2)	(3)	(4)
बारंबारता	16	2	18

इस प्रेक्षित अंतर और इससे अधिक अन्तर की प्रायिकता के कलन नीचे दिये हुए हैं।

सारणी संख्या 6·4

घटना	प्रायिकता
(1)	(2)
16 पहली श्रेणी और 2 दूसरी श्रेणी में	$\binom{18}{2}\left(\frac{1}{2}\right)^{18}$
17 पहली श्रेणी और 1 दूसरी श्रेणी में	$\binom{18}{1}\left(\frac{1}{2}\right)^{18}$
18 पहली श्रेणी और दूसरी श्रेणी में कोई नहीं	$\left(\frac{1}{2}\right)^{18}$

इसलिए 16 या उससे अधिक विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में होने की प्रायिकता

$$P = \left(\tfrac{1}{2}\right)^{18}\left\{\frac{18\times 17}{1\times 2}+18+1\right\}$$

$$= \frac{182}{2^{18}}$$

$$= \frac{91}{131072}$$

$$< 0.001$$

क्योंकि यह प्रायिकता एक हजार में से एक से भी कम है, हमें उस आधार पर संदेह होना स्वाभाविक ही है जिससे इस प्रायिकता का कलन किया गया है और इस कारण हम परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं। इसका विकल्प यह है कि प्रयोग से सिद्धान्त की पुष्टि होती है।

इस अध्याय में हमने केवल द्विपद **वंटन** के उपयोग पर विचार किया है जिससे कुछ घटनाओं की प्रायिकताओं का परिकलन किया जा सकता है। इसमें परिकल्पना की जाँच केवल प्रासंगिक थी। अगले दो अध्यायों में हम कुछ अन्य वंटनों का अध्ययन करेंगे और उदाहरणों द्वारा उनके उपयोग को समझेंगे। इसके पश्चात् ही हम परिकल्पना की जाँच के सिद्धान्त (theory of testing of hypothesis), प्रतिदर्श-संख्या का निश्चित करना इत्यादि अन्य संबंधित समस्याओं पर विस्तारपूर्वक विचार करेंगे।

अध्याय ७

प्वासों-वंटन (Poisson's distribution)

§ ७·१ कुछ परिस्थितियाँ, जिनमें प्वासों-वंटन का उपयोग होता है

पिछले अध्याय में जब हम द्विपद वंटन के उपयोग पर विचार कर रहे थे, तब हमने एक निर्दिष्ट प्रतिदर्श संख्या ली थी और हमें ज्ञात था कि उसमें एक विशेष घटना कितनी बार होती है, और यह भी ज्ञात था कि वह घटना कितनी बार नहीं होती। उदाहरण के लिए टाइपिस्ट की परीक्षा के लिए हमने देखा था कि चालीस पृष्ठों में से तेरह पृष्ठों पर त्रुटियाँ थीं व सत्ताईस पृष्ठों पर कोई गलती न थी। किसी औषध के लाभदायक गुण की परीक्षा के लिए हमने यह गणना की थी कि कितने रोगी आरोग्य लाभ कर लेते हैं और कितने ठीक नहीं होते।

परन्तु ऐसे भी कई प्रयोग हैं जहाँ यद्यपि हम यह तो गिन सकते हैं कि घटना कितनी बार होती है, परन्तु उसके न होने की संख्या इतनी अधिक होती है कि उसके गिनने की परेशानी से हम बचना चाहेंगे। टाइपिस्ट की परीक्षा को ही एक दूसरे दृष्टिकोण से देखा जा सकता है। कल्पना कीजिए कि टंकित पृष्ठ पर लगभग साढ़े-चार सौ शब्द हैं, जिनमें लगभग अठारह सौ अक्षर हैं और औसत से एक पृष्ठ पर केवल 1.5 त्रुटियाँ हो सकती हैं। इसका यह अर्थ है कि एक अक्षर के गलत टंकित होने की प्रायिकता प्रायः $\frac{1.5}{1800}$ है। इस दशा में गलतियों की भिन्न-भिन्न संख्याओं की प्रायिकता के परिकलन में द्विपद वंटन के उपयोग में दो कठिनाइयाँ हैं। एक तो यह कि इतनी कम प्रायिकता और इतनी अधिक प्रतिदर्श संख्या के लिए पहले से परिकलित द्विपद वंटन की सारणी प्रस्तुत नहीं है। इस कारण इस प्रकार के हर प्रयोग में नये सिरे से परिकलन आवश्यक होगा। दूसरी कठिनाई, जो सैद्धान्तिक रूप से अधिक महत्त्वपूर्ण है, यह है कि प्रत्येक पृष्ठ पर अक्षरों की संख्या ठीक अठारह सौ तो नहीं है। किसी पृष्ठ पर वह केवल 1760 हो सकती है, जब कि अन्य किसी पृष्ठ पर 1840 तक पहुँच सकती

है। हमारा प्रतिदर्श एक पृष्ठ है, न कि अठारह सौ अक्षरों का एक समूह। द्विपद वंटन इस बात पर आधारित है कि प्रतिदर्श-संख्या निश्चित हो।

इसी प्रकार एक व्यापारी दिन में 25 बार अपने टेलीफोन का प्रयोग करता है। इन प्रयोगों में, जो संक्षिप्त समाचार भेजने के लिए किये जाते है, समय बहुत कम या लगभग नहीं के बराबर लगता है। इस घटना की प्रायिकता कि किसी एक विशेष क्षण पर व्यापारी अपने फोन का प्रयोग कर रहा होगा, लगभग शून्य है। फिर भी दिन भर में इतने अधिक क्षण होते है कि पूरे दिन में हम औसतन 25 समाचार भेजे जाने की ही आशा करते हैं।

जब एक डाक्टर कीटाणुओं या बैक्टीरिया की मौजूदगी का पता लगाने के लिए किसी रोगी के रक्त की परीक्षा करता है, तो उसकी विधि संक्षेप में निम्नलिखित है। रक्त की बूंद को एक पतली काँच की पट्टी पर फैला लिया जाता है। यह पट्टी अनेक छोटे वर्गों में विभाजित होती है। व्याधिविज्ञ इनमें से कुछ वर्गों में कीटाणुओं की गणना करता है। कुछ थोड़े से वर्गों में कीटाणुओं की गणना की जा सकती है, परन्तु कदाचित् कुल वर्गों के कीटाणुओं को गिनना कठिन है। इसी प्रकार कारखाने की तैयार वस्तुओं में त्रुटियों की गणना की जा सकती है पर अ-त्रुटियों की नहीं।

इन सभी अवस्थाओं में, यादृच्छिक प्रयोग की प्रतिदर्श-संख्या या तो बहुत बड़ी और ज्ञात होती है अथवा इतनी बड़ी होती है कि उसका जानना ही कठिन है। साथ ही साथ प्राथमिक घटनाओं की प्रायिकता बहुत ही छोटी, शून्यप्राय ही होती है, लेकिन प्रतिदर्श-संख्या के बड़े होने के कारण प्रतिदर्श में उस घटना के होने की प्रायिकता इतनी छोटी और शून्यप्राय नहीं होती। अतः हम द्विपद वंटन का प्रयोग छोड़कर एक दूसरे प्रकार का वटन अपनाते है। यह वंटन भी द्विपद वंटन से ही व्युत्पन्न है।

§ ७·२ द्विपदवंटन का सीमान्त रूप

हम इस प्रकार के N और p के अनेकों मानों की कल्पना कर सकते हैं, जिनका गुणनफल 1.5 हो। जैसे $N=3,\ p=\frac{1}{2};\ N=6,\ p=\frac{1}{4};\ N=9,\ p=\frac{1}{6};$ ....., $N=1500,\ p=\frac{1}{1,000}$ आदि।

जैसे जैसे N का मान बढ़ता जाता है, p का मान शून्य की ओर अग्रसर होता जाता है। ये सभी मान-युग्म एक एक द्विपद की परिभाषा करते हैं, जिनमें सबके प्राचलों का गुणनफल 1.5 है। द्विपद चर केवल पूर्णसंख्यक मान ही धारण कर सकते हैं। किसी पूर्ण संख्या को लीजिए तो इनमें से हर एक वंटन के लिए हम इस चर के इस पूर्ण

संख्या से कम अथवा बराबर मान धारण करने की प्रायिकता का कलन कर सकते हैं। जैसे-जैसे N का मान बढ़ता जाता है, यह प्रायिकता एक निश्चित सीमान्त संख्या की ओर अग्रसर होती जाती है। हम एक ऐसे वंटन की कल्पना कर सकते हैं, जिसके लिए चर के उस विशेष पूर्ण-संख्या से कम या बराबर मान धारण करने की प्रायिकता यही सीमान्त संख्या है। यह बात केवल एक विशेष पूर्ण-संख्या के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक पूर्णसंख्या के लिए सत्य है। आइए, हम देखें कि इस सीमान्त वंटन की परिभाषा क्या है। अर्थात् इस वंटन में चर के लिए किसी विशेष मान r को प्राप्त करने की प्रायिकता क्या है। हम इस वंटन के साधारण रूप का परिचय प्राप्त करना चाहेंगे, न कि केवल ऐसे द्विपद वंटनों के सीमान्त रूप का, जिनके प्राचल N और p का गुणनफल 1.5 हो।

यदि हम इन द्विपद वंटन के माध्य को λ से सूचित करें तो प्राथमिक घटना की प्रायिकता p को $\frac{\lambda}{N}$ के बराबर रख सकते है। यह इसलिए कि द्विपद वंटन में माध्य का मान Np होता है जैसा हम पिछले अध्याय में सिद्ध कर चुके है।

अतः
$$Np=\lambda$$
$$\therefore \quad p=\frac{\lambda}{N}$$

इस प्रकार λ तो अचर है और सीमान्त विधि में केवल N का मान उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। आइये, हम देखें कि उपर्युक्त वंटन में चर का मान r होने की प्रायिकता क्या है।

$$P(r) = \binom{N}{r} p^r (1p)^{N-r}$$

$$= \frac{N(N-1)(N-2)\ldots\ldots(N-r+1)}{r!} \left(\frac{\lambda}{N}\right)^r \left(1-\frac{\lambda}{N}\right)^{N-r}$$

$$= \frac{\lambda^r}{r!}\left(1-\frac{\lambda}{N}\right)^N \times \frac{\left(1-\frac{1}{N}\right)\left(1-\frac{2}{N}\right)\ldots\ldots\left(1-\frac{r-1}{N}\right)}{\left(1-\frac{\lambda}{N}\right)^r}$$

अब यदि r के किसी निश्चित मान के लिए N का मान बढ़ता जाता है तो $\left(\frac{1}{N}\right), \left(1-\frac{2}{N}\right), \ldots\ldots \left(1-\frac{r-1}{N}\right)$ और $\left(1-\frac{\lambda}{N}\right)^r$

ये सभी संख्याएँ 1 के अधिकाधिक निकट आती जाती हैं। और $\left(1-\frac{\lambda}{N}\right)^N$ अग्रसर होता है $e^{-\lambda}$ की ओर जहाँ

$$e = 1+\frac{1}{1!}+\frac{1}{2!}+\frac{1}{3!}+\cdots\cdots$$

$$= 1+\sum_{r=1}^{\infty}\frac{1}{r!}$$

और e का एक विशेष गुण यह होता है कि किसी भी संख्या के लिए

$$e^{Z} = 1+\frac{Z}{1!}+\frac{Z^2}{2!}+\frac{Z^3}{3!}+$$

$$= 1+\sum_{r=1}^{\infty}\frac{Zr}{r!}$$

इस प्रकार प्रायिकता $P(r)=\frac{\lambda^r}{r!}e^{-\lambda}$। वह वंटन जिसमें चर केवल पूर्ण संख्याओं के ही बराबर हो सकता हो और प्रत्येक पूर्ण संख्या के बराबर हो सकता हो और जिसमें चर का मान किसी पूर्ण संख्या r के बराबर होने की प्रायिकता

$$P(r) = \frac{\lambda^r}{r!}e^{-\lambda} \qquad (7.1)$$

हो वह प्वासों वंटन के नाम से विख्यात है। पाठकों को शायद यह भ्रम हो कि इस प्रकार का वंटन हो भी सकता है अथवा नहीं, इसकी परीक्षा हर एक पूर्ण संख्या से संगत प्रायिकताओं का योग करके हो सकती है। यदि यह योग 1 हो तो हम कह सकते हैं कि इस प्रकार का वंटन संभव है।

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{\lambda^r}{r!}e^{-\lambda}$$

$$= e^{-\lambda}\left[1+\frac{\lambda}{1!}+\frac{\lambda^2}{2!}+\frac{\lambda^3}{3!}+\cdots\cdots+\frac{\lambda^r}{r!}+\cdots\cdots\right]$$

$$= e^{-\lambda}\cdot e^{\lambda}$$

$$= 1$$

यह स्पष्ट है कि किसी भी द्विपद वंटन का पूर्ण ज्ञान हमें N और p के मानों के ज्ञान से हो जाता है क्योंकि सभी प्रायिकताएँ इन्ही दो संख्याओं से व्युत्पन्न है। किसी भी वंटन में ऐसे मानों को जिनसे उसकी परिभाषा होती है उस वंटन के प्राचल (parameters) कहते है। प्वासों-वंटन के लिए केवल एक λ का ही मान जानना आवश्यक है। यही इस वंटन का अकेला प्राचल है।

§ ७·३ वास्तविक वंटन का प्वासों-वंटन द्वारा सन्निकटन

अब यह देखा जा सकता है कि ऊपर जो उदाहरण दिये गये थे और जिनमें द्विपद वंटन के प्रयोग में हमें हिचकिचाहट थी उनके लिए प्यासों-वंटन द्वारा वास्तविक प्रायिकताओं के काफी अच्छे सन्निकट (approximate) मानों के परिकलन किये जा सकते हैं। इसका कारण यह है कि सीमान्त मान की परिभाषा के अनुसार यदि N के किसी फलन $f(N)$ का सीमान्त मान g हो तो यथेष्ट रूप से बड़े N के लिए g और $f(N)$ में अंतर शून्य की ओर अग्रसर होता जाता है।

इस वंटन का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण है बोर्ट-केविच (Bortkewitch) द्वारा संकलित आधार-सामग्री जिसको प्रोफेसर रोनाल्ड ए फिशर (R.A. Fisher) ने अपनी पुस्तक में भी उद्धृत किया है। दस फौजी टुकड़ियों में बीस वर्षों में जो मृत्युएँ घोड़े की दुलत्ती के आघात से हुई थी यह उनसे संबंधित आँकड़ों पर आधारित है। इनको नीचे सारणी में दिया हुआ है।

सारणी संख्या 7·1

मृत्यु संख्या	वर्षों की बारंबारता जिनमें यह मृत्यु संख्या थी
0	109
1	65
2	22
3	3
4	1
5	0
6	0

हम देखते हैं कि कुल मृत्यु-संख्या

$$(0\times 109)+(1\times 65)+(2\times 22)+(3\times 3)+(4\times 1)$$

$=65+44+9+4$

$=122$ है।

अर्थात् प्रति टुकड़ी प्रतिवर्ष मृत्यु संख्या 0.61 हुई। इसलिए हम λ का मान 0.61 ले सकते हैं और तब $e^{-\lambda}=0.543$ (तीन दशमलव अंक तक सही)। अलग अलग घटनाओं की प्रायिकता का परिकलन उस प्वांसों-वंटन के आधार पर जिसमें प्राचल $\lambda=0.61$ हो नीचे दे रखा है।

सारणी संख्या 7·2

प्रति टुकड़ी प्रति वर्ष मृत्यु संख्या	प्रायिकता	दो सौ घटनाओं में अपेक्षित बारबारता	वास्तविक बारंबारता
(1)	(2)	(3)	(4)
0	$e^{-\lambda}=0.543$	108·6	109
1	$\lambda e^{-\lambda}=0.331$	66·2	65
2	$\frac{\lambda^2}{2!}e^{-\lambda}=0.101$	20·2	22
3	$\frac{\lambda^3}{3!}e^{-\lambda}=0.021$	4·2	3
4	$\frac{\lambda^4}{4!}e^{-\lambda}=0.003$	0·6	1

अपेक्षित और वास्तविक बारबारताओं की तुलना करने से पाठकों को यह विश्वास हो जायेगा कि इस प्वासों वंटन के आधार पर परिकलन करके हमें वास्तविक मृत्यु संख्या का एक अच्छा सन्निकट मान प्राप्त हो सकता है। विशेष रूप से जब हम जानते हैं कि यादृच्छिक प्रयोग के फलस्वरूप बारंबारता अचर नहीं होती और भिन्न-भिन्न प्रतिदर्शों में वह भिन्न-भिन्न हो सकती है। अतः यह मान लेना असंगत नहीं समझा जा सकता कि मृत्यु-संख्या एक प्वासों-चर है जिसमें प्राचल का मान 0.61 है। यद्यपि प्रकृति में यादृच्छिक चर किस प्रकार आचरण करता है इसका ठीक पता न हमें है और

न लग सकता है तथापि प्वासों-चर एक ऐसा सरल और संतोषजनक निरूपण है जिसके आधार पर हम घटनाओं की प्रायिकताओं का अनुमान लगा सकते हैं तथा उनके बारे में किसी हद तक भविष्यवाणी भी कर सकते हैं। यह देखा गया है कि हर एक प्रकार की आकस्मिक घटनाओं के लिए यह वंटन एक अच्छे प्रतिरूप का काम देता है। यह वैसे भी स्पष्ट है क्योंकि यह द्विपद-वंटन का सीमान्त रूप है जब प्राथमिक घटना की प्रायिकता p शून्यप्राय हो जाती है। प्रायिकता का शून्यप्राय होना अथवा घटना का आकस्मिक होना एक ही बात के दो रूप हैं। घटना को आकस्मिक उस समय कहते हैं जब इसकी आशा नहीं की जाती। आशा न करने का कारण यह होता है कि उस घटना की प्रायिकता बहुत कम होती है और हमारे अनुभव में ऐसी घटना के बार-बार होने की सम्भावना भी बहुत कम रहती है।

§ ७·४ प्वासों-वंटन के कुछ गुण

आइये, अब हम प्वासों-वंटन के बारे में कुछ और जानकारी प्राप्त करें।

(१) यह वंटन भी असतत है और प्वासों-चर सभी पूर्ण-संख्याओं के बराबर मान धारण कर सकता है तथा अन्य कोई मान नहीं धारण करता।

(२) परिभाषा के अनुसार इस वंटन का माध्य

$$\mu(n) = E(n) = \sum_{n=0}^{\infty} n\, e^{-\lambda} \frac{\lambda^n}{n!}$$

$$= \lambda \sum_{n-1=0}^{\infty} e^{-\lambda} \frac{\lambda^{n-1}}{(n-1)!}$$

यदि हम $(n-1)$ को n' से सूचित करें तो

$$\mu(n) = \lambda \sum_{n'=0}^{\infty} e^{-\lambda} \frac{\lambda^{n'}}{n'!}$$

$$= \lambda e^{-\lambda} \left[1 + \sum_{n'=1}^{\infty} \frac{\lambda^{n'}}{n'!}\right]$$

$$= \lambda e^{-\lambda} . e^{\lambda}$$

$$= \lambda \qquad \ldots\ldots\ldots(7.2)$$

इस प्रकार इस वंटन का माध्य इसके प्राचल λ के बराबर होता है।

(३) इस वंटन का प्रसरण (variance)

$$\sigma^2(n) = E(n^2) - E^2(n)$$

$$= \sum_{n=0}^{\infty} n^2 . e^{-\lambda} \frac{\lambda^n}{n!} - \lambda^2$$

$$= \sum_{n=0}^{\infty} \{n(n-1) + n\} e^{-\lambda} \frac{\lambda^n}{n!} - \lambda^2$$

$$= \lambda^2 \sum_{n-2=0}^{\infty} e^{-\lambda} \frac{\lambda^{n-2}}{(n-2)!} + \lambda \sum_{n-1=0}^{\infty} e^{-\lambda} \frac{\lambda^{n-1}}{(n-1)!} - \lambda^2$$

लेकिन $\sum_{n-2=0}^{\infty} \frac{\lambda^{n-2}}{(n-2)!} = e^{\lambda}$ और $\sum_{n-1=0}^{\infty} \frac{\lambda^{n-1}}{(n-1)!} = e^{\lambda}$

$$\therefore \quad \sigma^2(n) = \lambda^2 e^{-\lambda} . e^{\lambda} + \lambda e^{-\lambda} . e^{\lambda} - \lambda^2$$
$$= \lambda^2 + \lambda - \lambda^2$$
$$= \lambda$$

इस प्रकार यह एक ध्यान देने योग्य गुण है कि इस वंटन का माध्य और प्रसरण दोनों ही इसके प्राचल λ के बराबर होते हैं। इस माध्य और प्रसरण का कलन हम दूसरे ढंग से भी कर सकते हैं। हमें यह तो याद ही है कि यह उस प्रकार के द्विपद-वंटनों का सीमान्त रूप है जिनमें N और p का गुणनफल λ के बराबर है। द्विपद वंटन में माध्य का मान Np और प्रसरण का मान Npq होता है। इसलिए हम आशा करते हैं कि प्वासों-वंटन के माध्य और प्रसरण क्रमशः Np और Npq के सीमान्त मान होंगे।

लेकिन $\quad Np = \lambda$

और $\quad q = 1 - p = 1 - \frac{\lambda}{N}$

λ एक अचर है, इसलिए जैसे-जैसे N का मान बढ़ता जाता है $\frac{\lambda}{N}$ का मान शून्य की ओर तथा $1 - \frac{\lambda}{N}$ का मान 1 की ओर अग्रसर होता जाता है। इस प्रकार q का सीमान्त मान 1 है।

इसलिए Npq का सीमान्त मान $\lambda \times 1 = \lambda$ है।

(४) यदि दो स्वतन्त्र प्वासों-चर हों जिनके प्राचल क्रमशः λ_1 और λ_2 हों तो इन दोनों चरों का योग भी एक प्वासों-चर है जिसका प्राचल $(\lambda_1+\lambda_2)$ है।

ऊपर लिखे सिद्धान्त को हम एक उदाहरण द्वारा समझने की चेष्टा करेंगे। मान लीजिए एक मिल को फौज के लिए सूटों का कपड़ा बनाने का ठेका दिया जाता है। एक सूट में एक पतलून और एक कमीज है जिसके लिए कपड़ा मिल के दो विभिन्न विभागों में बनता है। बने हुए सूट में दोषों की संख्या एक यादृच्छिक-चर है जिसका वंटन प्वासों-वंटन माना जा सकता है। यदि पतलून में दोषों की संख्या एक प्वासों-चर हो जिसका प्राचल λ_1 है और कमीज के दोषों की संख्या भी एक प्वासों-चर हो जिसका प्राचल λ_2 है तो पूरे सूट में दोषों की संख्या अर्थात् इन दोनों दोष-संख्याओं का योग भी एक प्वासों-चर होगा और उसका प्राचल $(\lambda_1+\lambda_2)$ होगा।

सूट के कपड़ों को छोटे-छोटे लाखों वर्गों में बाँटा जा सकता है और किसी विशेष वर्ग में दोष के पाये जाने की प्रायिकता बहुत कम है। इसलिए दोषयुक्त वर्गों की संख्या के लिए प्वासों-वंटन का उपयोग इस स्थिति में युक्ति-युक्त है। इन्हीं कारणों से पूरे सूट के दोषों के लिए प्वासों-वंटन का उपयोग भी युक्ति-युक्त ठहराया जा सकता है। क्योंकि λ_1 से औसतन एक पतलून में पायी जानेवाली दोषसंख्या और λ_2 से औसतन एक कमीज में पायी जानेवाली दोषसंख्या सूचित होती है। इस कारण एक सूट में औसतन $(\lambda_1+\lambda_2)$ दोषों की आशंका की जा सकती है। यही कुल दोषसंख्या का प्राचल है।

ऊपर की अस्पष्ट युक्ति से हम जिस सिद्धान्त पर पहुँचते हैं उसकी संतोषजनक यथारीति उपपत्ति नीचे दी जा रही है।

मान लीजिए X और Y से दो स्वतन्त्र प्वासों-चरों को सूचित किया जाता है जिनके प्राचल λ_1 और λ_2 हैं। हम मालूम करना चाहेंगे कि यादृच्छिक-चर $(X+Y)$ का वंटन क्या है। X और Y दोनों केवल पूर्ण-संख्यक मान ही धारण करते हैं। इसलिए यह स्पष्ट है कि $(X+Y)$ भी केवल पूर्ण-संख्यक मान ही धारण कर सकता है। आइए, देखें कि $(X+Y)$ के मान n धारण करने की प्रायिकता क्या है जहाँ n एक पूर्ण संख्या है। यह मान निम्नलिखित स्थितियों में धारण किया जा सकता है।

1.	$X=n,$	$Y=0$
2.	$X=n-1,$	$Y=1$
3.	$X=n-2,$	$Y=2$

$$n \quad X=1 \qquad Y=n-1 \qquad \ldots\ldots\ldots$$
$$n+1 \quad X=0 \qquad Y=n$$

इनमें से प्रत्येक घटना दो घटनाओं का प्रतिच्छेद है। और क्योंकि ये दोनों घटनाएँ स्वतंत्र हैं इसलिए इस प्रतिच्छेद की प्रायिकता इन दोनों घटनाओं की प्रायिकताओं का गुणनफल है। इस कारण इन ऊपर लिखी घटनाओं की प्रायिकताएँ क्रमशः निम्नलिखित हैं--

1. $e^{-\lambda_1}\frac{\lambda_1^{n}}{n!} \times e^{-\lambda_2} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\lambda_1^{n}$

2. $e^{-\lambda_1}\frac{\lambda_1^{n-1}}{(n-1)!}\, e^{-\lambda_2}\frac{\lambda_2}{1!} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\binom{n}{1}\lambda_1^{n-1}\lambda_2$

3. $e^{-\lambda_1}\frac{\lambda_1^{n-2}}{(n-2)!}\, e^{-\lambda_2}\frac{\lambda_2^{2}}{2!} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\binom{n}{2}\lambda_1^{n-2}\lambda_2^{2}$

n. $e^{-\lambda_1}\frac{\lambda_1}{1!} \times e^{-\lambda_2}\frac{\lambda_2^{n-1}}{(n-1)!} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\binom{n}{n-1}\lambda_1\lambda_2^{n-1}$

$n+1$. $e^{-\lambda_1}\, e^{-\lambda_2}\frac{\lambda_2^{n}}{n!} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\binom{n}{n}\lambda_2^{n}$

इसलिए $(X+Y)$ के मान n धारण करने की कुल प्रायिकता

$$P[(X+Y)=n] = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}\left\{\lambda_1^{n} + \binom{n}{1}\lambda_1^{n-1}\lambda_2 + \ldots\ldots + \binom{n}{n}\lambda_2^{n}\right\} = \frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}(\lambda_1+\lambda_2)^n$$

लेकिन यदि $(X+Y)$ एक प्वासों-चर होता जिसका प्राचल $(\lambda_1+\lambda_2)$ होता तो उसके मान n धारण करने की प्रायिकता भी $\frac{e^{-(\lambda_1+\lambda_2)}}{n!}(\lambda_1+\lambda_2)^n$ ही होती।

इससे यह सिद्ध हुआ कि दो स्वतन्त्र प्वासों-चरों का योग भी एक प्वासों-चर होता है और उसका प्राचल इन स्वतन्त्र प्राचलों का योग होता है। इसी प्रकार आगमिक विधि (inductive method) से यह सिद्ध किया जा सकता है कि r स्वतन्त्र प्वासों-चरों का योग भी एक प्वासों-चर होता है जिसका प्राचल इन प्वासों-चरों के प्राचलों का योग होता है। यह उपपत्ति इतनी सरल है कि उसको यहाँ देना आवश्यक नही समझा गया है।

§ ७·५ उदाहरण

आइए हम उस उदाहरण पर पुनः विचार करें जिससे हमने प्वासों-वंटन का परिचय कराया था। इसमें एक प्रार्थी को टाइपिस्ट का स्थान देने के लिए परीक्षा लेनी थी। यदि मैनेजर उन सब पृष्ठों को फिर से टंकित करवाता है जिनमें एक भी दोष हो तो द्विपद टंकन का उपयोग करना होगा जैसा हम पिछले अध्याय में लिख चुके हैं। परन्तु हो सकता है कि मैनेजर ऐसा न करके केवल दोषों को ठीक कर दे। ऐसी दशा में वह उन पृष्ठों की गणना नही करेगा जिन पर कम से कम एक दोष है परन्तु कुल दोषों की संख्या जानना चाहेगा। यदि यह संख्या बहुत अधिक हो तो दोषों के सुधारने पर पृष्ठ गदे और भद्दे लगने लगेंगे। इसकी चेष्टा ऐसा टाइपिस्ट नियुक्त करने की होगी जिसके लिए इन दोषों का औसत बहुत कम हो। पहले जो टाइपिस्ट था औसतन दो पृष्ठों पर तीन गलतियाँ करता था, यदि प्रार्थी इतनी या इससे कम गलतियाँ करता है तो उसकी नियुक्ति के लिए मैनेजर को कुछ भी आपत्ति नहीं होगी।

अब भी प्रार्थी को वही परीक्षा देने के लिए कहा जाता है जिसका पिछले अध्याय में वर्णन किया जा चुका है अर्थात् उससे चार पृष्ठ टकित करने के लिए कहा जाता है और मैनेजर गलतियों को गिनता है। यदि वे ६ से कम हों तो इस प्रतिदर्श में गलतियों की संख्या औसतन पिछले टाइपिस्टों के औसत से कम है और इस प्रयोग के आधार पर प्रार्थी के अस्वीकृत करने का कोई कारण नहीं दीखता। इसके विपरीत यदि त्रुटियो की संख्या १० हो तो यद्यपि इस प्रतिदर्श में औसत पिछले टाइपिस्ट के औसत से अधिक है तथापि प्रार्थी को अस्वीकार करने के पूर्व हम यह जानना चाहेंगे कि यदि इस प्रार्थी का औसत भी १.५ त्रुटि प्रति पृष्ठ होता तो इस चार पृष्ठ के प्रतिदर्श में १० त्रुटियाँ पाये जाने या इससे अधिक त्रुटियाँ पाये जाने की प्रायिकता क्या है। यदि यह प्रायिकता बहुत कम न हो तो एक न्यायशील मैनेजर प्रार्थना को एकदम अस्वीकृत न करके उसको कुछ और पृष्ठ टंकित करने को देगा।

आइए, हम चार टंकित पृष्ठों में दस या उससे भी अधिक गलतियाँ होने की प्रायिकता का कलन करें —

$$
\begin{aligned}
&P \text{ (दस अथवा उससे भी अधिक गलतियाँ)} \\
&= 1 - P \text{ (नौ या उससे कम गलतियाँ)} \\
&= 1 - [P \text{ (शून्य गलतियाँ)} + P \text{ (एक गलती)} + P \text{ (दो गलतियाँ)} \ldots\ldots \\
&\qquad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + P \text{ (आठ गलतियाँ)} + P \text{ (नौ गलतियाँ)}] \\
&= 1 - e^{-6}\left\{1 + \frac{6}{1!} + \frac{6^2}{2!} + \frac{6^3}{3!} + \ldots\ldots\ldots + \frac{6^9}{9!}\right\} \\
&= 1 - 0.916064 \\
&= 0.083936
\end{aligned}
$$

§ ७·६ प्वासों-वंटन की सारणी

जैसे द्विपद वटन के असंख्य उपयोग हैं उसी प्रकार प्वासों-वंटन के भी बहुत से उपयोग हैं। अनेक मनुष्यों के बार-बार एक ही प्रकार के परिकलन करने की वृथा मेहनत को बचाने के लिए सारणियाँ तैयार कर ली गयी हैं। इन सारणियों में λ के विभिन्न मानों के लिए प्वासों-चर के 0,1,2,3,..... आदि मान धारण करने की प्रायिकताएँ दे रखी हैं। कुछ और भी सारणियाँ हैं जिनमें प्वासों - चरों की संचयी आपेक्षिक बारंबारताएँ दी हुई हैं। जब किसी को प्रायिकताओं के कलन के लिए अथवा परिकल्पना की परीक्षा के लिए प्वासों-वंटन का उपयोग करना होता है तब सब परिकलन नये सिरे से नहीं करने पड़ते। उसे विशेष λ के मान के लिए सारणी को देखना ही यथेष्ट होता है।

नीचे इस प्रकार की सारणी का एक नमूना दे रखा है। जिस सारणी का ऊपर के उदाहरण में प्रयोग हुआ है वही यहाँ दे रखी है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि द्विपद वंटन की तरह प्वासों-वंटन भी असतत है। इस प्रकार कोई भी संख्या ऐसी नहीं है जिससे अधिक चर का मान होने की प्रायिकता ठीक पाँच प्रतिशत या ठीक एक प्रतिशत हो। परन्तु एक छोटी-से-छोटी पूर्ण-संख्या मालूम की जा सकती जिससे अधिक मान धारण करने की प्रायिकता पाँच प्रतिशत से कम हो। यदि हम यह निश्चय कर लें कि किसी परिकल्पना के आधार पर प्रेक्षित संख्या के बराबर अथवा उससे अधिक मान धारण करने की प्रायिकता पाँच प्रतिशत से कम होने पर हम उस परिकल्पना को अस्वीकृत कर देंगे तो हम प्रयोग से पहले ही एक ऐसी संख्या निश्चित

कर सकते हैं कि प्रयोग का फल उससे अधिक होने पर हम परिकल्पना को झूठी समझेंगे।

सारणी संख्या 7·3

प्वासों वंटन ($\lambda = 6$) के लिए संचयी प्रायिकता फलन $F(r)$

r	$F(r)$
(1)	(2)
0	0.002468
1	0.017341
2	0.061958
3	0.151192
4	0.285045
5	0.445668
6	0.606291
7	0.743968
8	0.847226
9	0.916064

r	$F(r)$
(1)	(2)
10	0.957367
11	0.979897
12	0.991161
13	0.996360
14	0.998588
15	0.999479
16	0.999813
17	0.999931
18	0.999970
19	0.999982

विस्तृत सारणी के लिए देखिए
'Molina's Tables"

अध्याय ८

प्रसामान्य वंटन (Normal Distribution)

§ ८·१ गणतीय वंटनों का महत्त्व

अभी तक हमने द्विपद और प्वासों-वंटनों का अध्ययन किया है जो असतत हैं और केवल पूर्ण-संख्या मान धारण करते हैं। परन्तु हम जानते हैं कि कुछ यादृच्छिक चर ऐसे भी होते हैं जो दो सीमान्त मानों के बीच के सभी मानों को धारण कर सकते हैं। ऐसे चरों का एक उदाहरण मनुष्य की ऊँचाई है। इस प्रकार के चरों का एक घनत्व-फलन (density function) होता है। जैसा हम पहिले ही देख चुके हैं, किसी भी विशेष मान को धारण करने की प्रायिकता इस चर के लिए शून्य होती है। परन्तु किसी अल्पतम अंतराल में भी इस चर के स्थित होने की प्रायिकता शून्य से भिन्न हो सकती है। इस प्रायिकता को अन्तराल की लम्बाई से विभाजित करने से हमें इस अन्तराल में प्रायिकता का घनत्व मालूम होता है। जैसे-जैसे अन्तराल छोटा होता जाता है सतत वंटनों में यह घनत्व एक विशेष संख्या की ओर अग्रसर होता जाता है। जो संख्या इस घनत्व का सीमांन्त रूप है वही उस अन्तराल के मध्य-विंदु पर वंटन का घनत्व माना जाता है। घनत्व फलन चर के मान और उस मान से संगत घनत्व के संबंध को प्रदर्शित करता है।

मान लीजिए कि X एक ऐसा सतत चर है और उसका घनत्व फलन $f(x)$ है। यदि इस चर की समष्टि मे से हम एक प्रतिदर्श का चयन करें जिसका परिमाण n हो तो प्रश्न उठता है कि इस प्रतिदर्श के माध्य का क्या वंटन होगा। यदि इस चर के n मानों को जो प्रतिदर्श में विद्यमान हैं, हम $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_{n-1}, x_n$ से सूचित करें तो हमें प्रायिकता $P\left[\frac{x_1+x_2+\ldots\ldots+x_n}{n} \leqslant k\right]$ का परिकलन k के विभिन्न मानों के लिए करना है। इस प्रायिकता को हम निम्नलिखित बहुल समाकल (multiple integral) से सूचित करते हैं।

$$P\left[\sum_{i=1}^{n} x_i \leqslant nk\right] = \int_{-\infty}^{nk} \int_{-\infty}^{nk-x_1} \int_{-\infty}^{nk-(x_1+x_2)} \cdots\cdots\cdots \int_{-\infty}^{nk-\sum_{i=1}^{n-1} x} f(x_1) f(x_2) \cdots\cdots f(x_n)\, dx_1\, dx_2 \cdots\cdots dx_n$$

$$\cdots\cdots\cdots\cdots (8.1)$$

साधारणतया इस समाकल का मूल्यांकन करना यदि असंभव नहीं तो बहुत कठिन अवश्य होता है। लेकिन जैसा हम पहिले कई बार कह चुके हैं, सांख्यिकी में प्रायिकताओं के एकदम यथार्थ मान जानना आवश्यक नहीं है। सन्निकट मान (approximate value) ही यथेष्ट होता है। आपको कहीं यह तो संदेह नहीं हो रहा है कि सांख्यिकी का आधार बहुत कमजोर है—इसमें कुछ भी तथ्य नहीं है और सभी सन्निकटन मात्र हैं? अनुमान और सन्निकट माप का तो हर एक विज्ञान में और साधारण दिनचर्या में जगह-जगह प्रयोग किया ही जाता है। यह सत्य है कि वैज्ञानिकों ने यथार्थतम मापों के लिए ऐसे-ऐसे यंत्रों का आविष्कार किया है कि उनकी तारीफ किये बिना नहीं रहा जाता। परंतु कोई भी वैज्ञानिक यह दावा नहीं करता कि ये माप बिलकुल यथार्थ हैं।

मान लीजिए कि कोई मनुष्य एक लोहे की छड़ की लंबाई नाप रहा है। यदि उसको यथार्थ माप करने की ज़िद है तो यह कार्य असंभव होगा। नापना तो दूर, पहिले इस लंबाई की परिभाषा देना ही असंभव होगा। हम जानते हैं कि छड़ अणुओं की बनी होती है। ये अणु अस्थिर होते हैं और इनमें बराबर कंपन (vibration) होता रहता है। यथार्थता के लिए छड़ की लंबाई किसी विशेष क्षण और विशेष रेखा से संबंधित होगी। परंतु क्या कभी ऐसा किया जाता है? व्यावहारिक रूप से इस लंबाई में कोई विशेष अंतर नहीं दिखाई देता, यदि उसको गर्म या ठंडा न किया जाय। इस कारण हम इन मामूली परिवर्तनों की पर्वाह नहीं करते और एक सन्निकटतम लंबाई मालूम करते हैं। मान लीजिए, इन आणविक कंपनों के कारण एक छड़ की लंबाई 10.123255 सेंटीमीटर से 10.123256 सेंटीमीटर के बीच विभिन्न मानों को धारण करती रहती है। इस मामूली से अंतर को आसानी से भुलाया जा सकता है। व्यावहारिक जीवन में प्रायः एक प्रतिशत की यथार्थता (precision) यथेष्ट समझी जाती है। एक प्रतिशत की यथार्थता से हमारा तात्पर्य यह है कि यदि यथार्थ माप एक सौ है तो सन्निकट माप निन्यानवे और एक सौ एक के बीच की ही कोई संख्या

हो। भौतिकी अथवा रसायन में हमारा लक्ष्य एक प्रति दस हजार की यथार्थता हो सकता है, परतु प्रत्येक अवस्था में यथार्थता की भी कोई सीमा होती है जहाँ रुकना ही पड़ता है।

सांख्यिकी में हम वास्तविक वंटनों का सन्निकटन कुछ गणितीय वंटनों (mathematical distributions) के द्वारा करते है। यह सन्निकट वंटन ऐसा होना चाहिए कि इसके और वास्तविक वंटन के संचयी-बारंबारता-वंटनों में कोई विशेष अंतर न हो। कितने अंतर तक को सहन किया जा सकता है यह व्यक्तिगत रुचि और जरूरत पर निर्भर है। इस प्रकार के सन्निकटन से असीमित लाभ हैं। इस गणितीय वंटन के माध्य, प्रसरण और अन्य घूर्णो का परिकलन अपेक्षाकृत सरल होता है। इसके अन्य गुणों की व्याख्या भी बड़ी आसानी से की जा सकती है। कुछ गणितीय वंटनों का सन्निकट वंटनों के रूप में विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किया जा सकता है। ऐसा हम द्विपद-वंटन और प्वासों-वंटन के लिए पहिले ही देख चुके है। ऐसे वंटनों के लिए सारणी तैयार कर ली जाती है और जब कभी भी सन्निकट वटन का उपयोग किया जाता है, इस सारणी को देखकर प्रायिकताओं का परिकलन किया जाता है। इस सारणी को देखकर प्रायिकताओं का परिकलन अथवा परिकल्पनाओं के बारे में फैसला किया जा सकता है। यदि ऐसा न किया जाय तो दो ही बातें हो सकती हैं—या तो जिस चर का अध्ययन किया जा रहा है उसके वास्तविक वंटन का किसी को ज्ञान नहीं है। ऐसी अवस्था में यदि वह किसी सन्निकटन का उपयोग नहीं करना चाहता जो उसे चर के बारे में किसी भी निश्चय पर पहुँचने का विचार छोड़ देना चाहिए। यदि वास्तविक वंटन ज्ञात भी हो तो चर के विभिन्न मानों के लिए प्रायिकताओं का परिकलन या वंटन के प्रतिशतता–विंदुओं (percentage points) का मालूम करना बहुत ही कठिन हो जायगा। यही नहीं बल्कि इस कठिनाई का सामना बार-बार हर नयी स्थिति के लिए करना होगा। इस बात की संभावना बहुत कम है कि किसी भी वास्तविक वंटन का प्रयोग दुबारा करने की आवश्यकता पड़े।

§ ८·२ प्रसामान्य वंटन की परिभाषा

सांख्यिकों ने एक बड़ी आश्चर्यजनक और महत्त्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि किसी चर का वास्तविक वंटन चाहे कुछ भी हो, परंतु उसके एक बड़े प्रतिदर्श के माध्य का सन्निकटन एक सतत यादृच्छिक चर द्वारा किया जा सकता है। इस सतत चर का प्रायिकता घनत्व-फलन $\phi(\bar{x})$ यह है—

$$\phi(\bar{x}) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}\sigma'/\sqrt{n}} e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma'/\sqrt{n}}\right)^2} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots \quad (8.2)$$

जहाँ μ और σ'^2 क्रमशः मूल वंटन के माध्य और प्रसरण हैं, n प्रतिदर्श परिमाण है, π एक वृत्त की परिधि और उसके व्यास का अनुपात है एवं e की परिभाषा वही है जो हम पहिले ही प्वासों-वंटन पर विचार करते समय दे चुके हैं।

जिन चरों के वंटन का रूप ऊपर लिखित वंटन के प्रकार का होता है वे प्रसामान्य चर (Normal variates) कहलाते हैं और तत्संबंधी वंटनों को प्रसामान्य वंटन (Normal distribution) कहते हैं। यह आप देख ही सकते हैं कि μ और $\sigma'/\sqrt{n}$ के विभिन्न मानों के लिए हमें विभिन्न प्रसामान्य वंटन प्राप्त होते हैं। इस कारण ये ही प्रसामान्य वंटन के प्राचल (parameters) हैं। ये प्राचल क्रमशः प्रसामान्य वंटन के माध्य और मानक विचलन भी हैं। प्रतिदर्श-परिमाण तो प्रसामान्य वंटन के परिचय में प्रासंगिक मात्र था और प्रसामान्य चर की परिभाषा में इसका कोई स्थान नहीं है। प्रसामान्य चर के घनत्व-फलन को हम

$$\phi(x) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}\sigma} e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{x-\mu}{\sigma}\right)^2} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots (8.3)$$

से सूचित करते हैं जहाँ μ और σ क्रमशः इस चर के माध्य और मानक विचलन हैं।

§ ८·३ प्रसामान्य वंटन के कुछ महत्त्वपूर्ण गुण

प्रसामान्य वंटन का उपयोग समझने से पहिले हमें उसके कुछ गुणों से परिचित हो जाना चाहिए।

(१) यदि X_1, और X_2 दो स्वतंत्र प्रसामान्य चर हों जिनके प्राचल (μ_1, σ_1) और (μ_2, σ_2) हैं तो इन दोनों चरों का योग (X_1+X_2) भी एक प्रसामान्य चर है जिसके प्राचल $(\mu_1+\mu_2, \sqrt{\sigma_1^2+\sigma_2^2})$ होते हैं।

(२) ऊपर लिखित फल को आगमिक विधि से किन्हीं भी N प्रसामान्य चरों पर लागू किया जा सकता। यदि इन N चरों के प्राचल क्रमशः (μ_1, σ_1), (μ_2, σ_2), ..., (μ_i, σ_i), ..., (μ_N, σ_N) हों और यदि ये चर स्वतंत्र हों तो इनका योग भी एक प्रसामान्य चर होता है जिसके प्राचल $\left(\sum_{i=1}^{N}\mu_i, \sqrt{\sum_{i=1}^{N}\sigma_i^2}\right)$ हैं।

(३) यदि प्रसामान्य चर X का माध्य μ और प्रसरण σ^2 हैं तो उसका कोई भी एक-घात फलन (linear function) $aX+b$ भी एक प्रसामान्य चर है जिसके माध्य और प्रसरण क्रमशः $a\mu+b$ तथा $a^2\sigma^2$ है। इस चर के प्राचल ऊपर-लिखित होंगे यह आसानी से देखा जा सकता है, क्योंकि

$$\begin{aligned} E(aX+b) &= E(aX)+E(b) \\ &= a\,E(X)+b \\ &= a\,\mu+b \end{aligned}$$

इसी प्रकार $$\begin{aligned} V(aX+b) &= V(aX) \\ &= a^2\,V(x) \\ &= a^2\,\sigma^2 \end{aligned}$$

जब हम कहते हैं कि किसी यादृच्छिक चर का घनत्व-फलन $f(x)$ है तो इसका अर्थ यह होता है कि यदि dx छोटा हो तो x और $x+dx$ के बीच इस चर के मान के पाये जाने की प्रायिकता लगभग $f(x)\,dx$ होती है। इस तरह

$$P\,[x'<X<x'+dx'] = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}\, e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{x'-\mu}{\sigma}\right)^2} dx'$$

$$\therefore P[x'<aX+b<x'+dx'] = P\left[\frac{x'-b}{a} < X < \frac{x'-b}{a}+\frac{dx'}{a}\right]$$

$$= \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}\left[e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{x'-b}{a}-\mu\right)^2/\sigma^2}\right]\frac{dx'}{a}$$

$$= \frac{1}{a\sigma\sqrt{2\pi}}\, e^{-\frac{1}{2}\left[\frac{x'-(a\mu+b)}{a\sigma}\right]^2} dx' \qquad \ldots\ldots(8.4)$$

यानी $(aX+b)$ एक प्रसामान्य चर है जिसके प्राचल $(a\mu+b,\ a\sigma)$ हैं।

(४) यदि $a=\frac{1}{\sigma}$ और $b=-\frac{\mu}{\sigma}$ हो तो $\frac{x-\mu}{\sigma}$ का घनत्व-फलन निम्न-लिखित होगा।

$$\phi\left(\frac{x-\mu}{\sigma}\right) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}}\, e^{-\frac{x^2}{2}} \qquad \ldots\ldots\ldots(8.5)$$

यह एक प्रसामान्य चर का घनत्व-फल है जिसका माध्य शून्य तथा प्रसरण एक है। इस चर के वंटन को मानकित प्रसामान्य वंटन (standardised Normal distribution) कहते हैं। इसको $N\ (0,1)$ से सूचित किया जाता है और इसे "प्रसामान्य शून्य एक" पढ़ते हैं। इसी प्रकार जिस प्रसामान्य वंटन का माध्य μ तथा मानक विचलन σ हो उसे $N\ (\mu, \sigma)$ से सूचित किया जाता है।

(५) ऊपर दिये हुए गुण से यह पता चलता है कि यदि इस मानकित प्रसामान्य वंटन के प्रतिशतता-विन्दुओं की सारणी तैयार की जाय तो आसानी से किसी भी प्रसामान्य वंटन $N\ (\mu, \sigma)$ के प्रतिशतता-बिंदुओं का कलन किया जा सकता है। इस प्रकार की सारणी सांख्यिकों ने तैयार कर रखी है।

मान लीजिए, हमें किसी प्रसामान्य वंटन का प्रसरण σ^2 ज्ञात है और हम इस परिकल्पना की जाँच करना चाहते हैं कि वंटन का माध्य μ है। हम n परिमाण का एक प्रतिदर्श (sample) लेकर प्रतिदर्श माध्य $\bar{x}$ का परिकलन कर सकते हैं। यदि परिकल्पना सत्य है तो $\dfrac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}$ एक $N\ (0,1)$ चर है। इस कारण हम सारणी द्वारा $P\left[N\ (0,1) \geqslant \dfrac{|\bar{x}-\mu|}{\sigma/\sqrt{n}}\right]$ मालूम कर सकते हैं। यदि यह प्रायिकता बहुत कम हो तो हमारा परिकल्पना पर संदेह होना और इस कारण उसे अस्वीकार कर देना स्वाभाविक है।

(६) यदि हम प्रसामान्य चर X के मान और उसके घनत्व-फलन के बीच एक ग्राफ खींचें तो उसकी शकल इस प्रकार की होगी जैसी नीचे के चित्र में दिखायी गयी है।



चित्र २५—$N(\mu-\sigma)$ का घनत्व-फल

ऐसा मालूम होता है कि किसी घंटी को उलट कर रख दिया हो। माध्य के दोनों ओर का वंटन एक-सा होता है। जो प्रायिकता घनत्व $(\mu+a)$ पर होता है वही $(\mu-a)$ पर भी होता है। इस वंटन का बहुलक (mode) और माध्य बराबर होते हैं। यह चर छोटे-से-छोटे और बड़े-से-बड़े हर एक मान को धारण करता है, परंतु जैसे-जैसे मान माध्य से दूर होता जाता है, उसका प्रायिकता-घनत्व कम होता जाता है और शून्य की ओर अग्रसर होता जाता है।

§ ८·४ प्रसामान्य वंटन द्विपद वंटन का एक सीमान्त रूप

इससे पहिले कि हम परिकल्पना की जाँच में प्रसामान्य चर के उपयोग का अध्ययन करें आप शायद यह जानना चाहेंगे कि किसी भी वंटन के लिए प्रतिदर्श-माध्य प्रसामान्य चर की ओर कैसे अग्रसर होता है। हम एक ऐसे द्विपद वंटन के उदाहरण से जिसमें $p=\frac{1}{2}$ हो, इसे समझने की चेष्टा करेंगे। मान लीजिए कि हम एक सिक्के को उछालते हैं। इस यादृच्छिक प्रयोग के दो ही फल हो सकते हैं, चित या पट। यदि हम एक यादृच्छिक चर की ऐसी परिभाषा करें कि वह चित आने पर १ और पट आने पर ० मान को ग्रहण करता है तो इस वंटन का दंड-चित्र (bar diagram) नीचे चित्र संख्या २६ के समान होगा।



चित्र २६—द्विपद $(१, \frac{१}{२})$ का वंडचित्र

इस वंटन का माध्य $\frac{1}{2}$ तथा मानक विचलन भी $\frac{1}{2}$ है

क्योंकि $\mu=E(X)=0\times\frac{1}{2}+1\times\frac{1}{2}$

$=\frac{1}{2}$

$$\sigma^2 = E(X^2) - E^2(X)$$
$$= [0^2 \times \tfrac{1}{2} + 1^2 \times \tfrac{1}{2}] - (\tfrac{1}{2})^2$$
$$= \tfrac{1}{2} - \tfrac{1}{4}$$
$$= \tfrac{1}{4}$$
$$\therefore \sigma = \tfrac{1}{2}$$

यदि सिक्का दो बार उछाला जाय और इन दो प्रयोगों से संबंधित चरों के माध्य का परिकलन किया जाय तो वह तीन मान धारण कर सकता है--0, $\frac{1}{2}$ और 1 और इनको ग्रहण करने की प्रायिकताएं क्रमशः $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{4}$ हैं। इसका दंड-चित्र चित्र संख्या २७ में दिखाया गया है।



चित्र २७--द्विपद $(2, \frac{1}{2})$ का दंडचित्र

इसके माध्य और प्रसरण क्रमशः $\frac{1}{2}$ और $\frac{1}{8}$ हैं।

प्रतिदर्श-परिमाण चार होने पर प्रतिदर्श माध्य पाँच मानों 0, $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{2}$, $\frac{3}{4}$ तथा 1 को क्रमशः $(\frac{1}{2})^4$, 4 $(\frac{1}{2})^4$, 6 $(\frac{1}{2})^4$, 4 $(\frac{1}{2})^4$ तथा $(\frac{1}{2})^4$ की प्रायिकता के साथ ग्रहण करता है। इस माध्य के वंटन के माध्य तथा प्रसरण क्रमशः $\frac{1}{2}$ तथा $\frac{1}{16}$ हैं। इसका दंड-चित्र चित्र संख्या २८ में दिखाया गया है।

प्रतिदर्श परिमाण 8 और 16 से संबंधित दंड-चित्र भी पृ० १३६ दिये हुए हैं। (२९, ३० चित्र)। इन सभी चित्रों में (पहिले को छोड़कर) माध्य पर की प्रायिकता को,



चित्र २८—द्विपद $(4, \frac{1}{2})$ का दंडचित्र



चित्र २९—द्विपद $(8, \frac{1}{2})$ का दंडचित्र



जो अन्य सब प्रायिकताओं से अधिक है, एक चार सेंटीमीटर ऊंची रेखा से सूचित किया गया है, यद्यपि विभिन्न प्रतिदर्श-परिमाणों के लिए इस मान $\frac{1}{2}$ को ग्रहण करने की प्रायिकताएँ अलग-अलग हैं। आपने यह देखा होगा कि जैसे-जैसे प्रतिदर्श परिमाण बढ़ता जाता है वैसे-वैसे दंड-चित्र के दंड एक दूसरे के पास आते जाते हैं। यदि इन दंडों के सिरों को मिलाती हुई एक वक्र रेखा खींची जाय तो जैसे-जैसे प्रतिदर्श-परिमाण बढ़ता जाता है वैसे-वैसे इस वक्र की शक्ल घंटीनुमा वक्र की जैसी होती जाती है।

इससे भी अच्छी तुलना दो दण्डों के बीच के मानों की तत्संबंधी संचयी प्रायिकताओं से हो सकती है जो इन द्विपद वंटनों और प्रसामान्य वंटनों के आधारपर परिकलित की जायें जिनके माध्य और प्रसरण द्विपद वंटन के माध्य और प्रसरण के बराबर हों। नीचे सारणी में $\frac{n}{10}, \frac{2n}{10}, \frac{3n}{10}, \frac{4n}{10}, \frac{5n}{10}, \frac{6n}{10}, \frac{7n}{10}, \frac{8n}{10}, \frac{9n}{10}$ तथा n पर द्विपद वंटन और प्रसामान्य वंटन की संचयी प्रायिकताएँ दी हुई हैं।

आगे की सारणी से यह प्रत्यक्ष ज्ञात होता है कि जैसे-जैसे प्रतिदर्श परिमाण बढ़ता जाता है द्विपद-वंटन का संचयी प्रायिकता-फलन अधिकाधिक प्रसामान्य वंटन के संचयी बारंबारता-फलन के बराबर होता जाता है। इस उदाहरण में हमने p और q को द्विपद वंटन के लिए बराबर रखा था। यदि p और q में अंतर बहुत अधिक हो तो इन दोनों फलनों के बराबर होने के लिए बहुत अधिक प्रतिदर्श परिमाण की आवश्यकता होगी।

§ ८·५ त्रुटियों का वंटन

वैज्ञानिकों ने यह देखा है कि चाहे कितनी भी होशियारी से माप लिया जाय, माप में कुछ-न-कुछ त्रुटि रह ही जाती है।

मान लीजिए कि एक पैमाना है जिसमें एक इंच के दसवें भाग पर निशान लगे हुए हैं। यदि हम इसकी मदद से किसी वस्तु को इंच के सौवें हिस्से तक नापना चाहते हैं तो यह काम हमारे लिए इस पैमाने से करना संभव नहीं है। यदि हमारे पास कोई पैमाना नहीं हो तो हमें इंच के दूसरे दशमलव स्थान को अनुमान द्वारा प्राप्त करना होगा। यह कैसे हो सकता है कि यथार्थ अंक का ही अनुमान लगे? गलती होना अवश्यंभावी और स्वाभाविक है। यद्यपि लंबाई वही बनी रहती है तो भी एक ही मनुष्य उस ही वस्तु को बार-बार नापने पर इस अंक का अलग-अलग अनुमान

सारणी संख्या 8·1

द्विपद और प्रसामान्य वंटनों की संचयी प्रायिकताओं की तुलना

प्रतिदर्श परिमाण n	$X=$ / वंटन	$\frac{n}{10}$	$\frac{2n}{10}$	$\frac{3n}{10}$	$\frac{4n}{10}$	$\frac{5n}{10}$	$\frac{6n}{10}$	$\frac{7n}{10}$	$\frac{8n}{10}$	$\frac{9n}{10}$	n
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
1	द्विपद	·5000	·5000	·5000	·5000	·5000	·5000	·5000	·5000	·5000	1·0000
	प्रसामान्य	·2119	·2743	·3446	.4207	·5000	·5793	·6554	·7257	·7881	1·0000
2	द्विपद	·2500	·2500	·2500	·2500	·7500	·7500	·7500	·7500	·7500	1·0000
	प्रसामान्य	·1292	·1977	·2843	·3897	·5000	·6103	·7157	·8023	·8708	1·0000
4	द्विपद	·0625	·0625	.3125	·3125	·6875	·6875	·6875	·9375	·9375	1·0000
	प्रसामान्य	·0548	·1151	·2119	.3446	·5000	·6554	·7881	·8849	·9452	1·0000
8	द्विपद	·0039	·0352	·1445	·3633	·6367	·6367	·8555	·9648	·9961	1·0000
	प्रसामान्य	·0119	·0455	·1292	·2843	·5000	·7157	·8708	·9545	·9881	1·0000
16	द्विपद	·0003	·0106	·0245	·2272	·5982	·7728	·9616	·9755	·9997	1·0000
	प्रसामान्य	·0007	·0082	·0548	·2119	·5000	·7881	·9452	·9918	·9993	1·0000
32	द्विपद	·0000	·0003	·0045	·1077	·5700	·8595	·9900	·9997	1·0000	1·0000
	प्रसामान्य	·0000	·0003	·0119	·1292	·5000	·8708	·9881	.9997	1·0000	1·0000

लगा सकता है। यदि अनुमान लगाने की इस क्रिया को बार-बार दुहराया जाय तो वास्तविक माप और इस प्रकार अनुमानित माप के बीच के अंतर (जिसे मापत्रुटि कहा जा सकता है) का वंटन किस प्रकार का होगा ? अनुभव के आधार पर यह जाना गया है कि इस वंटन का एक अच्छा सन्निकटित रूप प्रसामान्य वंटन है।

यह देखा गया है कि यदि हम किसी भी कार्य में बहुत अधिक यथार्थता प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं और इसके होते हुए भी कुछ त्रुटि हो जाती है तो यह त्रुटि प्रसामान्य-चर होती है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण किसी छोटे से निशाने पर गोली मारने का प्रयत्न है। इस उदाहरण पर पहिले भी हम किसी दूसरे प्रसंग में विचार कर चुके हैं। यहाँ हवा का ज़रा-सा झोंका, बनावट में जरा-सा अंतर, बंदूक को साधे हुए हाथ का तनिक-सा कंपन अथवा अन्य कोई भी कारण त्रुटि उत्पन्न कर सकता है। त्रुटियों के प्रसामान्य चर होने का यही कारण बताया जाता है। विभिन्न कारणों से जो त्रुटियाँ होती हैं उनके विभिन्न वंटन हो सकते हैं परंतु समस्त प्रेक्षित त्रुटियों की संख्या इन सब विभिन्न त्रुटियों की संख्याओं का योग होगी। जैसा हम द्विपद चर के लिए देख चुके हैं, यह सिद्ध किया जा सकता है कि इन अनेक चरों के योग अथवा माध्य का वटन प्रायः प्रसामान्य होगा।

विभिन्न कारणों के संचित प्रभाव का एक कौतूहल-जनक उदाहरण एक व्यक्ति की लंबाई है। जन्म संबंधी उपादान कारणों के अलावा, जो शायद सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं, सैकड़ों अन्य कारण व्यक्ति की ऊंचाई पर प्रभाव डालते हैं। ऊपर के तर्क के अनुसार यह आशा की जाती है कि व्यक्तियों की ऊंचाइयों का वंटन प्रसामान्य होना चाहिए और प्रेक्षण द्वारा यह देखा गया है कि यदि काफी बड़े प्रतिदर्श में मनुष्यों की ऊंचाइयों का प्रेक्षण किया जाय तो मालूम होगा कि इनका वंटन लगभग प्रसामान्य है।

गाउस (Gauss) ने इस वंटन को पहिले त्रुटियों के वंटन के रूप में ही खोजा था। इस कारण इसको त्रुटियों का वंटन (law of errors) अथवा गाउस का वंटन भी कहा जाता है। आपको यह कौतूहल होना स्वाभाविक है कि इस प्रकार के जटिल वंटन का विचार किस प्रकार शुरू में किसी को आया होगा। आपके इस कौतूहल को शांत करने के लिए इस वंटन की सैद्धान्तिक व्युत्पत्ति की रूपरेखा हम नीचे दे रहे हैं।

§ ८·६ गाउस के त्रुटि-वंटन की व्युत्पत्ति

मान लीजिए कि किसी वस्तु का वास्तविक माप μ (म्यू) है। इस वस्तु को यदि n बार नापें तो हमें विभिन्न माप $x_1, x_2, \ldots x_n$ प्राप्त होंगे। यदि हमें माप x_r

प्राप्त होता है तो इसमें त्रुटि $(x_r - \mu)$ है। हम इस त्रुटि को z_r से सूचित करेंगे। इस तरह

$$z_1 = x_1 - \mu \quad ; \quad z_2 = x_2 - \mu \quad ; \ldots\ldots z_r = (x_r - \mu) ;$$
$$\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots z_{n-1} = x_{n-1} - \mu \quad ; \quad z_n = (x_n - \mu)$$

यदि हम त्रुटि के परास (range) को छोटे-छोटे अंतरालों में विभाजित कर दें जिन सबका परिमाण $\triangle z$ हो तो माप के z और $z + \triangle z$ के बीच में पाये जाने की प्रायिकता दो अवयवों पर निर्भर करती है।

(१) अंतराल का परिमाण $\triangle z$

(२) त्रुटि का प्रायिकता घनत्व-फलन जो त्रुटि विशेष z से संबंधित है। इसे हम $f(z)$ से सूचित करेंगे। हमारा उद्देश्य इस फलन $f(z)$ का पता चलाना है। इस फलन के बारे में पहिले हम दो अभिधारणाएँ (postulates) लेकर चलते हैं।

(१) z के जिस मान के लिए इस फलन का मान महत्तम हो जाता है वह है $z = 0$

(२) ज्यों-ज्यों z का मान बढ़ता जाता है, त्यों-त्यों $f(z)$ का मान कम होता जाता है और शून्य की ओर अग्रसर होता जाता है।

ये अभिधारणाएँ अनुभव पर आधारित हैं। यदि हम सावधानी से किसी वस्तु का यथार्थ माप प्राप्त करने की चेष्टा करें तो यह स्वाभाविक है कि कम त्रुटि होने की प्रायिकता अधिक और अधिक त्रुटि होने की प्रायिकता कम होगी। बहुत अधिक त्रुटि होना प्रायः असंभव है, इसलिए ऐसी घटना के लिए $f(z)$ का मान शून्यप्राय होना ही चाहिए।

यदि z और $z + \triangle z$ के बीच में प्रेक्षित माप के पाये जाने की प्रायिकता को W से सूचित करें तो

$$W = f(z) \triangle z \qquad \ldots\ldots(8.6)$$

यदि समस्त मापों की संख्या n हो, तो z और $z + \triangle z$ के बीच के मापों की प्रत्याशित संख्या

$$nW = nf(z) \angle z \qquad \ldots\ldots(8.7)$$

यदि ये सब त्रुटियाँ एक दूसरे से स्वतंत्र हों अर्थात् एक माप के ज्ञान से दूसरे मापों के वंटनों में कोई अंतर न पड़े तो इन विचलनों के संचय (combination) की प्रायिकता L इन विभिन्न प्रायिकताओं का गुणनफल होगी।

$$L = f(z_1) f(z_2) \ldots\ldots f(z_n) (\Delta z)^n \quad \ldots\ldots(8.8)$$

ऊपर के समीकरण में दोनों ओर का लघुगणक (logarithm) लेने पर

$$\log L = \sum_{r=1}^{n} \log f(z_r) + n \log(\Delta z) \quad \ldots\ldots(8.9)$$

लघु-गणक की परिभाषा

यदि आप लघुगणक के उपयोग से परिचित नहीं हैं तो आपको यह जानने की इच्छा होगी कि लघुगणक क्या होता है।

आप संख्या e से तो परिचय प्राप्त कर ही चुके हैं। $\log L$ की परिभाषा निम्नलिखित समीकरण द्वारा दी जाती है।

$$e^{\log L} = L \quad \ldots\ldots(8.10)$$

इसी प्रकार $e^{\log M} = M$ $\quad \ldots\ldots(8.11)$

ऊपर के समीकरणों का गुणा करने पर हम देखते हैं कि

$$e^{\log L + \log M} = LM \quad \ldots\ldots(8.12)$$

इस प्रकार दो या अधिक संख्याओं के गुणनफल का लघुगणक उनके पृथक्-पृथक लघुगणकों का योग होता है। लघुगणक के इसी गुण का ऊपर $\log L$ के परिकलन में उपयोग किया गया है।

हम निम्नलिखित प्रतिबंधों (restrictions) को दृष्टि में रखते हुए फलन $f(z)$ का चुनाव करते हैं।

(१) फलन $f(z)$ प्रायिकता का घनत्व-फलन है। इसलिए z के पूर्ण परास $-\infty$ से $+\infty$—में $f(z)$ का समाकल (integral) अथवा विभिन्न फलनों का योग १ होना चाहिए

$$\int_{-\infty}^{+\infty} f(z)\, dz = 1 \quad \ldots\ldots(8.13)$$

(२) इन त्रुटियों का माध्य शून्य है

$$\sum_{r=1}^{n} z=0 \qquad \ldots\ldots\ldots(8.14)$$

(३) L या log L इन $x_1x_2,\ldots\ldots x_a$ आदि मापों के माध्य के लिए महत्तम हो जाती है।

अवकल की परिभाषा—

यदि $F(x)$ कोई सतत चर हो और उसका मान $x=a$ पर महत्तम होता हो तो यह सिद्ध किया जा सकता है कि—

$$\lim_{h\to 0} \frac{F(a+h)-F(a)}{h} = 0$$

और $$\lim_{h\to 0} \frac{F(a)-F(a-h)}{h} = 0$$

जब कभी भी $\lim_{h\to 0} \frac{F(a+h)-F(a)}{h} = \lim_{h\to 0} \frac{F(a)-F(a-h)}{h}$

हो तो हम कहते हैं कि फलन $F(x)$ का $x=a$ पर अवकलन (differentiation) किया जा सकता है और इन अनुपातों के सीमान्त मानों को जो बराबर हैं हम $x=a$ पर $F(x)$ का अवकल (differential coefficient) कहते हैं। इसको $F'(a)$ से सूचित किया जाता है। इस प्रकार x के विभिन्न मानों के लिए विभिन्न अवकल प्राप्त किये जा सकते हैं और ये अवकल भी x के फलन समझे जा सकते हैं जिन्हें $F'(x)$ अथवा $\frac{dF(x)}{dx}$ से सूचित करते हैं।

यह सिद्ध किया जा सकता है कि $\frac{d \log f(x)}{dx} = \frac{1}{f(x)} \frac{d f(x)}{dx}$, इस कारण ऊपर के समीकरण को निम्नलिखित रूप में रखा जा सकता है .....(8.15)

$$\sum_{r=1}^{n} \phi(z_r)=0 \qquad \text{जहाँ } \phi(z_r) = \frac{df(z_r)/dz_r}{f(z_r)} \qquad \ldots\ldots(8.16)$$

अब हम एक और अवधारणा स्वीकार कर लेते हैं। वह यह है कि $\phi(z)$ को एक घात-श्रेणी (power series) के रूप में रखा जा सकता है। यानी

$$\phi(z) = a_0+a_1z+a_2z^2+\ldots\ldots \qquad \ldots\ldots(8.17)$$

जहाँ a_0, a_1, a_2 इत्यादि ऐसे अचर (constants) हैं जो समीकरण

$$\sum_{r=1}^{n} \phi(z_r) = 0$$ को संतुष्ट कर सकें।

क्योंकि $\phi(z_r) = a_0 + a_1 z + a_2 z^2 + \ldots\ldots$

$$\sum_{r=1}^{n} \phi(z_r) = n a_0 + a_1 \sum_{r=1}^{n} z_r + a_2 \sum_{r=1}^{n} z_r^2 + a_3 \sum_{r=1}^{n} z^3_r + \ldots$$

$$= 0 \qquad \ldots\ldots\ldots (8.18)$$

यह समीकरण तभी संतुष्ट हो सकता है जब उसके हर एक पद का मान शून्य हो। यदि a_1 को छोड़कर अन्य a_0, a_2, a_3 इत्यादि सब शून्य हों तो भी यह संतुष्ट हो जायगा, क्योंकि

$$\sum_{r=1}^{n} z_r = 0$$

$$\therefore \phi(z) = \frac{df(z)/dz}{f(z)} = a_1 z$$

$$\text{अथवा } \frac{d \log f(z)}{dz} = a_1 z \qquad \ldots\ldots (8.19)$$

परंतु हम जानते हैं कि यदि $\log f(z) = \frac{a_1}{2} z^2 + \log C$ हो

जहां C कोई भी अचर है तो $\frac{d \log f(z)}{dz} = a_1 z$ हो जाता है।

इसलिए ऊपर के समीकरण में हम यह मान सकते हैं कि

$$f(z) = c\, e^{a_1 z^2/2} \qquad \ldots\ldots$$

आपको याद होगा कि हम यह अवधारणा लेकर चले थे कि $f(z)$ का महत्तम मान $z = 0$ पर होता है और जैसे जैसे z का मान शून्य से अधिकाधिक अंतर पर होता जाता है वैसे ही वैसे $f(z)$ का मान शून्य की ओर अग्रसर होता जाता है। यह तभी हो सकता है जब a_1 एक ऋणात्मक संख्या हो। इसलिए हम a_1 के स्थान पर $-\frac{1}{\sigma 2}$ लिख सकते हैं—

$$\therefore \quad f(z) = c\, e^{-z^2/2\sigma^2}$$

परंतु $$\int_{-\infty}^{+\infty} f(z)dz = 1$$

$$\therefore \quad C \int_{-\infty}^{+\infty} e^{-z^2/2\sigma^2} dz = C\sqrt{2\pi}\,\sigma = 1$$

क्योंकि यह ज्ञात है कि $$\int_{-\infty}^{+\infty} e^{-z^2/2\sigma 2} dz = \sigma\sqrt{2\pi}$$

$$\therefore \quad C = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}$$

और $$f(z) = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}\, e^{-z^2/2\sigma 2}$$

आप यह तो पहिचान ही गये होंगे कि यह फलन एक प्रसामान्य चर का घनत्व फलन है जिसका माध्य शून्य और मानक विचलन σ है।

§ ८·७ परिकल्पनाओं की जाँच में प्रसामान्य वंटन का उपयोग

अब आप कई परिस्थितियों से परिचित हो चुके हैं जहाँ यह आशा की जा सकती है कि वंटन प्रसामान्य होगा। आप यह भी समझ चुके है कि प्रसामान्य वंटन का आविष्कार त्रुटियों के वंटन के रूप में किन अवधारणाओं को लेकर हुआ था। यह कदाचित् आप समझ गये होंगे कि किसी वंटन के माध्य और मानक विचलन का विशेष महत्त्व क्यों है। यदि हमें किसी यादृच्छिक चर के माध्य और मानक विचलन ज्ञात हैं और यदि हम एक काफी बड़ा प्रतिदर्श इस चर के लिए लेते हैं तो हम जानते है कि इस प्रतिदर्श के माध्य का वंटन क्या होगा। आइए अब हम देखें कि इस वंटन का उपयोग कुछ परिकल्पनाओं की जाँच के लिए किस प्रकार किया जा सकता है।

उदाहरण (१) आसाम की एक जाति में मनुष्यों की ऊंचाई का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया। पता लगा कि ऊंचाई का वितरण प्रसामान्य है जिसका माध्य 5 फुट 6 इंच और मानक विचलन 2·5 इंच है। कुछ इतिहासकारों का मत है कि यह जाति राजस्थान के एक विशेष भाग से लगभग दो सौ वर्ष पहले आसाम में आयी थी। यह सर्वविदित है कि इस जाति के लोग जाति के अन्दर ही विवाह करते हैं। और राजस्थान के उस भाग के लोग भी अन्य जाति या विदेशियों से विवाह नहीं करते। प्राणि-विज्ञान के ज्ञाताओं के अनुसार मनुष्य की ऊंचाई वंशानुगत गुणों पर ही अधिक निर्भर करती है। इसलिए यदि इतिहासकारों के मत में कुछ सच्चाई है तो इन दोनों जातियों के मनुष्यों की ऊंचाई का वितरण एक-सा होना चाहिए। यदि इसमें अंतर हो तो इतिहासकारों के मत से विश्वास उठ जायगा।

अब हमें इतिहासकारों के मत को एक सांख्यिकीय परिकल्पना का रूप देना होगा जिसकी जाँच की जा सके। यह सांख्यिकीय रूप निम्नलिखित हो सकता है। "राजस्थान के इस विशेष भाग की जाति में मनुष्यों की ऊंचाई का वितरण प्रसामान्य है जिसका माध्य 5 फुट 6 इंच और मानक विचलन 2·5 इंच है।" इस निराकरणीय परिकल्पना की जाँच के लिए इस भाग की जनसंख्या से एक यादृच्छिकीकृत प्रतिदर्श लिया गया जिसमें 100 मनुष्य थे। इन मनुष्यों की ऊंचाई नापी गयी और इस प्रतिदर्श में ऊंचाइयों के माध्य का कलन किया गया। हमने प्रसामान्य वितरण के बारे में जो कुछ अध्ययन किया है उससे हमें यह मालूम है कि $t=\left(\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}\right)$ का वितरण $N(0,1)$ है जहाँ $\bar{x}$ प्रतिदर्श-माध्य, μ समष्टि-माध्य, σ समष्टि का मानक विचलन और n प्रतिदर्श-संख्या है। इस उदाहरण में

$$\mu = 5 \text{ फुट } 6 \text{ इंच}$$
$$\sigma = 2{\cdot}5 \text{ इंच}$$
$$n = 100$$

प्रतिदर्श की ऊँचाइयों का माध्य 5 फुट 7 इंच पाया गया। अर्थात् $\bar{x}=5$ फुट 7 इंच और $\bar{x}-\mu=1$ इंच

$$\therefore t = \frac{1}{2.5} \times \sqrt{100} = 4$$

$N(0, 1)$ की सारणी में देखने से हमें ज्ञात होता है कि इतना बड़ा या इससे भी बड़े मान होने की प्रायिकता 0.00005 से कम है। इस कारण हमें इस निराकरणीय* परिकल्पना को कि राजस्थान के इस भाग की जाति के मनुष्यों की ऊँचाई का वितरण प्रसामान्य है—जिसका माध्य 5 फुट 6 इंच और मानक विचलन 2·5 इंच है—त्यागने को बाध्य होना पड़ेगा, परन्तु यह परिकल्पना इतिहासकारों के मत का ही निष्कर्ष है। इसलिए इसको त्यागने का अर्थ है यह समझना कि इतिहासकारों का मत गलत है।

पाठकों का ध्यान इस ओर गया होगा कि यह परिकल्पना केवल इतिहासकारों के मत पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि प्राणिविज्ञान के ज्ञाताओं के मत से संबंध रखती है। यदि उनका मत प्रमाणित नहीं हो चुका है और उसमें संदेह की कुछ गुंजाइश है तो इतिहासकार यह कह सकते हैं कि इस जाँच से यह निष्कर्ष भी निकल सकता है कि प्राणिविज्ञान का यह मत ठीक नहीं है। इस प्रकार एक ही प्रयोग के नतीजे की व्याख्या भिन्न-भिन्न लोग विभिन्न तरीकों से कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में हमारी जाँच अर्थहीन हो जाती है। यह जाँच उसी समय कुछ अर्थ रखेगी जब जिस मत की हम पुष्टि अथवा खण्डन करना चाहते हैं उसके अतिरिक्त और किसी भी ऐसे मत पर निराकरणीय परिकल्पना निर्भर न करे जिसकी सच्चाई में सन्देह हो।

उदाहरण (२) एक कारखाने में किसी विशेष मशीन के लिए छड़ें (rods) बनती हैं। मशीन के लिए इन छड़ों की लम्बाई १५ सेंटीमीटर होना चाहिए। इसलिए कारखाने में यही उद्देश्य सामने रखा जाता है। परन्तु मनुष्य, मशीन और माल के कारण कुछ-न-कुछ त्रुटि होना संभव है। अतः यह संभव नहीं है कि प्रत्येक छड़ की लम्बाई ठीक 15 सेंटीमीटर ही हो—न कम न ज्यादा। यदि इन छड़ों का निर्माण-कार्य बिल्कुल नियंत्रित है तो यह देखा जाता है कि इनकी लम्बाई का वितरण प्रसामान्य होता है जिसका माध्य 15 सेंटीमीटर और मानक विचलन 0·1 सेंटीमीटर है।

एक दिन किसी यादृच्छिक रूप से चुने हुए समय पर 16 छड़ों का एक प्रतिदर्श लिया गया। इन सबकी लम्बाई नापी गयी और उनके माध्य का कलन किया गया। यह माध्य 15.1 सेंटीमीटर था। अब तय यह करना है कि 15 सेंटीमीटर से इस माध्य का अंतर क्या यह इंगित करता है कि निर्माण-कार्य इस समय नियंत्रण से बाहर था।

---

*प्रयोग द्वारा जिस परिकल्पना के बारे में यह निर्णय करना होता है कि वह निराकरण करने के योग्य है अथवा नहीं उसको **निराकरणीय परिकल्पना** (null hypothesis) कहते हैं।

इसको तय करने के लिए पहिले हम इस निराकरणीय परिकल्पना से आरंभ करेंगे कि निर्माणकार्य नियंत्रित था। इसका अर्थ यह होगा कि यह प्रतिदर्श एक समष्टि में से लिया गया है, जिसका वितरण प्रसामान्य $N(15, 0.1)$ है। आइए, हम देखें कि इस प्रयोग में t का मान क्या है।

$$t = \frac{\bar{x} - \mu}{\sigma/\sqrt{n}}$$

$$= \frac{15{\cdot}1 - 15{\cdot}0}{0{\cdot}1}\sqrt{16}$$

$$= 4$$

t के इतने अधिक या इससे भी अधिक मान होने की प्रायिकता हम पहले उदाहरण में ही मालूम कर चुके हैं। हम यह भी जानते हैं कि यह इतनी कम है कि निराकरणीय परिकल्पना को त्याग देना ही उचित मालूम देता है। इसलिए यह समझा जा सकता है कि निर्माण वास्तव में नियंत्रण से बाहर था।

उदाहरण (३) मनुष्यों की बुद्धि को नापने के लिए एक प्रकार का परीक्षण तैयार किया गया है जिसे **बुद्धि-परीक्षण** (intellegence test) कहते हैं। इसमें 200 या 300 छोटे-छोटे प्रश्न पूछे जाते हैं जिनके उत्तर एक निर्दिष्ट समय में देने होते हैं। इन उत्तरों पर नम्बर दिये जाते हैं और यदि किसी को इस परीक्षा में 60 प्रतिशत से कम नम्बर मिले तो उसे असंतोषजनक समझा जाता है। एक विश्वविद्यालय की ओर से 20 वर्ष पूर्व इस परीक्षा का उपयोग हजारों विद्यार्थियों पर किया गया था। यह देखा गया कि दस प्रतिशत विद्यार्थियों का परीक्षा-फल असंतोषजनक था। इस वर्ष इस परीक्षा का उपयोग 64 विद्यार्थियों पर किया गया था। इनमें से केवल पाँच ऐसे थे जिनका परीक्षाफल असंतोषजनक था।

एक वैज्ञानिक का कहना है कि इस प्रयोग से यह मालूम होता है कि कुल मनुष्यों में बुद्धिमान् मनुष्यों का अनुपात जितना 20 वर्ष पूर्व था उससे आज अधिक है। यहाँ बुद्धिमान् मनुष्यों से वैज्ञानिकों का तात्पर्य उन मनुष्यों से है जिन्हें बुद्धि-परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नम्बर मिले। हमें यह देखना है कि इस वैज्ञानिक का कथन कहाँ तक युक्तियुक्त है।

पाठक निश्चय ही यह सोचेंगे कि ऐसी स्थिति में द्विपद-वंटन का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि हमें यह जाँच करनी है कि इस प्रतिदर्श में बुद्धिमान् मनुष्यों का जो अनुपात है उतना या उससे अधिक अनुपात होने की प्रायिकता क्या है। यदि यह समझा

लिया जाय कि अब भी समष्टि में अनुपात 90 प्रतिशत ही है तो पाठकों का यह विचार ठीक है। परन्तु द्विपद-वंटन के प्रयोग में कुछ कठिनाई है। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, N के 50 से अधिक मान के लिए द्विपद-वंटन की कोई सारणी प्रस्तुत नहीं है। इसलिए द्विपद-वंटन के प्रयोग के लिए स्वयं इस प्रायिकता का कलन करना होगा। यद्यपि यह कठिन नहीं है परन्तु इसमें बहुत समय लगेगा। इस कारण द्विपद-वंटन के स्थान में हम इस वंटन के किसी सन्निकटन (approximation) का उपयोग कर सकते हैं जिससे ऊपर दी हुई निराकरणीय परिकल्पना की जाँच कुछ मिनटों में ही हो सकती है।

द्विपद-वंटन का माध्य है

$$Np = 64 \times 0.10$$
$$= 6.4$$

इसका मानक विचलन है $\sqrt{Npq} = \sqrt{64 \times 0.10 \times 0.90}$

$$= 8 \times 0.30$$
$$= 2.40$$

इसलिए इस द्विपद-वंटन का सन्निकटन एक प्रसामान्य वंटन से किया जा सकता है जिसका माध्य 6.4 और मानक विचलन 2.4 है। क्योंकि विद्यार्थियों के इस प्रतिदर्श में असंतोषजनक फल पानेवालों की संख्या n का यह वंटन है

इसलिए $t = \frac{n-6.4}{2.4}$ का वंटन प्रसामान्य है जिसका माध्य o और मानक विचलन 1 है।

t का प्रेक्षित मान है $= \frac{5-6.4}{2.4}$

$$= -\frac{1.4}{2.4}$$
$$= -0.583$$

t का इतना कम या इससे भी कम मान के होने की प्रायिकता 30% से भी अधिक है। इसलिए यदि कम-बुद्धिमान् मनुष्यों की प्रतिशतता अब भी 10% ही हो, फिर भी हम सौ बार में तीस बार यह उम्मीद कर सकते हैं कि 64 विद्यार्थियों के प्रतिदर्श में 5 या उससे भी थोड़े कम-बुद्धिमान् विद्यार्थी पाये जायेंगे। यह प्रायिकता इतनी

अधिक है कि इस प्रयोग से इतना बड़ा निष्कर्ष निकाल लेना युक्तियुक्त मालूम नहीं होता कि अब बुद्धिमान् मनुष्यों का अनुपात बढ़ गया है।

यद्यपि प्रसामान्य वंटन के अनेकों और विभिन्न उपयोग हैं, परन्तु आप अब तक परिकल्पना की जाँच में इसके उपयोग को काफी समझ चुके होंगे। और अधिक उदाहरण देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि चाहे किसी विज्ञान में या किसी परिकल्पना की जाँच के लिए इसका प्रयोग किया जाय सिद्धान्त और तरीका वही रहेगा।

परन्तु यदि आपका दृष्टिकोण आलोचनात्मक है तो आपको प्रसामान्य वंटन और प्वासों वंटन के उपयोग के बारे में एक संदेह अवश्य उठा होगा। इन उपयोगों में आपका ध्यान इस ओर गया होगा कि कई बार मूल समस्या यह नहीं होती कि प्रतिदर्श एक विशेष प्रसामान्य अथवा प्वासों समष्टि से लिया गया है। बल्कि वह केवल समष्टि के माध्य अथवा मानक विचलन से संबंध रखती है। प्रायः सभी उदाहरणों में हमने यह कहा है कि एक बहुत बड़े प्रतिदर्श के आधार पर हम यह जानते हैं कि वंटन प्वासों है अथवा प्रसामान्य है या वह आयताकार है। लेकिन यह स्पष्ट है कि इस बड़े प्रतिदर्श में चर का वंटन ठीक प्रसामान्य अथवा प्वासों होना असंभव है। इस प्रतिदर्श में चर के वास्तविक वंटन और गणितीय वंटन में अन्तर के महत्त्व को मापने के लिए भी तो कोई परीक्षण होना चाहिए। इसका विवरण हम अगले अध्याय में देंगे जिसमें हमारा परिचय एक नये वंटन χ^2-वंटन (काई-वर्ग वंटन) से होगा। जिस समस्या का यहाँ हमने उल्लेख किया है उसके अलावा अन्य समस्याओं के सुलझाने में उसके प्रयोग का वर्णन भी वहाँ किया जायेगा।

सारणी संख्या 8·2

प्रसामान्य वंटन $N(\mu, \sigma)$ के कुछ प्रतिशतता-बिंदु

प्रतिशतता	5.0	2.5	1.0	0.5
$\frac{x-\mu}{\sigma}$	1.65	1.96	2.33	2.58

विस्तृत सारणी के लिए देखिए

"Statistical Tables for Biological, Agricultural and Medical Research" By Fisher and Yates.

अध्याय ९

χ^2—वंटन

§ ९·१ यादृच्छिक चर के फलन का वंटन

मान लीजिए कि एक यादृच्छिक चर X का घनत्व-फलन $f(x)$ है। यदि $g(X)$ इस चर का कोई एकस्वनी* (monotonic) फलन हो तो इस फलन का घनत्व-फलन क्या होगा ? यदि हम इसको $f_1(x)$ से सूचित करें तो

$$f_1(x) = \lim_{\epsilon \to 0} \frac{P[x < g(X) < x+\epsilon]}{\epsilon}$$

$$= \lim_{\epsilon \to 0} \frac{P[g^{-1}(x) < X < g^{-1}(x+\epsilon)]}{\epsilon}$$

यहाँ $g^{-1}(x)$ से हम X के उस मान को सूचित करते हैं जिसके लिए $g(X)=x$ हो। क्योंकि हमें X का घनत्व-फलन ज्ञात है, इसलिए

$$P[g^{-1}(x) < X < g^{-1}(x+\epsilon)]$$

का परिकलन किया जा सकता है। (देखिए § ४·२·१)

§ ९·२ X^2 का वंटन

ऊपर दिये साधारण नियम का एक बहुत ही सरल उदाहरण वह है जब

$$g(X) = X^2$$

$$g^{-1}(x) = +\sqrt{x} \text{ और } -\sqrt{x}$$

परन्तु $\sqrt{(x+\epsilon)} = (x+\epsilon)^{1/2} = x^{1/2}\left[1+\frac{1}{2}\frac{\epsilon}{x}+\frac{1}{2}\left(\frac{1}{2}-1\right)\frac{\epsilon^2}{2!\,x^2}+\cdots\right]$

---

*यदि x का कोई फलन $g(x)$ ऐसा हो जिसका मान x के बढ़ने के साथ बिना घटे बढ़ता जाय अथवा बिना बढ़े घटता जाय तो उस फलन को x का **एकस्वनी फलन** कहते हैं।

यदि θ बहुत छोटा हो तो θ^2 और θ के अन्य ऊँचे घातों (powers) की उपेक्षा की जा सकती है।

$$\therefore \sqrt{(x+\theta)} \doteq x^{1/2}\left(1+\tfrac{1}{2}\frac{\theta}{x}\right)$$

$$\therefore P[x<X^2<x+\theta] = P\left[-x^{1/2}-\tfrac{1}{2}\theta x^{-1/2}<X<-x^{\frac{1}{2}}\right] + P\left[x^{\frac{1}{2}}<X<x^{\frac{1}{2}}+\tfrac{1}{2}\theta x^{-1/2}\right]$$

$$= \tfrac{1}{2}\theta x^{-\frac{1}{2}}\left[f(x^{\frac{1}{2}}) + f(-x^{\frac{1}{2}})\right] \cdots (9\cdot1)$$

यदि X का वंटन $N(0,1)$ हो तो

$$P[x<X^2<x+\theta] = \tfrac{1}{2}\theta x^{-\frac{1}{2}}\left[\frac{1}{\sqrt{2\pi}}e^{-x/2}+\frac{1}{\sqrt{2\pi}}e^{-x/2}\right]$$

$$= \frac{1}{\sqrt{2\pi}}\theta x^{-\frac{1}{2}}e^{-x/2}$$

$\therefore$ यदि X का वंटन $N(0,1)$ हो तो X^2 का घनत्व फलन

$$f_1(X) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}}x^{-\frac{1}{2}}e^{-x/2} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (9.2)$$

यह वंटन 1 स्वातंत्र्य-संख्या (degree of freedom 1) वाला χ^2–वंटन कहलाता है। जिस चर का ऐसा वंटन होता है उसे χ_1^2 चर कहते हैं।

§ ९·३ χ_n^2 चर की परिभाषा

इस प्रकार के n स्वतंत्र χ_1^2 चरों के योग को χ_n^2 से सूचित करते हैं और इस चर को n स्वातंत्र्य-संख्या वाला χ^2–चर कहा जाता है। यह सिद्ध किया जा सकता है कि इस चर का घनत्व-फलन $f_n(x)$ निम्नलिखित होता है।

$$f_n(x) = \frac{1}{2^{\frac{n}{2}}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)}x^{\frac{n}{2}-1}e^{-x/2} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots (9.3)$$

यहाँ $\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)$ निम्नलिखित समाकल (integral) का मान है

$$\Gamma\left(\frac{n}{2}\right) = \int_0^\infty e^{-x}\ x^{\frac{n}{2}-1}\ dx$$

यह स्पष्ट है कि χ_n^2 केवल धनात्मक मान ही धारण कर सकता है और सब धनात्मक मानों को धारण कर सकता है। क्योंकि $f_n(x)$ इस यादृच्छिक चर का घनत्व-फलन है इसलिए

$$\int_0^\infty \frac{1}{2^{\frac{n}{2}}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)}\ x^{\frac{n}{2}-1}\ e^{-x/2}\ dx = 1$$

यानी $$\int_0^\infty x^{\frac{n}{2}-1}\ e^{-\frac{x}{2}}\ dx = 2^{\frac{n}{2}}\ \Gamma\left(\frac{n}{2}\right) \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(9.4)$$

यह फल n के प्रत्येक मान के लिए सत्य है।

§ ९·४ χ^2 वंटन के कुछ गुण

यदि X का वंटन χ_n^2 है तो

$$E(X) = \int_0^\infty x \frac{1}{2^{\frac{n}{2}}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)}\ x^{\frac{n}{2}-1}\ e^{-x/2}\ dx$$

$$= \frac{1}{2^{n/2}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} \times 2^{\frac{n+2}{2}}\Gamma\left(\frac{n+2}{2}\right)$$

$$= 2\ \frac{\Gamma\left(\frac{n+2}{2}\right)}{\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)}$$

$\Gamma(x)$ एक फलन है जिसमें कुछ विशेषताएँ हैं। उनमें से एक यह है कि $\Gamma(x+1)=x\Gamma(x)$। यह x के सब धनात्मक मानों के लिए सत्य है। इसलि

$$\Gamma\left(\frac{n+2}{2}\right)=\frac{n}{2}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)$$

$$\therefore \quad E(x) = n \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (9.5)$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि किसी χ^2-वंटन का माध्य उसकी स्वातंत्र्य-संख्या के बराबर होता है।

(2) $\quad V(X) = E(X^2) - E^2(X)$

$$E(X^2) = \int_0^\infty x^2 \cdot \frac{1}{2^{n/2}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} x^{\frac{n}{2}-1} e^{\frac{-x}{2}}\, dx$$

$$= \frac{1}{2^{\frac{n}{2}}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} 2^{\frac{n+4}{2}}\Gamma\left(\frac{n+4}{2}\right)$$

$$= \frac{2^2}{\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} \cdot \frac{n+2}{2} \cdot \frac{n}{2}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)$$

$$= n(n+2)$$

$$\therefore V(X) = n(n+2)-n^2$$

$$= 2n \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (9.6)$$

(3) **दो स्वतंत्र χ^2- चरों का योग**

मान लीजिए कि X_1 कोई χ^2_n- चर है और X_2 कोई χ^2_{n2} चर है और ये दोनों चर एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। इनको क्रमशः n_1 तथा n_2 चरों का योग समझा जा सकता है जो एक दूसरे से स्वतंत्र हों और जिनका वंटन χ^2_1 की जाति का हो। इसलिए इन दो चरों का योग (X_1+X_2) एक $\chi^2_{n_1+n_2}$ चर है।

इसी प्रकार कई स्वतंत्र χ^2-चरों का योग भी χ^2-चर होता है और उसकी स्वातंत्र्य-संख्या इन विभिन्न χ^2-चरों की स्वातंत्र्य-संख्याओं के योग के बराबर होती है।

§ ९·५ समष्टि को पूर्ण रूप से विनिर्दिष्ट (*specify*) करनेवाली परिकल्पनाओं के लिए χ^2- परीक्षण

यदि निराकरणीय परिकल्पना समष्टि को पूर्ण रूप से विनिर्दिष्ट करती हो और यदि इस समष्टि से चुना हुआ एक यथेष्ट परिमाण का यादृच्छिक प्रतिदर्श आप के पास हो तो इस परिकल्पना की जाँच आप कैसे करेंगे ? मान लीजिए कि परिकल्पना यह है कि समष्टि $N(\mu, \sigma)$ है। इसके लिए एक परीक्षण का परिचय आप प्रसामान्य वंटन के उपयोग के संबंध में पा चुके हैं। परंतु वह परीक्षण किसी हद तक समष्टि के माध्य μ से अधिक संबंध रखता था। यदि प्रतिदर्श का माध्य μ के बराबर अथवा उसके अत्यंत निकट होता तो समष्टि के प्रसामान्य न होते हुए भी हम उस परीक्षण द्वारा परिकल्पना के विरुद्ध फैसला नही दे सकते थे। यदि समष्टि प्रसामान्य भी होती परंतु उसका वास्तविक प्रसरण परिकल्पित प्रसरण σ^2 से बहुत अधिक होता तो भी वह परीक्षण इसकी जाँच नहीं कर सकता था। निश्चय ही आप ऐसे परीक्षण की खोज में होंगे जिसका संबंध पूरे वंटन से हो न कि केवल उसके माध्य से। ऐसा एक परीक्षण सांख्यिकों ने खोज निकाला है। यह न केवल प्रसामान्य अथवा प्वासों वंटनों से संबंधित है वरन् प्रायः किसी भी वंटन से संबंधित परिकल्पना की जाँच के लिए उपयुक्त है। इस परीक्षण में χ^2- वंटन का प्रयोग किया जाता है और इसके लिए काफी बड़े प्रतिदर्श की आवश्यकता होती है।

मान लीजिए कि यादृच्छिक चर जितने मान धारण कर सकता है उन सबके कुलक (set) को S से सूचित किया जाता है। मान लीजिए इस कुलक को r भागों में विभाजित कर दिया जाता है, जिनको क्रमशः $S_1, S_2, \ldots, S_r$ से सूचित किया जायगा। उदाहरण के लिए यदि यादृच्छिक चर का वंटन द्विपद है जिसके प्राचल (parameters) 6 और p हैं तो S निम्नलिखित मानोंवाला कुलक है—

0, 1, 2, 3, 4, 5 और 6

यही वे मान हैं जो कि ऊपर दिया हुआ द्विपद-चर धारण कर सकता है। इन सात मानों के कुलक को सुविधानुसार कई भागों में विभाजित किया जा सकता है। यथा, मान लीजिए पहिले भाग में 0, 1 और 2 हैं, दूसरे में 3; तीसरे में 4 ; और चौथे में 5 तथा 6। ये भाग परस्पर अपवर्जी (mutually exclusive) तथा निःशेषी (exhaustive) हैं अर्थात् S का प्रत्येक मान किसी-न-किसी भाग में सम्मिलित हो गया है।

हम यादृच्छिक चर के वंटन के आधार पर उसके इन विभिन्न भागों में होने की प्रायिकता का परिकलन कर सकते हैं। ये प्रायिकताएँ निम्नलिखित हैं

$$P(S_1) = (1-p)^6 + 6(1-p)^5 p + 15(1-p)^4 p^2$$
$$P(S_2) = 20(1-p)^3 p^3$$
$$P(S_3) = 15(1-p)^2 p^4$$
$$P(S_4) = 6(1-p)p^5 + p^6$$

यदि हम $P(S_i)$ को p_i द्वारा सूचित करें तो

$$\sum_{i=1}^{4} p_i = 1$$

क्योंकि ये कुलक परस्पर अपवर्जी तथा निःशेषी हैं।

मान लीजिए कि n परिमाण का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श चुना जाता है और इन विभिन्न कुलकों में चर के प्रेक्षित मानों की संख्या क्रमशः $\nu_1, \nu_2, \ldots\ldots, \nu_r$ है।

हमारा पहिला उद्देश्य तो एक ऐसे माप को मालूम करना है जो प्रतिदर्श-वंटन तथा परिकल्पित वंटन के अंतर का आभास दे सके। परिकल्पना के आधार पर प्रतिदर्श में प्रत्याशित बारंबारता क्रमशः

$$np_1, np_2, \ldots\ldots\ldots, np_r$$

थीं। जो माप हम चाहते हैं उसे स्पष्टतया इन प्रत्याशित बारंबारताओं और प्रेक्षित बारंबारताओं के अंतरों का फलन होना चाहिए। इस प्रकार का एक फलन निम्नलिखित है

$$\chi^2 = \frac{\sum_{i=1}^{r} (\nu_i - np_i)^2}{np_i}$$

$$= \sum_{i=1}^{r} \frac{\nu_i^2}{np_i} - n \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (9.7)$$

कार्ल पियरसन (Karl Pearson) ने यह सिद्ध किया था कि इस ऊपर लिखित माप की कुछ विशेषताएँ हैं। जैसे-जैसे प्रतिदर्श परिमाण n को बढ़ाया जाय इस माप का वंटन ऐसे χ^2– वंटन की ओर अग्रसर होता जाता है जिसकी स्वातंत्र्य-संख्या $(r-1)$ है। इस वंटन की उपपत्ति (proof) यहाँ नहीं दी जा रही है।

इस गुण के प्रयोग से एक और परिकल्पना–परीक्षण तैयार कर सकते हैं जिससे इस परिकल्पना का परीक्षण किया जा सकता है कि यादृच्छिक चर के विभिन्न कुलकों

में होने की प्रायिकताएँ क्रमशः $p_1, p_2, \ldots\ldots, p_r$ हैं। यह निराकरणीय परिकल्पना स्वयं एक विशेष वंटन पर आधारित है। यदि इस निराकरणीय परिकल्पना को संदेहजनक समझा जाता है तो इस आधार वंटन पर संदेह होना भी स्वाभाविक है।

मान लीजिए $\chi^2_{r-1}(p)$ द्वारा हम उस मान को सूचित करते हैं जिससे अधिक होने की प्रायिकता—किसी χ^2_{r-1} चर के लिए — p प्रतिशत है। यदि p इतना छोटा हो कि इतनी कम प्रायिकता वाली घटना का होना प्रायः असंभव समझा जाय और यदि प्रतिदर्श-परिमाण इतना अधिक हो कि χ^2 को एक χ^2_{r-1} चर माना जा सके तो हम आशा करते हैं कि यदि परिकल्पना सत्य है तो χ^2 का मान $\chi^2_{r-1}(p)$ से अधिक नहीं होगा। यदि χ^2 का प्रेक्षित मान $\chi^2_{r-1}(p)$ से अधिक हो तो हम परिकल्पना पर संदेह करने और उसको त्यागने के लिए बाध्य हो जाते हैं। इस संख्या p को इस परीक्षण का सार्थकता-स्तर (level of significance) कहते हैं।

§ ९·६ χ^2- वंटनों की सारणी

अनुभव से ज्ञात हुआ है कि यदि प्रतिदर्श-परिमाण इतना अधिक हो कि प्रत्येक प्रत्याशित आवृत्ति np_i पाँच या पाँच से अधिक हो तो हम χ^2-वंटन का प्रयोग कर सकते हैं। यदि किसी कुलक में प्रत्याशित वारंवारता पाँच से कम होती है तो उस कुलक को समीप के किसी अन्य कुलक से मिला दिया जाता है जिससे इस बढ़े हुए कुलक में प्रत्याशित बारंबारता पाँच या उससे अधिक हो जाय। सांख्यिकों ने इस प्रकार के परीक्षण के लिए एक सारणी बना रखी है। इसमें 1 से 30 तक की स्वातंत्र्य-संख्याओं वाले χ^2- वंटनों के लिए, तथा p के विभिन्न मानों के लिए $\chi^2(p)$ के मान दिये हुए हैं। इस सारणी का उपयोग केवल उसी स्थिति में किया जाता है जब स्वातंत्र्य-संख्या $(r-1)$ तीस या तीस से कम हो। यदि यह तीस से भी अधिक हो तो हम रोनाल्ड ए. फिशर द्वारा खोजे हुए इस गुण का प्रयोग कर सकते हैं कि n के बड़े मानों के लिए $\sqrt{2\chi^2_n}$ का वंटन प्रायः प्रसामान्य होता है और उसका माध्य $\sqrt{2n-1}$ तथा प्रसरण 1 होता है।

§ ९·७ आइए अब हम दो-तीन उदाहरणों द्वारा इस सिद्धान्त को अच्छी तरह से समझ लें

उदाहरण (१) कुछ लोगों का विश्वास है कि विभिन्न ग्रह और अन्य आकाशीय पिंड सप्ताह के अलग-अलग दिनों पर राज्य करते हैं। वे ये भी विश्वास करते हैं कि इन ग्रहों का वर्षा पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। इस तरह वे आशा करते हैं कि यदि कुल वर्षा के दिनों की जाँच की जाय तो मालूम होगा कि उनमें सोमवार की अपेक्षा इतवार अधिक हैं, मंगलवार की अपेक्षा सोमवार अधिक हैं इत्यादि। यानी विभिन्न वारों की बारंबारताएँ भिन्न-भिन्न होंगी। हम यहाँ उपर्युक्त मूल विश्वास की विवेचना नहीं करना चाहते वरन् उस विश्वास से संबंधित वर्षा के दिनों के बारे में एक सांख्यिकीय परिकल्पना की जाँच से ही संतोष कर लेंगे।

हमारी निराकरणीय परिकल्पना H_0 यह है कि वर्षा की रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को होने की प्रायिकताएँ समान हैं। यदि इन प्रायिकताओं को p_1, p_2, p_3, p_4, p_5, p_6 और p_7 से सूचित किया जाय तो H_0 यह है कि $p_1 = p_2 = p_3 = p_4 = p_5 = p_6 = p_7 = \frac{1}{7}$ और इसका निष्कर्ष यह है कि यदि हम पिछले कई वर्षों के दिनों के आँकड़ों का विश्लेषण करें तो उसमें सप्ताह के प्रत्येक वार का प्रतिनिधित्व लगभग समान होगा।

प्रयोग—किसी विशेष स्थान के मौसम वैज्ञानिक दफ्तर (meteorological office) से हम पिछले 301 वर्षा के दिनों का विश्लेषण करके उनमें विभिन्न वारों की बारंबारता का पता लगायेंगे।

सार्थकता-स्तर (*level of significance*)

हम यह पहिले से ही तय कर लेते हैं कि यदि प्रेक्षित बारंबारताओं की इस परिकल्पना के आधार पर परिकलित प्रायिकता पाँच प्रतिशत से कम होगी तो हम परिकल्पना का त्याग कर देंगे। इसलिए इस प्रयोग का सार्थकता-स्तर p 5 प्रतिशत है।

अस्वीकृति-क्षेत्र (*region of rejection*)

यदि χ^2–का प्रेक्षित मान χ^2_6 के सारणी में दिये हुए पाँच-प्रतिशत-विंदु 12.592 से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना H_0 को त्याग देंगे अथवा उसे अस्वीकार करेंगे।

(देखिए सारणी संख्या 9.8)

आँकड़े (data)—

वर्षा के दिनों को सात कुलकों में विभाजित किया गया है। हर एक कुलक सप्ताह के एक विशेष वार को हुई वर्षा से संबंधित है। नीचे सारणी में इन कुलकों में प्रेक्षित बारंबारताएँ दी हुई हैं। निरकरणीय परिकल्पना के अनुसार हर एक कुलक की प्रत्याशित बारंबारता $\frac{301}{7} = 43$ है।

सारणी संख्या 9·1

पिछले 301 वर्षा के दिनों में विभिन्न वारों की बारंबारता

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
55	43	37	48	52	34	32

विश्लेषण —

$$\chi^2 = \sum_{i=1}^{7} \frac{(v_i - np_i)^2}{np_i} \qquad \text{(देखिए समीकरण 9.7)}$$

$$= \frac{1}{43}\left[(12)^2+(0)^2+(-6)^2+(5)^2+(9)^2+(-9)^2+(-11)^2\right]$$

$$= \frac{1}{43}\left[144+0+36+25+81+81+121\right]$$

$$= \frac{488}{43}$$

$$= 11.349$$

फल—क्योंकि χ^2 का प्रेक्षित मान 12.592 से कम है इसलिए इन आँकड़ों के आधार पर निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं है।

उदाहरण (२)

अब हम फिर उस उदाहरण को लेते हैं जिसमें हमने इतिहासकारों के मत का प्रसामान्य वंटन द्वारा परीक्षण किया था। इसमें निराकरणीय परिकल्पना यह थी कि राजस्थान के एक विशेष भाग के लोगों की ऊँचाई का वंटन प्रसामान्य है जिसका माध्य 5 फुट 6 इंच और मानक-विचलन 2.5 इंच है।

हम पहिले ऊँचाई h के परास (range) को आठ भागों में विभाजित करते हैं

(1) $h <$ 4 फुट 10.5 इंच

(2) 4 फुट 10.5 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 1 इंच

(3) 5 फुट 1 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 3.5 इंच

(4) 5 फुट 3·5 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 6 इंच
(5) 5 फुट 6 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 8.5 इंच
(6) 5 फुट 8.5 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 11 इंच
(7) 5 फुट 11 इंच $\leqslant h <$ 6 फुट 1.5 इंच
(8) $h \geqslant$ 6 फुट 1.5 इंच

नीचे की सारणी में राजस्थान के उस भाग के एक 200 परिमाण के यादृच्छिक प्रतिदर्श में इन आठ भागों के लिए बारंबारताएँ दी हुई हैं। इन प्रेक्षित बारंबारताओं के नीचे प्रत्याशित बारंबारताएँ भी दी हुई हैं जिनका परिकलन निराकरणीय परिकल्पना के आधार पर किया गया है।

सारणी संख्या 9·2

भाग	1	2	3	4	5	6	7	8
प्रेक्षित बारंबारता	3	16	23	60	65	18	14	1
प्रत्याशित बारंबारता	0.27	4.28	27.18	68.27	68.27	27.18	4.28	0.27

अस्वीकृति-क्षेत्र —हम ऊपर के आँकड़ों के विश्लेषण से पहिले ही यह तय कर चुके हैं कि यदि प्रेक्षित χ^2 का मान समुचित χ^2 वंटन के पाँच-प्रतिशत-विंदु से अधिक होगा तो निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जायगा।

हम यह देखते हैं कि पहिले दो और अंतिम दो कुलकों में प्रत्याशित बारंबारताएँ पाँच से कम हैं। इसलिए χ^2 का परिकलन करने से पूर्व पहिले, दूसरे और तीसरे कुलकों को मिलाकर तथा छठवें, सातवें और आठवें कुलकों को मिलाकर इतने बड़े कुलक बना लेना चाहिए कि प्रत्याशित बारंबारता पाँच से अधिक हो जाय। इस प्रकार कुल चार कुलक रह गये और यदि प्रेक्षित χ^2 का मान χ^2_3 के पाँच-प्रतिशत-बिंदु 7.815 से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करेंगे। (देखिए सारणी संख्या 9·8)

विश्लेषण— $$\chi^2 = \frac{(42.00-31.73)^2}{31.73} + \frac{(60.00-68.27)^2}{68.27}$$

$$+ \frac{(65.00-68.27)^2}{68.27} + \frac{(33.00-31.73)^2}{31.73}$$

$$= \frac{105.47+5.15}{31.73} + \frac{68.39+10.69}{68.27}$$

$$< 7.815$$

निष्कर्ष—क्योंकि χ^2 का प्रेक्षित मान 7.815 से कम है इसलिए इन आँकड़ों के आधार पर परिकल्पना अस्वीकृत करने का कोई कारण नहीं है।

§ ९·८ आसंजन-सौष्ठव का χ^2- परीक्षण

आपका ध्यान संभवतः एक बात पर गया हो कि ऊपर की निराकरणीय परिकल्पना को बिना किसी परीक्षण के ही अस्वीकृत किया जा सकता था। किसी भी प्रसामान्य वंटन में ऋणात्मक मान धारण करने की प्रायिकता शून्य नहीं होगी जब कि ऊँचाई के लिए यह प्रायिकता अवश्य ही शून्य है। ऋणात्मक ऊँचाई अर्थ-शून्य है। वास्तव में जब हम यह कहते है कि ऊँचाई का वंटन प्रसामान्य है तो इसका तात्पर्य केवल यह होता है कि वंटन प्रसामान्य वंटन से इतना अधिक सादृश्य रखता है कि किसी भी अर्थ-पूर्ण परास में ऊँचाई की वारवारता का कलन प्रसामान्य वंटन के आधार पर करने से कोई विशेष त्रुटि नहीं होगी। प्रायः जब हम समष्टि के एक विशेष गणितीय वंटन होने की परिकल्पना का परीक्षण करते है इसी प्रकार के तर्क का प्रयोग किया जाता है। कोई भी सांख्यिक कभी भी गंभीरता से यह विचार नहीं कर सकता कि यह परिकल्पना एकदम यथार्थ हो सकती है। इस परीक्षण का तात्पर्य केवल यह जानना है कि यह विशेष गणितीय वंटन समष्टि का अच्छा खासा संतोषजनक विवरण दे सकता है अथवा नहीं।

इस प्रकार के परीक्षण को आसंजन-सौष्ठव (goodness of fit) का χ^2- परीक्षण कहते हैं।

§ ९·९ समष्टि को अपूर्ण रूप से विनिर्दिष्ट करनेवाली परिकल्पनाओं के लिए χ^2- परीक्षण

ऊपर के उदाहरण में परिकल्पना में समष्टिक के μ और σ के मानों के द्वारा समष्टि को पूर्ण-रूप से विनिर्दिष्ट किया हुआ था। कुछ परिकल्पनाएँ इतनी स्पष्ट

नहीं होतीं। वे यह नहीं बतातीं कि समष्टि क्या है वरन् केवल उसके रूप (shape) से संबंध रखती हैं। उदाहरण के लिए हमारी परिकल्पना यह हो सकती है कि ऊँचाइयों का वंटन प्रसामान्य है। उसके माध्य और प्रसरण को हम विनिर्दिष्ट नहीं करते। इस परिकल्पना का परीक्षण χ^2–वंटन की सहायता से किस प्रकार किया जाता है, यह नीचे के उदाहरण में दिया हुआ है।

निराकरणीय परिकल्पना H_0 : राजस्थान के एक विशेष भाग के निवासियों की उँचाइयों का वंटन प्रसामान्य है।

पूर्व इसके कि हम χ^2– परीक्षण का प्रयोग करें, हमें यह मालूम करना है कि कौन सा प्रसामान्य वंटन प्रतिदर्श वंटन से अधिकतम सादृश्य रखता है। इसके लिए सर्व-प्रथम हमें प्रतिदर्श-वंटन से μ और σ का प्राक्कलन करना है। फिर हम इन प्राक्कलित μ और σ वाले प्रसामान्य वंटन के लिए χ^2– परीक्षण करेंगे।

इसमें χ^2– की स्वातंत्र्य-संख्या कुल कुलकों से एक नहीं बल्कि दो कम होती है। स्वातंत्र्य-संख्या के मालूम करने का साधारण नियम यह है कि कुल कुलकों की संख्या में से उन प्राचलों की संख्या को घटा दिया जाय जिनका प्राक्कलन प्रतिदर्श पर ही आधारित हो।

आँकड़े—प्रतिदर्श में माध्य 5 फुट 7 इंच और मानक-विचलन 2.3 इंच है। पिछले उदाहरण की भाँति ऊँचाइयों के परास को चार भागों में विभाजित किया हुआ है।

(1) $h <$ 5 फुट 4.7 इंच
(2) 5 फुट 4.7 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 7 इंच
(3) 5 फुट 7 इंच $\leqslant h <$ 5 फुट 9.3 इंच
(4) $h \geqslant$ 5 फुट 9.3 इंच

इन चार भागों में प्रेक्षित और प्रत्याशित बारंबारताएँ नीचे की सारणी में दी हुई हैं।

सारणी संख्या 9·3

ऊँचाई कुलक	1	2	3	4
प्रेक्षित बारंबारता	41	63	69	27
प्रत्याशित बारंबारता	31.73	68.27	68.27	31.73

अस्वीकृति क्षेत्र—यदि प्रेक्षित χ^2 का मान χ^2_2 के पाँच प्रतिशत बिंदु 5.991 से

अधिक होगा तो निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जायगा। (देखिए सारणी संख्या 9.8)

$$\text{विश्लेषण---}\quad \chi^2 = \frac{(41.00-31.73)^2}{31.73} + \frac{(63.00-68.27)^2}{68.27} + \frac{(69.00-68.27)^2}{68.27} + \frac{(27.00-31.73)^2}{31.73}$$

$$= \frac{85.93+22.37}{31.73} + \frac{27.77+0.53}{68.27}$$

$$< 5.991$$

इसलिए इस परीक्षण के आधार पर परिकल्पना को अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं है।

§ ९·१० गुण-साहचर्य (*Association of attributes*) के लिए दो स्वतंत्र प्रतिदर्शों χ^2 परीक्षण

अब हम एक बहुत ही मनोरंजक प्रहेलिका का हल ढूंढेंगे। कुछ गुण ऐसे होते हैं जिनमें परस्पर साहचर्य (association) होता है। इसका अर्थ यह है कि यदि किसी इकाई में इनमें से एक गुण विद्यमान हो तो उसमें दूसरे गुण के होने की संभावना उस अन्य इकाई की अपेक्षा अधिक होती है जिसमें यह पहिला गुण विद्यमान न हो।

गुण-साहचर्य का एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण टीके (inoculation) के प्रभाव पर विचार करने से मिलता है।

सब मनुष्यों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है—(१) वे जिनके टीका लग चुका हो, (२) वे जिनके टीका न लगा हो।

इन सब मनुष्यों को एक दूसरी रीति से भी दो कुलकों में बाँटा जा सकता है। (१) वे जिन्हें एक निश्चित समय के अन्दर बीमारी हुई हो, (२) वे जिन्हें उसी समय में बीमारी न हुई हो।

डाक्टरों का कहना यह है कि टीका लगाने से बीमारी से बचाव होता है। उनके इस कथन की जाँच करने के लिए सांख्यिक दो यादृच्छिक प्रतिदर्श ले सकता है—एक उन मनुष्यों में से जिनके टीका लग चुका हो और दूसरा उन मनुष्यों में से जिनके टीका न लगा हो। यदि टीके का कुछ भी प्रभाव बीमारी को रोकने पर नहीं पड़ता तो इन दोनों प्रतिदर्शों में बीमारों का प्रत्याशित अनुपात समान होगा। यदि प्रतिदर्शों में

इस अनुपात में कुछ अंतर हो तो वह इतना कम होना चाहिए कि उतने या उससे अधिक अंतर के केवल संयोग से पाये जाने की प्रायिकता बहुत कम न हो। इसके विपरीत यदि इन अनुपातों में अंतर बहुत अधिक हो अर्थात् यदि टीका लगे हुए मनुष्यों में बीमारों का अनुपात उस अनुपात से बहुत कम हो जो बिना टीका लगे हुए लोगों में है—इतना कम कि यह समझना कठिन हो जाय कि यह अंतर केवल संयोगवश हो गया है—तो हम कह सकते हैं कि इन प्रेक्षणों द्वारा डाक्टरों के कथन की पुष्टि हो गयी है।

नीचे इसी प्रकार का एक उदाहरण दिया हुआ है जिससे यह स्पष्ट हो जायगा कि बड़े प्रतिदर्शों में प्रायिकता का कलन किस प्रकार किया जा सकता है।

उदाहरण (१) एक रोग भेड़ों में होता है जिसके कारण अधिकतर रोगी भेड़ों की मृत्यु हो जाती है। एक नवीन औषध का आष्किार हुआ है जिसके लिए यह दावा किया जाता है कि वह भेड़ों के इस रोग को ठीक कर देती है। परंतु हम यह जानते हैं कि इस विशेष रोग के अतिरिक्त भेड़ों की मृत्यु के अन्य भी अनेक कारण हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ भेड़ें बिना किसी इलाज के भी ठीक हो सकती हैं। यह सब जानते हुए हमें इस औषध के बारे में जो दावा किया जाता है उसकी जाँच करनी है।

प्रयोग—पचास रोगी भेड़ों को—जो इस विशेष रोग से पीड़ित थीं—यादृच्छिकीकरण द्वारा पच्चीस पच्चीस के दो कुलकों में बाँट दिया गया। हम इन कुलकों को A और B से संबोधित करेंगे। कुलक A की भेड़ों का इस औषध द्वारा इलाज किया गया और कुलक B की भेड़ों का कोई इलाज नहीं किया गया।

जब इन पचास भेड़ों में से प्रत्येक या तो ठीक हो गयी या मर गयी तो प्रयोग का फल निम्नलिखित था—

सारणी संख्या 9·4

प्रेक्षित बारंबारताएं O_{ij}

	कुलक A (1)		कुलक B (2)	कुल
नीरोगों की संख्या	(1)	21	11	32
मृत्यु-संख्या	(2)	4	14	18
कुल		25	25	50

निराकरणीय परिकल्पना H_0 : औषध के कारण रोगी भेड़ के नीरोग होने की प्रायिकता में कुछ अंतर नहीं पड़ता।

इस परिकल्पना के आधार पर कि औषध से कुछ लाभ नहीं होता, भेड़ के नीरोग होने की प्रायिकता का प्राक्कलन स्पष्टतया $\frac{32}{50}$ है। इस प्रायिकता के अनुसार ऊपर की सारणी के विभिन्न खानों में प्रत्याशित संख्याएं निम्नलिखित होंगी—

सारणी संख्या 9·5

विभिन्न खानों में प्रत्याशित संख्याएँ E_{ij}

		कुलक A (1)	कुलक B (2)	कुल
नीरोगों की संख्या	(1)	16	16	32
मृत्यु-संख्या	(2)	9	9	18
कुल		25	25	50

अस्वीकृति क्षेत्र—यह आपने देखा ही होगा कि इस सारणी में एक पार्श्वीय बारंबारताओं के योग 25, 25, 32 और 18 निश्चित हैं। इस कारण यदि मध्य के चार खानों में से किसी एक में संख्या दे रखी हो तो अन्य तीन खानों की संख्याओं का परिकलन किया जा सकता है। प्रत्येक खाने के लिए अलग-अलग प्रत्याशित संख्या का कलन आवश्यक नहीं है। (1, 1) खाने में 16 लिखते ही (1, 2) खाने में 32—16=16, (2, 1) खाने में 25—16=9 और (2, 2) खाने में 18—9=9 लिखा जा सकता है। इस प्रकार प्रयोग के फल में केवल एक खाने में संख्या निश्चित करने की स्वतंत्रता है। अन्य खानों की संख्या का परिकलन इसी आधार पर किया जा सकता है। इस स्थिति में यह दिखाया जा सकता है कि

$$\chi^2 = \sum_{i=1}^{2} \sum_{j=1}^{2} \frac{(O_{ij} - E_{ij})^2}{E_{ij}}$$

का वंटन लगभग χ_1^2 है। यहाँ O_{ij} से तात्पर्य (i, j) खाने में प्रेक्षित संख्या से तथा E_{ij} से इसी खाने में प्रत्याशित संख्या से है।

इस प्रकार यदि परिकलित χ^2 का मान χ_1^2 के पाँच प्रतिशत बिंदु 3.841 से अधिक होगा तो हम इस परिकल्पना H_o को अस्वीकार कर देंगे। (देखिए सारणी संख्या 9.8)

विश्लेषण— $$\chi^2 = \sum_{i=1}^{2}\sum_{j=1}^{2}\frac{(O_{ij}-E_{ij})^2}{E_{ij}}$$

$$= \frac{5^2}{16} + \frac{5^2}{16} + \frac{5^2}{9} + \frac{5^2}{9}$$

$$= 50\left[\tfrac{1}{16} + \tfrac{1}{9}\right]$$

$$= \frac{50\times 25}{16\times 9}$$

$$= 8{\cdot}68$$

निष्कर्ष—क्योंकि χ^2 का प्रेक्षित मान 3.841 से अधिक है इसलिए हम *Ho* को अस्वीकार करते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि यह प्रयोग औषध के बारे में किये हुए दावे की पुष्टि करता है।

उदाहरण (२) $k\times r$ वर्गीकरण

समष्टि को दो भागों में बाँटने के बजाय उसे अनेक भागों में बाँटा जा सकता है। उदाहरण के लिए (A) वे व्यक्ति जो न पढ़ सकते हैं और न लिख सकते हैं, (B) वे व्यक्ति हैं जो पढ़ तो सकते हैं, पर लिख नहीं सकते, (C) वे व्यक्ति जो पढ़ना और लिखना दोनों ही जानते हैं। यह भारत की जनता को तीन भागों में बाँटने का एक तरीका हो सकता है।

भारत की जनता को एक और प्रकार से पाँच भागों में विभाजित किया जा सकता है।

(α) वे व्यक्ति जो कांग्रेस पार्टी के अनुयायी हैं।

(β) वे व्यक्ति जो कम्यूनिस्ट पार्टी के अनुयायी हैं।

(४) वे व्यक्ति जो प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अनुयायी हैं।

(५) वे व्यक्ति जो इन तीन पार्टियों के अतिरिक्त किसी अन्य पार्टी के अनुयायी है।

(६) वे व्यक्ति जो राजनीति में बिलकुल दिलचस्पी नहीं लेते या जिन्हें कुछ दिलचस्पी है भी तो वे किसी मौजूदा पार्टी के अनुयायी नहीं हैं।

इन दो प्रकार के विभाजनों के संयोग से कुल 3×5 खानों में जनता के किसी भी मनुष्य को रखा जा सकता है। यदि यादृच्छिकीकरण द्वारा चुने हुए व्यक्ति के इनमें से किसी एक में होने की प्रायिकता उन दो विभाजनों में होने की प्रायिकताओं का गुणनफल हो जिनके संयोग से यह बना है, तो इस प्रकार के विभाजनों को एक दूसरे से स्वतंत्र समझा जाता है। उदाहरण के लिए यदि ऊपर के विभाजन स्वतंत्र हों तो इस घटना की प्रायिकता कि यादृच्छिकीकरण द्वारा चुना हुआ एक व्यक्ति लिखना पढ़ना नहीं जानता और उसे राजनीति में कुछ दिलचस्पी नहीं है निम्नलिखित दो घटनाओं की प्रायिकताओं का गुणनफल है। एक तो यह कि इस व्यक्ति को पढ़ना लिखना नहीं आता और दूसरी यह कि इसको राजनीति में दिलचस्पी नही है।

इन गुणों की स्वतंत्रता की परिकल्पना के परीक्षण के लिए भी χ^2-वंटन का प्रयोग होता है। यदि एक प्रकार के कुल गुणों की संख्या k हो और दूसरी प्रकार के कुल गुणों की संख्या r हो तो हमें एक $k \times r$ खानों की सारणी मिलती है। ऊपर के उदाहरण में हमें एक 3×5 सारणी प्राप्त होती है जिसे नीचे दिया हुआ है। विभिन्न खानों में व्यक्ति के पाये जाने की प्रायिकता या प्रतिदर्श में विभिन्न खानों में प्रत्याशित संख्या को मालूम करने के लिए यह आवश्यक है कि हमें एक-पार्श्वीय प्रायिकताओं का ज्ञान हो। इन प्रायिकताओं का प्राक्कलन पिछले उदाहरण की भाँति एक पार्श्वीय संख्याओं के जोड़ों में कुल प्रतिदर्श परिमाण का भाग लेकर किया जाता है।

हम प्रयोग के केवल उन फलों पर विचार कर रहे हैं जिनमें ये एक-पार्श्वीय जोड़ अचर रहते हैं जैसा इस विशेष प्रयोग में है। इस कारण किसी पंक्ति के $(k-1)$ खानों में संख्याओं का ज्ञान होने से हम बाकी एक खाने की संख्या मालूम कर सकते हैं। इसी प्रकार यदि किसी स्तंभ की $(r-1)$ संख्याएँ हमें ज्ञात हों तो बाकी एक का परिकलन किया जा सकता है। इस प्रकार यदि हमें $(k-1)$ $(r-1)$ संख्याओं का ज्ञान हो तो सारणी को पूरा किया जा सकता है। साधारण नियम द्वारा प्राप्त χ^2-वंटन परिकल्पना के अंतर्गत लगभग $\chi^2_{(k-1)(r-1)}$ वंटन के बराबर होता है।

सारणी संख्या 9.6

व्यक्ति के पढ़ाई के स्तर और राजनीतिक झुकाव की स्वतंत्रता की जाँच के लिए प्रेक्षित बारंबारताएं O_{ij}

i \ J	α	β	γ	δ	Θ	कुल
A	32	26	15	7	24	104
B	91	12	15	9	77	204
C	47	18	11	14	102	192
कुल	170	56	41	30	203	500

$$P(A) = \frac{104}{500} \qquad P(B) = \frac{204}{500} \qquad P(C) = \frac{192}{500}$$

$$P(\alpha) = \frac{170}{500} \qquad P(\beta) = \frac{56}{500} \qquad P(\gamma) = \frac{41}{500}$$

$$P(\delta) = \frac{30}{500} \qquad P(\Theta) = \frac{203}{500}$$

सारणी संख्या 9.7

गुणों की स्वतंत्रता के आधार पर ऊपर के प्रयोग में प्रत्याशित बारंबारताएँ

$$E_{ij} = NP(i)\,P(j)$$

i \ j	α	β	γ	δ	Θ	कुल
A	35.360	11.648	8.528	6.240	42.224	104.000
B	69.360	22.848	16.728	12.240	82.824	204.00
C	65.280	21.504	15.744	11.520	77.952	192.000
कुल	170.000	56.000	41.000	30.000	203.000	500.000

अस्वीकृति क्षेत्र—यदि χ^2 का परिकलित मान χ^2_8 के पाँच प्रतिशत बिंदु 15.507 से अधिक होगा तो हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर देंगे। (देखिए सारणी संख्या 9.8)

विश्लेषण —

$$\chi^2 = \sum_{i=1}^{3}\sum_{j=1}^{5} \frac{(O_{ij}-E_{ij})^2}{E_{ij}}$$

$$= \frac{(-3.360)^2}{35.360} + \frac{(21.640)^2}{69.360} + \frac{(-18.280)^2}{65.280}$$
$$+ \frac{(14.352)^2}{11.648} + \frac{(-10.848)^2}{22.848} + \frac{(-3.504)^2}{21.540}$$
$$+ \frac{(6.472)^2}{(8.528} + \frac{(-1.728)^2}{16.728} + \frac{(-4.744)^2}{15.744}$$
$$+ \frac{(0.760)^2}{6.240} + \frac{(-3.240)^2}{12.240} + \frac{(2.480)^2}{11.520}$$
$$+ \frac{(-18.224)^2}{42.224} + \frac{(-5.824)^2}{82.824} + \frac{(24.048)^2}{77.952}$$
$$> 15.507$$

निष्कर्ष—हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं—

इस प्रकार के परीक्षण को **समांगता-परीक्षण** (test of homogeneity) भी कहते हैं। इसमें परिकल्पना यह होती है कि यदि समष्टि को एक गुण के अनुसार विभाजित किया जाय तो इन उप-समष्टियों का वंटन दूसरे गुण के अनुसार एक समान है। उदाहरण के लिए ऊपर दिये हुए प्रयोग में पढ़ाई और राजनीतिक झुकाव में स्वातंत्र्य के अर्थ यह हैं कि यदि कुल जन-संख्या को राजनीतिक झुकाव के अनुसार विभाजित किया जाय तो इस प्रकार के प्रत्येक समूह में बिना पढ़े-लिखों, केवल पढ़ना जाननेवालों और पढ़ना तथा लिखना दोनों जाननेवालों का अनुपात बराबर होगा। इसको संकेत में निम्नलिखित ढंग से लिखा जा सकता है—

$$P(A/\alpha) = P(A/\beta) = P(A/\gamma) = P(A/\delta) = P(A/\Theta)$$
$$P(B/\alpha) = P(B/\beta) = P(B/\gamma) = P(B/\delta) = P(B/\Theta)$$
$$P(C/\alpha) = P(C/\beta) = P(C/\gamma) = P(C/\delta) = P(C/\Theta)$$

यदि ये अनुपात बराबर हैं तो हम कह सकते हैं कि विभिन्न दृष्टिकोणवाले मनुष्यों के समूहों को मिला देने पर भी समष्टि पढ़ाई की दृष्टि से ज्यों की त्यों बनी रहती है—अधिक असमांग (heterogenous) नहीं हो जाती।

§ ९·११ प्रसामान्य-वंटन के प्रसरण संबंधी परिकल्पना-परीक्षण में χ^2–वंटन का उपयोग

अभी तक χ^2–वंटन के जितने उपयोगों से हम परिचित हुए हैं उन सबमें यह आवश्यक था कि प्रतिदर्श-परिमाण यथेष्ट रूप से बड़ा हो। यदि हमें यह ज्ञात हो कि समष्टि प्रसामान्य है तथा इस बात का परीक्षण करने की आवश्यकता नहीं है और हम केवल यह जानना चाहें कि इस समष्टि का प्रसरण σ^2 है अथवा नहीं तो भी हम χ^2–वंटन का प्रयोग करते हैं। साधारण रीति से माध्य का अनुमान लगाकर ऊपर दिये हुए χ^2–परीक्षण द्वारा उसे जाँचा जा सकता है। परंतु जिस नवीन परीक्षण का हम वर्णन कर रहे हैं वह इस विशेष निराकरणीय परिकल्पना के लिए अधिक शक्तिशाली है और उसके लिए प्रतिदर्श के बड़े होने की आवश्यकता नहीं है।

मान लीजिए कि एक प्रसामान्य वंटन का प्रसरण σ^2 है। यदि इस वंटन का एक n परिमाण का प्रतिदर्श यादृच्छिकीकरण द्वारा लिया जाय जिसके मान $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ हों तो यह सिद्ध किया जा सकता है कि

$$n\frac{s^2}{\sigma^2} = \frac{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}{\sigma^2}$$

का वंटन χ^2_{n-1} है। यहाँ $\bar{x}$ से हम प्रतिदर्श माध्य $\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} x_i$ को सूचित करते हैं। और s^2 उस प्रतिदर्श का प्रसरण है। इस प्रतिदर्शज (statistic) $n\frac{s^2}{\sigma^2}$ का वंटन समष्टि के माध्य μ (म्यू) से सर्वथा स्वतंत्र है। इस कारण μ के अज्ञात होने पर भी समष्टि की प्रसरण संबंधी परिकल्पना का परीक्षण इसकी सहायता से किया जा सकता है।

उदाहरण—एक फैक्टरी में पीतल की छड़ें बनती हैं। पिछले वर्षों के अनुभव और प्रेक्षण द्वारा हम यह जानते हैं कि इन छड़ों की लंबाइयों का वंटन प्रसामान्य है।

एक ग्राहक को छड़ों की आवश्यकता है और वह एक हजार छड़ें खरीदने के लिए तैयार है यदि इनकी लंबाई लगभग बराबर हो। उसका कहना है कि यदि इन हजार छड़ों की लबाइयों का मानक विचलन 0.2 इंच से अधिक न हो तो वह इन्हें खरीदने को तैयार है। जब फैक्टरीवाले उसे बताते हैं कि एक हजार छड़ों के नापने और उनके मानक-विचलन के कलन में बहुत समय तथा धनव्यय होगा जिसके कारण छड़ों की कीमत बढ़ाने की आवश्यकता हो जायगी तो ग्राहक इस बात पर राज़ी हो जाता है कि दस छड़ों का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श इन हज़ार छड़ों में से चुना जाय और उसके द्वारा इस निराकरणीय परिकल्पना की जाँच की जाय कि कुल समष्टि का मानक विचलन 0·2 इंच है। यदि प्रतिदर्श में मानक विचलन का अनुमान 0·2 इंच से कम आता है तब तो उसे कुछ एतराज होगा ही नही। परन्तु यदि प्रतिदर्श का मानक विचलन 0·2 इंच से इतना अधिक हुआ कि हमें निराकरणीय परिकल्पना को दो प्रतिदर्श स्तर पर अस्वीकार करना पड़े तो वह इन हजार छड़ों को नहीं लेगा।

H_0 : हज़ार छड़ों की समष्टि का मानक विचलन 0.2 इंच है।

अस्वीकृति क्षेत्र—यदि दस छड़ों के यादृच्छिक प्रतिदर्श से परिकलित $n\frac{s^2}{\sigma^2}$ का मान $\chi^2_{10-1} = \chi^2_9$ के दो प्रतिशत बिंदु 19.679 से अधिक हो तो ग्राहक छड़ों को लेने से इनकार कर देगा।

प्रेक्षण—यादृच्छिक प्रतिदर्श में छड़ों की लंबाइयाँ निम्नलिखित थीं—

(1) 60.4 इंच (2) 60.3 इंच (3) 60.8 इंच (4) 60.6 इंच (5) 60.9 इंच
(6) 60.6 इंच (7) 60.3 इंच (8) 60.1 इंच (9) 60.5 इंच (10) 60.7 इंच

विश्लेषण—

$$\sum_{i=1}^{10} x_i = 605.2 \text{ इच}$$

$$\therefore \bar{x} = 60.52 \text{ इच}$$

$$n\frac{s^2}{\sigma^2} = \frac{\sum_{i=1}^{10}(x_i - \bar{x})^2}{0.2^2}$$

$$= \frac{1}{0.04}[(-0.12)^2 + (-0.22)^2 + (0.28)^2 + (0.08)^2 + (0.38)^2 + (0.08)^2$$

$$+ (-0.22)^2 + (-0.42)^2 + (-0.02)^2 + (0.18)^2]$$

$$= \frac{1}{0.04} [\, 0.5560]$$

$$= 13.9$$

निष्कर्ष—क्योंकि $n \frac{s^2}{\sigma^2}$ का प्रेक्षित मान 19.679 से कम है इसलिए ग्राहक को छड़ों के समूह को खरीदने में कोई एतराज नहीं होना चाहिए।

इस उदाहरण के साथ हम χ^2- वंटन के उपयोगों का वर्णन समाप्त करते हैं। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि इस वंटन के अन्य उपयोग नहीं हैं। वास्तव में बहुचर (multivariate) वंटनों में विशेषकर बहुचर प्रसामान्य वंटन से संबंधित अनेक निराकरणीय परिकल्पनाओं के परीक्षण में इसका उपयोग होता है। परन्तु आप अभी तक बहुचर वंटनों से परिचित नहीं हैं। इसलिए χ^2 के इस उपयोग का वर्णन इस स्थान पर करना उचित नहीं होगा।

सारणी संख्या 9·8

कुछ χ^2 वंटनों के 5 और 1 प्रतिशत बिंदु

स्वातंत्र्य संख्या	5% बिंदु	1% बिंदु
1	3.841	6.635
2	5.991	7.824
3	7.815	11.341
4	9.488	13.277
5	11.070	15.806
6	12.592	16.812
8	15.507	20.090

विस्तृत सारणी के लिए देखिए—

"Statistical Tables for Biological, Agricultural and Medical Research" By Fisher and Yates.

अध्याय १०

t–वंटन

§ १०·१ उपयोग

पिछले अध्याय के अंतिम उदाहरण में हमें यह मालूम था कि समष्टि प्रसामान्य है। इसके माध्य में हमें कुछ रुचि नहीं थी और न उसका ज्ञान था। हम इस समष्टि के प्रसरण से संबंधित निराकरणीय परिकल्पना की जाँच करना चाहते थे। इसके विपरीत यह हो सकता है कि हमें यह पता हो कि समष्टि प्रसामान्य है, उसके प्रसरण का हमें ज्ञान न हो और हम उसके माध्य संबंधी किसी परिकल्पना की जाँच करना चाहें। इस परीक्षण के लिए जिस वंटन का उपयोग किया जाता है उसे *t*–वंटन कहते हैं।

§ १०·२ t–वंटन का प्रसामान्य वंटन और χ^2–वंटन से संबंध

आइए, देखा जाय कि इस वंटन का प्रसामान्य वंटन से और χ^2–वंटन से क्या संबंध है।

यदि X एक यादृच्छिक प्रसामान्य $N(0,1)$ चर हो, Y एक χ^2_n चर हो तथा X और Y स्वतंत्र हों तो X और Y का संयुक्त वंटन $f_1(x,y)$ निम्नलिखित होगा।

$$f_1(x,y) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}x^2} \cdot \frac{1}{2^{n/2}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} y^{\frac{n}{2}-1} e^{-y/2}$$

यदि $Z = \sqrt{y/n}$ हो तो x और z का संयुक्त वंटन

$$f_2(x,z) = \sqrt{\frac{2}{\pi}} \left(\frac{n}{2}\right)^{\frac{n}{2}} \cdot \frac{1}{\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} z^{n-1} e^{-\frac{x^2+nz^2}{2}} \quad \ldots\ldots(10.1)$$

क्योंकि हमें X और Z का संयुक्त वंटन ज्ञात है इसलिए हम X और Z के किसी फलन का वंटन भी मालूम कर सकते हैं। यह सिद्ध किया जा सकता है कि यदि

$U = \dfrac{X}{Z}$ हो तो

$$P[U \leqslant x] = \frac{1}{\sqrt{n\pi}} \frac{\Gamma\left(\frac{n+1}{2}\right)}{\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} \int_{-\infty}^{x} \frac{du}{\left(1+\frac{u^2}{n}\right)^{\frac{n+1}{2}}}$$

इससे संबंधित U का घनत्व-फलन स्पष्टतया निम्नलिखित है—

$$f(x) = \frac{1}{\sqrt{n\pi}} \frac{\Gamma\left(\frac{n+1}{2}\right)}{\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)} \left(1+\frac{x^2}{n}\right)^{-\frac{n+1}{2}} \quad \ldots\ldots(10.2)$$

यह घनत्व-फलन अथवा उसका ऊपर दिया हुआ संचयी बारंबारता फलन जिस वंटन को निरूपित करता है वह n स्वातन्त्र्य-संख्यावाला t–वंटन कहलाता है। इसको संक्षेप में t_n–वंटन कहते हैं।

§ १०·३ परिकल्पना परीक्षण

यदि एक प्रसामान्य वंटन $N(\mu, \sigma)$ में से n परिमाण का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श चुना जाय जिसमें चर के प्रेक्षित मान $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ हों तो यह हम पहिले ही देख चुके हैं कि $\dfrac{\bar{x}-\mu}{\sigma\sqrt{n}}$ एक प्रसामान्य $N(0,1)$ चर होता है, जहाँ

$$\bar{x} = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i$$

यह भी आपको पता ही है कि $\dfrac{n s^2}{\sigma 2}$ एक χ^2_{n-1} चर है जहाँ

$s^2 = \dfrac{\sum_{i=1}^{n} (xi-\bar{x})^2}{n}$। यह सिद्ध किया जा सकता है कि $\dfrac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}$ तथा $\dfrac{ns^2}{\sigma 2}$ एक दूसरे से स्वतंत्र चर है। इसलिए $\dfrac{\bar{x}-\mu}{\sigma\sqrt{n}} \div \sqrt{\dfrac{ns^2}{(n-1)\sigma 2}}$ एक t_{n-1} चर है। इसमें $\sigma/\sqrt{n}$ कट जाता है और हम देखते हैं कि $\dfrac{\bar{x}-\mu}{s}\sqrt{n-1}$ एक

t_{n-1}—चर है। क्योंकि यह मात्रा $\frac{\bar{x}-\mu}{s}\sqrt{n-1}$ आधारभूत प्रसामान्य वंटन के प्रसरण σ^2 से स्वतंत्र है, इसलिए σ^2 के अज्ञात होने पर हम t_{n-1}– वंटन का उपयोग समष्टि के माध्य μ से संबंधित निराकरणीय परिकल्पना के परीक्षण के लिए कर सकते हैं। विभिन्न स्वातंत्र्य-संख्यावाले t–वंटनों की सारणियाँ सांख्यिकों ने बना रखी हैं क्योंकि इस वंटन का प्रयोग परिकल्पना परीक्षण में बहुत अधिक प्रचलित है। जैसे-जैसे t–वंटन की स्वातंत्र्य-संख्या बढ़ती जाती है वह प्रसामान्य $N(0,1)$ वंटन की ओर अग्रसर होता जाता है। स्वातंत्र्य-संख्या 30 हो जाने पर ये दोनों वंटन इतने अधिक समान हो जाते हैं कि इससे अधिक किसी भी स्वातंत्र्य-संख्या के होने पर t–वंटन के स्थान पर $N(0,1)$ वंटन के प्रयोग से कोई विशेष त्रुटि की सभावना नहीं रहती।

सारणी संख्या 10·1

कुछ t–वंटनों के 5.0, 2.5, 1.0 तथा 0.5 प्रतिशत बिंदु

स्वातंत्र्य-सख्या	12	15	18	21	24
5.0% बिंदु	1.782	1.753	1.734	1.721	1.711
2.5% बिंदु	2.179	2.131	2.101	2.080	2.064
1.0% बिंदु	2.681	2.602	2.552	2.518	2.492
0.5% बिंदु	3.055	2.947	2.878	2.831	2.797

विस्तृत सारणी के लिए देखिए—

"Statistical Tables for Biological, Agricultural and Medical Research" by Fisher and Yates

§ १०·४ उदाहरण

(१) यह कहा जाता है कि अमेरिका-निवासियों की औसत ऊंचाई छः फुट है। इस परिकल्पना की जाँच के लिए पच्चीस अमेरिका-निवासियों का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श लिया गया और उनकी ऊँचाइयों को नापा गया। इस प्रयोग का फल निम्नलिखित था—

$$\bar{x} = 5 \text{ फुट } 10.0 \text{ इंच}$$
$$s = 0 \text{ फुट } 0.5 \text{ इंच}$$

निराकरणीय परिकल्पना Ho :

अमेरिका-वासियों की औसत ऊंचाई छः फुट है ।

अस्वीकृति क्षेत्र

यदि प्रतिदर्श में ऊँचाइयों का माध्य 6 फुट से इतना कम हो कि निराकरणीय परिकल्पना के आधार पर प्रेक्षित अथवा उससे भी कम माध्य होने की प्रायिकता ०.5 प्रतिशत से भी कम हो अथवा यदि यह माध्य 6 फुट से इतना अधिक हो कि निराकरणीय परिकल्पना के आधार पर प्रेक्षित अथवा उससे भी अधिक माध्य की प्रायिकता ०.5 प्रतिशत या उससे भी कम हो तो निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जायगा । इस प्रकार निराकरणीय परिकल्पना के सत्य होने पर भी उसको अस्वीकार करने की कुल प्रायिकता एक प्रतिशत है ।

इस तरह यदि $\left| \frac{\bar{x}-6 \text{ फुट}}{s/\sqrt{n-1}} \right|$ का मान t_{24} के 0.5 प्रतिशत बिंदु 2.797 से अधिक हो तो हम H_o को अस्वीकार करेंगे । (देखिए सारणी संख्या 10.1)

विश्लेषण–

$$\left| \frac{\bar{x}-6 \text{ फुट}}{s/\sqrt{n-1}} \right| = \frac{2.0\sqrt{24}}{0.5}$$

$$= 8\sqrt{6}$$

निष्कर्ष–

$\left| \frac{\bar{x}-6 \text{ फुट}}{s/\sqrt{n-1}} \right|$ का प्रेक्षित मान 2.797 से बहुत अधिक है, इसलिए हमें H_o को अस्वीकार करना होगा ।

इस परिकल्पना की जाँच में हम इस अभिधारणा को लेकर चले है कि अमेरिका वासियों की ऊँचाइयों का वंटन प्रसामान्य है । यदि यह अभिधारणा गलत हो तो ऊपरलिखित परीक्षण का सैद्धांतिक आधार ही जाता रहेगा । हम यह देख चुके हैं कि समष्टि के प्रसामान्य न होने पर भी यदि प्रतिदर्श काफी बड़ा हो तो $\bar{x}$ का वंटन लगभग प्रसामान्य होता है । इसी प्रकार देखा गया है कि यदि प्रतिदर्श बड़ा न हो तो $\frac{\bar{x}-\mu}{s/\sqrt{n-1}}$ का वंटन लगभग t_{n-1} होता है । इस कारण समष्टि के प्रसामान्य न होने पर भी t_{n-1} वंटन के प्रयोग से जाँच में विशेष त्रुटि नहीं होती ।

§ १०·५ एक तरफा और दो तरफा परीक्षण

ऊपर के उदाहरण में $\frac{\bar{x}-\mu}{s/\sqrt{n-1}}$ का मान 2.797 से बड़ा हो या—2.797 से छोटा हो, इन दोनों ही अवस्थाओं में हमने H_0 को अस्वीकार करने का निश्चय किया था। इस प्रकार के परीक्षण को दो-तरफा परीक्षण (two-sided test) कहते हैं। इसके विपरीत कुछ अवस्थाएँ ऐसी हो सकती हैं जिनमें हम निराकरणीय परिकल्पना को केवल उसी समय अस्वीकार करते हैं जब $\frac{\bar{x}-\mu}{s/\sqrt{n-1}}$ का मान बहुत बड़ा हो। बहुत छोटा होने पर अस्वीकार नहीं करते। इसी प्रकार कुछ अन्य अवस्थाएँ ऐसी भी हो सकती हैं जिनमें निराकरणीय परिकल्पना केवल उसी समय अस्वीकार की जाती है जब $\frac{\bar{x}-\mu}{s/\sqrt{n-1}}$ का मान बहुत छोटा हो—बहुत बड़ा होने पर नहीं। इस प्रकार के परीक्षण को एक-तरफा परीक्षण (one-sided test) कहते हैं। आइए, अब हम एक उदाहरण द्वारा एक-तरफा परीक्षण से परिचय प्राप्त करें।

(२) एक शरीर-रचना विशेषज्ञ (anatomist) ने गहन अध्ययन के पश्चात् यह सिद्धान्त निकाला कि साधारणतया मनुष्य का दाहिना हाथ बायें हाथ से अधिक लंबा होता है।

निराकरणीय परिकल्पना H_0

दाहिने और बाँयें हाथों की औसत लंबाइयाँ बराबर हैं। यदि दाहिने हाथ की लंबाइयों की समष्टि का माध्य μ_1 हो और बायें हाथ की लंबाइयों की समष्टि का माध्य μ_2 हो तो

$$\mu_1 = \mu_2$$

अथवा

$$\mu_1 - \mu_2 = 0 \qquad \ldots\ldots(10.3)$$

इसलिए निराकरणीय परिकल्पना को दूसरे शब्दों में भी रखा जा सकता है—"दाहिने और बायें हाथों की लंबाइयों के अंतर की समष्टि का माध्य शून्य है।"

वैकल्पिक परिकल्पना H_1 :

दाहिने और बायें हाथों की लंबाइयों के अंतर की समष्टि का माध्य शून्य से अधिक है।

$$\mu_1 - \mu_2 > 0$$

यही वह सिद्धांत है जो शरीर-रचना विशेषज्ञ ने निकाला है।

प्रयोग—परिकल्पना की जाँच के लिए 16 मनुष्यों का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श लिया गया। इस प्रतिदर्श में चुने हुए व्यक्तियों के दाहिने और बायें हाथों की लंबाइयाँ नापी गयीं।

यदि दाहिने हाथ की लंबाइयों के प्रतिदर्श-माध्य को $\bar{x}_1$ तथा बायें हाथ की लंबाइयों के प्रतिदर्श-माध्य को $\bar{x}_2$ से सूचित किया जाय; प्रतिदर्श के i–वें मनुष्य के दाहिने और बायें हाथ की लंबाइयों को क्रमशः x_{1i} तथा x_{2i} से सूचित किया जाय तो इस प्रयोग के फलों को निम्नलिखित रूप में रखा जा सकता है।

$$\bar{x}_1 = 2 \text{ फुट } 1.0 \text{ इंच}$$

$$\bar{x}_2 = 2 \text{ फुट } 0.5 \text{ इंच}$$

$$s^2 = \frac{1}{16} \sum_{i=1}^{16} \left\{ (x_{1i} - x_{2i}) - (\bar{x}_1 - \bar{x}_2) \right\}^2$$

$$= \frac{1}{16} \left\{ \sum_{i=1}^{16} (x_{12} - x_{2i})^2 - 16 (\bar{x}_1 - \bar{x}_2)^2 \right\}$$

$$= 0.52 \text{ वर्ग इंच}$$

$$\therefore s = 0.7141 \text{ इंच}$$

अस्वीकृति क्षेत्र

यदि $\dfrac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{s\sqrt{15}} = \dfrac{(\bar{x}_1 - \bar{x}_2)\sqrt{15}}{s}$ का मान t_{15} के पाँच प्रतिशत बिंदु

1.753 से अधिक होगा तो निराकरणीय परिकल्पना H_0 को अस्वीकार करके हम परिकल्पना H_1 को स्वीकार करेंगे। (देखिए सारणी सख्या 10.1)

विश्लेषण $\frac{(\bar{x}_1 - \bar{x}_2)}{s}\sqrt{15} = \frac{0.50 \times 3.87}{0.7141}$

$$> 1.753$$

निष्कर्ष

दोनों हाथों की लंबाइयाँ बराबर होने की परिकल्पना को अस्वीकार करके हम कह सकते है कि प्रयोग का फल शरीर-रचना विशेषज्ञ के सिद्धांत के अनुकूल है।

इस उदाहरण में हमने एक-तरफा परीक्षण का उपयोग किया है। इसमें निराकरणीय परिकल्पना के सत्य होने पर भी उसको अस्वीकार करने की प्रायिकता पाँच प्रतिशत है। हम इसमें प्रेक्षित मान की तुलना t–वंटन के पाँच प्रतिशत विंदु से करते हैं। यदि हम दो-तरफा परीक्षण का प्रयोग करते तो प्रेक्षित मान की तुलना t–वंटन के 2.5 प्रतिशत विंदु से की जाती। यदि $\frac{\bar{x}-\mu}{s/\sqrt{n-1}}$ का धनात्मक मान इस बिंदु से अधिक होता तो निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जाता। निराकरणीय परिकल्पना के सत्य होते हुए भी उसे अस्वीकार करने की प्रायिकता तब भी पाँच प्रतिशत ही होती। t–वंटन की भाँति प्रसामान्य वंटन के उपयोग में भी परिस्थिति के अनुसार एक-तरफा अथवा दो-तरफा परीक्षण होता है।

§ १०·६ द्वि-प्रतिदर्श परीक्षण (two sample test)

पिछले उदाहरण में आपने दो समष्टियों के माध्यों के बराबर होने की परिकल्पना की जाँच की थी, परंतु इसकी आवश्यकता नही थी कि दोनों समष्टियों में से प्रतिदर्शों का अलग-अलग चुनाव करें, क्योंकि एक ही मनुष्य से दोनों समष्टियों का माप लिया जा सकता था। परंतु ऐसी कई स्थितियाँ हो सकती है जिनमें दोनों समष्टियों में से अलग-अलग प्रतिदर्श चुनने की आवश्यकता हो।

यदि एक समष्टि में से n_1 परिमाण का और दूसरी में से n_2 परिमाण का प्रतिदर्श यादृच्छिकीकरण द्वारा स्वतंत्र रूप से चुना जाय, इन प्रतिदर्शों के माध्य क्रमशः

$\bar{x}_1$ तथा $\bar{x}_2$ हों और दोनों समष्टियों में प्रसरण बराबर हों तो

$$\begin{aligned} V(\bar{x}_1-\bar{x}_2) &= E[(\bar{x}_1-\bar{x}_2)-(\mu_1-\mu_2)]^2 \\ &= E[(\bar{x}_1-\mu_1-(\bar{x}_2-\mu_2)]^2 \\ &= E[(\bar{x}_1-\mu_1)^2+(\bar{x}_2-\mu_2)^2-2(\bar{x}_1-\mu_1)(\bar{x}_2-\mu_2)] \\ &= E(\bar{x}_1-\mu_1)^2+E(\bar{x}_2-\mu_2)^2-2E(\bar{x}_1-\mu_1)E(\bar{x}_2-\mu_2) \\ &= \frac{\sigma^2}{n_1}+\frac{\sigma_2}{n_2}-2\times 0\times 0 \\ &= \sigma^2\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right] \end{aligned}$$

जहाँ σ^2 दोनों समष्टियों का प्रसरण है। प्रतिदर्श माध्यों के अंतर के इस प्रसरण का निम्नलिखित प्राक्कलन है

$$\hat{V}(\bar{x}_1-\bar{x}_2) = \frac{n_1 s_1^2+n_2 s_2^2}{n_1+n_2-2}\times\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]$$

जहाँ $$n_1 s_1^2 = \sum_{i=1}^{n_1}(x_{1i}-\bar{x}_1)^2$$

$$n_2 s_2^2 = \sum_{i=1}^{n_2}(x_{2i}-\bar{x}_2)^2$$

यहाँ पहिले प्रतिदर्श की i—वीं इकाई के मान को x_{1i} तथा दूसरे प्रतिदर्श के i—वीं इकाई के मान को x_{2i} से सूचित किया गया है।

एक प्रतिदर्श परीक्षण में $\bar{x}-\mu$ को उसके मानक विचलन के अनुमान $\frac{s}{\sqrt{n-1}}$ से विभाजित करने पर जो राशि प्राप्त होती थी वह एक t_{n-1} चर थी। उसी प्रकार द्वि-प्रतिदर्श परीक्षण में $(\bar{x}_1-\bar{x}_2)-(\mu_1-\mu_2)$ को उसके मानक विचलन के प्राक्कलन द्वारा विभाजित करने से हमें जो चर प्राप्त होता है उसका वंटन $t_{n_1+n_2-2}$ है। यदि परिकल्पना यह हो कि दोनों समष्टियों के माध्य बराबर हैं तो $\mu_1-\mu_2=0$। इसलिए इस परिकल्पना के अंतर्गत

$$t_{n_1+n_2-2} = \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{\left[\frac{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}{n_1+n_2-2}\right]\left[\frac{1}{n_1}+\frac{1}{n_2}\right]}}$$

$$= \frac{\bar{x}_1 - \bar{x}_2}{\sqrt{n_1 s_1^2 + n_2 s_2^2}} \sqrt{\frac{n_1 n_2 (n_1+n_2-2)}{n_1+n_2}}$$

आइए, अब एक उदाहरण की सहायता से हम इस परीक्षण से भली-भाँति परिचित हो जायँ।

§ १०·७ उदाहरण

गन्ने की दो किस्में हैं—एक भारतीय और दूसरी जावा की। यह कहा जाता है कि भारतीय गन्ने की अपेक्षा जावा के गन्ने में चीनी की मात्रा अधिक है। इस परिकल्पना की जाँच के लिए दोनों प्रकार के गन्नों के दस दस गट्ठर चुने गये और उनको दबाकर रस निकाल कर उनमें चीनी का अनुपात मालूम किया गया।

निराकरणीय परिकल्पना H_0

इन दोनों प्रकार के गन्नों में औसतन चीनी का अनुपात बराबर है।

वैकल्पिक परिकल्पना H_1

औसतन जावा के गन्नों में चीनी की मात्रा अधिक है।

अस्वीकृति क्षेत्र

$$\text{यदि} \quad t = \frac{\bar{x}_2 - \bar{x}_1}{\sqrt{10 s_1^2 + 10 s_2^2}} \sqrt{\frac{10 \times 10 \times (10+10-2)}{10+10}}$$

$$= \frac{\bar{x}_2 - \bar{x}_1}{\sqrt{s_1^2 + s_2^2}} \times 3$$

का प्रेक्षित मान t_{18} के पाँच प्रतिशत बिंदु 1.734 से अधिक होगा तो वैकल्पिक परिकल्पना की तुलना में निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार किया जायगा (देखिए सारणी संख्या 10.1)

प्रेक्षण—गन्ने के विभिन्न गट्ठरों से प्राप्त चीनी की मात्रा (पौण्ड में) नीचे की सारणी में दी गयी है।

सारणी संख्या 10.2

भारतीय गन्ना		जावा का गन्ना	
गट्ठर संख्या	चीनी की मात्रा	गट्ठर संख्या	चीनी की मात्रा
(1)	(2)	(3)	(4)
1	15	1	21
2	19	2	18
3	21	3	16
4	17	5	20
5	19	5	23
6	16	6	16
7	15	7	19
8	22	8	20
9	17	9	23
10	20	10	17
कुल	181	कुल	293

विश्लेषण

$$\bar{x}_1 = 18{\cdot}1$$

$$x_2 = 19{\cdot}3$$

$$\sum_{i=1}^{10} x^2_{1i} = 3331$$

$$\sum_{i=1}^{10} x^2_{2i} = 3785$$

$$\therefore \quad 10s_1^2 = \sum_{i=1}^{10} x_1^2{}_i - 10\bar{x}_1^2$$

$$= 3331 - 3276{\cdot}1$$

$$= 54{\cdot}9$$

$$10s_2^2 = \sum_{i=1}^{10} x_2^2{}_i - 10\bar{x}_2^2$$

$$= 3785 - 3724{\cdot}9$$

$$= 60{\cdot}1$$

$$\therefore \quad t = \frac{\bar{x}_2 - \bar{x}_1}{\sqrt{s_1^2 + s_2^2}} \times 3$$

$$= \frac{1{\cdot}2 \times 3}{\sqrt{115/10}}$$

$$= \frac{3.6}{3{\cdot}39}$$

$$< 1.734$$

निष्कर्ष—क्योंकि निकष (criterion) का प्रेक्षित मान 1·734 से कम है, इसलिए इस प्रयोग के आधार पर निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं है।

इस उदाहरण में हमने एक-तरफा परीक्षण का प्रयोग किया है। परंतु जिस प्रकार एक प्रतिदर्श के लिए दो-तरफा परीक्षण होता है उसी प्रकार वैकल्पिक परिकल्पना के किसी विशेष दिशा में झुकाव न होने पर द्वि-प्रतिदर्श के लिए भी दो-तरफा परीक्षण का उपयोग किया जाता है।

§ १०·८ *t*–परीक्षण पर प्रतिबंध

यह ध्यान देने योग्य बात है कि इस परीक्षण का आधार यह अभिधारणा है कि दोनों समष्टियों के प्रसरण समान हैं। यदि प्रसरण बहुत भिन्न हों तो इस परीक्षण का

उपयोग युक्तियुक्त नहीं है। यह स्वाभाविक है कि आप जानना चाहें कि दोनों समष्टियों के प्रसरण बराबर हैं या नहीं। यह किस प्रकार मालूम किया जाय ?' 'दो प्रसामान्य वंटनों के प्रसरण बराबर हैं" इस निराकरणीय परिकल्पना की परीक्षा करने के साधन वास्तव में सांख्यिकों के पास है। बिना इस प्रकार के परीक्षण के अथवा बिना लंबे अनुभव के इस अभिधारणा को कोई भी वैज्ञानिक मानने को तैयार नहीं होगा। आपका यह सोचना ठीक है कि इस अभिधारणा का परीक्षण पहलेऔर *t*–परीक्षण का प्रयोग बाद में होना चाहिए।

इस नये परीक्षण के लिए हमें एक नवीन प्रकार के वंटन का उपयोग करना पड़ता है जिसे *F*-वंटन कहते हैं। इसका और इसके उपयोग का संक्षिप्त वर्णन अगले अध्याय में दिया गया है।

अध्याय ११

F–वंटन

§ ११.१ F–वंटन और χ^2–वंटन का सम्बन्ध

मान लीजिए कि X और Y दो यादृच्छिक चर हैं। X का वंटन $\chi^2_{n_1}$ तथा Y का वंटन $\chi^2_{n_2}$ है। तब $F = \dfrac{X}{n_1} \div \dfrac{Y}{n_2}$ का घनत्व-फलन $f(x)$ निम्नलिखित है—

$$f(x) = \left[\frac{n_1}{n_2}\right]^{\frac{n_1}{2}} \frac{\Gamma\left[\frac{n_1+n_2}{2}\right]}{\Gamma\left[\frac{n_1}{2}\right]\Gamma\left[\frac{n_2}{2}\right]} \frac{x^{\frac{n_1}{2}-1}}{\left[1+\frac{n_1}{n_2}x\right]^{\frac{n_1+n_2}{2}}} \cdots \quad (11.1)$$

इस वंटन को n_1 तथा n_2 स्वातंत्र्य-संख्याओं का F–वंटन कहते हैं। संक्षेप में इसे $Fn_1,\ n_2$ से भी सूचित करते हैं। इस वंटन का प्रयोग बहुत अधिक होने के कारण, सांख्यिकों ने विभिन्न स्वातंत्र्य-संख्याओं के F–वंटनों के प्रतिशतता-बिंदुओं की सारणी तैयार कर रखी है।

सारणी संख्या 11·1

कुछ F–वंटनों के 5 और 1 प्रतिशत बिंदु

वंटन	5% बिंदु	1% बिंदु
$F_{3,6}$	4·76	9·78
$F_{3,15}$	3·29	5·42
$F_{3,21}$	3·07	4·87
$F_{4,11}$	3·36	5·67
$F_{5,15}$	2·90	4·56
$F_{7,21}$	2·48	3·64
$F_{9,6}$	3·19	5·36

विस्तृत सारणी के लिए देखिए

"Statistical Tables for Biological, Agricultural and Medical Research" by Fisher and Yates.

§ ११·२ परिकल्पना परीक्षण

मान लीजिए कि दो प्रसामान्य समष्टियाँ हैं जिनके माध्य क्रमशः μ_1 और μ_2 तथा प्रसरण क्रमशः σ_1^2 और σ_2^2 हैं। इन दो समष्टियों में से क्रमशः n_1 तथा n_2 परिमाण के यादृच्छिक प्रतिदर्श स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं। इन प्रतिदर्शों के प्रसरण क्रमशः s_1^2 और s_2^2 हैं।

अतः $\frac{n_1 s_1^2}{\sigma_1^2}$ एक $\chi^2_{n_1-1}$ चर है

तथा $\frac{n_2 s_2^2}{\sigma_2^2}$ एक $\chi^2_{n_2-1}$ चर है।

ये दोनों चर एक दूसरे से स्वतंत्र भी हैं। इसलिए

$$F = \frac{n_1 s_1^2}{(n_1-1)\sigma_1^2} \div \frac{n_2 s_2^2}{(n_2-1)\sigma_2^2} \text{ एक } F_{n_1-1, n_2-1} \text{ चर है।}$$

यदि निराकरणीय परिकल्पना यह है कि $\sigma_1^2 = \sigma_2^2$ तो इसके अन्तर्गत

$$F = \frac{n_1 s_1^2/n_1 - 1}{n_2 s_2^2/n_2 - 1} \text{ एक } Fn_1\text{-}1, n_2\text{-}1 \text{ चर है।}$$

इस गुण का प्रयोग परिकल्पना की परीक्षा के लिए सरलता से किया जा सकता है। यदि प्रयोग में प्रेक्षित F का मान $Fn_1\text{-}1, n_2\text{-}1$ के एक पूर्व-निश्चित प्रतिशतता विन्दु से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं। यदि इस परिकल्पना को अस्वीकार किया जाता है तो द्वि-प्रतिदर्शीय t–परीक्षण युक्ति-संगत नहीं है। यदि परीक्षण द्वारा परिकल्पना को अस्वीकार नहीं किया जाता तो इसका यह अर्थ नहीं है कि उसकी सत्यता सिद्ध हो गयी। इसका अर्थ केवल इतना ही है कि प्रयोग के फल परिकल्पना के सत्य होने की स्थिति में काफी संभव थे और इस कारण वे परिकल्पना के विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं देते।

§ ११·३ उदाहरण

आइए, अब यह देखा जाय कि इसका उपयोग पिछले उदाहरण में किस प्रकार किया जा सकता है।

निराकरणीय परिकल्पना Ho

भारतीय और जावा द्वीपीय गन्नों में चीनी के वंटनों के प्रसरण बराबर हैं।

वैकल्पिक परिकल्पना H_1

ये प्रसरण बराबर नहीं हैं।

अस्वीकृति क्षेत्र

यदि $F = \frac{10s_2^2/9}{10s_1^2/9} = \frac{s_2^2}{s_1^2}$ का प्रेक्षित मान $F_{9,9}$ के पाँच प्रतिशत बिंदु 3·19 से अधिक हो तो वैकल्पिक परिकल्पना की तुलना में निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जायगा। (देखिए सारणी संख्या 11·1)

विश्लेषण प्रयोग के प्रेक्षणों के अनुसार

$$F = \frac{60.1}{54.9}$$
$$< 3.19$$

निष्कर्ष—प्रेक्षणों के आधार पर हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार नहीं कर सकते।

प्रयोग-विश्लेषण में F–वंटन का उपयोग बहुत अधिक होता है। इसका वर्णन उन अन्य अध्यायों में दिया हुआ है जिनका संबंध प्रयोग-अभिकल्पना और प्रयोग-विश्लेषण से है। इस ऊपर के उदाहरण के साथ हम परिकल्पना की जाँच के उदाहरणों और साधारण परिचय को समाप्त करते हैं और अब हम अगले अध्याय में परिकल्पना की जाँच के साधारण सिद्धांतों का अध्ययन करेंगे।

अध्याय १२

परिकल्पना की जाँच के साधारण सिद्धान्त

§ १२·१ जाँच की परिचित विधि की आलोचना

अब तक परिकल्पना की जाँच की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि को आप भली-भाँति समझ गये होंगे। हम पहिले किसी प्रतिदर्शज (statistic) की स्थापना करते हैं जिसके मान के आधार पर हम परिकल्पना को स्वीकार अथवा अस्वीकार करेंगे। इस प्रतिदर्शज को परिकल्पना–परीक्षण का निकष (criterion) कहा जाता है। आपमें से कुछ लोगों को यह विचित्र लगा होगा कि इस जाँच के लिए हम इस निकष के प्रेक्षित मान की प्रायिकता का कलन नहीं करते, किन्तु इस घटना की प्रायिकता का कलन करते हैं कि निकष का मान या तो उपर्युक्त प्रेक्षित मान के बराबर हो अथवा उससे भी अधिक हो। कदाचित् आप अस्पष्ट रूप से इस तरीके के आधार को समझते हों। परन्तु कुछ पाठक ऐसे भी हो सकते हैं जिन्हें सांख्यिक पर संदेह हो कि वह जानबूझकर केवल आसानी के लिए ही इस प्रकार से प्रायिकता का कलन करता है तथा इसमें युक्ति कुछ भी नहीं है।

फिर भी यह तो स्पष्ट ही है कि किसी भी सतत वंटन में, उदाहरण के लिए एक प्रसामान्य वंटन में, किसी विशेष मान के प्रेक्षण की प्रायिकता शून्य है। असतत वंटन में भी यदि चर सैकड़ों मान धारण कर सकता हो तो किसी भी विशेष मान को धारण करने की प्रायिकता बहुत छोटी हो सकती है। इस कारण केवल प्रेक्षित घटना की प्रायिकता के छोटे होने पर यदि हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करने का निर्णय करें तो प्रयोग करने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। क्योंकि यह स्पष्ट है कि चाहे प्रयोग का फल कुछ भी हो उसकी प्रायिकता बहुत ही कम अथवा शून्य होगी और इस कारण हम उसको अस्वीकार कर देंगे।

§ १२·२ अस्वीकृति क्षेत्र

वास्तव में यदि हम परिकल्पना को पाँच प्रतिशत स्तर पर अस्वीकार करने का निश्चय करते हैं तो हमें एक अन्तराल अथवा मानों के एक कुलक की परिभाषा

देनी होगी जिसमें प्रेक्षित मान के पाये जाने की प्रायिकता परिकल्पना के अन्तर्गत पाँच प्रतिशत हो। इसको **अस्वीकृति-क्षेत्र** अथवा **संशय-अंतराल** (critical region) कहते हैं। यदि प्रेक्षित मान अस्वीकृति-क्षेत्र में पाया जाता है तब हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं, अन्यथा नहीं। इस प्रकार यदि परिकल्पना वास्तव में सत्य हो तो गलती से उसको अस्वीकार करने की प्रायिकता पाँच प्रतिशत रह जाती है।

मान लीजिए, हम प्रतिदर्श माध्य और प्रत्याशित माध्य के अन्तर को $(\bar{x}-\mu)$ से सूचित करते हैं। यदि हम अस्वीकृति-क्षेत्र को इस प्रकार चुनें कि जब $\bar{x}-\mu=1$ हो तब तो हम परिकल्पना को अस्वीकार कर देंगे, परन्तु जब यह अन्तर बहुत अधिक हो, जैसे 3 या 4, तब हम परिकल्पना को अस्वीकार नहीं करेंगे तो यह मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनुचित होगा। यह स्वाभाविक है कि अस्वीकृति-क्षेत्र में प्रेक्षित और प्रत्याशित मानों के अन्तरों को व्यक्त करनेवाली संख्याएँ बड़ी-बड़ी हों और यदि कोई विशेष संख्या इस क्षेत्र में विद्यमान हो तो उससे बड़ी सब संख्याएँ भी अस्वीकृति-क्षेत्र में ही हों।

§ १२·३ एक तरफा परीक्षण

यदि किसी के पास एक ऐसी वैकल्पिक परिकल्पना है जिसके अनुसार हम धनात्मक अन्तर की आशा कर सकते हैं। तब प्रश्न केवल निराकरणीय परिकल्पना की जाँच ही नहीं है। बल्कि निराकरणीय और वैकल्पिक परिकल्पनाओं में से एक का चुनाव करना है। इस प्रकार की स्थिति में स्वाभाविक है कि हम एकतरफा परीक्षण का प्रयोग करें।

§ १२·४ विभिन्न निकषों से अलग-अलग निष्कर्ष निकालने की संभावना

ऊपर लिखे तर्क कई लोगों को संतोषप्रद और यथेष्ट मालूम हो सकते हैं। फिर भी परिकल्पना परीक्षण के सिद्धान्तों का व्यवस्थित विकास आवश्यक है। एक ही प्रतिदर्श के प्रेक्षणों से ऐसे अनेक प्रतिदर्शज (statistic) बन सकते हैं जिनके वंटनों को हम निराकरणीय परिकल्पना के अन्तर्गत जानते हों। यह संभव है कि यद्यपि किसी एक प्रतिदर्शज के दृष्टि-कोण से परिकल्पना को अस्वीकार किया जा सकता है परन्तु किसी दूसरे प्रतिदर्शज के विचार से उस परिकल्पना को त्यागने का कोई कारण दृष्टिगोचर न हो। ऐसी अवस्था में हमें यह जानना आवश्यक है कि किस प्रतिदर्शज के आधार पर परीक्षण करें।

एक उदाहरण के द्वारा हम ऊपर के कथन को स्पष्ट कर देना चाहते हैं। मान लीजिए कि हम जानते हैं कि समष्टि प्रसामान्य है और उसका मानक विचलन σ है। हम इस निराकरणीय परिकल्पना का परीक्षण करना चाहते हैं कि उसका माध्य μ है। इस परिकल्पना के लिए हम एक परीक्षण का वर्णन पहले ही कर चुके हैं जिसमें प्रतिदर्श-माध्य $\bar{x}$ और μ का अन्तर एक विशेष मान से अधिक होने पर हम परिकल्पना का त्याग करते हैं। इस परिकल्पना की जाँच का दूसरा तरीका निम्नलिखित भी हो सकता है।

हम यह जानते हैं कि एक प्रसामान्य समष्टि के माध्य और माध्यिका बराबर होते हैं। इसलिए किसी प्रेक्षित राशि के μ से कम होने की उतनी ही प्रायिकता है जितनी μ से अधिक होने की। इसलिए परिकल्पना के अनुसार यह आशा की जाती है कि प्रतिदर्श में जितनी राशियाँ μ से छोटी होंगी उतनी ही μ से बड़ी भी होंगी। इस कारण μ से बड़ी राशियों की संख्या बहुत अधिक होने पर अथवा बहुत कम होने पर भी हम परिकल्पना का त्याग कर सकते हैं। इस प्रकार प्रसामान्य वंटन के माध्य के μ होने के लिए ऊपर लिखे दो परीक्षण हो सकते हैं जो एक-दूसरे से भिन्न हैं। हो सकता है कि एक के अनुसार परिकल्पना अस्वीकृत हो और दूसरी के अनुसार नहीं हो। उदाहरण के लिए यदि

$$\sigma=2 \qquad \mu=5$$
$$\bar{x}=4 \qquad n=25$$
$$n_1=15 \qquad n_2=10$$

जहाँ $\bar{x}$ प्रतिदर्श माध्य और n प्रतिदर्श परिमाण है। n_1 उन प्रेक्षणों की संख्या है जिनके मान $\mu=5$ से कम हैं तथा n_2 उन प्रेक्षणों की संख्या है जिनके मान 5 से अधिक हैं। जिस द्विपद वंटन के प्राचल 25 और $\frac{1}{2}$ हों उसके द्वारा n_1 के 15 या इससे भी अधिक होने की प्रायिकता का कलन किया जा सकता है।

अपूर्ण B–फलन सारणी के अनुसार यह प्रायिकता 0.2121781 है। यह इतनी अधिक है कि इसके आधार पर परिकल्पना को अस्वीकार करना संभव नहीं है। किन्तु दूसरी ओर हमें पता है कि परिकल्पना के अन्तर्गत $\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}$ का वंटन $N(0,1)$ है, इसलिए परिकल्पना-परीक्षण $t=\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}$ को निकष मानकर भी किया जा सकता

है। किन्तु दूसरी ओर हमें पता है कि परिकल्पना के अन्तर्गत $\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}$ का वंटन $N(0,1)$ है इसलिये परिकल्पना-परीक्षण $t = \left|\frac{\bar{x}-\mu}{\sigma/\sqrt{n}}\right|$ को निकष मानकर भी किया जा सकता है। और प्रयोग में $t = \frac{1}{2/5}$

$= 2.5$

प्रसामान्य वंटन के अनुसार निकष t के 2.5 अथवा उससे भी अधिक होने की प्रायिकता 5% से कम है। इस कारण हम प्रसामान्य समष्टि के माध्य के मान के 5 होने को अस्वीकार करते है।

इस प्रकार एक ही प्रतिदर्श पर निर्भर दो परीक्षणों के नतीजे अलग-अलग होना संभव है। इस दशा में यह जानना आवश्यक है कि निर्णय किस परीक्षण पर आधारित होना चाहिए। यह स्पष्ट है कि यदि हम 5% के स्तर पर परीक्षण करते हैं तो परिकल्पना के सत्य होते हुए भी उसके अस्वीकार किये जाने की त्रुटि की प्रायिकता हर एक परीक्षण के लिए समान होगी। इसलिए इस प्रकार की त्रुटि के कम या अधिक होने को हम परीक्षण चुनने के लिए निकष (criterion) नही मान सकते। नीमन और पीयरसन (Neyman and Pearson) ने इसके लिए एक अन्य निकष का प्रतिपादन किया है तथा उसके ऊपर परिकल्पना-परीक्षण के सिद्धान्तों का एक ढाँचा खड़ा किया है। इसका वर्णन आगे के कुछ पृष्ठों में किया गया है। परन्तु प्रो० रोनाल्ड फिशर और उनके अनुयायियों की एक अन्य विचारधारा है जिसके अनुसार वैज्ञानिक अध्ययन में नीमन और पीयरसन द्वारा प्रतिपादित विचार-पद्धति युक्तिसंगत नहीं है। इसलिए प्रो० फिशर की विचारधारा का भी संक्षेप में वर्णन किया जायेगा।

§ १२·५ नीमन-पीयरसन सिद्धान्त

नीमन-पीयरसन सिद्धान्त का आरम्भ इस प्रेक्षण से होता है कि किसी भी परिकल्पना-परीक्षण के उपयोग में दो प्रकार की त्रुटियाँ संभव हैं। उनके अनुसार परीक्षण के अंत में दो ही फल हो सकते हैं। या तो हम परिकल्पना को स्वीकार करें अथवा अस्वीकार कर दें। यदि परिकल्पना सत्य न हो और हम उसे स्वीकार कर लें अथवा वह सत्य हो और हम उसे अस्वीकार कर दें—इन दोनों ही स्थितियों में हम भूल करते

हैं। इनको सिद्धान्त में क्रमशः दूसरी और पहली किस्म की त्रुटि (errors of second and first kind) कहते हैं।

§ १२·५·१ पहली प्रकार की त्रुटि—परिकल्पना को अस्वीकार करने की भूल जब वह वास्तव में सत्य है।

§ १२·५·२ दूसरी प्रकार की त्रुटि—परिकल्पना को स्वीकार करने की भूल जब कि वह वास्तव में असत्य है।

यदि कोई परीक्षण दोनों प्रकार की त्रुटियों की प्रायिकता को अधिक से अधिक घटा सके तो उसको दूसरे परीक्षणों की अपेक्षा अच्छा समझा जायेगा। यदि परिकल्पना सत्य हो तो एक अच्छे परीक्षण के लिए उसे अस्वीकार करने की प्रायिकता बहुत कम होनी चाहिए। यदि वह सत्य न हो तो यह प्रायिकता बहुत अधिक होनी चाहिए।

§ १२·५·३ सिद्धान्त

इस तरह यदि दो परीक्षणों के लिए प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता बराबर हो जिसका परिमाण α हो तो इनमें से हम उस परीक्षण को चुनेंगे जिसके लिए असत्य परिकल्पना को अस्वीकार करने की प्रायिकता अधिक हो।

§ १२·६ परीक्षण सामर्थ्य और उसका महत्त्व

§ १२·६·१ परिभाषा—यदि परिकल्पना असत्य हो तो उसे अस्वीकार करने की प्रायिकता को **परीक्षण-सामर्थ्य** (power of test) कहते हैं।

§ १२·६·२ उदाहरण—हम सिद्धांत की मीमांसा एक मामूली उदाहरण से आरंभ करेंगे। और इस उदाहरण की ही सहायता से कुछ नयी अवधारणाओं (concepts) की परिभाषा भी देंगे।

मान लीजिए कि प्रश्न है एक परिकल्पना के परीक्षण का जिसके अनुसार समष्टि का माध्य μ है। हम यह परीक्षण समष्टि पर बिना किसी प्रेक्षण के भी कर सकते हैं। कागज़ के छोटे-छोटे बिलकुल समान सौ टुकड़े कर लीजिए और उन पर क्रमशः एक से लेकर सौ तक की संख्याएँ लिख लीजिए। इन टुकड़ों को भली-भाँति मिला लीजिए और इसके पश्चात् आँख बंद करके उनमें से एक को चुन लीजिए।

हमारा परीक्षण निम्नलिखित है—

यदि चुने हुए टुकड़े पर लिखी हुई संख्या 95 से अधिक हो तो परिकल्पना को अस्वीकार कर दीजिए, अन्यथा उसको स्वीकार कर लीजिए। क्योंकि इस परीक्षण

का उस समष्टि से कुछ संबंध नहीं है जिसके संबंध में परिकल्पना है, इसलिए यह मूर्खता-पूर्ण प्रतीत होता है, और है भी। परंतु यह ध्यान देने योग्य बात है कि यदि परिकल्पना सत्य है तो इस परीक्षण द्वारा उसके अस्वीकृत होने की प्रायिकता केवल 5% है। इस प्रकार इस परीक्षण के लिए $\alpha=0.05$ है और यदि परीक्षणों की तुलना करने के लिए हम केवल प्रथम प्रकार की त्रुटि का ही प्रयोग करते हैं तो यह परीक्षण उतना ही उत्तम है जितना कि प्रस्तुत समष्टि से चुने हुए एक हजार प्रेक्षणों पर आधारित ऐसा परीक्षण जिसके लिए भी $\alpha=0.05$ हो।

इनकी वास्तविक तुलना तो तब होती है जब कि हम इन परीक्षणों की सामर्थ्य का पता लगाते हैं। मान लीजिए कि समष्टि का माध्य μ नहीं है बल्कि μ' है। हमारे कागज़ के टुकड़ोंवाले परीक्षण द्वारा माध्य के μ होने की परिकल्पना के अस्वीकार किये जाने की प्रायिकता 5% है। इसलिए इस परीक्षण की सामर्थ्य $\beta=0.05$ है। यह एक ऐसा परीक्षण है जिसमें परिकल्पना के अस्वीकृत होने की प्रायिकता वही रहती है चाहे परिकल्पना सत्य हो और चाहे सत्य से बहुत दूर। यह स्थिति निश्चय ही असंतोषजनक है। परंतु इससे भी अधिक असंतोषजनक स्थिति हो सकती है यदि सत्य होने पर भी परिकल्पना के अस्वीकृत होने की प्रायिकता α उसके असत्य होने पर अस्वीकृत होने की प्रायिकता β से भी अधिक हो। इस प्रकार की अवांछनीय स्थिति उत्पन्न करने वाले परीक्षण को **अभिनत परीक्षण** (biased test) कहते हैं।

§ १२·६·३ अभिनत और अनभिनत परीक्षणों की परिभाषा

अभिनत परीक्षण—वह परीक्षण है जिसकी सामर्थ्य प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता से कम हो याने $\beta<\alpha$। जो परीक्षण अभिनत नहीं होता उसे **अनभिनत** (unbiased) कहते हैं।

§ १२·७ प्राचल का अवकाश

क्योंकि हम यहाँ परिकल्पना परीक्षण के साधारण सिद्धांतों की व्याख्या कर रहे हैं, हमारे अध्ययन का क्षेत्र केवल माध्य अथवा प्रसरण से संबंधित परिकल्पनाओं तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। हम यहाँ समष्टि के किसी भी प्राचल से संबंधित परिकल्पना पर विचार करेंगे। यह प्राचल समष्टि के माध्यिका, चतुर्थी, तृतीय घूर्ण आदि में से कोई भी हो सकता है।

मान लीजिए कि हम Ω (ओमेगा) द्वारा प्राचल के अवकाश को सूचित करते हैं। इस अवकाश से हमारा तात्पर्य उन सब मानों के कुलक से है जो प्राचल के

लिए संभव हों। इस प्रकार प्रसामान्य वंटन के माध्य के लिए—∞से लेकर+∞तक प्रत्येक मान धारण करना संभव है। इसलिए माध्य μ के लिए अवकाश Ω समस्त वास्तविक संख्याओं (real numbers) का कुलक है। प्रसामान्य वंटन में ही प्रसरण σ^2 के लिए अवकाश केवल समस्त धनात्मक संख्याओं का कुलक है। द्विपद वंटन में अनुपात P के लिए अवकाश O और 1 के बीच की संख्याएँ हैं।

§ १२·८ निराकरणीय परिकल्पना

मान लीजिए कि परिकल्पना यह है कि Ω के एक उपकुलक ω (ओमेगा का लघुरूप) में प्राचल θ (थीटा) स्थित है। इसको हम निम्नलिखित ढंग से सूचित करते हैं—

$$\theta \in \omega$$

और इसे θ स्थित है ω में पढ़ते हैं।

उदाहरण के लिए द्विपद वंटन के अनुपात p के लिए परिकल्पना यह हो सकती है कि उसका मान 0.2 और 0.3 के बीच की कोई संख्या है। इस स्थिति में ω उन सब संख्याओं का कुलक है जो 0.2 और 0.3 के बीच में हैं। बहुधा इस उपकुलक ω में केवल एक ही संख्या होती है। उदाहरण के लिए इस परिकल्पना में कि समष्टि की माध्यिका 6 है, ω में केवल एक संख्या 6 ही है।

जिस परिकल्पना $\theta \in \omega$ का हम परीक्षण करते हैं उसे **निराकरणीय परिकल्पना** (null hypothesis) H_0 कहते हैं। **वैकल्पिक परिकल्पना** (alternative hypothesis)) H_1 यह है कि 'θ की स्थिति ω में नहीं है'। इसको हम निम्नलिखित संकेत से सूचित करते हैं

$$\theta \in (\Omega - \omega) = \omega'$$

यहाँ ω' अथवा $(\Omega - \omega)$ द्वारा हम Ω में स्थित उन राशियों को सूचित करते हैं जो ω में नहीं हैं।

§ १२·९ प्रतिदर्श और प्रतिदर्श-परिमाण

यह आवश्यक है कि परिकल्पना परीक्षण ऐसा होना चाहिए जो समष्टि पर किये हुए कुछ प्रेक्षणों पर आधारित हो। इन प्रेक्षणों के कुलक को **प्रतिदर्श** (sample) कहते हैं और प्रेक्षणों की संख्या को **प्रतिदर्श-परिमाण** (sample size)। यदि प्रतिदर्श

परिमाण n हो और विभिन्न प्रेक्षण $(x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ हों तो हम इनके इस विशेष क्रम को $\underset{\sim}{x}$ से सूचित करते हैं।

$$(x_1, x_2, \ldots\ldots\ldots, x_n) \equiv \underset{\sim}{x} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(12.1)$$

§ १२·१० स्वीकृति और अस्वीकृति-क्षेत्र

$\underset{\sim}{x}$ के कुछ मान ऐसे होंगे जिनके लिए हम H_0 को अस्वीकार कर देंगे। इन सब मानों के कुलक C को परीक्षण का **संशय-अन्तराल** (critical region) कहते हैं। इसी का दूसरा नाम अस्वीकृति-क्षेत्र भी है। $\underset{\sim}{x}$ के अन्य मानों के कुलक A को—जिन के लिए H_0 को अस्वीकार नहीं किया जाता—**स्वीकृति-क्षेत्र** (acceptance region) कहते हैं।

§ १२·११ प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता और सामर्थ्य

C पर आधारित परीक्षण के लिए प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता $\alpha(c)$ निराकरणीय परिकल्पना के सत्य होते हुए भी C में $\underset{\sim}{x}$ के पाये जाने की प्रायिकता है।

$$\alpha(c) = P[\underset{\sim}{x} \in C \mid H_0] \qquad \ldots\ldots\ldots(12.2)$$

किसी अन्य परिकल्पना H_1 के सत्य होने पर $\underset{\sim}{x}$ के C में पाये जाने की प्रायिकता को $\beta(c)$ से सूचित करते हैं और यह C पर आधारित परीक्षण का **सामर्थ्य** (power) है

$$\beta(c) = P[\underset{\sim}{x} \in C \mid H_1] \qquad \ldots\ldots(12.3)$$

§ १२·१२ तुल्य तथा उत्तम परीक्षण

यदि C और C' दो अस्वीकृत क्षेत्र ऐसे हों जिनके लिए

$$\alpha(C) = \alpha(C')$$
$$\text{और } \beta(C) = \beta(C')$$

तो C और C' पर निर्भर परीक्षणों को तुल्य (equivalent) समझा जाता है।

$$\text{यदि } \alpha(C) \leqslant \alpha(C')$$
$$\text{तथा } \beta(C) \leqslant \beta(C')$$

और यदि C और C' तुल्य न हों तो C को C' से **उत्तम** (superior) समझा जाता है।

§ १२·१३ प्रमेय

मान लीजिए H_o के अनुसार $\underset{\sim}{x}$ पर घनत्व फलन $f_o(\underset{\sim}{x})$ है तथा H_1 के अनुसार $f_1(\underset{\sim}{x})$ है और λ कोई धनात्मक संख्या है। यदि C_λ एक ऐसा अस्वीकृति-क्षेत्र है कि उसके किसी भी बिंदु $\underset{\sim}{x}$ के लिए $f_1(\underset{\sim}{x}) \geqslant \lambda f_o(\underset{\sim}{x})$ है तथा उसके बाहर किसी के भी बिंदु के लिए $f_1(\underset{\sim}{x}) \leqslant \lambda f_o(x)$ है, और C एक अन्य अस्वीकृति-क्षेत्र है तो इन अस्वीकृति-क्षेत्रों पर निर्भर परीक्षणों की सामर्थ्यों का अंतर इनकी प्रथम प्रकार की त्रुटियों की प्रायिकताओं के अंतर से कम-से-कम λ गुणा होगा।

उपपत्ति—

$$\text{सामर्थ्यों का अंतर} = P[\underset{\sim}{x} \in C_\lambda | H_1] - P[\underset{\sim}{x} \in C | H_1]$$

$$= P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) \cup (C \cap C_\lambda) | H_1] - P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) \cup (C \cap C_\lambda) | H_1]$$

$$= \{P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) | H_1] + P[\underset{\sim}{x} \in (C \cap C_\lambda) | H_1]\}$$

$$- \{P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) | H_1] + P[\underset{\sim}{x} \in (C \cap C_\lambda) | H_1]\}$$

$$= P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) | H_1] - P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) | H_1]$$

$$\geqslant \lambda P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) | H_o] - \lambda P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) | H_o]$$

$$= \lambda \{P[\underset{\sim}{x} \in C_\lambda | H_o] - P[\underset{\sim}{x} \in C | H_o]\}$$

$$= \lambda [\alpha(C_\lambda) - \alpha(C)]$$

$$= \lambda [\text{प्रथम प्रकार की त्रुटियों की प्रायिकताओं का अंतर}]$$

यहाँ $(C - C_\lambda)$ से $\underset{\sim}{x}$ के उन मानों के कुलक को सूचित किया गया है जो C में तो हैं परंतु C_λ में नहीं हैं। इसी प्रकार $(C_\lambda - C)$ से उन मानों के कुलक को सूचित किया गया है जो C_λ में हैं परंतु C में नहीं। चित्र संख्या 31 से यह अधिक स्पष्ट हो जायगा। इस उपपत्ति में इस ज्ञान का प्रयोग किया गया है कि

$$P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) | H_1] = \int_{(C_\lambda - C)} f_1(\underset{\sim}{x}) d\underset{\sim}{x} \qquad \ldots\ldots(12.4)$$

$$\geqslant \lambda \int_{C_\lambda - C} f_0(\underset{\sim}{x})\,d\underset{\sim}{x}$$

$$= \lambda P[\underset{\sim}{x} \in (C_\lambda - C) | H_0]$$

और $$P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) | H_1] = \int_{(C - C_\lambda)} f_1(\underset{\sim}{x})\,d\underset{\sim}{x} \qquad \ldots\ldots(12.5)$$

$$\leqslant \lambda \int_{(C - C_\lambda)} f_0(\underset{\sim}{x})\,d\underset{\sim}{x}$$

$$= \lambda P[\underset{\sim}{x} \in (C - C_\lambda) | H_0]$$



चित्र ३१

§ १२·१४ ग्राह्य परीक्षण

यदि $\alpha(C_\lambda) = \alpha(C)$ तो हमें यह पता चलता है कि C_λ पर आधारित परीक्षण किसी भी ऐसे परीक्षण से कम **सामर्थ्यवान्** नहीं है जिसकी प्रथम प्रकार की भूल की प्रायिकता $\alpha(C_\lambda)$ है। इस प्रकार के परीक्षण को **ग्राह्य** (admissible) कहते हैं।

§ १२·१५ अस्वीकृति-क्षेत्र के चुनाव के अन्य निकष

नीमन पीयरसन सिद्धांत के अनुसार हमें ऐसे परीक्षण को चुनना चाहिए जो ग्राह्य हो। ऊपर के प्रमेय द्वारा हम जानते हैं कि ग्राह्य परीक्षण को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। हो सकता है कि आप परीक्षण के चुनाव के लिए किसी अन्य निकष को अधिक उत्तम समझें। उदाहरण के लिए आप शायद अस्वीकृति क्षेत्र को इस प्रकार चुनना अच्छा समझें कि दोनों प्रकार की त्रुटियों की प्रायिकता का कोई विशेष एक-घात फलन न्यूनतम हो जाय। आइए, देखें कि इस प्रकार के निकष के लिए अस्वीकृति क्षेत्र को ढूँढने का क्या तरीका हो सकता है।

यदि α_1 और α_2 द्वारा हम क्रमशः प्रथम और द्वितीय प्रकार की त्रुटियों की प्रायिकताओं को सूचित करें तो हमारा उद्देश्य एक ऐसे अस्वीकृति प्रदेश को मालूम करना है जो $p\alpha_1 + q\alpha_2$ को न्यूनतम कर दे जहाँ p और q दो धनात्मक ज्ञात संख्याएं हैं।

किसी विशेष अस्वीकृति-क्षेत्र C के लिए

$$\begin{aligned} p\alpha_1(C)+q\alpha_2(C) &= pP[\underset{\sim}{x} \in C \mid H_0]+qP[\underset{\sim}{x} \in (\Omega - C) \mid H_1] \\ &= pP[\underset{\sim}{x} \in C \mid H_0]+q\{1-P[\underset{\sim}{x} \in C \mid H_1\} \\ &= q+\{pP[\underset{\sim}{x} \in C, pf_0 \geqslant qf_1 \mid H_0] \\ &\quad -qP[\underset{\sim}{x} \in C, pf_0 \geqslant qf_1 \mid H_1]\} \\ &\quad +\{pP[\underset{\sim}{x} \in C,\ pf_0 < qf_1 \mid H_0] \\ &\quad -qP[\underset{\sim}{x} \in C,\ pf_0 < qf_1 \mid H_1]\} \ldots\ldots\ldots\ldots (12\cdot6) \end{aligned}$$

यह स्पष्ट है कि प्रथम कुन्तल कोष्ठक (curled brackets) में दी हुई राशि धनात्मक तथा दूसरे कुन्तल कोष्ठक में दी हुई राशि ऋणात्मक है। इसलिए यदि कोई C के केवल उस भाग का अस्वीकृति-क्षेत्र की तरह उपयोग करता है जिसमें $pf_0 < qf_1$ हो तो इस नवीन अस्वीकृति क्षेत्र के लिए $p\alpha_1+q\alpha_2$ का मान घट जायगा। इस प्रकार $\underset{\sim}{x}$ के जिन मानों के लिए $pf_0 < qf_1$ हों उन सबका कुलक सबसे उत्तम अस्वीकृति-क्षेत्र है, क्योंकि इसी में $p\alpha_1+q\alpha_2$ न्यूनतम हो जाता है।

§ १२·१६ उदाहरण

निराकरणीय परिकल्पना H_0

X का वंटन आयताकार (rectangular) है जिसका परास (0,2) है।

वैकल्पिक-परिकल्पना H_1

X का वंटन आयताकार है जिसका परास (1,5) है ।

$$\left.\begin{array}{ll} f_0(x) = \frac{1}{2} & \text{यदि } 0<x<2 \\ \text{नहीं तो} \quad f_0(x) = 0 & \end{array}\right\} \quad \ldots\ldots\ldots(12.7)$$

$$\left.\begin{array}{ll} f_1(x) = \frac{1}{4} & \text{यदि } 1<x<5 \\ \text{नहीं तो} \quad f_1(x) = 0 & \end{array}\right\} \quad \ldots\ldots\ldots(12.8)$$

मान लीजिए कि हम उस अस्वीकृति-क्षेत्र को मालूम करना चाहते हैं जिसके लिए $2\alpha_1+\alpha_2$ का मान न्यूनतम है । ऊपर के प्रमेय के अनुसार यह क्षेत्र ऐसा है जिसमें x के वे सब मान ऐसे हों जिनके लिए $2f_0(x)<f_1(x)$ हो और ऐसा कोई भी मान न हो जो इस असमता को सन्तुष्ट न करे ।

यह आसानी से देखा जा सकता है कि यह क्षेत्र (2,5) है ।

§ १२·१७ कुछ परिभाषाएँ

§ १२·१७·१ **सामर्थ्य-वक्र** (power curve) परीक्षण की सामर्थ्य केवल अस्वीकृति-क्षेत्र पर ही नहीं बल्कि वैकल्पिक परिकल्पना पर भी निर्भर करती है। प्रत्येक



चित्र ३२— $\theta=0$ के एक परीक्षण का सामर्थ्य वक्र

सुनिश्चित वैकल्पिक परिकल्पना के लिए परीक्षण की एक विशेष सामर्थ्य होती है। इस सामर्थ्य को प्राचल का एक फलन समझा जा सकता है। प्राचल के विभिन्न मानों

के लिए यदि परीक्षण की सामर्थ्य को ग्राफ द्वारा चित्रित किया जाय तो एक वक्र प्राप्त होगा जो **सामर्थ्य वक्र** कहलाता है। चित्र ३२ में ऐसा सामर्थ्य वक्र दिखाया गया है जो निराकरणीय परिकल्पना $\theta = 0$ से संबंधित है।

§ १२·१७·२ एक-समान अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण (uniformly most powerful test)

यदि किसी परीक्षण की सामर्थ्य प्रत्येक विकल्प (alternative) के लिए किसी भी दूसरे परीक्षण की सामर्थ्य से अधिक हो तो उसे **एक समान अधिकतम सामर्थ्यवान्** कहा जाता है।

§ १२·१७·३ स्थानीयतः अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण (*loally most powerful test*)

यदि निराकरणीय परिकल्पना से किसी विशेष विकल्प की तुलना करने के लिए एक परीक्षण दूसरे परीक्षणों की अपेक्षा अधिक सामर्थ्य रखता है, और यदि इसके लिए α का मान किसी अन्य परीक्षण के α से अधिक नहीं है तो उसे इस विकल्प के लिए **स्थानीयतः अधिकतम सामर्थ्यवान्** कहा जाता है।

§ १२·१७·४ एक-समान अनभिनत परीक्षण (*Uniformly unbiased test*)

यदि प्रत्येक विकल्प (प्राचल $= \theta$) के लिए सामर्थ्य $\beta(\theta)$ प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता α से अधिक हो तो परीक्षण को **एक-समान अनभिनत** कहा जाता है।

§ १२·१७·५ स्थानीयतः अभिनत परीक्षण (*locally biased test*)

यदि किसी विकल्प (प्राचल $= \theta_1$) के लिए सामर्थ्य $\beta(\theta_1)$ प्रथम प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता α से कम हो तो हम कहते हैं कि $\theta = \theta_1$ पर परीक्षण **स्थानीयतः अभिनत** है।

गणित द्वारा यह सिद्ध किया जा सकता है कि किसी भी विशेष विकल्प के लिए स्थानीयतः अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण मालूम करना हमेशा संभव है और ये परीक्षण सदैव स्थानीयतः अनभिनत भी होते हैं। इसके विपरीत यद्यपि कुछ विशेष परिकल्पनाओं के लिए एक समान अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण वर्तमान है, परंतु अन्य अनेक महत्त्वपूर्ण परिकल्पनाओं के लिए इस प्रकार का कोई परीक्षण संभव नहीं है। यदि किसी निराकरणीय परिकल्पना के लिए एक समान अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण वर्तमान है अथवा यदि हम उसके किसी विकल्प विशेष में ही

रुचि रखते हैं तो हमें उचित परीक्षण को चुनने में कुछ कठिनाई नहीं होगी। अन्यथा जो परीक्षण चुना जायगा उसका अन्य परीक्षणों से उत्तम होना प्राचल के वास्तविक मान पर निर्भर करेगा।

§ १२.१८ उदाहरण

एक प्रसामान्य समष्टि $N(\mu, \sigma)$ का प्रसरण σ^2 ज्ञात है और μ अज्ञात। इस समष्टि में से n परिमाण का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श चुना जाता है। इसके आधार पर निराकरणीय परिकल्पना $\mu = \mu_0$ की परीक्षा करनी है।

यदि इन प्रेक्षणों को $\underset{\sim}{x} = (x_1, x_2, \ldots\ldots x_n)$ से सूचित किया जाय तो इनका संयुक्त वंटन निम्नलिखित होगा

$$f_1(\underset{\sim}{x}) = \frac{1}{(2\pi\sigma^2)^{\frac{n}{2}}} e^{-\frac{1}{2}\left[\left(\frac{x_1-\mu}{\sigma}\right)^2+\left(\frac{x_2-\mu}{\sigma}\right)^2+\ldots+\left(\frac{x_n-\mu}{\sigma}\right)^2\right]}$$

$$= \frac{1}{(2\pi\sigma^2)^{\frac{n}{2}}} e^{-\frac{1}{2\sigma^2}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\mu)^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(12.9)$$

निराकरणीय परिकल्पना के अनुसार इनका संयुक्त वंटन निम्नलिखित होगा।

$$f_0(\underset{\sim}{x}) = \frac{1}{(2\pi\sigma^2)^{\frac{n}{2}}} e^{-\frac{1}{2\sigma^2}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\mu_0)^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(12.10)$$

एक ग्राह्य परीक्षण का पता चलाने के लिए हमें एक ऐसे अस्वीकृति क्षेत्र का पता चलाना है जिसके लिए

$$f_1(\underset{\sim}{x}) \geqslant \lambda f_0(\underset{\sim}{x})$$

अथवा $$\frac{-\sum_{i=1}^{n}(x_i-\mu)^2}{2\sigma^2} \geqslant \frac{-\sum_{i=1}^{n}(x_i-\mu_0)^2}{2\sigma^2} + \log\lambda$$

अथवा $$\frac{\sum_{i=1}^{n}(\mu-\mu_0)(2x_i-\mu-\mu_0)}{2\sigma^2} \geqslant \log\lambda$$

अथवा $$\bar{x}(\mu-\mu_0) \geqslant \frac{1}{n}\left[\sigma^2\log\lambda + \frac{\mu^2-\mu_0^2}{2}\right]$$

यदि विकल्प यह हो कि $\mu > \mu_0$ तो अस्वीकृति क्षेत्र निम्नलिखित रूप से परिभाषित हो सकता है।

$$\bar{x} > k_1 \qquad \ldots\ldots\ldots(12.11)$$

क्योंकि निराकरणीय परिकल्पना के आधार पर हमें $\bar{x}$ का वंटन ज्ञात है, इसलिए हम k_1 को इस प्रकार चुन सकते हैं कि $\bar{x}$ के उससे अधिक होने की प्रायिकता एक पूर्व-निश्चित संख्या हो। उदाहरण के लिए यदि यह संख्या 0·05 हो तो हम जानते हैं कि $N(o, 1)$ का 5% बिन्दु 1.96 होता है

$$\therefore \quad P\left[\frac{\bar{x}-\mu_o}{\sigma} > 1.96 \;\middle|\; \mu=\mu_o\right] = 0.05 \quad \ldots\ldots\ldots(12.12)$$

इसलिए $k_1 = \mu_o + 1.96\,\sigma$ .....(12.13)

इसी प्रकार यदि विकल्प $\mu < \mu_o$ हो तो अस्वीकृति-क्षेत्र की परिभाषा का निम्नलिखित रूप होगा।

$$\bar{x} < k_2 \qquad \ldots\ldots\ldots(12.14)$$

इस प्रकार आप देखते है कि प्रसामान्य वंटन में एक-तरफा विकल्पों के लिए जिस माध्य संबंधी परीक्षण का साधारणतया उपयोग किया जाता है वह एक-समान अधिकतम सामर्थ्यवान् है।

§ १२·१९ नीमन-पीयरसन के सिद्धान्तों की आलोचना

इस विवेचना के बाद हम इस निश्चय पर पहुँचते है कि एक अच्छे परीक्षण के लिए ग्राह्यता तथा अनभिनतता के गुण आवश्यक हैं। यदि कोइ परीक्षण एक-समान अधिकतम सामर्थ्यवान् हो तो निश्चय ही वह सर्वोत्तम है। परंतु बहुत ही कम परिकल्पनाओं के लिए इस प्रकार के परीक्षण प्राप्त हैं। इनके अभाव में किसी अन्य निकष को अपनाया जाता है। ये अन्य निकष इतने तर्कपूर्ण और संतोषजनक नहीं हैं, और विभिन्न वैज्ञानिक विभिन्न निकषों को अधिक युक्ति-संगत मान सकते हैं।

यह भी संभव है कि विभिन्न अवस्थाओं में विभिन्न निकषों का प्रयोग उपयुक्त हो। प्रोफेसर रोनाल्ड ए० फिशर इसी कारण नीमन-पीयरसन के सिद्धांत के कटु आलोचक हैं। उनका कहना है कि यद्यपि कुछ विशेष परिस्थितियों में, जहाँ वैकल्पिक परिकल्पनाओं को प्रस्तुत करना संभव है, इन सिद्धांतों का प्रयोग किया जा सकता है, परन्तु साधारण वैज्ञानिक खोज में बहुधा हम विकल्पों से परिचित नहीं होते। ऐसी दशा में सामर्थ्य अथवा दूसरे प्रकार की त्रुटि की प्रायिकता पर विचार करना संभव नहीं है।

किसी ऐसी कहानी पर विश्वास करते हुए हम हिचकिचाहट का अनुभव करते हैं जिसके सच होने की संभावना बहुत कम हो। साधारणतया इस प्रकार की कहानी सुननेवालों पर निम्नलिखित प्रभाव पड़ सकते है—

(१) यह सब कपोल-कल्पित है ।

(२) ऐसा प्रतीत होता है कि घटना का वैज्ञानिक रीति से प्रेक्षण नहीं किया गया । घटना का वर्णन वास्तविकता से भिन्न है ।

(३) कुछ बातें या तो बढ़ा-चढ़ा कर कही गयी है अथवा कुछ ऐसी घटनाओं का वर्णन नहीं किया गया है जो संबधित थीं और जिनसे इस कहानी की घटनाओं को समझने में सहायता मिलती ।

(४) कोई अन्य शक्ति अथवा कारण है जो हमारे वर्तमान ज्ञान की अवस्था में हमें अज्ञात हैं ।

इस प्रकार यदि किसी परिकल्पना को अस्वीकार किया जाता है तो यह आवश्यक नहीं है कि किसी विशेष वैकल्पिक परिकल्पना को स्वीकार किया जाय । और यदि हम किसी विशेष परिकल्पना को अस्वीकार नहीं करते तो इसका यह अर्थ नही है कि हम उसे स्वीकार करते हैं। परिकल्पना को अस्वीकार करने में तर्क यह है कि अप्रायिक घटना के घटने पर विश्वास करने में हिचकिचाहट होती है । परतु परिकल्पनाओं को स्वीकार करने में इस प्रकार का कोई तर्क उपलब्ध नही होता ।

फिशर के अनुसार सारे सिद्धांत को इस पर आधारित करना अस्वीकृत-क्षेत्र चुनने का एक गलत दृष्टिकोण है कि यदि इस विशेष समष्टि पर इन्हीं परिस्थितियों में हजारों बार प्रयोग किया जाय तो केवल एक प्रतिशत अथवा पाँच प्रतिशत बार गलती होगी । कोई भी वैज्ञानिक एक ही सार्थकता-स्तर पर और एक ही समष्टि पर बार-बार प्रयोग नहीं करता। इसके अतिरिक्त प्रायिकता का परिकलन प्रायः ऐसी परिकल्पना पर आधारित होता है जिसकी संपूर्ण सत्यता पर किसी को विश्वास नहीं होता । उदाहरण के लिए जब हम इस परिकल्पना की जाँच करते हैं कि समष्टि प्रसामान्य है तो हम पहिले से ही जानते हैं कि यह यथार्थतः प्रसामान्य नही हो सकती। इस दशा में यदि हम दोनों प्रकार की त्रुटियों से बचना चाहते हैं तो सबसे सरल उपाय तो यह होता कि परिकल्पना को बिना परीक्षण के अस्वीकार कर देते । फिर भी हम परीक्षण करते हैं, क्योंकि हम वास्तव में यह जानना चाहते हैं कि प्रसामान्य वंटन को समष्टि का प्रतिरूप (model) समझा जा सकता है या नही।

§ १२.२० फिशर की विचारधारा

फिशर चार प्रकार की परिस्थितियों में भेद करता है ।

§ १२.२०.१ बेज़ के प्रमेय का उपयोग

पहली परिस्थिति वह है जब समष्टि की पूर्वतः गृहीत प्रायिकताएँ (a-priori

probabilities) ज्ञात हों। हम इसके एक उदाहरण से पहिले ही परिचित हैं (देखिए § ३.१२)। हमें विभिन्न बर्तनों के चुनाव की पूर्वतः गृहीत प्रायिकताएँ ज्ञात थीं। चुनी हुई गोलियों के रंग के जानने पर हमें विभिन्न बर्तनों के चुनाव की प्रायिकताओं का परिकलन करना था। इस प्रकार की स्थिति में बेज के प्रमेय का उपयोग किया जाता है और प्रतिबंधी प्रायिकता का परिकलन निम्नलिखित सूत्र से होता है—

$$P(A|B) = \frac{P(A)\,P(B|A)}{P(B)} \qquad \ldots\ldots(12.15)$$

इस प्रकार हमें विभिन्न परिकल्पनाओं की प्रायिकताओं का ज्ञान होता है और यदि कोई निश्चय करना हो तो वह इन प्रायिकताओं के आधार पर किया जा सकता है। यदि किसी वैज्ञानिक को भविष्य में किये जानेवाले प्रयोगों के बारे में कुछ निश्चय करना है तो उसके लिए इन प्रायिकताओं का ज्ञान ही यथेष्ट है, यह घोषणा करने की कोई आवश्यकता नहीं है कि एक विशेष परिकल्पना सत्य है या असत्य।

परन्तु दुर्भाग्य से ऐसी परिस्थितियाँ बहुत कम होती हैं जब इस प्रकार के प्रायिकता संबंधी विवरण दिये जा सकते हों।

§ १२.२०.२ प्रतिदर्श निरीक्षण योजना और नीमन-पीयरसन के सिद्धांतों का उपयोग

दूसरी परिस्थिति वह है जिसका औद्योगिक प्रक्रियाओं में बहुधा प्रादुर्भाव होता है। यदि प्रक्रिया नियंत्रित है तो उससे होनेवाले उत्पादन के लक्षणों का एक वंटन होगा जिसे बहुत अधिक संख्या में प्रेक्षणों द्वारा जाना जा सकता है। यह उत्पादन कारखानों से बड़ी-बड़ी ढेरियों के रूप में निकलता है। समस्या यह जानना है कि किसी विशेष ढेरी में त्रुटिपूर्ण वस्तुओं की संख्या इतनी अधिक तो नही है कि इस प्रकार की ढेरी के बाजार में जाने से कारखाने के नाम पर धब्बा लगने का डर हो। सिर्फ इस ज्ञान से ही काम नहीं चलेगा बल्कि इस प्रकार की ढेरियों को बाजार में जाने से रोकना पड़ेगा। इसके लिए ढेरियों का निरीक्षण करना होगा। परंतु निरीक्षण में खर्चा लगता है और यदि एक-एक वस्तु को परखा जाय तो वह महँगी हो जायगी—शायद इतनी महँगी कि उसको खरीदने को कोई तैयार ही न हो। इस परिस्थिति में एक **प्रतिदर्श-निरीक्षण योजना** (sampling inspection plan) बनानी पड़ती है जिससे त्रुटिपूर्ण उत्पादन के बाजार में जाने की संभावना कम हो जाय और खर्च भी अधिक न हो। इस दशा में निरीक्षक को ढेरी को बाजार में भेजने के लिए स्वीकृति या अस्वीकृति देना आवश्यक है और इस कार्य में दोनों प्रकार की त्रुटियाँ स्पष्ट ही हैं।

इसी प्रकार यह देखने के लिए कि उत्पादन नियंत्रण में है अथवा नहीं, उत्पादन होते समय ही बीच-बीच में से प्रतिदर्श चुने जा सकते हैं। प्रतिदर्श के आधार पर यह निर्णय करना होता है कि उत्पादन रोककर मशीन को ठीक करना चाहिए या नहीं। ऐसी स्थिति में जिस समष्टि के बारे में परिकल्पना का परीक्षण हो रहा है वह वास्तव में वर्तमान है और जिस प्राचल पर विचार किया जा रहा है उसका मान मालूम करना कठिन भले हो, परन्तु संभव है। इस प्रकार की समस्याओं को सुलझाने के लिए नीमन-पीयरसन के सिद्धांन्त विशेष उपयोगी हैं।

§ १२.२०.३ विश्वास्य युक्ति और पर्याप्त प्रतिदर्शन

तीसरी परिस्थिति वह है जो सबसे अधिक सामान्य है और वैज्ञानिक के लिए महत्त्वपूर्ण है। प्रायः परिकल्पना बहुत सुनिश्चित नहीं होती। कुछ प्राचलों के लिए किसी विशेष परास (range) के किसी भी मान को धारण करना इस परिकल्पना के अनुसार संभव होता है। उदाहरण के लिए जब हम कहते हैं कि समष्टि प्रसामान्य है तो इस कथन से समष्टि का पूरा विवरण नहीं मिलता। इस प्रसामान्य वंटन का $-\infty$ से $+\infty$ तक कोई भी माध्य हो सकता है और 0 से $+\infty$ तक कोई भी प्रसरण हो सकता है। इस प्रकार की परिकल्पना के लिए आसंजन सौष्ठव (goodnes of fit) के χ^2-परीक्षण से आप पहिले ही परिचित हैं।

इस परीक्षण का पहला भाग होता है अज्ञात प्राचलों का प्राक्कलन करना। जब हमें इनके सर्वोत्तम प्राक्कलनों का ज्ञान हो जाता है तो इस ज्ञान और मूल परिकल्पना के संयोग से हमें समष्टि का एक पूरा विवरण प्राप्त हो जाता है। तब इस संपूर्ण विवरण की जाँच की जाती है।

यद्यपि प्राक्कलन के सिद्धान्तों की विवेचना अभी तक नहीं की गयी, परन्तु यहाँ यह बताना आवश्यक है कि कुछ प्राक्कलक (estimators)* प्राचलों के बारे में वह सम्पूर्ण सूचना हमें दे देते हैं जो उनके आधारभूत आँकड़ों से प्राप्त हो सकती है। ऐसे प्राक्कलक को पर्याप्त (sufficient) प्राक्कलक कहते हैं। यदि इस प्रकार का कोई प्राक्कलक विद्यमान हो तो एक नये प्रकार के तर्क का सहारा लिया जाता है जिसे **विश्वास्ययुक्ति** (fiduicial argument) कहते हैं। इस युक्ति के प्रयोग

---

* **प्रेक्षणों का वह फलन जिसके द्वारा किसी प्राचल का प्राक्कलन किया जाता है, उस प्राचल का प्राक्कलक कहलाता है।**

पर एक और प्रतिबंध है । वह यह कि प्रेक्षण सावधानी से लिये हुए इस प्रकार के माप होने चाहिए कि उनकों एक सतत चर के प्रेक्षित मान समझा जा सके और ऐसा समझने में कोई अर्थपूर्ण त्रुटि न हो ।

मान लीजिए, प्राचल θ का इस प्रकार का एक प्राक्कलक $\hat{\theta}$ (थीटा-कलश) है । यदि हमें $\hat{\theta}$ का वंटन ज्ञात है तो हम इस प्रकार की एक संख्या ϵ मालूम कर सकते हैं जिसके लिए $P[|\hat{\theta}-\theta|<\epsilon] = 0.95$

प्रेक्षणों के आधार पर $\hat{\theta}$ का परिकलन किया जा सकता है और ऊपर के समीकरण में केवल θ ही अज्ञात है। इसलिए इस प्रायिकता-कथन (probability statement) को प्राचल का प्रायकिता-संबंधी कथन समझा जा सकता है । इस प्रकार $\hat{\theta}$ के जानने से हमें θ का वंटन मालूम हो सकता है । इस प्रायिकता वंटन से यह निर्णय किया जा सकता है कि θ का एक विशेष परिकल्पित मान **संभावी** (probable) है अथवा नहीं । इस वंटन के पाँच प्रतिशत अथवा एक प्रतिशत बिंदुओं का परिकलन किया जा सकता है । इनके आधार पर एक अस्वीकृत क्षेत्र का भी निर्माण किया जा सकता है ।

किसी प्राचल को यादृच्छिक चर समझना कहाँ तक ठीक है यह विवादास्पद प्रश्न है। बेज़ के प्रमेय के सम्बन्ध में हम देख चुके हैं कि प्राचलों का भी एक पूर्वतः गृहीत वंटन हो सकता है । किसी विशेष समष्टि में जिसका अध्ययन किया जा रहा हो प्राचल का एक विशिष्ट मान होता है, परन्तु प्रेक्षण के पूर्व या तो यह प्राचल अज्ञात होता है या यादृच्छिक चर होता है । यदि हम जान जाते हैं कि प्राचल का मान क्या है तो यह यादृच्छिक चर नहीं वरन् एक ज्ञात अचर (constant) हो जाता है। इस प्रकार एक ही वस्तु यादृच्छिक चर अथवा अचर दोनों हो सकती हैं । वह क्या होगी यह इस पर निर्भर करता है कि उसके बारे में हमारा ज्ञान किस प्रकार का है।

यदि पूर्वतः गृहीत वंटन अज्ञात हो तो प्राचल की प्रतिष्ठा (status) भी एक अज्ञात (unknown) राशि की जैसी होती है । एक **पर्याप्त प्रतिदर्शज** (sufficient statistic) के प्रेक्षण से प्राचल पूर्णतया ज्ञात तो नहीं होता, परन्तु नितान्त अज्ञात भी नहीं रहता, क्योंकि इस प्रतिदर्शज से हमें प्राचल का कुछ तो ज्ञान हो ही जाता है । इस ज्ञान की प्रकृति प्रायिकता संबंधी होती है इसलिए प्राचल की प्रतिष्ठा अज्ञात से हटकर यादृच्छिक चर की हो जाती है ।

§ १२.२०.४ संभाविता फलन और उसका उपयोग

एक और परिस्थिति पर फिशर ने विचार किया है । यदि कोई पर्याप्त प्रतिदर्शज विद्यमान नहीं हो और प्राचल का अवकाश असतत है तो ऊपर के तर्क से काम नहीं चल सकता । विभिन्न प्राक्कलकों पर विचार करने से हमें प्राचल के विभिन्न बंटन मिलेंगे और जब तक हमारे पास तर्क-संगत निकष (criterian) का अभाव है तब तक इनमें से किसी विशेष वंटन का उपयोग करना और उसके आधार पर परिकल्पना को अस्वीकार करना असंगत होगा । इस अवस्था में फिशर के अनुसार हमें प्रायिकता को छोड़कर लगभग उसी के समान एक अन्य धारणा का आश्रय लेना होगा जिसे हम घटना की **संभाविता** (likelihood) की संज्ञा देंगे ।

संभाविता प्राचल का एक फलन होता है । असतत वंटनों के लिए इसका मान प्रेक्षित घटना की प्रायिकता के बराबर होता है । सतत वंटनों के लिए—जहाँ किसी भी विशेष घटना की प्रायिकता शून्य होती है—इसका मान प्रेक्षित घटना के प्रायिकता –घनत्व के बराबर होता है । यह संभाविता प्राचल के किसी विशेष मान के लिए महत्तम होती है । जिन प्राचलों के लिए संभाविता फलन का मान महत्तम संभाविता की तुलना में बहुत कम होता है उन्हें सदेहजनक समझा जा सकता है ।

मान लीजिए, हम एक सिक्के को 25 बार उछालते हैं जिसमें वह 20 बार पट गिरता है । इस आधार पर हम इस परिकल्पना की जाँच करना चाहते हैं कि सिक्के के पट गिरने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है । अभी तक हमने इसके जाँचने की जिस विधि पर विचार किया है उसमें हम परिकल्पना के आधार पर 20 या इससे भी अधिक बार पट आने की प्रायिकता का कलन करते हैं । यदि यह 2.5 प्रतिशत से कम हो तो हम परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं (क्योंकि यहाँ हम दो-तरफा परीक्षण का उपयोग कर रहे हैं) । इस परीक्षण-प्रणाली की कई बार इस कारण आलोचना की गयी है कि तर्क और युक्ति में प्रेक्षित मान 20 को छोड़कर उससे भी बड़े अन्य मानों का उपयोग नहीं करना चाहिए ।

अच्छा यह होता कि प्रायिकता p के विभिन्न संभव मानों की तुलना प्रेक्षित बारं-बारता के आधार पर की जाती । यदि पट गिरने की वास्तविक प्रायिकता p होती तो प्रेक्षित घटना की प्रायिकता, यदि क्रम को भी ध्यान में रखा जाता, $p^{20}\,(1-p)^5$ होती ।

इस उदाहरण में संभाविता $p = \frac{20}{25}$ के लिए महत्तम हो जाती है । p के

किसी भी मान के लिए इस संभाविता को महत्तम संभाविता के भिन्न (fraction) के रूप में रखा जा सकता है। इस उदाहरण में यह भिन्न निम्नलिखित है—

$$\left(\frac{p}{20/25}\right)^{20}\left(\frac{1-p}{5/25}\right)^{5}=\left(\frac{p}{20}\right)^{20}\left(\frac{1-p}{5}\right)^{5}(25)^{25}$$

हमें उस परिकल्पना को अस्वीकार करते हुए सबसे कम हिचकिचाहट होगी जिसके लिए संभाविता सबसे कम है और सबसे अधिक संभाविता वाली परिकल्पना को अस्वीकार करने में सबसे अधिक हिचकिचाहट होगी। यदि ऊपर के संभाविता-भिन्न तथा प्राचल के p संबंध को दिखाते हुए एक ग्राफ खींचा जाय तो यह स्पष्ट हो जायगा कि प्राचल के ऐसे कौन-से मान हैं जिनकी संभाविताएँ महत्तम संभाविता से तुलना के योग्य हैं और किन सीमाओं के बाहर संभाविता इतनी कम हो जाती है कि तत्संबंधी प्राचल-मान सत्य-भासक (plausible) नहीं प्रतीत होते।



चित्र ३३— २५ में से २० बार सफलता के लिए p का संभाविता फलन

चित्र में p के परास को चार भागों में बाँटा गया है। (1) जहाँ संभाविता-भिन्न $\frac{1}{2}$ से अधिक है, (2) जहाँ यह $\frac{1}{2}$ से कम परन्तु $\frac{1}{5}$ से अधिक है, (3) जहाँ यह $\frac{1}{5}$ से कम परन्तु $\frac{1}{15}$ से अधिक है, और (4) जहाँ यह $\frac{1}{15}$ से भी कम है। अंतिम भाग में प्राचल के मान स्पष्टतया संदेहजनक हैं। इस प्रकार p के परास को स्वीकृति और अस्वीकृति के क्षेत्रों में बाँटा जा सकता है। पर्याप्त प्राक्कलक (estimator) के अभाव में प्राचल के विभिन्न मानों की सत्यभासकता से परिचित कराने के लिए यह एक संगत विधि है।

§ १२.२०.५ वैज्ञानिक अध्ययन और स्वीकृति प्रणाली में अंतर

फिशर के मतानुसार वैज्ञानिक अध्ययन में परिकल्पना परीक्षण-अनुभव से सीखने और अपनी राय बदलने का एक साधन है । विज्ञान में राय कभी अंतिम नहीं होती तथा अधिक अनुभव होने पर वैज्ञानिक अपनी राय बदलने के लिए हमेशा स्वतंत्र रहता है । इस प्रकार परिकल्पनाओं को न तो सदा के लिए स्वीकार किया जाता है और न अस्वीकार । स्वीकृति प्रणाली (acceptance procedure) इस दृष्टिकोण से परिकल्पना-परीक्षण से भिन्न है । स्वीकृति-प्रणाली में वर्तमान की एक विशेष समस्या पर कार्य करने के लिए निश्चय करना होता है जिसको बदलना संभव नहीं है । एक कारखाने के मालिक को यह तय करना पड़ता है कि वह किसी विशेष प्रकार का माल खरीदे अथवा नहीं । हो सकता है, उसे बाद में अपनी गलती महसूस हो, परन्तु यह उस कच्चे माल को खरीदने और उसका उपयोग करने के बाद ही संभव है जिसके लिए स्वीकृति प्रणाली का प्रयोग किया जाता है । यह प्रणाली उस ही दशा में संगत है जब लगभग एक ही प्रकार के कच्चे माल पर बार-बार इसका प्रयोग किया जाय । इस प्रणाली में खर्चे का विशेष ध्यान रखना पड़ता है । निरीक्षण का खर्चा उस जोखिम से अधिक नहीं होना चाहिए जो बिना निरीक्षण किये हुए माल को खरीदने में उठाया जाता है ।

परन्तु वैज्ञानिक गलत निर्णय से होनेवाले नुकसान को नहीं आँक सकता । वैज्ञानिकों की हैसियत से हम अनुमान लगाने की ऐसी पद्धति का उपयोग करना चाहते हैं जो सभी स्वतंत्र रूप से विचार करनेवालों के लिए युक्तिसंगत हो । इसका विचार हमारे सामने नहीं रहता कि इस अनुमान द्वारा प्राप्त ज्ञान का उपयोग किस प्रकार होगा ।

इस प्रकार आप देखते हैं कि नीमन-पीयरसन तथा फिशर के विचारों में भेद है और वास्तव में वे एक दूसरे के कटु आलोचक हैं । सौभाग्यवश विचारधाराओं के भिन्न होते हुए भी कई समस्याओं के लिए दोनों के हल समान हैं । फिर भी हमेशा ऐसा नहीं होता कि जिस परिकल्पना को नीमन-पीयरसन के परीक्षण द्वारा अस्वीकार किया जाय वह संभाविता के उपयोग अथवा प्राचल के **विश्वास्य-वंटन** (fiducial distribution) के प्रयोग से भी अस्वीकृत हो । आप इनमें से किसी के भी तर्क से सहमत होने के लिए स्वतंत्र हैं, बल्कि यह भी हो सकता है कि आप को दोनों ही तर्कों में त्रुटि दृष्टिगोचर हो । अब हम परिकल्पना-परीक्षण के साधारण सिद्धान्तों की विवेचना यहीं समाप्त करते हैं ।

भाग ३

सा ह च र्य

समाश्रयण और सहसम्बन्ध

Association
Regression and Correlation

अध्याय १३

साहचर्य (Association)

§ १३.१ परिचय

परिकल्पना-परीक्षण के संबंध में हम कुछ ऐसे उदाहरणों से परिचय प्राप्त कर चुके हैं जिनमें प्रयोग का उद्देश्य यह जानना था कि दो विभिन्न गुणों में कोई संबंध है या नहीं । इन परीक्षणों में समष्टि को एक $k \times r$ सारणी से विभाजित करके रखा जाता है जहाँ एक गुण के विचार से समष्टि के k भाग हैं और दूसरे गुण के विचार से r । इस सारणी में दोनों गुणों के स्वतंत्र होने की परिकल्पना के आधार पर विभिन्न खानों में प्रत्याशित बारंबारता का परिकलन किया जाता है और χ^2– परीक्षण द्वारा इन प्रत्याशित बारंबारताओं और प्रेक्षित बारंबारताओं के अन्तर की सार्थकता को आँका जाता है ।

इस परीक्षण के अन्त में यदि χ^2–का प्रेक्षित मान $\chi^2_{(k-1)(r-1)}$ के एक पूर्व निश्चित प्रतिशत बिंदु से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर देते ह और इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि ये दो गुण स्वतंत्र नही है । अब प्रश्न यह उठता है कि यदि ये स्वतंत्र नहीं हैं तो इनके संबध को किस प्रकार समझा जा सकता है । यदि एक गुण में परिवर्तन होने पर दूसरे गुण में भी एक विशेष दिशा में परिवर्तन होने की प्रायिकता बढ़ जाय तो हम कहते है कि इन दोनों गुणों में **साहचर्य** (association) है ।

§ १३.२ साहचर्य की व्याख्या

गुणों में साहचर्य होने का क्या यह अर्थ है कि एक गुण दूसरे के साथ कारण और कार्य (cause and effect) के रूप में संबंधित है ? जब हम औषध के सेवन और रोग से मुक्ति पाने में साहचर्य बताते हैं तो हमारा यही विचार होता है कि औषध के प्रभाव से रोगी अच्छे हो जाते हैं । यदि हम मशीनों की और उन पर बनी हुई वस्तुओं की त्रुटियों की संख्या में साहचर्य पाते हैं तो हमारा यही विश्वास होता

है कि अमुक मशीन अधिक अच्छी है और अमुक मशीन में कुछ दोष है। यदि मशीन में दोष न होता तो इतनी त्रुटियाँ उससे बनी हुई वस्तुओं में नहीं पायी जातीं। हो सकता है कि हमारा इस प्रकार एक गुण को दूसरे का कारण समझना ठीक हो और यह भी हो सकता है कि यह हमारी भूल हो।

उदाहरण के लिए यदि हम यह देखते हैं कि किसी विशेष रोग में ऐलोपैथिक इलाज करवाने वाले रोगियों में नीरोग होने वालों का अनुपात अधिक है और वैद्यक इलाज करवाने वालों में कम, तो इसकी निम्नलिखित प्रकार की अनेक व्याख्याएँ की जा सकती हैं—

(१) इस रोग के लिए ऐलोपैथिक इलाज अधिक लाभदायक है।

(२) केवल संयोग से हमें ऐसे प्रेक्षण मिले हैं।

(३) ऐलोपैथिक इलाज करवाने वाले एक विशेष श्रेणी के लोग हैं जो वैद्यक इलाज करवाने वालों की अपेक्षा अधिक धनवान् हैं और इस इलाज के अतिरिक्त वे अधिक शक्तिवर्धक भोजन भी करते है। यही उनके स्वास्थ्य के रहस्य की कुंजी है।

(४) रोग से मुक्ति पाने के लिए वैद्य अथवा डाक्टर पर विश्वास होना आवश्यक है। जिन लोगों ने वैद्यक इलाज करवाया उनमें से बहुतों को इस पर विश्वास न था। क्योंकि उनके पास ऐलोपैथिक इलाज के लिए पैसे नहीं थे इसलिए उन्हें मजबूरन वैद्यक का आश्रय लेना पड़ा। उनके स्वास्थ्य-लाभ न होने का कारण यह अविश्वास ही था।

ऐसी ही अन्य भी अनेक प्रकार की व्याख्याएँ प्रेक्षित सारणी के लिए दी जा सकती हैं। परन्तु यह स्पष्ट है कि पहली व्याख्या के पक्ष में निर्णय देने से पहले हमें कम से कम तीसरी व्याख्या की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए।

इसी प्रकार यद्यपि विभिन्न मशीनों पर बनी वस्तुओं में त्रुटिसंख्या भिन्न-भिन्न हो सकती है, परन्तु इनका कारण मशीनों में अन्तर नहीं वरन् उन मजदूरों में अंतर हो सकता है जो इन पर काम करते हैं। इसी कारण **प्रयोग की अभिकल्पना** (design of experiments) के अध्याय में हम देखेंगे कि मशीनों में अन्तर के निष्कर्ष पर पहुँचने से पूर्व हमें अन्य कारणों के प्रभाव से मुक्ति पा लेना आवश्यक हे। इसीलिए **लैटिन वर्ग** (Latin Square) आदि अनेकों अभिकल्पनाओं (designs) का आविष्कार हुआ है। परन्तु कई स्थितियाँ ऐसी होती हैं जहाँ हम प्रयोग नहीं कर सकते, केवल समष्टि से एक प्रतिदश लेकर उस पर प्रेक्षण

कर सकते हैं। ऐसी दशा में इन अतिरिक्त कारणों से छुटकारा पाना हमेशा संभव नहीं होता।

उदाहरण के लिए यदि यह पता लगे कि स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों में पढ़े लिखों का अनुपात अधिक है तो लिंग और शिक्षा में साहचर्य है। परंतु यह साहचर्य क्यों है? क्या इसका कारण शारीरिक है? क्या स्त्रियों का मस्तिष्क कुछ इस प्रकार का होता है कि वे अधिक पढ़ ही नहीं सकतीं? आप शायद इस प्रकार के निष्कर्ष से सहमत न होंगे। आप यह जानते हैं कि यह अंतर केवल सामाजिक परिस्थितियों के कारण है। एक भिन्न प्रकार के समाज में ऐसा नहीं पाया जाता। इस मत की पुष्टि नगरों और गाँवों में इन अनुपातों के अंतर की जाँच अलग अलग करने से हो सकती है। बहुत संभव है कि दोनों ही स्थानों में लिंग और शिक्षा में साहचर्य पाया जाय परंतु यह साहचर्य गाँवों में अधिक होगा। इससे यह संकेत मिलता है कि अंतर का कारण शारीरिक नहीं वरन् सामाजिक है।

ऊपर के उदाहरणों में यदि हमारा निष्कर्ष यह हो कि एक गुण दूसरे का कारण है तो यह संदेह नहीं होता कि कौन-सा गुण कारण है। यह नहीं कहा जा सकता कि स्वास्थ्य लाभ करना कारण था और औषध का सेवन प्रभाव। यह भी नहीं कहा जा सकता कि वस्तुओं में त्रुटि-संख्या कारण है और उनका किसी विशेष मशीन द्वारा बनाया जाना प्रभाव। शिक्षा और लिंग के आँकड़ों की व्याख्या में यह नहीं कहा जा सकता कि शिक्षा कारण है और लिंग प्रभाव। परंतु कुछ परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं जब यह कहना कठिन है कि जिन दो गुणों में साहचर्य पाया जाता है उनमें से कौन कारण है और कौन प्रभाव। यदि बाज़ार में महँगाई बढ़ने और मज़दूरों की हड़ताल में साहचर्य पाया जाय तो यह कहना कठिन है कि महँगाई बढ़ने के कारण हड़ताल होती हैं या हड़ताल होने के कारण महँगाई बढ़ती है। यदि हम अमीरों में गरीबों की अपेक्षा अधिक शिक्षा पाते हैं तो यह कहना कठिन है कि अमीर होने के कारण उन्हें अधिक शिक्षा मिली है अथवा अधिक शिक्षा पाने के कारण वे अमीर हैं। कदाचित् दोनों ही गुण एक दूसरे पर प्रभाव डालते हैं। उनमें से एक को कारण और दूसरे को प्रभाव समझने के बजाय यही काफी है कि हम यह मालूम कर लें कि इन दो गुणों में साहचर्य है अथवा नहीं।

§ १३.३ साहचर्य के माप

नीचे 500 मनुष्यों को उनकी आँखों के रंग और उनके पिता की आँखों के रंग के अनुसार एक 4×4 सारणी में बाँटा हुआ है।

सारणी संख्या 13·1

			पुत्रों की आँख का रंग				
			काली (1)	भूरी (2)	नीली (3)	हरी (4)	कुल
पिता की आँख का रंग	काली	(1)	117	18	15	0	150
	भूरी	(2)	55	180	15	0	250
	नीली	(3)	0	12	60	3	75
	हरी	(4)	0	0	1	24	25
	कुल		172	210	91	27	500

हम इस सारणी द्वारा पुत्रों की आँखों के रंग और उनके पिताओं की आँखों के रंग के साहचर्य का माप मालूम करना चाहते हैं। पुत्र से जिज्ञासा करने पर उसके पिता की आँख का रंग मालूम हो सकता है परंतु पिता से पूछकर हम किसी होने वाले पुत्र की आँख का रंग नहीं मालूम कर सकते। लेकिन पिता की आँख के रंग के ज्ञान के आधार पर हम इसका अनुमान कर सकते है। पिता और पुत्र की आँखों के रंगों में जितना प्रगाढ़ साहचर्य होगा उतना ही अधिक हमें इस अनुमान पर विश्वास होगा। इस उदाहरण में साहचर्य के माप से हमारा उद्देश्य केवल यह जानना है कि पिता की आँख का रंग जानकर कितने विश्वास के साथ पुत्र की आँख के रंग के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

यदि हम पिता की आँख का रंग जाने बिना यह अनुमान लगायें तो स्वाभाविक है कि हम वह रंग बतायेंगे जो सबसे अधिक पुत्रों में पाया जाता है। इस विशेष समष्टि के लिए यह रंग भूरा है। परंतु कुल पुत्रों में केवल $\frac{210}{500} = 42\%$ की आँख का यह रंग है इसलिए हमारे अनुमान के गलत होने की प्रायिकता 58% प्रतिशत है। प्रश्न उठता है कि पिता की आँख का रंग जानने से यह प्रायिकता कितनी कम हो जायगी।

पिता की आँख का रंग ज्ञात होने पर पुत्र की आँख के रंग का क्या अनुमान लगाना चाहिए? गलती की प्रायिकता को न्यूनतम करने के लिए यह स्वाभाविक है कि जिस

रंग की आँखवालों की संख्या उन सब पुत्रों में अधिकतम हो, जिनके पिता की आँख का वह ज्ञात-रंग है हम उसी रंग का अनुमान लगायें। जिन पुत्रों के पिता की आँख का रंग भूरा है उनमें सबसे अधिक संख्या भूरी आँखवालों की है। इसलिए यदि हमें यह पता हो कि पिता की आँख का रंग भूरा है तो हम पुत्र के बारे में भूरी आँख होने ही का अनुमान लगायेंगे। यह अनुमान $\frac{180}{250} = 72\%$ बार सत्य होगा। इसी नियम के अनुसार पिता की आँख के रंग के आधार पर पुत्र की आँख के रंग का अनुमान करने से गलती की प्रायिकता नीली आँख के लिए $\frac{75-60}{75} = 20\%$ तथा काली आँख के लिए $\frac{150-117}{150} = 22\%$ और हरी आँख के लिए केवल $\frac{25-24}{25} = 1\%$ है। यदि सब पुत्रों पर सम्मिलित विचार करें तो उन सब पुत्रों की संख्या जिनकी आँख के रंग का अनुमान पिता की आँख के रंग के आधार पर सही लगाया जायगा $117+180+60+24=381$ होगी। इस प्रकार गलती की कुल प्रायिकता $\frac{500-381}{500} = 23.8\%$ होगी।

ऊपर की तरह की सारणी में पंक्ति के ज्ञान से स्तंभ के अनुमान की गलती की प्रायिकता में जो आपेक्षिक कमी हो जाती है उसे $g_{r\cdot c}$ से सूचित किया जाता है। इस उदाहरण की सारणी के लिए

$$g_{r\cdot c} = \frac{58.0-23.8}{58.0}$$
$$= 0.5896$$

इस संकेत में r से हम उस चर को सूचित करते हैं जिसके अनुसार पंक्तियों (rows) का विभाजन किया गया है और c वह चर है जिसके अनुसार स्तंभों (columns) को विभाजित किया गया है।

इसके विपरीत यदि हम पिता की आँख से पुत्र की आँख के रंग का अनुमान लगाने के स्थान पर पुत्र की आँखों के रंग से यह अनुमान लगायें कि पिता की आँख का रंग क्या रहा होगा तो इसमें स्तंभ का स्थान प्रथम और पंक्ति का स्थान द्वितीय होगा यानी स्तंभ के दिये हुए होने पर हम पंक्ति का अनुमान लगायँगे। इसके लिए उचित **साहचर्य-सूचक** (index of association) $g_{c\cdot r}$ है।

$$g_{c\cdot r} = \frac{50.0-23.8}{50}$$
$$= 0.5240$$

लेकिन दोनों चरों में से एक के आधार पर दूसरे की प्रायिकता का कलन करने के बजाय हम दोनों के पारस्परिक साहचर्य के अनुमान के लिए ऐसे माप का कलन कर सकते हैं जो मूल में पिछले दोनों मापों के समान है परंतु उसका कलन ऐसे किया जाता है मानो आधे समय हम पंक्ति को जान कर स्तंभ का अनुमान लगा रहे हों और आधे समय स्तंभ को जानते हुए पंक्ति का। इस प्रकार की त्रुटि में जो कमी होगी वह पिछले दो मापों के अंशों (numerators) के योग को उनके हरों (denominators) के योग से विभाजित करने पर प्राप्त की जा सकती है। हम इस माप को g से सूचित करेंगे और इसे **"पारस्परिक-साहचर्य"** ((mutual association) की संज्ञा देंगे। पिछली सारणी के आँकड़ों के अनुसार

$$g = \frac{34.2+26.2}{58.0+50.0} = \frac{60.4}{108.0} = 0.5593$$

मान लीजिए कि दो गुण शिक्षा और वेतन हैं। नीचे सरकारी कर्मचारियों को उनकी शिक्षा और वेतन के अनुसार एक क्रमबद्ध 5×4 सारणी में विभाजित किया हुआ है।

सारणी संख्या 13·2

सरकारी कर्मचारियों का शिक्षा और वेतन के क्रम के अनुसार वर्गीकरण

शिक्षा y की वृद्धि की दिशा ↓ \ वेतन x की वृद्धि की दिशा →	$x<100$ (1)	$100\leqslant x<300$ (2)	$300\leqslant x<500$ (3)	$500\leqslant x$ (4)	कुल
अपढ़ (1)	08	05	00	00	13
हाई-स्कूल (2)	11	14	03	00	28
इंटर मीडिएट (3)	12	23	04	00	39
ग्रेजुएट (4)	07	104	35	16	162
पोस्ट ग्रेजुएट (5)	00	02	17	10	29
कुल	38	148	59	26	271

इस सारणी के लिए

$$g_{r\cdot c} = \frac{\frac{271-148}{271} - \frac{271-(8+14+23+104+17)}{271}}{\frac{271-148}{271}}$$

$$= \frac{(8+14+23+104+17)-148}{(271-148)}$$

इसी प्रकार

$$g_{c \cdot r} = \frac{(12+104+35+16)-162}{(271-162)}$$

$$\therefore g = \frac{\{(8+14+23+104+17)-148\}+\{(12+104+35+16)-162\}}{(271-148)+(271-162)}$$

$$= \frac{23}{232}$$

§ १३.४ क्रमिक-साहचर्य का सूचकांक (index of order association)

इस माप g में एक कमी है। यदि वास्तविक तनख्वाह पाँच सौ रुपयों से अधिक हो और हम यह अनुमान करें कि वह सौ रुपयों से कम है अथवा यह अनुमान करें कि वह तीन सौ रुपये और पाँच सौ रुपये के बीच में है तो दोनों ही अनुमानों की त्रुटियों को इस माप में बराबर का दर्जा दिया गया है। इसी प्रकार इस माप में वेतन जानने पर हम शिक्षा के विचार से चाहे अपढ़ कर्मचारी के पोस्ट-ग्रेजुएट होने का अनुमान लगायें, चाहे उसके हाई स्कूल पास होने का—इन दोनों अनुमानों की त्रुटियों में भेद नहीं किया जाता। यदि दोनों चर इस प्रकार के हों कि उनको किसी तर्क-संगत क्रम में रखा जा सके जैसा कि सारणी संख्या 13·2 में है तो इन भूलों को बराबर समझना उचित नहीं प्रतीत होता। हमें ऐसे माप की खोज करना चाहिए जो भूल की मात्रा से भी संबंधित हो।

इस प्रकार का एक माप h है जिसे हम **क्रमिक-साहचर्य** का सूचकांक (index of order association) कहते हैं। यदि हम इन 271 कर्मचारियों में से दो को यादृच्छिकीकरण द्वारा चुन लें तो अधिक शिक्षाप्राप्त कर्मचारी के लिए अधिक वेतन होने की प्रायिकता कम वेतन होने की प्रायिकता से कितनी अधिक है? इस माप के लिए हम ऐसे चुनावों पर विचार नहीं करते जिनमें दोनों कर्मचारी वेतन अथवा शिक्षा के विचार से एक ही श्रेणी में रखे जा सकें।

§ १३.५ क्रमिक-साहचर्य के सूचकांक का कलन

इस माप को प्राप्त करने के निम्नलिखित विभिन्न चरण हैं

(1) हर एक खाने की बारंबारता को उन सब बारंबारताओं के योग से गुणा करिए जो उसके नीचे और दाहिने हाथ की ओर हों अर्थात् जिनमें X तथा Y दोनों का

मान अपेक्षाकृत बड़ा हो। उदाहरण के लिए पिछली सारणी में 23 का (35+16+17+10) = 78 से गुणा किया जायगा और 3 का (16+10)=26 से। अंतिम पंक्ति और अंतिम स्तंभ की बारंबारताओं को किसी भी संख्या से गुणा नहीं किया जाता।

(2) इन गुणनफलों का योग करिए। इस योग को यदि S से सूचित किया जाय तो सारणी के लिए

$$\begin{aligned} S=&(8\times 228)+(5\times 85)+(11\times 211)\\ &+(14\times 82)+(3\times 26)+(12\times 184)\\ &+(23\times 78)+(4\times 26)+(7\times 29)\\ &+(104\times 27)+35\times 10)\\ =&13,263 \end{aligned}$$

(3) प्रत्येक खाने की वारंवारता को उन सब वारंवारताओं से गुणा कीजिए जो उसके नीचे और बायीं ओर है अर्थात् जिनमें Y अपेक्षाकृत बड़ा हो किन्तु X अपेक्षाकृत छोटा हो।

(4) इस प्रकार के गुणनफलों का योग करके उसको D से सूचित करिए। पिछली सारणी में

$$\begin{aligned} D = &(5\times 30)+(14\times 19)+(23\times 7)\\ &+(3\times 148)+(4\times 113)+(35\times 2)\\ &+(16\times 19)\\ = &\ 1,847 \end{aligned}$$

(5) h का परिकलन निम्नलिखित सूत्र से कीजिए

$$h = \frac{S-D}{S+D}$$

पिछली सारणी में

$$h = \frac{13,263-1,847}{13,263+1,847}$$

$$= \frac{11,416}{15,110}$$

क्योंकि इस प्रकार के परिकलन में त्रुटि होने की संभावना है, इसलिए एक दूसरी प्रकार से इस परिकलन को करके दोनों परिकलनों के फल का मिलान किया जा सकता है। इसके लिए निम्नलिखित चरण हैं।

(क) सब पंक्ति-योगों और स्तंभ-योगों के वर्गों के योग का परिकलन कीजिए और इसमें से खानों के वर्ग-योग को घटा दीजिए। यदि इस फल को Φ से सूचित किया जाय तो पिछली सारणी के लिए

$$\begin{aligned}\Phi &= [(13)^2+(28)^2+(39)^2+(162)^2+(29)^2\\ &\quad +(38)^2+(148)^2+(59)^2+(26)^2]-[(8)^2+(5)^2+(11)^2\\ &\quad +(14)^2+(3)^2+(12)^2+(23)^2+(4)^2+(7)^2+(104)^2\\ &\quad +(35)^2+(16)^2+(2)^2+(17)^2+(10)^2]\\ &= 57,064-13,843\\ &= 43,221\end{aligned}$$

(ख) यदि परिकलन ठीक है तो

$$2(S+D)-\Phi = n^2$$

जहाँ n सारणी के लिए कुल वारंवारता है।

इस सारणी में $n=271$ है।

अब $2(S+D)+\Phi = 30,220+43,221$

$= 73,441$

और $n^2 = 73,441$

इसलिए हमें विश्वास है कि h का परिकलन सही हुआ है। h का मान -1 से लेकर $+1$ तक हो सकता है। यदि यह ऋणात्मक है तो इसका अर्थ यह है कि $D>S$ अर्थात् यदि कोई भी दो कर्मचारी लिये जायें और उनका क्रम दोनों चरों (x,y) के अनुसार मालूम किया जाय तो जिस कर्मचारी के लिए एक चर का मान अधिक होगा उसमें दूसरे चर का मान कम होने की आशा की जाती है। इसी प्रकार यदि h का मान धनात्मक है तो इसका अर्थ यह है कि $S>D$ अर्थात् जिस कर्मचारी के लिए एक चर का मान अधिक होगा उसमें दूसरे चर का मान भी अधिक होने की आशा की जाती है। यदि h का मान न्यूनतम अर्थात् -1 हो (जब $S=0$) अथवा अधिकतम यानी $+1$ हो (जब $D=0$) तो यह आशा निश्चय में परिणत हो जाती है।

§ १३·६ ऊपर के दिये हुए मापों का प्रयोग समष्टि और प्रतिदर्श दोनों के लिए किया जा सकता है। बहुधा समष्टि के लिए इस प्रकार का माप मालूम करना कठिन होता है और हम प्रतिदर्श से ही इस माप का प्राक्कलन (estimation) करते हैं।

कई बार हमारा यह विचार हो सकता है कि एक चर दूसरे से इस प्रकार संबंधित है जैसे कि कार्य और कारण। यदि कारण पर नियंत्रण रखा जाय तो कार्य भी नियंत्रित

हो सकता है। परंतु प्रतिदर्श से प्राक्कलित माप के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुँचने में गलती की बहुत सभावना है। पहिले तो हमें यह विश्वास होना चाहिए कि प्रतिदर्श यादृच्छिकीकरण द्वारा चुना गया है। दूसरे यह ध्यान रखना चाहिए कि साहचर्य-सूचक का प्रेक्षित मान केवल प्रतिदर्श-त्रुटि के कारण तो संभव नहीं है। हमें यह भी पता होना चाहिए कि कोई तीसरा चर तो ऐसा नहीं है जो इन दोनों चरों को प्रभावित करता है। ऐसी दशा में इन दो चरों के साहचर्य का कारण यह तीसरा चर ही हो सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनमें नौसिखिये सांख्यिक हास्यास्पद निष्कर्षों पर पहुँच जाते हैं क्योंकि वे ऊपर दी हुई बातों का ध्यान नहीं रखते। साहचर्य के मापों का परिकलन बहुत सरल है जिसे कोई भी स्कूल का विद्यार्थी सरलता से कर सकता है। परंतु इस माप के आधार पर किसी युक्ति-युक्त निष्कर्ष पर पहुँचना बहुत सूझ-बूझ का काम है। यह सूझ-बूझ पुस्तकों द्वारा नहीं आ सकती वरन् केवल अनुभव और दूसरे सांख्यिकों की आलोचना से ही पायी जा सकती है।

अध्याय १४

सह-सम्बन्ध (Correlation)

§ १४·१ परिचय

χ^2 परीक्षण और साहचर्य के संबंध में हम द्विचर (bivariate) से परिचय प्राप्त कर चुके हैं। साहचर्य के लिए हमने ऐसे चरों पर विचार किया था जिनको मापा नहीं जा सकता था––अधिक-से-अधिक किसी युक्ति-संगत क्रम में रखा जा सकता था। परंतु आप जानते हैं कि कई चर ऐसे होते हैं कि उनको मापा जा सकता है। इस प्रकार के चरों के बीच साहचर्य के लिए एक दूसरे ही प्रकार के माप का उपयोग किया जाता है। इस माप को **सह-संबंध-गुणांक** (Correlation coefficient) कहते हैं।

सारणी संख्या 14·1

ग्राम संख्या i	क्षेत्र-फल x_i	जन-संख्या y_i	ग्राम-संख्या i	क्षेत्र-फल x_i	जन-संख्या y_i
(1)	(2)	(3)	(1)	(2)	(3)
1	3	8	9	5	10
2	4	5	10	5	1
3	6	10	11	10	7
4	5	5	12	8	3
5	11	6	13	4	2
6	15	20	14	4	10
7	15	10	15	6	6
8	11	5	16	4	6

§ १४·२ सह-संबंध सारणी

ऊपर की सारणी में सोलह गाँवों की जनसंख्या सैकड़ों में और क्षेत्रफल सौ एकड़ों में दिये हुए हैं। यह एक सह-संबंध सारणी का सबसे सरल उदाहरण है जिसमें प्रत्येक

इकाई के लिए दोनों चरों (x,y) के मान दिये हुए हैं। इन मानों को किसी विशेष क्रम में रखने की आवश्यकता नहीं है।



चित्र ३४—सारणी संख्या 14.1 के लिए प्रकीर्ण-चित्र

§ १४·३ धनात्मक व ऋणात्मक सहसंबंध

हम यह जानना चाहेंगे कि जब एक चर घटता या बढ़ता है तो दूसरा चर औसतन किस प्रकार विचलित होता है।

(1) यदि दोनों चरों X और Y के मान साथ-साथ बढ़ते हैं तो हम कहते हैं कि X और Y के बीच धनात्मक (positive) सहसंबंध है।

(2) यदि X के बढ़ने के साथ Y घटता है और X के घटने के साथ Y बढ़ता है तो हम कहते हैं कि X और Y का सह-संबंध ऋणात्मक (negative) है।

यह आवश्यक नहीं है कि जब X बढ़े तो Y या तो बढ़े ही या घटे ही। ऊपर की सारणी में X के बढ़ने पर कभी तो Y घटता है और कभी बढ़ता है। जब हम कहते हैं कि X और Y के बीच का सहसंबंध धनात्मक है तो हमारा तात्पर्य केवल यह है कि साधारणतया X और Y साथ-साथ बढ़ते हैं।

इसके पहिले कि हम सहसंबंध-गुणांक का परिकलन करें हमें कुछ साधारण सिद्धांतों का ध्यान रखना आवश्यक है। (1) यह निश्चय होना चाहिए कि इन दो चरों में कुछ संबंध होना न केवल संभव है बल्कि इस बात की आशा भी की जाती है। (2) यदि हमें यह नहीं मालूम कि कौन-सा गणितीय वंटन समष्टि का अच्छा प्रतिनिधित्व कर सकता है तो हमें केवल इस एक संख्या—सहसंबंध गुणांक—से उतनी सूचना नहीं मिल सकती जितनी कि उस सारणी से जो इस परिकलन के लिए तैयार की जाती है।

(3) प्रगाढ़ सह-संबंध का अर्थ यह नहीं होता कि एक चर दूसरे के विचलन का कारण है।

§ १४·४ प्रकीर्ण चित्र (Scatter diagram)

यदि हम एक ग्राफ पेपर में भुज (abscissa) पर x और कोटि (ordinate) पर y को सूचित करें तो x और y के प्रत्येक युग्म (pair) के लिए हमें एक बिंदु प्राप्त होगा। इस प्रकार सारणी अथवा न्यास (data) का लेखाचित्र पर बिंदुओं द्वारा निरूपण किया जा सकता है। इस तरह हमें जो चित्र प्राप्त होता है हम उसे प्रकीर्ण-चित्र कहते हैं। उदाहरण के लिए सारणी संख्या 14·1 के न्यास का प्रतिनिधित्व चित्र संख्या 34 में दिया हुआ है। इस चित्र के द्वारा हमें सहसंबंध का माप नहीं मालूम हो सकता। यदि सारणी में दो या अधिक युग्म बिलकुल समान हों तो उनकी बारंबारताओं का हमें इस चित्र से पता नहीं चल सकता क्योंकि ये बिंदु संपतित हो जायेंगे और उनका पृथक करना असंभव होगा। न्यास द्वारा प्राप्त सूचना को प्रकीर्ण-चित्र में सूत्र रूप में रखने के लिए निम्नलिखित तरीका काम में लाया जाता है।

§ १४·५ समाश्रयण-वक्र

X के प्रत्येक प्रेक्षित मान के लिए उससे संबंधित Y के मानों के माध्य को इस प्रकीर्ण-चित्र पर एक बिंदु द्वारा सूचित किया जाता है। यदि न्यास एक बहुत बड़े प्रतिदर्श से लिया गया हो तो इन माध्य बिंदुओं को मिलानेवाली रेखा लगभग एक सतत

वक्र (smooth curve) होती है। इस वक्र को **समाश्रयण-वक्र** (regression curve) कहते हैं।

इसी प्रकार Y के हर प्रेक्षित मान के लिए X के माध्यों को मिलाने वाली रेखा एक दूसरा समाश्रयण-वक्र बनाती है। सबसे साधारण स्थिति में ये वक्र सरल रेखाएँ होते हैं और ऐसा समाश्रयण एक-घातक (linear) कहा जाता है। आगे हम अधिकतर एक-घातक समाश्रयण का ही अध्ययन करेंगे। ऊपर के प्रकीर्ण चित्र में इतने कम बिंदु हैं कि प्रत्येक X के मान के लिए Y का माध्य मालूम करना और एक सतत वक्र का पता चलाना व्यर्थ होगा। इसलिए केवल अनुमान से दो सरल रेखाएँ इस प्रकार खींची हुई हैं कि बिंदुओं से उनकी दूरी अधिक न हो।

इन दो समाश्रयण रेखाओं के खींचने के बाद समाश्रयण गुणांक का सन्निकट (approximate) मान मालूम किया जा सकता है। इस गुणांक का वास्तविक मान किस प्रकार परिकलित किया जाता है यह आगे बताया जायगा। परंतु इस वास्तविक मान का महत्त्व केवल उस समय है जब समाश्रयण एक-घातक अथवा प्रायः एक-घातक हो। प्रकीर्ण-चित्र द्वारा यह तय करने में बड़ी सहायता मिलती है कि समाश्रयण को एक-घातक समझना कहाँ तक ठीक है।

§ १४·६ सह-संबंध-गुणांक (Correlation Coefficient)

यदि X और Y के माध्यों को हम क्रमशः $\bar{X}$ और $\bar{Y}$ से सूचित करें और X और Y में सहसंबंध धनात्मक हो तो हम यह आशा करते हैं कि यदि X का मान $\bar{X}$ से कम होगा तो Y का मान भी $\bar{Y}$ से कम होगा। इस प्रकार $(X-\bar{X})(Y-\bar{Y})$ का मान धनात्मक होगा। इसी प्रकार यदि X का मान $\bar{X}$ से अधिक हो तो Y का मान भी $\bar{Y}$ से अधिक होगा। इस दशा में भी $(X-\bar{X})(Y-\bar{Y})$ धनात्मक होगा। परंतु सहसंबंध के धनात्मक होने का यह अर्थ कदापि नहीं है कि प्रत्येक बिंदु के लिए $(X-\bar{X})(Y-\bar{Y})$ का मान धनात्मक ही होगा। इसका अर्थ केवल यह है कि औसतन इसका मान धनात्मक होना चाहिए।

अथवा

$$\frac{1}{N}\sum_{i=1}^{N}(x_i-\bar{X})(y_i-\bar{Y})>0$$

इसी प्रकार जब सहसंबंध ऋणात्मक होता है तो

$$\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y}) < 0$$

यही नहीं बल्कि यदि सहसंबंध धनात्मक और प्रगाढ़ (strong) है तो $\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y})$ का मान धनात्मक और बड़ा होता है। यदि सह-संबंध धनात्मक तो हो, परंतु निर्बल (weak) हो तो यह मान धनात्मक और अपेक्षाकृत छोटा होता है। इसी प्रकार ऋणात्मक सहसंबध प्रगाढ़ अथवा निर्बल होने के अनुसार $\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y})$ का मान ऋणात्मक और क्रमशः छोटा अथवा बड़ा होता है।

इससे यह प्रतीत होता है कि कदाचित् $(X - \bar{X})(Y - \bar{Y})$ का प्रत्याशित मान

$$C_{xy} = E(X - \bar{X})(Y - \bar{Y})$$

सहसंबंध का एकअच्छा माप है। परंतु इसका मान उन मात्रकों (units) पर निर्भर करता है जिनमें X और Y को मापा जाय। क्योंकि सह-संबंध दो गुणों के संबंध का माप है, इसलिए हम यह चाहेंगे कि वह इन गुणों के मात्रकों से स्वतंत्र हो। उदाहरण के लिए यदि हम यह जानना चाहें कि गाँवों के शस्य-क्षेत्रफल और संपूर्ण क्षेत्रफल में संबंध अधिक प्रगाढ़ है अथवा शस्य-क्षेत्रफल और किसानों की संख्या में, तो C_{xy} की तरह का माप हमारे काम में नहीं आ सकता।

यदि X को उसके वंटन के मानक विचलन σ_x के मात्रक से और Y को उसके वंटन के मानक विचलन σ_y के मात्रक से मापा जाय तो यह समस्या हल हो जायगी, क्योंकि इस दशा मे C_{xy} केवल एक संख्या होगी जिसमें कोई मात्रक समाविष्ट नहीं है। X और Y को σ_x और σ_y के मात्रकों में नापने का अर्थ है कि X के स्थान पर $\frac{X}{\sigma_x}$ तथा Y के स्थान पर $\frac{Y}{\sigma_y}$ का उपयोग करना। इस प्रकार से प्राप्त C_{xy} के मान को हम r से सूचित करेंगे।

$$r = \frac{1}{N}\sum_{i=1}^{N}\left(\frac{x_i}{\sigma_x}-\frac{\bar{x}}{\sigma_x}\right)\left(\frac{y_i}{\sigma_x}-\frac{\bar{Y}}{\sigma_x}\right)$$

$$= \frac{1}{N}\sum_{i=1}^{N}\frac{(x_i-\bar{X})\,(y_i-\bar{X})}{\sigma_x\ \sigma_y} \qquad \ldots\ldots(14.1)$$

$$= \frac{C_{xy}}{\sigma_x\,\sigma_y}$$

इस नये माप r को जो मात्रकों से स्वतंत्र है **सहसंबंध गुणांक** (correlation coefficient) कहते हैं।

§ १४.७ समाश्रयण गुणांकों और सहसंबंध गुणांक में संबंध

हम समाश्रयण-रेखाओं का पहिले ही वर्णन कर चुके है। हम देखेंगे कि इन रेखाओं के समीकरण निम्नलिखित हैं।

$$\frac{Y-\bar{Y}}{\sigma_y} = \frac{C_{xy}}{\sigma_x\,\sigma_y}\cdot\frac{X-\bar{X}}{\sigma_x}$$

अथवा $$(Y-\bar{Y}) = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}\,(X-\bar{X}) \qquad \ldots\ldots\ldots(14.2)$$

तथा $$(X-\bar{X}) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}\,(Y-\bar{Y}) \qquad \ldots\ldots\ldots(14.3)$$

ये दोनों समीकरण क्रमशः Y के X पर तथा X के Y पर समाश्रयण को सूचित करते हैं। $\frac{r\,\sigma_y}{\sigma_x}$ तथा $r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}$ को **समाश्रयण गुणांकों** (regression coefficients) की संज्ञा दी जाती है।

इस प्रकार

$$by.x = \frac{r\,\sigma_y}{\sigma_x} = Y \text{ का } X \text{ पर समाश्रयण-गुणांक}$$

$$bx.y = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} = X \text{ का } Y \text{ पर समाश्रयण गुणांक}$$

$$\therefore\ b_{y\cdot x}\, b_{x\cdot y} = \frac{r\sigma_y}{\sigma_x} \cdot \frac{r\sigma_x}{\sigma_y}$$

$$= r^2 \qquad \text{.....(14.4)}$$

१४.८ सह-संबंध-गुणांक का परिकलन

r का मान प्राप्त करने के लिए $\bar{X}$, $\bar{Y}$, σ_x, σ_y और C_{xy} का परिकलन आवश्यक है। आप $\bar{X}$, $\bar{Y}$, σ_x और σ_y के परिकलन से तो पहिले ही परिचित हैं। C_{xy} के परिकलन के लिए भी एक सरल तरीका है।

$$C_{xy} = \frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y})$$

$$= \frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} (x_i y_i) - \bar{X}\,\bar{Y} \qquad \text{.....(14.5)}$$

$$\therefore\ r = \frac{\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} x_i y_i - \bar{X}\,\bar{Y}}{\sqrt{\left[\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} x_i^2 - \bar{X}^2\right]\left[\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} y_i^2 - \bar{Y}^2\right]}}$$

$$= \frac{\sum_{i=1}^{N} x_i y_i - \bar{Y} \sum_{i=1}^{N} x_i}{\sqrt{\left[\sum_{i=1}^{N} x_i^2 - \bar{X} \sum_{=1}^{N} x_i\right]\left[\sum_{i=1}^{N} y_i^2 - \bar{Y} \sum_{i=1}^{N} y_i\right]}} \qquad \text{.....(14.6}$$

सारणी संख्या 14.1 के लिए r का परिकलन नीचे दिया हुआ है।

$N=16$ $\quad \sum_{i=1}^{16} x_i = 116$ $\quad \sum_{i=1}^{16} y_i = 116$

$$\therefore\ \bar{X} = \frac{116}{16} = 7.25 \qquad \therefore\ \bar{Y} = 7.25$$

$$\sum_{i=1}^{16} x_i^2 = 1{,}076 \quad \therefore \sum_{i=1}^{16} x_i^2 - \bar{X} \sum_{i=1}^{16} x_i = 235$$

$$\sum_{i=1}^{16} y_i^2 = 1{,}142 \quad \therefore \sum_{i=1}^{16} y_i^2 - \bar{Y} \sum_{i=1}^{16} y_i = 301$$

$$\sum_{i=1}^{16} x_i y_i = 977 \quad \therefore \sum_{i=1}^{16} x_i y_i - \bar{Y} \sum_{i=1}^{16} x_i = 136$$

$$\therefore r = \frac{136}{\sqrt{235 \times 301}}$$

$$= \frac{136}{265.94}$$

$$= 0.5114$$

§ १४.९ बहुत बड़े प्रतिदर्श के लिए सहसंबंध गुणांक का परिकलन

यदि कुल प्रतिदर्श में केवल 25 या 30 प्रेक्षण हों तो इस प्रकार सह-संबंध गुणांक का परिकलन करने में अधिक कठिनाई नहीं होती। परंतु यदि प्रतिदर्श बड़ा हो, उसमें सैकड़ों अथवा हज़ारों प्रेक्षण हों तो इस प्रकार परिकलन संभव होते हुए भी कठिन है और इसमें त्रुटि होने की संभावना बहुत अधिक हो जाती है। जिस प्रकार हम चर के परास (range) को कुछ अंतरालों में विभाजित करके—और यह मानकर कि अंतरालों के सभी प्रेक्षण उसके मध्य विंदु पर स्थित हैं—प्रसरण के परिकलन को सरल बना लेते हैं, उसी प्रकार हम सह-संबंध गुणांक के परिकलन को भी सरल बना सकते हैं। इस तरीके को नीचे के उदाहरण द्वारा समझाने की चेष्टा की गयी है।

194 खेतों में प्रति एकड़ उपज Y (बुशलों में) और उनमें डाले हुए नाइट्रोजन खाद का परिमाण X (पाउण्डों में) सारणी 14.2 में दिये हुए हैं। हम इन आँकड़ों के आधार पर उपज और खाद के परिमाण के सह-संबंध गुणांक का परिकलन करेंगे। इन परिकलनों के कई चरण इस सारणी के साथ ही दिये हुए हैं।

§ १४.९.१ परिकलन की जाँच

क्योंकि इतने लंबे परिकलन में गलती हो जाने की संभावना है, इसलिए हर एक परिकलन की जाँच करना आवश्यक है। यह देखा गया है कि यदि एक ही परिकलन

सारणी संख्या 14·2

नाइट्रोजन खाद का परिमाण

प्रति एकड़ उपज Y	X / नवीन मध्यबिंदु x	0–20	20–40	40–60	60–80	80–100	100–120	120–140	140–160	f_y'	$y'f_y'$	$\sum_{x'} x'f_{xy}'$	$y'^2f_{y'}$	$\sum_{x'} x'^2f_{x'y'}$	$y'\sum_{x'} x'f_{x'y}$
	y	−3	−2	−1	0	1	2	3	4						
0–4	−5	6								6	−30	−18	150	54	90
4–8	−4	10								10	−40	−30	160	90	120
8–12	−3	4	4							8	−24	−20	72	52	60
12–16	−2		8							8	−16	−16	32	32	32
16–20	−1		10	2						12	−12	−22	12	42	22
20–24	0		2	12						14	0	−16	0	20	0
24–28	1			15	20	3				39	39	−14	39	22	−14
28–32	2			1	18	20	9	5	1	54	108	56	216	118	112
32–36	3				6	15	10	4	8	43	129	79	387	219	237
	f_x'	20	25	30	44	38	19	9	9	194	154	−1	1068	649	659
	$x'f_x'$	−60	−50	−30	0	38	38	27	36	−1					
	$\sum_{y'} y'f_{x'y'}$	−82	−37	15	74	88	48	22	26	154					
	x'^2f_x'	180	100	30	0	38	76	81	144	649					
	$\sum_{y'} y'^2f_{x'y'}$	346	79	21	146	218	126	56	76	1068					
	$x'\sum_{y'} y'f_{x'y'}$	246	74	−15	0	88	96	66	104	659					

को एक ही मनुष्य दोबारा करता है तो गलती के दुहराये जाने की काफी संभावना रहती है। इसलिए यदि हो सके तो परिकलन को जाँचने के लिए किसी दूसरी विधि का प्रयोग करना चाहिए। इस सारणी में प्रत्येक परिकलन को दो प्रकार से किया गया है। यदि इन दोनों में अंतर हो तो अधिक बारीकी से निरीक्षण करके भूल का पता चलाया जा सकता है।

उपर्युक्त सारणी में किसी विशेष $(x,'y')$ खाने की बारंबारता को $f_{x'y'}$ से सूचित किया गया है। इसी प्रकार किसी विशेष x' अंतराल की बारंबारता को $f_{x'}$ तथा किसी विशेष y' अंतराल की बारंबारता को fy' से सूचित किया गया है।

§ १४.१० मूलबिंदु व मात्रक का परिवर्तन

परिकलन की सरलता के लिए मूल बिंदु (origin) तथा मात्रकों (units) को बदल दिया गया है। इस विधि से अध्याय २ में, प्रसरण के कलन के संबंध में, आप पहिले ही परिचित हो चुके हैं।

इस सारणी में

$$N=\Sigma fy'=\Sigma f_{x'}=194\ ;\ \sum_{i=1}^{194} x'_i=\Sigma_{x'} x' f_{x'}=\Sigma_{x'}\Sigma_{y'} x' f_{x'y'}=-1$$

$$\sum_{i=1}^{194} x'_i{}^2=\Sigma_{x'} x'^2 f_{x'}=\Sigma_{x'}\Sigma_{y'} x'^2 f_{x'y'}=649$$

$$\sum_{i=1}^{194} y'_i=\Sigma_{y'}\Sigma_{x'} y' f_{x'y'}=\Sigma_{y'} y' f_{y'}=154$$

$$\sum_{i=1}^{194} y'_i{}^2=\Sigma_{y'}\Sigma_{x'} y'^2 f_{x'y'}=\Sigma_{y'} y'^2 f_{y'}=1{,}068$$

$$\sum_{i=1}^{194} x'_i y'_i=\Sigma_{x'} x' \Sigma_{y'} y' f_{x'y'}=\Sigma_{y'} y' \Sigma_{x'} x' f_{x'y'}=659$$

$$\therefore\ r=\frac{659-\frac{154\times(-1)}{194}}{\sqrt{\left(649-\frac{1}{194}\right)\left(1068-\frac{(154)^2}{194}\right)}}$$

$$= \frac{659.7938}{\sqrt{648.9949 \times 945.7526}}$$

$$= \frac{659.7938}{783.4466}$$

$$= 0.8422$$

यह ध्यान देने योग्य बात है कि मूलबिंदु और मात्रकों के बदलने से r के मान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि (1) $x_i - \bar{X}$ तथा $y_i - \bar{Y}$ क्रमशः X और Y के वंटनों के माध्यों से x'_i और y_i के अंतर हैं और ये मूलबिंदु पर निर्भर नहीं करते। (2) यदि x_i और y_i को किन्ही अचल राशियों C_1 और C_2 से गुणा किया जाय और गुणनफलों को x_i और y'_i से सूचित किया जाय तो

$$\sum_{i=4}^{N} (x'_i - \bar{X}')(y_i - \bar{Y}') = C_1 C_2 \sum_{i=4}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y})$$

$$\sum_{i=1}^{N} (x'_i - \bar{X}')^2 = C_1^2 \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})^2$$

$$\sum_{i=1}^{N} (y'_i - \bar{Y}')^2 = C_2^2 \sum_{i=1}^{N} (y_i - \bar{Y})^2$$

$\therefore$ $x' = x C_1$ और $y' = y C_2$ का सहसंबंध गुणांक यदि $r_{x'y'}$ हो तो

$$r_{x'y'} = \frac{\sum_{i=1}^{N} (x_i' - \bar{X}')(y_i - \bar{Y}')}{\sqrt{\left[\sum_{i=1}^{N} (x'_i - \bar{X}')^2\right]\left[\sum_{i=1}^{N} (y'_i - \bar{Y}')^2\right]}}$$

$$= C_1 C_2 \frac{\sum_{i=1}^{N} x'_i - \bar{x})(y_i - \bar{X})}{\sqrt{\left[C_1^2 \sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})^2\right]\left[C_2^2 \sum_{i=4}^{N} (y_i - \bar{Y})^2\right]}}$$

$$= \frac{\sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})(y_i - \bar{Y})}{\sqrt{\left[\sum_{i=1}^{N} (x_i - \bar{X})^2\right]\left[\sum_{i=1}^{N} (y_i - \bar{Y})^2\right]}}$$

$$= r$$

अध्याय १५

वक्र-आसंजन (Curve Fitting)

§ १५.१ अनुमान में त्रुटि

मान लीजिए कि (X, Y) एक द्विचर है। इसमें हमें X का मान ज्ञात है और हम Y के मान का अनुमान लगाना चाहते हैं। यह स्पष्ट है कि हम Y के केवल उन मानों पर विचार करेंगे जो X के इस मान के साथ संभव है। मान लीजिए कि Y के ये मान $y_1, y_2, \cdots y_3, \cdots\cdots y_{n-1}\ y_n$ हैं। अब यदि हमारा अनुमान $Y=y'$ हो तो इसमें कुछ त्रुटि हो सकती है। यदि वास्तविक मान y_1 हो तो यह त्रुटि $(y'-y_1)$ है। और यदि वास्तविक मान y_2 हो तो यह त्रुटि $(y'-y_2)$ है। इसी प्रकार Y के विभिन्न मानों के लिए विभिन्न त्रुटियाँ होंगी। आपको शायद आश्चर्य हो कि आखिर यह अनुमान लगाने का प्रश्न क्यों उठता है। स्थिति स्पष्ट करने के लिए हम एक उदाहरण पर विचार करेंगे।

हमें मालूम है कि किसी परिवार की आय बढ़ने के साथ कपड़ों पर उसका खर्चा भी बढ़ता है। यह इतना स्पष्ट है कि दोनों चरों की स्वतंत्रता की परिकल्पना की जाँच करना अनावश्यक है। इनके सह-सबध गुणांक का मान मालूम करने से भी कुछ विशेष लाभ प्रतीत नही होता। देश के लिए योजना बनाने वाले यह जानना चाहेंगे कि परिवार की आय जानने पर क्या कपड़ों पर उसके खर्च का अनुमान लगा सकते है। इस प्रकार यदि उन्हें देश में आय का वितरण ज्ञात हो तो उन्हें यह पता चल सकता है कि देश के लिए कुल कितने कपड़े की अवश्यकता होगी।

ये अनुमान त्रुटिपूर्ण हो सकते है। एक ही आयवाले अनेक परिवार हो सकते हैं, परंतु उन सबका कपड़ों पर खर्च बराबर नही होगा। यदि हम इनमें से किसी एक i—वें परिवार के कपड़े पर खर्चे का अनुमान y' लगायें और वास्तविक खर्च y_i हो तो त्रुटि $(y'-y_i)$ होगी। क्योंकि यह अनुमान केवल आय X पर निर्भर करता है, इसलिए उन सभी परिवारों के लिए जिनकी आय x है खर्च का अनुमान y' ही होगा और त्रुटियाँ क्रमशः $(y'-y_1), (y'-y_2), \cdots\cdots (y'-y_n)$ होंगी।

अब प्रश्न यह है कि खर्च का अनुमान किस प्रकार लगाया जाय। इसके लिए हम ऐसे परिवारों का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श ले सकते हैं जिनकी आय x हो। इनके कपड़ों के खर्च के प्रेक्षित मानों के आधार पर हम ऐसे मान y' को निर्धारित कर सकते हैं जिससे इन प्रेक्षित मानों का औसत अंतर न्यूनतम हो। यदि प्रतिदर्श समष्टि का एक अच्छा प्रतिनिधि हो तो इस y' को x आयवाले परिवारों के लिए कपड़े पर खर्च के प्रतिनिधि रूप में रखा जा सकता है। यह आप पहिले से ही जानते हैं कि यदि इस प्रतिनिधि को y के प्रेक्षित मानों का माध्य लिया जाय तो त्रुटियों का वर्ग-योग न्यूनतम होगा।

$$\therefore \sum_{i=1}^{n} (y_i - \bar{y})^2 = \sum_{i=1}^{n} \{(y_i - a) - (\bar{y} - a)\}^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} (y_i - a)^2 - n(\bar{y} - a)^2$$

$$\leqslant \sum_{i=1}^{n} (y_i - a)^2$$

जहाँ कोई भी अन्य कल्पित प्रतिनिधि है।

परंतु योजना बनाने वालों को किसी विशेष आय x में ही विशेष दिलचस्पी नहीं है। वे तो x के प्रत्येक मान के लिए y का अनुमान जानना चाहेंगे। यदि x के प्रत्येक मान के लिए परिवारों का अलग-अलग प्रतिदर्श लिया जाय तो कुल प्रतिदर्श बहुत बड़ा हो जायगा। इसके अतिरिक्त साधारणतया हमारे पास परिवारों की ऐसी सूची नहीं होती जिसमें उनकी आय भी दी हुई हो। परिवारों को चुनने और उनसे प्रश्न करने पर ही हमें मालूम हो सकता है कि उनकी आय क्या है। प्रत्येक विशेष आय के अनेक परिवार चुनने के लिए हमें कुल बहुत अधिक परिवारों से जाँच-पड़ताल करनी होगी। यह कोई संतोषजनक तरीका नही है।

वास्तव में जो तरीका अपनाया जाता है वह निम्नलिखित है। परिवारों के एक बड़े प्रतिदर्श को चुना जाता है। इन में से प्रत्येक के लिए कुल आय X और कपड़े पर खर्च Y को मालूम किया जाता है। तब इन प्रेक्षणों के आधार पर X और Y का संबंध मालूम किया जाता है।

§ १५.२ अनुमान के लिए प्रतिरूप (model) का उपयोग

किसी भी Y को X के एक फलन $f(x)$ और एक यादृच्छिक चर ϵ के योग के बराबर मान लिया जाता है।

$$y = f(x) + \epsilon \qquad \ldots\ldots(15.1)$$

यदि $X=x$ दिया हो तो Y का अनुमान $y=f(x)$ लिया जाता है। इस अनुमान के अच्छे होने का निकष (criterion) यह है कि $\Sigma[y-f(x)]^2$ न्यूनतम हो जहाँ यह योग प्रतिदर्श की प्रत्येक इकाई के लिए किया गया हो।

समीकरण $$E(Y|X=x)=f(x) \qquad \ldots\ldots(15.2)$$

को हम X के ऊपर Y का समाश्रयण कहते हैं। यदि $f(x)$ पर कोई नियंत्रण न रखा जाय तो यह एक बहुत जटिल फलन हो सकता है। यह संभव है कि इस प्रकार के किसी जटिल फलन के लिए प्रतिदर्श में y और $f(x)$ का अंतर शून्य रह जाय, परंतु यह आवश्यक नहीं कि यह समष्टि के लिए भी सर्वोत्तम होगा। इस शंका के कारण हम प्रायः सरल समाश्रयण के प्रतिरूप (model) से आरंभ करते हैं। फिर हम उससे कुछ जटिल फलन का आसंजन करके देख सकते हैं कि क्या त्रुटि वर्ग-योग में इस जटिलता के कारण कोई विशेष कमी हुई है। यदि कमी साधारण हो तो हम सरल प्रतिरूप को जटिल प्रतिरूप से उत्तम समझेंगे और उसी के अनुसार अनुमान लगायेंगे।

किस सरल प्रतिरूप से आरंभ किया जाय यह प्रायः लेखाचित्र (graph) देखकर समझा जा सकता है। बहुधा यह संबंध केवल एक-घातीय (linear) ही होता है। यानी

$$y=a+bx+\epsilon \qquad \ldots\ldots(15.3)$$

a और b इस प्रतिरूप के प्राचल हैं। हमारा उद्देश्य a और b को इस प्रकार चुनना है कि $\Sigma\epsilon=0$ और $\Sigma\epsilon^2$ न्यूनतम हो।

§ १५.३ अवकल कलन के कुछ सूत्र

यदि आपने अवकल कलन (differential calculus) का कुछ अध्ययन किया हो तो आपको यह ज्ञात होगा कि यदि $a=a'$ के लिए $g(a,b)$ का मान न्यूनतम है तो

$$\left.\frac{\partial g}{\partial a}\right]_{a=a'} = 0$$

इसी प्रकार यदि $b=b'$ के लिए $g(a,b)$ का मान न्यूनतम हो तो $\left.\frac{\partial g}{\partial b}\right]_{b=b'} = 0$।

इन दोनों समीकरणों के हल से हमें a' और b' प्राप्त हो जायँगे।

यहाँ हम कुछ सूत्र अवकल-कलन के दे रहे हैं जिससे आपको वक्र-आसंजन में सहायता मिलेगी।

(1) यदि $\phi(x) = f_1(x)+f_2(x)+\ldots\ldots+f_k(x)$

तो $\dfrac{\partial\phi(x)}{\partial x} = \dfrac{\partial f_1(x)}{\partial x}+\dfrac{\partial f_2(x)}{\partial x}+\ldots\ldots\dfrac{\partial f_k(x)}{\partial x}$ ...(1′)

(2) यदि C एक अचर (constant) है तो

$$\frac{\partial c}{\partial x} = 0 \qquad \ldots\ldots(2')$$

(3) यदि $\phi(x) = kx^n$

तो $\dfrac{\partial\phi(x)}{\partial x} = knx^{n-1}$ .....(3′)

जहाँ k और n दो अचर हैं।

§ १५.४ एक-घात प्रतिरूप का आसंजन

इन तीन सूत्रों की सहायता से हम एक घात-प्रतिरूप का आसंजन करेंगे।

हमारी समस्या है $\sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2$ को a और b के लिए न्यूनतम करना।

$$\sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2 = \sum_{i=1}^{n} (y_i - a - bx_i)^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} y_i^2 + na^2 + b^2 \sum_{i=1}^{n} x_i^2$$

$$- 2a\sum_{i=1}^{n} y_i - 2b\sum_{i=1}^{n} x_i y_i + 2ab\sum_{i=1}^{n} x_i \qquad \ldots\ldots(15.4)$$

$$\frac{\partial \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2}{\partial a} = 2na - 2\sum_{i=1}^{n} y_i + 2b\sum_{i=1}^{n}$$

a के जिस मान के लिए $\sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2$ न्यूनतम होगा उसके लिए

$$\frac{\partial \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2}{\partial a} = 0 \quad \text{अथवा} \quad \bar{y} = a + b\bar{x} \qquad \ldots\ldots(A)$$

इसी प्रकार $\sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2$ को b द्वारा अवकलित करके हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है

$$\sum_{i=1}^{n} x_i y_i = a \sum_{i=1}^{n} x_i + b \sum_{i=1}^{n} x_i^2 \qquad \ldots\ldots(B)$$

(A) और (B) को हल करने पर हम देखते है कि

$$b = \frac{\sum_{i=1}^{n} x_i y_i - n\bar{x}\bar{y}}{\sum_{i=1}^{n} x_i^2 - n\bar{x}^2} \qquad \ldots\ldots(15.5)$$

$$= r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}$$

b के इस मान को समीकरण (A) में रखने पर

$$a = \bar{y} - \frac{r\sigma_y}{\sigma_x}\bar{x} \qquad \ldots\ldots(15.6)$$

अब यदि हमें X का कोई मान x दिया जाय तो उसके लिए इस रेखा पर Y का मान होगा

$$\left(\bar{y} - \frac{r\sigma_y}{\sigma_x}\bar{x}\right) + \frac{r\sigma_y}{\sigma_x}x = \bar{y} + \frac{r\sigma_y}{\sigma_x}\left(x - \bar{x}\right)$$

और

यही उस X के लिए Y का अनुमान है।

पिछले अध्याय में जिस सारणी से सह-संबंध-गुणांक का परिकलन किया गया था उसके लिए

$$b = 0.8422 \times \sqrt{\frac{945.7526}{648.9949}} \times \frac{4}{20}$$

क्योंकि $\sigma^2_{y'}=945.7526$, $\sigma^2_{x'}=648.9949$ और $\sigma_x=4\sigma_{x'}$, $\sigma_y=20\sigma_{y'}$

$=0.8422\times 1.2073\times 0.2000$

$=0.2034$

$a=(22+4\times 0.7938)-0.2034(70-0.1003)$

$=27.1752-14.2175=10.9577$

$\because \bar{y}=4\bar{y}_i'+22$, $\bar{x}'=20\bar{x}'_i+70$

(देखिए, सारणी संख्या 14·2 और § १४.१०)



चित्र ३५—सारणी 14.2 के लिए प्रकीर्ण चित्र और सरल समाश्रयण-रेखा

§ १५.५ अधिक सरल प्रतिरूप

जैसा कि हम पहिले कई बार कह चुके हैं, विज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण कार्य है संपूर्ण ज्ञान को कुछ सिद्धांतों अथवा सूत्रों के रूप में रखना। इसके लिए वैज्ञानिक का यह प्रयत्न रहता है कि जहाँ तक हो सके सिद्धांतों को सरल बनाया जाय। यदि वास्तविकता एक सरल सिद्धांत द्वारा समझी जा सकती है तो उसे जटिल बनानेकी कोई आवश्यकता नहीं है।

X के ऊपर Y के समाश्रयण को मालूम करने में भी यह प्रयत्न रहता है कि जितने कम प्राचलों का उपयोग हो उतना ही अच्छा। ऊपर हमने a और b दो प्राचलों का उपयोग किया था। आप यह जानना चाहेंगे कि क्या नीचे दिये हुए सरल समीकरणों का उपयोग यथेष्ट नहीं था।

$$(i) \quad y = a' + \epsilon \qquad \ldots\ldots(15.7)$$

$$(ii) \quad y = b'x + \epsilon \qquad \ldots\ldots(15.8)$$

आइए, पहिले हम इन समीकरणों के प्राचलों a' और b' का प्राक्कलन करें।

$$(i) \quad \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2 = \sum_{i=1}^{n} (y_i - a')^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} y_i^2 - 2a' \sum_{i=1}^{n} y_i + na'^2 \qquad \ldots\ldots(15.9)$$

$$\frac{\partial \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2}{\partial a'} = -2 \sum_{i=1}^{n} y_i + 2a'n = 0$$

अथवा $a' = \bar{y}$ $\qquad \ldots\ldots(15.10)$

$$(ii) \quad \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2 = \sum_{i=1}^{n} (y_i - b'x_i)^2$$

$$= \sum_{i=1}^{n} y_i^2 - 2b' \sum_{i=1}^{n} x_i y_i + b'^2 \sum_{i=1}^{n} x_i^2 \qquad \ldots\ldots(15.11$$

$$\frac{\partial \sum_{i=1}^{n} \epsilon_i^2}{\partial b'} = -2\sum_{i=1}^{n} x_i y_i + 2b' \sum_{i=1}^{n} x_i^2 = 0$$

अथवा $$b' = \frac{\sum_{i=1}^{n} x_i y_i}{\sum_{i=1}^{n} x_i^2} \qquad \ldots\ldots(15.12)$$

§ १५·६ प्राक्कलकों के प्रसरण

अब हमें यह देखना है कि इन सरल प्रतिरूपों के लिए त्रुटि के वर्ग-योग क्या हैं। क्या वे समाश्रयण $y=a+bx+\epsilon$ की त्रुटि के वर्ग-योग से बहुत अधिक है? यदि ऐसा है तो $y=a+bx+\epsilon$ को ही उचित समझा जायगा। यदि ये लगभग बराबर ही हों तो अपेक्षाकृत सरल प्रतिरूपों को चुना जायगा। इसके लिए निम्नलिखित परिकल्पनाओं का परीक्षण किया जाता है

(*i*) $b=0$ (*ii*) $a=0$

परंतु इससे पहिले कि हम इन परिकल्पनाओ के परीक्षण का अध्ययन करें, हमें यह जानना आवश्यक है कि यह परीक्षण किन अभिधारणाओं पर आधारित हैं। ये अभिधारणाएं निम्नलिखित हैं।

(क) $E(\epsilon \mid x)=0$

(ख) $V(\epsilon \mid x)=\sigma^2_{y.x}$ जो x से स्वतंत्र है

(ग) ϵ का वंटन X के किसी भी मान के लिए प्रसामान्य है।

$\sigma^2_{y.x}$ का एक उचित प्राक्कलक $s^2_{y.x}$ है जहाँ

$$s^2_{y.x} = \frac{\sum_{i=1}^{n} (y_i - a - bx_i)^2}{n-2}$$

$$= \frac{\sum_{i=1}^{n} y_i^2 - a\sum_{i=1}^{n} y_i - b\sum_{i=1}^{n} x_i y_i}{n-2} \qquad \ldots\ldots(15.13)$$

(देखिए, समीकरण (A) और समीकरण (B)

ऊपर जिस सारणी के लिए हमने सह-संबंध-गुणांक का परिकलन किया था उसके लिए X पर Y के समाश्रयण रेखा का समीकरण था

$$y=a+bx=10.9577+0.2034x$$

क्योंकि हम ऊपर देख चुके हैं कि $a=10.9577$

तथा $b=0.2034$ और $y_i=(4y'_i+22)$, $x_i=20x'_i+70$

$$\sum_{i=1}^{194} y_i = (154\times 4)+(22\times 194)=4884$$

$$\sum_{i=1}^{194} y_i^2 = (1068\times 16)+(2\times 22\times 4\times 154)+(22\times 22\times 194)$$

$$= 138,088$$

$$\sum_{i=1}^{194} x_i y_i = (659\times 80)+(280\times 154)+(440\times -1)$$

$$+22\times 70\times 194$$

$$=394,160$$

(देखिए, सारणी संख्या 14.2 और § १४.१०)

इसलिए इन आँकड़ों के लिए

$$s^2_{y.x}=\frac{138,088-(10.9577\times 4884)-(0.2034\times 394,160)}{194-2}$$

$$=\frac{4398.4492}{192}$$

$$=22.9086$$

यदि n प्रेक्षण-युग्मों के अनेक प्रतिदर्श एक ऐसी समष्टि में से चुने जायँ जिसका सरल समाश्रयण प्रतिरूप उचित हो और यदि स्वतंत्र चर X के मान $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ सब प्रतिदर्शों के लिए समान हों तो

(1) b के प्राक्कलक $\hat{b}$ का माध्य b होगा

यानी $E(\hat{b})=b$ .....(15.14)

(2) $\hat{b}$ का प्रसरण निम्नलिखित होगा

$$V(\hat{b}) = \frac{\sigma^2_{y.x}}{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(15.15)$$

(3) $E(\hat{a}) = a$ $\ldots\ldots\ldots(15.16)$

(4) $$V(\hat{a}) = \frac{\sigma^2_{x.y}\sum_{i=1}^{n} x_i^2}{n\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2} \qquad \ldots\ldots(15.17)$$

§ १५.७ परिकल्पना परीक्षण

यदि प्रतिदर्श-परिमाण बहुत बड़ा हो तो ऊपर लिखे हुए अनुबंधों के अनुसार $\hat{b}$ के प्रतिदर्शज वंटन (sampling distribution) का ऐसे प्रसामान्य वंटन द्वारा सन्निकटन किया जा सकता है जिसका माध्य b और प्रसरण $\frac{\sigma^2_{y.x}}{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}$ हो।

$\sigma^2_{y.x}$ अज्ञात है परंतु इस बड़े प्रतिदर्श में $\sigma^2_{y.x}$ के स्थान पर उसके प्राक्कलक $s^2_{y.x}$ का उपयोग किया जा सकता है। इसलिए यदि $\hat{b}$ का मान $-1.96\sqrt{\frac{s^2_{y.x}}{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}}$ से कम अथवा $+1.96\sqrt{\frac{s^2_{y.x}}{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}}$ से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना $b=0$ को पाँच प्रतिशत स्तर पर अस्वीकार कर सकते हैं। इसी प्रकार $\hat{a}$ के वंटन का सन्निकटन एक प्रसामान्य वंटन से किया जा सकता है जिसके माध्य और प्रसरण समीकरण (15.16) तथा (15.17) से प्राप्त होते हैं। इसलिए यदि $\hat{a}$ का परिकलित मान $-1.96\sqrt{\frac{s^2_{y.x}\sum_{i=1}^{n} x_i^2}{n\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}}$ से कम हो अथवा

$+1.96\sqrt{\frac{s^2_{y.x}\sum_{i=1}^{n} x_i^2}{n\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2}}$ से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना $a=o$ को पाँच प्रतिशत-स्तर पर अस्वीकार कर देते हैं। प्रेक्षित मान-युग्मों द्वारा हमें इस बात का आभास मिल सकता है कि समष्टि में सरल समाश्रयण का प्रतिरूपण कहाँ तक उपयुक्त है परतु यह आभास हमें प्रेक्षित मानों के परास के लिए ही मिल सकता है। यह बहुत संभव है कि प्रेक्षित परास में तो सरल समाश्रयण उपयुक्त हो, परंतु परास के बाहर समाश्रयण का रूप कुछ और ही हो। इस कारण प्रेक्षण के आधार पर प्रेक्षित परास के बाहर के किसी मान के लिए मानों के माध्य का अनुमान जरा सोच समझ कर ही लगाना चाहिए।

§ १५.८ द्वि-घाती परवलय का आसंजन

यदि समाश्रयण वक्र का समीकरण एक घात फलन हो तो हम देख चुके हैं कि प्रतिदर्श से हम समाश्रयण वक्र के प्राचलों का प्राक्कलन किस प्रकार करते हैं। यही विधि बहुघाती परवलय-वक्रीम समाश्रयण होने पर भी अपनायी जाती है। द्वि-घाती परवलय (parabola of second degree) के प्राचलों के प्राक्कलन की विधि उदाहरण स्वरूप नीचे दी हुई है।

द्वि-घाती परवलय का समीकरण निम्नलिखित होता है।

$$y=a+bx+cx^2 \qquad \ldots\ldots(15.18)$$

a, b और c इस वक्र के प्राचल हैं। यदि प्रतिदर्श में (X, Y) युग्म के मान (x_1, y_1), $(x_2, y_2)\ldots\ldots(x_n, y_n)$ हों तो हम a, b और c के ऐसे मान मालूम करना चाहते हैं जिनके लिए

$$Q = \sum_{i=1}^{n} (y_i-a-bx_i-cx_i^2)^2$$

न्यूनतम हो।

$$Q = \sum_{i=1}^{n} y_i^2+na^2+b^2\sum_{i=1}^{n} x_i^2+c^2\sum_{i=1}^{n} x_i^4$$

$$-2a\sum_{i=1}^{n} y_i - 2b\sum_{i=1}^{n} x_i y_i - 2c\sum_{i=1}^{n} x_i^2 y_i$$

$$+2ab\sum_{i=1}^{n} x_i + 2ac\sum_{i=1}^{n} x_i^2 + 2bc\sum_{i=1}^{n} x_i^3 \quad \ldots\ldots(15.19)$$

a के जिस मान के लिए न्यूनतम होगा वह निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करेगा।

$$\frac{\partial Q}{\partial a} = 0$$

अथवा $$2an - 2\sum_{i=1}^{n} y_i + 2b\sum_{i=1}^{n} x_i + 2c\sum_{i=1}^{n} x_i^2 = 0$$

अथवा $$\sum_{i=1}^{n} y_i = na + b\sum_{i=1}^{n} x_i + c\sum_{i=1}^{n} x_i^2 \quad \ldots\ldots\ldots(A)$$

इसी प्रकार b और c के लिए हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होंगे

$$\sum_{i=1}^{n} x_i y_i = a\sum_{i=1}^{n} x_i + b\sum_{i=1}^{n} x_i^2 + c\sum_{i=1}^{n} x_i^3 \ldots\ldots\ldots(B)$$

$$\sum_{i=1}^{n} x_i^2 y_i = a\sum_{i=1}^{n} x_i^2 + b\sum_{i=1}^{n} x_i^3 + c\sum_{i=1}^{n} x_i^4 \ldots\ldots(C)$$

a, b और c प्राचलों में (A), (B) और (C) तीन युगपद (simultaneous) समीकरण है। इनके हल से हमें a, b, और c के इच्छित मान ज्ञात हो जाते है।

(A) और (B) में से a का निरसन (elimination) करने से हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है।

$$\left[\sum_{i=1}^{n} x_i y_i - \bar{x}\sum_{i=1}^{n} y_i\right] = b\left[\sum_{i=1}^{n} x_i^2 - \bar{x}\sum_{i=1}^{n} x_i\right] + c\left[\sum_{i=1}^{n} x_i^3 - \bar{x}\sum_{i=1}^{n} x_i^2\right]$$

अथवा $$S_{xy} = b\,S_{xx} + c\,S_{x^2x} \quad \ldots\ldots(D)$$

जहाँ $$S_{x_1x_2} = \sum_{i=1}^{n} (x_{1i} - \bar{x}_1)(x_{2i} - \bar{x}_2)$$

इसी प्रकार (A) और (C) में से a का निरसन करने से हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है।

$$S_{x^2y} = b\ S_{x^2x} + cS_{x^2x^2} \qquad \ldots\ldots(E)$$

(D) को S_{x^2x} तथा (E) को S_{xx} से गुणा करके एक में से दूसरे घटाने पर हमें निम्नलिखित समीकरण मिलता है

$$S_{xy}\ S_{x^2x} - S_{x^2y}\ S_{xx} = C\{[S_{x^2x}]^2 - S_{xx}\ S_{x^2x^2}\}$$

$$\therefore\ C = \frac{S_{xy}\ S_{x^2x} - S_{x^2y} S_{xx}}{[S_{x^2x}]^2 - S_{xx}\ S_{x^2x^2}} \qquad \ldots\ldots(C')$$

c के इस मान को (D) में निविष्ट करने पर

$$b = \frac{S_{x^2y}\ S_{x^2x} - S_{xy}\ S_{x^2x^2}}{[S_{x^2x}]^2 - S_{xx}\ S_{x^2x^2}} \qquad \ldots\ldots(B')$$

b और c के इन मानों को समीकरण (A) में रखकर हम a का मान प्राप्त कर सकते है।

$$a = \bar{y} - b\bar{x} - c\bar{x^2} \qquad \ldots\ldots(A')$$

यदि आपकी इच्छा हो तो जिस सारणी का उपयोग अभी तक हम करते आ रहे हैं उसके लिए a, b और c का परिकलन ऊपर दी हुई विधि से कर सकते हैं।

अध्याय १६

प्रतिबंधी वंटन, सह-संबंधानुपात और माध्य वर्ग आसंग

(Conditional Distribution, Correlation Ratio and Mean Square Contingency)

प्रतिबंधी प्रायिकता (conditional probability) से आप परिचित ही हैं। आप जानते है कि यदि A और B दो घटनाएँ हों तो यह दिये होने पर कि B घटी है A की प्रायिकता निम्नलिखित सूत्र से प्राप्त होती है

$$P\ (A|B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)}$$

§ १६.१ असतत चर

अब मान लीजिए कि (X,Y) एक असतत द्वि-चर है तथा X और Y क्रमशः $x_1, x_2, \ldots, x_m$ तथा $y_1, y_2, \ldots y_n$ मान धारण करते हैं। बिंदु (x_i, y_k) पर जो प्रायिकता है उसे हम P_{i_k} से सूचित करेंगे।

$$P\ [X = x_i,\ Y = y_k] = p_{i_k} \qquad \ldots\ldots(16.1)$$

यदि हम p_i द्वारा $X=x_i$ होने की प्रायिकता को सूचित करें तो

$$p_i = P[X=x_i] = \sum_{k=1}^{n} p_{i_k} \qquad \ldots\ldots(16.2)$$

$$\therefore\ P\ (Y=y_k \mid X=x_i) = \frac{P\ (X=x_i,\ Y=y_k)}{P\ (X=x_i)} = \frac{p_{i_k}}{p_i} \qquad \ldots(16.3)$$

यदि हम $X=x_i$ के दिये होने पर Y के प्रत्येक मान के लिए प्रतिबंधी प्रायिकता मालूम करें तो $X=x_i$ के दिये होने पर Y का **प्रतिबंधी वंटन** (conditional distribution) प्राप्त होता है। यह स्पष्ट है कि यह प्रतिबंधी वंटन केवल उसी दशा में अर्थ-पूर्ण हो सकता है जब p_i शून्य न हो।

प्रतिबंधी माध्य—प्रतिबंध $X=x_i$ के दिये होने पर (X, Y) के किसी फलन $\phi\ (x, y)$ का माध्य निम्नलिखित रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

$$E\ [\phi(X, Y) \mid X=x_i] = \sum_{k=1}^{n} \phi\ (x_i, y_k)\ \frac{p_{ik}}{p_i}$$

$$= \frac{\sum_{k=1}^{n} \phi(x_i, y_k) p_{ik}}{p_i} \qquad \ldots\ldots(16.4)$$

यदि $\phi\ (X, Y) = Y$ तो

$$E\ (Y \mid X=x_i) = \frac{\sum_{k=1}^{n} y_k\ p_{ik}}{p_i} \qquad \ldots\ldots(16.5)$$

इस माध्य को Y का प्रतिबंधी माध्य कहते हैं और इसको $m_2^{(i)}$ से सूचित करते हैं। यदि $\phi\ (X,Y) = \left[Y-m_2^{(i)}\right]^2$ हो तो हमें Y का प्रतिबंधी प्रसरण प्राप्त होता है।

$$V(Y \mid X=x_i) = \frac{\sum_{k=1}^{n} \left(y_k - m_2^{(i)}\right)^2 p_{ik}}{p_i} \qquad \ldots\ldots(16.6)$$

इसी प्रकार प्रतिबंध $Y=y_k$ से संबंधित X का वंटन, उसका माध्य और प्रसरण भी हम मालूम कर सकते हैं।

§ १६.२ सतत चर

यदि (X, Y) का बंटन सतत हो और $f(x, y)$ उसका घनत्व फलन हो तो

$$P\ [x<X<x+h] = \int_{x}^{x+h} \int_{-\infty}^{\infty} f\ (x, y)\ dx\ dy$$

यदि प्रतिबंध $(x<X<x+h)$ दिया हो तो $Y \leqslant y$ की प्रतिबंधी प्रायिकता निम्नलिखित होगी

$$P\,[Y\leqslant y \mid x<X<x+h] = \frac{P\,[Y\leqslant y,\ x<X<x+h]}{P\,[x<X<x+h]}$$

$$= \frac{\int_{x}^{x+h}\int_{-\infty}^{y} f(x,y)\,dx\,dy}{\int_{x}^{x+h}\int_{-\infty}^{\infty} f(x,y)\,dx\,dy} \quad \ldots(16.7)$$

यदि $X=x$ पर X के वंटन का घनत्व-फलन $f_1(x)$ धनात्मक है तो

$$\lim_{h\to 0} P\,(Y\leqslant y \mid x<X<x+h) = \frac{\int_{-\infty}^{y} f(x,y)\,dy}{\int_{-\infty}^{\infty} f(x,y)\,dy}$$

$$= \frac{\int_{-\infty}^{y} f(x,y)\,dy}{f_1(x)} \quad \ldots(16.8)$$

प्रतिबंध $X=x$ के लिए यह Y का प्रतिबंधी वंटन-फलन (conditional distribution function) कहलाता है। इस फलन का y के प्रति अवकलन (differentiate) करने पर हमें Y का प्रतिबंधी घनत्व फलन $f_3(y|x)$ प्राप्त होता है।

$$f_3(y|x) = \frac{f(x,y)}{f_1(x)} \quad \ldots\ldots(16.9)$$

प्रतिबंधी माध्य—$X=x$ दिये होने पर (X,Y) के किसी फलन $\phi(X,Y)$ का प्रतिबंधी माध्य निम्नलिखित होगा।

$$E[\phi(X,Y)|X=x] = \int_{-\infty}^{\infty} \phi(x,y)\,f_3(y|x)\,dy$$

$$= \frac{\int_{-\infty}^{\infty} \phi(x,y)\,f(x,y)\,dy}{f_1(x)} \quad \ldots\ldots(16.10)$$

Y के प्रतिबंधी माध्य को यदि हम $m_2(x)$ से और प्रतिबंधी प्रसरण को $\sigma_2^2(x)$ से सूचित करें तो

$$m_2(x) = E(Y|X=x) = \frac{\int_{-\infty}^{\infty} y f(x,y)\, dy}{f_1(x)} \quad \ldots\ldots(16.11)$$

$$\sigma_2^2(x) = V(Y|X=x) = \frac{\int_{-\infty}^{\infty} [y-m_2(x)]^2 f(x,y)\, dy}{f_1(x)} \quad \ldots(16.12)$$

इसी प्रकार X के प्रतिबंधी वंटन, प्रतिबंधी माध्य $m_1(y)$ और प्रतिबंधी प्रसरण $\sigma_1^2(y)$ की व्याख्या की जा सकती है।

§ १६.३ समाश्रयण (Regression)

$m_2(x)$ स्पष्टतः x का एक फलन है। x के विभिन्न मानों के लिए यह विभिन्न मान धारण कर सकता है। $y=m_2(x)$ एक वक्र का समीकरण है जो (X,Y) समतल में x के विभिन्न मानों के लिए $[x, m_2(x)]$ बिन्दुओं को मिलाता है। इस वक्र को X पर Y का समाश्रयण कहते हैं। इसी प्रकार Y के विभिन्न मानों के लिए $[m_1(y), y]$ बिन्दुओं को मिलाता हुआ वक्र $x=m_1(y)$ है जो Y पर X का समाश्रयण कहलाता है। यदि $m_2(x)$ x का एक-घात फलन (linear function) होता है तो X पर Y के समाश्रयण को सरल समाश्रयण कहते हैं। इसके प्राचलों का प्राक्कलन प्रतिदर्श के आधार पर कैसे किया जाता है, यह हम पिछले अध्याय में लिख ही चुके हैं।

समाश्रयण वक्रों का एक महत्त्वपूर्ण गुण होता है। X के सब फलनों में से यदि हम उस फलन $\phi(x)$ को चुनें जिसके लिए $E[Y-\phi(x)]^2$ न्यूनतम हो तो यह सिद्ध किया जा सकता है कि $\phi(x) = E(y|x)$ क्योंकि

$$E[Y-\phi(x)]^2 = \int_{-\infty}^{\infty}\int_{-\infty}^{\infty} [y-\phi(x)]^2 f(x,y)\, dx\, dy$$

$$= \int_{-\infty}^{\infty} f_1(x)\, dx \int_{-\infty}^{\infty} [y-\phi(x)]^2 f_3(y|x)\, dy \ldots\ldots(16.13)$$

आप यह जानते ही हैं कि किसी भी वंटन के लिए $(y-a)^2$ का प्रत्याशित मान $a=E(y)$ पर न्यूनतम होता है। इसलिए Y के प्रतिबंधी वंटन के लिए $[y-\phi(x)]^2$ का प्रत्याशित मान $\phi=E(Y|x)$ होने पर न्यूनतम होगा। इस प्रकार X पर Y का समाश्रयण वक्र ऐसा होता है कि X के ज्ञान के आधार पर Y का अनुमान लगाने के लिए यदि इस वक्र पर ज्ञात x के लिए y स्थानांक (coordinate) को लें तो त्रुटि $[y-\phi(x)]$ के वर्ग का प्रत्याशित मान अन्य किसी भी वक्र पर आधारित अनुमान की त्रुटि के वर्ग के प्रत्याशित मान से कम होगा।

§ १६.४ सह-संबंधानुपात (Correlation ratio)

यदि Y के माध्य को m_2 और प्रसरण को σ_2^2 से सूचित किया जाय तो

$$\begin{aligned}\sigma_2^2 &= E\,(Y-m_2)^2\\ &= E\,[Y-m_2(X)+m_2(X)-m_2]^2\\ &= E\,[Y-m_2(x)]^2+E\,[m_2(X)-m_2]^2 \qquad \ldots\ldots(16.14)\end{aligned}$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि Y के प्रसरण को दो संघटकों (components) के रूप में रखा जा सकता है। एक संघटक तो उसके प्रतिबंधी माध्य $m_2(X)$ से Y का माध्य वर्ग विचलन है और दूसरा $m_2(x)$ का उसके माध्य m_2 से माध्य वर्ग विचलन।

यदि हम $\dfrac{E\,[m_2(X)-m_2]^2}{\sigma_2^2}$ को η^2 द्वारा सूचित करें तो

$$\eta^2 = \frac{E\,[m_2(X)-m_2]^2}{\sigma_2^2}$$

$$= 1-\frac{E\,[Y-m_2(x)]^2}{\sigma_2^2} \qquad \ldots\ldots(16.15)$$

$$\therefore\ 1-\eta^2 = \frac{E\,[Y-m_2(x)]^2}{\sigma_2^2} \geqslant 0$$

$$\therefore\ 0 \leqslant \eta^2 \leqslant 1 \qquad \ldots\ldots(16.16)$$

इस मान η को हम **सह-संबंधानुपात** कहते हैं। यदि समाश्रयण एक-घाती है तो

$m_2(x) = a+bx$ और

$$1-\eta^2 = \frac{E\,[Y-a-bx]^2}{\sigma_2^2}$$

$$= 1-\rho^2$$

इसलिए इस दशा में $\eta^2 = \rho^2$

यह स्पष्ट है कि $\eta^2=1$ केवल उसी अवस्था में हो सकता है जब कि $E\,[Y-m_2(x)]=0$ हो, अर्थात् जब Y के $m_2\ (X)$ से भिन्न होने की प्रायिकता शून्य हो। η^2 को इस कारण प्रायिकताओं की समाश्रयण वक्र के पास एकत्रित होने की प्रवृत्ति का एक माप समझा जा सकता है।

जिस प्रकार सतत चर के लिए सह-संबंधानुपात की व्याख्या की गयी है उसी प्रकार असतत चर-युग्म के लिए भी की जा सकती है।
इस दशा में

$$\eta^2 = \frac{1}{\sigma_2^2} E\left[m_2^{(i)}-m_2\right]^2$$

$$=\frac{1}{\sigma_2^2} \sum_{i=1}^{m} \left(m_2^{(i)}-m_2\right)^2 p_i. \qquad \ldots\ldots(16.17)$$

§ १६.५ माध्य वर्ग आसंग

सह-संबंधानुपात हमें X पर Y की निर्भरता का आभास देता है। इसी उद्देश्य से अनेक अन्य मापों का भी प्रस्ताव किया गया है जिनमें से एक **माध्य वर्ग आसंग** (mean square contingency) है। इसका उपयोग केवल असतत समष्टियों के लिए किया जाता है।

यदि असतत चर युग्म का वंटन निम्नलिखित है

$$P\,[X=x_i,\ Y=y_k] = p_{ik}\ ;\ i=1,2,\ldots m\ ;\ k=1,2,\ldots n$$

तो हम इन प्रायिकताओं को एक सारणी में रख सकते हैं जिसमें m पंक्तियाँ और n स्तंभ हैं।

सारणी संख्या 16.1

$[X, Y]$ का वंटन

X \ Y		y_1 (1)	y_2 (2)		y_k (k)		y_n (n)	योग
x_1	(1)	p_{11}	p_{12}		p_{1k}		p_{1n}	$p_{1\cdot}$
x_2	(2)	p_{21}	p_{22}		p_{2k}		p_{2n}	$p_{2\cdot}$
x_i	(i)	p_{i_1}	p_{i_2}		p_{i_k}		p_{i_n}	$p_{i\cdot}$
x_m	(m)	p_{m1}	p_{m2}		p_{mk}		$p_{m.n}$	$p_{m\cdot}$
योग		$p_{\cdot 1}$	$p_{\cdot 2}$		$p_{\cdot k}$		$p_{\cdot n}$	1

क्योंकि हम इस सारणी में से इस प्रकार की पंक्तियों या स्तंभों को छोड़ सकते हैं जिनमें सब प्रायिकताएँ शून्य हों, इसलिए प्रत्येक पंक्ति का योग $p_{i\cdot}$ और स्तंभ का योग $p_{\cdot k}$ शून्य से अधिक होगा। इस दशा में वंटन के माध्य-वर्ग आसंग की—जिसको ϕ^2 से सूचित किया जाता है—निम्नलिखित परिभाषा है

$$\phi^2 = \sum_{i=1}^{m} \sum_{k=1}^{n} \frac{(p_{ik} - p_{i\cdot}\, p_{\cdot k})^2}{p_{i\cdot}\, p_{\cdot k}}$$

$$= \sum_{i=1}^{m} \sum_{k=1}^{n} \frac{p_{ik}^2}{p_{i\cdot}\, p_{\cdot k}} - 1 \qquad \ldots\ldots(16.18)$$

ϕ^2 शून्य केवल उस स्थिति में हो सकता है जब प्रत्येक युग्म (i, k) के लिए $p_{ik} = p_{i\cdot}\, p_{\cdot k}$ परंतु हम जानते हैं कि इस दशा में दोनों चर स्वतंत्र होते हैं। इसके अतिरिक्त $p_{ik} \leqslant p_{i\cdot}$ और $p_{ik} \leqslant p_{\cdot k}$ होने के कारण

$$\sum_{i=1}^{m}\sum_{k=1}^{n}\frac{p_{ik}^2}{p_{i\cdot}\,p_{\cdot k}} \leqslant \sum_{i=1}^{m}\sum_{k=1}^{n}\frac{p_{ik}}{p_{\cdot k}} = n \qquad \ldots\ldots(16.19)$$

और $$\sum_{i=1}^{m}\sum_{k=1}^{n}\frac{p_{ik}^2}{p_{i\cdot}\,p_{\cdot k}} \leqslant \sum_{i=1}^{m}\sum_{k=1}^{n}\frac{p_{ik}}{p_{i\cdot}} = m \qquad \ldots\ldots(16.20)$$

$$\therefore \phi^2 \leqslant q-1$$

जहाँ $q = M_{in}\,(m, n)$

$M_{in}\,(m,n)$ से हमारा तात्पर्य m और n संख्याओं में से छोटी वाली संख्या से है।

इस प्रकार $0 \leqslant \frac{\phi^2}{q-1} \leqslant 1$ और $\frac{\phi^2}{q-1}$ का उपयोग दोनों चरों की पारस्परिक निर्भरता के एक मानकित मापनी (standardized scale) पर लिये हुए माप के लिए किया जा सकता है।

भाग ४

प्राक्कलन

अध्याय १७

प्राक्कलन के आरंभिक सिद्धान्त

(Elementary Principles of Estimation)

§ १७.१ प्राक्कलक और उसके कुछ इच्छित गुण

समाश्रयण के अध्यायों में हम कुछ समष्टि प्राचलों का प्राक्कलन कर चुके हैं। इसी प्रकार परिकल्पना परीक्षण में—विशेष रूप से χ^2-परीक्षण में—हम प्राचलों के प्राक्कलन से कुछ परिचय प्राप्त कर चुके हैं। किसी भी प्राचल का प्राक्कलन करने के लिए प्रेक्षणों के एक फलन की आवश्यकता होती है जिसे **प्राक्कलक** (estimator) कहते हैं।

इस अध्याय में हम यह देखेंगे कि प्राक्कलकों को प्राप्त करने की साधारण विधियाँ क्या हैं और किस प्रकार के प्राक्कलकों को अच्छा समझा जाता है।

किसी प्राचल का प्राक्कलक क्या होना चाहिए, यह पूर्णतः स्पष्ट नहीं है। यद्यपि समष्टि के माध्य के लिए प्रतिदर्श-माध्य को प्राक्कलक मानना स्पष्टतया उचित जान पड़ता है, परंतु समष्टि-प्रसरण का प्राक्कलक प्रतिदर्श-प्रसरण नहीं होता। उसमें हमें प्रतिदर्श के माध्य से प्राचल के विचलनों के **वर्ग-योग** को प्रतिदर्श परिमाण से एक कम संख्या द्वारा भाग देना होता है। ऐसा क्यों किया जाता है इसका कारण आप अवश्य जानना चाहेंगे। आप यह भी जानना चाहेंगे कि किसी नवीन स्थिति में जिससे आप अभी तक परिचित नहीं हैं, प्राचल का प्राक्कलन किस प्रकार किया जायगा।

यदि हम समष्टि से एक यादृच्छिक प्रतिदर्श $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ चुनें तो इन मानों के किसी भी फलन $g(x_1, x_2, \ldots\ldots x_n)$ को समष्टि के किसी प्राचल θ का प्राक्कलक माना जा सकता है। एक उत्तम प्राक्कलक के लिए हम चाहेंगे कि

$| g(x_1, x_2, \ldots x_n) - \theta |$ जहाँ तक हो सके छोटा हो। परंतु क्योंकि $x_1, x_2, \ldots, x_n$ यादृच्छिक चर हैं इसलिए $| g(x_1, x_2, \ldots x_n) - \theta |$ भी एक यादृच्छिक चर है—अचर नहीं। इस कारण इसके छोटे होने की परिभाषा हमें इसके प्रत्याशित मान (expected value) अथवा इसकी प्रायिकता के रूप में

करनी होगी। इस रूप में प्राक्कलनों के कुछ इच्छित गुणों की परिभाषा हम नीचे दे रहे हैं।

(1) **अनभिनतता** (*Unbiasedness*) मान लीजिए कि $g(x_1, x_2, \ldots x_n)$ को हम t_n से सूचित करते हैं। यदि $E[t_n - \theta] = 0$ तो हम t_n को एक **अनभिनत प्राक्कलक** (unbiased estimator) कहते हैं। किसी प्राक्कलक के अनभिनत होने के गुण को अनभिनतता कहते हैं।

यदि $E[t_n - \theta]$ शून्य के बराबर न हो तो प्राक्कलक अभिनत कहलाता है और तब $E[t_n - \theta]$ को हम $B(t_n)$ से सूचित करते हैं और इसे प्राक्कलक की अभिनति (bias) कहते हैं।

उदाहरण के लिए एक प्रसामान्य वंटन $N(\mu, \sigma)$ में से चुने हुए n परिमाण के प्रतिदर्श का माध्य $\bar{x}_n$ वंटन के माध्य का एक अनभिनत प्राक्कलक है। क्योंकि $\bar{x}_n$ एक $N\left(\mu, \frac{\sigma}{\sqrt{n}}\right)$ चर है। $\therefore E(\bar{x}_n) = \mu$, परंतु प्रतिदर्श का प्रसरण $s_n^2 = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^2$ वंटन के प्रसरण σ^2 के लिए अनभिनत नहीं है क्योंकि

$$E(s_n^2) = E \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} [(x_i - \mu) - (\bar{x} - \mu)]^2 = \frac{1}{n} \left[\sum_{i=1}^{n} \sigma^2 - \sigma^2 \right] =$$

$\frac{n-1}{n} \sigma^2$ s_n^2 की अभिनति $\frac{n-1}{n}\sigma^2 - \sigma^2 = -\frac{1}{n}\sigma^2$ है।

(2) **दक्षता** (efficiency)–यदि हम केवल अनभिनत प्राक्कलकों पर विचार करें तो इनमें से एक ऐसा हो सकता है जिसका प्रसरण अन्य सब प्राक्कलकों के प्रसरण से कम हो। इस प्रकार के प्राक्कलक को **दक्ष-प्राक्कलक** (efficient estimator) अथवा **न्यूनतम-प्रसरण-अनभिनत प्राक्कलक** (minimum variance unbiased estimator) कहते हैं। यदि किसी प्राक्कलक t का प्रसरण σ^2 हो और एक दक्ष प्राक्कलक का प्रसरण σ'^2 हो तो t की **दक्षता** (efficiency) को $\frac{\sigma'^2}{\sigma^2}$ द्वारा नापा जाता है। इस दक्षता को $e(t)$ से सूचित करते हैं।

$$(t) = \frac{\sigma'^2}{\sigma^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(17.1)$$

यदि t और t' दो अनभिनत प्राक्कलक हों तो t को t' से अधिक दक्ष माना जायगा यदि t की दक्षता t' की दक्षता से अधिक हो अथवा $V(t) < V(t')$

मान लीजिए $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ को इस प्रकार क्रम $\gamma_1, \gamma_2, \ldots\ldots, \gamma_n$ में रखा जाय कि $\gamma_1 < \gamma_2 < \ldots\ldots < \gamma_n$ । यदि n एक विषम संख्या हो तो $\gamma_{\frac{n+1}{2}}$ इन प्रक्षणों की माध्यिका होगी । क्योंकि एक प्रसामान्य $N(\mu, \sigma)$ वंटन में माध्य और माध्यिका दोनों μ होते हैं इसलिए यह सिद्ध किया जा सकता है कि इस प्रकार के वंटन से चुने हुए यादृच्छिक प्रतिदर्श के लिए

$$E\left(\gamma_{\frac{n+1}{2}}\right) = \mu$$

यानी $\gamma_{\frac{n+1}{2}}$ भी μ का एक अनभिनत प्राक्कलक है । परंतु $V\left(\gamma_{\frac{n+1}{2}}\right) > \frac{\sigma^2}{n} =$ $V(\bar{x})$, इसलिए μ के प्राक्कलन के लिए $\gamma_{\frac{n+1}{2}}$ से $\bar{x}_n$ अधिक दक्ष है।

संगति (Consistency)

$P[|t_n - \theta| < \epsilon]$ प्रतिदर्श परिमाण n का एक फलन है । यहाँ ϵ कोई भी निश्चित धनात्मक संख्या है । अधिकतर यह आशा की जाती है कि यह प्रायिकता n के साथ साथ बढ़ती जायगी । यदि किसी प्राक्कलक t_n के लिए n के ∞ की ओर प्रवृत्त होने के साथ यह प्रायिकता 1 की ओर प्रवृत्त हो तो t_n को एक **संगत** (Consistent) प्राक्कलक कहेंगे । इस प्रकार यदि t_n एक **संगत** प्राक्कलक है तो

$$\lim_{n \to \infty} P[|t_n - \theta| < \epsilon] = 1 \qquad \ldots\ldots(17.2)$$

उदाहरण के लिए एक प्रसामान्य वंटन $N(\mu, \sigma)$ से चुने हुए प्रतिदर्श का माध्य $\bar{x}_n$ संगत है

$$P[|\bar{x}_n - \mu| < \epsilon] = P\left[-\frac{\epsilon}{\sigma/\sqrt{n}} < \frac{\bar{x}_n - \mu}{\sigma/\sqrt{n}} < +\frac{\epsilon}{\sigma/\sqrt{n}}\right]$$

$$= P\left[-\frac{\epsilon}{\sigma}\sqrt{n} < N(0,1) \text{ चर} < \frac{\epsilon}{\sigma}\sqrt{n}\right]$$

$$\therefore \lim_{n \to \infty} P[|\bar{x}_n - \mu| < \epsilon] = P[-\infty < N(0,1) \text{ चर} < +\infty]$$

$$= 1$$

पर्याप्ति (sufficiency) यदि $(x_1, x_2, \ldots\ldots x_n)$ के संयुक्त वंटन $f(x_1, x_2, \ldots — x_n; \theta)$ को निम्नलिखित रूप में रखा जा सके

$$f(x_1, x_2, \ldots\ldots x_n; \theta) = f_1(t; \theta) \times f_2(x_1, x_2, \ldots\ldots x_n)$$

जहाँ $f_2(x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n)$ ऐसा फलन हो जो θ से स्वतंत्र हो और θ के लिए t एक प्राक्कलक हो तो t को एक **पर्याप्त प्राक्कलक** (sufficient estimator) कहते हैं और किसी प्राक्कलक के पर्याप्त होने के गुण को पर्याप्ति कहते हैं।

यह सिद्ध किया जा सकता है कि यदि t_1 पर्याप्त हो और θ का कोई अन्य प्राक्कलक t_2 हो जो t_1 का फलन नहीं है तो t_1 और t_2 के संयुक्त वंटन को निम्नलिखित रूप में रखा जा सकता है

$$\psi(t_1, t_2; \theta) = \psi_1(t_1; \theta)\, \psi_2(t_2, t_1) \qquad \ldots\ldots (17.3)$$

जहाँ ψ_2 में θ का कोई स्थान नहीं है। इस समीकरण से यह पता चलता है कि t_1 के ज्ञात होने पर t_2 का प्रायिकता घनत्व $\psi_2(t_2, t_1)$ है जो θ से स्वतंत्र है। अर्थात् t_1 के ज्ञात होने पर अन्य कोई भी प्राक्कलक θ पर कोई अतिरिक्त प्रकाश नहीं डाल सकता। प्रेक्षण $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_n$ जो कुछ भी सूचना हमें प्राचल के बारे में देते हैं, वह सब हमें प्राक्कलक t_1 से मिल जाती है। यही कारण इसको पर्याप्त कहने का है।

यदि $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ एक $N(\mu, 1)$ में चुने हुए n प्रेक्षण हैं तो $\underset{\sim}{x} = (x_1, x_2, \ldots\ldots x_n)$ का संयुक्त वंटन निम्नलिखित है

$$f(\underset{\sim}{x}, \mu) = \frac{1}{(2\pi)^{\frac{n}{2}}} e^{-\frac{1}{2}\sum_{i=1}^{n}(x_i - \mu)^2}$$

परंतु $\sum_{i=1}^{n}(x_i - \mu)^2 = \sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x} + \bar{x} - \mu)^2$

$$= \sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x})^2 + n(\bar{x} - \mu)^2$$

$$\therefore f(\underset{\sim}{x}, \mu) = \sqrt{\frac{n}{2\pi}}\, e^{-\frac{1}{2}\left[\frac{\bar{x} - \mu}{1/\sqrt{n}}\right]^2} \times \frac{1}{\sqrt{n}(2\pi)^{\frac{n-1}{2}}} e^{-\frac{1}{2}\sum_{i=1}^{n}(x_i - \bar{x})^2}$$

इस प्रकार इस संयुक्त वंटन को दो गुणन खंडों (factors) के गुणन के रूप में रखा जा सकता है जिसमें से पहिला गुणन खंड तो $\bar{x}$ का घनत्व-फलन है और दूसरा गुणन खंड μ से स्वतंत्र है। इसलिए μ के लिए $\bar{x}$ एक पर्याप्त प्राक्कलक है।

§ १७.२ दो अनभिनत प्राक्कलकों का संचयन

यदि t_1 और t_2 दोनों एक ही प्राचल θ के अनभिनत प्राक्कलक हैं और l_1 तथा l_2 दो ऐसी संख्याएँ हैं जिनका योग १ है तो $l_1t_1+l_2t_2$ भी θ का एक अनभिनत प्राक्कलक है क्योंकि

$$\begin{aligned} E(l_1t_1+l_2t_2) &= E(l_1t_1)+E(l_2t_2) \\ &= (l_1+l_2)\theta \\ &= \theta \end{aligned} \qquad \ldots\ldots(17.4)$$

यदि t_1 का प्रसरण σ_1^2, t_2 का प्रसरण σ_2^2 तथा t_1 और t_2 का सहसंबंध गुणांक ρ हो तो $V(l_1t_1+l_2t_2) = E[l_1(t_1-\theta)+l_2(t_2-\theta)]^2$

$$= l_1^2\sigma_1^2+2l_1l_2\rho\sigma_1\sigma_2+l_2^2\sigma_2^2 \qquad \ldots\ldots(17.5)$$

इस प्रकार के दो अनभिनत प्राक्कलकों का हम इस प्रकार संचय करना चाहते हैं कि $V(l_1t_1+l_2t_2)$ न्यूनतम हो। इसके लिए निम्नलिखित विधि काम में लायी जाती है।

हम पहिले ही एक नवीन राशि Q की परिभाषा निम्नलिखित समीकरण से करते हैं

$$Q = V(l_1t_1+l_2t_2)-\lambda[l_1+l_2-1] \qquad \ldots\ldots(A)$$

अब हम l_1 और l_2 के वे मान मालूम करते हैं जो Q को न्यूनतम कर देते हों। इसके लिए हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होते हैं--

(1) $\dfrac{\partial Q}{\partial l_1} = 0$

अथवा $2l_2\sigma_2^2+2l_2\sigma_1\sigma_2\rho = \lambda \qquad \ldots\ldots(B)$

तथा (2) $\dfrac{\partial Q}{\partial l_2} = 0$

अथवा $2\,l_2\sigma_2^2-2\,l_1\sigma_1\sigma_2\rho = \lambda \qquad \ldots\ldots(C)$

इन दोनों समीकरणों का हल ही हमारे प्रश्न का भी हल है। इनके अनुसार

$$\sigma_1(l_1\sigma_1+l_2\sigma_2\rho) = \sigma_2(l_2\sigma_2+l_1\sigma_1\rho)$$

अथवा $l_1(\sigma_1^2-\sigma_1\sigma_2\rho) = l_2(\sigma_2^2-\sigma_1\sigma_2\rho)$

परंतु $l_1+l_2 = 1$

$$\therefore \quad l_1 = \frac{\sigma_2^2-\rho\sigma_1\sigma_2}{\sigma_1^2-2\rho\sigma_1\sigma_2+\sigma_2^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(B')$$

और $$l_2 = \frac{\sigma_1^2-\rho\sigma_1\sigma_2}{\sigma_1^2-2\rho\sigma_1\sigma_2+\sigma_2^2} \qquad \ldots\ldots\ldots(C')$$

इसी प्रकार यदि हमें एक ही प्राचल के अनेक प्राक्कलक ज्ञात हों तो हम उनका एक ऐसा एकघाती फलन मालूम कर सकते हैं जिसका प्रसरण न्यूनतम हो। इस प्रकार इन प्राक्कलकों के समस्त एकघाती फलनों में से वही सबसे अधिक दक्ष होगा।

§ १७.३ प्राक्कलक प्राप्त करने की कुछ विधियाँ

ऊपर दी हुई परिभाषाओं से आपको यह प्रतीत हुआ होगा कि किसी भी प्राचल के लिए पर्याप्त प्राक्कलक की खोज करनी चाहिए क्योंकि उसके द्वारा प्राचल के बारे में महत्तम सूचना हमें प्राप्त हो सकती है। परंतु यह हमेशा संभव नहीं है। कई वंटनों के लिए और कई प्राचलों के लिए कोई भी प्राक्कलक पर्याप्त नहीं है। इस कारण हमें दूसरी विधियाँ अपनानी पड़ती हैं। इनमें से कुछ जो विशेष महत्त्वपूर्ण हैं नीचे दी हुई हैं।

§ १७·३·१ महत्तम संभाविता विधि (*maximum likelihood method*)

मान लीजिए कि समष्टि असतत है और उसमें से एक यादृच्छिक प्रतिदर्श $(x_1,x_2,\ldots\ldots,x_n)$ का चयन किया जाता है। θ इस समष्टि का एक प्राचल है। इस विशेष प्रतिदर्श के लिए संभाविता फलन L को निम्नलिखित समीकरण द्वारा परिभाषित किया जाता है :

$$L\,(x_1,x_2,\ldots\ldots,x_n;\theta) = p_1\,(\theta)\;p_2\;(\theta)\ldots\ldots(p_i(\theta)\;p_n(\theta)\ldots\ldots(17.6)$$

जहाँ $p_i(\theta)$ x_i के एक ऐसी समष्टि से चुने जाने की प्रायिकता है जिसका प्राचल θ हो।

यदि वंटन सतत हो तो ऊपर लिखे ढंग से संभाविता फलन की परिभाषा देना व्यर्थ है क्योंकि इस स्थिति में प्रत्येक x_i के लिए $p_i(\theta)=0$। इसलिए सतत वंटनों के लिए प्रतिदर्श के संभाविता फलन को निम्नलिखित रूप में रख सकते हैं।

$$L\,(x_1,x_2,\ldots,x_n;\theta) = f\,(x_1,\theta)\,f\,(x_2,\theta) \quad \ldots f\,(x_n,\theta)\ldots \quad (17.7)$$

जहाँ $f\,(x_i,\theta)$ θ प्राचल वाली समष्टि का x_i पर प्रायिकता घनत्वफलन है। उस θ का पता चलाने को, जिसके लिए प्रतिदर्श का संभाविता फलन महत्तम हो जाय,

महत्तम संभाविता विधि कहते हैं। इस मान $\hat{\theta}$ का θ के प्राक्कलक की तरह उपयोग किया जाता है।

क्योंकि L धनात्मक है इसलिए log L का भी परिकलन किया जा सकता है। यह L का एक ऐसा फलन है जो L के साथ बढ़ता है। इसलिए θ के जिस मान के लिए L महत्तम है उसके लिए log L भी महत्तम है। log L का महत्तम मान मालूम करने के लिए हमें निम्नलिखित समीकरण हल करना पड़ेगा।

$$\frac{\partial \log L}{\partial \theta}\Big]_{\theta=\hat{\theta}} = 0 \qquad \ldots\ldots(17.8)$$

इस समीकरण के हल को हम θ का **महत्तम संभाविता प्राक्कलक** (maximum likelihood estimator) कहते हैं। इस प्रकार के प्राक्कलन के कुछ गुण हैं जिनके कारण इसका विशेष महत्त्व है।

(१) यदि θ का कोई दक्ष प्राक्कलक $\hat{\theta}$ है तो संभाविता समीकरण का केवल एक हल होगा और वह होगा $\hat{\theta}$। इस प्रकार यदि कोई दक्ष प्राक्कलक विद्यमान है तो इस विधि से उसका पता चल जाता है।

(२) यदि θ का कोई पर्याप्त प्राक्कलक $\hat{\theta}$ है तो संभाविता समीकरण का हल $\hat{\theta}$ का फलन होगा।

(३) कुछ प्रतिबंध ऐसे होते हैं, जो प्रायः सभी समष्टियों द्वारा संतुष्ट हो जाते हैं। इनके अन्तर्गत संभाविता समीकरण का हल संगत होता है।

(४) यह तो स्पष्ट ही है कि संभाविता समीकरण प्रेक्षित प्रतिदर्श पर आधारित है। इसलिए इसका हल एक यादृच्छिक चर है। बड़े प्रतिदर्शों के लिए इसके हल का वंटन प्रायः प्रसामान्य होता है।

(५) बड़े प्रतिदर्शों के लिए यह हल प्रायः दक्ष होता है। यदि $\hat{\theta}_n$ एक महत्तम संभाविता प्राक्कलक है और $\hat{\theta'}_n$ एक अन्य प्राक्कलक है तो हम एक ऐसी संख्या N मालूम कर सकते हैं कि यदि $n>N$ तो $V(\hat{\theta}_n) \leqslant V(\hat{\theta'}_n)$

आइए, अब हम कुछ प्राचलों के प्राक्कलन के लिए इस विधि का प्रयोग करके देखें।

(I) समष्टि में केवल दो मान हैं 0 और 1 जिनकी प्रायिकता क्रमशः $1-p$ और p हैं। हम n परिमाण का एक प्रतिदर्श लेते हैं जिसमें r मान 1 और बाकी $(n-r)$ शून्य हैं। इस प्रतिदर्श के आधार पर p का प्राक्कलन करना है।

$$L = p^r (1-p)^{n-r}$$

$$\log L = r \log p + (n-r) \log (1-p)$$

$$\frac{\partial \log L}{\partial p} = \frac{r}{p} - \frac{n-r}{1-p}$$

इसलिए संभाविता समीकरण निम्नलिखित है

$$\frac{r}{\hat{p}} - \frac{n-r}{1-\hat{p}} = 0$$

अथवा $r(1-\hat{p}) - (n-r)\hat{p} = 0$

अथवा $\hat{p} = \frac{r}{n}$

(II) समष्टि प्वासों है जिसका प्राचल λ है। हम प्रतिदर्श $x_1, x_2, \ldots x_n$ द्वारा λ का प्राक्कलन करना चाहते हैं।

$$L = e^{-\lambda} \frac{\lambda^{x_1}}{x_1!} \times e^{-\lambda} \frac{\lambda^{x_2}}{x_2!} \times \quad \ldots\ldots \times e^{-\lambda} \frac{\lambda^{x_n}}{x_n!}$$

$$= e^{-n\lambda} \frac{\lambda^{\sum_{i=1}^{n} x_i}}{x_1!\, x_2! \ldots x_n!}$$

$$\log L = -n\lambda + \left(\sum_{i=1}^{n} x_i \right) \log \lambda - \log (x_1! x_2! \ldots x_n!)$$

संभाविता समीकरण निम्नलिखित होगा

$$\left. \frac{\partial \log L}{\partial \lambda} \right]_{\lambda = \hat{\lambda}} = 0$$

अथवा $$-n + \frac{\sum_{i=1}^{n} x_i}{\hat{\lambda}} = 0$$

$$\therefore \quad \hat{\lambda} = \frac{\sum_{i=1}^{n} x_i}{n} = \bar{x}$$

(III) यदि समष्टि $N(\mu,\sigma)$ हो तो

$$L(x_1,x_2,\ldots\ldots x_n, \mu,\sigma) = \frac{1}{(2\pi)^{n/2}\sigma^n} e^{-\frac{1}{2}\sum_{i=1}^{n}\left(\frac{x_i-\mu}{\sigma}\right)^2}$$

$$\log L = -\frac{n}{2}\log(2\pi) - n\log\sigma - \frac{1}{2\sigma^2}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\mu)^2$$

$\hat{\mu}$ के लिए संभाविता समीकरण निम्नलिखित है

$$\left.\frac{\partial \log L}{\partial \mu}\right]_{\mu=,\hat{\mu}\sigma=\hat{\sigma}} = 0$$

अथवा $$\frac{\sum_{i=1}^{n}(x_i-\hat{\mu})}{\hat{\sigma}^2} = 0$$

अथवा $$\hat{\mu} = \bar{x}$$

$\hat{\sigma}$ के लिए संभाविता समीकरण निम्नलिखित है

$$\left.\frac{\partial \log L}{\partial \sigma}\right]_{\mu=\hat{\mu},\sigma=\hat{\sigma}} = 0$$

अथवा $$-\frac{n}{\hat{\sigma}} + \frac{1}{\hat{\sigma}^3}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\hat{\mu})^2 = 0$$

अथवा $$\hat{\sigma}^2 = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\hat{\mu})^2$$

परंतु $$\hat{\mu} = \bar{x}$$

$$\therefore \quad \hat{\sigma}^2 = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2$$

इस अंतिम उदाहरण में हम देखते हैं कि यदि समष्टि में दो या अधिक अज्ञात प्राचल हों तो उन्हें युगपत् (simultaneous) संभाविता समीकरणों की सहायता से प्राक्कलित किया जा सकता है ।

यदि μ ज्ञात होता और केवल σ^2 का प्राक्कलन करना होता तो महत्तम संभाविता प्राक्कलक निम्नलिखित होता

$$\hat{\sigma^2}^2 = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} (x_i - \mu)^2$$

यह देखा जा सकता है कि महत्तम संभाविता प्राक्कलक हमेशा अनभिनत नहीं होता। उदाहरण के लिए

$$\begin{aligned} E(\hat{\sigma^2}) &= \frac{1}{n} E \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^2 \\ &= \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} E(x_i^2) - E(\bar{x}^2) \\ &= \frac{1}{n} \{n(\sigma^2 + \mu^2)\} - \mu^2 + \frac{\sigma^2}{n} \\ &= \sigma^2 \left(1 - \frac{1}{n}\right) \neq \sigma^2 \end{aligned}$$

§ १७.३.२ घूर्ण-विधि (*method of moments*)

किसी समष्टि के घूर्ण उसके प्राचलों के फलन होते हैं। यदि किसी समष्टि के k प्राचल $\theta_1, \theta_2, \ldots\ldots\theta_k$ हैं तो हम निम्नलिखित समीकरणों द्वारा इन प्राचलों के प्राक्कलनों को प्राप्त करते हैं

$$m_i' = \mu_i' \qquad i = 1, 2, \ldots\ldots, n$$

जहाँ m_i' प्रतिदर्श का i—वाँ और μ_i' समष्टि का i—वाँ शून्यांतरिक घूर्ण (raw moment) है। (देखिए अध्याय २)

यह सिद्ध किया जा सकता है कि जिन प्रतिबंधों को प्रायः सभी समष्टियाँ संतुष्ट कर देती हैं उनके अंतर्गत इस प्रकार के प्राक्कलकों का वंटन बड़े प्रतिदर्श परिमाणों के लिए प्रायः प्रसामान्य होता है। यह प्राक्कलक संगत भी होते हैं, परंतु हमेशा अनभिनत नहीं होते। बड़े प्रतिदर्शों के लिए यह प्रायः दक्ष भी नहीं होते।

प्वासों और प्रसामान्य वंटनों के लिए तो यह विधि बहुत ही सरल है क्योंकि प्राचल स्वयं समष्टि के घूर्ण होते हैं। आइए, अब हम एक ऐसी समष्टि और ऐसे प्राचल का उदाहरण लें जिसके लिए प्राचल समष्टि का कोई घूर्ण नहीं होता हो।

मान लीजिए यह समष्टि निम्नलिखित है।

$$f(x, \lambda) = \frac{\alpha^{\lambda}}{\Gamma(\lambda)} \quad e^{-x} \quad x^{\lambda-1} \Big]_{0<x<\infty}^{\alpha>0}$$

जिसमें λ एक ज्ञात अचर है।

$$E(x) = \int_{-\infty}^{\infty} \frac{\alpha^{\lambda}}{\Gamma(\lambda)} x^{\lambda} \quad e^{-x} \, dx$$

$$= \frac{\alpha^{\lambda}}{\Gamma(\lambda)} \cdot \frac{\Gamma(\lambda+1)}{\alpha^{\lambda+1}}$$

$$= \frac{\lambda}{\alpha}$$

$\therefore$ α के प्राक्कलक α^* के लिए निम्नलिखित समीकरण है

$$\bar{x} = \frac{\lambda}{\alpha^*}$$

अथवा $$\alpha^* = \frac{\lambda}{\bar{x}}$$

इसी प्रकार घूर्ण विधि से प्राचलों का प्राक्कलन बहुधा अत्यंत सरल हो जाता है।

§ १७.४ विश्वास्य अंतराल (*Confidence interval*)

जो फलन प्रतिदर्श के लिए एक अद्वितीय मान ग्रहण करता हो उसके द्वारा θ का प्राक्कलन करने के स्थान में हम एक ऐसे अंतराल का भी प्राक्कलन कर सकते हैं जिसमें θ के होने की प्रायिकता एक पूर्व-निश्चित संख्या हो। पहिले तरीके को **बिंदु-प्राक्कलन** (point estimation) और दूसरे तरीके को **अंतराल प्राक्कलन** (interval estimation) कहते हैं।

मान लीजिए, प्रतिदर्श $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ ऐसी समष्टि से चुना गया है जिसको केवल एक प्राचल θ द्वारा निर्धारित किया जा सकता है। यदि t एक ऐसा प्रतिदर्शज है जो $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ तथा θ का फलन है परंतु जिसका बंटन θ से स्वतंत्र है तो हम एक मान t_1 ऐसा मालूम कर सकते हैं कि t के इससे छोटे होने की प्रायिकता एक पूर्व-निश्चित संख्या α हो जहाँ $0<\alpha<$ ।

अर्थात् $$P[t \leqslant t_1] = \alpha \qquad \ldots\ldots\ldots(17.9)$$

यह संभव है कि असमता $t \leqslant t_1$ को हम एक दूसरे रूप $\theta \leqslant t_1^{\alpha}$ अथवा $\theta \geqslant t_1^{\alpha}$ में रख सकें। उदाहरण के लिए यदि समष्टि $N(\mu, 1)$ हो तो $t=(\bar{x}-\mu)$ एक ऐसा प्रतिदर्शज है जो $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ और μ का फलन है परंतु $(\bar{x}-\mu)$ का वंटन $N\left(0, \frac{1}{\sqrt{n}}\right)$ है जो μ से स्वतंत्र है ।

$$\therefore P\left[t \leqslant \frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]=0.975$$

$$P\left[\bar{x}-\mu \leqslant \frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]=0.975$$

अथवा $$P\left[\mu \geqslant \bar{x}-\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]=0.975$$

(देखिए सारणी संख्या 8.2)

साधारणतया हम ऐसे दो मान t_1^{α} और t_2^{α} मालूम करना चाहते हैं कि

$$P\left[t_1^{\alpha} \leqslant \theta \leqslant t_2^{\alpha}\right]=\alpha \qquad \ldots\ldots(17.10)$$

अंतराल $\left(t_1^{\alpha}, t_2^{\alpha}\right)$ को हम θ का **विश्वास्य-अंतराल** (confidence interval) कहते हैं । जिसका **विश्वास-गुणांक** (confidence coefficient) α है। ऊपर के उदाहरण में ।

$$P\left[\bar{x}-\frac{1.96}{\sqrt{n}} \leqslant \mu \leqslant \bar{x}+\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]$$

$$=1-P\left[\bar{x}>\mu+\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]-P\left[\bar{x}<\mu-\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]$$

$$=1-P[(\bar{x}-\mu)\sqrt{n}>1.96]-P[(\bar{x}-\mu)\sqrt{n}<-1.96]$$

$$=1-0.025-0.025$$

$$=0.95$$

मान लीजिए, किसी प्रतिदर्श के लिए $\bar{x}=10$, $n=4$ क्या हम कह सकते हैं कि

$$P[9.02 \leqslant \mu \leqslant 10.98]=0.95$$

इस तरह का वक्तव्य देना अर्थहीन होगा क्योंकि प्रायिकता वक्तव्य किसी यादृच्छिक चर अथवा यादृच्छिक घटना के संबंध में ही दिये जा सकते हैं और ऊपर के वक्तव्य में इस प्रकार की किसी यादृच्छिक घटना की कल्पना नहीं की गयी है ।

$P\left[\bar{x}-\frac{1.96}{\sqrt{n}} \leqslant \mu \leqslant \bar{x}+\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right]=0.95$ एक अर्थपूर्ण वक्तव्य है क्योंकि $\left(\bar{x}-\frac{1.96}{\sqrt{n}}, \bar{x}+\frac{1.96}{\sqrt{n}}\right)$ एक यादृच्छिक अंतराल है जिसमें μ के पाये जाने की प्रायिकता का कुछ अर्थ है । यदि हम बार-बार इस समष्टि में से n परिमाण के प्रतिदर्श लें और इस अंतराल का प्राक्कलन ऊपर दिये हुए सूत्र द्वारा करें तो हम आशा कर सकते है कि 95 प्रतिशत अंतराल ऐसे होंगे जिनमें μ पाया जायगा । और केवल 5 प्रतिशत अंतराल ही ऐसे होंगे कि μ उनके बाहर हो ।

क्योंकि हमारा प्रतिदर्श इस समष्टि में से चुना गया है और क्योंकि अंतराल का प्राक्कलन इस विशेष विधि से किया गया है, इसलिए हमें विश्वास है कि μ इस अंतराल में ही होगा । यदि अंतराल इस प्रकार के अंतरालों में से चुना जाता जिनमें से 90 प्रतिशत में ही μ पाया जाता तो भी हमें यह विश्वास होता कि θ उसी के अंतर्गत है । परंतु इस विश्वास की मात्रा अपेक्षाकृत कम होती । किसी अपनायी हुई विधि से प्राक्कलित अंतरालों में θ के पाये जाने की प्रायिकता को हम इस विश्वास की मात्रा का माप मान सकते है । इसी कारण इसको **विश्वास-गुणांक** कहा जाता है ।

भाग ५

प्रयोग अभिकल्पना

Design of Experiment

अध्याय १८

संपरीक्षण (*experimentation*) में सांख्यिकी का स्थान

§ १८.१ भौतिकी और रसायन के प्रयोगों में सांख्यिकी का साधारण-सा महत्त्व

विज्ञान का इतिहास प्रयोगों (experiments) और उनके फलों को समझने के प्रयत्नों का इतिहास है। विज्ञान की अन्य शाखाओं की अपेक्षा भौतिक और रसायन अधिक पुरातन है। इनमें प्रयोगों की विधि इतनी उन्नत हो चुकी है कि साधारणतया प्रयोगों के फलों में कोई विशेष अंतर नहीं पड़ता; चाहे उन्हें कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान पर और किसी भी समय क्यों न करे। यदि कुछ विशेष अंतर पाया भी जाये तो उसकी व्याख्या तापमान, वायुदाब आदि गिने चुने उपादानों (factors) द्वारा हो सकती है। ऐसे समीकरण ढूँढ़ निकाले गये हैं जो प्रयोगों के फलों को इन उपादानों के फलन के रूप में व्यक्त कर सकते हैं। यह सच है कि प्रयोग के फल और इस फलन के मान में फिर भी कुछ अंतर रह ही जाता है। परंतु यह अंतर इतना कम होता है कि इसे प्रायोगिक त्रुटि (obervational error) समझ लिया जाता है। इस प्रकार के विज्ञान में अथवा उसके विकास के लिए किये गये प्रयोगों में सांख्यिकी का कोई स्थान नहीं है। हाँ, इसमें गाउस (Gauss) के त्रुटि-वंटन का प्रयोग यदा-कदा कर लिया जाता है। इसके अलावा सांख्यिकी के इस सिद्धांत का प्रयोग भी बहुधा किया जाता है कि प्रतिदर्श-परिमाण बढ़ने के साथ साथ प्रतिदर्श माध्य का प्रसरण कम होता जाता है। इसी कारण विज्ञान में यह प्रथा है कि एक ही माप में प्रयोग कर्ता संतुष्ट नही होता। वह एक ही प्रयोग के फलों का भी अनेकों बार माप लेता है। प्रयोगों के फलों का विभिन्न उपादानों से संबंध स्थापित करने के लिए समीकरण में इन मापों के माध्य का ही प्रयोग किया जाता है।

§ १८.२ विज्ञान की अन्य शाखाओं में सांख्यिकी का असाधारण महत्त्व

यद्यपि विज्ञान की इन महत्त्वपूर्ण शाखाओं में सांख्यिकी का कोई विशेष स्थान नहीं है, परंतु अन्य विभागों में विशेषकर प्राणि-विज्ञान और सामाजिक विज्ञानों में

सांख्यिकी ने अपने लिए बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान बना लिया है। इन विज्ञानों में नियम अधिकतर यथार्थ न होकर सांख्यिकीय होते हैं। परंतु यहाँ हमें इन विज्ञानों के नियमों अथवा सिद्धांतों में कोई दिलचस्पी नहीं है। हम तो यह देखना चाहते हैं कि स्वयं संपरीक्षण अथवा प्रयोग-विधि (experimentation) को सांख्यिकी ने कहाँ तक प्रभावित किया है। साधारणतया सांख्यिक स्वयं कोई वैज्ञानिक प्रयोग नहीं करते; परन्तु फिर भी पिछले कुछ वर्षों में सांख्यिकों द्वारा संपरीक्षण विधि पर कई लेख व पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। यह माना जाने लगा है कि वैज्ञानिकों को, जो प्रयोग करके उनके फलों का समुचित उपयोग करना चाहते हैं, इस सांख्यिकीय साहित्य से किसी हद तक परिचित होना आवश्यक है। यदि वे इससे परिचित नहीं हैं या उन्हें किसी विशेष परिस्थिति का सामना करना है तो उन्हें सांख्यिकों से सलाह लेनी चाहिए। अनुसंधानकर्त्ता प्रयोग-विधि निश्चित करने में और प्रयोग के फलों की व्याख्या करने में सांख्यिकी और सांख्यिकों का सहारा इतना अधिक लेने लगे हैं कि कुछ वैज्ञानिकों की राय में अब यह सहारा उचित सीमा का उल्लंघन कर चुका है और वे उसके ऊपर रोक लगाना चाहते हैं। यद्यपि हम इन कतिपय वैज्ञानिकों से सहमत हैं कि कदाचित् सांख्यिकी का आवश्यकतासे अधिक और अनुचित प्रयोग होने लगा है, परंतु **प्रयोग अभिकल्पना** (design of experiments) में सांख्यिकी ने जो स्थान बना लिया है उससे अब उसे हटा देना असंभव है।

§ १८·३ परिकल्पना की जाँच और प्राचलों के प्राक्कलन में प्रयोग अभिकल्पना का महत्त्व

यह हम पहले ही कह चुके हैं कि भौतिक और रसायन के प्रयोगों के फलों के विपरीत अन्य विज्ञानों में प्रयोग को बार-बार दुहराने पर उसके फल भिन्न भिन्न होते हैं। यह हो सकता है कि यदि उन सभी उपादानों को स्थिर रखा जाय जो प्रयोग पर प्रभाव डालते हैं तो इन फलों में भी अंतर न आये। लेकिन अभी तक न तो वैज्ञानिकों को इन सब उपादानों का ज्ञान है और न ही वे ज्ञात उपादानों को नियंत्रित करने की कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर पाये हैं। यही नहीं, बल्कि इनका विश्वास है कि सब छोटे-छोटे उपादानों के प्रभाव का ज्ञान बहुत महत्त्वपूर्ण नहीं होता। अधिक महत्त्वपूर्ण तो यह जानना है कि इन उपादानों का संचित प्रभाव क्या है। कुछ भी हो, यह सच है कि इन प्रयोगों की प्रकृति यादृच्छिक प्रयोगों की सी ही होती है जिनका वर्णन पहिले ही कई बार किया जा चुका है।

हम पिछले कुछ अध्यायों में यह देख ही चुके हैं कि प्रयोग के फलों की व्याख्या किसी हद तक परिकल्पना की जाँच द्वारा किस प्रकार की जा सकती है। इसी प्रकार हम यह भी देख चुके हैं कि प्रतिदर्श से समष्टि के प्राचलों (parameters) का प्राक्कलन (estimation) किस प्रकार किया जाता है। किन्तु अभी तक हमने इस समस्या पर भली भाँति विचार नहीं किया है कि प्रयोग किस प्रकार किये जायँ अथवा प्रतिदर्श किस प्रचार चुने जायँ कि उनको वास्तव में यादृच्छिक की संज्ञा दी जा सके और उनके फलों को यादृच्छिक चर समझा जाना युक्तियुक्त हो। इन यादृच्छिक चरों के प्रायिकता-वंटन का ज्ञात होना ही प्रयोग की व्याख्या को संभव बनाता है। यदि ऐसा हम नहीं कर पाये तो कुछ थोड़े से प्रयोगों के फलों से अथवा एक प्रतिदर्श से प्राचलों का अनुमान लगाना बहुत कठिन हो जायगा।

§ १८.४ उदाहरण

मान लीजिए, एक रोग के लिए दो औषधों की तुलना हम करना चाहते हैं। यदि इन औषधों का सौ-सौ रोगियों पर प्रयोग किया जाय तो हम जानते हैं कि परिकल्पना क्या होनी चाहिए और उसकी जाँच कैसे करनी होगी। परन्तु इस जाँच के लिए द्विपद-वंटन अथवा प्रसामान्य-वंटन का उपयोग हम उसी दशा में कर सकते हैं जब इन रोगियों को संपूर्ण रोगी-जगत् का प्रतिनिधि मान लेना किसी हद तक युक्तिसंगत हो। यदि इन रोगियों का चुनाव यादृच्छिक हो तब तो इन वंटनों का उपयोग संगत है ही—कुछ अन्य परिस्थितियों मे भी इसे ठीक समझा जा सकता है।

परंतु अनेक प्रयोग इस प्रकार किये जाते हैं कि उनसे कोई लाभदायक अनुमान लगाना मुश्किल है। उदाहरण के लिए यदि सभी रोगियों पर एक ही औषध का प्रयोग किया जाय तो उसके उपयोग को नहीं मालूम किया जा सकता। अथवा यदि सभी रोगी जिन्हें एक विशेष औषध दी जाय, एक विशेष अस्पताल के हों तथा अन्य रोगी जिन्हें दूसरी औषध दी जाय दूसरे अस्पताल के हों तो यह प्रयोग गलत होगा। रोगी के नीरोग होने का कारण केवल औषध नहीं होती। उसका भोजन, आराम और सफाई आदि का प्रबंध भी उसके नीरोग होने की प्रायिकता को प्रभावित करते हैं। इस दशा में यदि किसी अस्पताल के रोगियों में से एक बहुत बड़ा अनुपात नीरोग हो जाता है जब कि दूसरे में केवल थोड़े से रोगी स्वास्थ्य लाभ कर पाते हैं तो यह कैसे कहा जा सकता है कि यह अंतर औषधों के प्रभाव के कारण है अथवा दोनों अस्पतालों में रोगियों की देखभाल के भेद के कारण। इस प्रकार किसी प्रयोग का फल यदि कई

उपादानों पर निर्भर हो और हम उनमें से केवल एक का प्रभाव जानना चाहते हों तो अन्य उपादानों के प्रभाव से छुटकारा पाना आवश्यक हो जाता है।

ऊपर के उदाहरण में दोनों औषधों का प्रभाव जानने के लिए यदि दोनों अस्पतालों से पचास-पचास रोगियों के प्रतिदर्श लिये जायँ तो अस्पताल के प्रभावों से छुटकारा पाया जा सकता है। परंतु रोगी के नीरोग होने की प्रायिकता उसकी उम्र और साधारण स्वास्थ्य पर भी तो निर्भर करती है। यदि भूल से हमारे प्रतिदर्श में एक औषध के लिए अधिकतर रोगी वृद्ध और निर्बल हों और जिन रोगियों को दूसरी औषध दी जाय उनमें अधिकतर जवान तथा हृष्टपुष्ट हों तो भी औषध के बारे में अनुमान लगाना कठिन है। हो सकता है कि इन उपादानों के प्रभाव को हटाने के लिए आप प्रतिदर्श का चुनाव इस प्रकार करे कि उम्र का वितरण दोनों प्रतिदर्शों में समान हो। लेकिन किसी रोगी के नीरोग होने अथवा मृत्यु-लाभ करने में इतने अधिक उपादानों का प्रभाव पड़ता है कि उन सबके प्रभावों को बिल्कुल हटा देना असंभव है। कुछ तो यह इस कारण है कि सब उपादान ज्ञात नहीं हैं और कुछ इस कारण कि ज्ञात उपादानों की संख्या भी इतनी अधिक है कि उनका नियंत्रण करने के लिए भी बहुत बड़े प्रतिदर्श की आवश्यकता होगी। इतने बड़े प्रतिदर्श पर प्रयोग करने के लिए खर्चा भी बहुत अधिक होगा और यह संभव है कि उतना रुपया उपलब्ध ही न हो। और यदि हो भी तो शायद इतने अधिक रोगियों को प्रयोग के लिए ढूँढ़ना मुश्किल हो। यदि रोगी भी मिल जायें तो भी इतने बड़े प्रयोग को भली भाँति नियंत्रित करने में अनेक कठिनाइयाँ हैं। यह देखना कि रोगियों को ठीक समय पर औषध दी जा रही है अथवा नहीं, उनके भोजन और आराम आदि की व्यवस्था ठीक है अथवा नही, उनका प्रेक्षण करने के लिए प्रशिक्षित प्रेक्षकों (observers) को पर्याप्त संख्या में प्राप्त करना आदि अनेक कठिनाइयाँ हैं।

§ १८.५ यादृच्छिकीकरण (*Randomization*)

यदि प्रयोग छोटे पैमाने पर हो तो उसका नियंत्रण कठोरता से हो सकता है। यदि छोटे पैमाने के इस प्रयोग से भी समष्टि के बारे में अनुमान लगाना संभव हो तो हम व्यर्थ में प्रयोग को बढ़ाकर अधिक खर्च के साथ-साथ अन्य कठिन समस्याओं को क्यों निमन्त्रित करें? यह स्पष्ट है कि इस छोटे-से प्रयोग द्वारा हम सब उपादानों के प्रभाव को पूरी तौर से हटा नहीं सकते; परन्तु इनके कारण प्रयोग में जो अभिनति (*bias*) आ सकती है उससे बचने के लिए एक तरकीब है।

इस तरकीब का नाम है "यादृच्छिकीकरण" (*randomization*) जिसका आविष्कार प्रोफेसर रोनाल्ड ए० फिशर ने किया था । इसके अनुसार कौन-सी औषध किन रोगियों को दी जायगी, यह एक यादृच्छिक प्रयोग द्वारा निश्चित किया जाता है । उदाहरण के लिए हर एक रोगी के लिए एक सिक्का उछालकर निश्चित किया जा सकता है कि उसे पहली औषध दी जाय या दूसरी । इसका फल यह होता है कि दोनों औषधों को अधिक वृद्ध अथवा अधिक हृष्ट-पुष्ट रोगियों का इलाज करने का बराबर मौका मिलता है। यह हो सकता है कि किसी विशेष यादृच्छिक प्रयोग के फलस्वरूप एक औषध के लिए परिस्थिति अनुकूल हो और दूसरी के लिए प्रतिकूल हो, क्योंकि रोगियों के दोनों समूह बिलकुल एक समान तो हो सकते नहीं । लेकिन यह अंतर जितना होता है उसका विचार पहिले ही परिकल्पना की जाँच और विश्वास्य सीमाओं के परिकलन में कर लिया जाता है । प्रयोग की अभिकल्पना में ऐसी बहुत कम विशेषताएँ हैं जो वास्तव में आधुनिक हैं। इन कुछ विशेषताओं में यादृच्छिकीकरण एक है । यादृच्छिकीकरण का किस स्थान पर किस प्रकार उपयोग किया जाय यह बहुत कुछ प्रयोग करनेवाले की विवेक-बुद्धि पर निर्भर करता है । ऊपर के उदाहरण में यह काफी है कि कुल रोगियों में से आधे का यादृच्छिक चुनाव किया जाय जिनको पहली औषध देनी है और बाकी रोगियों को दूसरी दवा दे दी जाय । इस विधि में हर एक रोगी के लिए इन दो दवाओं द्वारा इलाज करवाये जाने की प्रायिकताओं को बराबर होना चाहिए । कई अन्य प्रयोगों में—उदाहरण के लिए मनोवैज्ञानिक प्रयोगों में—कई ऐसी क्रियाएँ होती हैं जो अभिनति का कारण हो सकती हैं । बहुधा जिन व्यक्तियों पर ये प्रयोग किये जाते हैं उनमें ही अन्तर पड़ जाता है । वे प्रयोग के दौरान में कुछ अधिक सीख जाते हैं अथवा थकान के कारण उनकी कार्य-दक्षता में अन्तर आ जाता है। ऐसी व्यवस्थित अभिनति से बचने के लिए यादृच्छिकीकरण का उपयोग किया जाता है। अन्य कठिन अवस्थाओं में यादृच्छिकीकरण का एक ही प्रयोग में बार-बार उपयोग करना पड़ सकता है ।

कई बार हमें विश्वास होता है कि बिना यादृच्छिकीकरण के कोई विशेष अभिनति नहीं होनी चाहिए । इस पर भी यह उचित है कि इस सांख्यिकीय क्रिया के करने का कष्ट उठाया जाय । इसके द्वारा प्रयोगकर्ता अनपेक्षित घटनाओं से प्रयोग के बेकार हो जाने की संभावना को दूर कर सकता है । किसी विशेष प्रयोग में इतनी अधिक क्रियाएँ हो सकती हैं कि उन सबके लिए यादृच्छिकीकरण में बहुत समय और धन व्यय होने की आशंका है और कदाचित् उससे इतना लाभ न हो । इस परिस्थिति

में प्रयोगकर्त्ता को निश्चय करना पड़ता है कि कौन-सी क्रियाएँ अभिनति के दृष्टिकोण से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं और यादृच्छिकीकरण को केवल इन क्रियाओं तक ही सीमित रखना पड़ता है ।

§ १८.६ नियंत्रित यादृच्छिकीकरण

यद्यपि इस यादृच्छिकीकरण से अभिनति का परिहार हम कर सकते हैं, फिर भी किसी औषध को विशेष सुविधा(advantage)मिलने की संभावना को पूर्णतया संयोग पर छोड़ना बुद्धिमानी नहीं है । कम से कम कुछ उपादानों के प्रभाव को दोनों औषधों के लिए बराबर-बराबर बाँटने की चेष्टा हमें अवश्य करनी चाहिए । जैसा कि हम पहिले विचार कर चुके हैं, दोनों अस्पतालों में बराबर-बराबर संख्या के रोगियों को उन दोनों प्रकार की औषधों का दिया जाना अधिक उचित जान पड़ता है । यदि हो सके तो रोगियों के उन दोनों वर्गों में—जो इन दो दवाओं का सेवन करने के लिए चुने गये हों—उम्र का वटन और स्वास्थ्य की स्थिति एक समान कर देनी चाहिए । यद्यपि केवल इन्हीं दो उपादानों के प्रभाव से बचाना ही काफी नहीं है तथापि शायद कुल उपादानों के सम्पूर्ण प्रभाव का एक बहुत बड़ा भाग इन्हींके कारण है । हम पूर्ण विश्वास के साथ इनको नियंत्रित करने का जिम्मा सिर्फ संयोग पर नहीं छोड़ सकते । इसके लिए हमें अन्य तरीके अपनाने होंगे । दूसरी ओर आपने शायद यह भी सोचा हो कि परिकल्पना की जाँच के लिए आवश्यक है कि प्रयोग के फल यादृच्छिक चर हों और इस कारण यादृच्छिकीकरण का सर्वथा त्याग उचित नहीं है । ऐसा करने से संपूर्ण प्रयोग के वृथा हो जाने की संभावना है । ऐसी दशा में क्या करना चाहिए? इस समस्या को सुलझाने के लिए बहुत सांख्यिकीय ज्ञान की आवश्यकता नहीं है । यदि आप ध्यानपूर्वक इस पर विचार करें तो समस्या को सुलझा सकते हैं। यद्यपि इस के कई हल हो सकते हैं, परन्तु उनमें से एक निम्नलिखित है।

दो-दो रोगियों के अनेको युग्म (pairs) बनाये जा सकते हैं जिसमें दोनों रोगी जहाँ तक इन उपादानों का संबंध है, एक समान हों । यदि औषधियाँ A और B हों तो हमें इनमें से एक युग्म के लिए यह निर्णय करना होता है कि किस रोगी को A और किसको B दी जाय । यह एक यादृच्छिक प्रयोग द्वारा—उदाहरण के लिए एक सिक्के को उछालकर—किया जा सकता है। इस प्रकार हम इन उपादानों को नियंत्रित भी कर लेते हैं और यादृच्छिकीकरण के उपयोग द्वारा अभिनति का परिहार भी हो जाता है । यदि दो न होकर औषधियों की संख्या n हो तो

हमें कुल रोगियों को ऐसे कुलकों (sets) में बाँटना होगा जो कुछ महत्त्वपूर्ण उपादानों की दृष्टि से समांग हों और प्रत्येक कुलक में रोगियों की संख्या n हो ।

§ १८.७ ब्लॉक

प्रायोगिक इकाइयों के इन कुलकों को—जिनमें विभिन्न **उपचारों** (treatments) को इकाइयों में यादृच्छिकीकरण द्वारा बाँटा जाता है—सांख्यिकीय भाषा में ब्लॉक (block) कहते हैं। इसका कारण यह है कि प्रयोग की अभिकल्पना के सांख्यिकीय सिद्धांतों का आविष्कार आरम्भ में कृषि संबंधी प्रयोगों के लिए ही किया गया था । उनमें यह कुलक एक संहत भूखंड (compact piece of land) होता है जिसे अंग्रेजी में अक्सर ब्लॉक भी कहते हैं । इसी प्रकार अन्य अनेक पारिभाषिक शब्द—जिनका प्रयोग-अभिकल्पना साहित्य में उपयोग होता है—कृषि से संबंधित हैं । परन्तु अब तक आप यह तो समझ ही चुके हैं कि इन सिद्धांतों का उपयोग कृषि-विज्ञान में ही नहीं बल्कि प्राणि-विज्ञान, मनोविज्ञान और सामाजिक-विज्ञान के प्रायः सभी प्रयोगों में होता है ।

§ १८.८ प्रयोग आरंभ करने से पूर्व योजना की आवश्यकता

यह बहुधा देखा जाता है कि वैज्ञानिक प्रयोग के लिए योजना बनाते समय सांख्यिकों से सलाह लेने की आवश्यकता नहीं समझी जाती । जब वे प्रयोग कर चुकते हैं तो संकलित आँकड़ों को सांख्यिकों के सामने रखकर कहते हैं कि आप जरा इनका विश्लेषण और व्याख्या तो कर दीजिए । सांख्यिक प्रायः किसी विज्ञान में विशेष दक्ष नहीं होता और इसलिए उसे यह जानना आवश्यक हो जाता है कि प्रयोग किस उद्देश्य से किया गया था । इसके अलावा प्रयोग में जो विधि अपनायी गयी थी उसका जानना भी आवश्यक होता है । सांख्यिक चेष्टा करता है कि प्रयोग के उद्देश्य को किसी प्रकार सांख्यिकीय परिकल्पना के रूप में रख सके। फिर उसे यह देखना होता है कि प्रयोग के लिए जो विधि अपनायी गयी है उसके द्वारा इस परिकल्पना की जाँच होना कहाँ तक संभव है ।

कुछ उत्साही जन प्रयोगों को बिना पूरी तरह योजना बनाये ही आरम्भ कर देते हैं। बाद में उन्हें यह मालूम होता है कि जिस प्रकार प्रयोग किया गया है उससे उद्देश्य-पूर्ति नहीं होती । अथवा प्रयोग में प्रतिदर्श परिमाण इतना कम था कि उसके आधार पर किसी निश्चित परिणाम पर पहुँचना संभव नहीं । कई बार प्रतिदर्श परिमाण इतना अधिक होता है कि उससे बहुत कम में ही काम चल सकता था । इन सब दशाओं

में प्रयोग में लगाये हुए धन और समय का अपव्यय होता है । यह कहीं अधिक अच्छा हो यदि सांख्यिक की सलाह योजना बनाते समय ही ले ली जाय । ऐसी अवस्था में वह यह आश्वासन दे सकता है कि प्रयोग के उद्देश्य में सफलता मिलने की संभावना है अथवा नहीं ।

§ १८.९ प्रयोग की योजना बनाते समय तीन बातों का ध्यान रखना होता है

(१) प्रयोग का उद्देश्य क्या है ?
(२) प्रायोगिक इकाइयाँ क्या हैं ? प्रयोग किस प्रकार किया जा रहा है और प्रयोग में प्रतिदर्श-परिमाण क्या होगा ?
(३) प्रायोगिक फलों का विश्लेषण किस प्रकार किया जायगा ?

§ १८·१० प्रयोग का उद्देश्य

किसी भी प्रयोग का उद्देश्य एक या अधिक प्रतिदर्शों के आधार पर समष्टि के बारे में ज्ञान प्राप्त करना अथवा उससे संबंधित कुछ कथनों की सत्यता की जाँच करना होता है । सांख्यिक को यह मालूम होना चाहिए कि वह कौन-सी समष्टि है जिसके बारे में वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करना चाहता है । मान लीजिए कि एक प्रयोग का उद्देश्य गेहूँ की फसल के लिए विभिन्न खादों के प्रभाव का पता लगाना है । परन्तु यह उद्देश्य सुस्पष्ट नहीं है । गेहूँ केवल एक ही प्रकार के नहीं होते । वे कई प्रकार के होते हैं । यह जानना आवश्यक है कि प्रयोगकर्त्ता किसी विशेष प्रकार के गेहूँ पर खादों के प्रभाव का अध्ययन करना चाहता है अथवा साधारणतया सभी प्रकार के गेहूँ पर । इसी प्रकार विभिन्न प्रदेशों के जलवायु और जमीन में अन्तर होता है । जो खाद एक प्रदेश में लाभदायक सिद्ध होती है वह किसी दूसरे प्रदेश में बेकार भी हो सकती है । इस कारण यह जानना भी जरूरी है कि प्रयोगकर्त्ता की रुचि किसी प्रदेश-विशेष में है अथवा साधारणतया सभी प्रदेशों में । इस प्रकार प्रयोग के फलों को प्रभावित करनेवाले उपादानों में से कौन ऐसे हैं जिन्हें स्थिर रखा जा सकता है, यह मालूम हो जाता है ।

यदि उद्देश्य बहुत महत्त्वाकांक्षायुक्त नहीं है—यदि किसी साधारण समष्टि के लिए किसी एक कथन की पुष्टि अथवा उसका खंडन करना हो तो तुलनात्मक दृष्टि से काफी छोटे प्रतिदर्श को लेकर ही प्रयोग किया जा सकता है । यदि प्रयोगकर्त्ता बहुत महत्त्वाकांक्षी है तो संभव है कि उसकी आकांक्षा वर्षों प्रयोग करने पर भी पूरी न हो।

समष्टि के बारे में फैसला हो जाने पर यह जानना आवश्यक है कि वह कथन क्या है जिसकी पुष्टि अथवा खंडन करना प्रयोग का उद्देश्य है। कुछ कथन ऐसे होते हैं जिनकी पुष्टि करना अथवा जिनका खंडन करना प्रयोगों द्वारा असंभव है। इस प्रकार के कथन अधिकतर महत्त्वहीन होते हैं। यदि वे महत्त्वपूर्ण हों भी तो बहुधा प्रयोगकर्त्ता अथवा सांख्यिक के पास उनकी जाँच करने का कोई साधन नहीं होता।

ऊपर के उदाहरण के लिए कथन निम्नलिखित हो सकता है। "खाद A गेहूँ की फसल के लिए अन्य खादों की अपेक्षा अधिक अच्छी है।" प्रश्न यह उठता है कि यह किस दृष्टिकोण से अच्छी है? क्या उसके कारण गेहूँ की पैदावार अधिक होती है? क्या उसके कारण गेहूँ के पौधों में बीमारी से बचने की शक्ति बढ़ती है? क्या उसके कारण गेहूँ की पौष्टिकता (food value) बढ़ जाती है? क्या उसके कारण गेहूँ की फसल जल्दी तैयार हो जाती है? प्रयोग का उद्देश्य इनमें से एक या अधिक प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करना हो सकता है, परंतु योजना के लिए इसका स्पष्टतया जानना आवश्यक है। इसके अलावा ये कथन इस प्रकार के होने चाहिए कि उन्हें एक सांख्यिकीय परिकल्पना के रूप में रखा जा सके।

§ १८.११ प्रायोगिक उपचार (*Experimental treatments*)

उपचारों से हमारा तात्पर्य यहाँ उन विविध क्रियाओं से है जिनके प्रभाव को नापना और उनकी तुलना करना प्रयोग का उद्देश्य होता है। इन क्रियाओं की भली-भाँति व्याख्या करना आवश्यक होता है। हमें यह भी जानना चाहिए कि प्रयोग का उद्देश्य केवल सबसे प्रभावशाली साधन का पता चलाना है अथवा यह मालूम करना है कि इन साधनों के प्रेक्षित प्रभाव का कारण क्या है? यद्यपि कई व्यावहारिक समस्याओं को सुलझाने के लिए सर्वोत्तम साधन का जानना ही यथेष्ट होता है; परंतु कारण के ज्ञान से ही विज्ञान की उन्नति द्रुत गति से होती है। कई बार प्रयोग में हम कुछ ऐसे साधनों पर भी विचार करते हैं जिनके बारे में हम जानते हैं कि इनका व्यवहार कभी नहीं किया जायगा। इन साधनों का उपयोग प्रयोग में केवल कारण जानने के लिए किया जाता है।

§ १८.१२ बहु-उपादानीय प्रयोग (Factorial experiments)

हम पहिले ही कह चुके हैं कि हमें यह जानना आवश्यक है कि किस उपादान के प्रभाव को हम नापना चाहते हैं। दूसरे उपादानों के प्रभाव को हम स्थिर रख सकते हैं। परंतु यह तभी ठीक होगा जब इन उपादानों के प्रभाव संयोज्य (additive)

हों। यदि ऐसा हो तो यह निश्चित करने में कुछ भी कठिनाई नहीं पड़ती कि अन्य उपादानों को किस मान पर स्थिर रखा जाय। परंतु यदि यह प्रभाव संयोज्य नहीं है तो किसी विशेष उपादान का प्रभाव उन मानों पर भी निर्भर हो सकता है जिन पर अन्य उपादानों को अचर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में इस विशेष उपादान के प्रभाव को अन्य उपादानों के कम से कम दो विभिन्न मानों पर नापना ठीक समझा जाता है। इस प्रकार के प्रयोग में हम न केवल इस विशिष्ट अवयव या उपादान के बल्कि अन्य उपादानों के प्रभाव को भी नाप सकते हैं। इस प्रकार के प्रयोगों को बहु-उपादानीय प्रयोग (*factorial experiments*) कहा जाता है। आगे चलकर हम इन प्रयोगों की विधि और उनके विश्लेषण पर विस्तारपूर्वक विचार करेंगे।

§ १८.१३ नियंत्रण इकाइयाँ (*Control units*)

कई बार ऐसा होता है कि जिन इकाइयों पर प्रयोग किया जाता है उनकी किसी विशेषता के कारण प्रयोग व्यर्थ हो जाता है। उदाहरण के लिए एलोपैथी और होमियोपैथी की तुलना को ही लीजिए। आपको शायद पता होगा कि कई शारीरिक रोग केवल मनोदशाजनित अथवा मनःशारीरिक (psychosomatic) होते हैं। उनका कारण कोई भौतिक पदार्थ, रसायन, विष अथवा कीटाणु नहीं होता। यदि रोगी को किसी वजह से यह ख्याल हो जाय कि उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो उसकी यह मनोदशा ही रोग का कारण बन सकती है। यदि रोगी को पता न लगे और वह यह समझे कि उसे कोई बहुत गुणकारी औषध दी जा रही है तो केवल आटे की गोलियों अथवा शुद्ध जल से भी उसका इलाज हो सकता है। ऐसे रोगियों का यदि एलोपैथी अथवा होमियोपैथी द्वारा उपचार किया जाय तो उसका फल इस पर निर्भर करेगा कि रोगी को इनमें से किस पर विश्वास है। आरम्भ में यह पता लगाना कठिन है कि रोगियों में से वे कौन-से हैं जिनका रोग मनः शारीरिक है। ऐसी दशा में यद्यपि हमारा उद्देश्य केवल होमियोपैथी और एलोपैथी की तुलना करना है, तथापि हमें यह आवश्यक हो जाता है कि कुछ रोगियों पर इन दोनों में से किसी भी इलाज का प्रयोग नहीं किया जाय; बल्कि आटे की गोलियों-जैसी निरर्थक दवाई इस्तेमाल की जाय। इस प्रयोग से हम मनः शारीरिक रोग से पीड़ित रोगियों के अनुपात का अंदाजा लगा सकते हैं। इस प्रकार एक निरर्थक उपचार के प्रयोग से प्रयोग निरर्थक न रहकर सार्थक हो जाता है। इस प्रकार की इकाइयों को—जिनपर निरर्थक उपचार किया जाता है—नियंत्रण इकाइयाँ (control units) कहते हैं।

§ १८.१४ प्रयोग-अभिकल्पना का एक सरल उदाहरण

यद्यपि वैज्ञानिक अनेक वर्षों से प्रयोग करते आ रहे हैं, परंतु उनकी अभिकल्पना और विश्लेषण शैली को पहली बार व्यवस्थित रूप में रखने का श्रेय है प्रो० रोनाल्ड ए० फिशर को। अपनी (Design of Experiments) नाम की पुस्तक में उन्होंने अभिकल्पना के सिद्धांतों से परिचित होने के लिए एक कल्पित, परंतु बहुत ही दिलचस्प प्रयोग का उदाहरण दिया है। सांख्यिकीय साहित्य में यह उदाहरण बहुत प्रसिद्ध हो गया है और कुछ अन्य सांख्यिकों ने भी इसी उदाहरण को लेकर प्रयोग-अभिकल्पना की व्याख्या की है। आगे इस कल्पित प्रयोग का संक्षेप में वर्णन किया गया है।

§ १८·१४.१ प्रयोग का उद्देश्य

एक महिला का यह दावा है कि वह चाय को चखकर यह बता सकती है कि प्याले में पहिले चाय डाली गयी थी अथवा दूध। हम ऐसी प्रयोग-अभिकल्पना की समस्या पर विचार करेंगे जिसका उद्देश्य इस कथन की सचाई जाँचना है।

§ १८.१४.२ प्रयोग-विधि

हमारा प्रयोग निम्नलिखित है। कुल आठ प्याले चाय बनायी जाय जिसमें से चार प्यालों में पहिले चाय और अन्य चार में पहिले दूध डाला जाय। इन प्यालों को महिला को एक यादृच्छिक क्रम से दिया जाय और वह चखकर यह बताने की चेष्टा करे कि कौन-सा पदार्थ पहिले डाला गया था—दूध या चाय। महिला को यह पहिले से बता दिया जाय कि प्रयोग में चार प्यालों में दूध पहिले और चार प्यालों में बाद में डाला गया है।

§ १८·१४.३ अस्वीकृति प्रदेश और प्रतिदर्श परिमाण का निश्चय

यह मालूम हो जाने के बाद स्वाभाविक ही है कि वह इन आठ प्यालों को चार चार के दो कुलकों में इस प्रकार विभाजित करने की चेष्टा करेगी—एक में वह प्याले जिनमें दूध पहिले डाला गया है और दूसरे में वे जिनमें बाद में डाला गया है।

आठ वस्तुओं में से चार वस्तुओं के कुल $\binom{8}{4} = \frac{8\times7\times6\times5}{4\times3\times2\times1} = 70$ संचय बनाये जा सकते हैं। यदि महिला दोनों तरह के प्यालों में प्रभेद नहीं कर सकती तो उसके लिए अंदाज से इनको दो कुलकों में ठीक-ठीक बाँटने की प्रायिकता $\frac{1}{70}$ है।

प्यालों की संख्या बढ़ाने से यह प्रायिकता और कम हो जाती है। इसके विपरीत यदि प्यालों की संख्या को और छोटा कर दिया जाता तो यह प्रायिकता इतनी अधिक होती कि प्रयोग के फल को—यदि प्यालों का प्रभेद ठीक भी हो गया हो—संयोग जनित माना जा सकता था। उदाहरण के लिए यदि केवल चार प्याले होते तो अंदाज से उन्हें दो सही संचयों में बाँटने की प्रायिकता $\frac{1}{\binom{4}{2}} = \frac{1\times 2\times 1}{4\times 3} = \frac{1}{6}$ होती।

प्रयोगकर्त्ता को पहिले ही यह निश्चय कर लेना चाहिए कि वह क्या संख्या है जिससे कम प्रयोग के फल की प्रायिकता होने पर उसे विश्वास हो जायगा कि ऐसा केवल संयोग से नहीं हो सकता। इस प्रकार के प्रयोग से क्या लाभ जिसके किसी भी फल से उसे संतोष न हो। यदि वह यह सोचता है कि वे फल जिनकी प्रायिकता पाँच प्रतिशत अथवा उससे भी अधिक है किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए बेकार हैं तो उसके लिए आठ से कम प्यालों में प्रयोग करना निरर्थक है।

प्यालों की कोई भी संख्या संयोग के प्रभाव से हमें पूर्णतया नहीं बचा सकती। हम केवल इस सुविधाजनक नियम को मान लेते हैं कि यदि किसी घटना की प्रायिकता सत्तर में एक है तो वह सांख्यिकीय विचार से सार्थक है। आप यह तो समझ ही गये होंगे कि किसी एक प्रयोग से, चाहे उसका फल कितना ही सार्थक क्यों न हो, हमें पूर्ण विश्वास नहीं हो सकता। दस लाख में एक की प्रायिकता होने पर भी निश्चय ही वह घटना कभी न कभी घट ही सकती है। यह हो सकता है कि हमें आश्चर्य हो कि ऐसी असंभावी घटना हमारे ही प्रयोग में क्यों हुई।

यदि हम किसी प्राकृतिक घटना को प्रयोग द्वारा प्रमाणित करना चाहते हैं तो इक्के-दुक्के प्रयोग इसके लिए काफी नहीं हैं। इसके लिए भरोसा करने लायक एक विशेष प्रयोग-विधि की आवश्यकता है। मान लीजिए कि हमारे प्रयोग में महिला आठ में से छः प्यालों को ठीक-ठीक पहचान लेती है। यदि महिला में प्रभेद शक्ति नहीं हो तो इस घटना की प्रायिकता $\binom{4}{1}\binom{4}{1} \div \binom{8}{2} = \frac{16}{70}$ है। यह स्पष्ट है कि यदि इस घटना को सार्थक समझा जाता है, तो सही प्रभेद को तो सार्थक मानना ही पड़ेगा। इस प्रकार इस घटना अथवा इससे अधिक सार्थक घटना के घटने की प्रायिकता $\frac{17}{70}$ है। यह बहुत अधिक है। इस कारण इस प्रयोग में केवल एक घटना

है जो सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक है और वह है महिला द्वारा प्यालों का शत प्रतिशत सही प्रभेद।

§ १८.१५ निराकरणीय परिकल्पना को सिद्ध नहीं किया जा सकता

इस प्रयोग में निराकरणीय परिकल्पना यह है कि महिला में प्रभेद शक्ति अनुपस्थित है। यह आपको याद ही होगा कि प्रयोग द्वारा निराकरणीय परिकल्पना को सिद्ध नहीं किया जा सकता—हाँ, उसका असिद्ध (disprove) होना संभव है। यह तर्क रखा जा सकता है कि यदि हमारा प्रयोग इस परिकल्पना को असिद्ध कर देता है कि महिला में प्रभेद शक्ति नहीं है, तो इसके द्वारा एक विपरीत कल्पना यह भी सिद्ध हो सकती है कि महिला में प्रभेद शक्ति विद्यमान है। परंतु यह विपरीत कल्पना एक निराकरणीय परिकल्पना का स्थान ग्रहण नहीं कर सकती, क्योंकि यह तो अनिश्चित ही रह जाता है कि विद्यमान प्रभेद शक्ति कितनी है। निराकरणीय परिकल्पना का पूर्णतः निश्चित (exact) होना आवश्यक है, क्योंकि इसके आधार पर ही प्रायिकता की गणना की जाती है।

§ १८.१६ भौतिक स्थितियों पर नियंत्रण की आवश्यकता

अब हमें यह देखना है कि किस दशा में यह कहा जा सकता है कि यदि महिला में प्रभेद शक्ति नहीं है तो प्रयोग के फल केवल संयोग पर निर्भर होंगे। मान लीजिए, उन सब प्यालों में जिनमें पहले दूध डाला जाता है, दो-दो चम्मच चीनी पड़ी हो, जब कि अन्य प्यालों में चीनी डाली ही नहीं गयी हो, तो दोनों प्रकार के प्यालों में प्रभेद करना बहुत ही आसान हो जायगा, क्योंकि यह स्वाद का भेद किसी भी मनुष्य द्वारा आसानी से पहचाना जा सकता है। इस प्रकार चार-चार प्यालों के ये कुलक या तो सब ठीक या सब गलत श्रेणी में रखे जायँगे और परिकल्पना की जाँच न्याययुक्त नहीं होगी। अतः प्रयोग में अन्य भौतिक स्थितियों पर नियंत्रण रखना भी आवश्यक है।

§ १८.१७ प्रयोग को अधिक सुग्राही (*Sensitive*) बनाने के कुछ तरीके

अब यदि महिला का कथन यह नहीं है कि वह हमेशा दो तरह के प्यालों में प्रभेद कर सकती है, बल्कि केवल यह है कि यद्यपि कभी कभी उससे भूल हो सकती है तथापि अधिकतर वह प्यालों को ठीक पहचान सकती है। इस दशा में उसको अपने कथन की सचाई का प्रमाण देने के लिए अधिक विस्तृत प्रयोग की आवश्यकता होगी।

यदि प्रयोग में कुल बारह प्यालों का उपयोग किया जाय, जिनमें दोनों प्रकार के

छः-छः प्याले हों तो बिलकुल ठीक प्रभेद करने की प्रायिकता $\frac{1}{\binom{12}{6}} = \frac{1}{924}$ है। 10 के ठीक और दो के गलत पहचाने जाने की प्रायिकता $\frac{\binom{6}{1}\binom{6}{1}}{\binom{12}{6}} = \frac{36}{924}$ है। क्योंकि $\frac{37}{924} < \frac{1}{20}$ इसलिए प्रयोग का यह फल भी सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक माना जा सकता है। प्रयोगों के परिमाण को अधिकाधिक बढ़ाने से वह निराकरणीय परिकल्पना से प्राप्त तथा वास्तविक प्रायिकताओं के सूक्ष्मतर अंतर को पहचानने योग्य होता जाता है।

सूक्ष्मतर अंतर को पहचानने का एक और तरीका यह है कि छोटे प्रतिदर्श-परिमाण के प्रयोगों को ही कई बार दुहराया जाय। यदि आठ प्यालों के प्रयोग को ही आठ बार दुहराया जाय और इसमें से दो बार भी महिला ठीक प्रभेद कर पाये, तो इस घटना की और इससे भी अधिक सार्थक घटनाओं की प्रायिकता $1 - \left[\binom{8}{1} \times \frac{1}{70} \times \left(\frac{69}{70}\right)^7 + \left(\frac{69}{70}\right)^8 \right]$ है जो पाँच प्रतिशत से कम है। इस कारण इस फल को भी सार्थक माना जा सकता है।

प्रयोग को विस्तृत करने के अलावा उसे अधिक सुग्राही बनाने के अन्य उपाय भी हैं। उदाहरण के लिए हर एक प्याले के लिए हम स्वतंत्र रूप से यह तय कर सकते थे कि उसमें दूध पहले डाला जाय या चाय। इसमें यह नियंत्रण उठा लिया गया है कि चार प्यालों में चाय पहले होगी और चार में दूध। हर एक प्याले को महिला के पास भेजने से पहले सिक्का उछालकर दूध या चाय के संबंध में निश्चय किया जा सकता है। यदि महिला में प्रभेद शक्ति नहीं है तो इस प्रकार भेजे हुए प्यालों को ठीक-ठीक पहचानने की प्रायिकता $\left(\frac{1}{2}\right)^8 = \frac{1}{256}$ है। सात प्यालों को ठीक और एक को गलत बताने की प्रायिकता $\frac{8}{256} = \frac{1}{32}$ है जो पाँच प्रतिशत से कम है। इसलिए यह घटना भी सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक है। इस प्रकार प्रयोग विधि को बदल देना कई बार लाभदायक होता है, परंतु इस विशेष प्रयोग में इस नूतन विधि का उपयोग कई बार गड़बड़ी पैदा कर सकता है। यह संभव है कि इस विधि के फलस्वरूप आठों प्याले एक ही प्रकार तैयार किये जायँ। इस प्रकार के प्रयोग से जिस व्यक्ति पर

यह प्रयोग किया जा रहा हो उसका घबरा उठना स्वाभाविक है। इसके अलावा यह हो सकता है कि यदि वह दोनों प्रकार की चाय चखे तो अंतर को पहचान सकता है। परंतु यदि सब प्यालों में एक ही प्रकार चाय बनायी जाय तो उसके पास इस अंतर को पहचानने का कोई तरीका ही नहीं रह जाता।

ऊपर के प्रयोग की व्याख्या से आप प्रयोग-परिमाण, यादृच्छिकीकरण तथा प्रयोग को नियंत्रण में रखने की आवश्यकता तथा महत्त्व समझ गये होंगे। हमें कई इससे भी अधिक जटिल प्रयोगों का विश्लेषण करना होता है, जिनमें प्रायिकता इतनी सरलता से परिकलित नहीं हो सकती। इस काम के लिए कुछ अन्य सिद्धांतों की आवश्यकता होती है जिनको हम अगले कुछ अध्यायों में समझाने का प्रयत्न करेंगे।

अध्याय १९

प्रसरण–विश्लेषण

(Analysis of Variance)

§ १९.१ एक प्रयोग

मान लीजिए कि एक कारखाने में रबर के टुकड़े बनते हैं। किसी विशेष कार्य के लिए उनकी लंबाई एक निश्चित मान के लगभग होनी चाहिए। इन टुकड़ों की औसत लंबाई नापने के लिए एक प्रेक्षक रखा गया है। यह स्पष्ट है कि प्रेक्षक यदि हर एक टुकड़े को नापे तो बहुत अधिक समय लगेगा। इसलिए वह कारखाने में बने हुए रबर के टुकड़ों के एक प्रतिदर्श को लेकर उसी की लंबाई नापेगा। इसके अलावा एक ही टुकड़े की लंबाई भी यदि बार-बार नापी जाय तो फल हमेशा एक-सा नहीं होगा। कुछ तो इस कारण कि मापनी (scale) के दो विभाजनों के बीच में होने पर प्रेक्षक को अनुमान लगाना पड़ता है। इसके अलावा रबर की लंबाई को नापने के लिए उसे खींचकर रखना पड़ता है। इस खिचाव से भी लंबाई में अंतर पड़ सकता है और यदि प्रयोग बार-बार किया जाय तो खिचाव हर बार बिलकुल एक-सा नहीं होगा।

इस प्रकार यदि एक प्रतिदर्श से टुकड़ों की औसत लंबाई का अनुमान लगाया जाता है तो उसमें दो प्रकार की त्रुटियों का प्रभाव पड़ेगा। एक तो भिन्न भिन्न टुकड़ों की लंबाई में अंतर के कारण और दूसरे एक ही टुकड़े की लंबाई के नापने में प्रेक्षण-त्रुटि (observational error) के कारण। इसी प्रकार लगभग सभी प्रयोगों का फल अनेक उपादानों पर निर्भर करता है। कई बार प्रयोग का उद्देश्य यह जानना होता है कि किसी विशेष उपादान का कोई प्रभाव है या नहीं।

§ १९.२ प्रसरणों का संयोज्यता गुण (*Additive property of variances*)

ऊपर के प्रयोग में टुकड़ों की प्रेक्षित लंबाइयाँ यादृच्छिक चर हैं। मान लीजिए कि कुल k टुकड़ों का प्रतिदर्श चुना गया है। इनमें से i–वें टुकड़े की लंबाई को हम l_i से सूचित करेंगे। यदि समष्टि के कुल टुकड़ों की औसत लंबाई l हो तो एक त्रुटि

तो समष्टि में से केवल k टुकड़ों के चुने जाने के कारण होगी, जो प्रतिदर्श-परिमाण और li के प्रसरण पर निर्भर करेगी। इस त्रुटि को **प्रतिदर्शी-त्रुटि** (sampling error) कहते हैं। यह प्रसरण $E(l_i - l)^2$ है जिसको हम σ_1^2 से सूचित करेंगे।

मान लीजिए, प्रतिदर्श के i–वें टुकड़े को n_i बार नापा जाता है और j–वीं बार के नापने के फल को l_{ij} से सूचित करते हैं। l_{ij} भी एक यादृच्छिक चर है जिसके प्रसरण $E[(l_{ij} - l_i)^2 | l_i]$ को हम σ_0^2 से सूचित करेंगे। हम यह मान लेते हैं कि यह प्रसरण, जो प्रेक्षण त्रुटि का माप है, हर एक टुकड़े के लिए बराबर है। यदि हम बिना प्रतिबंध के l_{ij} के प्रसरण को σ^2 से सूचित करें तो

$$\begin{aligned} \sigma^2 &= E[l_{ij} - l]^2 \\ &= E[(l_{ij} - l_i) + (l_i - l)]^2 \\ &= E(l_{ij} - l_i)^2 + E(l_i - l)^2 \\ &= \sigma_0^2 + \sigma_1^2 \end{aligned} \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots (19.1)$$

इस प्रकार त्रुटियों के उद्गम यदि स्वतंत्र रूप से प्रभाव डालते हैं तो जो कुल प्रसरण इन दोनों उद्गमों के संयुक्त प्रभाव से होता है, वह अलग-अलग प्रभावों के प्रसरणों का योग होता है।

इस गुण को प्रसरणों का संयोज्यता गुण कहते हैं।

§ १९.३ औसत लंबाई का प्राक्कलन

अब हम देखें कि कुल टुकड़ों की औसत लंबाई का अनुमान कैसे लगाया जा सकता है। हमें यह पता है कि l_{ij} का प्रत्याशित मान l है। यह इस कारण कि

$$\begin{aligned} E(l_{ij}) &= E[E(l_{ij} | l_i)] \\ &= E[l_i] \\ &= l \end{aligned}$$

इस प्रकार यादृच्छिकीकरण द्वारा चुने हुए हर एक टुकड़े पर लिया हुआ प्रत्येक प्रेक्षण l_{ij} समष्टि में औसत लंबाई का अनभिनत प्राक्कलक है। इस कारण यदि $\sum_{i=1}^{k} \sum_{j=1}^{n^i} k_{ij} = 1$ हो जहाँ प्रत्येक k_{ij} एक अचर संख्या है तो $\sum_{i=1}^{k} \sum_{j=1}^{n^i} k_{ij}\, l_{ij}$ भी l का एक अनभिनत प्राक्कलक है क्योंकि

$$E[\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n^i} k_{ij}\, l_{ij}] = \sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n^i} k_{ij}\, E(l_{ij}) \quad \text{(देखिए § ४.१०)}$$

$$= l\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{a^i} k_{ij}$$

$$= l$$

क्योंकि सब l_{ij} प्रेक्षणों का प्रसरण बराबर है, इस कारण इन चरों का वह एक-घाती फलन जिसका प्रसरण निम्नतम हो ऐसा होना चाहिए कि उसमें सब l_{ij} वाले पदों के गुणक बराबर हों। इसलिए इन प्रेक्षणों पर आधारित सर्वोत्तम प्राक्कलक होगा

$$\bar{l} = \sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i} l_{ij}/n$$

जहाँ $n = \sum_{i=1}^{k} n_i$

§ १९.४ औसत लंबाई के प्राक्कलक का प्रसरण

इस प्राक्कलक का प्रसरण क्या होगा ? इसके लिए हम निम्नलिखित सिद्धांत का उपयोग करते हैं। यदि एक ही टुकड़े--मान लीजिए i-वें टुकड़े--को ही n_i बार नापा जाय और इन प्रेक्षणों के माध्य को कुल टुकड़ों की लंबाई के माध्य का अनुमान समझा जाय तो इसमें प्रेक्षण त्रुटि तो कम होकर $\frac{\sigma_o^2}{n_i}$ रह जायगी, परंतु प्रतिदर्शी त्रुटि में कुछ कमी नहीं आवेगी। इस प्रकार इस अनुमान का प्रसरण $\sigma_1^2+\frac{\sigma_o^2}{n_i}$ होगा। यदि इस अनुमान को $\bar{l}_i$ से सूचित किया जाय तो

$$V(\bar{l}_i) = \sigma_1^2+\frac{\sigma_o^2}{n_i} \qquad \ldots\ldots(19.2)$$

परंतु $\bar{l} = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{k} n_i \bar{l}_i$ और $\bar{l}_1, \bar{l}_2, \ldots; \bar{l}_n$

सब स्वतंत्र चर हैं। इसलिए

$$V(\bar{l}) = \frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{k} n_i^2 \left[\sigma_1^2 + \frac{\sigma_o^2}{n_i}\right]$$

$$= \sum_{i=1}^{k} \frac{n_i^2}{n^2}\sigma_1^2 + \frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{k} n_i\,\sigma_o^2$$

$$= \frac{\sigma_1^2}{n^2}\sum_{i=1}^{k} n_i^2 + \frac{\sigma_o^2}{n} \qquad \ldots\ldots(19.3)$$

यदि सब टुकड़ों पर प्रेक्षणों की संख्या बराबर हो और हम इस संख्या को m से सूचित करें तो

$$n_i = m \quad , n = m\,k$$

$$\therefore\ V(\bar{l}) = \frac{1}{k}\sigma_1^2 + \frac{1}{mk}\sigma_o^2 \qquad \ldots\ldots(19.4)$$

§ १९.५ प्रसरण का प्राक्कलन

जब हम किसी प्राचल का अनुमान लगाते हैं तो यह भी आवश्यक है कि हमें इस अनुमान की त्रुटि का भी कुछ अंदाजा हो। यानी हमें $V(\bar{l})$ के प्राक्कलन की भी आवश्यकता है। हम कोशिश करेंगे कि हमें σ_1^2 तथा σ_o^2 के अलग अलग प्राक्कलन प्राप्त हो जायँ।

§ १९.५१ σ_o^2 का प्राक्कलन

आइए, पहिले हम यह देखें कि σ_o^2 का क्या प्राक्कलक हो सकता है। क्योंकि इसमें हम प्रेक्षणों की त्रुटि का पता चलाना चाहते हैं, यह प्राक्कलक एक ही टुकड़े की विभिन्न प्रेक्षित लंबाइयों के अंतर से संबंधित होना चाहिए। मान लीजिए कि हम i–वें टुकड़े पर किये हुए प्रेक्षणों को ही ध्यान में रखते हैं। इन प्रेक्षणों की त्रुटियों का वर्ग-योग $\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2$ है।

$$E\left[\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2\right] = E\left[\sum_{j=1}^{n_i}\{(l_{ij}-l_i)-(\bar{l}_i-l_i)\}^2\right]$$

$$= \sum_{j=1}^{n_i} E(l_{ij}-l_i)^2 - n_i\, E(\bar{l}_i-l_i)^2$$

$$= n_i\ \sigma_o^2 - n_i\ \frac{\sigma_o^2}{n_i}$$

$$= \sigma_o^2\ (n_i-1) \qquad \ldots\ldots(19.5)$$

इस प्रकार σ_o^2 का एक अनभिनत प्राक्कलक $\dfrac{\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2}{n_i-1}$ है। इस प्रकार विभिन्न टुकड़ों से σ_o^2 का प्राक्कलन किया जा सकता है। इन विभिन्न प्राक्कलकों का भारित माध्य (weighted mean) भी σ_o^2 का अनभिनत प्राक्कलक होगा। उदाहरण के लिए $M_o = \dfrac{S_o}{n-k} = \dfrac{\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2}{n-k}$ इसी प्रकार का एक भारित माध्य है जिसमें i–वें प्राक्कलक का भार (n_i-1) है।

परंतु $\sum_{i=1}^{k}(n_i-1)=(n-k)$ है।

§ १९.५.२ σ_1^2 का प्राक्कलन

इस प्रकार हम प्रेक्षण त्रुटि का अनुमान लगा सकते हैं। आइए, अब हम देखें कि प्रतिदर्शी त्रुटि σ_1^2 का अनुमान किस प्रकार लगाया जाय। क्योंकि यह त्रुटि टुकड़ों की वास्तविक लंबाइयों का प्रसरण है, इसलिए यह स्वाभाविक है कि हम इसके लिए टुकड़ों पर किये प्रेक्षणों के माध्यों के अंतर की परीक्षा करें। उदाहरण के लिए

$$S_1 = \sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(\bar{l}_i-\bar{\bar{l}})^2$$

$$= \sum_{i=1}^{k} n_i\,\bar{l}_i^2 - n\bar{\bar{l}}^2 \qquad \ldots\ldots(19.6)$$

$$E(S_1) = \sum_{i=1}^{k} n_i \left[\sigma_1^2 + \frac{\sigma_o^2}{n_i} + l^2\right] - n\left[\frac{\sigma_1^2}{n^2}\sum_{i=1}^{k} n_i^2 + \frac{\sigma_o^2}{n} + l^2\right]$$

$$= \sigma_1^2\left[n - \underbrace{\sum_{i=1}^{k} n_i^2}_{n}\right] + (k-1)\,\sigma_o^2 \qquad \ldots\ldots(19.7)$$

क्योंकि $E(\bar{l}_i^2) = V(\bar{l}_i) + l^2, E(\bar{l}^2) = V(\bar{l}) + l^2$ तथा $\sum_{i=1}^{k} n_i = n$; इस प्रकार σ_1^2 का प्राक्कलक $S'_1 = \dfrac{S_1 - (k-1)M_o}{n - \underbrace{\sum_{i=1}^{k} n_i^2}_{n}}$ होगा। यदि सब n_i बराबर हों और इनका मान m हो तो

$$S'_1 = \frac{S_1 - (k-1)M_o}{n-m} \qquad \ldots\ldots(19.8)$$

तथा $$S_1 = m\sum_{i=1}^{k}(\bar{l}_i - \bar{l})^2 \qquad \ldots\ldots(19.9)$$

§ १९.६ प्रसरण विश्लेषण (*Analysis of variance*)

इन प्रसरणों के प्राक्कलनों के कलन के लिए यह ध्यान देने योग्य बात है कि

$$\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij} - \bar{l})^2 = \sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij} - \bar{l}_i)^2 + \sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(\bar{l}_i - \bar{l})^2$$

$$= S_0 + S_1 \qquad \ldots\ldots(19.10)$$

इस प्रकार साधारण माध्य $\bar{l}$ से प्रेक्षणों के वर्ग-विचलनों (squared deviations) का योग दो भागों के योग के रूप में रखा जा सकता है—

(१) समूह माध्य (group mean) से उस समूह के समस्त चरों के वर्गित विचलनों का योग जिसको **समूहाभ्यन्तरिक वर्ग-योग** (within group sum of squares) कहा जा सकता है।

(२) साधारण माध्य से समूह-माध्यों के वर्गित विचलनों का योग, जिसको **अंतः-सामूहिक वर्ग-योग** (between group sum of squares) की संज्ञा दी जा सकती है, अर्थात्

$$\therefore \quad \text{सम्पूर्ण वर्ग-योग} = \text{अंतर-सामूहिक वर्ग-योग} + \text{समूहाभ्यन्तरिक वर्ग-योग} \qquad \ldots\ldots(19.11)$$

इस प्रकार सम्पूर्ण वर्गित विचलन योग को कुछ भागों में विभाजित करने को प्रसरण विश्लेषण कहते हैं।

§ १९.७ प्रसरण विश्लेषण का परिकल्पना की जाँच में उपयोग

दो प्रकार की समस्याएँ हैं जिनमें प्रसरण विश्लेषण का उपयोग होता है। एक में तो प्रेक्षणों को कुल संभव प्रेक्षणों के एक काल्पनिक जगत् का प्रतिदर्श मान लिया जाता है। विश्लेषण का उद्देश्य इस जगत् के प्रसरण का प्राक्कलन करना होता है। यह कैसे किया जा सकता है यह हम ऊपर के उदाहरण में देख ही चुके हैं। जिन रबर के टुकड़ों को नापा जाता है वह कुल रबर के टुकड़ों के जगत् का एक यादृच्छिकीकृत प्रतिदर्श है। एक ही टुकड़े के जितने नाप लिये जाते हैं उनके कुलक को उस टुकड़े के सब संभव नापों के एक काल्पनिक जगत् का प्रतिदर्श माना जाता है। इन दो जगतों के प्रसरण क्रमशः σ_1^2 और σ_0^2 हैं और उद्देश्य इन दोनों प्रसरणों का अनुमान लगाना है। दूसरे प्रकार की समस्या होती है माध्यों की तुलना। यदि दो समष्टियाँ हों और निराकरणीय परिकल्पना यह हो कि इन दोनों के माध्य समान हैं तो इसकी जाँच किस प्रकार की जायेगी यह हम पहिले ही देख चुके हैं। यदि हमें दो नहीं बल्कि अनेक समष्टियों के माध्यों की तुलना करनी हो अथवा इस परिकल्पना की जाँच करनी हो कि इन सब समष्टियों के माध्य बराबर हैं तो हमें प्रसरण विश्लेषण की शरण लेनी पड़ती है।

मान लीजिए कि ऊपर के उदाहरण में हमारी निराकरणीय परिकल्पना यह है कि प्रतिदर्श के प्रत्येक टुकड़े की वास्तविक लंबाई बराबर है। यदि ऐसा हो तो $\sigma_1^2 = 0$ और

$$E(S_1) = (k-1)\,\sigma_0^2 \qquad \ldots\ldots(19.12)$$

[देखिए समीकरण (19.7)]

इस प्रकार परिकल्पना के अंतर्गतत $M_o = \dfrac{S_o}{n-k}$ तथा $M_1 = \dfrac{S_1}{k-1}$ दोनों ही σ_0^2 के अनभिनत प्राक्कलक हैं। परंतु यदि परिकल्पना सत्य न हो तो M_1 का प्रत्याशित मान σ_0^2 से अधिक होता है। इस कारण यदि यह मान लें कि

$$F = \frac{M_1}{M_0} = \frac{S_1/(k-1)}{S_0/(n-k)}$$

$$= \frac{(\text{अंतर-सामूहिक वर्गयोग})/(k-1)}{(\text{समूहाभ्यन्तरिक वर्गयोग})/(n-k)} \qquad \ldots\ldots(19.13)$$

तो F ऐसा चर है जिसका मान परिकल्पना की सत्यता पर रोशनी डाल सकता है। यदि यह बहुत अधिक हो तो परिकल्पना पर शक होना स्वाभाविक ही है।

§ १९.८ प्रसरण-विश्लेषण सारणी (*Analysis of variance table*)

अंतर सामूहिक, समूहाभ्यन्तर और सम्पूर्ण वर्ग-योगों और उनकी स्वातंत्र्य संख्याओं को एक सारणी के रूप में रखा जा सकता है। इस सारणी को **प्रसरण विश्लेषण सारणी** कहते हैं। ऊपर के प्रयोग के लिए हमें जो सारणी प्राप्त होती है वह नीचे दी हुई है।

सारणी संख्या 19.1

प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण	वर्ग-योग	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-माध्य	वर्ग-माध्य का प्रत्याशित मान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
अंतर सामूहिक	$\sum_{j=1}^{k} n_i(\bar{l}_i-\bar{l})^2 = S_1$	$k-1$	$\frac{S_1}{k-1} = M_1$	$\sigma_0^2+\sigma_1^2\left[n-\sum_{i=1}^{k} n_i^2/n\right]$
समूहाभ्यन्तरिक	$\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n^i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2 = S_0$	$n-k$	$\frac{S_0}{n-k} = M_0$	σ_1^2
सम्पूर्ण	$\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l})^2 = S$	$n-1$	$\frac{S}{n-1}=\frac{S_1+S_0}{n-1}=M$	$\sigma_0^2+\frac{k-1}{n-1}\left[n-\frac{\sum_{i=1}^{k} n_i^2}{n}\right]\sigma^2$

इस सारणी द्वारा यह सरलता से देखा जा सकता है कि सम्पूर्ण वर्ग-योग अंतर-सामूहिक और समूहाभ्यन्तरिक वर्ग-योगों का योग है। इसी प्रकार कुल स्वातंत्र्य संख्या भी अंतर-सामूहिक और समूहाभ्यन्तरिक स्वातंत्र्य-संख्याओं का योग है। वर्ग-

योगों का यह संयोज्यता-गुण प्रसरण विश्लेषण में बहुत महत्त्वपूर्ण है। यदि हम अंतर-सामूहिक वर्ग-योग तथा सम्पूर्ण वर्ग-योग का कलन कर लें तो समूहाभ्यन्तरिक वर्ग-योग पहले को दूसरे में से घटा कर मालूम किया जा सकता है। प्रसरण विश्लेषण सारणी का उद्देश्य केवल इस प्रकार से समूहाभ्यन्तरिक वर्ग-योग का कलन ही नहीं बल्कि अंत में वर्ग-माध्यों के अनुपात $F = \frac{M_1}{M_o}$ का परिकलन है। यही वह चर है जिसके मान के आधार पर हमें सब समूहों के माध्य के बराबर होने की परिकल्पना की जाँच करनी है।

§ १९.९ कुछ कल्पनाएँ जिनके आधार पर निराकरणीय परिकल्पना की जाँच की जाती है

(1) मान लीजिए कि i–वें समूह पर किया हुआ j–वाँ प्रेक्षण l_{ij} एक प्रसामान्य चर है जिसका माध्य l_i और प्रसरण σ_{oi}^2 हैं। इस दशा में हम l_{ij} को निम्नलिखित रूप में रख सकते हैं।

$$l_{ij} = l_i + \epsilon_{ij}$$

जहाँ ϵ_{ij} एक प्रसामान्य चर है जिसका माध्य 0 और प्रसरण σ_{oi}^2 है।

(2) यदि ये ϵ_{ij} एक दूसरे से स्वतंत्र हों तो

$$\frac{1}{\sigma_{oi}^2} \sum_{j=1}^{n_i} (l_{ij} - \bar{l}_i)^2 = \frac{1}{\sigma_{oi}^2} \sum_{j=1}^{ni} (\epsilon_{ij} - \bar{\epsilon}_i)^2$$

ऐसा χ^2—चर होगा जिसकी स्वातंत्र्य-संख्या $(n_i - 1)$ है। (देखिए § ९.११)

इसी प्रकार $\frac{1}{\sigma_{oi}^2} \sum_{j=1}^{n_i} (l_{ij} - \bar{l}_1)^2$, $\frac{1}{\sigma_{oi}^2} \sum_{j=1}^{n_2} (l_{2j} - \bar{l}_2)^2$,

आदि सब यादृच्छिक चरों के वंटन भी χ^2 वंटन है जिनकी स्वातंत्र्य संख्याएँ क्रमशः $(n_1 - 1)$, $(n_2 - 1)$...इत्यादि हैं। इसके अलावा ये चर एक दूसरे से स्वतंत्र है।

इस कारण इन सबका योग $\sum_{i=1}^{k} \frac{1}{\sigma_{oi}^2} \sum_{j=1}^{n_i} (l_{ij} - \bar{l}_i)^2$ भी एक χ^2—चर है जिसकी

स्वातंत्र्य संख्या $\sum_{i=1}^{k}(n_i-1) = (n-k)$ है। (देखिए § ९.४)

(3) अब यहाँ एक और कल्पना करते हैं। वह यह कि हर एक टुकड़े के लिए प्रेक्षण-प्रसरण बराबर है। यानी

$$\sigma_{o1}^2 = \sigma_{o2}^2 = \quad = \sigma_{on}^2 = \sigma_o^2$$

इसलिए $\frac{S_o}{\sigma_o^2} = \frac{1}{\sigma_o^2}\sum_{i=1}^{k}\sum_{j=1}^{n_i}(l_{ij}-\bar{l}_i)^2$ भी एक χ^2_{n-k} चर है।

इसके अलावा

$$(\bar{l}_i-\bar{\bar{l}}) = (l_i-l)+(\bar{\epsilon}_i-\bar{\epsilon})$$

यहाँ $\bar{\epsilon}_i$ एक $N\left(0, \frac{\sigma_o}{\sqrt{n_i}}\right)$ चर है। इस कारण

$\bar{\epsilon}_1, \bar{\epsilon}_2, \ldots\ldots\ldots \bar{\epsilon}_n$ का भारित प्रसरण

$\frac{1}{\sigma^2}\sum_{i=1}^{k} n_i(\bar{\epsilon}_i-\bar{\epsilon})^2 =$ एक χ^2_{k-1} चर है। परंतु

$$\sum_{i=1}^{k} n_i(\bar{\epsilon}_i-\bar{\epsilon})^2 = \sum_{i=1}^{k} n_i[(\bar{l}_i-\bar{\bar{l}})-(l_i-l)]^2$$

§ १९.१० *F*-परीक्षण

यदि हमारी निराकरणीय परिकल्पना यह हो कि

$$l_1 = l_2 = \ldots\ldots\ldots = l_k = l \text{ तो}$$

$$\sum_{i=1}^{k} n_i(\bar{\epsilon}_i-\bar{\epsilon})^2 = \sum_{i=1}^{k} n_i(\bar{l}_i-\bar{\bar{l}})^2 = S_1$$

इसलिए इस परिकल्पना के अंतर्गत अंतर-सामूहिक प्रसरण $\frac{S_1}{\sigma_o^2}$ एक χ^2_{k-1} चर है और क्योंकि यह S_o से स्वतंत्र है इस कारण इस परिकल्पना के अंतर्गत

$$F = \frac{S_1/k-1}{S_o/n-k} \text{ एक } F_{k-1,\,n-k} \text{ चर है।} \quad \text{(देखिए § ११.१)}$$

यदि इसका प्रेक्षित मान सारणी में दिये हुए $F_{k-1,\ n-k}$ के पाँच प्रतिशत बिंदु अथवा किसी निश्चित बिंदु से अधिक हो तो हम इस परिकल्पना को गलत समझते हैं।

ऊपर हमने देखा कि कुछ परिकल्पनाओं के अंतर्गत दो वर्ग-माध्यों का अनुपात एक F–चर होता है और इस कारण हम उन परिकल्पनाओं की जाँच प्रयोग द्वारा कर सकते हैं। ऊपर यह सिद्ध करने के लिए कि इस अनुपात का वंटन F–वंटन है हमने प्रसामान्यता आदि कुछ अन्य कल्पनाओं को भी अपनी मुख्य परिकल्पना के साथ मिला दिया था। सांख्यिकों ने गणना करके यह सिद्ध कर दिया है कि इन अन्य कल्पनाओं की अनुपस्थिति में यद्यपि चर का वंटन F–वंटन नही होगा, परंतु उसके वास्तविक वंटन की 95 प्रतिशत विश्वास्य सीमाएँ F–वंटन की 95 प्रतिशत विश्वास्य सीमाओं से इतने कम अंतर पर होंगी कि हम F– वंटन का ही प्रयोग परिकल्पना को जाँचने के लिए यदि करें तो कोई विशेष त्रुटि नहीं होगी।

इस उदाहरण में हमने देखा कि दो प्रकार की त्रुटियों में से एक प्रकार की त्रुटि की अनुपस्थिति की परिकल्पना को कैसे जाँचा जाता है। अन्य कई ऐसी परिस्थितियाँ हो सकती हैं जिनमें कई प्रकार की त्रुटियाँ प्रेक्षण पर प्रभाव डालती है। इस स्थिति में हम बारी-बारी से हर एक की अनुपस्थिति की परिकल्पना की जाँच करना चाहेंगे। इसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि विचरण के प्रत्येक उद्गम की प्रभावशीलता की जाँच के लिए एक नया प्रयोग किया जाय। प्रयोग की अभिकल्पना इस प्रकार की जा सकती है कि एक ही प्रयोग में सब परिकल्पनाओं की जाँच हो सके। आगे के अध्यायों मे इस प्रकार की कुछ अभिकल्पनाओं को उदाहरण सहित समझाने की चेष्टा की गयी है।

अध्याय २०

यादृच्छिकीकृत-ब्लॉक अभिकल्पना
(Randomized Block Design)

§ २०.१ ब्लॉक बनाने का उद्देश्य

मान लीजिए, गेहूँ की चार किस्में हैं और हम प्रयोग द्वारा यह जानना चाहते हैं कि इनमें से सर्वोत्तम कौन-सी है। यहाँ अच्छी किस्म से हमारा तात्पर्य उस किस्म से है जिसमें प्रति एकड़ अधिक गेहूँ उत्पन्न हो। यह कहा जा सकता है कि यह प्रयोग तो अत्यन्त सरल है। आप इन विभिन्न किस्मों को बोकर देख लीजिए कि किसमें गेहूँ अधिक होता है। परंतु आइए हम तनिक ध्यान इस बात पर दें कि इस प्रयोग में क्या क्या दिक्कतें हो सकती हैं। सबसे बड़ी और पहली दिक्कत तो यह है कि गेहूँ की उपज केवल उसकी किस्म पर ही निर्भर नहीं करती बल्कि बहुत हद तक जमीन भी इसको प्रभावित करती है। यदि धरती उपजाऊ हो तो उसमें मामूली किस्म का गेहूँ भी अधिक उपज दे सकता है। यदि इस प्रयोग में संयोग से अच्छी किस्म का गेहूं बंजर धरती में बो दिया गया और मामूली किस्म का गेहूँ उपजाऊ धरती में बोया जाय तो यह संभव है कि प्रयोग से निष्कर्ष उलटा ही निकले। इसलिए इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि सब गेहूँ एक समान उपजाऊ धरती में बोये जायँ। परन्तु खाद इत्यादि देकर तथा ऊपर से हल चलाकर और पानी देकर खेतों को एक समान करने की चाहे जितनी चेष्टा की जाय उनमें कुछ न कुछ अंतर रह ही जायगा।

यदि आप यह सोचते हों कि एक ही खेत में बारी बारी से किस्मों को बोने से यह समस्या हल हो जायगी तो यह भी आपका भ्रम है। एक तो यह दिक्कत है कि धरती का उपजाऊपन समय के साथ बदलता है और किसी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि पिछले वर्ष इसमें कौन-सी फसल बोयी गयी थी। इसके अलावा जलवायु का खेती पर जो महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है उसे तो आप जानते ही हैं। इसके ही कारण एक ही खेत में एक ही प्रकार के गेहूँ की उपज भी भिन्न-भिन्न वर्षों में भिन्न-भिन्न होती है। इसलिए यदि हमें गेहूँ की किस्मों की तुलना करनी है तो यह आवश्यक है कि प्रयोग-काल अलग-अलग न हों।

इस प्रकार हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि एक ही समय में और जहाँ तक हो सके एक समान उपजाऊ धरती पर ही इन सब किस्मों को बोया जाय। यदि एक ही खेत के छोटे-छोटे विभाजन करके उसमें उनको बोया जाय तो यह आशा की जा सकती है कि इन विभाजनों के उपजाऊपन में विशेष अंतर नहीं होगा। फिर भी कुछ अंतर इनमें अवश्य होगा और इसका ध्यान हमें तुलना करते समय रखना पड़ेगा। यदि प्रेक्षित उपजों का अंतर साधारण हो तो कदाचित् यह इन विभाजनों के उपजाऊपन के अंतर के कारण ही हो और इस परिस्थिति में हमारे लिए यह कहना संभव नहीं है कि कौन-सी किस्म सर्वश्रेष्ठ है अथवा किस्मों की उपज में कुछ अंतर है भी अथवा नहीं।

§ २०.२ यादृच्छिकीकरण और पुनःप्रयोग (*Randomization and replication*)

किसी विशेष किस्म की कोई तरफदारी हम अपनी ओर से नहीं करना चाहते। इसलिए किस विभाजन में कौन-सी किस्म का गेहूँ बोया जाय, यह निश्चय यादृच्छिकीकरण द्वारा किया जाता है। फिर भी संयोग के प्रभाव को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि एक ही किस्म का गेहूँ एक से अधिक विभाजन में बोया जाय। इस प्रकार यदि संयोग से एक विभाजन उसे अच्छा मिल जाता है तो एक साधारण भी मिले। सभी विभाजन अच्छे या सभी साधारण हों इसकी प्रायिकता को घटा कर हम लगभग शून्य के बराबर कर देना चाहते हैं। इसके लिए जो तरकीब साधारणतया काम में लायी जाती है वह निम्नलिखित है।

एक साधारण लंबाई चौड़ाई के भूमि खंड को, जिसे आगे हम ब्लॉक कहेंगे, चार भागों में विभाजित किया जाता है। इन भागों को हम प्लाट कहेंगे। इन चारों भागों में एक-एक किस्म का गेहूँ बो दिया जाता है। कौन-से प्लॉट में कौन-सा गेहूँ बोया जायगा, यह यादृच्छिकीकरण द्वारा तय किया जाता है। इन प्लॉटों के एक छोटे भूखंड के भाग होने के कारण समझा जा सकता है कि इनके स्वाभाविक उपजाऊपन में अधिक अंतर होगा। इस प्रकार के भिन्न-भिन्न कई ब्लॉकों में प्रयोग किया जाता है जिनमें से हर एक में गेहूँ की चार किस्मों के लिए प्लॉटों का वितरण यादृच्छिकीकरण द्वारा किया जाता है।

§ २०.३ यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना और पूर्णतः यादृच्छिकीकृत अभिकल्पना में अन्तर

इस प्रकार यदि कुल r ब्लॉकों पर प्रयोग किया जाय तो प्रत्येक प्रकार के गेहूँ के लिए r प्लॉट मिलते हैं। परंतु यह $4r$ प्लॉटों में से r प्लाटों के यादृच्छिकीकरण

द्वारा चुने जाने से भिन्न है। इस प्रकार की **पूर्णतः यादृच्छिकीकृत अभिकल्पना** (completely randomized design) में इस घटना की प्रायिकता बहुत कम है कि हर एक ब्लॉक में हर एक किस्म का गेहूँ एक-एक प्लॉट में बोया जाय। किसी ब्लॉक में किसी विशेष किस्म का गेहूँ दो या अधिक बार बोया जाता और किसी अन्य ब्लॉक में किसी अन्य किस्म का। यह संभव है कि ब्लॉकों के उपजाऊपन में काफी अंतर हो। इस दशा में यदि इन चार किस्मों के गेहूँ की औसत पैदावारों की तुलना प्रयोग में की जाय तो उसमें ब्लॉकों के उपजाऊपन का अंतर इतनी अधिक त्रुटि उत्पन्न कर देगा कि यदि इन किस्मों में अंतर मामूली हो तो इस प्रयोग द्वारा हम इसे नहीं जान सकेंगे। परंतु हर एक ब्लॉक में प्रत्येक किस्म के गेहूँ को एक एक प्लॉट में बोने से यदि ब्लॉकों के बीच में कुछ अन्तर हो भी तो उसका प्रभाव जाता रहता है। इस प्रकार की प्रयोग अभिकल्पना को यादृच्छिकीकृत-ब्लॉक अभिकल्पना (randomized block design) कहते हैं।

नीचे इसी प्रकार के प्रयोग का एक नक्शा दिया हुआ है। चार किस्म के गेहुँओं को क्रमशः A, B, C और D की संज्ञा दी गयी है। ब्लॉकों को नम्बर I, II इत्यादि दिये गये हैं। इस प्रयोग में ब्लॉकों की कुल संख्या छः है।

I

A	D
C	B

II

B	C
A	D

III

C	A
D	B

IV

C	D
A	B

V

C	D
A	B

VI

B	D
A	C

$$= \sum_{j=A}^{D} v^2_j + \sum_{j=A}^{D} (\bar{\epsilon}_{\cdot j} - \bar{\epsilon})^2$$

$$+ 2 \sum_{j=A}^{D} v_j \, (\bar{\epsilon}_{\cdot j} - \bar{\epsilon})$$

परंतु v_j और $\bar{\epsilon}_j$ स्वतंत्र हैं। इस कारण

$$\sum_{j=A}^{D} v_j \, (\bar{\epsilon}_{\cdot j} - \bar{\epsilon}) = \frac{\sum_{j=A}^{D} v_j \sum_{j=A}^{D} (\bar{\epsilon}_{\cdot j} - \bar{\epsilon})}{4}$$

$$= 0$$

किन्तु हर एक $\bar{\epsilon}_{\cdot j}$ का वंटन $N\left(0, \frac{\sigma}{\sqrt{6}}\right)$ है। इस कारण $\frac{\sigma^2}{6}$ का अनभिनत अनुमान $\frac{I}{3} \sum_{j=A}^{D} (\bar{\epsilon}_{\cdot j} - \bar{\epsilon})^2$ है। (देखिए § १७.३.१)

यानी $\frac{I}{3} \sum_{j=A}^{D} v_j^2 + \frac{\sigma^2}{6}$ का अनभिनत प्राक्कलक $\frac{I}{3} \sum_{j=A}^{D} (\bar{y}_{\cdot j} - \bar{y})^2$ है। यदि सब v_j बराबर हों तो

$$v_A = v_B = v_C = v_D = 0 \qquad \text{(देखिए समीकरण 20.3)}$$

तथा $$E\left[\frac{I}{3} \sum_{j=A}^{D} (\bar{y}_{\cdot j} - \bar{y})^2\right] = \frac{I}{6} \sigma^2 \qquad \ldots\ldots(20.7)$$

(2) इसी प्रकार

$$E\left[\frac{I}{5} \sum_{i=1}^{VI} (\bar{y}_{i\cdot} - \bar{y})^2\right] = \frac{I}{5} \sum_{i=1}^{VI} b_i^2 + \frac{\sigma^2}{4} \qquad \ldots\ldots(20.8)$$

यदि ब्लॉकों के कारण उपज पर कोई प्रभाव पड़ता हो तो

$$b_I = b_{II} = b_{III} = b_{IV} = b_V = b_{VI} = 0 \text{ और}$$

$$E\left[\frac{I}{5} \sum_{i=1}^{VI} (\bar{y}_i - \bar{y})^2\right] = \frac{\sigma^2}{4} \qquad \ldots\ldots\ldots(20.9)$$

§ २०.७ बिना परिकल्पना के σ^2 का प्राक्कलन

इस प्रकार हमें दो परिकल्पनाओं के अंतर्गत σ^2 के दो विभिन्न प्राक्कलक प्राप्त हुए। अब देखना यह है कि बिना परिकल्पना के भी σ^2 का अनभिनत प्राक्कलन संभव है अथवा नहीं।

$$\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(y_{ij}-\bar{y})^2=\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(v_j+b_i+\epsilon_{ij}-\bar{\epsilon})^2$$ [देखिए समीकरण (20.1), (20.2) और (20.3)]

$$=6\sum_{j=A}^{D}v_j^2+4\sum_{i=1}^{VI}b_i^2+\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(\epsilon_{ij}-\bar{\epsilon})^2$$

$$+2\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}v_j b_i+2\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}v_j(\epsilon_{ij}-\bar{\epsilon})+2\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}b_i(\epsilon_{ij}-\bar{\epsilon})$$

इनमें से अंतिम तीनों राशियाँ शून्य के बराबर हैं क्योंकि v_j, b_i और ϵ_{ij} एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। और $E(v_j)=E(b_i)=0$ (देखिए § ४.९)

इस प्रकार $\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(y_{ij}-\bar{y})^2$ का प्रत्याशित मान $6\sum_{j=A}^{D}v_j^2+4\sum_{i=1}^{VI}b_i^2+23\sigma^2$ है। इसमें से यदि $6\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y})^2+4\sum_{i=1}^{VI}(\bar{y}_{i\cdot}-\bar{y})^2$ घटा दिया जाय तो शेष राशि का प्रत्याशित मान $15\sigma^2$ होगा। यह अनुमान किसी परिकल्पना पर आधारित नहीं है।

§ २०.८ प्रसरण विश्लेषण सारणी

इस प्रकार के कुल तीन प्राक्कलक हैं।

(1) $\dfrac{6\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y})^2}{3}$ यह इस परिकल्पना पर आधारित है कि गेहूँ की किस्मों में पैदाबार के दृष्टिकोण से कोई अन्तर नहीं है। या

$$v_A=v_B=v_C=v_D$$

(2) $$\frac{4}{5}\sum_{i=1}^{VI}(\bar{y}_{i\cdot}-\bar{\bar{y}})^2$$

यह इस परिकल्पना पर आधारित है कि ब्लॉकों के उपजाऊपन म कोई अंतर नहीं है अथवा

$$b_I = b_{II} = b_{III} = b_{IV} = b_V = b_{VI}$$

(3) $$\frac{\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(y_{ij}-\bar{\bar{y}})^2 - 6\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{\bar{y}})^2 - 4\sum_{i=1}^{VI}(\bar{y}_{i\cdot}-\bar{\bar{y}})^2}{15}$$

यह सभी परिकल्पनाओं से स्वतन्त्र हैं। हम इन सब निष्कर्षों को एक प्रसरण-विश्लेषण सारणी के रूप में रख सकते हैं।

सारणी संख्या 20·1

प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	वर्ग योग	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग माध्य	वर्ग माध्य का प्रत्याशित मान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
किस्म	$\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{\bar{y}})^2 = S_1$	3	$\frac{S_1}{3}=M_1$	$\sigma^2+\frac{6}{3}\sum_{j=A}^{D}v_j^2$
ब्लॉक	$\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{i\cdot}-\bar{\bar{y}})^2 = S_2$	5	$\frac{S_2}{5}=M_2$	$\sigma^2+\frac{4}{5}\sum_{i=1}^{VI}b_i^2$
त्रुटि	* $= S_e$	15	$\frac{S_e}{15}=Me$	σ^2
कुल	$\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(y_{ij}-\bar{\bar{y}})^2 = S$	23		

* यह राशि S_e S_2 और S_1 के योग को S में से घटा कर प्राप्त की जाती है। $S_e = S-(S_1+S_2)$

§ २०.९ परिकल्पनाओ की जाँच

सब ν_j शून्य के बराबर हैं इस परिकल्पना के अंतर्गत M_1 और M_e दोनों ही σ^2 के प्राक्कलक हैं और $\frac{S_1}{\sigma^2}$ तथा $\frac{S_e}{\sigma^2}$ क्रमशः χ^2_3 और χ^2_{15} चर है। इस कारण $\frac{M_1}{M_e}$ $F_{3,15}$ एक चर है। (देखिए § ११·१) यदि प्रयोग में इस अनुपात $\frac{M_1}{Me}$ का मान $F_{3,15}$ के पाँच प्रतिशत बिंदु से अधिक हो तो हम उस परिकल्पना को असत्य समझेंगे जिसके आधार पर $\frac{M_1}{M_e}$ का वंटन $F_{3,15}$ था अर्थात् हम इस निष्कर्ष पर पहुँचेंगे कि किस्मों में पैदावार की दृष्टि से वास्तविक अंतर है।

इसी प्रकार यदि हम यह जाँचना चाहें कि ब्लॉकों के उपजाऊपन में कुछ अंतर है अथवा नहीं तो $\frac{M_2}{M_e}$ के $F_{5,15}$ चर होने का उपयोग किया जायगा। अधिकतर इस प्रकार की जाँच में वैज्ञानिक को रुचि नहीं होती। यदि वह यह जाँच करता है तो केवल यह जानने के लिए कि प्रयोग मे ब्लॉकों के निर्माण से कुछ लाभ हुआ अथवा नही।

यदि एक किस्मों के समान होने की परिकल्पना इस विश्लेषण द्वारा असत्य नहीं ठहरती तो अलग अलग किस्मों के युग्मों की तुलना अर्थहीन और बेकार है। परंतु यदि यह असत्य ठहरायी जाती है तो हमें यह पता लगाना आवश्यक हो जाता है कि आखिर इनमें से कौन-सी किस्म सर्वोत्तम है। यदि प्रेक्षित उपज के अनुसार इन किस्मों को क्रमबद्ध किया जाय तो दो क्रमागत (consecutive) उपजों का अतर अर्थ पूर्ण है अथवा नही, यह भी हम जानना चाहेंगे।

हम यह पहिले ही देख चुके है कि $\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y}_{\cdot j}'$ का प्रत्याशित मान $\nu_j-\nu_j'$ है। यदि $\nu_j=\nu_j'$ हो तो $(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y}_{\cdot j}')$ एक $N\left(0, \frac{\sigma}{\sqrt{6}}\right)$ चर होगा। इसलिए $[(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y}_{\cdot j}')/M_e]\sqrt{6}$ एक t_{15}-चर होगा। इस प्रकार हम ν_j और ν_j' के बराबर होने की परिकल्पना की जाँच कर सकते हैं।

§ २०.१० उदाहरण

§ २०.१०.१ आँकड़े

नीचे एक उदाहरण द्वारा यह सारा तरीका विस्तारपूर्वक समझाया गया है। इसी नक्शे द्वारा जो पहिले दिया, विभिन्न प्लॉटों की प्रेक्षित पैदावार y_{ij} दिखलायी गयी है।

I

6 A	6 D
7 C	5 B

II

6 B	7 C
8 A	7 D

III

5 C	4 A
3 D	4 B

IV

3 C	5 D
8 A	4 B

V

6 C	4 D
6 A	4 B

VI

4 B	6 D
7 A	7 C

परिकलन के लिए इन आँकड़ों को नीचे दी हुई सारणी के रूप में रख दिया जाता है।

सारणी संख्या 20·2

ब्लॉक i / किस्म j	I	II	III	IV	V	VI	जोड़ $\sum_{i=1}^{VI} \gamma_{ij}$
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
A	6	8	4	8	6	7	39
B	5	6	4	4	4	4	27
C	7	7	5	3	6	7	35
D	6	7	3	5	4	6	31
जोड़ $\sum_{j=A}^{D} \gamma_{ij}$	24	28	16	20	20	24	$132 = \sum_{i=1}^{VI} \sum_{j=A}^{D} \gamma_{ij}$

§ २०.१०.२ विश्लेषण

$$S_1 = \text{अंतर---किस्म वर्ग—योग} = \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}(\bar{y}_{\cdot j}-\bar{y})^2$$

$$= \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}\bar{y}_{\cdot j}^2 - \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}\bar{y}^2$$

$$= \frac{\sum_{j=A}^{D}\left\{\sum_{i=1}^{VI} y_{ij}\right\}^2}{6} - \frac{\left[\sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D} y_{ij}\right]^2}{24}$$

$$= \frac{(39)^2+(27)^2+(35)^2+(31)^2}{6} - \frac{(132)^2}{24}$$

$$= 739.33 - 726$$

$$= 13.33$$

$$S_2 = \text{अंतर—ब्लॉक वर्ग योग} = \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}\bar{y}_{i\cdot}^2 - \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}\bar{y}^2$$

$$= \frac{1}{4}[(24)^2+(28)^2+(16)^2+(20)^2+(20)^2+(24)^2] - \frac{1}{24}(132)^2$$

$$= 748 - 726$$

$$= 22.00$$

$$S = \text{कुल वर्ग-योग} = \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D} y_{ij}^2 - \sum_{i=1}^{VI}\sum_{j=A}^{D}\bar{y}^2$$

$$= (6)^2+(8)^2+(4)^2+(8)^2+(6)^2+(7)^2$$
$$+(5)^2+(6)^2+(4)^2+(4)^2+(4)^2+(4)^2$$
$$+(7)^2+(7)^2+(5)^2+(3)^2+(6)^2+(7)^2$$
$$+(6)^2+(7)^2+(3)^2+(5)^2+(4)^2+(6)^2$$
$$- \frac{1}{24}(132)^2$$

$$= 778 - 726$$

$$= 52.00$$

$\therefore S_e = S - S_1 - S_2$

$= 52.00 - 13.33 - 22.00$

$= 16.67$

सारणी संख्या 20·3

प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	वर्ग-योग	स्वातन्त्र्य संख्या	वर्ग-माध्य	अनुपात	F का 5% मान *
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
किस्म	$S_1 = 13.33$	5	$M_1 = 4.443$	$\frac{M_1}{M_e} = 4.03$	3.29
ब्लॉक	$S_2 = 22.00$	3	$M_2 = 4.400$	$\frac{M_2}{M_e} = 3.96$	2.90
त्रुटि	$S_e = 16.67$	15	$Me = 1.110$		
कुल	$S = 52.00$	23			

इस प्रकार ब्लॉकों का अंतर और किस्मों का अंतर दोनों ही अर्थ पूर्ण हैं।

किसी भी ब्लॉक के प्रेक्षणों के जोड़ का प्रसरण $4\sigma^2$ होगा। इसलिए किन्ही दो ब्लॉकों के प्रेक्षण-योगों में $2 \times t \times \sqrt{4M_e}$ से अधिक अंतर हो तो हम उसे अर्थ पूर्ण समझेंगे। (देखिए § १०·६) यहाँ t का अर्थ है t_{15} का 2·5% बिंदु जिसका मान 2.131 है। (देखिए सारणी संख्या १०·१) दो ब्लॉकों के प्रभावों में वास्तविक अंतर न होने पर उनके प्रेक्षण-योगों के अन्तर के $2 \times 1{\cdot}131 \times \sqrt{4 \times 1{\cdot}110} = 8{\cdot}96$ से अधिक होने की प्रायिकता पाँच प्रतिशत से कम है। इस प्रकार से ब्लॉकों की तुलना के विश्लेषण को हम निम्नलिखित रूप में रख सकते हैं

$$II \ (I \ VI) \ (IV \ V) \ III$$

यहाँ दो ब्लॉकों को एक कोष्ठ में रखने का अर्थ है उनकी बिलकुल समानता। ब्लॉकों को उपज के अनुसार क्रमबद्ध कर लिया गया है। ब्लॉक II में प्रेक्षित उपज सबसे अधिक है। परंतु यह I,VI,IV अथवा V की उपज से सांख्यिकीय दृष्टिकोण

* देखिए सारणी 11.1

से इतनी अधिक बड़ी नहीं है कि अंतर को अर्थपूर्ण समझा जाय। केवल II और III में अंतर सारपूर्ण समझा जा सकता है क्योंकि यह अंतर 8.96 से अधिक है। जिन ब्लॉकों में सांख्यिकीय दृष्टिकोण से अर्थपूर्ण अंतर नहीं है उनके ऊपर लिखित संकेत के अनुसार एक मोटी लकीर खींच देते हैं।

इसी प्रकार दो किस्मों के प्रेक्षणों के योगों का अंतर अर्थपूर्ण होगा यदि वह $2\times 2.131\times\sqrt{6\times 1.110}=11.00$ से कम न हो।

इस प्रकार $\overline{A\ C\ D\ B}$

अर्थात् A, C और D में कोई अर्थ-पूर्ण अंतर नहीं है। इसी प्रकार C, D और B में कोई अन्तर नहीं है परंतु A और B का अंतर अर्थ-पूर्ण है। प्रेक्षणों के आधार पर उपज के अनुसार इन चार किस्मों का क्रम A, C, D और B है।

§ २०.११ ब्लॉक

यद्यपि अधिकतर प्रयोग अभिकल्पनाएँ आरंभ में खेती के प्रयोगों के लिए ही सोच कर निकाली गयी थीं परंतु इन्हीं अभिकल्पनाओं का अन्य क्षेत्रों में भी उपयोग होता है। उदाहरण के लिए खूराक के एक प्रयोग में एक साथ पैदा हुए सूअर के बच्चों के समूह का एक ब्लॉक की तरह उपयोग किया गया था। ब्लॉक शब्द का प्रयोग अभिकल्पना में भूमि-खंड के लिए ही नहीं बल्कि किसी भी ऐसे प्रायोगिक इकाइयों के समूह के लिए किया जाता है जिसके अंदर इकाइयों को यादृच्छिकीकरण द्वारा उपचारो के साथ सयुक्त किया जाता है। इनको संपूर्ण समष्टि की तुलना में अधिक समांग (homogenous) होना चाहिए।

प्रयोग के विश्लेषण में यदि हम यह पायें कि अंतर-ब्लॉक वर्ग-माध्य और त्रुटि-वर्ग-माध्य का अनुपात अर्थपूर्ण है तो यह समझा जा सकता है कि ब्लॉक बनाना अभिकल्पना में लाभदायक सिद्ध हुआ है। यदि यह अनुपात अर्थपूर्ण नही हो तो कदाचित् यह ब्लॉक बनाना बेकार था अथवा इससे विशेष लाभ नहीं हुआ। यह ध्यान देने योग्य बात है कि यदि पिछले प्रयोग में ब्लॉक नहीं बनाये जाते तो अंतर-ब्लॉक-प्रसरण भी त्रुटि वर्ग माध्य में मिल जाता और यह संभव था कि किस्मों की उपज का अंतर जो इस प्रयोग के द्वारा अर्थ-पूर्ण ठहराया गया है—बिना ब्लॉक के प्रयोग के अर्थहीन माना जाता। इस प्रकार ब्लॉक निर्माण का प्रयोजन प्रयोग को अधिक सुग्राही बनाना है।

अध्याय २१

लैटिन-वर्ग अभिकल्पना

(Latin Square Design)

§ २१.१ प्रयोग को सुग्राही बनाने का प्रयत्न

पिछले प्रयोग में हमने देखा था कि किसी उपचार के प्रभाव के' प्राक्कलक में जो त्रुटि होती है उसका एक भाग ब्लॉकों के बीच का अंतर है। एक विशेष प्रकार की प्रयोग-अभिकल्पना द्वारा कुल त्रुटि में से इस भाग को घटाया जा सकता है और इस प्रकार प्रयोग को अधिक सुग्राही बनाया जा सकता है। यदि ब्लॉकों के अंतर के अतिरिक्त हमें त्रुटि का कोई अन्य कारण भी ज्ञात हो और उसको भी किसी विशेष अभिकल्पना द्वारा हटाया जा सके तो प्रयोग और भी अधिक सुग्राही हो जायगा। सर्वेक्षण से संबंध रखनेवाले इस प्रकार के एक प्रयोग का विवरण नीचे दिया हुआ है। इसके विश्लेषण के लिए प्रतिरूप (model) से आरंभ करके सारा सिद्धांत नहीं समझाया गया है। आशा है कि पिछले प्रयोग के प्रतिरूप और विश्लेषण को ध्यान में रखकर इसके विभिन्न चरण क्या होंगे यह आप स्वयं ही तय कर सकते हैं।

§ २१.२ उदाहरण

आजकल पंचवर्षीय योजना का बड़ा ज़ोर है। आशा की जाती है कि पन्द्रह वर्षों में प्रति मनुष्य औसत आमदनी दुगुनी हो जायगी। भली-भाँति योजना का निर्माण करने के लिए यह जानना आवश्यक है कि भारत के निवासी इस बढ़ी हुई आमदनी का प्रयोग किस प्रकार करेंगे। यद्यपि कोई भी इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता, परंतु आजकल भिन्न-भिन्न आर्थिक स्थिति के लोग जिस प्रकार अपनी आमदनी खर्च करते हैं उससे इसका बहुत कुछ अनुमान हो सकता है। अब समस्या यह जानने की है कि आजकल लोग किस प्रकार खर्च करते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से बड़े बड़े सर्वेक्षण होते हैं। इसमें कुछ मनुष्य घर-घर जाकर लोगों से उनके व्यय के विषय में पूछताछ करते हैं। आपको इस समय कल्पना करनी चाहिए कि कोई अन्वेषक आपसे आकर भिन्न-भिन्न वस्तुओं पर आपके खर्च के बारे में पूछताछ करता है। क्या आप वास्तव में उसे यह सूचना दे सकते हैं? यदि आप रोज का ब्योरेवार हिसाब रखते हैं तो आपको कुछ कठिनाई नहीं होगी। परंतु वास्तव में बहुत कम लोग ऐसे

हैं जो रोज का हिसाब रखते हैं। ऐसे लोगों को हिसाब केवल अनुमान से ही बताना पड़ेगा। इस दशा में त्रुटि होना प्रायः अनिवार्य है।

यद्यपि गलती को बिलकुल हटा देना असंभव है, परंतु हम जानते हैं कि इस त्रुटि को दो उपादान प्रभावित करते हैं। एक तो है निर्दिष्ट काल (reference period)। यदि आप केवल पिछले दिन के खर्च के बारे में पूछें तो उसमें जितनी गलती होगी वह पिछले सप्ताह, पिछले पखवारे अथवा पिछले माह के खर्च की जिज्ञासा के उत्तर में की हुई गलती से भिन्न होगी। इसके अलावा यह अन्वेषक पर भी निर्भर है कि वह किस प्रकार प्रश्न पूछता है। भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रश्न पूछने से भिन्न-भिन्न प्रकार के उत्तर मिलेंगे। उदाहरण के लिए आप एक तो सीधे-सीधे यह पूछ सकते हैं कि पिछले महीने फलों पर कितना खर्चा हुआ। इसी प्रश्न को दूसरे ढंग से भी पूछा जा सकता है। अन्वेषक बारी बारी से सब फलों का नाम लेकर पूछ सकता है कि इन पर पिछले माह कितना कितना खर्च किया गया। इन सब खर्चों के जोड़ से भी महीने भर में फलों पर किये हुए खर्च का उसे पता चल सकता है। एक तरीका यह भी है कि केवल फलों पर ही नहीं बल्कि अन्य वस्तुओं पर भी खर्चा पूछा जाय। इस प्रकार कुल आमदनी और खर्चे की तुलना से शायद विभिन्न वस्तुओं पर हुए खर्चे से अधिक अच्छे अनुमान की आशा की जा सकती है।

यदि किसी मनुष्य के पास एक एक दिन का प्रत्येक फल का खर्चा लिखा हुआ है तो तीनों प्रकार से प्रश्न करने पर एक ही उत्तर मिलेगा। परंतु उत्तर यदि याद-दाश्त पर ही आश्रित है तो एक ही मनुष्य इन तीन प्रकार से प्रश्न करने पर भिन्न-भिन्न उत्तर दे सकता है। इसके अलावा एक ही प्रकार के प्रश्न करने पर भी एक ही मनुष्य भिन्न-भिन्न स्थितियों में भिन्न-भिन्न उत्तर दे सकता है।

खर्चे के संबंध में हुए सर्वेक्षणों में विभिन्न निर्दिष्ट कालों और प्रश्न पूछने के भिन्न-भिन्न तरीकों का प्रयोग होता रहा है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या इन सर्वेक्षणों के फलों की तुलना की जा सकती है। मान लीजिए एक सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश और एक मद्रास में होता है। क्या हम इन दो सर्वेक्षणों की मदद से यह जान सकते हैं कि मद्रास और उत्तर प्रदेश के लोगों की खर्चे की आदतें कितनी भिन्न हैं? यदि हम यह जानते हों कि इन दो सर्वेक्षणों में भिन्न-भिन्न निर्दिष्ट काल और प्रश्न पूछने के भिन्न-भिन्न तरीकों का उपयोग किया गया था, और इसके साथ यह भी जानते हों कि निर्दिष्ट काल और तरीकों के भिन्न होने से सूचना में सचमुच अंतर पड़ जाता है तो इस प्रश्न का उत्तर नकारात्मक होगा।

§ २१.३ आँकड़े

मान लीजिए, हमें चार निर्दिष्ट समयों और चार प्रश्न पूछने के तरीकों का अध्ययन करना है। इसके लिए एक प्रयोग किया जा सकता है जिसमें चार व्यक्तियों पर चारों निर्दिष्ट कालों और प्रश्न पूछने के चार तरीकों का प्रयोग करके देखा जा सकता है। यद्यपि इस प्रकार के प्रयोग में कुछ दोष है जिससे यह तुलना भ्रमात्मक हो सकती है परंतु इस अभिकल्पना को और उसके विश्लेषण को समझने के लिए यह उदाहरण पर्याप्त होगा।

हम उन मनुष्यों को जिन पर प्रयोग किया गया है A, B, C और D से सूचित करेंगे। प्रश्न पूछने के तरीकों को संख्याओं से और निर्दिष्ट-कालों को I, II, III और IV से सूचित किया जायगा। सारी अभिकल्पना को नीचे दिये तरीके से सारणी में रखा जा सकता है।

सारणी संख्या 21.1

निर्दिष्ट काल / प्रश्न का तरीका	I	II	III	IV	कुल	माध्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	A 50	B 110	C 30	D 200	390	97·50
2	D 190	A 62	B 95	C 30	377	94·25
3	B 90	C 32	D 195	A 56	373	93·25
4	C 28	D 220	A 54	B 100	402	100·50
कुल	358	424	374	386	1542	
माध्य	89·50	106·00	93·50	96·50		96·38

§ २१.४ लैटिन वर्ग

इस ऊपर की सारणी में आप देखेंगे कि एक वर्ग है जिसे चार पंक्तियों (rows) और चार स्तंभों (columns) द्वारा सोलह भागों में बाँटा हुआ है। इन भागों

में चार अक्षर A, B, C और D लिखे हुए हैं। इनको इस प्रकार बाँटा गया है कि हर एक अक्षर हर एक पंक्ति और हर एक स्तंभ में एक बार और केवल एक ही बार आता है। इस प्रकार के वर्ग को लैटिन वर्ग (Latin square) कहते हैं। इस प्रयोग में एक 4×4 लैटिन वर्ग है जिसमें चार पंक्तियाँ और चार स्तंभ हैं। इसी प्रकार 5×5, 6×6, 7×7 इत्यादि विभिन्न परिमाणों के लैटिन वर्ग होते हैं।

§ २१.५ विश्लेषण

हर एक भाग में अक्षर के अतिरिक्त एक संख्या भी दी हुई है जो एक मास में हुए कुल खर्च को सूचित करती है। यह तीन उपादानों (factors) पर निर्भर करती है, (१) व्यक्ति (२) निर्दिष्ट काल (३) प्रश्न का तरीका। इसके अलावा कुछ त्रुटि और रह जाती है जिसको एक प्रसामान्य चर मान कर पिछले प्रयोग की तरह विश्लेषण किया जा सकता है।

$$S_1 = \text{अंतर-निर्दिष्ट-काल वर्ग-योग} = \frac{(358)^2+(424)^2+(374)^2+(386)^2}{4} - \frac{(1542)^2}{16}$$

$$= \frac{596,812}{4} - \frac{23,77,764}{16}$$

$$= 149,203 - 148,610{\cdot}25$$

$$= 592{\cdot}75$$

$$S_2 = \text{अंतर-प्रश्न-विधि वर्ग-योग} = \frac{(390)^2+(377)^2+(373)^2+(402)^2}{4} - \frac{(1542)^2}{16}$$

$$= 148,740{\cdot}50 - 148,610{\cdot}25$$

$$= 130{\cdot}25$$

उन सब खानों की संख्याओं का योग जिनमें A है = 222
उन सब खानों की संख्याओं का योग जिनमें B है = 395
उन सब खानों की संख्याओं का योग जिनमें C है = 120
उन सब खानों की संख्याओं का योग जिनमें D है = 805

$$\therefore S_3 = \text{अंतर-व्यक्ति वर्ग-योग} = \frac{(222)^2+(395)^2+(120)^2+(805)^2}{4} - \frac{(1542)^2}{16}$$

$$= 216{,}983{\cdot}50 - 148{,}610{\cdot}25$$

$$= 68{,}373{\cdot}25$$

$$S = \text{कुल वर्ग-योग} = [(50)^2+(190)^2+(90)^2+(28)^2+(110)^2 + (62)^2+(32)^2+(220)^2+(30)^2+(95)^2 + (195)^2+(54)^2+(200)^2+(30)^2+(56)^2 + (100)^2] - \frac{(1542)^2}{16}$$

$$= 217{,}754{\cdot}00 - 148{,}610{\cdot}25$$

$$= 69{,}143{\cdot}75$$

$$Se = S-(S_1+S_2+S_3) = 69{,}143{\cdot}75-(592{\cdot}75+130{\cdot}25+68{,}373{\cdot}25)$$

$$= 47{\cdot}50$$

इन सब परिकलनों को प्रसरण-विश्लेषण सारणी के रूप में रखा जा सकता है।

सारणी संख्या 21·2

लैटिन-वर्ग अभिकल्पना के लिए प्रसरण-विश्लेषण

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	वर्ग माध्य	अनुपात	F का 5% मान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
निर्दिष्ट समय	3	$S_1 = 592{\cdot}75$	$M_1 = 197{\cdot}58$	$\frac{M_1}{M_e} = 24{\cdot}95$	4·76
प्रश्न-विधि	3	$S_2 = 130{\cdot}25$	$M_2 = 43{\cdot}42$	$\frac{M_2}{M_e} = 5{\cdot}48$	4·76
व्यक्ति	3	$S_3 = 68373{\cdot}25$			
त्रुटि	6	$S_e = 47{\cdot}50$	$M_e = 7{\cdot}92$		
कुल	15	$S = 69{,}143{\cdot}75$			

निर्दिष्ट काल और प्रश्न विधि दोनों के लिए प्रसरण अनुपात अर्थपूर्ण है क्योंकि $F_{3,6}$ का पाँच प्रतिशत बिंदु 4.76 है। (देखिए सारणी संख्या 11.1) वास्तव में निर्दिष्ट काल के लिए अनुपात तो बहुत अधिक अर्थ-पूर्ण है क्योंकि यह $F_{3,6}$ के 0.1 प्रतिशत बिंदु 23.70 से भी अधिक है। इस कारण अब हम प्रश्न के तरीकों के युग्मों और निर्दिष्ट कालों के युग्मों की तुलना करना चाहेंगे।

यदि हम दो निर्दिष्ट कालों की तुलना करना चाहें तो इसके लिए हमें उन दोनों निर्दिष्ट कालों के लिए जो माध्य है उनका अंतर लेना होगा। क्योंकि ये दोनों माध्य चार चार प्रेक्षणों पर आधारित हैं इस कारण इनके प्रसरण $\frac{\sigma^2}{4}$ हैं जहाँ σ^2 एक अकेले प्रेक्षण का प्रसरण है। इस कारण इनके अंतर का प्रसरण $\frac{\sigma^2}{4}+\frac{\sigma^2}{4}=\frac{\sigma^2}{2}$ है।

यदि इनके अन्तर X का माध्य शून्य हो तो $\frac{X}{\sigma/\sqrt{2}}$ एक प्रसामान्य $N(0,1)$ चर समझा जा सकता है। इसके अतिरिक्त (त्रुटि वर्ग योग) $\div\sigma^2$ एक χ^2_6 चर है इस कारण $\frac{X}{\sigma/\sqrt{2}}\div\frac{\sqrt{\text{त्रुटि वर्ग माध्य}}}{\sigma}$ एक t_6 चर होगा।

यदि t_6 के पाँच प्रतिशत बिंदु को t से सूचित किया जाय तो x का मान $t\sqrt{\frac{\text{त्रुटि वर्ग माध्य}}{2}}$ से अधिक होने पर हमें X के माध्य के शून्य होने में संदेह होगा। ऊपर की सारणी (21.2) में त्रुटि-वर्ग-माध्य $= 7.92$ है। अतः $t\sqrt{\frac{\text{त्रुटि वर्ग-माध्य}}{2}}$

$$= 2.447\times\sqrt{\frac{7.92}{2}} = 4.87$$

इस प्रकार निर्दिष्ट कालों के लिए

$$\underline{\text{II}} \quad \underline{\text{IV}} \quad \underline{\text{III}} \quad \underline{\text{I}}$$

तथा तरीकों के लिए

$$\underline{4} \quad \underline{1} \quad \underline{2} \quad \underline{3}$$

(देखिए सारणी संख्या 21.1)

§ २१.६ साधारण

लैटिन वर्ग अभिकल्पना का प्रयोग खेती संबंधी प्रयोगों में अधिक होता है। उसमें वास्तव में धरती पर यह वर्ग बनाया जाता है और पौधों की जिन किस्मों की तुलना करनी हो उन्हें इस प्रकार लगाया जाता है कि हर एक पंक्ति और हर एक स्तम्भ में एक किस्म केवल एक ही बार बोयी जाय। इस प्रकार के प्रयोग का विश्लेषण उदाहरण में दिये हुए ढंग से किया जाता है। ऊपर के प्रयोग में यदि यादृच्छिकीकृत ब्लॉक-अभिकल्पना का उपयोग किया जाता तो हम एक प्रयोग द्वारा केवल एक ही परिकल्पना की जाँच कर सकते थे—तरीके से संबंधित अथवा निर्दिष्ट काल से संबंधित। परन्तु लैटिन-वर्ग के रूप में रखने से इन दोनों ही परिकल्पनाओं की जाँच एक ही प्रयोग के विश्लेषण की सहायता से की जा सकती है।

खेती संबंधी प्रयोगों में इसका उद्देश्य किस्मों के प्रभाव को दो अलग-अलग प्रभावों, पंक्ति-प्रभाव और स्तम्भ प्रभाव से मुक्त करना होता है। उनमें हम केवल एक ही परिकल्पना की जाँच करना चाहते हैं—वह यह कि किस्मों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। इस प्रकार आपने देखा कि इस प्रयोग-अभिकल्पना का अलग-अलग उद्देश्यों से उपयोग किया जा सकता है, परन्तु विश्लेषण की विधि वही रहती है।

अध्याय २२

बहु-उपादानीय प्रयोग

(Factorial Experiments)

§ २२.१ परिचय

अब तक आप यह समझ ही गये होंगे कि किसी प्रयोग को अनेक उपादान प्रभावित कर सकते है। यदि ये प्रभाव संयोज्य (additive) हों तो हम इनको एक एक करके माप सकते है। ऊपर के प्रयोग में यदि हम केवल एक ही व्यक्ति से एक ही निर्दिष्ट काल के संबंध में विभिन्न तरीकों से प्रश्न करते तो उसमें उत्तर प्रधानतः केवल तरीकों के भिन्न होने के कारण आता और औसत अंतर के शून्य-प्राय होने की परिकल्पना की जाँच की जा सकती थी। इसी सिद्धान्त का उपयोग यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना में भी किया जाता है। परन्तु दो उपादानों के महत्त्वपूर्ण होने पर इस प्रकार के प्रयोग खर्चीले हो जाते है और हमें लैटिन वर्ग इत्यादि अन्य प्रयोग-अभिकल्पनाओं की शरण लेनी पड़ती है। परन्तु इनका विश्लेषण उस दशा में ही संतोषजनक हो सकता है जब इनके प्रभाव संयोज्य हों। ऊपर के उदाहरण में यह संभव है कि विशेष प्रश्नविधि का प्रभाव विभिन्न व्यक्तियों पर अलग-अलग हो। यह भी हो सकता है कि विभिन्न प्रश्नविधियों के संयोजन में एक ही निर्दिष्ट काल का अलग-अलग प्रभाव पड़ता हो। ऐसी दशा में जब उपादानों का प्रभाव संयोज्य न हो तब एक ही प्रश्न के लिए यह पृथक प्रयोग करना सम्भव नही है। या तो प्रयोग से किसी प्रश्न का भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिलेगा अथवा कई उपादानों के विषय में बहुत से प्रश्नों का उत्तर एक साथ ही मिल जायगा।

यद्यपि हम कुछ विशेष उपादानों का अध्ययन करना अधिक उपयुक्त और आवश्यक समझते हों तथापि बहुधा यह कहना कठिन होता है कि इनमे से सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण कौन-सा है। हमें पहले से यह ज्ञात होना भी संभव नहीं कि एक उपादान का प्रभाव दूसरे उपादानों के प्रभाव से सर्वथा स्वतंत्र है अथवा नहीं। जब कुछ विशेष उपादानों को प्रयोग के लिए चुना जाता है तो उसका कारण यह नहीं होता कि वे ही सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं बल्कि केवल यह कि इन उपादानों पर अधिक

आसानी से नियंत्रण किया जा सकता है और इनको सरलता से नापा जा सकता है। कोई भी जटिल मशीन अथवा औद्योगिक प्रणाली अवश्य ही अन्य उपादानों से भी प्रभावित होती होगी। मज़दूर, मशीन तथा कच्चा माल तीनों में से किसी भी एक का प्रभाव अन्य दोनों उपादानों के प्रभावों से जुड़ा हो सकता है। दो उपादानों के इस प्रकार एक दूसरे से प्रभावित होने को **परस्पर-क्रिया** (interaction) कहते हैं। किसी भी उपादान के प्रभाव को पूर्णरूप से समझने के लिए यह आवश्यक है कि अन्य उपादानों से उसकी परस्पर-क्रिया का भी ज्ञान हो। यदि उपादानों के लिए अलग-अलग जाँच होती है तो इसका कारण यह नहीं है कि इस प्रकार अलग जाँच करना उपयुक्त वज्ञानिक रीति है। बहुधा गलती से यह मान लिया जाता है कि एक साथ सब उपादानों पर प्रयोग करना असुविधाजनक है किन्तु यह बात सच नहीं है।

हम नीचे खेती संबंधी एक बहु-उपादानीय प्रयोग का वर्णन करेंगे जिससे हमें यह पता चलेगा कि एक साथ अनेक उपादानों के **मुख्य प्रभाव** (main effect) और उनकी **परस्पर-क्रियाओं** (interactions) को किस प्रकार नापा जाता है, और कैसे उनके शून्य-प्राय होने की परिकल्पना की जाँच की जाती है।

§ २२.२ बहु-उपादानीय प्रयोग के लाभ

एक नये किस्म के चावल की विदेशों में बहुत चर्चा है और उसे भारत में प्रवेश कराने की योजना बनायी जा रही है। आजकल जिन किस्मों के चावल भारत में बोये जाते हैं उनसे यह किस्म वास्तव में श्रेष्ठ है अथवा नहीं, यह विश्वस्त रूप से नहीं कहा जा सकता। यहाँ श्रेष्ठता स्वाद से नहीं बल्कि पैदावार के दृष्टिकोण से मापी जा रही है क्यों कि इस समय सबसे बड़ी समस्या अन्न-संकट को टालना है। इसके अतिरिक्त यह भी पता नहीं कि चावल को बोने, उसमें जल देने और देखभाल करने आदि की सर्वश्रेष्ठ विधि क्या है। किस किस्म की खाद कितनी मात्रा में देना सर्वोत्तम होगा, यह भी खोज कर पता लगाने की बात है। यह हो सकता है कि कोई खाद किसी किस्म के चावल के लिए और कोई अन्य खाद किसी दूसरी किस्म के चावल के लिए उपयुक्त हो। यह भी हो सकता है कि पौधों को दूर-दूर बोने पर जो किस्म सबसे अधिक उपज देती है वही पौधों को पास पास बोने पर निकृष्ट सिद्ध हो।

ऐसी दशा में बोने की किसी विशेष रीति और खाद को लेकर यदि किस्मों की तुलना की जाय तो यह भ्रमात्मक होगी। यह संभव है कि उपादानों में परस्पर क्रिया न हो। उपादानों, किस्म, बोने की रीति और खाद के प्रभाव वास्तव में संयोज्य हों।

परन्तु फिर भी एक बहुउपादानीय प्रयोग के मुकाबले में अलग-अलग उपादानों के लिए अलग-अलग प्रयोग करना कम दक्ष (efficient) है। इसका कारण यह है कि बहु-उपादानीय प्रयोग में एक ही प्लॉट का अलग-अलग उपादानों के प्रभाव को आँकने के लिए अनेक बार उपयोग करना होता है।

उदाहरण के लिए मान लीजिए कि एक प्रयोग में तीन उपादान हैं, जिनमें से प्रत्येक के दो-दो स्तर (level) हैं। इस प्रकार कुल $2\times2\times2=8$ संचय इन उपादानों के स्तरों के होंगे। यदि प्रत्येक संचय का पाँच बार प्रयोग किया जाय तो कुल $8\times5=40$ प्लॉटों की आवश्यकता होगी। किसी भी एक उपादान के मुख्य प्रभाव के लिए उन 20 प्लॉटों के प्रेक्षणों के माध्य की तुलना जिनमें यह उपादान एक विशेष स्तर पर है, उन अन्य २० प्लॉटों के प्रेक्षणों के माध्य से की जायगी जिनमें यह दूसरे स्तर पर है। यदि हम अलग-अलग उपादानों के लिए अलग-अलग प्रयोग करें जिनमें मुख्य प्रभाव का इसी प्रकार 20 प्लॉटों के माध्यों के अंतर द्वारा प्राक्कलन किया जाय तो कुल $40\times3=120$ प्लॉटों की आवश्यकता होगी। यही कार्य एक बहुउपादानीय प्रयोग में केवल 40 प्लॉटों द्वारा संपन्न होता है।

§ २२.३ मुख्य प्रभाव और परस्पर-क्रिया

विभिन्न स्तरों पर दूसरे उपादानों के सहयोग से उत्पन्न किसी एक उपादान के प्रभावों के माध्य को इस उपादान का **मुख्य प्रभाव** (*main effect*) कहते हैं। ऊपर के उदाहरण में मान लीजिए कि दो किस्में V_1 और V_2 दो बोने के तरीके S_1 और S_2 और दो खाद M_1 और M_2 हैं। ये तीनों उपादान दो-दो स्तरों पर हैं। इन उपादानों के निम्नलिखित $2^3=8$ संचय हो सकते हैं।

(1) $V_2\ S_1\ M_1$ (2) $V_2\ S_1\ M_2$ (3) $V_2\ S_2\ M_1$ (4) $V_2\ S_2\ M_2$
(5) $V_1\ S_1\ M_1$ (6) $V_1\ S_1\ M_2$ (7) $V_1\ S_2\ M_1$ (8) $V_1\ S_2\ M_2$

यदि इन आठ संचयों को एक ब्लॉक के आठ प्लॉटों में यादृच्छिकीकरण द्वारा बाँटा जाय तो होनेवाली पैदावार इन संचयों के प्रभाव और प्लॉटों के प्रभाव का योग होगी। यादृच्छिकीकरण के कारण प्लॉट का प्रभाव प्रत्येक संचय के लिए समान है। हमारे प्रतिरूप के अनुसार यह प्रभाव $\in$ एक $N(0,\sigma)$ चर है। मान लीजिए एक ब्लॉक के जिस प्लॉट में $V_2\ S_1\ M_1$ का उपयोग हुआ है उसकी उपज ($V_2\ S_1\ M_1$) है और जिस प्लॉट में $V_1\ S_1\ M_1$ का उपयोग हुआ है उसकी उपज (V_1-S_1M_1) है।

इसलिए इन दो संचयों के प्रभावों के अंतर का प्राक्कलन $=(V_2\ S_1\ M_1)-(V_1 S_1 M_1)$ परंतु इन दोनों संचयों में बोने के तरीके और खादें समान हैं। इसलिए इन संचयों के प्रभाव के अंतर को किस्मों का प्रभाव समझा जा सकता है। क्योंकि यह प्रभाव अन्य दोनों उपादानों के स्तर पर भी निर्भर कर सकता है इसलिए इस प्रभाव को $V|S_1\ M_1$ से सूचित किया जायगा। इसी प्रकार हम $V|S_1\ M_2$, $V|S_2\ M_1$ तथा $V|S_2\ M_2$ की परिभाषा कर सकते हैं। किस्म के इन चार प्रभावों के माध्य को जो अन्य उपादानों के विभिन्न स्तरों पर होते हैं, हम किस्म का मुख्य प्रभाव कहते हैं और इसे V से सूचित करते हैं।

इस तरह V का अनभिनत प्राक्कलन $\hat{V}$ निम्नलिखित है

$$\hat{V}=\frac{1}{4}\left[\{V_2 S_1 M_1)-V_1 S_1 M_1)\}+\{(V_2 S_1 M_2)-(V_1 S_1 M_2)\}\right.$$
$$\left.+\{(V_2 S_2 M_1)-(V_1 S_2 M_1)\}+\{(V_2 S_2 M_2)-(V_1 S_2 M_2)\}\right]$$
$$=\frac{1}{4}(V_2-V_1)(S_2+S_1)(M_2+M_1) \qquad \ldots\ldots(22.1)$$

इस प्रकार उन सब प्लॉटों की पैदावारों के योग में से जिनमें V_2 का प्रयोग हुआ है अन्य प्लाटों की पैदावारों के योग को घटाने और कुल उन प्लॉटों की जिनमें V_2 बोया गया है संख्या से विभाजित करने पर हमें V_2 और V_1 के प्रभावों के औसत अंतर V का प्राक्कलन प्राप्त होता है।

इसी प्रकार अन्य उपादानों के मुख्य प्रभावों की परिभाषा की जा सकती है।

$$\hat{S}=\frac{1}{4}(V_2+V_1)(S_2-S_1)(M_2+M_1) \qquad \ldots\ldots(22.2)$$

$$\hat{M}=\frac{1}{4}(V_2+V_1)(S_2+S_1)(M_2-M_1) \qquad \ldots\ldots(22.3)$$

यदि $(V_1\ S_1\ M_1)$ इत्यादि एक ब्लॉक के एक प्लॉट की पैदावार नहीं बल्कि b ब्लॉकों के एक एक प्लॉट यानी कुल b प्लॉटों की पैदावार का माध्य हो तो इनमें से प्रत्येक का प्रसरण $\frac{\sigma^2}{b}$ तथा ऊपर के तीनों प्राक्कलकों के प्रसरण

$\frac{1}{(4)^2}\times 8\frac{\sigma^2}{b}=\frac{\sigma^2}{2b}$ हैं।

मान लीजिए, हम $V \mid S_2\, M_1$ के प्राक्कलक में से $V \mid S_1\, M_1$ के प्राक्कलक को घटाते हैं। यह S_2M_1 तथा S_1M_1 पर V के प्रभावों के अंतर का प्राक्कलक होगा।

इस अंतर से यह पता चलता है कि खाद का स्तर M_1 होने पर बोने की विधि का किस्म के प्रभाव पर क्या असर पड़ता है। इसी प्रकार खाद का स्तर M_2 दिया होने पर हम एक अन्य अंतर को प्राप्त कर सकते हैं। इन दो अंतरों के माध्य को दो से विभाजित करने पर हमें जो राशि मिलती है उसे हम किस्म और बोने की विधि की **परस्पर-क्रिया** (interaction) VS का प्राक्कलक कहते हैं। इस प्रकार

$$\widehat{VS} = \frac{1}{4}\Big[\{(V_2\, S_2\, M_1)-(V_1\, S_2 M_1)\}-\{(V_2\, S_1\, M_1)-(V_1\, S_1 M_1)\}$$

$$+\{(V_2\, S_2\, M_2)-(V_1\, S_2 M_2)\}-\{(V_2\, S_1\, M_2)-(V_1\, S_1\, M_2)\}\Big]$$

$$= \frac{1}{4}\,(V_2-V_1)\,(S_2-S_1)\,(M_2+M_1) \qquad \ldots\ldots(22.4)$$

इसी प्रकार VM और MS के प्राक्कलक निम्नलिखित होंगे

$$\widehat{VM} = \frac{1}{4}\,(V_2-V_1)\,(S_2+S_1)\,(M_2-M_1) \qquad \ldots\ldots(22.5)$$

$$\widehat{SM} = \frac{1}{4}\,(V_2+V_1)\,(S_2-S_1)\,(M_2-M_1) \qquad \ldots\ldots(22.6)$$

ये तीनों द्वि-उपादानीय परस्पर-क्रियाएँ हैं क्योंकि इनमें केवल दो उपादानों के एक दूसरे पर प्रभाव का विचार किया गया है। यदि हम खाद का स्तर M_2 दिये होने पर किस्म और बोने की विधि की परस्पर-क्रिया

$$\widehat{VS} \mid M_2 = \frac{1}{2}\,(V_2-V_1)\,(S_2-S_1)\,M_2$$

तथा खाद के स्तर M_1 पर किस्म और बोनों की विधि की परस्पर-क्रिया

$$\widehat{VS} \mid M_1 = \frac{1}{2}\,(V_2-V_1)\,(S_2-S_1)\,M_1$$

के अंतर को लें तो यह किस्म और बोने की विधि की परस्पर-क्रिया पर खाद के प्रभाव का प्राक्कलक है। इस अंतर को दो से विभाजित करने पर हमें त्रि-उपादानीय परस्पर क्रिया VMS का प्राक्कलक प्राप्त होता है।

$$\hat{VMS} = \frac{1}{4}(V_2 - V_1)(M_2 - M_1)(S_2 - S_1) \qquad \ldots\ldots(22.7)$$

यह ध्यान देने की बात है कि परस्पर-क्रियाओं के उपादानों का क्रमचय (permutation) करने से कोई अंतर नहीं पड़ता। उदाहरण के लिए $VS = SV$ अथवा $VMS = VSM = MVS$ इत्यादि। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं की परिभाषा इस प्रकार दी गयी है कि इन सबके प्रसरण $\frac{\sigma^2}{2b}$ हैं।

§ २२.४ उदाहरण

अब आप यह तो समझ गये होंगे कि मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं का अनुमान किस प्रकार किया जा सकता है। खेती संबंधी प्रयोगों का मुख्य उद्देश्य भी यही होता है। परंतु इसके अलावा हम कुछ निराकरणीय परिकल्पनाओं की जाँच भी करना चाहेंगे जिनका तात्पर्य यह जानना है कि मुख्य प्रभाव आदि के अनुमानों का शून्य से जो अंतर है वह अर्थपूर्ण है अथवा नहीं। इन परिकल्पनाओं की जाँच के बाद हम उपादान-संचयों को उत्कृष्टता के क्रम में रख सकेंगे।

इस ऊपर लिखित प्रयोग में कुल आठ उपचार हैं। इन सबको एक ब्लॉक के आठ प्लॉटों में यादृच्छिकीकरण द्वारा बाँटा जा सकता है। इस प्रकार के कई ब्लॉक लेने से हमें एक यादृच्छिकीकृत ब्लॉक-अभिकल्पना प्राप्त होती है। इसका विश्लेषण किस प्रकार किया जा सकता है, यह तो आप जानते ही हैं। परंतु अंतर उपचार वर्ग-योग को हम फिर मुख्य प्रभावों और परस्पर क्रियाओं से संबंधित वर्ग-योगों में विभाजित कर सकते हैं और इनमें से प्रत्येक को F–परीक्षण द्वारा जाँचा जा सकता है। मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं की स्वातंत्र्य-संख्या केवल एक-एक होने के कारण इनको t– परीक्षण द्वारा जाँचना अधिक सरल है। यह सब किस प्रकार किया जायगा, वह निम्नलिखित उदाहरण द्वारा स्पष्ट हो जायगा।

सारणी संख्या 22.1

बहु-उपादानीय प्रयोग के आँकड़े

	ब्लॉक / उपचार	I	II	III	IV	कुल	माध्य
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
a	$V_1 M_1 S_1$	3	5	4	4	16	4
b	$V_2 M_1 S_1$	5	6	5	4	20	5
b	$V_1 S_2 M_1$	6	8	5	5	24	6
a	$V_2 S_2 M_1$	7	10	8	7	32	8
b	$V_1 S_1 M_2$	5	7	7	5	24	6
a	$V_2 S_1 M_2$	6	8	6	4	24	6
	$V_1 S_2 M_2$	10	12	10	8	40	10
a	$V_2 S_2 M_2$	14	15	11	8	48	12
b							
	कुल	56	71	56	45	228	
	माध्य	7.000	8.875	7.000	5.625		7.125

§ २२.५ विश्लेषण

ब्लॉक वर्ग-योग $S_1 = (56 \times 7.000) + (71 \times 8.875) + (56 \times 7.000) + (45 \times 5.625) - (228 \times 7.125)$

$= (392.000 + 630.125 + 392.000 + 253.125) - 1624.500$

$= 42.750$

उपचार वर्ग-योग $S_2 = (16 \times 4) + (20 \times 5) + (24 \times 6) + (32 \times 8)$

$$+(24\times6)+(24\times6)+(40\times10)+(48\times12)$$
$$-(228\times7.125)$$
$$=64+100+144+256+144+400$$
$$+576-1624.500$$
$$=1828.000-1624.500$$
$$=203.500$$

कुल वर्ग योग S $=(3)^2+(5)^2+(4)^2+(4)^2+(5)^2+(6)^2+(5)^2+(4)^2$
$+(6)^2+(8)^2+(5)^2+(5)^2+(7)^2+(10)^2+(8)^2+(7)^2$
$+(5)^2+(7)^2+(7)^2+(5)^2+(6)^2+(8)^2+(6)^2+(4)^2$
$+(10)^2+(12)^2+(10)^2+(8)^2+(14)^2+(15)^2+(11)^2+(8)^2$
$-(228\times7.125)$
$=1894.000-1624.500$
$=269.500$

त्रुटि वर्ग-योग Se $=S-S_1-S_2$
$=269.500-42.750-203.500$
$=23.250$

सारणी संख्या 22.2

प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	वर्ग-माध्य	अनुपात	5% स्तर पर अर्थपूर्ण मान*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ब्लॉक	3	$S_1=42.75$	$M_1=14.25$	$\frac{M_1}{Me}=12.84$	3.07
उपचार	7	$S_2=203.50$	$M_2=29.07$	$\frac{M_2}{Me}=26.19$	2.48
त्रुटि	21	$Se=23.25$	$Me=1.11$		
कुल	31	$S=269.50$			

* * (देखिए सारणी संख्या 11.1)

इस प्रकार हम देखते हैं कि उपचार और ब्लॉक दोनों के वर्ग-योग अर्थपूर्ण है। वास्तव में ये पाँच प्रतिशत स्तर पर ही नहीं बल्कि 0.1% स्तर पर भी अर्थपूर्ण हैं।

अब हम उपादानों के मुख्य प्रभाव तथा परस्पर-क्रियाओं का परिकलन निम्न-लिखित सारणी की सहायता से करते हैं।

सारणी संख्या 22.3

उपादानों के प्रभावों का परिकलन करने के लिए सारणी

उपचार	उपज	(1)	(2)	(3)	मुख्य प्रभाव; परस्पर-क्रिया
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
$V_1\ S_1\ M_1$	4	9	23	57	सब प्रभावों का योग
$V_2\ S_1\ M_1$	5	14	34	5	$4V$
$V_1\ S_2\ M_1$	6	12	3	15	$4S$
$V_2\ S_2\ M_1$	8	22	2	3	$4VS$
$V_1\ S_1\ M_2$	6	1	5	11	$4M$
$V_2\ S_1\ M_2$	6	2	10	−1	$4VM$
$v_1\ S_2\ M_2$	10	0	1	5	$4SM$
$V_2\ S_2\ M_2$	12	2	2	1	$4VSM$

ऊपर की सारणी में मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं का परिकलन करने की सरल रीति दी हुई है। प्रथम कालम में उपचारों के नाम दे रखे हैं। इनको एक विशेष क्रम में सजाया गया है। पहिले $V_1\ S_1\ M_1$ जिसमें प्रत्येक सूचनांक (*index*) 1 है। उसके बाद $V_2\ S_1\ M_1$ जिसमें केवल V का सूचनांक 2 है। उसके पश्चात् $V_1\ S_2\ M_1$ जिसमें केवल S का सूचकांक 2 है। इसके बाद $V_2\ S_2\ M_1$ है जिसमें V और S दोनों के सूचकांक 2 हैं। इस प्रकार V और S के अकेले और साथ-साथ सूचकांक 2 पाने के बाद M की बारी आती है और अकेले उसका सूचकांक 2 रखा जाता है। उसके पश्चात् क्रमशः V और M; S और M तथा V, S और M को सूचकांक 2 दिये गये हैं।

दूसरे स्तंभ में इन उपचारों के लिए माध्य उपज दी हुई है जिनका परिकलन पहिले ही किया जा चुका है : (सारणी 22.1)। इनको दो दो के युग्मों में बाँट दिया गया है। तीसरे स्तंभ में पहली चार संख्याएँ क्रमशः इन युग्मों के जोड़ों से और अंतिम चार

संख्याएँ इन युग्मों के अंतरों से बनी हैं। इन संख्याओं को फिर दो-दो के युग्मों में बाँट दिया गया है। चौथे स्तंभ में फिर वही क्रिया दुहरायी गयी है। यानी प्रथम चार संख्याएँ क्रमशः तीसरे स्तम्भ में दिये हुए युग्मों के जोड़ों से और अन्य चार इनके अंतरों से बनी हैं। इस क्रिया को अंतिम बार पाँचवें स्तंभ में दुहराया गया है। इस स्तंभ की संख्याएँ मुख्य प्रभाव और परस्पर क्रियाएँ हैं जैसा कि 22.1 से 22.7 संख्यक समीकरणों से प्रकट है। जिन प्रभावों के ये अनुमान हैं उन्हें छटे स्तंभ में दिया गया है। आपने यह नोट किया होगा कि उपचार में जिन जिन एक, दो, या तीन उपादानों के सूचकांक 2 हैं उनके सामने उन्हीं उपादानों के संयुक्त प्रभावों का अनुमान दे रखा है।

क्योंकि मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं की कुल संख्या 7 है और t– परीक्षण के लिए प्रत्येक को त्रुटि-वर्ग-माध्य के वर्ग मूल से विभाजित किया जायगा इसलिए बजाय प्रत्येक प्रभाव के लिए t के मान का परिकलन करने के यह मालूम करना अधिक सरल होगा कि वह मान क्या है जिससे अधिक होने पर इनमें से किसी को भी अर्थपूर्ण समझा जा सके।

स्वातंत्र्य संख्या 21 के लिए t–वंटन का पाँच प्रतिशत बिंदु 2.08 है (देखिए सारणी संख्या 10.1)। इन सब प्रभावों के प्राक्कलनों का प्रसरण $\frac{\sigma^2}{8}$ है। पाँचवें स्तंभ में दी हुई संख्याओं का प्रसरण $2\sigma^2$ है। इसलिए यदि इस स्तंभ की कोई संख्या $2.08\times\sqrt{2(\text{त्रुटि वर्ग-माध्य})}$ से अधिक हो तो वह अर्थपूर्ण है। (देखिए § १०.३) यहाँ $2.08\times\sqrt{2(\text{त्रुटिवर्ग-माध्य})}=3.10$

इस प्रकार हम देखते हैं कि V,S,M तथा SM अर्थपूर्ण हैं। किस्म V_1 से किस्म V_2 अधिक उपज देती है चाहे उसके साथ किसी भी बोने की विधि और खाद का प्रयोग किया जाय। इसी प्रकार S_1 से S_2 अच्छी बोने की विधि है और M_1 से M_2 अच्छी खाद है। परंतु S_2 और M_2 का संयुक्त प्रभाव उन दोनों के अलग-अलग प्रभावों के योग से भी अधिक है क्योंकि SM का प्राक्कलन धनात्मक है। इससे यह पता चलता है कि सर्वोत्तम उपचार $V_2S_2M_2$ है।

यह हम पहले ही कह चुके हैं कि मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं के वर्गों के योग उपचार वर्ग-योग के बराबर है। इस उदाहरण में हम इस कथन की जाँच कर सकते हैं। हमें देखना है कि (सारणी संख्या 22.3 के अनुसार)

$$\frac{(5)^2+(15)^2+(3)^2+(11)^2+(-1)^2+(5)^2+(1)^2}{2} = \text{उपचार-वर्ग योग}$$

अथवा $$\frac{25+225+9+121+1+25+1}{2} = \text{उपचार-वर्ग योग}$$

अथवा $$\frac{407}{2} = 203.5 = \text{उपचार-वर्ग योग}$$

यह उपचार वर्ग-योग का वही मान है जिसका परिकलन उपचार-योगों द्वारा करके हमने प्रसरण विश्लेषण सारणी में रखा था।

अध्याय २३

समाकुलन (Confounding)

§ २३.१ असंपूर्ण-ब्लॉक अभिकल्पना की आवश्यकता

अभी तक हमने जितनी भी अभिकल्पनाओं का अध्ययन किया है उनमें जितने भी उपचार (treatments) थे उन सबको प्रत्येक ब्लॉक में शामिल किया गया था। आपको याद होगा कि ब्लॉक बनाने का उद्देश्य यह था कि एक ही ब्लॉक में जो प्लॉट हों उनमें विशेष अंतर न हो। यदि प्लॉटों की संख्या बहुत अधिक न हो तो ब्लॉक में इस प्रकार की समांगता (homogeneity) होना बहुत कठिन नहीं है। कृषि संबंधी प्रयोगों में पास के प्लॉटों में अधिक अंतर नहीं होता। परंतु यदि दस दस या बारह बारह प्लाट एक एक ब्लॉक में हों तो दो छोरों के प्लॉटों में काफी अंतर हो सकता है। यदि अंतर अधिक हो तो ब्लॉक बनाना व्यर्थ हो जाय। इस कारण उपचारों की संख्या अधिक हो जाने पर हमें अन्य अभिकल्पनाओं की तलाश करनी पड़ती है।

इन अभिकल्पनाओं को हम असंपूर्ण-ब्लॉक अभिकल्पना (incomplete block design) की संज्ञा देते हैं। इनमें ब्लॉक के प्लॉटों की संख्या कुल उपचारों की संख्या से कम होती है। यदि प्रयोग-बहु-उपादानीय हो तो हम इस प्रकार के प्रयोग द्वारा सभी मुख्य प्रभावों और परस्पर-क्रियाओं का अनुमान नहीं लगा सकते। इस दशा में हमें यह सोचना पड़ता है कि कौन से मुख्य प्रभाव या परस्पर-क्रियाएँ सबसे कम महत्त्व रखती हैं। प्रयोग-अभिकल्पना इस प्रकार बनायी जाती है कि इन महत्त्वहीन प्रभावों को छोड़कर अन्य सब का अनुमान हम लगा सकें और अन्य प्रभावों से संबंधित निराकरणीय परिकल्पनाओं की हम जाँच कर सकें। यह देखा गया है कि अधिकतर उच्च-क्रम (higher order) की परस्पर-क्रियाएँ महत्त्वपूर्ण नहीं होतीं और इन्हीं का हमें बलिदान करना पड़ता है। जब हम किसी प्रभाव का अनुमान नही लगा सकते और न यह पता लगा सकते हैं कि विचरण के इस उद्गम के कारण वर्ग-योग का परिमाण क्या है तो यह परिमाण अंतर-ब्लॉक वर्ग-योग में ही मिला रह जाता है और हम कहते हैं कि यह प्रभाव ब्लॉक के साथ समाकुलित (confounded) है।

§ २३.२ परस्पर-क्रिया का समाकुलन

जिस बहु-उपादानीय प्रयोग का हम पहले विवरण दे चुके हैं उसमें यदि यह पाया जाय कि एक ही ब्लॉक में आठ प्लॉट रखना उचित नहीं है तो कुल उपचार संचयों को दो भागों में विभाजित करके चार-चार प्लॉटों के ब्लॉक बनाये जा सकते हैं। हमारे पिछले प्रयोग के हर एक ब्लॉक को दो भागों a तथा b में विभाजित किया जा सकता है। इस प्रकार प्रारंभिक ब्लॉक को अब हम ब्लॉक-युग्म कह सकते हैं। इन कुल उपचार संचयों को इस प्रकार विभाजित करना चाहिए कि त्रि-उपादानीय परस्पर क्रिया VSM को छोड़कर अन्य सभी मुख्य प्रभावों और परस्पर क्रियाओं का प्राक्कलन किया जा सके तथा उनके शून्य होने की निराकरणीय परिकल्पना की जाँच की जा सके। इसके लिए हम उपचार-संचयों को निम्नलिखित रूप से विभाजित कर सकते हैं।

a	$V_1S_1M_1$	$V_1S_2M_2$	$V_2S_2M_1$	$V_2S_1M_2$
b	$V_2S_1M_1$	$V_1S_1M_2$	$V_1S_2M_1$	$V_2S_2M_2$

हम यह जानते हैं कि ब्लॉकयुग्म के भाग b के उपचार संचयों के प्रभावों के योग में से भाग a के उपचार संचयों के प्रभावों के योग को घटाने से VSM का प्राक्कलन होता है (समी० 22.9)। परंतु क्योंकि a और b की पैदावारो में इन उपादानों के प्रभाव के अतिरिक्त ब्लॉकों के प्रभाव भी शामिल हैं, इसलिए b की पैदावार में से a की पैदावार को घटाने से हमें $VSM+4\,(B_b-B_a)$ का अनुमान लगता है। यहाँ B_b और B_a द्वारा हम ब्लॉक b और ब्लॉक a के प्रभावों को सूचित कर रहे हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि त्रि-उपादानीय परस्पर क्रिया ब्लॉक प्रभावों के साथ समाकुलित है और एक ब्लॉक-युग्म द्वारा उसका अलग से अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

अब यह देखना है कि कहीं अन्य मुख्य प्रभाव अथवा द्वि-उपादानीय परस्पर-क्रियाएँ भी तो ब्लॉक-प्रभावों के साथ समाकुलित नहीं हैं। इसके लिए हम एक मुख्य प्रभाव और एक द्वि-उपादानीय परस्पर-क्रिया का प्राक्कलन करने की चेष्टा करेंगे।

$$4V = (V_2S_1M_2+V_2S_2M_1)-(V_1S_1M_1+V_1S_2M_2) + (V_2S_1M_1+V_2S_2M_2)-(V_1S_1M_2+V_1S_2M_1) \quad \ldots\ldots(23.1)$$

यह देखा जा सकता है कि इस परिकलन में हर एक ब्लॉक में दो प्लाटों की पैदावार के योग में से अन्य दो प्लॉटों की पैदावार को घटाया जाता है। अतः यद्यपि प्रत्येक संचय में ब्लॉक प्रभाव B_a या B_b भी विद्यमान है तथापि इस प्रकार के योग और वियोग से ये ब्लॉक प्रभाव हट जाते हैं और हमें मुख्य प्रभाव V का शुद्ध अनुमान

प्राप्त हो जाता है। (देखो समी० 22.1)। इसी प्रकार आप देख सकते हैं कि अन्य मुख्य प्रभावों के भी शुद्ध अनुमान प्राप्त करना संभव है।

अब हम एक द्वि-उपादान परस्पर-क्रिया का प्राक्कलन करने की चेष्टा करेंगे।

$$VS = (V_2S_2M_1+V_1S_1M_1)-(V_1S_2M_2+V_2S_1M_2)$$
$$+ (V_2S_2M_2+V_1S_1M_2)-(V_1S_2M_1+V_2S_1M_1) \ldots\ldots(23.2)$$

इसमें भी ब्लॉक प्रभाव जितनी बार जोड़े जाते है उतनी ही बार घटा दिये जाते हैं। इस प्रकार VS के प्राक्कलन से ब्लॉक प्रभाव हट जाता है और हमें इस परस्पर क्रिया का शुद्ध प्राक्कलन बिना किसी समाकुलन (confounding) के पता चल जाता है (देखो समी० 22.4)।

§ २३.३ विश्लेषण

आइये, अब हम देखें कि इस प्रयोग-अभिकल्पना में विश्लेषण किस प्रकार किया जाय। इस विशलेषण के विभिन्न चरण निम्नलिखित है।

(१) कुल ब्लॉकों के लिए अंतर-ब्लॉक वर्ग-योग का परिकलन।

(२) जो मुख्य प्रभाव या परस्पर-क्रियाएँ समाकुलित नहीं हुई हैं उनके वर्गों के योग का परिकलन। यदि पहले समाकुलन का विचार किये बिना उपचार वर्ग-योग का परिकलन कर लिया गया हो तो इसमें से समाकुलित परस्पर-क्रिया के वर्ग-योग को घटाने से भी हमें यही मान प्राप्त होगा।

(३) त्रुटि वर्ग-योग को कुल वर्ग-योग में से अंतर-ब्लॉक वर्ग-योग तथा उपचार वर्ग-योग के योग को घटा कर प्राप्त करना।

पिछले अध्याय के उदाहरण के लिए ये चरण नीचे दिये हुए है

(देखिए सारणी संख्या 22.1)

सारणी संख्या 23·1

VSM के समाकुलित होने पर ब्लॉक-योग

ब्लॉक	I_a	I_b	II_a	II_b
योग	3+7 +6+10 =26	5+6 +5+14 =30	5+10+8 +12 =35	6+8 +7+15 =36
ब्लॉक	**III_a**	**III_b**	**IV_a**	**IV_a**
योग	4+8 +6+10 =28	5+5 +7+11 =28	4+7 +4+8 =23	4+5 +5+8 =22

सारणी संख्या 23·2

VSM के समाकुलित होने पर प्रसरण विश्लेषण

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	वर्ग-माध्य	अनुपात	5% स्तर पर अर्थपूर्ण मान
1	2	3	4	5	6
ब्लॉक युग्म	3	$S_1=42.75$	$M_1=14.25$		
VSM	1	$S_2=0.50$	$M_2=0.50$	$\frac{M_2}{M_e}=\frac{0.50}{0.58}=0.86$	10.13
(*VSM* के लिए) त्रुटि	3	$S_e=S_b-S_1-S_2=1.75$	$M_e=0.58$		
कुल ब्लॉक	7	$S_b=45.00$	$M_b=6.43$	$\frac{M_b}{M_{e'}}=\frac{6.43}{1.19}=5.40$	2.58
(*VSM* को छोड़ कर) उपचार	6	$S_3=203.00$	$M_3=33.83$	$\frac{M_3}{M_{e'}}=\frac{33.83}{191}=28.43$	2.66
त्रुटि	18	$S_{e'}=S-S_b-S_3=21.50$	$M_e'=1.19$		
कुल	31	$S=269.50$			

ऊपर की सारणी में ब्लॉकयुग्म वर्ग-योग वही है जो सारणी संख्या 22.2 में ब्लॉक वर्ग-योग था क्योंकि सारणी संख्या 23.1 में ब्लाक युग्म वही हैं जो सारणी संख्या 22.1 में ब्लॉक थे। उपचार वर्ग-योग दो अलग-अलग रीतियों से निकाला जा सकता है। एक तो *VSM* को समाकुलित न मान कर किये हुए विश्लेषण (देखो सारणी 22.2, 22.3) में प्राप्त उपचार वर्ग-योग में से *VSM* वर्ग-योग $\frac{1^2}{2}=0.50$ को घटाकर।

$$203.50-0.50=203.00$$

दूसरे, जितने *a* ब्लॉक हैं—यानी I_a, II_a, III_a और IV_a उनमें केवल चार उपचारों के प्रयोग हैं। इसलिए इन उपचारों के अंतरों के कारण हमें एक उपचार

वर्ग-योग प्राप्त हो सकता है जिसकी स्वातंत्र्य संख्या 3 है। इसी प्रकार b ब्लॉकों म से हम अन्य उपचारों के अंतरों से प्राप्त वर्ग योग का परिकलन कर सकते हैं जिसकी स्वातंत्र्य संख्या भी 3 है। इन दोनों के योग से हमें ब्लॉक के अंतर का कुल उपचार वर्ग-योग प्राप्त होता है जिसकी स्वातंत्र्य संख्या 6 है। सारणी 22.1 के अनुसार a ब्लॉकों के 16 प्लॉटों की कुल पैदावार 112 तथा a ब्लॉकों के लिए उपचार वर्ग-योग

$$S_{2a} = [(16\times 4)+(32\times 8)+(24\times 6)+(40+10)] - \frac{(112)^2}{16}$$

$$= 864-784$$

$$= 80$$

b ब्लाकों के 16 प्लाटों की कुल पैदावार $=116$ तथा b ब्लाकों के लिए उपचार वर्ग-योग $S_{2b} = [(20\times 5)+(24\times 6)+(24\times 6)+(48\times 12)] - \frac{(116)^2}{16}$

$$= 964-841$$

$$= 123$$

इस प्रकार कुल उपचार वर्ग-योग $= 80+123$

$$= 203$$

वास्तव में a ब्लॉकों और b ब्लॉकों के लिए अलग-अलग विश्लेषण किया जा सकता है। इसके द्वारा दोनों उपचार-वर्ग योगों को जोड़ कर कुल उपचार वर्ग-योग, तथा त्रुटि-वर्ग योगों को जोड़ कर कुल त्रुटि-वर्ग योग प्राप्त किया जा सकता है। ब्लॉक वर्ग-योग के लिए हमें एक पद और जोड़ना चाहिए जो a ब्लॉकों और b ब्लॉकों के बीच के अंतर से संबंधित है।

a ब्लॉकों के लिए विश्लेषण

(*i*) ब्लॉक वर्ग योग $S_{1a} = \frac{(26)^2+(35)^2+(28)^2+(23)^2}{4} - \frac{(112)^2}{16}$

(देखिए सारणी संख्या 23.1) $= \frac{676+1225+764+929}{4} - 784$

$$= 803.5-784.$$

$$= 19.5$$

(*ii*) कुल वर्ग योग $Sa = [\ 3^2+5^2+4^2+4^2+7^2+10^2+8^2+7^2$
(देखिए सारणी संख्या 22.1) $+\ 6^2+8^2+6^2+4^2+10^2+12^2+10^2+8^2] - \frac{(112)^2}{16}$

$= 888-784$

$= 104$

b ब्लाकों के लिए विश्लेषण

(*i*) ब्लॉक वर्ग-योग $S_{1b} = \frac{(30)^2+(36)^2+(28)^2+(22)^2}{4} - \frac{(116)^2}{16}$

(देखिए सारणी संख्या 23.1)

$= \frac{3464}{4} - 841$

$= 866-841$

$= 25$

(*ii*) कुल वर्ग योग $S_b = [5^2+6^2+5^2+4^2+6^2+8^2+5^2+5^2$
(देखिए सारणी संख्या 22.1) $+5^2+7^2+5^2+14^2+14^2+15^2+11^2+8^2] - \frac{(116)^2}{112}$

$= 1006-841$

$= 165$

इस सारणी (सारणी अगले पृष्ठ पर देखिए) संख्या 23.3 में ब्लॉक-वर्ग योग तथा कुल-वर्ग-योग के लिए अंतिम स्तम्भ में *a* और *b* ब्लाकों में विभाजन से उत्पन्न पद 0·5 को जोड़ने से हमें पूर्व कलित सारणी प्राप्त होती है।

ब्लॉक वर्ग-योग को दो प्रकार से विभाजित किया जा सकता है जैसा ऊपर की दो सारणियों द्वारा स्पष्ट है। पहली सारणी में विभाजन यह समझ कर किया जा सकता है कि ब्लॉक-युग्म तो ब्लॉक है और उसके दो भाग प्लॉट। इस प्रकार कुल ब्लॉक वर्ग-योग को अंतर ब्लॉक युग्म, त्रुटि तथा उपचार वर्ग-योग में बाँटा जा सकता है। यह उपचार वर्ग-योग *VSM* के कारण है। इस प्रकार के विभाजन से *VSM* के वर्ग-योग को भी जाँचा जा सकता है, परंतु इसके लिए त्रुटि आंतर-ब्लॉक-युग्म वर्ग-योग से

सारणी संख्या 23.3

प्रसरण-विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	*a* ब्लॉक		*b* ब्लॉक		कुल	
	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
ब्लॉक	3	$S_{1a}=19.5$	3	$S_{1b}=25.0$	6	$S_b-S_2=S_{1a}+S_{1b}$ $=44.5$
उपचार	3	$S_{2a}=80.0$	3	$S_{2b}=123.0$	6	$S_2=S_{2a}+S_{2b}$ $=203.0$
त्रुटि	9	$S_{e_1a}=S_a-S_{1a}-S_{2a}$ $=4.5$	9	$S_{e_1b}=S_b-S_{1b}-S_{2b}$ $=17.0$	18	$S_{e_1}=S_{e_1a}+S_{e_1b}$ $=21.5$
कुल	15	$S_a=104.0$	15	$S_b=165.0$	30	$S-S_2=S_a+S_b$ $=269.0$

प्राप्त होती है। दूसरी सारणी में विभाजन अंतर–a ब्लॉक, अंतर–b ब्लॉक तथा a और b ब्लॉकों के माध्यों के अंतर द्वारा किया गया है।

ऊपर के कुछ पृष्ठों से आपको यह मालूम हुआ होगा कि यद्यपि एक ही प्रयोग द्वारा समाकुलित परस्पर क्रिया का प्राक्कलन संभव नहीं है, परंतु कई बार किये हुए प्रयोगों द्वारा यह संभव है। इस समाकुलित परस्परक्रिया के प्राक्कलन की त्रुटि अन्य प्राक्कलनों की त्रुटि से अधिक होती है और इस त्रुटि की स्वातंत्र्य संख्या भी बहुत कम रह जाती है। ऊपर हमने इस प्रकार की अभिकल्पना का वर्णन किया है जिसमें केवल एक परस्पर क्रिया VSM प्रत्येक ब्लॉक युग्म में समाकुलित है। इसके अतिरिक्त ऐसी अभिकल्पना भी की जा सकती है जिसमें समाकुलन संपूर्ण न होकर केवल आंशिक हो।

§ २३.४ आंशिक समाकुलन (*Partial confounding*)

इस प्रकार की अभिकल्पना में भिन्न-भिन्न ब्लॉक-युग्मों में भिन्न-भिन्न परस्पर क्रियाओं को ब्लॉक-प्रभावों से समाकुलित किया जाता है। इस प्रकार यदि एक परस्पर क्रिया एक ब्लॉक युग्म में ब्लॉक-प्रभावों से समाकुलित है तो उसका प्राक्कलन दूसरे ब्लॉक युग्मों द्वारा लगाया जा सकता है। इस प्रकार की अभिकल्पना का एक उदाहरण नीचे दिया हुआ है।

सारणी संख्या 23.4

आंशिक समाकुलित अभिकल्पना–उपचारों का अनुक्रम और ब्लॉक-योग

समाकुलित परस्पर क्रिया	VSM		VM		VS		MS	
ब्लॉक	I_a	I_b	II_a	II_b	III_a	III_b	IV_a	IV_b
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
	$V_1M_1S_1$	$V_2M_1S_1$	$V_2M_1S_1$	$V_1M_1S_1$	$V_2M_1S_1$	$V_1M_1S_1$	$V_1M_2S_1$	$V_1M_1S_1$
	$V_2M_2S_1$	$V_1M_2S_1$	$V_1M_2S_1$	$V_1M_1S_2$	$V_1M_2S_2$	$V_1M_2S_1$	$V_1M_1S_2$	$V_2M_1S_1$
	$V_2M_1S_2$	$V_1M_1S_2$	$V_2M_1S_2$	$V_2M_2S_1$	$V_2M_2S_1$	$V_2M_1S_2$	$V_2M_2S_1$	$V_1M_2S_1$
	$V_1M_2S_2$	$V_2M_2S_2$	$V_1M_2S_2$	$V_2M_2S_2$	$V_1M_2S_2$	$V_2M_2S_2$	$V_2M_1S_1$	$V_2M_2S_2$
ब्लाक योग	26	30	36	35	26	30	21	24

§ २३.५ सांख्यिकीय विश्लेषण

आंशिक समाकुलन की स्थिति में जिस साधारण नियम का पालन किया जाता है वह केवल यह है कि आंशिक समाकुलित परस्पर-क्रियाओं का प्राक्कलन उन ब्लॉक-युग्मों से लगाया जाता है जिनमें वे समाकुलित नहीं हैं। इन प्राक्कलनों से वर्ग-योग उसी प्रकार परिकलित किया जाता है जैसे अनसमाकुलित अभिकल्पनाओं में। यह ध्यान में रखना होता है कि ये अनुमान कम प्लॉटों पर आधारित है। ब्लॉक वर्ग-योग का परिकलन ब्लॉक योगों के आधार पर साधारण तरीके से ही किया जाता है।

यदि हमने परस्पर-क्रियाओं के योग का परिकलन—बिना समाकुलन का ध्यान रखे हुए ही सब ब्लॉक-युग्मों के आधार पर कर लिया हो तो इस परिकलित मान में से उन ब्लाक-युग्मों का अंतर घटा कर इसे ठीक किया जा सकता है जिनमें ये समाकुलित हैं। ऊपर के उदाहरण में यदि परस्पर-क्रिया VM के योग का परिकलन करना है तो यह पुराने योग में ब्लॉक II_a के योग को जोड़ कर तथा II_b के योग को घटा कर किया जा सकता है।

इस प्रकार

$$\begin{aligned}
[VM]' &= -4+36-35 = -3 \\
(VS]' &= 12+26-30 = 8 \\
[MS]' &= 20+21-24 = 17 \\
[VSM]' &= 4+26-30 = 0
\end{aligned}$$

प्रसरण विश्लेषण में अब हर एक परस्पर-क्रिया के लिए एक एक स्वातंत्र्य-संख्या होगी क्योंकि इन सबका प्राक्कलन किया जा सकता है। परस्पर-क्रियाओं के वर्ग-योग ऊपर दिये हुए योगों के वर्ग को 24 से विभाजित करने से मिलते हैं क्योंकि इनमें से प्रत्येक 24 प्लाटों की उपजों के योग और वियोग द्वारा परिकलित है। जिस जिस ब्लॉक-युग्म में ये समाकुलित हैं उनके आठ प्लॉटों का उपयोग इनके परिकलन में नहीं किया गया है। मुख्य प्रभावों का वर्ग-योग वही रहता है जो पहले था। ब्लॉक वर्ग-योग का कलन ब्लॉक योगों से किया जाता है और अंत में त्रुटि वर्ग-योग को घटा-कर मालूम कर लिया जाता है।

$$VM \text{ के कारण वर्ग योग} = \frac{3^2}{24} = 0.375$$

$$VS \text{ के कारण वर्ग योग} = \frac{8^2}{24} = 2.667$$

MS के कारण वर्ग-योग $= \frac{(17)^2}{24} = 12.042$

VSM के कारण वर्ग-योग $= \frac{0^2}{24} = 0.000$

V के कारण वर्ग-योग $= \frac{(5\times 4)^2}{32} = 12.500$ (देखिए सारणी संख्या २२.३)

S के कारण वर्ग-योग $= \frac{(15\times 4)^2}{32} = 112.500$

M के कारण वर्ग-योग $= \frac{(11\times 4)^2}{32} = 60.500$

ब्लॉक वर्ग-योग $= \frac{1}{4}[(26)^2+(30)^2+(36)^2+(35)^2+(26)^2+(30)^2$
$+(21)^2+(24)^2] - \frac{(228)^2}{16}$
$= 48.000$

सारणी संख्या 23.5

आंशिक–समाकुलित अभिकल्पना का प्रसरण विश्लेषण

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	वर्ग-माध्य	अनुपात	5% स्तर पर अनुपात का अर्थपूर्ण मान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
ब्लॉक	7	48.000	6.857	5.575	2.62
V	1	12.500	12.500	10.163	4.45
M	1	60.500	60.500	49.187	4.45
S	1	112.500	112.500	91.464	4.45
मुख्य प्रभाव	3	185.500	61.833	50.271	3.20
VM	1	0.375	0.375	0.305	4.45
VS	1	2.667	2.667	2.168	4.45
MS	1	12.042	12.042	9.790	4.45
VSM	1	0.000	0.000	0.000	4.45
परस्पर क्रिया	4	15.084	3.771	3.060	2.96
त्रुटि	17	20.916	1.230		
कुल	31	269.500			

अध्याय २४

संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना
Balanced Incomplete Block Design

§ २४.१ परिभाषा

पिछले अध्याय में हमने कुछ असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं से परिचय प्राप्त किया था जिनका प्रयोग बहु-उपादानीय प्रयोगों में किया जाता है। इस अध्याय में हम एक अन्य प्रकार की असंपूर्ण-ब्लॉक अभिकल्पना का अध्ययन करेंगे जिसको **संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना** कहा जाता है। इस अभिकल्पना के कुछ नियम हैं जो नीचे दिये हुए हैं।

(1) हर एक ब्लॉक में प्लॉटों की संख्या बराबर होती है। इस संख्या को हम k से सूचित करेंगे।

(2) हर एक उपचार का जितने ब्लॉकों में पुनः प्रयोग किया जाय उनकी संख्या बराबर होती है। इस पुनः प्रयोग की संख्या को हम r से सूचित करेंगे। एक ब्लॉक में एक उपचार का एक ही बार प्रयोग होता है।

(3) उपचारों में से यदि दो-दो के युग्म बनाये जायँ तो हर एक युग्म के उपचार किसी न किसी ब्लॉक में अवश्य साथ-साथ आते हैं। उन ब्लॉकों की संख्या जिनमें किसी विशेष युग्म के उपचार साथ-साथ आते हैं प्रत्येक युग्म के लिए समान होती है। इस संख्या को हम λ से सूचित करेंगे।

कुल उपचारों की संख्या को हम v से और कुल ब्लॉकों की संख्या को b से सूचित करेंगे। इसके पहले कि हम इस प्रकार की अभिकल्पना का उदाहरण सहित विश्लेषण करें, इसको अधिक स्पष्ट करने के लिए एक-दो सरल उदाहरण नीचे दिये जाते हैं।

§ २४.२ उदाहरण

ऊपर दिये हुए नियमों से, विशेषकर तीसरे नियम से, स्पष्ट है कि एक ब्लॉक में कम से कम दो प्लॉट अवश्य होने चाहिए। यदि कुल उपचार पाँच हों जिन्हें A,B,C,D और E से सूचित किया जाय तो तीसरे नियम के अनुसार प्रत्येक उपचार-युग्म कम-से-कम एक ब्लॉक में अवश्य होना चाहिए।

1. यदि एक ब्लॉक में केवल दो प्लॉट हों तो अभिकल्पना में कम से कम दस प्लाट अवश्य होने चाहिए जिनमें (1) AB (2) AC (3) AD (4) AE (5) BC (6) BD (7) BE (8) CD (9) CE तथा (10) DE ये दस उपचार-युग्म होंगे। या हो सकता है कि प्रत्येक समूह को दो या तीन बार दुहराया गया हो। कुछ भी हो, यदि कुल उपचारों की संख्या पाँच है और हर एक ब्लॉक में केवल दो प्लॉट हैं तो कुल ब्लॉकों की संख्या $\binom{5}{2}=10$ अथवा दस का कोई गुणज (multiple) होगी।

2. उपर्युक्त स्थिति एक सीमान्त स्थिति है क्योंकि दो से कम प्लॉट किसी संतुलित असंपूर्ण अभिकल्पना में हो ही नहीं सकते। दूसरी सीमान्त स्थिति वह होगी जब एक ब्लॉक में प्लॉटों की संख्या k कुल उपचारों की संख्या v से केवल एक कम हो। $k=v-1$

ऊपर के पाँचों उपचारों में से चार-चार एक-एक ब्लॉक में हों और तीनों नियमों का पालन हो तो यह इसका एक उदाहरण होगा। इस स्थिति में कुल ब्लॉकों की संख्या b पाँच या पाँच का कोई गुणज होगी। ये चार-चार के पाँच समूह निम्नलिखित हैं :
(1) $A\ B\ C\ D$ (2) $A\ B\ C\ E$ (3) $A\ B\ D\ E$ (4) $A\ C\ D\ E$ (5) $B\ C\ D\ E$

क्योंकि प्रत्येक ब्लॉक में एक उपचार का प्रयोग नहीं होता और क्योंकि प्रत्येक उपचार का पुनः प्रयोग समान संख्या में होना चाहिए, इसलिए यह स्पष्ट है कि इन पाँचों संचयों (*combinations*) का बराबर संख्या में होना संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के लिए आवश्यक है।

ऊपर की अभिकल्पना में

$$k=4\ ,\ r=4\ ,\ \lambda=3\ ,\ v=5\ ,\ b=5$$

आपको यह भ्रम हो सकता है कि यदि एक ब्लॉक में प्लॉटों की संख्या k है और कुल उपचारों की संख्या v है तो ब्लॉकों की संख्या $b=\binom{v}{k}$ होना चाहिए। ऊपर के दोनों उदाहरणों में ऐसा हुआ था, परंतु वे दोनों सीमांत स्थितियाँ थीं। $\binom{v}{k}$ ब्लॉकों का होना उसी अवस्था में आवश्यक है जब k परिमाण का प्रत्येक संचय किसी न किसी ब्लॉक में अवश्य हो। किन्तु असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना में अनेक संचय किसी भी ब्लॉक में नहीं होते।

3. मान लीजिए, कुल उपचारों की संख्या सात है और एक एक ब्लॉक में तीन तीन प्लॉट हैं। नीचे एक अभिकल्पना दी जाती है। यह देखना है कि यह एक संतुलित असंपूर्ण अभिकल्पना है या नहीं।

$$ABD, ACE, CDG, AGF, BCF, BEG, DEF$$

(1) क्योंकि प्रत्येक ब्लॉक में प्लॉटों की संख्या तीन है इसलिए पहिले नियम का पालन हो रहा है।

(2) हर एक उपचार का पुनः प्रयोग तीन तीन बार हो रहा है इसलिए दूसरे नियम का पालन हो रहा है।

(3) दो दो के जो इक्कीस समूह इन सात उपचारों से बनाये जा सकते हैं वे सब किसी न किसी ब्लॉक में अवश्य पाये जाते हैं और एक उपचार-युग्म एक से अधिक ब्लॉकों में भी नही पाया जाता। आप यह देख सकते हैं कि किन्हीं भी दो ब्लॉकों में दो उपचार एक-से नहीं है। इस प्रकार तीसरे नियम का भी पालन हो रहा है। इसलिए परिभाषा के अनुसार यह अभिकल्पना एक संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना है। इस अभिकल्पना में ब्लॉकों की संख्या केवल 7 है, न कि $\binom{7}{3}=35$।

§ २४.३ संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के प्राचलों के कुछ संबंध

किसी भी संतुलित असंपूर्ण-अभिकल्पना को b, k, r, v और λ द्वारा सूचित किया जा सकता है जो इसके प्राचल हैं। आप इन संकेतों से पहले से ही परिचित हैं।

क्योंकि कुल ब्लॉकों की संख्या b है और प्रत्येक ब्लॉक में k प्लॉट हैं इसलिए कुल प्लॉटों की संख्या bk है।

क्योंकि कुल उपचारों की संख्या v है और हर एक उपचार का r प्लॉटों में पुनः प्रयोग किया गया है इस कारण कुल प्लॉटों की संख्या को vr द्वारा भी सूचित किया जा सकता है।

$$\therefore \quad bk = vr \qquad \ldots\ldots(A)$$

इसके अतिरिक्त जिन ब्लॉकों में कोई एक विशेष उपचार (यथा A) मौजूद हो उनकी संख्या है r, और इस प्रकार के प्रत्येक ब्लॉक में $k-1$ ऐसे प्लॉट है जिनमें यह विशेष उपचार मौजूद नहीं है। अतः इन ब्लॉकों में जिन प्लॉटों में A मौजूद न हो उनकी संख्या होगी $r(k-1)$—परंतु यही वे ब्लॉक है जिनमें इस उपचार विशेष A के साथ अन्य उपचारों के युग्म पाये जा सकते हैं। क्योंकि कुल $(v-1)$ अन्य उपचार हैं और उनमें से प्रत्येक के साथ A के λ उपचार युग्म बनते हैं, इसलिए इन्हीं

ब्लॉकों के उन प्लॉटों की संख्या जिनमें यह विशेष उपचार नहीं है $\lambda\,(v-1)$ भी होगी।

अतः $\lambda\,(v-1) = r\,(k-1)$

अथवा $\lambda = \dfrac{r\,(k-1)}{(v-1)}$ .....(B)

इसलिए संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के लिए $\dfrac{r\,(k-1)}{v-1}$ पूर्ण संख्या (*integral number*) होनी चाहिए। यदि हम देखें कि कोई अभिकल्पना उपर्युक्त दोनों शर्तों A और B को पूरा करती है तो हम समझ सकते हैं कि वह संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना है।

§ २४.४ यादृच्छिकीकरण

किसी प्रयोग के लिए उपचारों के संचयों को यादृच्छिकीकरण द्वारा विभिन्न ब्लॉकों में वितरित करना और एक संचय के उपचारों को ब्लॉक के विभिन्न प्लॉटों में यादृच्छिकीकरण द्वारा वितरित करना आवश्यक है।

§ २४·५ खेती से संबंधित एक संतुलित-असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना

आइए, अब हम देखें कि एक संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना का विश्लेपण किस प्रकार किया जाता है। दूसरी अभिकल्पनाओं की भाँति इसको भी उदाहरण द्वारा समझाया जायगा।

§ २४.५.१ विश्लेषण के लिए प्रतिरूप, प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन

यह देखने के लिए कि उनकी पैदावारों में कुछ विशेष अंतर है अथवा नहीं, पाँच प्रकार के गेहूँ के बीजों पर प्रयोग किया जा रहा है। यदि ब्लॉक i में किस्म j के गेहूँ की पैदावार को y_{ij} से सूचित किया जाय तो प्रतिरूप के अनुसार

$$E\,(y_{ij}) = b_i + t_j \qquad \text{.....(24.1)}$$

और $$\sum_{j=A}^{E} t_j = o \qquad \text{.....(24.2)}$$

यहाँ b_i द्वारा i वें ब्लॉक के प्रभाव और t_j द्वारा j वीं किस्म के प्रभाव को सूचित किया जा रहा है। j वीं किस्म के प्रभाव t_j से हमारा तात्पर्य j वीं किस्म के गेहूँ की पैदावार तथा सब किस्मों की औसत पैदावार के अंतर के प्रत्याशित मान से है। इसी कारण हमें समीकरण (24.2) प्राप्त होता है। मान लीजिए अभिकल्पना में पाँच ब्लॉक हैं जिनमें निम्नलिखित उपचार-समूह है :

(1) $A\,B\,C\,D$ (2) $A\,B\,C\,E$ (3) $A\,B\,D\,E$ (4) $A\,C\,D\,E$ (5) $B\,C\,D\,E$

यदि i–वें ब्लॉक की कुल पैदावार को B_i से सूचित किया जाय तो

$$\left.\begin{aligned} E(B_1) &= 4b_1+t_A+t_B+t_C+t_D \\ E(B_2) &= 4b_2+t_A+t_B+t_C+t_E \\ E(B_3) &= 4b_3+t_A+t_B+t_D+t_E \\ E(B_4) &= 4b_4+t_A+t_C+t_D+t_E \\ E(B_5) &= 4b_5+t_B+t_C+t_D+t_E \end{aligned}\right\} \qquad (C)$$

यहाँ $4=k$ प्रत्येक ब्लॉक के प्लॉटों की संख्या है।

इसके अतिरिक्त यदि T_j द्वारा उन प्लॉटों की पैदावार के योग को सूचित किया जाय जिसमें j–वी किस्म बोयी गयी है तो

$$\left.\begin{aligned} E(T_A) &= 4t_A+b_1+b_2+b_3+b_4 \\ E(T_B) &= 4t_B+b_1+b_2+b_3+b_5 \\ E(T_C) &= 4t_C+b_1+b_2+b_4+b_5 \\ E(T_D) &= 4t_D+b_1+b_3+b_4+b_5 \\ E(T_E) &= 4t_E+b_2+b_3+b_4+b_5 \end{aligned}\right\} \qquad (D)$$

यहाँ $4=r$ = प्रत्येक किस्म के पुनः प्रयोग की संख्या है।

$$\therefore E\left[T_A-\frac{B_1+B_2+B_3+B_4}{4}\right]$$

$$= 4t_A+b_1+b_2+b_3+b_4-\frac{4(b_1+b_2+b_3+b_4)+t_A+3\sum_{j=A}^{E} t_j}{4}$$

$$= \frac{15}{4}t_A-\frac{3}{4}\sum_{j=A}^{E} t_j$$

परंतु क्योंकि $\sum_{j=A}^{E} t_j = 0$ इसलिए

$$E\left[T_A-\frac{B_1+B_2+B_3+B_4}{4}\right]=\frac{15}{4}\,t_A$$

इसलिए यदि $T_A-\frac{B_1+B_2+B_3+B_4}{4}$ को Q_A से सूचित किया जाय तो

t_A का प्राक्कलक $\hat{t}_A=\frac{4}{15}\,Q_A$ है।

इस उदाहरण की अभिकल्पना में

$$k=4,\ b=5,\ v=5,\ r=4,\ \lambda=3$$

$$\therefore\ \hat{t}_A=\frac{k}{\lambda v}\,Q_A$$

इसी प्रकार $\hat{t}_j=\frac{k}{\lambda v}\,Q_j \qquad j=A,B,C,D,E.....(E)$

जहाँ $Q_j = T_j-$(उन ब्लॉकों की औसत पैदावार जिनमें j–वीं किस्म बोयी गयी है)।

यह अधिक साधारण सूत्र है और इस प्रकार की किसी भी अभिकल्पना में इसका उपयोग हो सकता है।

Q_j को समंजित उपचार योग (adjusted treatment total) कहा जाता है क्योंकि इसमें ब्लॉकों का प्रभाव हटा दिया जाता है।

§ २४.५.२ परिकल्पना परीक्षण

इस $\hat{t}_j$ के प्रसरण को हम $\frac{k}{\lambda v}\,\sigma^2$ से सूचित करेंगे। क्योंकि $\hat{t}_j$ और $\hat{t}_{j'}$ स्वतंत्र हैं इसलिए

$$V\left(\hat{t}_j-\hat{t}_{j'}\right)=\frac{2k}{\lambda v}\,\sigma^2 \qquad \ldots\ldots\ (24.3)$$

हम t– परीक्षण द्वारा t_j और $t_{j'}$ के अंतर से संबंधित परिकल्पनाओं की जाँच कर सकते हैं। परंतु इसके लिए σ^2 के अनुमान का ज्ञात होना आवश्यक है। इसके लिए प्रसरण विश्लेषण सारणी की सहायता लेनी पड़ती है।

सारणी संख्या 24.1

संतुलित असंपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के लिए प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग
(1)	(2)	(3)
उपचारों की उपेक्षा करके ब्लॉक	$b-1$	$\frac{1}{k}\sum_{i=1}^{b} B_i^2 - \frac{G^2}{bk}$
ब्लाकों का प्रभाव हटाकर उपचार	$v-1$	$\sum_{j=A}^{E} \hat{t}_j Q_j = \frac{k}{\lambda v}\sum_{j=A}^{E} Q_j^2$
त्रुटि	$(bk-1)-[(b-1)+(v-1)] = bk-b-v+1$	* *
कुल	$bk-1$	$\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=A}^{E} y^2_{ij} - \frac{G^2}{bk}$

त्रुटि वर्ग-योग को कुल वर्ग-योग में से अन्य दो वर्ग-योगों को घटाकर निकाला जाता है। इस सारणी में $G = \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=A}^{E} y^2_{ij}$ त्रुटि वर्ग-योग में उसकी स्वातंत्र्य संख्या $bk-b-v+1$ का भाग देने से हमें σ^2 का अनुमान होता है। इसी अनुमान का परिकल्पनाओं की जाँच में प्रयोग होता है।

§ २४.५.३ आंकड़े

आइए, अब फिर अपना ध्यान उदाहरण पर लगाया जाय।

सारणी संख्या 24·2

प्रयोग का फल

ब्लॉक 1	A 3	B 10	C 12	D 6	$B_1=31$
ब्लॉक 2	A 4	B 9	C 12	E 4	$B_2=29$
ब्लॉक 3	A 7	B 12	D 5	E 6	$B_3=30$
ब्लॉक 4	A 6	C 9	D 7	E 5	$B_4=27$
ब्लॉक 5	B 17	C 11	D 10	E 9	$B_5=47$
					$G=164$

§ २४.५.४ विश्लेषण

$$Q_A = 3+4+7+6 - \frac{31+29+30+27}{4}$$

$$= -9.25$$

$$Q_B = 10+9+12+17 - \frac{31+29+30+47}{4}$$

$$= 13.75$$

$$Q_C = 12+12+9+11 - \frac{31+29+27+47}{4}$$

$$= 10.50$$

$$Q_D = 6+5+7+10 - \frac{31+30+27+47}{4}$$

$$= -5.75$$

$$Q_E = 4+6+5+9 - \frac{29+30+27+47}{4}$$

$$= -9.25$$

$$\sum_{i=1}^{5}\sum_{j=A}^{E} y_{ij}^2 = 1582$$

$$\sum_{i=1}^{5} B_i^2 = 5640 \qquad \frac{1}{4}\sum_{i=1}^{5} B_i^2 = 1410$$

$$G^2 = \left[\sum_{i=1}^{5}\sum_{j=A}^{E} y_{ij}\right]^2 = 26869 \qquad \frac{G^2}{5\times 4} = 1344.8$$

$$\sum_{j=A}^{E} Q_j^2 = 417.9475 \qquad \sum_{j=A}^{E} Q_j \hat{t}_j = \tfrac{4}{15}\sum_{j=A}^{E} Q_j^2 = 111.45$$

सारणी संख्या 24·3

प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग	वर्ग-माध्य	अनु-पात	5% स्तर पर अर्थ-पूर्ण मान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उपचारों की उपेक्षा करके ब्लॉक	4	65.20	16.30		
ब्लॉक प्रभाव हटाकर उपचार	4	111.45	27.86	5.07	3.36
त्रुटि	11	60.55	05.50		
कुल	19	237.20			

अध्याय २५

सहकारी चर (Concomitant Variable) का उपयोग और सह-प्रसरण विश्लेषण (Analysis of Covariance)

§ २५.१ प्रयोग को अधिक दक्ष बनाने का प्रयत्न

आप यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना, लैटिन-वर्ग अभिकल्पना आदि के अध्ययन में यह समझ ही चुके हैं कि ब्लॉक बनाने का उद्देश्य त्रुटि को कम करना है। इन अभिकल्पनाओं का विश्लेषण इस अभिधारणा को लेकर किया जाता है कि यदि प्रेक्षित मान में से ब्लॉक आदि के प्रभावों को हटा दिया जाय तो शेष भाग एक यादृच्छिक चर होता है जिसका माध्य शून्य और वंटन प्रसामान्य माना जा सकता है। इस वंटन के प्रसरण को ही त्रुटि-वर्ग माध्य कहा जाता है। यदि हम कुछ प्रभावों को नहीं हटा पाते तो उनका वर्ग-योग भी त्रुटि वर्ग-योग में मिलकर उसे बढ़ा देता है। इस प्रकार उपचारों के प्रभावों के प्राक्कलन अदत्त (inefficient) हो जाते हैं।

त्रुटि को कम करने का एक और उपाय है। मान लीजिए, आप किसी विशेष लक्षण (characteristic) y में दिलचस्पी रखते हैं। परंतु प्रयोग में y के अतिरिक्त एक अन्य लक्षण x पर भी प्रेक्षण किये जाते हैं। यदि x का y के साथ लगभग एक-घात संबंध (linear relation) हो तो y के प्रेक्षण में से x के प्रभाव को हटाया जा सकता है और इस प्रकार y के ऊपर उपचार के प्रभाव को अधिक दक्षता के साथ प्राक्कलित किया जा सकता है। यह संभव है कि यह लक्षण x इस प्रकार का हो कि उसके आधार पर ब्लॉक बनाना बहुत कठिन हो। इसलिए उसके प्रभाव को ब्लॉक निर्माण द्वारा नहीं बल्कि किसी और ही तरकीब से हटाया जाता है।

§ २५.२ समाश्रयण प्रतिरूप

पहले x और y के बीच एक **समाश्रयण रेखा** (regression line) का अनुमान लगाया जा सकता है। हम इस अभिधारणा को लेकर चलते हैं कि इस रेखा से y के विचलनों का वंटन प्रसामान्य है। इस प्रसामान्य वंटन के प्रसरण को ही हम त्रुटि-वर्ग माध्य कहेंगे।

यदि i—वें ब्लॉक में j—वें उपचार पानेवाले प्लॉट के लिए y लक्षण का मान y_{ij} तथा x लक्षण का मान x_{ij} हो तो इस प्रतिरूप के अनुसार

$$y_{ij} = \mu + b_i + t_j + \beta\,(x_{ij} - \bar{x}) + \in_{ij}$$
$$i = 1,2,\ldots\ldots b$$
$$j = 1,2,\ldots\ldots v \qquad \ldots\ldots(25.1)$$

जहाँ $\mu = Y_{ij}$ के प्रत्याशित मानों का माध्य

पिछले विश्लेषणों की भाँति हम यह अधिधारणा लेकर चल सकते हैं कि

$$\sum_{j=1}^{v} t_j = 0 \qquad \ldots\ldots(25.2)$$

तथा

$$\sum_{i=1}^{b} b_i = 0 \qquad \ldots\ldots(25.3)$$

§ २५.३ उपचारों के प्रभाव समान होने की परिकल्पना के अंतर्गत समाश्रयण प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन

यदि हमें इस निराकरणीय परिकल्पना की जाँच करनी है कि सब उपचारों के प्रभाव समान हैं तो इसके अनुसार

$$t_j = 0 \quad , j = 1,2,\ldots\ldots v$$

इस परिकल्पना के अंतर्गत समीकरण (25.1) बदल कर निम्नलिखित हो जायगा

$$Y_{ij} = \mu + b_i + \beta(x_{ij} - \bar{x}) + \in_{ij} \qquad \ldots\ldots(25.4)$$

हम नीचे निम्नलिखित संकेतों का उपयोग करेंगे

$$Y_{i\cdot} = \sum_{j=1}^{v} Y_{ij} \quad ; \quad X_{i\cdot} = \sum_{j=1}^{v} x_{ij}$$

$$Y_{\cdot j} = \sum_{i=1}^{b} y_{ij} \quad ; \quad X_{\cdot j} = \sum_{i=1}^{b} x_{ij}$$

$$Y_{\cdot\cdot} = \sum_{i=1}^{b} Y_{i\cdot} = \sum_{j=1}^{v} Y_{\cdot j} = \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v} Y_{ij} \quad ; \quad \bar{y} = \frac{Y_{\cdot\cdot}}{bv}$$

$$X_{\cdot\cdot} = \sum_{i=1}^{b} X_{i\cdot} = \sum_{j=1}^{v} X_{\cdot j} = \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v} x_{ij} \quad ; \quad \bar{x} = \frac{X_{\cdot\cdot}}{bv}$$

हमें μ , b_i और β का प्राक्कलन करना है जहाँ $i=1, 2,..., b$। यदि इनके प्राक्कलकों को क्रमशः $\hat{\mu}$, $\hat{b_i}$ तथा $\hat{\beta}$ से सूचित किया जाय तो इनके लिए हमें निम्न-लिखित समीकरण प्राप्त होते है ।

(1) $b\nu\ \hat{\mu} = Y_{..}$ = सब y—प्रेक्षणों का योग

अथवा $$\hat{\mu} = \frac{Y_{..}}{b\nu} = \bar{y} \qquad \ldots\ldots(25.5)$$

(2) $$\nu\ (\hat{\mu} + \hat{b_i}) + \hat{\beta}\left[X_{i.} - \frac{X_{..}}{b}\right] = Y_{i.}$$

$= i$—वें ब्लॉक के y—प्रेक्षणों का योग

अथवा

$$\hat{b_i} = \frac{1}{\nu}\left(Y_{i.} - \frac{Y_{..}}{b}\right) - \frac{\hat{\beta}}{\nu}\left[X_{i.} - \frac{X_{..}}{b}\right]$$

$$i=1, 2,\ldots\ldots b \qquad \ldots\ldots(25.6)$$

(3) $$\sum_{i=1}^{b} \hat{b_i}\left[X_{i.} - \frac{X_{..}}{b}\right] + \hat{\beta}\left[\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu}(x_{ij} - \bar{x})^2\right]$$

$$= \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu}(y_{ij} - \bar{y})\ (x_{ij} - \bar{x})$$

अथवा

$$\hat{\beta} = \frac{\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu}(y_{ij} - \bar{y})\ (x_{ij} - \bar{x}) - \frac{1}{\nu}\sum_{i=1}^{b}\left(Y_{i.} - \frac{Y_{..}}{b}\right)\left(X_{i.} - \frac{X_{..}}{b}\right)}{\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu}(x_{ij} - \bar{x})^2 - \frac{1}{\nu}\sum_{i=1}^{b}\left(X_{i.} - \frac{X_{..}}{b}\right)^2}$$

$$= \frac{\left[\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu} y_{ij}\ x_{ij} - \frac{X_{..}\ Y_{..}}{b\ \nu}\right] - \frac{1}{\nu}\left[\sum_{i=1}^{b} Y_{i.}\ X_{i.} - \frac{Y_{..}\ X_{..}}{b}\right]}{\left[\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{\nu} x_{ij}^2 - \frac{X_{..}^2}{b\nu}\right] - \frac{1}{\nu}\left[\sum_{i=1}^{b} X_{i.}^2 - \frac{X_{..}^2}{b}\right]} \qquad \ldots\ldots(25.7)$$

§ २५.४ बिना परिकल्पना के समाश्रयण प्रतिरूप के प्राचलों का प्राक्कलन

ये प्राक्कलक तो हमें निराकरणीय परिकल्पना के अंतर्गत प्राप्त हुए । यदि इस परिकल्पना के बिना समीकरण (25.1) के आधार पर हम μ, t_j, b_i और β

का प्राक्कलन करें और इनको क्रमशः $\tilde{\mu}, \tilde{t}_j, \tilde{b}_i$ तथा $\tilde{\beta}$ से सूचित करें तो इनके लिए हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होते हैं।

(क) $$b\,v\,\tilde{\mu}\; Y..$$

अथवा $$\tilde{\mu} = \frac{Y..}{bv} \qquad \text{.....(25.8)}$$

(ख) $$v\,(\tilde{\mu}+\tilde{b}_i) + \tilde{\beta}\left(X_{i.}-\frac{X..}{b}\right) = y_{i.}$$

अथवा $$\tilde{b}_i + \frac{\tilde{\beta}}{v}\left(X_{i.}-\frac{X..}{b}\right) = \frac{1}{v}\left(Y_{i.}-\frac{Y..}{b}\right) \text{.....(25.9)}$$

(ग) $$b\,(\tilde{\mu}+\tilde{t}_j) + \tilde{\beta}\left(X_{.j}-\frac{X..}{v}\right) = Y_{.j}$$

अथवा $$\tilde{t}_j + \frac{\tilde{\beta}}{b}\left(X_{.j}-\frac{X..}{v}\right) = \frac{1}{b}\left(Y_{.j}-\frac{Y..}{v}\right) \text{.....(25.10)}$$

(घ) $$\sum_{i=1}^{b}\tilde{b}_i\left(X_{i.}-\frac{X..}{b}\right)+\sum_{j=1}^{v}\tilde{t}_j\left(X_{.j}-\frac{X..}{v}\right)+\tilde{\beta}\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}(x_{ij}-\bar{x})^2$$

$$= \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}(Y_{ij}-\bar{y})\,(x_{ij}-\bar{x})$$

अथवा $$\tilde{\beta}\left\{\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}(x_{ij}-\bar{x})^2-\frac{1}{b}\sum_{j=1}^{v}\left(X_{.j}-\frac{X..}{v}\right)^2-\frac{1}{v}\sum_{i=1}^{b}\left(X_{i.}-\frac{X..}{b}\right)^2\right\}$$

$$= \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}(Y_{ij}-\bar{y})^2\,(x_{ij}-\bar{x})-\frac{1}{b}\sum_{j=1}^{v}\left(X_{.j}-\frac{X..}{v}\right)\left(Y_{.j}-\frac{Y..}{v}\right)$$

$$-\frac{1}{v}\sum_{i=1}^{b}\left(Y_{i.}-\frac{Y..}{b}\right)\left(X_{i.}-\frac{X..}{b}\right)$$

अथवा $$\tilde{\beta}\left[\left\{\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}x_{ij}^2-\frac{X_{..}^2}{bv}\right\}-\frac{1}{b}\left\{\sum_{j=i}^{v}X_{.j}^2-\frac{X_{..}^2}{v}\right\}-\frac{1}{v}\left\{\sum_{i=1}^{b}X_{i.}^2-\frac{X_{..}^2}{b}\right\}\right]$$

$$=\left[\left\{\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}\gamma_{ij}\,x_{ij}-\frac{Y..X..}{bv}\right\}-\frac{1}{b}\left\{\sum_{j=1}^{v}Y_{.j}X_{.j}-\frac{Y..X..}{v}\right\}\right.$$

$$\left.-\frac{1}{v}\left\{\sum_{i=1}^{b}X_{i.}Y_{i.}-\frac{Y..X..}{b}\right\}\right] \qquad \ldots\ldots(25.11)$$

इन परिकलनों के लिए हम एक प्रसरण-सहप्रसरण सारणी की सहायता ले सकते हैं जो पृष्ठ ३५२ पर दी हुई है। जिस प्रकार चर का x प्रसरण $\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{x})^2$ होता है उसी प्रकार $\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_{ij}-\bar{x})(\gamma_{ij}-\bar{y})$ को x और y का सह प्रसरण कहते हैं।

यदि X और Y यादृच्छिक चर हों तो X और Y का सहप्रसरण $= E\,(X-m_1)(Y-m_2)$

जहाँ m_1 और m_2 क्रमशः X और Y के प्रत्याशित मान हैं।

यह आसानी से देखा जा सकता है कि

$$\hat{\beta}=\frac{S_{yx}-B_{yx}}{S_{xx}-B_{xx}}=\frac{T_{yx}+E_{yx}}{T_{xx}+E_{xx}}$$

और $$\breve{\beta}=\frac{S_{yx}-B_{yx}-T_{yx}}{S_{xx}-B_{xx}-E_{xx}}=\frac{E_{yx}}{E_{xx}}$$

§ २५.५ उपचार वर्ग-योग

यदि हम प्रतिदर्श प्रेक्षणों में समीकरण (25·1) के प्रतिरूप का आसंजन (fitting) करें तो त्रुटि-वर्ग योग निम्नलिखित होगा

$$R_0^2=\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}\left[\gamma_{ij}-\tilde{\mu}-\tilde{b}_i-\tilde{t}_j-\tilde{\beta}\left(x_{ij}-\frac{X..}{bv}\right)\right]^2$$

$$=\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}\left[\left\{\left(Y_{ij}-\frac{Y.}{bv}\right)-\frac{1}{v}\left(Y_{i.}-\frac{Y..}{b}\right)\right.\right.$$

सारणी संख्या 25.1

प्रसरण-सहप्रसरण सारणी

विचलन का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	Y^2	XY	X^2
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
ब्लॉक	$b-1$	$B_{yy}=\frac{1}{v}\sum_{i=1}^{b}y_{i.}^2-\frac{Y_{..}^2}{bv}$	$B_{yx}=\frac{1}{v}\sum_{i=1}^{b}y_{i.}X_{i.}-\frac{Y_{..}X_{..}}{bv}$	$B_{xx}=\frac{1}{v}\sum_{i=1}^{b}X_{i.}^2-\frac{X_{..}^2}{bv}$
उपचार	$v-1$	$T_{yy}=\frac{1}{b}\sum_{j=1}^{v}y_{.j}^2-\frac{Y_{..}^2}{bv}$	$T_{yx}-\frac{1}{b}\sum_{j=1}^{v}y_{.j}X_{.}-\frac{Y_{..}X_{..}}{bv}$	$T_{xx}=\frac{1}{b}\sum_{i=1}^{v}X_{.j}^2-\frac{X_{..}^2}{bv}$
त्रुटि	$(b-1)(v-1)$	E_{yy}	E_{yx}	E_{xx}
कुल	$bv-1$	$S_{yy}=\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{b}y_{ij}^2-\frac{Y_{..}^2}{bv}$	$S_{yx}=\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}y_{ij}x_{ij}-\frac{Y_{..}X_{..}}{bv}$	$S_{xx}=\sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}x_{ij}-\frac{X_{i.}^2}{bv}$

$$-\frac{1}{b}\left(Y_{.j}-\frac{Y_{..}}{v}\right)\Big\}-\tilde{\beta}\Big\{\left(x^{ij}-\frac{X_{..}}{bv}\right)-\frac{1}{v}\left(X_{i.}-\frac{X_{..}}{b}\right)$$
$$-\frac{1}{b}\left(X_{.j}-\frac{X_{..}}{v}\right)\Big\}\Big]^2$$

(देखिए समीकरण (क), (ख), (ग) और (घ))

$$\therefore\ R_o^2 = \sum_{i=1}^{b}\sum_{j=1}^{v}\Big[\left(y_{ij}-\frac{Y_{i.}}{v}-\frac{Y_{.j}}{b}+\frac{Y_{.}}{bv}\right)^2-2\tilde{\beta}\Big(y'_{ij}-\frac{Y_i}{v}-$$
$$\frac{Y_{.j}}{b}+\frac{Y_{..}}{bv}\Big)\times$$
$$\left(x_{ij}-\frac{X_{i.}}{v}-\frac{X_{.j}}{b}+\frac{X_{..}}{bv}\right)+\tilde{\beta}^2\left(x_{ij}-\frac{X_{i.}}{v}-\frac{X_{.j}}{b}+\frac{X_{..}}{bv}\right)^2\Big]$$
$$= E_{yy}-2\frac{E_{yx}}{E_{xx}}E_{yx}+\left(\frac{E_{yx}}{E_{xx}}\right)^2E_{xx} = E_{yy}-\frac{E_{yx}^2}{E_{xx}}=E_{yy}-\tilde{\beta}E_{yx}\ldots(25.12)$$

इसी प्रकार समीकरण (25.4) के प्रतिरूप के आसंजन करने पर त्रुटि निम्नलिखित होगी

$$R_1^2 = E_{yy}+T_{yy}-\frac{(E_{yx}+T_{yx})^2}{(E_{xx}+T_{xx})} \qquad \ldots\ldots(25.13)$$
$$= E_{yy}+T_{yy}-\hat{\beta}(E_{yx}+T_{yx})$$

इन दोनों त्रुटियों का अंतर हमें उपचार वर्ग-योग देता है।** क्योंकि उपचारों के प्रभाव यदि वास्तव में समान होते तो R_o^2 और R_1^2 के प्रत्याशित मान समान ही होते। इनका अंतर केवल उपचारोंके वर्ग-योग के R_1^2 में शामिल हो जाने के कारण है। इस तरह

उपचार वर्ग-योग $= R_1^2-R_o^2$
$$=\{E_{yy}+T_{yy}-\hat{\beta}(E_{yx}+T_{yx})\}-\{E_{yy}-\tilde{\beta}E_{yx}\}$$
$$=T_{yy}-\hat{\beta}(E_{yx}+T_{yx})+\tilde{\beta}E_{yx}$$

**उपचार वर्ग-योग प्राप्त करने की यह विधि साधारण (general) है। पिछले प्रयोगों के विश्लेषण में भी उपचार वर्ग-योग को इस विधि से प्राप्त किया जा सकता था परंतु वहाँ दी हुई विधि अधिक सरल होने के कारण इस साधारण विधि का वर्णन पिछले अध्यायों में नहीं किया गया था।

२५.६ परिकल्पनाओं के परीक्षण

इसलिए यदि हम इस निराकरणीय परिकल्पना की परीक्षा करना चाहते हैं कि सब उपचारों के प्रभाव समान हैं तो हमें उपचार-वर्ग माध्य और त्रुटि-वर्ग माध्य के अनुपात का कलन करना चाहिए। यदि यह अनुपात $F_{\nu-1,b\nu-\nu-s}$ वंटन के एक पूर्व निश्चित प्रतिशत विंदु से अधिक हो तो हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर देंगे।

यदि परिकल्पना अस्वीकृत होती है तो हमारी चेष्टा यह जानने की होती है कि कौन-कौन से उपचारों के प्रभावों के अंतर अर्थ-पूर्ण हैं। उपचार प्रभाव t_j और t_k के अंतर का प्राक्कलन निम्नलिखित है।

$$\hat{t}_j - \hat{t}_k = \frac{1}{b}[(Y_{.j} - Y_{.k}) - \hat{\beta}(X_{.j} - X_{.k})] \qquad \ldots\ldots(25.15)$$

इस प्राक्कलक का प्रसरण निम्नलिखित है।

$$\frac{2\sigma^2}{b} + \frac{\sigma^2}{b}\,\frac{(X_{.j} - X_{.k})^2}{E_{xx}} \qquad \ldots\ldots(25.16)$$

इस प्रकार प्रत्येक उपचार युग्म के अंतर के प्राक्कलन का प्रसरण भिन्न होता है।

आइए, अब जो भी कुछ गणित हमने सहप्रसरण के विश्लेषण के संबंध में सीखा है उसका उपयोग एक उदाहरण में करके उससे अधिक परिचित हो जायँ।

§ २५.७ उदाहरण

तीन प्रकार की खादें हैं। इनका प्रभाव गेहूँ की उपज पर क्या है यह जानने के लिए एक यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्पना का उपयोग किया गया। इस प्रयोग में कुल पाँच ब्लॉक थे। प्रत्येक ब्लॉक में तीन बराबर बराबर क्षेत्रफल के प्लॉट थे। इन तीन प्लॉटों में तीन प्रकार की खादों का प्रयोग किया गया। किस प्लॉट में कौन सी खाद का उपयोग किया जाय यह यादृच्छिकीकरण द्वारा निश्चय किया गया। इन विभिन्न खाद पाने वाले प्लॉटों में उपज की तुलना करके यह पता चल सकता है कि इन खादों के प्रभाव में कोई विशेष अंतर है या नहीं।

परंतु इस प्रयोग में ब्लॉक-प्रभाव, खाद-प्रभाव और प्लाट-प्रभाव के अतिरिक्त विचरण का एक और उद्गम है और वह है पौधों की संख्या। यद्यपि तीनों प्लॉटों में क्षेत्रफल बराबर है परंतु गेहूँ बोने का तरीका ऐसा हो सकता है कि इन प्लॉटों में पौधों की संख्या भिन्न-भिन्न हो। यह स्पष्ट है कि इस संख्या के अधिक या कम होने का

प्रभाव कुल उपज को बढ़ाने अथवा घटाने में सहायता पहुँचायगा। फिर भी यह आवश्यक नहीं है कि उपज पौधो की संख्या के अनुपात में ही हो। यद्यपि इस उद्गम से उत्पन्न विचरण को भी त्रुटि का एक भाग मानकर प्रयोग का विश्लेषण किया जा सकता है तथापि इस प्रकार के विश्लेषण में प्राक्कलनों का प्रसरण अधिक होगा तथा निराकरणीय परिकल्पना का परीक्षण सामर्थ्यवान (powerful) नहीं होगा। यदि इस उद्गम से उत्पन्न विचरण को हम सह-प्रसरण विश्लेषण द्वारा हटा सकें तो परीक्षण की सामर्थ्य (*power*) बढ़ जायगी।

इसके लिए ब्लॉक i के जिस प्लॉट में j–वीं खाद का प्रयोग हुआ है उसको (ij) से सूचित करेंगे। (i,j) प्लॉट की उपज को हम Y_{ij} तथा उसमें पौधों की संख्या को हम x_{ij} से सूचित करेंगे।

निराकरणीय परिकल्पना H_o :—खादों के प्रभाव समान हैं।

वैकल्पिक परिकल्पना H_1 :—खादों के प्रभाव समान नहीं है।

§ २५.७.१ प्रेक्षण

प्रयोग के फल नीचे की सारणी में दिये हुए हैं।

सारणी संख्या 25.2

उपचार / ब्लॉक i \ j	y_{ij}				x_{ij}			
	1	2	3	कुल $Y_{i.}$	1	2	3	कुल $X_{i.}$
1	5	7	11	23	70	100	143	313
2	6	8	9	23	91	108	114	313
3	7	6	6	19	102	82	72	256
4	6	8	9	23	85	111	118	314
5	8	7	10	25	114	94	129	337
कुल $Y_{.j}, X_{.j}$	32	36	45	113 $=Y_{..}$	462	495	576	1,533 $=X_{..}$

§ २५.७.२ विश्लेषण

$$\left\{\begin{aligned}
&\frac{X_{..}^2}{5\times 3} = 156{,}672.60\\
&\frac{X_{..}Y_{..}}{5\times 3} = 11{,}548.60\\
&\frac{Y_{..}^2}{5\times 3} = 851.27
\end{aligned}\right.$$

$$\left\{\begin{aligned}
&\sum_{i=1}^{5}\sum_{j=1}^{3} x_{ij}^2 = 162{,}545.00\\
&\sum_{i=1}^{5}\sum_{j=1}^{3} x_{ij}\,y_{ij} = 12{,}017.00\\
&\sum_{i=1}^{5}\sum_{j=1}^{3} y_{ij}^2 = 891.00
\end{aligned}\right.$$

$$\left\{\begin{aligned}
&\tfrac{1}{3}\sum_{i=1}^{5} X_{i.}^2 = 157{,}879.67\\
&\tfrac{1}{3}\sum_{i=1}^{5} X_{i.}Y_{i.} = 11{,}636.33\\
&\tfrac{1}{3}\sum_{i=1}^{5} Y_{i.}^2 = 857.67
\end{aligned}\right.$$

$$\tfrac{1}{5}\sum_{j=1}^{3} X_{.j}^2 = 158{,}049.00$$

$$\tfrac{1}{5}\sum_{j=1}^{3} X_{.j}\,Y_{.j} = 11{,}704.80$$

$$\tfrac{1}{5}\sum_{j=1}^{3} Y_{.j}^2 = 869.00$$

सारणी संख्या 25.3

प्रसरण और सह-प्रसरण विश्लेषण सारणी

विचरण का उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	y^2	xy	x^2
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
ब्लॉक	4	$B_{yy}=6.40$	$B_{yx}=87.73$	$B_{xx}=1207.07$
उपचार	2	$T_{yy}=17.73$	$T_{yx}=156.20$	$T_{xx}=1376.40$
त्रुटि	8	$E_{yy}=15.60$	$E_{yx}=224.47$	$E_{xx}=3289.93$
कुल	14	$S_{yy}=39.73$	$S_{yx}=468.40$	$S_{xx}=5873.40$

यदि सहकारी चर के प्रभाव की उपेक्षा कर दी जाती तो उपचारों की तुलना के लिए हमारा निकष $\frac{T_{yy}/2}{E_{yy}/8} = F$ होता जिसका वंटन परिकल्पना के सत्य होने पर $F_{2,8}$ होता। इस प्रयोग में F का मान 4.55 है जो $F_{2,8}$ के पाँच प्रतिशत बिंदु 4.46 से अधिक है। (देखिए सारणी संख्या 11.1) इसलिए हम निराकरणीय परिकल्पना को अस्वीकार कर देते। परंतु यह बहुत संभव है कि इस अस्वीकृति का कारण खाद के प्रभावों में अंतर नहीं बल्कि पौधों की संख्या में अंतर हो। यह भी संभव है कि खाद के प्रभावों का अंतर 1 प्रतिशत बिंदु पर भी अर्थपूर्ण हो। आइए अब हम पौधों की संख्या के प्रभाव को सहप्रसरण विश्लेषण द्वारा हटाकर देखें कि हमारे ऊपर के निष्कर्ष में कुछ अंतर पड़ता है या नहीं।

$$\tilde{\beta} = \frac{E_{yx}}{E_{xx}} = \frac{224.47}{3289.93}$$
$$= 0.06823$$
$$\tilde{\beta} E_{yx} = 0.06823 \times 224.47$$
$$= 15.32$$
$$E'_{yy} = E_{yy} + T_{yy} = 33.33$$
$$E'_{yx} = E_{yx} + T_{yx} = 380.67$$
$$E'_{xx} = E_{xx} + T_{xx} = 4{,}666.33$$

$$\therefore \hat{\beta} = \frac{E'_{yx}}{E'_{xx}} = 0.08158$$

$$\text{तथा } \hat{\beta} \times E'_{yx} = 0.08158 \times 380.67$$
$$= 31.06$$

$$\text{त्रुटि वर्ग योग} = E_{yy} - \tilde{\beta} E_{yx} = 15.60 - 15.32$$
$$= 0.28$$

क्योंकि E_{yy} की स्वातंत्र्य संख्या 8 तथा $\tilde{\beta} E_{yx}$ की स्वातंत्र्य संख्या 1 है इसलिए $E_{yy} - \tilde{\beta} E_{yx}$ की स्वातंत्र्य संख्या 7 है।

$$(\text{उपचार} + \text{त्रुटि}) \text{ वर्ग-योग} = E'_{yy} - \hat{\beta} E'_{yx} = 33.33 - 31.06$$
$$= 2.27$$

$\therefore$ उपचार वर्ग-योग $= 2.27 - 0.28 = 1.99$

क्योंकि E'_{yx} की स्वातंत्र्य संख्या 10 है तथा $\hat{\beta} E'_{yx}$ की स्वातंत्र्य संख्या 1 है इसलिए $E'_{yy} - \hat{\beta} E'_{yx}$ की स्वातंत्र्य संख्या 9 है।

सारणी संख्या 25.4

पौधों की संख्या के प्रभाव को हटाने के बाद उपचार-प्रभाव की जाँच

उद्गम	स्वातंत्र्य संख्या	वर्ग-योग		वर्ग-माध्य	अनुपात F
(1)	(2)	(3)		(4)	
उपचार	2		1.99	1.00	25.00
त्रुटि	7	$E_{yy} - \tilde{\beta} E_{yx}$	0.28	0.04	
उपचार + त्रुटि	9	$E'_{yy} \quad \hat{\beta} E'_{yx}$	=2.27		

निकष F का यह मान एक प्रतिशत स्तर पर भी अर्थपूर्ण है। जब कि सहकारी चर की उपेक्षा करने पर प्रेक्षण फल 1 प्रतिशत स्तर पर अर्थहीन है। इससे यह मालूम होता है कि सहकारी चर का प्रभाव हटा देने से हमारा परीक्षण अधिक शक्तिशाली हो सकता है।

प्रयोग-अभिकल्पनाएँ अन्य भी अनेक प्रकार की होती हैं परंतु उनका विवरण देने का न तो इस पुस्तक में स्थान है और न यह आवश्यक ही है। अतः प्रयोग-अभिकल्पना के विवरण को हम यहीं समाप्त करते हैं।

भाग ६

प्रतिदर्श सर्वेक्षण

Sample Survey

अध्याय २६

प्रतिदर्श-सर्वेक्षण के साधारण सिद्धांत

General Principles of Sample Survey

सरल यादृच्छिक प्रतिचयन

Simple Random Sampling

§ २६.१ योजना के लिए सर्वेक्षण की आवश्यकता

किसी भी योजना को बनाने के पूर्व कुछ आँकड़ों की आवश्यकता होती है। मान लीजिए कि उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य १४ वर्ष से छोटे सब बालक-बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा देना है। इसके लिए यह निश्चित करना होगा कि किस-किस स्थान पर कितने स्कूल खोले जायँ और उनमें कितने अध्यापक रखे जायँ। इसके पूर्व कि सरकार इस प्रकार का कोई निश्चय करे उसे कदाचित् निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना होगा।

(१) १४ वर्ष से कम के बालक-बालिकाओं की संख्या कितनी है और वह किस गति से बढ़ रही है। यदि सरकार की इस बारे में कोई भी नीति है कि एक स्कूल में अधिक से अधिक कितने विद्यार्थियों को पढ़ना चाहिए और विद्यार्थियों और शिक्षकों की संख्या में क्या अनुपात रहना चाहिए तो सरकार को साधारण रूप में यह ज्ञात हो जायगा कि इस योजना के लिए कितने स्कूल और कितने शिक्षकों की आवश्यकता है।

(२) वर्तमान स्थिति में उत्तर-प्रदेश में कितने स्कूल हैं—उनमें कितने विद्यार्थी और शिक्षक हैं। यदि सरकार का शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात अथवा एक स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के बारे में कोई निश्चित मत नहीं है तो इस मत के स्थिर करने में यह सूचना उपयोगी सिद्ध हो सकती है। इसके अतिरिक्त इससे यह पता चलेगा कि वर्तमान स्कूलों के अतिरिक्त कितने नये स्कूलों की स्थापना करना आवश्यक है।

(३) सरकार को विभिन्न स्थानों पर जन-संख्या का वितरण और एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए सड़कों इत्यादि का ज्ञान यह निश्चय करने के लिए आवश्यक है कि स्कूल कहाँ खोले जायँ।

(४) सरकार को उन पढ़े-लिखे लोगों की संख्या का भी ज्ञान होना चाहिए जो इन स्कूलों में शिक्षक का पद ग्रहण करने योग्य हैं और शिक्षक बनने के लिए राजी हैं।

हो सकता है कि इसके अलावा और भी अनेक प्रकार की सूचनाओं की आवश्यकता योजना बनाने वालों को हो। यह केवल एक उदाहरण था परंतु आप स्वयं विभिन्न योजनाओं को ध्यान में रखकर यह पता लगा सकते हैं कि हरएक के लिए आँकड़ों की आवश्यकता होती है। यह आँकड़े प्रायः ऐसी समष्टियों से संबंध रखते है जिनमें कुल इकाइयों की संख्या परिमित (finite) होती है। इन आँकड़ों को प्राप्त करने के लिए बहुधा सर्वेक्षण करना पड़ता है। यद्यपि समष्टि परिमित होती है परंतु प्रायः इकाइयों की संख्या इतनी अधिक होती है कि सर्वेक्षण को समष्टि के एक प्रतिदर्श तक ही सीमित रखना पड़ता है। इस प्रकार के सर्वेक्षण को प्रतिदर्श सर्वेक्षण (sample survey) की संज्ञा दी जाती है।

§ २६.२ सर्वेक्षण में त्रुटियाँ

इस तरह के सर्वेक्षण में दो तरह की त्रुटियाँ होती हैं।

(१) **प्रतिचयन त्रुटि** (Sampling error) —समष्टि से चुने हुए विभिन्न प्रतिदर्शों द्वारा हमें विभिन्न प्राक्कलक प्राप्त होते है जो केवल इसी कारण समष्टि प्राचल से भिन्न होते है कि प्रतिदर्श में समष्टि की हर एक इकाई नहीं होती। इस कारण से प्राक्कलन और प्राचल में जो अंतर होता है उसको प्रतिचयन त्रुटि कहते हैं। विभिन्न प्रतिदर्शों के लिए यह त्रुटि भिन्न भिन्न होगी। किसी यादृच्छिक प्रतिचयन विधि के लिए इन त्रुटियो के वर्ग के माध्य को प्राक्कलक की माध्य-वर्ग-त्रुटि (mean square error) कहते हैं। यह किसी विशेष प्रतिचयन विधि और प्राक्कलन विधि से संबंधित त्रुटि का एक माप है।

(2) **अ-प्रतिचयन त्रुटि** (*Non-Sampling error*) —सर्वेक्षण में त्रुटि के और भी उद्गम हैं। मान लीजिए कि हमें उत्तर प्रदेश के मध्यवर्गीय परिवारों की औसत आय का प्राक्कलन करना है। प्राक्कलन से पूर्व यह जानना आवश्यक है कि मध्य वर्गीय परिवार से हमारा क्या तात्पर्य है और आय की परिभाषा क्या है। यह भी जानना जरूरी है कि परिवार में किस प्रकार के व्यक्तियों को सम्मिलित माना जायगा। इन सब परिभाषाओं के होते हुए भी बहुत संभव है कि कुछ मध्य-वर्गीय परिवार सर्वेक्षण से छूट जायँ और कुछ ऐसे परिवार जो इस परिभाषा को संतुष्ट नहीं करते सर्वेक्षण में गलती से मध्यवर्गीय परिवारों की तरह सम्मिलित कर लिये

जायँ। यह भी संभव है कि कुछ परिवारों को अपनी आय का ठीक पता न हो इसलिए उनसे प्रश्न करके जो आय का अनुमान लगाया जाता है वह वास्तविक आय से भिन्न हो। कुछ कारणों से आय संबंधी प्रश्नों का उत्तर जान बूझ कर भी गलत दिया जा सकता है।

अनाज की उपज के सर्वेक्षण में यह पता चलाना होता है कि कितने क्षेत्रफल में अनाज बोया गया है। इस प्रकार के सर्वेक्षण के लिए अनुसंधाता (investi gator) का खेतों पर जाना आवश्यक है और प्रत्येक खेत के लिए--यदि उसका क्षेत्रफल ज्ञात हो—यह पता चलाना आवश्यक है कि उसके क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग में अनाज लगा हुआ है। इसके लिए अनुसंधाता अनुमान का आश्रय लेता है। खेत को देखकर वह अनुमान लगाता है कि इसके कितने भाग में अनाज लगा हुआ है। परंतु स्पष्ट है कि उन दो स्थितियों को छोड़कर जिनमें या तो खेत में अनाज बिलकुल ही न हो अथवा संपूर्ण खेत अनाज से ढँका हो, अन्य स्थितियों में इस अंदाजे और वास्तविक अनुपात में कुछ न कुछ अंतर अवश्य होगा। यह भी हो सकता है कि कुछ अनुसंधाता ईमानदार न हों और बिना खेत पर गये अपनी इच्छा से ही इस अनुपात का अनुमान लिख दें। इस प्रकार के अन्य कई कारण हैं जो प्रतिदर्श विशेष से संबंधित नहीं हैं। इस प्रकार की त्रुटियों को अप्रतिचयन-त्रुटियाँ कहते हैं।

किसी भी अच्छे सर्वेक्षण का ध्येय इन दोनों प्रकार की त्रुटियों को सीमित रखना होता है। प्रतिचयन त्रुटियों को विशेष प्रतिचयन विधि और प्राक्कलन विधि द्वारा कम किया जा सकता है। यह स्पष्ट है कि यदि प्रतिदर्श में समष्टि की प्रत्येक इकाई हो तो प्रतिचयन त्रुटि शून्य होगी। अप्रतिचयन त्रुटियों को कम करने के लिए अनुसंधाताओं के शिक्षण और नियंत्रण की आवश्यकता है। वे जितने अधिक अनुभवी होंगे और उनपर जितना अधिक नियंत्रण रहेगा उतनी ही अप्रतिचयन त्रुटियाँ कम होंगी। यह ध्यान देने की बात है कि प्रतिदर्श-परिमाण बढ़ने से प्रतिचयन त्रुटि तो घटती है परंतु अप्रतिचयन त्रुटि बढ़ती हैं। यह संभव है कि एक छोटे प्रतिदर्श से प्राप्त प्राक्कलन की कुल त्रुटि पूरी समष्टि से प्राप्त प्राक्कलन की त्रुटि से कम हो।

§ २६·३ अन्य उपादान

त्रुटि के अतिरिक्त सर्वेक्षण में और भी कई उपादानों (factors) का विचार रखना पड़ता है। इनमें धन और समय विशेष उल्लेखनीय है। किसी भी सर्वेक्षण के लिए एक निश्चित मात्रा से अधिक धन व्यय करना संभव नहीं होता।

जितना अधिक प्रतिदर्श परिमाण होगा उतना ही अधिक धन व्यय करना पड़ेगा। जो धन सर्वेक्षण पर व्यय करना पड़ता है उसे सर्वेक्षण-व्यय (cost of survey) कहते हैं। और यह प्रतिदर्श-परिमाण पर ही नही बल्कि प्रतिचयन विधि और प्राक्कलन विधि पर भी निर्भर करता है।

यदि सर्वेक्षण द्वारा आँकड़े बहुत देर में प्राप्त हों तो उनका महत्त्व घट जाता है। उदाहरण के लिए भारत में १९५९ में उत्पन्न खाद्यान्नों के आँकड़ों की आवश्यकता इसलिए पड़ सकती है कि सरकार आयात- निर्यात के बारे में कोई निश्चय कर सके। यदि अन्न आवश्यकता से बहुत कम हुआ हो तो लोगों को भूख से बचाने के लिए विदेशों से अन्न मँगाना पड़ेगा। और यदि अन्न आवश्यकता से अधिक हुआ हो तो मशीनों आदि के क्रय के लिए इसको विदेशों में बेचकर विदेशी क्रय मुद्रा प्राप्त की जा सकती है। परतु यदि यह आँकड़े हमें १९६२ तक प्राप्त हो तो उनका महत्त्व समाप्त हो जाता है। क्योंकि यदि अन्न की कमी हुई हो तो उसका असर उस समय तक पड़ ही चुका होगा और आँकड़ों का उपयोग सरकार के आलोचक केवल यह कह सकने के लिए कर सकेंगे कि सरकार को १९६० में अमुक नीति अपनानी चाहिए थी और उसने दूसरी नीति अपना कर गलती की। प्राक्कलनों को थोड़े समय में प्राप्त करने के लिए भी यह आवश्यक है कि प्रतिदर्श बहुत बड़ा न हो।

सर्वेक्षण के सिद्धांतों का अभिप्राय धन समय और अन्य अनुबंधों के अनुगत एक ऐसी प्रतिचयन विधि और प्राक्कलन विधि को प्राप्त करना है जिसके लिए प्राक्कलन त्रुटि न्यूनतम हो। हम यहाँ केवल प्रतिचयन त्रुटि पर विचार करेंगे क्योंकि अन्य त्रुटयों को कम करने के लिए प्रतिचयन विधि और प्राक्कलन विधि नही वरन् शिक्षण, नियत्रण और अनुभव की आवश्यकता है।

§ २६.४ सरल यादृच्छिक प्रतिचयन (*Simple Random Sampling*)

यादृच्छिक प्रतिचयन की कई विधियाँ हैं जिनमे से सबसे सरल का नाम सरल यादृच्छिक प्रतिचयन है। मान लीजिए समष्टि में N इकाइयाँ $U_1, U_2, U_3, \ldots U_N$ हैं। इन N इकाइयों में से n परिमाण के कुल $\binom{N}{n}$ अलग-अलग प्रतिदर्श चुने जा सकते हैं। यदि प्रतिदर्श इस प्रकार चुना जाय कि इन सब प्रतिदर्शों के चुने जाने की प्रायिकता $\frac{1}{\binom{N}{n}}$ हो तो इस विधि को **सरल यादृच्छिक प्रतिचयन** कहते हैं। इसकी विधि यह है कि पहिले तो N इकाइयों में से एक इकाई इस प्रकार चुनी जाय कि **सब**

इकाइयों के चुने जाने की प्रायिकता समान अर्थात् $\frac{1}{N}$ हो। फिर बाकी बची हुई $(N-1)$ इकाइयों में से एक इकाई इस प्रकार चुनी जाय कि इन बची हुई इकाइयों में से प्रत्येक की चुने जाने की प्रायिकता समान याने $\frac{1}{N-1}$ हो। इसी तरह क्रमशः एक-एक करके N इकाइयों को इस प्रकार चुना जाय कि प्रत्येक चुनाव में बाकी बची हुई इकाइयों में से प्रत्येक इकाई के चुने जाने की प्रायिकता बराबर रहे।

§ २६.५ प्राक्कलन

मान लीजिए हम किसी विशेष चर x के औसत मान $\bar{X}$ का प्राक्कलन करना चाहते हैं। यदि i–वीं इकाई U_i के लिए इस चर का मान X_i है तो

$$\bar{X} = \frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} X_i \qquad \ldots\ldots(26.1)$$

हम i–वीं चुनी हुई इकाई के लिए x के मान को x_i से सूचित करेंगे। $x_1, x_2, \ldots x_n$ सभी यादृच्छिक चर हैं जो प्रत्येक मान X_j, $j=1, 2, \ldots\ldots N$ को समान प्रायिकता $\frac{1}{N}$ से ग्रहण करते हैं। यदि हम प्रतिदर्श माध्य को $\bar{x}$ से सूचित करें तो

$$E(\bar{x}) = E\left[\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} x_i\right]$$

$$= \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} E(x_i)$$

परंतु $E(x_i) = \sum_{i=1}^{N} X_i \frac{1}{N}$

$$= \bar{X}$$

$$\therefore E(\bar{x}) = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} \bar{X} = \bar{X}$$

इस प्रकार हम देखते हैं कि $\bar{X}$ का एक अनभिनत प्राक्कलक $\bar{x}$ है। किसी दूसरी प्रतिचयन विधि से तुलना करने के पूर्व यह जानना आवश्यक है कि इस प्राक्कलक का प्रसरण कितना है।

§ २६.६ प्राक्कलक का प्रसरण

$$V(\bar{x}) = E(\bar{x}-\bar{X})^2$$

$$= E\left[\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(x_i-\bar{X})\right]^2$$

$$= \frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{n}E(x_i-\bar{X})^2+\frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{n}\sum_{j\neq i}E(x_i-\bar{X})(x_j-\bar{X})$$

यह स्पष्ट है कि ऊपर दी हुई प्रतिचयन विधि के लिए

$$E(x_i-\bar{X})^2 = \frac{1}{N}\sum_{i=1}^{N}(x_i-\bar{X})^2$$

तथा $E(x_i-X)(x_j-X) = \frac{1}{N(N-1)}\sum_{i=1}^{N}\sum_{j\neq 1}(X_i-\bar{X})(X_j-\bar{X})$

$$= \frac{1}{N(N-1)}\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})\sum_{j\neq 1}(X_j-\bar{X})$$

$$= \frac{-1}{N(N-1)}\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2$$

क्योंकि $\sum_{j\neq i}(X_j-\bar{X}) = \sum_{j=1}^{N}(X_j-\bar{X})-(X_i-\bar{X})$

और $\sum_{j=1}^{N}(X_j-\bar{X}) = 0$

$$\therefore\ V(x)=\frac{1}{n^2}\left[\frac{n}{N}\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2-\frac{n(n-1)}{N(N-1)}\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2\right]$$

$$= \frac{N-n}{Nn}\,\frac{\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2}{N-1}$$

$$= \frac{N-n}{Nn}\,S^2 \qquad \ldots\ldots(26.2)$$

जहाँ $S^2 = \frac{\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2}{N-1}$ $\qquad \ldots\ldots(26.3)$

यदि प्रतिदर्श परिमाण n यथेष्ट बड़ा हो तो $\bar{x}$ का वंटन प्रायः प्रसामान्य होगा। यदि हम इसके मानक विचलन का प्राक्कलन कर सकें तो समष्टि प्राचल $\bar{X}$ के लिए विश्वास्य-अंतराल का प्राक्कलन भी किया जा सकता है। हम नीचे $V(\bar{x})$ का प्राक्कलन मालूम करेंगे और उसके वर्गमूल का उपयोग मानक विचलन के प्राक्कलन के लिए करेंगे।

§ २६.७ प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन

S के समान एक फलन s^2 हम प्रतिदर्श के लिए परिभाषित करते हैं :

$$s^2 = \frac{1}{n-1} \sum_{i=1}^{n} (x_i - \bar{x})^2 \qquad \ldots\ldots(26.4)$$

यह सिद्ध करना अत्यन्त सरल है कि S^2 का एक अनभिनत प्राक्कलक s^2 है।

$$E(s^2) = \frac{1}{n-1} \sum_{i=1}^{n} E(x_i - \bar{x})^2$$

$$= \frac{1}{n-1} \sum_{i=1}^{n} E[x_i - X) - (\bar{x} - \bar{X})]^2$$

$$= \frac{1}{n-1} \left[\sum_{i=1}^{n} E(x_i - \bar{X})^2 - n\, E(\bar{x} - \bar{X})^2 \right]$$

$$= \frac{1}{n-1} \left[\frac{n}{N} \sum_{i=1}^{N} (X_i - \bar{X})^2 - n \frac{N-n}{Nn} \frac{\sum_{i=1}^{N} (X_i - \bar{X})^2}{N-1} \right]$$

$$= \frac{\sum_{i=1}^{N} (X_i - \bar{X})^2}{N(N-1)(n-1)} [n(N-1) - (N-n)]$$

$$= \frac{\sum_{i=1}^{N} (X_i - \bar{X})^2}{N-1} = S^2 \qquad \ldots\ldots(26.5)$$

$\therefore$ $V(\bar{x})$ का अनभिनत प्राक्कलक $\hat{V}(\bar{x}) = \frac{N-n}{Nn} s^2$

हम साधारणतया किसी प्राचल θ के प्राक्कलक को $\hat{\theta}$ से सूचित करेंगे। यदि हम समष्टि योग $X = \sum_{i=1}^{N} X_i$ का प्राक्कलन करना चाहें तो स्पष्टतया

$$\hat{X} = N\bar{x} \qquad \ldots\ldots(26.6)$$

$$V(\hat{X}) = N^2 V(\bar{x}) = \frac{N(N-n)}{n} S^2 \qquad \ldots\ldots(26.7)$$

$$\hat{V}(\hat{X}) = \frac{N(N-n)}{n} s^2 \qquad \ldots\ldots(26.8)$$

$\because$ S^2 का अनभिनत प्राक्कलक s^2 है।

§ २६.८ अनुपात का प्राक्कलन

ऊपर दिये हुए सूत्रों का उपयोग समष्टि में विशेष गुण वाली इकाइयों के अनुपात के प्राक्कलन के लिए भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि एक नगर में N व्यक्ति हैं जिनमें से N_1 की उम्र १४ वर्ष अथवा उससे कम है। N_1 हमें ज्ञात नहीं है। हम नगर में १४ वर्ष से कम उम्र वाले व्यक्तियों का अनुपात $P = \frac{N_1}{N}$ जानना चाहते हैं।

मान लीजिए X_i एक चर है जो i वें व्यक्ति की उम्र १४ वर्ष से कम होने पर मान १ ग्रहण करता है अन्यथा मान ०। इस प्रकार नगर के प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक चर है। यह आप देख सकते हैं कि $\sum_{i=1}^{N} X_i = N_1$ और एक n परिमाण के प्रतिदर्श में $n_1 = \sum_{i=1}^{N} x_i =$ प्रतिदर्श में १४ वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों की संख्या।

$$\therefore \hat{P} = \left(\frac{\hat{N}_1}{N}\right) = \hat{\bar{X}} = \bar{x} = \frac{n_1}{n} = p \qquad \ldots\ldots(26.9)$$

= प्रतिदर्श में १४ वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों का अनुपात

इसी प्रकार $V(p) = \frac{N-n}{Nn} \frac{\sum_{i=1}^{N} x_i^2 - N\bar{X}^2}{N-1}$

[देखिए समीकरण (26.2) और समीकरण (26.3)]

$$= \frac{N-n}{Nn} \quad \frac{N_1 - N\left(\frac{N_1}{N}\right)^2}{N-1}$$

$$= \frac{N-n}{Nn} \quad \frac{NP-NP^2}{N-1}$$

$$= \frac{N-n}{n(N-1)} \; P(1-P) \qquad \ldots\ldots(26.10)$$

$$\hat{V}(p) \doteq \frac{N-n}{Nn} \frac{np-np^2}{n-1} \qquad \text{(देखिए समीकरण 26.8)}$$

$$= \frac{N-n}{N(n-1)} \; p\,(1-p) \qquad \ldots\ldots(26.11)$$

उदाहरण — यदि $N = 1{,}000$

$n = 200$

$n_1 = 80$

तो $\hat{P} = p = \frac{80}{200} = \frac{2}{5}$

$$\hat{V}(p) = \frac{1{,}000-200}{1{,}000 \times 199} \times \frac{2}{5} \times \frac{3}{5}$$

$$= \frac{24}{24{,}875}$$

§ २६.९ विचरण-गुणांक और प्रतिदर्श परिमाण

यदि किसी प्राक्कलक t का मानक विचलन σ_t और माध्य μ_t हो तो $\frac{\sigma_t}{\mu_t}$ को t का विचरण-गुणांक (coefficient of variation) कहते हैं और इसे $C.V.(t)$ से सूचित करते हैं। बहुधा सर्वेक्षण का उद्देश्य एक निश्चित संख्या से कम विचरण-गुणांक वाला प्राक्कलक प्राप्त करना होता है। सरल यादृच्छिक प्रतिचयन में विचरण गुणांक केवल प्रतिदर्श परिमाण पर ही निर्भर करता है। $\bar{x}$ का विचरण गुणांक $\sqrt{\frac{N-n}{Nn}} \frac{S}{\bar{X}}$ है। यदि हमें समष्टि के लिए $\frac{S}{\bar{X}}$ का अच्छा अनुमान हो

जिसे हम C से सूचित करें और यदि हम यह चाहते हों कि $\bar{x}$ का विचरण गुणांक लगभग α हो तो हम प्रतिदर्श परिमाण n को निम्नलिखित सूत्र द्वारा निश्चित कर सकते हैं—

$$\sqrt{\frac{N-n}{Nn}}\, C = \alpha$$

$$\text{अथवा } \frac{1}{n} - \frac{1}{N} = \frac{\alpha^2}{C^2}$$

$$\text{अथवा } \frac{1}{n} = \frac{N\alpha^2 + C^2}{NC^2}$$

$$\text{अथवा } = \frac{NC^2}{N\alpha^2 + C^2}$$

उदाहरण—यदि हमें यह ज्ञात है कि १४ वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों का अनुपात प्रायः ३० प्रतिशत है तो $\bar{X} = 0.3$,

$$S^2 = \frac{NP(1-P)}{X-1} = \frac{N}{N-1}\,(0.3 \times 0.7) \qquad \text{[देखिए समीकरण 26.10]}$$

यदि N यथेष्ट रूप से बड़ा हो तो $\frac{N}{N-1}$ की जगह सरलता के लिए 1 रख लेने से कोई विशेष त्रुटि नहीं होगी। इस प्रकार

$$C^2 = \frac{0.3 \times 0.7}{0.3 \times 0.3} = \frac{7}{3}$$

यदि हम p के विचरण गुणांक को 2 प्रतिशत के लगभग चाहते हैं तो

$$\alpha^2 = (0.02)^2 = 0.0004$$

$$\therefore \text{ इच्छित प्रतिदर्श परिमाण } n = \frac{7N/3}{0.0004N + 7/3}$$

यदि N बहुत बड़ा हो तो

$$n = \frac{7}{3 \times 0.0004}$$

$$= \frac{70{,}000}{12}$$

$$= 5834$$

अध्याय २७

स्तरित प्रतिचयन (Stratified Sampling)

§ २७.१ परिचय

सरल यादृच्छिक प्रतिचयन का प्रयोग केवल उस दशा में किया जाता है जब समष्टि के बारे में कोई ज्ञान न हो अथवा यदि कुछ ज्ञान हो भी तो बहुत मामूली सा। समष्टि के बारे में जिस प्रकार का और जितना ज्ञान होता है उसके अनुसार प्रतिचयन विधि में संशोधन करके उसे अधिक दक्ष बनाया जा सकता है। इनमें से एक संशोधित विधि समष्टि को कुछ स्तरों में विभाजित करके प्रत्येक में से अलग-अलग सरल यादृच्छिक प्रतिचयन करने की है। इस विधि को **स्तरित सरल यादृच्छिक प्रतिचयन** (stratified simple random sampling) कहते हैं।

§ २७.२ प्राक्कलन

मान लीजिए समष्टि को k स्तरों में विभाजित कर दिया गया है जिसमें से i–वें स्तर को S_i से सूचित किया जायगा। मान लीजिए कि S_i में कुल N_i इकाइयाँ हैं और इसकी j वीं इकाई के लिए x का मान X_{ij} है। इसके अतिरिक्त

$$\sum_{j=1}^{N_i} X_{ij} = X_i$$

$$\sum_{i=1}^{k} X_i = X \qquad \sum_{i=1}^{k} N_i = N$$

$$\frac{X}{N} = \bar{X}$$

यदि S_i में से j–वीं चुनी हुई इकाई के x के मान को x_{ij} से सूचित किया जाय और यदि i–वें स्तर में से n_i इकाइयाँ चुनी जायँ तो $\bar{X}_i$ का एक अनभिनत प्राक्कलक

$\bar{x}_i = \frac{1}{n_i} \sum_{j=1}^{n_i} x_{ij}$ है।

इसलिए $$E \sum_{i=1}^{k} N_i \bar{X}_i = \sum_{i=1}^{k} N_i \bar{X}_i$$

$$= \sum_{i=1}^{k} X_i$$

$$= X \qquad \ldots\ldots(27.1)$$

इस प्रकार X का एक अनभिनत प्राक्कलक $\hat{X}_{st} = \sum_{i=1}^{k} N_i \bar{x}_i$ है। यह स्पष्ट है कि $\bar{X}$ का अनभिनत प्राक्कलक $\frac{1}{N} \sum_{i=1}^{k} N_i \bar{X}_i$ है।

§ २७.३ प्राक्कलन का प्रसरण $$V\left[\sum_{i=1}^{k} N_i \bar{X}_i\right] = \sum_{i=1}^{k} V(N_i \bar{X}_i)$$

$$= \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i (N_i - n_i)}{n_i} S_i^2 \ldots\ldots(27.2)$$

जहाँ $$S_i^2 = \frac{\sum_{j=1}^{N_i} (X_{ij} - \bar{X}_i)^2}{N_i} \qquad \ldots\ldots(27.3)$$

§ २७.४ प्रसरण का प्राक्कलन

$$\hat{V}\left(\sum_{i=1}^{k} N_i \bar{x}_i\right) = \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i (N_i - n_i)}{n_i} s_i^2 \qquad \ldots(27.4)$$

जहाँ $$s_i^2 = \frac{\sum_{j=1}^{n_i} (x_{ij} - \bar{x}_i)^2}{n_i - 1} \qquad \ldots\ldots(27.5)$$

तथा $$\hat{V}\left(\hat{\bar{X}}\right) = \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i (N_i - n_i)}{N^2 n_i} s_i^2$$

$$= \sum_{i=1}^{k} \left(\frac{N_i}{N}\right)^2 \left(\frac{1}{n_i} - \frac{1}{N_i}\right) s_i^2 \ldots\ldots(27.6)$$

§ २७.५ विभिन्न स्तरों में प्रतिदर्श प्ररिमाण का वितरण

२७.५.१ समानुपाती वितरण

अब हमारे सामने समस्या यह है कि कुल प्रतिदर्श परिमाण $n = \sum_{i=1}^{k} n_i$ के दिये होने पर विभिन्न स्तरों के प्रतिदर्श परिमाण n_i को किस प्रकार निश्चित किया जाय। एक तरीका तो यह है कि प्रतिदर्श परिमाण स्तरों की इकाइयो की सख्या के अनुपात में हो। इस प्रकार के वितरण को **समानुपाती वितरण** (*proportional allocation*) कहते है।

समानुपाती वितरण के लिए प्राक्कलक को $\hat{\bar{X}}_{prop}$ से सूचित किया जायगा।

$$\hat{\bar{X}}_{prop} = \sum_{i=1}^{k} N_i \bar{x}_i = \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i}{n_i} \sum_{j=1}^{n_i} x_{ij} = \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{k} \sum_{j=1}^{ni} x_{ij} \quad \ldots\ldots(27.7)$$

क्योंकि $\frac{N_i}{ni} = \frac{N}{n}$ $\qquad i = 1, 2, \ldots\ldots k$

$$\hat{\bar{X}}_{prop} = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{k} \sum_{j=1}^{n_i} x_{ij} = \bar{x}$$

इस प्रकार के वितरण के लिए प्राक्कलक बहुत सरल हो जाता है। इसके लिए

$$V\left(\hat{\bar{X}}_{prop}\right) = \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i (N_i - n_i)}{N^2 n_i} S_i^2$$

$$= \frac{1}{Nn} \sum_{i=1}^{k} (N_i - n_i) S_i^2$$

$$= \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{k} \frac{N_i}{N} \left(1 - \frac{n_i}{N_i}\right) S_i^2$$

$$= \frac{N-n}{Nn} \sum_{i=1}^{k} \left(\frac{N_i}{N}\right) S_i^2 \quad \ldots\ldots(27.8)$$

$$\hat{V}\left(\hat{\bar{X}}_{prop}\right) = \frac{N-n}{Nn} \sum_{i=1}^{k} \left(\frac{N_i}{N}\right) S_i^2 \quad \ldots\ldots(27.9)$$

§ २७.५.२ अनुकूलतम वितरण

यदि सर्वेक्षण का व्यय प्रत्येक स्तर में केवल प्रतिदर्श इकाइयों पर निर्भर करता हो और i–वें स्तर में एक इकाई के सर्वेक्षण पर व्यय C_i हो तो संपूर्ण सर्वेक्षण का व्यय फलन C निम्नलिखित होगा।

$$C = \sum_{i=1}^{k} C_i n_i \qquad \ldots\ldots(27.10)$$

हम इस प्रकार के वितरण $(n_1, n_2, \ldots n_k)$ को निर्धारित करना चाहते हैं जिसके लिए प्रसरण दिये होने पर व्यय लघुतम अथवा व्यय C_o दिये होने पर प्रसरण निम्नतम हो। इस वितरण को मालूम करने के लिए निम्नलिखित विधि का उपयोग करना होगा। सर्वप्रथम हम एक परिमाण Q की परिभाषा देते हैं।

$$Q = V(\hat{\bar{X}}_{st}) - \lambda \left[C_o - \sum_{i=1}^{k} C_i n_i \right] \qquad \ldots\ldots(27.11)$$

$$= \frac{1}{N^2} \sum_{i=1}^{k} N_i^2 \left(\frac{1}{n_i} - \frac{1}{N_i} \right) S_i^2 - \lambda \left[C_o - \sum_{i=1}^{k} C_i n_i \right]$$

Q के निम्नतम मान के लिए $n_1, n_2, \ldots\ldots n_k$ का पता निम्नलिखित सूत्रों को हल करने से मिलता है।

$$\frac{\partial Q}{\partial n_i} = 0 \qquad i = 1, 2, \ldots\ldots k \qquad \ldots\ldots(27.12)$$

अथवा $$-\frac{N_i^2 S_i^2}{N^2 n_i^2} + \lambda C_i = 0 \qquad i = 1, 1, \ldots\ldots k$$

$$\therefore \quad n_i = \frac{1}{\sqrt{\lambda}} \frac{W_i S_i}{\sqrt{C_i}} \quad \text{जहाँ } W_i = \frac{N_i}{N} \qquad \ldots(27.13)$$

$$\therefore \quad C_o = \sum_{i=1}^{k} n_i C_i = \frac{1}{\sqrt{\lambda}} \sum_{i=1}^{k} W_i S_i \sqrt{C_i}$$

अथवा $$\frac{1}{\sqrt{\lambda}} = \frac{C_o}{\sum_{i=1}^{k} W_i S_i \sqrt{C_i}}$$

$$\therefore\ n_i = [C_o W_i S_i/\sqrt{C_i}] \div \sum_{i=1}^{k} W_i S_i \sqrt{C_i}$$

$$i=1,2,\ldots\ldots k \quad \ldots\ldots(27.14)$$

यदि $C_1 = C_2 = \ldots\ldots = C_k = d$ तो $C_o = nd$

$$\therefore\ n_i = n \frac{W_i S_i}{\sum_{i=1}^{k} W_i S_i} \quad \ldots\ldots(27.15)$$

§ २७.६ स्तरण-विधि (*method of stratification*)

एक समस्या यह है कि यदि समष्टि को k स्तरों में विभाजित करने की स्वतंत्रता हो तो यह विभाजन किस प्रकार किया जाय। यह हम इस प्रकार करना चाहेंगे कि प्राक्कलक का प्रसरण जहाँ तक हो सके कम हो जाय। हम जानते हैं कि

$$V_{ran}(\hat{\bar{X}}) = \left(\frac{1}{N} - \frac{1}{N}\right) S^2$$

$$= \left(\frac{1}{n} - \frac{1}{N}\right) \frac{\sum_{ij} (X_{ij} - \bar{X})^2}{N-1}$$

{जहाँ V_{ran} सरल यादृच्छिक प्रतिचयन के लिए प्राक्कलक का प्रसरण है।}

$$= \frac{1}{N-1} \left(\frac{1}{n} - \frac{1}{N}\right) \left[\sum_{i=1}^{k} (N_i - 1) S_i^2 + \sum_{i=1}^{k} N_i (\bar{X}_i - \bar{X})^2\right]$$

यदि N_i और N बहुत बड़े हों तो

$$V_{ran}(\hat{\bar{X}}) = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{k} W_i S_i^2 + \sum_{i=1}^{k} W_i (\bar{X}_i - \bar{X})^2 \quad \ldots\ldots(27.16)$$

जहाँ $W_i = \dfrac{N_i}{N}$

और $$V(\hat{\bar{X}}_{prop}) = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{k} W_i S_i^2 \quad \ldots\ldots(27.17)$$

$$\therefore\ V_{ran}(\hat{\bar{X}}) - V(\hat{\bar{X}}_{prop}) = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{k} W_i (\bar{X}_i - \bar{X})^2 \quad \ldots\ldots(27.18)$$

यदि हम समानुपाती वितरण प्राप्त करने का विचार रखते हैं तो हम समष्टि को इस प्रकार स्तरित करना चाहेंगे कि ऊपर लिखित अंतर अधिकतम हो। इसके लिए विभिन्न स्तरों की समष्टियों के माध्यों में अधिक से अधिक अंतर होना चाहिए।

§ २७.७ सन्निकटन (*approximation*)

इस प्रकार के अनुकूलतम वितरण और अनुकूलतम स्तरण को तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हमें समष्टि के बारे में यथेष्ट जानकारी हो। उदाहरण के लिए अनुकूलतम वितरण में S_i के ज्ञान की आवश्यकता है। परंतु यह ऐसा समष्टि-प्राचल है जिसका ज्ञान सर्वेक्षण के पूर्व नहीं हो सकता। इसके अज्ञात होने की अवस्था में हम समानुपाती वितरण का प्रयोग करके ही संतुष्ट हो सकते हैं। यदि हमें S_i के किसी अच्छे प्राक्कलन S_i' का ज्ञान हो तो वितरण इसके आधार पर करने से आशा की जा सकती है कि वितरण अनुकूलतम वितरण से बहुत भिन्न नहीं होगा।

यह भी हो सकता है कि हमें x से घनिष्ट रूप से संबधित किसी और चर y के लिए S_i' का ज्ञान हो जहाँ

$$S_i''^2 = \frac{\sum_{i=1}^{N} (Y_{ij} - \bar{Y}_i)^2}{N_i - 1}$$

और यह विश्वास हो कि $\frac{S_i'}{S_i}$ लगभग अचर है तो n_i का कलन S_i'' के आधार पर किया जा सकता है। इस प्रकार के तरीके को अनुकूलतम परिस्थिति के लिए सन्निकटन कहते हैं। यदि इस सन्निकटन और समानुपाती वितरण में अधिक अंतर न हो तो समानुपाती वितरण का ही उपयोग अधिक अच्छा है क्योंकि इससे प्रसरण में विशेष अंतर नहीं पड़ेगा जब कि प्राक्कलन बहुत सरल हो जायगा।

इसी प्रकार अनुकूलतम स्तरण के लिए $\sum_{i=1}^{k} W_i (\bar{Y}_i - \bar{Y})^2$ के मान को महत्तम बनाने की चेष्टा की जा सकती है जहाँ $\bar{Y}_i$ और $\bar{Y}$ के मान ज्ञात हैं। इस प्रकार का स्तरण लगभग अनुकूलतम होगा।

...

अध्याय २८

द्वि-चरणी प्रतिचयन (Two-stage sampling)

§ २८.१ प्रतिचयन विधि और व्यय

ऊपर लिखी प्रतिचयन विधियों के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिचयन कर्त्ता के पास सभी इकाइयों की एक सूची हो। बहुधा यह संभव नहीं होता। उदाहरण के लिए यदि हम भारतीय किसान परिवारों का प्रतिदर्श चयन करना चाहते है तो सब परिवारों की सूची प्राप्त करना लगभग असंभव होगा। यदि यह सूची हम बनाना चाहें तो सर्वेक्षण से भी अधिक धन और समय इस सूची के बनाने में लग जायगा। इसलिए हमें किसी और प्रकार की प्रतिचयन विधि का आश्रय लेना पड़ता है। यदि हमारे पास सब किसान परिवारों की सूची हो भी तो सरल यादृच्छिक प्रतिचयन के अवलंबन से यह बहुत सभव है कि प्रत्येक परिवार एक अलग ही गाँव से चुना जाय। भारत में गाँवों की कुल सख्या साढ़े छः लाख से भी अधिक होने के कारण इस बात की संभावना बहुत कम है कि हजार दो हजार परिवारों में से कोई दो परिवार भी एक ही गाँव से चुने जायँगे। इस प्रकार के सर्वेक्षण में एक गाँव से दूसरे गाँव की यात्रा का व्यय कुल सर्वेक्षण व्यय का एक मुख्य भाग बन जायगा। यह बहुत सभव है कि इस यात्रा व्यय कम करके इस धन को अधिक परिवारों के सर्वेक्षण में लगाया जाता तो कुल प्रसरण में कमी हो जाती। इस प्रकार के दो कारण जो विशेष कर व्यय के कम करने से संबंध रखते है हमें उस प्रतिचयन विधि का अवलंबन करने का संकेत करते है जो द्वि-चरणी प्रतिचयन कहलाता है।

§ २८.२ द्वि-चरणी प्रतिचयन विधि

इसमें प्रतिचयन उत्तरोत्तर दो चरण में किया जाता है। यदि अंतिम इकाइयों की सूची हमारे पास नहीं है अथवा उनके सरल प्रतिचयन में अपव्यय होता है तो हम पहिले इस प्रकार की इकाइयों के कई समूह बना लेते हैं——साधारणतया यह समूह पहिले से ही बने होते हैं और इनके निर्माण की आवश्यकता नही पड़ती। प्रतिचयन के पहिले चरण में हम इन समूहों में से कुछ का चयन करते हैं। इस प्रकार ये समूह प्रतिचयन की प्रथम-चरणी इकाइयाँ कहलाते हैं। इसके बाद इन चुनी हुई प्रथम-

चरणी इकाइयों में से प्रत्येक में से कुछ निश्चित संख्या में अंतिम इकाइयों को चुना जाता है। इस कारण ये द्वितीय-चरणी इकाइयाँ कहलाती हैं। उदाहरणार्थ किसान परिवारों के चयन के लिए पहिले भारत में कुछ गाँवों का चयन किया जा सकता है। इन चुने हुए गाँवों में किसान परिवार की सूची तैयार की जा सकती है। इनमें से कुछ परिवार प्रत्येक चुने हुए गाँव में से चयन किये जा सकते हैं।

§ २८.३ संकेत

मान लीजिए समष्टि में N प्रथम-चरणी इकाइयाँ $U_1\ U_2,\ U_3, \ldots\ldots U_N$ हैं। i–वीं इकाई U_i में M_i द्वितीय-चरणी इकाइयाँ $U_{i1}, U_{i2}, \ldots\ldots U_i\ M_i$ हैं। मान लीजिए U_{ij} के लिए गुण x का मान X_{ij} है।

$$\sum_{j=1}^{M_i} X_{ij} = X_i$$

$$\sum_{i=1}^{N}\sum_{j=1}^{M_i} X_{ij} = \sum_{i=1}^{N} X_i = X$$

$$\frac{X}{\sum_{i=1}^{N} M_i} = \bar{X}$$

§ २८.४ प्रतिचयन –

पहिले प्रथम-चरणी इकाइयों में से n परिमाण का एक सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श चुनते हैं। चुनी हुई इकाइयों में से i–वीं के गुण x के मान को हम x_i से सूचित करेंगे। इस i–वीं इकाई की कुल M_i इकाइयों में से हम m_i द्वितीय-चरणी इकाइयाँ सरल यादृच्छिक प्रतिचयन द्वारा चुनते हैं। इसकी j वीं चुनी हुई द्वितीय-चरणी इकाई के x गुण के मान को हम x_{ij} से सूचित करेंगे।

§ २८.५ प्राक्कलन

इस द्वितीय-चरणी चयन के लिए $\frac{M_i}{m_i}\sum_{j=1}^{m_i} x_{ij}$ को X_i का प्राक्कलक माना जा सकता है।

$$E_2\left[\frac{M_i}{m_i}\sum_{j=1}^{m_i} x_{ij}\right] = x_i$$

यहाँ हम E_2 द्वारा प्रथम-चरणी इकाई दिये होने पर द्वितीय-चरणी इकाइयों पर आश्रित प्राक्कलक के प्रत्याशित मान को सूचित करते हैं।

$$E_1 \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i = X$$

$$\therefore \hat{X} = \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{n} \frac{M_i}{m_i} \sum_{j=1}^{m_i} x_{ij}$$

$$= \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{n} M_i \bar{x}_i \qquad \ldots\ldots(28.1)$$

§ २८.६ प्राक्कलक प्रसरण

$$V(\hat{X}) = E_1 E_2(\hat{X})^2 - X^2$$

$$= E_1[V_2(\hat{X}) + \{E_2(\hat{X})\}^2] - X^2$$

$$= E_1 V_2(\hat{X}) + [E_1\{E_2(\hat{X})^2\} - X^2]$$

$$= E_1 V_2(\hat{X}) + V_1 E_2(\hat{X})$$

$$E_2(\hat{X}) = \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{n} x_i$$

$$\therefore V_1 E_2(\hat{X}) = \frac{N(N-n)}{n} \frac{\sum_{i=1}^{N} \left(X_i - \frac{X}{N}\right)^2}{N-1} \qquad \ldots\ldots(28.2)$$

और $V_2(\hat{X}) = \frac{N^2}{n^2} \sum_{i=1}^{n} \frac{M_i(M_i - m_i)}{m_i} \frac{\sum_{j=1}^{M_i} \left(X_{ij} - \frac{X_i}{M_i}\right)^2}{M-1}$

$$\therefore E_1 V_2(\hat{X}) = \frac{N}{n} \sum_{i=1}^{N} \frac{M_i(M - m_i)}{m_i} \frac{\sum_{j=1}^{M_i} \left(X_{ij} - \frac{X_i}{M_i}\right)^2}{M_i - 1} \qquad \ldots\ldots(28.3)$$

हम $\dfrac{\sum_{i=1}^{N}\left(X_i-\dfrac{X}{N}\right)^2}{N-1}$ को $M^2 S_b^2$ और $\dfrac{\sum_{j=1}^{M_i}\left(X_{ij}-\dfrac{X_i}{M_i}\right)^2}{M_i-1}$ को

S_i^2 द्वारा सूचित करेंगे जहाँ $M = \dfrac{1}{N}\sum_{i=1}^{N} M_i$

$$\therefore V(\hat{X}) = \frac{N(N-n)}{n} M^2 S_b^2 + \frac{N}{n}\sum_{i=1}^{N}\frac{M_i(M_i-m_i)}{m_i} S_i^2 \quad \ldots\ldots(28.4)$$

§ २८.७ प्रसरण का प्राक्कलन

यदि हम द्वितीय-चरणी इकाइयों के आधार पर s_i^2 से S_i^2 का प्राक्कलन करें तो

$$s_i^2 = \frac{1}{m_i-1}\sum_{i=1}^{m_i}\left(x_{ij}-\frac{1}{m_i}\sum_{j=1}^{m_i} x_{ij}\right)^2 \quad \ldots\ldots(28.5)$$

तथा (28.4) के दूसरे भाग का प्राक्कलक स्पष्टतया $\dfrac{N^2}{n^2}\sum_{i=1}^{n}\dfrac{M_i(M_i-m_i)}{m_i}$ s_i^2 है। इसी प्रकार प्रथम भाग का प्राक्कलन भी प्राप्त किया जा सकता है।

$$E\sum_{i=1}^{n}(N\hat{X}_i-\hat{X})^2 = N^2 nV(\hat{X}_i)-nV(\hat{X})$$

$$= \frac{N^2(n-1)}{N-1}\sum_{i=1}^{n}(X_i-\bar{X})^2+N(n-1)\sum_{i=1}^{n}\frac{M_i(M_i-m_i)}{m_i} S_i^2$$

इसलिए प्रथम भाग का प्राक्कलन निम्नलिखित है

$$\frac{N(N-n)}{n}\left[\frac{\sum_{i=1}^{n}\left(\hat{X}_i-\dfrac{\hat{X}}{N}\right)^2}{n-1}-\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\frac{M_i(M_i-m_i)}{m_i} s_i^2\right] \quad \ldots\ldots(28.5)$$

इस प्रकार $\hat{V}(\hat{X}) = \dfrac{N(N-n)}{n}\sum_{i=1}^{n}\left(\hat{X}_i-\dfrac{\hat{X}}{N}\right)^2$

$$+\frac{N}{n}\sum_{i=1}^{n}\frac{M_i(M_i-m_i)}{m_i} s_i^2 \quad \ldots\ldots(28.6)$$

यदि प्रत्येक प्रथम-चरणी इकाई में M इकाइयाँ हों जिनमें से m चुनी जायँ, तो

$$\hat{\bar{X}} = \frac{1}{nm} \sum_{i=1}^{n} \sum_{j=1}^{m} x_{ij} \qquad \text{.....(28.7)}$$

$$V(\hat{\bar{X}}) = \frac{N-n}{Nn} S_b^2 + \frac{M-m}{MNmn} \sum_{i=1}^{N} S_i^2$$

$$\text{यदि } S_w^2 = \frac{1}{N} \sum_{i=1}^{N} S_i^2 \qquad \text{.....(28.8)}$$

$$\text{और } S_u^2 = S_b^2 - \frac{S_w^2}{M} \text{ तो}$$

$$V(\hat{\bar{X}}) = \frac{N-n}{Nn} S_u^2 + \frac{MN-mn}{MNmn} S_w^2 \qquad \text{.....(28.9)}$$

$$\text{यदि } s_w^2 = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} s_i^2 \text{ तथा } s_u^2 + \frac{1}{m} s_w^2 = s_b^2$$

$$= \frac{1}{n-1} \sum_{i=1}^{n} \left(\bar{x}_i - \frac{\Sigma \bar{x}_i}{n} \right)^2 \text{ तो यह आप आसानी से सिद्ध कर सकते हैं कि}$$

$$\hat{V}(\hat{\bar{X}}) = \frac{N-n}{Nn} s_u^2 + \frac{MN-mn}{MNmn} s_w^2 \qquad \text{.....(28.10)}$$

§ २८.८ अनुकूलतम वितरण

यदि हम सब चुनी हुई प्रथम-चरणी इकाइयों में से बराबर संख्या में द्वितीय-चरणी इकाइयों का चयन करना चाहें तो हम यह जानना चाहेंगे कि कुल व्यय के दिये होने पर कितनी प्रथम-चरणी इकाइयों और प्रत्येक प्रथम-चरणी इकाई में से कितनी द्वितीय चरणी इकाइयों का चयन किया जाय।

हम निम्नलिखित व्यय फलन का उपयोग करेंगे

$$C = a + bn + dmn$$

जहाँ a कुछ ऐसा व्यय है जिसका प्रतिदर्श परिमाण से कुछ संबंध नहीं है, b प्रत्येक प्रथम-चरणी इकाई से संबंधित और d प्रत्येक द्वितीय चरणी इकाई से संबंधित व्यय है।

इसी प्रकार प्रसरण फलन को निम्नलिखित रूप में रखा जा सकता है

$$V = -\frac{1}{N} S_b^2 + \frac{1}{n}\left[S_b^2 - \frac{\sum_{1}^{N} M_i S_i^2}{NM^2}\right] + \frac{1}{nm}\frac{\sum_{i=1}^{N} M_i^2 S_i^2}{NM^2}$$

$$= a' + \frac{b'}{n} + \frac{d'}{mn}$$

कुल व्यय C_o के दिये होने पर हम m और n के ऐसे मानों का पता चलाना चाहते हैं जो प्रसरण को निम्नतम कर दें। इसके लिए हम एक परिमाण Q की परिभाषा देते हैं।

$$Q = a' + \frac{b'}{n} + \frac{d'}{mn} + \lambda\,[a+bn+dmn-C_o]$$

m और n को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित समीकरण हैं

(i) $\dfrac{\partial Q}{\partial m} = 0$ अथवा $\dfrac{d'}{m^2 n} = \lambda d n$

अथवा $mn = \dfrac{1}{\sqrt{\lambda}}\sqrt{\dfrac{d'}{d}}$ .....(28.11)

(ii) $\dfrac{\partial Q}{\partial n} = 0$

अथवा $\dfrac{b'}{n^2} + \dfrac{d'}{mn^2} = \lambda\,[b+dm]$

अथवा $\dfrac{b'}{n} + \dfrac{d'}{mn} = \lambda\,[bn+dmn]$

अथवा $\dfrac{b'}{n} = \lambda\, bn$

अथवा $n = \dfrac{1}{\sqrt{\lambda}}\sqrt{\dfrac{b'}{b}}$ .....(28.12)

समीकरण (28.11) को (28.12) से विभाजित करने पर

$$m = \sqrt{\frac{d'/d}{b'/b}}$$

इस प्रकार यह प्रतीत होता है कि यदि व्यय-फलन उपरिलिखित है तो m का अनुकूलतम मान कुल व्यय से स्वतंत्र है। कुल व्यय के विभिन्न मान दिये होने पर केवल n के मान में अंतर आयेगा और m का मान स्थिर रहेगा।

यह स्पष्ट है कि a, b, d तथा a', b', और d' हमें पहिले से ज्ञात नहीं हो सकते। इन प्राचलों के मान मालूम करने के लिए छोटे पैमाने पर एक आरंभिक सर्वेक्षण की आवश्यकता होती है। इसके आधार पर इन प्राचलों का प्राक्कलन किया जाता है।

§ २८.९ उदाहरण

समष्टि में कुल 20,000 प्रथम-चरणी इकाइयाँ थीं जिनमें से प्रारंभिक सर्वेक्षण में 20 चुनी गयीं। प्रत्येक प्रथम-चरणी इकाई में 1,000 द्वितीय-चरणी इकाइयाँ थीं। चुनी हुई प्रथम-चरणी इकाइयों में से प्रत्येक में से 3 द्वितीय-चरणी इकाइयाँ चुनी गयीं। इस प्रकार हमें निम्नलिखित सामग्री प्राप्त हुई

$$s_w^2 = \frac{1}{20} \sum_{i=1}^{20} \sum_{j=1}^{3} \frac{(x_{ij} - \bar{x}_i)^2}{2} = 12.24$$

$$s_b^2 = \frac{1}{19} \sum_{i=1}^{20} \left(\bar{x}_i - \frac{1}{20} \sum_{i=1}^{20} \bar{x}_i \right)^2 = 25.13$$

$$\therefore \quad s_u^2 = s_b^2 - \frac{1}{3} s_w^2 = 21.05$$

$\therefore$ प्रसरण फलन का निम्नलिखित प्राक्कलन होगा

$$V = \left(\frac{1}{n} - \frac{1}{20{,}000} \right) \times 21.05 + \left(\frac{1}{mn} - \frac{1}{20{,}000 \times 1{,}000} \right) \times 12.24$$

$$\doteq \frac{21.05}{n} + \frac{12.24}{mn}$$

$$\therefore \quad a' = 0, \; b' = 21.05, \; d' = 12.24$$

इसके अलावा हमें निम्नलिखित a, b और c के मान प्राप्त हुए।

$a = 1{,}000$ रुपए; $b = 42.10$ रुपए, $d = 6.12$ रुपए

$$m = \sqrt{\frac{42.10 \times 12.24}{21.05 \times 6.12}}$$

$$= 2$$

यदि सर्वेक्षण के लिए कुल 5,000 रुपए मंजूर हुए हों तो

5,000 रुपए $= 1{,}000$ रुपए $+ (42.10)\, n$ रुपए $+ (6.12)\, mn$ रुपए

परंतु $m = 2$

$$\therefore \quad n = \frac{5{,}000 - 1{,}000}{42.10 + 12.24}$$

$$\therefore \quad = \frac{4{,}000}{54.34}$$

$$\doteq 71$$

अध्याय २९

सामूहिक प्रतिचयन (Cluster Sampling)

§ २९.१ सामूहिक प्रतिचयन

यदि हमें n परिमाण का एक प्रतिदर्श चुनना हो तो समष्टि को n,n इकाइयों के समूहों में विभाजित करके इनमें से एक समूह को चुना जा सकता है। इस प्रकार के प्रतिचयन को सामूहिक प्रतिचयन कहते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक समूह में इकाइयों की संख्या बराबर ही हो अथवा केवल एक ही समूह का चयन किया जाय। उदाहरण के लिए किसान परिवारों के सर्वेक्षण में यदि हम कुछ गाँवों को चुनें और इन गाँवों के सभी किसान परिवारों का सर्वेक्षण करें तो यह एक सामूहिक प्रतिचयन होगा। आप सामूहिक प्रतिचयन को द्वि-चरणी प्रचयन का एक सीमांत रूप समझ सकते हैं जिसमें $m_i = M_i$

मान लीजिए कुल समष्टि को K समूहों में विभाजित किया गया है और इसमें से k समूहों का सरल यादृच्छिक प्रतिचयन किया गया है। i–वें चुने हुए समूह के लिए गुण x के योग को x_i से सूचित किया जायगा।

$$E\left[\frac{K}{k}\sum_{i=1}^{k} x_i\right] = \sum_{i=1}^{K} X_i = X \qquad \ldots\ldots(29.1)$$

इस प्रकार इस प्रचयन-विधि के लिए गुण-समष्टि-योग का प्राक्कलक $\hat{X} = \frac{K}{k}\sum_{i=1}^{k} x_i$ है।

§ २९.२ अनुपाती प्राक्कलन

यदि हमें समष्टि की कुल इकाइयों की संख्या $M = \sum_{i=1}^{k} M_i$ ज्ञात हो तो हम X के इस प्राक्कलक को M से भाग देकर $\bar{X} = \frac{X}{M}$ का प्राक्कलन प्राप्त कर सकते हैं। परंतु बहुधा हमें समष्टि की कुल इकाइयों की संख्या ज्ञात नहीं होती। यदि हम प्रति किसान परिवार आय का प्राक्कलन करना चाहें तो हमें कुल किसान परिवारों की संख्या ज्ञात

होनी चाहिए, तभी हम इस प्रकार के प्राक्कलन का प्रयोग कर सकते हैं। जिस प्रकार किसान परिवारों की कुल आय का प्राक्कलन किया गया है उसी प्रकार कुल किसान परिवारों की संख्या का भी प्राक्कलन किया जा सकता है। इन दो प्राक्कलनों के अनुपात से हमें प्रति किसान परिवार आय का एक प्राक्कलन प्राप्त हो जाता है। यदि i–वें चुने हुए गाँव में किसान परिवारों की संख्या mi हो तो कुल परिवार संख्या का प्राक्कलक

$$\hat{M} = \frac{K}{k} \sum_{i=1}^{k} m_i \qquad \ldots\ldots(29.2)$$

$$\therefore \frac{\hat{X}}{\hat{M}} = \frac{\sum_{i=1}^{k} x_i}{\sum_{i=1}^{k} m_i} \qquad \ldots\ldots(29.3)$$

इस प्रकार की प्राक्कलन विधि को **अनुपाती-प्राक्कलन** (ratio estimation) कहते हैं क्योंकि यह दो प्राक्कलनों के अनुपात से प्राप्त होता है। यह प्राक्कलन अनभिनत नहीं होता। यदि M का ज्ञान हो तो दो प्रकार के प्राक्कलक हो सकते हैं।

(1) $\hat{\bar{X}}_1 = \dfrac{\hat{X}}{M}$

(2) $\hat{\bar{X}}_2 = \dfrac{\hat{X}}{\hat{M}}$

यदि विभिन्न गाँवों की प्रति किसान-परिवार-आय में विशेष अंतर न हो परंतु किसान परिवारों की संख्या में बहुत अंतर हो तो यह देखा जा सकता है कि दूसरा प्राक्कलक $\hat{\bar{X}}_2$ अभिनत होते हुए भी $\hat{\bar{X}}_1$ से उत्तम होगा।

§ २९.३ व्यवस्थित-प्रतिचयन (*Systematic Sampling*)

सामूहिक प्रतिचयन का एक विशेष रूप व्यवस्थित-प्रतिचयन है। मान लीजिए कि समष्टि में कुल nk इकाइयां हैं जिनमें से n इकाइयों का एक प्रतिदर्श चुनना है। यदि n बहुत बड़ी संख्या हो तो इस परिमाण के सरल यादृच्छिक प्रतिचयन में काफी समय लग सकता है। इससे अधिक सरल विधि निम्नलिखित है।

सरल यादृच्छिक प्रतिचयन द्वारा 1 से k के बीच में कोई संख्या चुन लीजिए। मान लीजिए यह संख्या r है। यदि i–वीं इकाई को U_i से सूचित किया जाय तो प्रतिदर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित इकाइयां चुन लीजिए —

$$U_r,\ U_{r+k},\ldots,\ U_{r+2k},\ldots\ldots,\ U_{r+ik},\ldots\ldots,U_{r+(n-1)k}$$

इस प्रकार के प्रतिचयन को व्यवस्थित प्रतिचयन, प्रथम चुनी संख्या r को **यादृच्छिक आरंभ** (random start) और k को **प्रतिचयन अंतराल** (sampling interval) कहते हैं।

यह देखा जा सकता है कि यह भी सामूहिक प्रतिचयन ही का एक विशेष रूप है। इसमें समष्टि को n इकाइयों के निम्नलिखित k समूहों में विभाजित किया जाता है।

$$U_r,\ U_{r+k},\ldots\ldots,U_{r+ik},\ldots,U_{r+(n-r)k}\ ;\ r=1,2,3,\ldots k.$$

व्यवस्थित प्रतिचयन द्वारा हम इनमें से एक समूह को चुन लेते हैं।

§ २९.४ **प्रारोहक समूह** (*Overlapping clusters*) बहुधा समष्टि की कुल इकाइयों की संख्या N को प्रतिदर्श परिमाण n और किसी पूर्णांक के गुणन फल के रूप में नहीं रखा जा सकता। उदाहरण के लिए यदि 107 इकाइयों में से 10 को चुनना हो तो ऊपर लिखी विधि नहीं अपनायी जा सकती। इसके लिए जिस विधि का प्रयोग किया जाता है, वह नीचे दी हुई है।

पहिले 1 और N के बीच एक संख्या r को यादृच्छिक प्रतिचयन द्वारा चुना जाता है। यदि $\frac{N}{n}=k\frac{l}{n}$ (अर्थात् n का भाग N में k बार जाता है और l शेष बच जाता है, दूसरे शब्दों में k उन सब पूर्ण संख्याओं में से महत्तम है जो $\frac{N}{n}$ से छोटी हैं) तो इस चयन में r को यादृच्छिक आरंभ और k को अंतराल लिया जाता है। इस प्रकार चुना हुआ प्रतिदर्श निम्नलिखित होता है

$$U_r\ ,U_{r+k},\ U_{r+2k},\ldots\ldots,\ U_{r+ik},\ldots,\ U_{r+(n-1)k}$$

यहाँ जब $r+ik>N$ हो जाय तब $Ur+ik$ के स्थान में $Ur+ik-N$ चुना जाता है। उदाहरण के लिए यदि $N=107$, $n=10$ तो $k=10$। यदि 1 और 107 के बीच चुनी हुई संख्या 89 हो तो प्रतिदर्श निम्नलिखित होगा

$$U_{89},\ U_{99},\ U_{109},\ U_{119},\ U_{129},\ U_{139},\ U_{149},\ U_{159},\ U_{169},\ U_{179},$$

यानी $U_{89},\ U_{99},\ U_2,\ U_{12},\ U_{22},\ U_{32},\ U_{42},\ U_{52},\ U_{62},\ U_{72}$

इस प्रकार के प्रतिचयन को भी व्यवस्थित प्रतिचयन कहते हैं परंतु जिन समूहों को चुना जा सकता है वे परस्पर अपवर्जी (exclusive) नहीं होते बल्कि प्रारोहक

(overlapping) होते हैं। इस प्रकार के व्यवस्थित प्रतिचयन के लिए भी प्रतिदर्श-माध्य समष्टि-माध्य का अनिभिनत प्राक्कलक होता है।

§ २९.५ सामूहिक प्रतिचयन में प्रसरण

यह स्पष्ट है कि सामूहिक प्रतिचयन के लिए यदि प्रसरण को V_{cl} से सूचित किया जाय तो

$$V_{cl}= \frac{K(K-k)}{k} \times \frac{\sum_{i=1}^{K}\left(X_i-\frac{\sum_{i=1}^{K}X_i}{K}\right)^2}{K-1} \qquad \ldots\ldots(29.4)$$

§ २९.६ प्रसरण का प्राक्कलक

$$\hat{V}_{cl}= \frac{K(K-k)}{k} \frac{\sum_{i=1}^{k}\left(x_i-\frac{\sum_{i=1}^{k}x_i}{k}\right)^2}{k-1} \qquad \ldots\ldots(29.5)$$

यदि प्रतिदर्श में केवल एक समूह चुना जाय जैसा कि व्यवस्थित प्रतिचयन में होता है तो समष्टि योग के प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन नहीं किया जा सकता।

§ २९.७ सामूहिक और सरल यादृच्छिक प्रतिचयन की तुलना

आप यह जानना चाहेंगे कि सरल यादृच्छिक प्रतिचयन की तुलना में सामूहिक प्रतिचयन से प्राप्त प्राक्कलन का प्रसरण किस अवस्था में अधिक और किस अवस्था में कम होता है।

$$(N-1)S^2= \sum_{i=1}^{K}\sum_{j=1}^{n}\left(X_{ij}-\frac{\sum_{i=1}^{K}\sum_{j=1}^{n}X_i}{nK}\right)^2$$

$$= \sum_{i=1}^{K}\sum_{j=1}^{n}\left(X_{ij}-\frac{\sum_{j=1}^{n}X_{ij}}{n}\right)^2+\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{K}\left(X_i-\frac{\sum_{i=1}^{K}X_i}{K}\right)^2$$

$$=(n-1)\sum_{i=1}^{K}S_i^2+\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{K}\left(X_i-\frac{\sum_{i=1}^{K}X_i}{K}\right)^2$$

यदि हम $\frac{1}{K}\sum_{i=1}^{K} S_i^2$ को S_w^2 से सूचित करें तो

$$V_{cl}=\frac{nK(K-k)}{k(K-1)}\left[(nK-1)S^2-K(n-1)S_w^2\right] \quad \ldots\ldots(29.6)$$

तथा $V_{ran}= \frac{Kn^2(K-k)}{nk}S^2$

$$= \frac{nK(K-k)}{k}S^2 \quad \ldots\ldots(29.7)$$

सरल यादृच्छिक प्रतिचयन से सामूहिक प्रतिचयन उत्तम होगा यदि

$$(nK-1)S^2-K(n-1)S_w^2 < (K-1)S^2$$

अथवा $K(n-1)\,[S^2-S_w^2]<0$

अथवा $S^2<S_w^2$

S_w^2 समूहाभ्यन्तरिक प्रसरण है। हम देखते हैं कि समूहाभ्यन्तरिक प्रसरण कुल समष्टि के प्रसरण से अधिक हो तो सामूहिक प्रतिचयन अधिक उत्तम होता है। यदि विभिन्न समूहों के बनाने की हमें स्वतंत्रता हो और व्यय में इन समूहों के निर्माण से कुछ अंतर न पड़े तो यह निर्माण इस प्रकार करना चाहिए कि वे अधिक-से-अधिक **विषमांग** (heterogenous) हों। अर्थात् समूहाभ्यन्तरिक प्रसरण अधिक-से-अधिक हो।

अध्याय ३०

अनुपाती प्राक्कलन (Ratio Estimation)

§ ३०.१ अनुपात का प्राक्कलन

यदि दो समष्टि-योग X और Y के अनुपात $R=\frac{Y}{X}$ का प्राक्कलन करना हो तो X और Y के अलग-अलग प्राक्कलनों $\hat{X}$ तथा $\hat{Y}$ के अनुपात $\hat{R}=\frac{\hat{Y}}{\hat{X}}$ का इसके लिए प्रयोग किया जाता है। यह सिद्ध किया जा सकता है कि इस प्रकार का प्राक्कलन अनभिनत नहीं होता।

यदि प्रतिदर्श—परिमाण यथेष्ट रूप से बड़ा हो तो इस प्राक्कलक की अभिनति और माध्यवर्ग-त्रुटि (mean square error) का सन्निकटन $\hat{Y}$ और $\hat{X}$ के प्रसरणों और सहप्रसरणों तथा अभिनतियों के फलन के रूप में किया जा सकता है। ये सन्निकटन निम्नलिखित है—

§ ३०.२ अनुपाती प्राक्कलक अभिनति

$$B(\hat{R})=E(\hat{R}-R)$$

$$=E\left[\frac{1}{\hat{X}}\left(\hat{Y}-R\hat{X}\right)\right]$$

परंतु $\frac{1}{\hat{X}}=\frac{1}{X'}\left(1+\frac{\hat{X}-X'}{X'}\right)$ जहाँ $E(\hat{X})=X'$

$$\doteqdot\frac{1}{X'}\left[1-\frac{\hat{X}-X'}{X'}-\right]$$

$$\therefore B(\hat{R})\doteqdot\frac{1}{X'}E[\hat{Y}-R\hat{X}]\left(1-\frac{\hat{X}-X'}{X'}\right)$$

$$=\frac{1}{X'}\left[\{E(\hat{Y})-Y\}-R\{E(\hat{X})-X\}\right]$$

$$-\frac{1}{X'^2}\,[\mathrm{Cov}\,(\hat{X},\hat{Y})-R\,V\,(\hat{X})]$$

$$=\frac{1}{X'}\,[B(\hat{Y})-R\,B(\hat{X})]+\frac{1}{X'^2}[RV(\hat{X})\,-\,\mathrm{Cov}(\hat{X},\hat{Y})]\quad\ldots(30.1)$$

जहां $B\,(\hat{Y}), B(\hat{X})$ से हमारा तात्पर्य क्रमशः $\hat{Y}$ और $\hat{X}$ की अभिनतियों (biases) से और $\mathrm{Cov}\,(\hat{X},\hat{Y})$ से हमारा तात्पर्य $\hat{X}$ और $\hat{Y}$ के सहप्रसरण से है।

यदि $\hat{Y}$ और $\hat{X}$ क्रमशः Y और X के अनभिनत प्राक्कलक हों तो $B(\hat{Y})=B(\hat{X})=0$ और $X'=X$। इस दशा में

$$B(\hat{R})=\frac{1}{X^2}[RV(\hat{X})-\mathrm{Cov}(\hat{X},\hat{Y})]\qquad\ldots\ldots(30.2)$$

यदि प्रतिचयन विधि सरल यादृच्छिक हो तो

$$V(\hat{X})=\frac{N(N-n)}{n}\quad\frac{\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})^2}{N-1}$$

$$\mathrm{Cov}(\hat{X},\hat{Y})=\frac{N(N-n)}{n}\quad\frac{\sum_{i=1}^{N}(X_i-\bar{X})(Y_i-\bar{Y})}{N-1}$$

तथा $$V(\hat{Y})=\frac{N(N-n)}{n}\quad\frac{\sum_{i=1}^{N}(Y_i-\bar{Y})^2}{N-1}$$

इसलिए $(\hat{R})=\dfrac{\sum_{i=1}^{n}y_i}{\sum_{i=1}^{n}x_i}$, और बड़े प्रतिदर्शों के लिए $B(\hat{R})$ का निम्नलिखित सन्निकटन लिया जा सकता है।

$$B(\hat{R})=\frac{1}{X^2}\quad\frac{N(N-n)}{n(N-1)}\left[R\left\{\sum_{i=1}^{N}X_i^2-N\bar{X}^2\right\}\right.$$

$$\left.-\left\{\sum_{i=1}^{N}X_i\,Y_i-N\bar{X}\,\bar{Y}\right\}\right]$$

$$=\frac{1}{X^2}\quad\frac{N(N-n)}{n(N-1)}\sum_{i=N}^{N}X_i\,(RX_i-Y_i)\quad\ldots\ldots(30.3)$$

§ ३०.३ अभिनति का प्राक्कलन :

$$\hat{B}(\hat{R}) = \frac{1}{\hat{X}^2} \frac{N(N-n)}{n(n-1)} \sum_{i=1}^{n} xi\,(\hat{R}x_i - y_i) \qquad \ldots\ldots(30.4)$$

§ ३०.४ अनुपाती प्राक्कलन की माध्य-वर्ग-त्रुटि

यदि प्रतिदर्श परिमाण इतना बड़ा हो कि $\hat{X}$ और X' में विशेष अंतर न हो तो $\hat{R}$ की माध्य-वर्ग-त्रुटि ($M.S.E$) होगी

$$\begin{aligned} M.S.E.\ (\hat{R}) &= E(\hat{R}-R)^2 \\ &= E\frac{1}{\hat{X}^2}(\hat{Y}-R\hat{X})^2 \\ &\doteq \frac{1}{X'^2} E\,(\hat{Y}-R\hat{X})^2 \\ &\doteq \frac{1}{X'^2} E[(\hat{Y}-Y)-R(\hat{X}-X)]^2 \\ &= \frac{1}{X'^2}\,[M.S.E.(\hat{Y}) - 2RM.P.E.(\hat{X},\hat{Y}) \\ &\qquad + R^2 M.S.E.\,(\hat{X})] \qquad \ldots\ldots(30.5) \end{aligned}$$

जहाँ $M.P.E.(\hat{X}, \hat{Y}) = E\,(\hat{X}-X)\,(\hat{Y}-Y)$

यदि प्रचयन सरल यादृच्छिक हो तो

$$M.S.E.\ (\hat{R}) \doteq \frac{1}{X^2} \frac{N(N-n)}{n\,(N-1)} \sum_{i=1}^{N} (Yi - RXi)^2 \qquad \ldots\ldots(30.6)$$

ऊपर दिये $M.S.E.(\hat{R})$ के सन्निकटन का प्राक्कलन नीचे दिए हुये सूत्र द्वारा किया जा सकता है।

$$\hat{M.S.E.}\ (\hat{R})] = \frac{1}{\hat{X}^2} \frac{N(N-n)}{n(N-1)} \sum_{i=n}^{n} (Yi - \hat{R}Xi)^2 \qquad \ldots\ldots(30.7)$$

§ ३०.५ समष्टि-योग का अनुपाती-प्राक्कलन

बहुधा समष्टि की प्रत्येक इकाई के लिए किसी गुण x का मान ज्ञात होता है। यदि एक प्रतिदर्श के आधार पर $R = \frac{Y}{X}$ का अनुपाती प्राक्कलन किया जाय तो इस प्राक्कलन को X से गुणा करने पर हमें एक प्राक्कलन Y का प्राप्त होता है जो $\hat{Y}$ से भिन्न है। इस प्रकार से प्राप्त प्राक्कलक को हम Y_{rat} से सूचित करेंगे।

§ ३०.६ अनुपाती-प्राक्कलन और साधारण अनभिनत प्राक्कलन की तुलना –

$$V(\hat{Y})-M.S.E(\hat{Y}_{rat})$$

$$\doteqdot V(\hat{Y})-[V(\hat{Y})-2R\text{Cov}(\hat{X},\hat{Y})+R^2V(\hat{X})]$$

$$= Y^2\left[\frac{2\text{Cov}(\hat{X},\hat{Y})}{XY}-\frac{V(\hat{X})}{X^2}\right]$$

$\therefore$ $\hat{Y}_{rat}$, $\hat{Y}$ से अधिक उत्तम है यदि

$$\frac{\text{Cov}(\hat{X},\hat{Y})}{XY} > \tfrac{1}{2}\frac{V(\hat{X})}{X^2}$$

यदि $\text{Cov}(\hat{X},\hat{Y})=\rho_{\hat{x}\hat{y}}\,\sigma_{\hat{x}}\,\sigma_{\hat{y}}$

तथा $V(\hat{X})=\sigma^2_{\hat{x}}$

तो $\hat{Y}_{rat}$, $\hat{Y}$ से उत्तम होगा यदि

$$\rho_{\hat{x}\hat{y}}\frac{\sigma_{\hat{x}}}{X}\frac{\sigma_{\hat{y}}}{Y} > \tfrac{1}{2}\left(\frac{\sigma_{\hat{x}}}{X}\right)^2$$

अथवा $\rho_{\hat{x}\hat{y}} > \frac{1}{2}\,\frac{(\sigma_{\hat{x}}/X)}{(\sigma_{\hat{y}}/Y)}=\frac{1}{2}\,\frac{C.V.(\hat{X})}{C.V.(\hat{Y})}$

यहाँ $C.V.(\hat{X})$ तथा $C.V.(\hat{Y})$ से हमारा तात्पर्य क्रमशः $\hat{X}$ और $\hat{Y}$ के विचरण-गुणांकों (coefficients of variation) से है।

$C.V.(\hat{X})=\frac{\sigma_{\hat{x}}}{X}$ तथा $C.V.(\hat{Y})=\frac{\sigma_{\hat{y}}}{Y}$

बहुधा जिस प्रकार की स्थिति में अनुपात का उपयोग किया जाता है उसमें आशा की जाती है कि $C.V.(\hat{X})$ और $C.V.(\hat{Y})$ प्रायः बराबर होंगे। इसलिए यदि $\rho_{\hat{x}\hat{y}}$ का मान $\frac{1}{2}$ से अधिक हो तो हम $\hat{Y}$ rat उपयोग को अधिक उपयुक्त समझेंगे। इसके अतिरिक्त यदि प्रत्येक इकाई के लिए $Y_i=RX_i$ तो $\hat{Y}_{rat}=Y$ और $\hat{Y}_{rat}$ अनभिनत तथा यथार्थ होता है। परंतु साधारणतया ऐसी स्थिति नहीं पायी जाती। यदि Y_i और X_i के अनुपात में विशेष विचलन न हो तो आशा की जा सकती है कि $\hat{Y}_{rat}$ की त्रुटि बहुत कम होगी। इसलिए इस प्रकार की स्थिति में $\hat{Y}$ के स्थान पर $\hat{Y}_{rat}$ का उपयोग अधिक उपयुक्त होगा।

§ ३०.७ उदाहरण :—

1951 में जिला हमीरपुर की कुल जनसंख्या 590,731 थी। 1958 में जन संख्या का प्राक्कलन करने के लिए जिले के 911 गावों में से 20 का सरल यादृच्छिक प्रतिचयन किया गया। इस प्रतिदर्श के लिए

$$\sum_{i=1}^{20} y_i = 27,443 \qquad \sum_{i=1}^{20} y_i^2 = 96,304,953$$

$$\sum_{i=1}^{20} x_i = 24,698 \qquad \sum_{i=1}^{20} x_i^2 = 75,779,814$$

$$\sum_{i=1}^{20} x_i y_i = 85,289,177$$

$$\therefore \quad \hat{R} = \frac{\sum_{i=1}^{20} y_i}{\sum_{i=1}^{20} x_i} = 1.11114$$

$$\hat{Y} = \frac{911}{20} \times 27,443$$

$$= 1,250,029$$

$$\hat{Y}_{rat} = 590,731 \times 1.11114$$

$$= 656,385$$

$$\hat{V}(\hat{Y}) = \left[96,304,953 - 30,795,162\right] \frac{911 \times 891}{20 \times 19}$$

$$= 65,509,791 \times \frac{8,11,701}{380}$$

$$\hat{M.S.E.}(\hat{Y}_{rat} = \sum_{i=1}^{20} y_i^2 - 2\hat{R}\left[\sum_{i=1}^{20} x_i y_i + \hat{R}^2 \sum_{i=1}^{20} x_i^2\right] \times \frac{811,701}{380}$$

$$= 328,704 \times \frac{811,701}{380}$$

क्योंकि $V(\hat{Y})$ का मान $M.S.E.(\hat{Y}_{rat})$ से लगभग 20 गुना है इसलिए यह स्पष्ट है कि अनुपाती प्राक्कलन $\hat{Y}_{rat}$ साधारण प्राक्कलन $\hat{Y}$ से उत्तम है।

§ ३०.८ प्रतिदर्श-परिमाण

यह ध्यान देने योग्य बात है कि ऊपर दिये हुए अभिनति और प्रसरण के सूत्र केवल सन्निकटन है जो प्रतिदर्श परिमाण के यथेष्ट रूप से बड़े होने पर ही उपयुक्त समझे जा

सकते हैं। कितने बड़े प्रतिदर्श को यथेष्ट रूप से बड़ा मानना चाहिए यह ठीक से नहीं कहा जा सकता। विभिन्न समष्टियों के लिए विभिन्न संख्याएं यथेष्ट हैं। यह इस पर निर्भर करता है कि X_i और Y_i का अनुपात कहाँ तक अचर है। साधारणतया यदि प्रतिदर्श परिमाण 30 से अधिक हो और इतना हो कि $C.V.(\hat{X})$ तथा $C.V.\ (\hat{Y})$ दोनों ही १० प्रतिशत से कम हों तो इसको काफी बडा समझा जा सकता है।

सारणी संख्या 30.1

1951 और 1958 में जिला हमीरपुर के कुछ गांवों की जनसंख्या

ग्राम संख्या i	1951 की जन संख्या iX	1958 की जन संख्या Yi	अनुपात Yi/Xi
(1)	(2)	(3)	(4)
1	1,865	1,905	
2	368	399	
3	817	1,025	
4	1,627	2,003	
5	651	726	
(6)	270	238	0.8667
7	1,644	1,712	
8	564	590	
9	488	480	
(10)	6,942	8,042	1.1585
11	792	980	
12	2,121	2,222	
13	222	290	
14	736	872	
(15)	563	614	1.0906
16	165	177	
(17)	1,091	1,201	1.1008
18	3,026	3,117	
19	469	521	
20	277	329	
कुल	24,698	27,443	

अध्याय ३१

विभिन्न-प्रायिकता प्रचयन (Selection with Varying Probabilities)

§ ३१.१ चयन विधि

अभी तक हमने जितनी भी प्रतिचयन विधियों का अध्ययन किया है वे एक या अधिक स्तरों में, एक या अधिक चरणों में, इकाइयों अथवा समूहों का सरल यादृच्छिक प्रतिचयन ही थीं। परंतु हम अन्य प्रकार से इकाइयों को चुनने की भी कल्पना कर सकते हैं जिसमें यद्यपि चयन की प्रायिकता का प्रत्येक प्रतिदर्श के लिए परिकलन किया जा सकता हो परतु ये प्रायिकताएँ सब प्रतिदर्शों के लिए बराबर न हों। इस प्रकार की प्रतिचयन विधि को विभिन्न प्रायिकता चयन (selection with varying probalities) कहते हैं।

मान लीजिए कि कुल इकाइयों की संख्या N है। इनको हम $U_1, U_2, \ldots, U_i, \ldots U_N$ से सूचित करेंगे। हम पहिले से निश्चित कर सकते हैं कि इन इकाइयों के प्रतिचयन की प्रायिकता क्रमशः $p_1, p_2, \ldots, p_i, \ldots, p_N$ होगी। इसमें हमें इकाइयों के दुबारा चुने जाने पर प्रतिबंध लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। मान लीजिए P एक ऐसी पूर्ण संख्या है जिससे गुणा करने पर ये सब प्रायिकताएँ पूर्ण संख्याओं में परिणत हो जाती है। यदि P और इन प्रायिकताओं के गुणन फल को क्रमशः $P_1, P_2, \ldots, P_i, \ldots P_N$ से सूचित किया जाय तो निम्नलिखित चयन विधि से हम इच्छित प्रायिकताओं को प्राप्त कर सकते हैं। [यह उसी दशा में संभव है जब सब प्रायिकताएँ परिमेय संख्याएँ (rational numbers) हों।]

हम $P_1, P_2, \ldots\ldots, P_N$ को क्रम से एक स्तंभ में लिखकर इनके संचयी योगों (cumulative totals) को दूसरे स्तंभ में लिख सकते हैं जैसा नीचे की सारणी में दिया हुआ है।

सारणी संख्या 31.1

क्रम संख्या i	PX प्रायिकता $=Pi$	संचयी योग $\sum_{j=1}^{i} Pj=Si$
(1)	(2)	(3)
1	P_1	$P_1=S_1$
2	P_2	$P_1+P_2=S_2$
3	P_3	$P_1+P_2+P_3=S_3$
⋮	⋮	⋮
i	Pi	$\sum_{j=1}^{i} Pj=Si$
⋮	⋮	⋮
N	P_N	$\sum_{j=1}^{N} P=Pi=S_N$

यदि कोई एक संख्या 1 से P तक की संख्याओं में से समान प्रायिकता से चुनी जाय तो उसके S_{i-1} और S_i के बीच में होने की क्या प्रायिकता है? क्योंकि S_{i-1} और S_i के बीच कुल संभव संख्याएँ P_i हैं। इसलिए स्पष्टतया यह प्रायिकता $\frac{P_i}{P}=P_i$ है।

यही वह प्रायिकता है जो हम U_i के चयन के लिए चाहते थे। इसलिए हमारी चयन विधि निम्नलिखित हो सकती है।

1 से P तक की संख्याओं में से एक को समान प्रायिकता से चुन लिया जाय। यह संख्या सारणी में दिये हुए संचयी योगों में से किन्ही दो (S_{i-1} और S_i) के बीच में पड़ेगी।

इनमें से वह जिससे कम हो अथवा जिसके बराबर हो (अर्थात् S_i) उससे संबंधित इकाई (U_i) को चुना हुआ माना जायगा।

§ ३१.२ विकल्प विधि

यदि कुल इकाइयों की संख्या बहुत अधिक हो तो ऊपर दिए हुए तरीके से संचयी योगों को प्राप्त करने में बहुत समय और मेहनत लगेगी। इस दशा में एक और विधि है जिसके द्वारा इच्छित प्रायिकताएँ प्राप्त की जा सकती हैं। इस विधि के निम्नलिखित चरण हैं।

(1) 1 से N तक की संख्याओं में से किसी एक का समान प्रायिकता से प्रतिचयन किया जाता है। चुनी हुई संख्या को हम r से सूचित करेंगे।

(2) मान लीजिए P' एक ऐसी संख्या है जो किसी भी Pi से कम नहीं है। एक दूसरी संख्या 1 से P' तक की संख्याओं में से समान प्रायिकता से चुनी जाती है। इस चुनी हुई संख्या को r' से सूचित किया जायगा।

(3) यदि $r' \leqslant P_r$ हो तो हम r वीं इकाई Ur को चुन लेते हैं, अन्यथा फिर प्रथम और द्वितीय चरणों को दुहराते हैं जब तक कि हमें इच्छित परिमाण का प्रतिदर्श प्राप्त नहीं हो जाता।

इस विधि द्वारा प्रथम बार में r वीं इकाई को चुने जाने की प्रायिकता $\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}$ है। इस घटना की प्रायिकता कि कोई भी इकाई नहीं चुनी जायगी $\left(1-\frac{P}{NP'}\right)$ है। क्योंकि Ur पहिले, दूसरे, तीसरे इत्यादि प्रयत्नों में चुनी जा सकती है इसलिए इसके चुने जाने की कुल प्रायिकता

$$P(Ur)=\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}+\left(1-\frac{P}{NP'}\right)\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}+\left(1-\frac{P}{NP'}\right)^2\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}+\cdots\cdots$$
$$+\cdots\cdots+\left(1-\frac{P}{NP'}\right)^i\times\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}+\cdots\cdots\cdots\cdots+$$
$$=\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}\sum_{i=0}^{\infty}\left(1-\frac{P}{NP'}\right)^i$$
$$=\frac{1}{N}\frac{P_r}{P'}\frac{1}{1-\left(1-\frac{P}{NP'}\right)}$$
$$=\frac{P_r}{P}=p_r$$

§ ३१.३ प्राक्कलन

यदि चुनी हुई इकाई U_i हो तो $\frac{y_i}{p_i}$ कुल समष्टि के y–गुण के योग का एक अनभिनत प्राक्कलक है।

$$E\left(\frac{Y_i}{p_i}\right)=\sum_{r=1}^{N}\frac{Y_r}{p_r}p_r=\sum_{r=1}^{N}Y_r=Y \qquad \ldots\ldots\ldots\ldots(31.1)$$

यदि कुल n इकाइयां चुनी जायँ तो हमें प्रत्येक इकाई से इस प्रकार का एक अनभिनत प्राक्कलन प्राप्त हो सकता है। इसलिए इन प्राक्कलकों का माध्य $\hat{Y}$ भी समष्टि योग Y का एक अनभिनत प्राक्कलक है।

$$\hat{Y}=\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\frac{Y_i}{p_i} \qquad \ldots\ldots(31.2)$$

§ ३१.४ प्राक्कलक का प्रसरण

$$\begin{aligned}V(\hat{Y}) &= \frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{n}V\left(\frac{Y_i}{p_i}\right)\\ &=\frac{1}{n^2}\sum_{i=1}^{n}\sum_{r=1}^{N}\left(\frac{Y_r}{p_r}-Y\right)^2 p_r\\ &=\frac{1}{n}\left[\sum_{r=1}^{N}\frac{Y_r^2}{p_r}-Y^2\right] \qquad \ldots\ldots(31.3)\end{aligned}$$

यदि $p_i = k\,y_i \qquad i=1, 2, \ldots\ldots N$

तो $\quad 1=\sum_{i=1}^{N}p_i=k\sum_{i=1}^{N}Y_i=k\,Y$

$$\therefore\quad k=\frac{1}{Y}$$

इस दशा में

$$V(\hat{Y})=\frac{1}{n}\left[\sum_{r=1}^{N}\frac{y_r^2}{Y_r/Y}-Y^2\right]=0$$

§ ३१.५ मापानुपाती प्रायिकता

इससे यह पता चलता है कि यदि इकाइयों के चयन की प्रायिकताएँ उनके मानों के अनुपात में हों तो हमें इस प्रकार के प्राक्कलन से समष्टि योग का अनुमान बिना किसी त्रुटि के हो जायगा। वास्तव में हम इसकी आशा नहीं कर सकते परंतु यह संभव है कि Y_i और p_i का अनुपात प्रायः अचर हो। इस स्थिति में विभिन्न प्रायिकता चयन बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकता है। यदि एक छोटे से सर्वेक्षण द्वारा हम $Y_1, Y_2, \ldots\ldots Y_N$ का अनुमान लगा लें और इन अनुमानों को $X_1, X_2, \ldots\ldots X_N$ से सूचित करें तो p_i को X_i के अनुपात में लेने से यह आशा की जा सकती है कि Y_i और p_i का अनुपात प्रायः अचल होगा। इसी प्रकार यदि हमें 1958 में प्रत्येक गाँव में फसल की मात्रा ज्ञात है तो 1959 में कुल ज़िले में फसल के प्राक्कलन के लिए गाँवों के चुनने की प्रायिकताएँ 1958 की पैदावारों के अनुपात में ली जा सकती हैं। तात्पर्य यह है कि यदि हम प्रायिकताओं को किसी ऐसे गुण x के अनुपात में लें जिससे y का अनुपात प्रायः अचल रहने की आशा की जाती है तो यह प्राक्कलन अच्छे फल दे सकता है। किसी इकाई के x मान को इकाई का माप कहा जा सकता है। इस माप के अनुपात में प्रायिकता चयन को मापानुपाती प्रायिकता चयन (*selection with probabilities proportional to size*) कहा जाता है। यदि इस प्राक्कलन को $\hat{Y}_{pps}$ से सूचित किया जाय तो

$$\hat{Y}_{pps} = \frac{1}{n} \sum_{i=1}^{n} \frac{Y_i}{p_i}$$

$$= \frac{X}{n} \sum_{i=1}^{n} \frac{Y_i}{X_i} \qquad \ldots\ldots(31.4)$$

जहां $$X = \sum_{i=1}^{N} X_i \qquad \ldots\ldots(31.5)$$

§ ३१.६ प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन

हम जानते हैं कि यदि एक समष्टि का प्रसरण σ^2 हो और उसमें से n परिमाण का एक प्रतिदर्श समान प्रायिकता द्वारा चुना जाय (जिसमें इकाइयों के दुबारा चुने

जाने पर कोई रोक न हो) तो σ^2 का एक अनभिनत प्राक्कलक $s^2=\frac{\sum_{i=1}^{n}(y_i-\bar{y})^2}{n-1}$

है जहां i–वीं चुनी हुई इकाई का मान y_i है। यदि हम $\frac{y_i}{p_i}$ की समष्टि के प्रसरण का प्राक्कलन करना चाहें तो प्राक्कलक निम्नलिखित होगा।

$$\hat{V}\left(\frac{Y_i}{p_i}\right)=\frac{1}{n-1}\sum_{i=1}^{n}\left(\frac{Y_i}{p_i}-\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}\frac{Y_i}{p_i}\right)^2 \quad \ldots\ldots(31.6)$$

परंतु हमारे प्राक्कलक का प्रसरण $\frac{Y_i}{p_i}$ के प्रसरण का n वां भाग है इसलिए उसका अनभिनत प्राक्कलक निम्नलिखित है

$$\hat{V}(\hat{Y})=\frac{1}{n(n-1)}\sum_{i=1}^{n}\left(\frac{Y_i}{p_i}-\hat{Y}\right)^2 \quad \ldots\ldots(31.7)$$

इकाइयों के माप X के रूप में प्राक्कलक निम्नलिखित होगा

$$\hat{V}(\hat{Y}_{pps})=\frac{X^2}{n(n-1)}\left[\sum_{i=1}^{n}\left(\frac{Y_i}{X_i}\right)^2-\frac{1}{n}\left\{\sum_{i=1}^{n}\left(\frac{Y_i}{X_i}\right)\right\}^2\right] \quad \ldots(31.8)$$

§ ३१.७ उदाहरण

सारणी 30.1 में एक छोटी-सी समष्टि के लिए उसके माप X और गुण Y के मान दिये हुए हैं। उदाहरण द्वारा समझाया जायगा कि इस माप के अनुपात में प्रायिकता लेकर इकाइयों को किस प्रकार चुना जा सकता है। एक चुने हुए प्रतिदर्श से Y के समष्टि-योग का प्रावकलन किया जायगा और प्राक्कलक के प्रसरण का प्राक्कलन भी किया जायगा।

हमें समष्टि में से पाँच इकाइयाँ चुननी हैं। सारणी संख्या 31.2 के स्तंभ (3) से हमें पता चलता है कि $X=\sum_{i=1}^{20}X_i=24{,}698$। अब हम पाँच संख्याएँ 1 और 24,698 के बीच में से चुनते हैं जो स्तंभ (4) में दी हुई हैं। ये संख्याएँ उन्हीं इकाइयों के सामने लिखी गयी हैं जो इनके द्वारा चुनी हुई हैं। उदाहरण के लिए 5,413 पाँचवें

सारणी संख्या 31.2

क्रम संख्या i	इकाई का माप X_i	संचयी योग $S_i=\sum_{j=1}^{i} X_s$	यादृच्छिक संख्या r
(1)	(2)	(3)	(4)
1	1,865	1,865	
2	368	2,233	
3	817	3,050	
4	1,627	4,677	
5	651	5,328	
6	270	5,598	5,413
7	1,644	7,242	
8	564	7,806	
9	488	8,294	
10	6,942	15,236	10,541; 14,608
11	792	16,028	
12	2,121	18,149	
13	222	18,371	
14	736	19,107	
15	563	19,670	19,651
16	165	19,835	
17	1,091	20,926	20,734
18	3,026	23,952	
19	469	24,421	
20	277	24,698	

और छटे संचयी योगों के बीच की संख्या है इसलिए इसके द्वारा छठी इकाई को चुना जायगा। इस प्रतिदर्श में छठी, दसवीं, पन्द्रहवीं और सत्रहवीं इकाई चुनी गयी है। दसवीं इकाई दुबारा चुनी गयी है। सारणी संख्या 30.1 में इन चुनी हुई इकाइयों के लिए Y_i और X_i का अनुपात स्तंभ (4) में दिया हुआ है।

$$\hat{Y}_{pps}=\frac{24,698}{5}\ [0.8667+1.1585+1.1585+1.0906+1.1008]$$
$$=24,698\times 1.0750$$
$$=27,550$$

सारणी संख्या 30.1 से पता चलता है कि $Y=27,443$। इस प्रकार $\hat{Y}_{pps}$ एक बहुत ही अच्छा प्राक्कलन है। आप अन्य प्रतिदर्श लेकर इसकी और $\hat{Y}_{ran}$ की तुलना कर सकते हैं।

$$\hat{V}\ (Y_{pps})=\frac{(24698)^2}{5\times 4}\ [(0.8667)^2+2\times(1.1585)^2+(1.0906)^2$$
$$+(1.1008)^2-\tfrac{1}{5}\ (5.3751)^2]$$
$$=\frac{(24,698)^2}{5\times 4}\times 0.05845739$$
$$=1,782,924$$

पारिभाषिक-शब्दावली

हिन्दी-अंग्रेजी

अनभिनत–unbiased
अनभिनतता–unbiasedness
अनभिनत प्राक्कलक–unbiased estimator
अनुपाती प्राक्कलन–ratio estimation
अनन्त अनुक्रम–infinite sequence
अनन्त श्रेणी–infinite series
अपवर्जी–exclusive
अभिकल्पना–design
अभिधारणाएँ–postulates
अभिनत परीक्षण–biased test
अभिनति–bias
अवकल कलन–differential calculus
असतत–discrete
असतत वंटन–discrete distribution
असमांग–heterogenous
असंभाव्य–improbable
असममिति–asymmetry
अस्वीकृति प्रदेश–region of rejection
असिद्ध–disprove
आगमिक विधि–inductive method
आदर्शीकरण–idealisation
आपेक्षिक बारंबारता–relative frequency
आयताकार वंटन–rectangular distribution
आसंजन सौष्ठव–goodness of fit
इकाई–unit
उत्क्षेपण–toss
उपचार–treatment
उपपत्ति–proof
उपादान–factors
ऊर्ध्व–vertical
एक-घातीय फलन–linear function
एक-घातीय–linear
एक-पार्श्वीय वंटन–marginal distribution
एक-समान अधिकतम–uniformly most
सामर्थ्यवान् परीक्षण–powerful test
एक-समान अनभिनत परीक्षण–uniformly unbiased test
एकस्वनी–monotonic
अंतश्चतुर्थक-परास–inter-quartile range,
अंतराल प्राक्कलन–interval estimation
अंतर समूह–between groups
अंश–numerator

आंकड़े, न्यास–data
आंशिक समाकुलन–partial confounding
ककुदता–kurtosis
कारण और कार्य–cause and effect
कुन्तल कोष्ठक–curled brackets
कुलक–set
केन्द्रीय प्रवृत्ति–central tendency
कोटि–ordinate
क्रमचय–permutation
क्रमागत–consecutive
क्रमिक-साहचर्य का सूचकांक–index of order association
खंड–factors
गतिविज्ञान–dynamics
गुण-साहचर्य–association of attributes
ग्राह्य–admissible
घात श्रेणी–power series
घूर्ण–moment
घूर्ण विधि–method of moments
चिकित्सा विज्ञान–medical science
टंकन–type
ढेरी–lot
तुल्य–equivalent
तोरण–ogive
त्रुटियों का वंटन–law of errors
त्वरण–acceleration
दंडचित्र–bar diagram
दक्षता–efficiency
दक्ष-प्राक्कलक–efficient estimator
दशमक–decile
दार्शनिक-तत्त्व विद्या–meta-physics
द्वि-घाती परवलय–parabola of second degree
द्विपद वंटन–binomial distribution
द्वि-विमितीय यादृच्छिक चर–two dimentional random variable
धनात्मक–positive
निकष–criterion
नियंत्रण इकाइयाँ–control units
नियंत्रण चार्ट–control chart
नियंत्रित यादृच्छिकीकरण–restricted randomisation
निरपेक्ष मान–absolute value
निरसन–elimination
निःशेषी–exhaustive
न्यास–data
परतः लब्ध प्रायिकता–a-posteriori probability
पर्याप्त प्रतिदर्शज–sufficient statistic
पर्याप्ति–sufficiency
परस्पर अपवर्जी घटनाएं–mutually exclusive events
परास–range
परिकल्पना–hypothesis
परिकल्पना की जाँच–testing of hypothesis
परिधि–circumference
परिमित–finite

परिमेय संख्या–rational number
परीक्षण सामर्थ्य–power of test
पारस्परिक साहचर्य–mutual association
पूर्वतः गृहीत प्रायिकता–a-priori probability
पोषण-संबंधी गवेषणा–nutritional research
पौष्टिकता–food value
पंक्ति–row
प्रक्षेप–projection
प्रकीर्ण चित्र–scatter diagram
प्रतिचयन अंतराल–sampling interval
प्रतिच्छेद–intersection
प्रतिदर्श–sample
प्रतिदर्शज–statistic
प्रतिदर्शज वंटन–sampling distribution
प्रतिदर्श-निरीक्षण योजना–sampling inspection plan
प्रतिदर्शी त्रुटि–sampling error
प्रतिबंध–restriction
प्रतिबंधी प्रायिकता–conditional probability
प्रतिबंधी वंटन–conditional distribution
प्रतिरूप–model
प्रतिशतता बिंदु–percentage points
प्रतिष्ठा–status
प्रतिश्रुति–guarantee
प्रथम चतुर्थक–first quartile
प्रमेय–theorem
प्रयोग अभिकल्पना–design of experiment
प्रयोजित गणित–applied mathematics
प्रवृत्तियाँ–tendencies
प्रसरण–variance
प्रसरण विश्लेषण–analysis of variance
प्रसामान्य–normal
प्रसार–dispersion
प्राक्कलक–estimator
प्राचल–parameters
प्राथमिक घटनाएँ–elementary events
प्रायिकता–probability
प्रायिकता घनत्व–probability density
प्रायिकता द्रव्यमान–probability mass
प्रायिकता वंटन–probability distribution
प्रायोगिक भूल–experimental error
प्रारोहक समूह–overlapping clusters
प्रेक्षक–observer
प्रेक्षणगम्य–observable
प्रेक्षण त्रुटि–observational error

प्वासों वंटन–Poisson's distribution
बहु-उपादानीय प्रयोग–factorial experiment
बहुचर–multivariate
बहुलक (भूयिष्ठक)–mode
बहुलक अंतराल–modal interval
बारंबारता–दे० वारंवारता
बिंदु प्राक्कलन–point estimation
बुद्धि-परीक्षा–intelligence test
भिन्न–fraction
भुज–abscissa
भुजाक्ष–axis of abscissa
मनः शारीरिक–psychosomatic
महत्तम संभाविता विधि–maximum likelihood method
मात्रक–unit
माध्य–mean
माध्य वर्ग आसंग–mean square contingency
माध्य वर्ग विचलन मूल–root mean square deviation
माध्य विचलन–mean-deviation
माध्यांतरिक घूर्ण–moment about the mean
माध्यिका–medium
मानक विचलन–standard deviation
मानकित मापनी – standardized scale
मानकित प्रसामान्य वंटन–standardized normal distribution
माप–measure
मापनी–scale
मापानुपाती प्रायिकता–probability proportional to size
मूल बिंदु–origin
मौसम विज्ञान विभाग– meteorological station
यथार्थता–precision
यथार्थ नियम–exact laws
यादृच्छिक आरम्भ–random start
यादृच्छिक चर–random variable
यादृच्छिक प्रयोग–random experiments
यादृच्छिकीकरण–randomization
युगपत् समीकरण – simultaneous equations
युग्म–pair
रूप–shape
लघु गणक–logarithm
लेखाचित्र–graph
वक्र आसंजन–curve fitting
वर्ग–square
वर्गमूल–square root
वर्गित विचलन–squared deviations
वनस्पति प्रजनन–plant breeding
वारंवारता–frequency
वारंवारता बहुभुज – frequency polygon

विकल्प–alternative
विचलन–deviation
विभिन्न प्रायिकता चयन – selection with varying probabilities
विन्यास–arrangement
विनिर्दिष्ट–specify
विश्वास गुणांक–confidence coefficient
विश्वास अंतराल–confidence interval
विश्वास्य युक्ति–fiducial argument
विश्वास्य वंटन–fiducial distribution
विषम–odd
वेग–velocity
वैषम्य–skewness,
वृष्टि मापक–rain guage
व्यवस्थित प्रतिचयन – systematic sampling
व्यास–diameter
शततमक–percentile
शिखरता–peakedness
शून्यान्तरिक घूर्ण–raw moment
संकेत–notation
संख्यात्मक अभिगणना–arithmetical computations
संगत–consistent
संगम–union
संघटक–component
संचय–combinations
संचयी–cumulative
संचयी प्रायिकता फलन–distribution function
संतुलित असंपूर्ण ब्लाक अभिकल्पना–balanced incomplete block design
संपरीक्षण (या प्रयोग-विधि)–experimentation
संभावी–likely
संयुक्त घटनाएँ–joint events
संयुक्त वंटन–joint distribution
संयोज्य–additive
संयोज्यता गुण–additive property
संशय अंतराल–critical region
सतत–continuous
सतत वंटन–continuous distribution
सत्य भासक–plausible
सन्निकटन–approximation
सम–even
सममित–symmetrical
समष्टि–population (universe)
समाकलन–integration
समाकल–integral
समान्तर माध्य–arithmetic mean
समानुपाती–proportional
समाश्रयण–regression
समाश्रयण गुणांक–regression coefficient
समाश्रयण रेखा–regression line
समाश्रयण वक्र–regression curve

समांगता परीक्षण–test of homogeneity
समूहाभ्यंतरिक–within group
समंजन–adjustment
समंजित उपचार योग – adjusted treatment total
सर्वेक्षण–survey
सहकारी चर–concomitant variable
सहज ज्ञान–intuition
सह-प्रसरण विश्लेषण–analysis of convariance
सह-संबंध–correlation
सह-संबंध गुणांक–correlation coefficient
सहसंबंधानुपात–correlation ratio
सांख्यिक–statistician
सांख्यिकी–statistics
सांख्यिकीय नियम–statistical laws
सार्थकता स्तर–level of significance
सामर्थ्य वक्र–power curve
सामर्थ्यवान्–powerful
सामूहिक प्रतिचयन–cluster sampling
सारणी–table
साहचर्य–association
साहचर्य सूचक–index of association
सुग्राही–sensitive
स्तर–level
स्तम्भ–column
स्थानांक–coordinate
स्थानीयत: अभिनत–locally biased
स्थानीयत: अधिकतम सामर्थ्यवान्–locally most powerful
स्वातंत्र्य संख्या–degrees of freedom
स्वीकृति क्षेत्र–acceptance region
स्वेच्छ–arbitrary
हर–denominator

abscissa–भुज
absolute value–निरपेक्ष मान
acceleration–त्वरण
acceptance region–स्वीकृति क्षेत्र
additive–संयोज्य
additive property–संयोज्यता गुण
adjusted treatment total–समंजित उपचार योग
adjustment–समंजन
admissible–ग्राह्य
alternative–विकल्प
analysis of covariance–सह-प्रसरण विश्लेषण
analysis of variance–प्रसरण विश्लेषण
a-posteriori probability–परत: लब्ध प्रायिकता
applied mathematics–प्रयोजित गणित
approximation–सन्निकटन
a-priori probability–पूर्वत: गृहीत प्रायिकता
arbitrary–स्वेच्छ
arithmetical computations–संख्यात्मक अभिगणना
arithmetical mean–समांतर माध्य
arrangement–विन्यास
association–साहचर्य
association of attributes–गुण-साहचर्य
asymmetry–असममिति
axis of abscissa–भुजाक्ष
balanced incomplete block design–संतुलित असंपूर्ण ब्लाक अभिकल्पना
bar diagram–दण्डचित्र
between groups sum of square अंतर समूह वर्ग-योग
bias–अभिनति
biased test–अभिनत परीक्षण
binomial distribution–द्विपद वंटन
cause and effect–कार्य और कारण
central tendency–केन्द्रीय प्रवृत्ति
circumference–परिधि
cluster sampling–सामूहिक प्रतिचयन
column–स्तंभ
combination–सचय
component–संघटक
concomitant variable–सहकारी चर
conditional distribution–प्रतिबंधी-वंटन
conditional probability–प्रतिबंधी प्रायिकता

confidence coefficient–विश्वास गुणांक
confidence interval–विश्वास्य अंतराल
consecutive–क्रमागत
consistency–संगति
consistent–संगत
continuous–सतत
continuous distribution–सतत वंटन
control chart–नियंत्रण चार्ट
control units–नियंत्रण इकाइयाँ
coordinate–स्थानांक
correlation–सहसंबंध
correlation coefficient–सहसंबंध गुणांक
correlation ratio–सहसंबंधानुपात
criterion–निकष
critical region–संशय अंतराल
cumulative–संचयी
curled brackets–कुन्तल कोष्ठक
curve fitting–वक्र आसंजन
data–आँकड़े, न्यास
decile–दशमक
degrees of freedom–स्वातंत्र्य संख्या
denominator–हर
design of experiment–प्रयोग अभिकल्पना
deviation–विचलन
diameter–व्यास
differential calculus–अवकल कलन
discrete–असतत
discrete distribution–असतत वंटन
dispersion–प्रसार
disprove–असिद्ध
distribution function–संचयी प्रायिकता फलन
dynamics–गति-विज्ञान
efficient estimator–दक्ष प्राक्कलक
efficiency–दक्षता
elementary events–प्राथमिक घटनाएँ
elimination–निरसन
equivalent–तुल्य
estimator–प्राक्कलक
even–सम
exact laws–यथार्थ नियम
exclusive–अपवर्जी
exhaustive–निःशेषी
experimental error–प्रायोगिक त्रुटि
experimentation–संपरीक्षण, प्रयोग विधि
factorial experiment–बहु-उपादानीय प्रयोग
factor–उपादान, खण्ड
fiducial argument–विश्वास्य युक्ति
fiducial distribution–विश्वास्य वंटन
finite–परिमित
first kind of error–पहली किस्म की त्रुटि

first quartile–प्रथम चतुर्थक
food value–पौष्टिकता
fraction–भिन्न
frequency–बारंबारता
frequency polygon–बारंबारता बहुभुज
goodness of fit–आसंजन सौष्ठव
graph–लेखा-चित्र
guarantee–प्रतिश्रुति
heterogenous–असमांग
hypothesis–परिकल्पना
idealisation–आदर्शीकरण
improbable–असंभाव्य
index of association–साहचर्य सूचक
index of order association–क्रमिक साहचर्य का सूचकांक
inductive method–आगमिक विधि
infinite sequence–अनंत अनुक्रम
infinite series–अनंत श्रेणी
integral–समाकल
integration–समाकलन
intelligence test–बुद्धि-परीक्षण
inter-quartile range–अंतश्चतुर्थक परास
intersection–प्रतिच्छेद
interval estimation–अंतराल प्राक्कलन
intuition–सहज ज्ञान
joint distribution–संयुक्त वंटन
joint events–संयुक्त घटनाएँ
kurtosis–ककुदता
law of errors–त्रुटियों का वंटन
level–स्तर
level of significance–सार्थकता स्तर
likely–संभावी
linear–एकघातीय
linear function–एक घातीय फलन
locally biased–स्थानीयतः अभिनत
locally most powerful–स्थानीयतः अधिकतम सामर्थ्यवान्
logarithm–लघुगणक
lot–ढेरी
main effect–मुख्य प्रभाव
marginal distribution–एक-पार्श्वीय वंटन
maximum likelihood method–महत्तम संभाविता विधि
mean–माध्य
mean deviation–माध्य विचलन
mean square contingency–माध्य वर्ग आसंग
measure–माप
median–माध्यिका
medical science–चिकित्सा-विज्ञान
meta-physics–तत्त्वविद्या
meteorological station–मौसम विज्ञान विभाग
method of moments–घूर्ण-विधि
modal interval–बहुलक अंतराल

mode–बहुलक
model–प्रतिरूप
moment–घूर्ण
moment about the mean–माध्यांतरिक घूर्ण
monotonic–एकस्वनी
multivariate–बहुचर
mutual association–पारस्परिक साहचर्य
mutual exclusive events–परस्पर अपवर्जी घटनाएँ
normal–प्रसामान्य
notation–संकेत
numerator–अंश
nutritional research–पोषण-संबंधी गवेषणा
observable–प्रेक्षण-गम्य, प्रेक्ष्य
observational error–प्रेक्षण त्रुटि
observer–प्रेक्षक
odd–विषम
ogive–तोरण
ordinate–कोटि
origin–मूल बिन्दु
overlapping clusters–प्रारोहक समूह
pair–युग्म
parabola of second degree–द्विघाती परवलय
parameter–प्राचल
partial confounding–आंशिक समाकुलन
peakedness–शिखरता
percentage points–प्रतिशतता बिंदु
percentile–शततमक
permutation–क्रमचय
plant breeding–वनस्पति प्रजनन
plausible–सत्य भासक
point estimation–बिंदु प्राक्कलन
Poisson's distribution–प्वासों वंटन
population (Universe)–समष्टि
positive–धनात्मक
postulate–अभिधारणा
power–सामर्थ्य
power curve–सामर्थ्य वक्र
powerful–सामर्थ्यवान्
power of a test–परीक्षण-सामर्थ्य
power series–घातश्रेणी
precision–यथार्थता
probability–प्रायिकता
probability density–प्रायिकता घनत्व
probability distribution–प्रायिकता वंटन
probability mass–प्रायिकता द्रव्यमान
probability proportional to size–मापानुपाती प्रायिकता
projection–प्रक्षेप
proof–उपपत्ति
proportional–समानुपाती
psychosomatic–मनःशारीरिक

rain guage–वृष्टि-मापक
random experiment–यादृच्छिक प्रयोग
randomization–यादृच्छिकीकरण
random start–यादृच्छिक आरंभ
random variable–यादृच्छिक चर
range–परास
ratio-estimation–अनुपाती प्राक्कलन
rational number–परिमेय संख्या
raw moment–शून्यांतरिक घूर्ण
real number–वास्तविक संख्या
rectangular distribution–आयताकार वंटन
region of rejection–अस्वीकृति क्षेत्र
regression–समाश्रयण
regression coefficient–समाश्रयण गुणांक
regression curve–समाश्रयण वक्र
regression line–समाश्रयण रेखा
relative frequency–आपेक्षिक बारंबारता
restricted randomization–नियंत्रित यादृच्छिकीकरण
restriction–प्रतिबंध
root mean square deviation–माध्य वर्ग-विचलन मूल
row–पंक्ति
sample–प्रतिदर्श
sampling distribution–प्रतिदर्शज वंटन
sampling error–प्रतिदर्शी त्रुटि
sampling inspection plan–प्रतिदर्श निरीक्षण योजना
sampling interval–प्रतिचयन अंतराल
scale–मापनी
scatter diagram–प्रकीर्ण चित्र
second kind of error–दूसरी किस्म की त्रुटि
selection with varying probabilities–विभिन्न प्रायिकता चयन
sensitive–सुग्राही
set–कुलक
shape–रूप
simultaneous equations–युगपत् समीकरण
skewness–वैषम्य
specify–विनिर्दिष्ट
square–वर्ग
squared deviation–वर्गित विचलन
square root–वर्गमूल
standard deviation–मानक विचलन
standardised normal distribution–मानकित प्रसामान्य वंटन
standardised scale–मानकित मापनी
statistical laws–सांख्यिकीय नियम
statistics–सांख्यिकी
status–प्रतिष्ठा
sufficiency–पर्याप्ति
sufficient–पर्याप्त
sufficient statistic–पर्याप्त प्रतिदर्शज

survey–सर्वेक्षण
symmetrical–सममित
systematic sampling–व्यवस्थित प्रतिचयन
table–सारणी
tendency–प्रवृत्ति
test of homogeneity–समांगता परीक्षण
testing of hypothesis–परिकल्पना की जाँच
theorem–प्रमेय
tosses–उत्क्षेपण
treatment–उपचार
two dimensional random variable–द्वि-विमितीय यादृच्छिक चर
type–टंकन
unbiased–अनभिनत
unbiased estimator–अनभिनत प्राक्कलक
unbiasedness–अनभिनतता
uniformly most powerful test-एक समान अधिकतम सामर्थ्यवान् परीक्षण
uniformly unbiased test–एक-समान अनभिनत परीक्षण
union–संगम
unit–मात्रक, इकाई
universe (population)–समष्टि
unknown–अज्ञात
variance–प्रसरण
velocity–वेग
vertical–ऊर्ध्व
within group–समूहाभ्यांतरिक